दिल्ली पुलिस

सामान्य ज्ञान

लेखक
RWA Team



रोजगार पब्लिकेशन

प्रकाशक:

Rojgar Publication
(A Unit of Rojgar Coaching Center)
(प्रकाशक एवं वितरक)
Bilaspur, Greater Noida
Gautam Budh Nagar
UP. 203202
Email: rojgarwithankit@gmail.com
Mobile : 9818489147

ISBN – **978-81-957892-5-2**

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

भारतीय कॉपीराइट के अंतर्गत इस पुस्तक में समाहित समस्त सामग्री (टाईटल-डिजाइन, अन्दर का मैटर आदि) के सर्वाधिकार 'Rojgar Publication' के पास सुरक्षित हैं, इसके लिए कोई व्यक्ति/संस्था/समूह इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री को आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़-मरोड़कर या किसी अन्य भाषा में प्रकाशित नहीं कर सकता। उल्लंघन करने वाले कानूनी तौर पर हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार स्वयं होंगे। न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

Distributor:

Rohit General Store
Bilaspur, Greater Noida
Mobile : 9557571762, 9266311040

प्रस्तावना

प्रिय साथियों:-

जैसा कि आप सभी जानते हैं, कि Delhi Police 2025 कांस्टेबल वैकेंसी का अधियाचन 2 सितंबर, 2025 को प्रकाशित होगा, यह आप सभी के लिए रोजगार प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर है। दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की नौकरी सामाजिक रूप से बहुत ही प्रतिष्ठित है। इस जॉब को प्राप्त करने के लिए हमें सटीक रणनीति के साथ उच्चतम स्तर के कंटेंट का अभ्यास करना होगा।

लेकिन हमने पाया कि बाजार में दिल्ली पुलिस परीक्षा से संबंधित कंटेंट में पूर्णता का अभाव है, इसी कमी को दूर करने के लिए हमारी अनुभवी टीम ने दिल्ली पुलिस परीक्षा के लिए छः पुस्तकों (मैथ्स, रीजनिंग, कम्प्यूटर, सामान्य अध्ययन, ड्राईवर और प्रीवियस ईयर सॉल्वड पेपर्स) पर कार्य किया है। इनमें से पहली पुस्तक दिल्ली पुलिस सामान्य अध्ययन को आप के समक्ष ईमानदारी से प्रस्तुत कर रहे हैं। इस पुस्तक में गत वर्षों (2017, 2020 और 2023) के प्रश्नों का व्याख्यात्मक हल दिया गया है। हमने व्याख्या को इस आधार पर तैयार किया है कि, जिससे उन्हीं टॉपिक्स से पूछे जा सकने वाले संभावित प्रश्न तैयार किये जा सकें।

वैसे तो कंटेंट को कई स्तरों पर गहनता से जाँचा गया है, लेकिन फिर भी यह दावा करना कि पुस्तक त्रुटिरहित है, अव्यावहारिक ही होगा। आप हमें इस पुस्तक से संबंधित अपने कीमती सुझाव 9311737467 पर भेज सकते हैं। हम निश्चित रूप से आपके सुझाव पर कार्य करेगें।

आपके फीडबैक ही हमें बेहतर बनाते हैं, यही RWA की कार्यप्रणाली का मूल सार है। मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि यह पुस्तक आपके सिलेक्शन में सहायक सिद्ध होगी।

पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित हो सके, इसी सपने के साथ यह सफर शुरू किया था, आज भी हम इसके लिए शत-प्रतिशत प्रतिबद्ध हैं।

"जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते,
तब तक आप ईश्वर पर विश्वास नहीं कर सकते"
-स्वामी विवेकानंद

शुभकामनाओं सहित
अंकित भाटी
(Rojgar with Ankit)

दिल्ली पुलिस कांस्टेबल सिलेबस और परीक्षा पैटर्न- 2025

दिल्ली पुलिस कांस्टेबल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT)

- कुल प्रश्नों की संख्या- 100
- समय अवधि- 90 मिनट (1½ घंटा)
- प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।
- प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक का नकारात्मक अंकन होगा।
- प्रश्न पत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगा।
- सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकृति के होंगे।

विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
सामान्य ज्ञान	50	50	90 मिनट
तर्कशक्ति	25	25	
संख्यात्मक अभियोग्यता	15	15	
कंप्यूटर जागरूकता	10	10	
कुल	100 प्रश्न	100 अंक	

दिल्ली पुलिस कांस्टेबल अर्हता मानदंडः-

आयु सीमाः-

मानदंड	आयु
न्यूनतम	18 वर्ष
अधिकतम	25 वर्ष

नोटः- भारत सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण विभिन्न कैटेगरी पर लागू होता है।

शैक्षणिक योग्यताः-

मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सेकेंडरी (10+2) पास हो।

शारीरिक मानक परीक्षण (PST)

लिंग	ऊँचाई (सेमी.)	छाती (पुरुष, सेमी. में)
पुरुष	170 (कुछ श्रेणियों के लिए 5 सेमी. की छूट)	81-85 (विशेष श्रेणियों के लिए 5 सेमी. की छूट)
महिला	157 (कुछ श्रेणियों के लिए 155)	NA

- पुरुष उम्मीदवार के पास लाइट मोटर व्हीकल (LMV) यानि कार या मोटरसाइकिल के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है।

विषय-सूची

1.	इतिहास	6–50
2.	भूगोल	51–76
3.	भारतीय राजव्यवस्था	77–118
4.	भारतीय अर्थव्यवस्था	119–154
5.	सामान्य विज्ञान	155–202
6.	स्टेटिक जी.के.	203–237

1 इतिहास

1. मनुष्य इतिहास में किस काल से खाद्य उत्पादक बना?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) पुरापाषाण युग (b) मध्यपाषाण युग
(c) ताम्रपाषाण युग (d) नवपाषाण युग

Ans. (d) नवपाषाण युग

- नवपाषाण काल लगभग 6000 से 1000 ईसा पूर्व तक माना जाता है।
- मानव इतिहास में, नवपाषाण काल में ही मनुष्य ने खेती शुरू की थी।
- इस काल में अनाज की खेती और पशुपालन की शुरुआत हुई थी।
- इस काल में लोगों ने खेती की जमीन पर अलग-अलग फसलें उगाना शुरु किया।
- इस काल में लोगों ने मिट्टी के बर्तन बनाना शुरू कर दिया।
- नवपाषाण काल में ही लोगों ने स्थायी आश्रय बनाना भी शुरू कर दिया।

2. निम्नलिखित में से किस राज्य में दैमाबाद नामक ताम्रपाषाणकालीन सांस्कृतिक स्थल स्थित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) ओडिशा

Ans. (a) महाराष्ट्र

- दैमाबाद, हड़प्पाकालीन स्थल महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है।
- यह गोदावरी नदी की सहायक नदी प्रवरा के बाएं किनारे पर स्थित एक निर्जन गांव तथा पुरातात्विक स्थल है।
- बी.पी. बोपर्डिकर ने इसकी खोज की थी।
- दैमाबाद से हड़प्पाकालीन ताम्र रथ भी मिला है।

3. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) भीमबेटका - छत्तीसगढ़
(b) हम्पी - कर्नाटक
(c) फतेहपुर सीकरी - उत्तर प्रदेश
(d) कोणार्क - ओडिशा

Ans. (a) भीमबेटका - छत्तीसगढ़

- भीमबेटका, मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय स्थल है।
- यह शैल चित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है।

4. ऐतिहासिक सीढ़ीदार कुआँ (बावली) अग्रसेन की बावली कहाँ पर स्थित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) चेन्नई (b) दिल्ली
(c) कोलकाता (d) चंडीगढ़

Ans. (b) दिल्ली

- ऐतिहासिक सीढ़ीदार कुआँ अग्रसेन की बावली, नई दिल्ली के कनॉट प्लेस के पास है।
- यह एक संरक्षित पुरातात्विक स्थल है।
- यह एक ऐतिहासिक कआँ है जो 60 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव गतिविधियों एवं सभ्यता के प्राक्-ऐतिहासिक काल का सही कालानुक्रम है?
(a) पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल
(b) धातु युग काल, मध्यपाषाण काल, पुरापाषाण काल
(c) नवपाषाण काल, मध्यपाषाण काल, पुरापाषाण काल
(d) मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल, पुरापाषाण काल

Ans. (a) पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल

- मानव गतिविधियों एवं सभ्यता के प्राक्-ऐतिहासिक काल का सही कालानुक्रम निम्नलिखित है-
  (पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल, नवपाषाण काल)
- प्राक्-ऐतिहासिक काल को पाषाण काल के नाम से भी जाना जाता है।

6. हड़प्पा सभ्यता के दौरान ..... की मूर्तियों को बनाने के लिए लॉस्ट वैक्स कास्टिंग तकनीक का उपयोग किया गया था।
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) लकड़ी (b) संगमरमर
(c) कांस्य (d) पत्थर

Ans. (c) कांस्य

- हड़प्पा सभ्यता में कांसे की मूर्तियाँ बनाने के लिए लॉस्ट वैक्स तकनीक का इस्तेमाल किया गया था।

7. सूरकोटदा पुरातात्विक स्थल किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) कर्नाटक (b) गुजरात
(c) हरियाणा (d) राजस्थान

Ans. (b) गुजरात

- सुरकोटदा पुरातात्विक स्थल, भारत के गुजरात राज्य के कच्छ जिले में स्थित है।
- यह सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ा एक छोटा किलाबंद स्थल है।
- यह एकमात्र ऐसा सिंधु घाटी स्थल है जहां घोड़े की अस्थियों के अवशेष मिले हैं।
- गुजरात में स्थित धौलावीरा (हड़प्पा स्थल) की खोज वर्ष 1967-68 में जे.पी.जोशी ने की थी।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा हड़प्पाकालीन स्थल गुजरात में स्थित नहीं है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) धौलावीरा (b) रंगपुर
(c) आमरी (d) लोथल

Ans. (c) आमरी

- हड़प्पा कालीन स्थल आमरी, पाकिस्तान के सिंध प्रांत में है।
- यह स्थल सिंधु नदी के किनारे है।
- आमरी से हड़प्पा पूर्व सभ्यता और परवर्ती हड़प्पा संस्कृति के बीच के संक्रमण युग से जुड़े साक्ष्य प्राप्त हुए।

कुछ महत्त्वपूर्ण हड़प्पीय स्थल एवं उनकी अवस्थिति-

मांडा	जम्मू कश्मीर
दैमाबाद	महाराष्ट्र
कालीबंगा	राजस्थान
राखीगढ़ी	हरियाणा
हुलास	उत्तर प्रदेश (सहारनपुर)
आलमगीरपुर	उत्तर प्रदेश (मेरठ)

9. हड़प्पा स्थल कालीबंगा किस वर्तमान भारतीय राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) राजस्थान (b) बिहार
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

Ans. (a) राजस्थान

- कालीबंगा (हड़प्पा स्थल) राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में है।
- सर्वप्रथम अमलानन्द घोष ने इसकी खोज की।
- कालीबंगा के उत्खननकर्त्ता बी.बी लाल एवं बी.के. थापर हैं।
- कालीबंगा, घग्गर नदी के तट पर स्थित है।
- कालीबंगा का नाम, यहाँ मिलने वाली काली चूड़ियों के कारण रखा गया है।
- यहाँ से शिलालेख, मूर्तियाँ, मिट्टी के बर्तन, सिक्के, तथा मुहरें प्राप्त हुई हैं।
- यहाँ बंजर भूमि, लकड़ी के कुंड, सात अग्नि वेदियाँ, जुते हुए खेत आदि के प्रमाण मिले हैं।

10. मोहनजोदड़ों की नृत्य करती लड़की की प्रतिमा किससे बनी थी?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) लोहा (b) सोना
(c) कांसा (d) चांदी

Ans. (c) कांसा

- यह मूर्ति सिंधु घाटी सभ्यता के शहर मोहनजोदड़ों से मिली है।
- यह मूर्ति 'लॉस्ट वैक्स' तकनीक से बनी है।
- इस मूर्ति को ब्रिटिश पुरातत्वविद् अर्नेस्ट मैके ने 1926 ई. में मोहनजोदड़ो के 'एच.आर. क्षेत्र' में खुदाई करके निकाला था।
- इस मूर्ति की विस्तृत नक्काशी, आभूषण, तथा मुद्रा धातु विज्ञान तथा परिष्कृत सामाजिक प्रथाओं में विकास का प्रमाण देती हैं।

11. सिंधु सभ्यता का सबसे बड़ा भारतीय स्थल कौन-सा था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) लोथल (b) राखीगढ़ी
(c) धोलावीरा (d) चन्हूदड़ो

Ans. (b) राखीगढ़ी

- सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा भारतीय स्थल राखीगढ़ी है।
- इसे हड़प्पा और मोहनजोदड़ो से भी बड़ा बताया जाता हैं।
- राखीगढ़ी में खुदाई के दौरान कांसा, जल निकासी की प्रणाली, मार्ग और बारिश का पानी इकट्ठा करने का विशाल स्थान मिला था।
- राखीगढ़ी हरियाणा के हिसार जिले में घग्गर नदी के मैदान में स्थित है।

12. निम्नलिखित में कौन सा हडप्पाई स्थल हरियाणा में स्थित है?
(D.P. Const. 5 Dec. 2017)
(a) धोलावीरा (b) राखीगढ़ी
(c) कालीबंगन (d) आलमगीरपुर

Ans. (b) राखीगढ़ी

- उक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

13. धोलावीरा का हड़प्पा नगर कितने भागों में विभाजित था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 3 (b) 5
(c) 4 (d) 2

Ans. (a) 3

- धोलावीरा पश्चिमी भारत के गुजरात राज्य में कच्छ जिले के भचाऊ तालुका के खादिरबेट में स्थित एक पुरातात्विक स्थल है।
- धोलावीरा शहर तीन भागों में विभाजित था- (1) राजा/शासक का राज महल, जो सबसे ऊँचाई पर होता था यह चारों ओर से मजबूत किलेबंदी से घिरा हुआ था तथा इस किले में चार द्वार होते थे।
(2) अन्य अधिकारियों का निवास स्थान, जिसमें एक सुरक्षात्मक दीवार भी होती थी, जिसमें दो से पाँच कमरे होते थे।
(3) आम शहरवासियों के ईंट से बने घर होते थे।

14. निम्नलिखित में से किस हड़प्पा संरचना में पानी के रिसाव को रोकने के लिए डामर की पतली परत लगी थी?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) जलनिकास (b) सड़कें
(c) अन्न भंडार (d) बृहत्स्नानागार

Ans. (d) बृहत्स्नानागार

- मोहनजोदड़ो का बृहत्स्नानागार या विशाल स्नानघर सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से एक है।
- इसमें पानी के रिसाव को रोकने के लिए डामर की पतली परत लगी थी।

15. हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर निम्नलिखित में से कौन-सा पशु अक्सर देखा जाता था?
(a) बैल (b) शेर
(c) लोमड़ी (d) हिरन

Ans. (a) बैल

- हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर बैल के अतिरिक्त बाघ, गैंडा, हाथी, बकरी, हिरण तथा भेड़ आदि पशुओं के चित्र भी देखे जाते थे।
- हड़प्पा सभ्यता की मुहरों का आकार (त्रिभुजाकार, आयताकार, वृत्ताकार तथा वर्गाकार) था।

16. सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पहला खोजा गया स्थल कौन-सा था?
(a) लोथल (b) कालीबंगन
(c) मोहनजोदड़ो (d) हड़प्पा

Ans. (d) हड़प्पा

- हड़प्पा स्थल की खोज 1921 ई. में रायबहादुर दयाराम साहनी ने की थी।
- हड़प्पा स्थल रावी नदी के तट पर स्थित है।
- **मोहनजोदड़ो**-इसका शाब्दिक अर्थ है- **'मृतकों का टीला।'**
- मोहनजोदड़ो स्थल की खोज 1922 ई. में राखालदास बनर्जी ने की थी।
- मोहनजोदड़ो स्थल सिन्धु नदी के तट पर स्थित है।
- **लोथल** - लोथल स्थल की खोज 1954 ई. में डॉ. एस.आर. राव ने की थी।
लोथल सिंधु घाटी सभ्यता का महत्त्वपूर्ण बंदरगाह था।
- लोथल स्थल भोगवा नदी के तट पर स्थित है।

17. सिंधु सभ्यता के इनमें से किस स्थल से जलाशयों के साक्ष्य मिले हैं?
(a) कालीबंगा (b) धौलावीरा
(c) कोटदीजी (d) लोथल

Ans. (b) धौलावीरा

- धौलावीरा स्थल गुजरात राज्य में स्थित है।
- **कोटदीजी** - इस स्थल से काँसे की चपटे फलक वाली कुल्हाड़ी के साक्ष्य मिले है। यह स्थल पाकिस्तान देश के सिंध राज्य में स्थित है।
- **लोथल** - इस स्थल से तीन युगल समाधियों के साक्ष्य मिले है। यह स्थल गुजरात राज्य में स्थित है।

18. 'मोहनजोदड़ो' नाम का अर्थ किस भाषा में 'मृतकों का टीला' है।
(a) फारसी (b) उर्दू
(c) हिंदी (d) सिंधी

Ans. (d) सिंधी

- मोहनजोदड़ो को सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल माना जाता है।
- वर्तमान में मोहनजोदड़ो की स्थिति पाकिस्तान के सिंध राज्य में है।
- मोहनजोदड़ो से विशाल स्नानागार के अवशेष मिले है।
- मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के तट पर स्थित है।

19. लोथल नामक प्राचीन हड़प्पा शहर किस राज्य में स्थित है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) पंजाब
(c) गुजरात (d) राजस्थान

Ans. (c) गुजरात

- हड़प्पा का प्राचीन शहर लोथल भारत के **गुजरात** राज्य में स्थित है।
- लोथल को हड़प्पा सभ्यता का **डॉक-यार्ड (जहाजों की गोदी)** भी कहा जाता है।

20. हड़प्पा वासियों द्वारा निम्नलिखित में से किस भवन निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया था?

(a) चिकनी मिट्टी
(b) लाल बलुआ पत्थर
(c) तप्त मिट्टी की ईंटें
(d) धूप में सुखाई ईंटें

Ans. (c) तप्त मिट्टी की ईंटें

- हड़प्पा वासियों द्वारा भवन निर्माण सामग्री के लिए **तप्त मिट्टी की ईंटों** का उपयोग किया गया था।
- हड़प्पा सिन्धु घाटी सभ्यता का एक शहर है। वर्तमान में हड़प्पा शहर पाकिस्तान देश के पंजाब राज्य में स्थित है।

21. उत्तर वैदिक काल में निम्नलिखित में से किस पशु का स्थान समाज में सबसे प्रतिष्ठित था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) वृषभ (b) गाय
(c) अश्व (d) हाथी

Ans. (b) गाय

- प्रारंभिक उत्तर वैदिक काल के दौरान, गाय को सबसे मूल्यवान संपत्ति माना जाता था।
- पशुपालन उनका प्रमुख व्यवसाय था। उस समय का समाज पितृसत्तात्मक था। ऋग्वैदिक काल में गाय को 'गोधन' या गाय का धन कहा जाता था।

22. कौन-सा वर्ण चार जाने-मानें वर्णों में से चौथे स्थान पर था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) शूद्र (b) क्षत्रिय
(c) ब्राह्मण (d) वैश्य

Ans. (a) शूद्र

वर्ण व्यवस्था के तहत चार वर्ण इस प्रकार हैं-
- **ब्राह्मण:** वेदों का अध्ययन-अध्यापन करना, यज्ञ करना।
- **क्षत्रिय:** युद्ध करना, लोगों की रक्षा करना।
- **वैश्य:** खेती-बाड़ी करना, व्यापार करना, मवेशियों की देखभाल करना।
- **शूद्र:** अन्य तीनों वर्णों की सेवा करना।

23. 'सामवेद' को भारतीय ..... के प्राथमिक स्रोतों में से एक माना जाता है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) कपड़ा अभिकल्प
(b) सिक्का निर्माण
(c) औषधि
(d) संगीत और कला

Ans. (d) संगीत और कला

- भारतीय परंपरा में कुल चार वेद हैं- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद।
- इन वेदों के केन्द्रीय विषय निम्न हैं-

वेद	केंद्रीय विषय
ऋग्वेद	ईश्वर की महिमा
यजुर्वेद	बलिदान विधि
सामवेद	संगीत
अथर्ववेद	औषधियों से संबंधित

24. वर्णव्यवस्था को सही ठहराने के लिए प्राचीन भारत के ब्राह्मणों द्वारा ऋग्वेद के किस सूक्त का प्रयोग किया गया था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) वर्ण सूक्त (b) ब्रह्म सूक्त
(c) पुरूष सूक्त (d) मानस सूक्त

Ans. (c) पुरूष सूक्त

- ऋग्वैदिक काल में भारतीय समाज प्रारंभ में तीन वर्णों में विभाजित था; जिन्हें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य कहा जाता था। आगे चलकर इसमें एक चौथा वर्ण 'शूद्र' जोड़ा गया।
- ऋग्वेद के दसवें मंडल के 'पुरुष सूक्त' में पहली बार शूद्र वर्ण का उल्लेख मिलता है।
- पुरुष सूक्त में वर्ण विभाजन को धार्मिक आनुष्ठानिक आधार पर सही ठहराने की कोशिश की गई है।

25. निम्नलिखित में से किस देवता को ऋग्वेद में किलों को तोड़ने वाले के रूप में जाना जाता है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अग्नि (b) इंद्र
(c) वरुण (d) मारुत

Ans. (b) इंद्र

- इंद्र को ऋग्वेद में किलों को तोड़ने वाला देवता माना गया है।
- इन्हें 'पुरंदर' के नाम से भी जाना जाता है।
- इसके अलावा, इन्हें 'देवताओं का राजा' और 'स्वर्ग का स्वामी' भी कहा जाता था।

26. निम्नलिखित वेदों में से किसे ब्रह्म वेद के नाम से भी जाना जाता है?
(a) ऋग्वेद (b) यजुर्वेद
(c) सामवेद (d) अथर्ववेद

Ans. (d) अथर्ववेद

- वेद प्राचीन भारत के धर्मग्रंथ है। इनकी संख्या चार है।
(ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद)
चारों वेदों में अथर्ववेद सबसे नवीन वेद है।
- **ऋग्वेद** - यह सबसे प्राचीन वेद है। इस वेद में 10 मंडल, 1028 सूक्त लगभग 10,580 ऋचाएँ हैं।
- **यजुर्वेद** - यजुर्वेद के दो भाग है। (शुक्ल यजुर्वेद तथा कृष्ण यजुर्वेद)
- यज्ञ सम्बन्धी विधि विधान यजुर्वेद से सम्बन्धित है।
- **सामवेद** - यह चारों वेदों में आकार की दृष्टि से सबसे छोटा है।
- सामवेद का सम्बन्ध संगीत से है।

27. निम्नलिखित यज्ञ में से कौन-सा घोड़े के बलिदान से संबंधित है?
(a) वाजपेय यज्ञ (b) अग्निष्टोम यज्ञ
(c) अश्वमेध यज्ञ (d) राजसूय यज्ञ

Ans. (c) अश्वमेध यज्ञ

- **अश्वमेध यज्ञ** घोड़े के बलिदान से संबंधित है।
- अश्वमेध यज्ञ का प्राचीन काल के वैदिक यज्ञों में प्रमुख स्थान है। अश्वमेध शब्द में अश्व शब्द का अर्थ-**घोड़ा** तथा मेघ शब्द का अर्थ-**बलि** है।

28. भारत में वैदिक काल की अवधि कब तक चली।
(a) 1500 से 600 ई.पू.
(b) 336 से 323 ई.पू.
(c) 3000 से 2600 ई.पू.
(d) 550 से 323 ई.पू.

Ans. (a) 1500 से 600 ई.पू.

- **भारत में वैदिक काल की अवधि वर्ष 1500 ई.पू. से 600 ई.पू. तक मानी जाती है।**
- वैदिक काल को वैदिक युग भी कहा जाता है।
- भारत में वैदिक काल की शुरुआत सिंधु घाटी सभ्यता के बाद हुई थी।
- **वैदिक काल को दो भागों में बांटा जाता है-**

1. पूर्व वैदिक काल- अवधि (1500-1000 ई.पू.)
2. उत्तर वैदिक काल- अवधि (1000-600 ई.पू.)

29. शुरुआत में मगध महाजनपद की राजधानी निम्नलिखित में से कौन-सी थी?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) पाटलिपुत्र (b) राजगृह
(c) विक्रमशिला (d) वैशाली

Ans. (b) राजगृह

- मगध महाजनपद की प्रारंभिक राजधानी राजगृह थी।
- यह आधुनिक बिहार के राजगीर में है।
- मगध के राजा बिंबिसार ने राजगृह का निर्माण कराया था तथा इसे अपनी राजधानी बनाया था।
- मगध के बाद के राजा अजातशत्रु ने भी राजगृह को ही अपनी राजधानी बनाया था।
- मगध की एक और राजधानी पाटलिपुत्र थी, जिसे अब पटना के नाम से जाना जाता है।

30. 'महाजनपद युग' के दौरान उज्जैन ..... की राजधानी था।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) कोशल (b) अवंती
(c) पांचाल (d) मगध

Ans. (b) अवंती

- अवंती, प्राचीन भारत का एक महाजनपद था, जो वर्तमान में मालवा क्षेत्र में आता है।
- विंध्य पर्वत के कारण से यह जिला दो भागों में बंटा हुआ था, उत्तरी भाग की राजधानी उज्जैन थी तथा दक्षिणी भाग की राजधानी महिष्मति थी।
- उज्जयिनी को अवंतिकापुरी के नाम से भी जाना जाता है।
- उज्जैन में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल मंदिर है।

31. महापद्मनंद ने ..... साम्राज्य पर शासन किया था।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) अवंति (b) वत्स
(c) कोशल (d) मगध

Ans. (d) मगध

- महापद्मनंद मगध का पहला नंद वंश का राजा था जिसने नंद वंश की (344 ई. पू. से 324 ई. पू.) स्थापना की थी।
- पुराणों में उसे 'अखिलक्षत्रांतक' और 'एकच्छत्र' के नाम से जाना जाता है।
- महापद्मनंद ने एकराट की उपाधि धारण की।
- महापद्मनंद को 'उग्रसेन' के नाम से भी जाना जाता है। (कुछ स्त्रोतों में)

32. सोलह जाने माने महाजनपदों में सबसे महत्त्वपूर्ण कौन-सा था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) मगध (b) कोशल
(c) वत्स (d) अंग

Ans. (a) मगध

सोलह महाजनपद और उनकी राजधानियाँ निम्न हैं-

महाजनपद	राजधानी
काशी	वाराणसी
कोशल	श्रावस्ती
अंग	चम्पा
मगध	राजग्रह या गिरिब्रज
कुरु	इन्द्रप्रस्थ
कंबोज	हाटक या राजपुर
अश्मक	पोतना या पोटली
वज्जि	वैशाली
अवन्ति	दक्षिणी महिष्मती, उत्तरी उज्जयिनी
गांधार	तक्षशिला
शूरसेन	मथुरा
मत्स्य	विराट नगर
पांचाल	उत्तरी पांचाल- अहिच्छत्र दक्षिणी पांचाल- काम्पिल्य
मल्ल	कुशीनगर तथा पावा
चेदि	सुक्तिमति
वत्स	कौशांबी

33. शूरसेन महाजनपद की राजधानी कहाँ थी?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) विराटनगर (b) तक्षशिला
(c) काशी (d) मथुरा

Ans. (d) मथुरा

- शूरसेन प्राचीन भारतीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वर्तमान ब्रज क्षेत्र में था।
- शूरसेन महाजनपद यमुना नदी पर स्थित था।
- शूरसेन मथुरा के प्राचीन यदुवंशी राजा थे।

34. प्राचीन काल में 'अवध' को किस नाम से जाना जाता था?
(a) कोसल/कोशल (b) कपिलवस्तु
(c) कौशाम्बी (d) काशी

Ans. (a) कोसल/कोशल

- प्राचीन काल में 'अवध' को **कोसल/कोशल** नाम से जाना जाता था।
- प्राचीन भारत में छठीं शताब्दी में सोलह महाजनपदों का उदय हुआ था।
- कोसल/कोशल इन्हीं सोलह महाजनपदों में से एक था।
- कोसल/कोशल महाजनपद की राजधानी श्रावस्ती थी।

35. आर्य संस्कृति के सर्वोच्च काल में, गंगा घाटी के जनपद, जो संख्या में ..... थे, महाजनपद बन गए थे।
(a) 14 (b) 15
(c) 16 (d) 18

Ans. (c) 16

- प्राचीन भारत के इन 16 महाजनपदों के बारे में जानकारी का स्रोत बौद्ध धर्म का ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय है।

प्राचीन भारत के 16 महाजनपद निम्नलिखित है-

- अंग, मगध, काशी, वज्जि, वत्स, अवन्ति, कोशल, पांचाल, मल्ल, कुरू, चेदि, कम्बोज, मत्स्य, शूरसेन, गांधार, अश्मक।

36. बिंबिसार निम्नलिखित राजवंशों में से किसके संस्थापक थे?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) नंद (b) मौर्य
(c) हर्यक (d) गुप्त

Ans. (c) हर्यक

- बिंबिसार ने हर्यक वंश की स्थापना की थी।
- इनका शासन काल लगभग 544 ई. पू. से 492 ई.पू. तक रहा।
- बिंबिसार ने गिरिब्रज (राजगृह) को अपनी पहली राजधानी बनाया था।
- उन्होंने अंग राज्य पर कब्जा किया था।
- बिंबिसार के पुत्र का नाम अजातशत्रु था।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा जैन धर्म का एक संप्रदाय है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) हीनयान (b) दिगंबर
(c) लिंगायत (d) वज्रयान

Ans. (b) दिगंबर

- दिगंबर, जैन धर्म का एक संप्रदाय है। जैन धर्म के दो प्रमुख संप्रदाय हैं दिगंबर और श्वेतांबर दिगंबर संप्रदाय के अनुयायी वस्त्र नहीं पहनते हैं।
- महावीर स्वामी को जैन धर्म का संस्थापक माना जाता है।
- महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे।
- जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव हैं। दिगंबर संप्रदाय के अनुयायी मोक्ष प्राप्ति के लिए नग्न रहते हैं।

38. निम्नलिखित धर्मों में से किस धर्म से दिलवाड़ा मंदिर संबंधित है?
(a) ईसाई धर्म (b) बुद्ध धर्म
(c) जैन धर्म (d) हिन्दू धर्म

Ans. (c) जैन धर्म

- दिलवाड़ा मंदिर राजस्थान राज्य के सिरोही जनपद के माउंट आबू पर स्थित है।
- दिलवाड़ा मंदिर पाँच मंदिरों का एक समूह है।
- दिलवाड़ा मंदिरों का निर्माण ग्यारहवीं से तेरहवीं शताब्दी के मध्य चालुक्य राजवंश के शासनकाल में हुआ था।

39. जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर कौन थे?
(a) महावीर स्वामी (b) अनंतनाथ
(c) पार्श्वनाथ (d) ऋषभदेव

Ans. (a) महावीर स्वामी

1. **ऋषभदेव** - जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर।
2. **अनंतनाथ** - जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर।
3. **पार्श्वनाथ** - जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर।

40. छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व के प्रारंभ में भगवान महावीर का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थल पर हुआ?
(a) मगध (b) पाटलिपुत्र
(c) वैशाली (d) सारनाथ

Ans. (c) वैशाली

- भगवान महावीर का जन्म 540 ई.पू. में **कुण्डग्राम (वैशाली)** नामक स्थल पर हुआ था।
- महावीर स्वामी की मृत्यु 468 ई.पू. में **पावापुरी (बिहार)** नामक स्थल पर हुई।

41. पहली जैन परिषद् कहाँ आयोजित की गयी थी?
(a) कुशीनगर (b) पाटलिपुत्र
(c) मदुरै (d) वल्लभी

Ans. (b) पाटलिपुत्र

- पहली जैन परिषद् का आयोजन चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में तथा **स्थूलभद्र** की अध्यक्षता में हुआ था।
- दूसरी जैन परिषद् **वल्लभी** में आयोजित की गयी थी। दूसरी जैन परिषद् का आयोजन **देवर्धि क्षमाश्रमण** की अध्यक्षता में हुआ था।

42. दिगंबर और श्वेतांबर पद का सम्बन्ध किस धर्म से हैं?
(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म
(c) ईसाई धर्म (d) इस्लाम धर्म

Ans. (b) जैन धर्म

- जैन धर्म को श्वेतांबर और दिगंबर दो समुदायों में बाँटा गया है।
- श्वेतांबर समुदाय के साधु श्वेत वस्त्र और दिगंबर समुदाय के साधु नग्न अवस्था में रहते है।
- जैन धर्म में स्थूलभद्र के शिष्य श्वेतांबर और भद्रबाहु के शिष्य दिगंबर कहे गए।

43. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता बौद्ध धर्म को जैन धर्म से पृथक करती है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) सद्कार्यों में विश्वास
(b) जीवित प्राणियों के प्रति अहिंसा
(c) वेदों की सत्ता की अस्वीकृति
(d) आचरण और आत्म-निर्वाण का चरम स्वरूप

Ans. (d) आचरण और आत्म-निर्वाण का चरम स्वरूप

- आचारण और आत्म-मृत्यु का चरम रूप है, यह विशेषता बौद्ध धर्म को जैन धर्म से अलग करती है।
- बौद्ध धर्म, गौतम बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं पर केंद्रित है, जबकि जैन धर्म महावीर स्वामी के जीवन और शिक्षाओं पर केंद्रित है।
- वैशाली "वज्जि महाजनपद" की राजधानी थी।
- गौतम बुद्ध का जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व कपिलवस्तु के निकट लुंबिनी में हुआ था।

44. कश्मीर में चतुर्थ बौद्ध परिषद का आयोजन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था?
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) वासुदेव (b) विम कडफिसस
(c) हुविष्क (d) कनिष्क

Ans. (d) कनिष्क

- कश्मीर में चौथी बौद्ध संगीति का आयोजन कुषाण राजा कनिष्क ने करवाया था।
- यह संगीति कश्मीर के कुंडलवन में आयोजित की गई थी।
- इस संगीति की अध्यक्षता वसुमित्र ने की थी।

45. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) चतुर्थ बौद्ध परिषद् - राजगृह
(b) द्वितीय बौद्ध परिषद् - विराटनगर
(c) प्रथम बौद्ध परिषद् - कश्मीर
(d) तृतीय बौद्ध परिषद् - पाटलिपुत्र

Ans. (d) तृतीय बौद्ध परिषद् - पाटलिपुत्र

- बौद्ध संगीतियाँ निम्न प्रकार से हैं।

संगीति	स्थान	शासनकाल	अध्यक्षता	अवधि
प्रथम	राजग्रह	अजातशत्रु	महाकस्सप	483 ई.पू.
द्वितीय	वैशाली	कालाशोक	साबकमीर (सुबुकामी)	383 ई.पू.
तृतीय	पाटलिपुत्र	अशोक	मोगलिपुत्ततिस्स	250 ई.पू.
चतुर्थ	कुंडलवन	कनिष्क	वसुमित्र	लगभग ईसा की प्रथम शताब्दी

46. 'अष्टांगिक मार्ग' (आठ प्रकार के पथ) का तत्वज्ञान निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) शंकराचार्य (b) गौतम बुद्ध
(c) रामानुज (d) महावीर स्वामी

Ans. (b) गौतम बुद्ध

- गौतम बुद्ध ने एक मध्यम मार्ग, अष्टांगिक मार्ग का परिचय दिया।
- चार आर्य सत्य, आष्टांगिक मार्ग शब्द का अर्थ महानता है, तथा आमतौर पर यह 'आठ गुना आर्य पथ' के फलस्वरूप प्रतिपादित किया जाता है।

47. 'धम्मचक्कपवत्तन' (धर्मचक्र प्रवर्तन) नामक बौद्ध आयोजन निम्नलिखित में से किस स्थान पर किया गया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) बोध गया (b) लुम्बिनी
(c) सारनाथ (d) कुशीनगर

Ans. (c) सारनाथ

- बौद्ध धर्म में सारनाथ एक पवित्र स्थान है।
- बौद्ध ग्रंथों में इस घटना को 'धर्मचक्र प्रवर्तन' यानी 'कानून के पहिये का घूमना' कहा जाता है।
- यह गौतम बुद्ध का प्रथम उपदेश था जिसे धर्मचक्र प्रवर्तन कहा गया।
- धर्मचक्र, बौद्ध धर्म का प्रमुख प्रतीक है।
- गौतम बुद्ध के गृह त्याग की घटना को 'महाभिनिष्क्रमण' कहा गया।

48. बुद्ध को निम्न में से किस स्थान पर ज्ञान प्राप्त हुआ था?
(a) कुशीनगर (b) लुंबिनी
(c) सारनाथ (d) बोधगया

Ans. (d) बोधगया

- बोधगया में ज्ञान प्राप्ति के बाद बुद्ध ने पहला उपदेश सारनाथ में दिया था। इस घटना को 'धर्मचक्रप्रवर्तन' के नाम से जाना जाता है।
- गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में लुम्बिनी (कपिलवस्तु), नेपाल में हुआ था।
- गौतम बुद्ध की मृत्यु (महापरिनिर्वाण) 483 ई. पू. में कुशीनगर (उ०प्र०) में हुई थी।

49. बौद्ध धर्म में 'अभय मुद्रा' का क्या अर्थ है?
(a) बुराई से बचाव (b) निर्भीकता
(c) ज्ञानोदय (d) उपदेश

Ans. (b) निर्भीकता

- बौद्ध धर्म में 'अभय मुद्रा' का अर्थ **निर्भीकता** है। अभय मुद्रा सबसे प्राचीन मुद्राओं में से एक है। अभय मुद्रा सुरक्षा की भावना को प्रदर्शित करती है। अभय मुद्रा में दाहिनें हस्त को ऊपर की ओर करके हथेली बाहर की ओर इंगित की जाती है।

50. विनय और सुत्तपिटक इनमें से किसकी शिक्षाओं का संकलन हैं?
(a) गौतम बुद्ध (b) ऋषभदेव
(c) महावीर जैन (d) गुरु गोविंद सिंह

Ans. (a) गौतम बुद्ध

- विनय और सुत्तपिटक गौतम बुद्ध की शिक्षाओं का संकलन है।
- त्रिपिटक बौद्ध धर्म का पवित्र ग्रंथ हैं, इसके तीन भाग है।

1. सुत्तपिटक- इसमें बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का उल्लेख वर्णित है।
2. विनयपिटक- इसमें बौद्ध मठों में रहने वाले भिक्षु-भिक्षुणियों हेतु अनुशासन संबंधित नियम वर्णित हैं।
3. अभिधम्मपिटक- इसमें बौद्ध मतों की दार्शनिक व्याख्या, महात्मा बुद्ध के उपदेशों तथा सिद्धांतों से संबंधित नियम वर्णित हैं।

51. निम्नलिखित में से कौन 'बुद्ध के सिद्धांतों' से संबंधित है?
(a) विनयपिटक (b) अभिधम्मपिटक
(c) सुत्तपिटक (d) दिव्यदान

Ans. (b) अभिधम्मपिटक

✪ **अभिधम्मपिटक** 'बुद्ध के सिद्धांतों' से संबंधित है। अभिधम्मपिटक बुद्ध के त्रिपिटक में से एक है। अभिधम्मपिटक बुद्ध के सिद्धांतों का एक व्यापक रूपी विद्वतापूर्ण सारांश व विश्लेषण है। यह थेरवाद बौद्ध धर्म का अभिन्न अंग है।

52. बुद्ध का वास्तविक नाम क्या था?
(a) सिद्धार्थ (b) चन्ना
(c) शुद्धोधन (d) कंथक

Ans. (a) सिद्धार्थ

✪ **बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था।**
✪ गौतम बुद्ध के पिता का नाम शुद्धोधन तथा माता का नाम मायादेवी था।
✪ चन्ना गौतम बुद्ध का प्रमुख सारथी तथा सेवक था।
✪ कंथक गौतम बुद्ध का घोड़ा था।

53. 'महायान' शब्द किस धर्म से संबंधित है।
(a) जैन धर्म (b) बौद्ध धर्म
(c) शैव धर्म (d) सिख धर्म

Ans. (b) बौद्ध धर्म

'महायान' शब्द बौद्ध धर्म से संबंधित है।
✪ बौद्ध धर्म की दो शाखायें थी।
हीनयान सम्प्रदाय-(बौद्ध धर्म का प्राचीन रूप)
✪ हीनयान सम्प्रदाय के लोग कर्म और धर्म में विश्वास करते थे।
महायान सम्प्रदाय-(बौद्ध धर्म का नवीन रूप)
✪ महायान सम्प्रदाय के लोग परोपकार में विश्वास करते थे।
चतुर्थ बौद्ध संगीति में बौद्ध धर्म दो शाखाओं में विभाजित हो गया था।

54. गौतम बुद्ध ने अपने 'उपदेशों' में जन साधारण की किस भाषा का प्रयोग किया।
(a) मगधी (b) संस्कृत
(c) प्राकृत (d) पालि

Ans. (d) पालि

✪ गौतम बुद्ध ने अपने **'उपदेशों'** में जनसाधारण की भाषा **'पालि'** का प्रयोग किया था।
✪ पालि प्राचीन भारत की एक भाषा है।

55. त्रिपिटक पवित्र धर्मग्रंथ कौन-से धर्म से संबंधित है?
(a) हिंदू धर्म (b) पारसी धर्म
(c) जैन धर्म (d) बौद्ध धर्म

Ans. (d) बौद्ध धर्म

✪ त्रिपिटक पवित्र धर्मग्रंथ **बौद्ध धर्म** से संबंधित है। त्रिपिटक की भाषा **पालि** है।

56. उस बौद्ध ग्रन्थ का नाम बताइए, जिनमें भिक्षुओं के लिए नियमों का उल्लेख वर्णित है।
(a) त्रिपिटक (b) विनयपिटक
(c) अभिधम्मपिटक (d) सुत्तपिटक

Ans. (b) विनयपिटक

✪ बौद्ध धर्म के पवित्र ग्रन्थ **त्रिपिटक** के भाग **विनयपिटक** में भिक्षुओं के लिए नियमों का उल्लेख वर्णित है।

57. बोधिसत्व की अवधारणा इनमें से किससे संबंधित है?
(a) जैन धर्म (b) हीनयान बौद्ध धर्म
(c) सिख धर्म (d) महायान बौद्ध धर्म

Ans. (d) महायान बौद्ध धर्म

✪ बोधिसत्व की अवधारणा **महायान बौद्ध धर्म** से संबंधित है।
✪ बोधिसत्व से आशय है- **'दस पारमिताओं का पूर्ण रूप से पालन करने वाला।'** हीनयान तथा महायान बौद्ध धर्म की दो शाखाएँ थीं।

58. निम्नलिखित में से अनुसरण किए जाने वाले धर्म एवं पवित्र पुस्तिका की कौन-सी जोड़ी असंगत है?
(a) इस्लाम : कुरान
(b) सिख धर्म : गुरू ग्रंथ साहिब
(c) जैन धर्म : उपनिषद्
(d) ईसाई धर्म : बाइबिल

Ans. (c) जैन धर्म : उपनिषद्

✪ **उपनिषद् का सम्बन्ध हिन्दू धर्म से है।**
✪ इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रन्थ **कुरान** है।
✪ सिख धर्म का पवित्र ग्रन्थ **गुरू ग्रन्थ साहिब** है।
✪ ईसाई धर्म का पवित्र ग्रन्थ **बाइबिल** है।
✪ जैन धर्म का पवित्र ग्रन्थ **आगम साहित्य** है।

59. गौतम बुद्ध का पुत्र निम्नलिखित में से कौन था?
(a) उपगुप्त (b) उपालि
(c) राहुल (d) आनंदा

Ans. (c) राहुल

✪ गौतम बुद्ध के पुत्र का नाम **राहुल** था।
✪ **उपालि**- ये गौतम बुद्ध के शिष्य थे।
✪ **आनंद**- ये गौतम बुद्ध के चचेरे भाई तथा उनके शिष्य थे।
✪ **उपगुप्त**- ये सम्राट अशोक के गुरु थे।

60. तृतीय बौद्ध परिषद् का आयोजन किसके द्वारा कराया गया था?
(a) चंद्रगुप्त (b) हर्षवर्धन
(c) अशोक (d) कनिष्क

Ans. (c) अशोक

✪ तृतीय बौद्ध परिषद् का आयोजन **अशोक** द्वारा कराया गया था।
✪ तृतीय बौद्ध परिषद् **पाटलिपुत्र** में अशोक के संरक्षण में आयोजित हुई थी।
✪ तृतीय बौद्ध परिषद् का आयोजन लगभग **250 ई.पू.** में **मोग्गलिपुत्ततिस्स** की अध्यक्षता में हुआ था।

61. अजंता और एलोरा की गुफाएं किस धर्म की सबसे पहली वास्तुकला, गुफा-चित्रकला एवं मूर्तिकला के उत्तम उदाहरणों में से हैं।
(a) बुद्ध (b) हिन्दू
(c) जैन (d) राजपूत

Ans. (a) बुद्ध

✪ अजंता और एलोरा की गुफाएं बौद्ध धर्म की सबसे पहली वास्तुकला, गुफा-चित्रकला एवं मूर्तिकला के उत्तम उदाहरणों में से हैं।
✪ अजंता और एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं।
✪ अजंता और एलोरा की गुफाएँ यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची में 1983 ई. में शामिल हुई थी।
✪ अजंता गुफा की चित्रकला भारत में बौद्ध धर्म के स्वर्ण युग को प्रदर्शित करती है।

62. एक यूनानी मेगस्थनीज निम्नलिखित में से किस राजा के दरबार में राजदूत था?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) बिम्बिसार (b) अशोक
(c) चंद्रगुप्त मौर्य (d) महापद्मनंद

Ans. (c) चंद्रगुप्त मौर्य

✪ मेगस्थनीज, यूनानी राजा सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था। मेगस्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था।
✪ उसने जो कुछ भारत में देखा, उसका वर्णन उन्होंने 'इंडिका' नामक पुस्तक में किया है।
✪ 'इंडिका' में उन्होंने मौर्य काल के दौरान भारत के राजनीतिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक जीवन के बारे में लिखा है।
✪ 'इंडिका' को मौर्य समाज का दर्पण कहा जाता है।
✪ मेगस्थनीज ने पाटलिपुत्र का बहुत ही सुंदर और विस्तृत वर्णन किया है, उसने पाटलिपुत्र को भारत का सबसे बड़ा नगर बताया है।

63. 600 ईसा पूर्व - 600 ईस्वी की अवधि के दौरान निम्नलिखित में से कौन वह पहला शासक था, जिसने अपनी प्रजा और अधिकारियों के लिए अपने संदेशों को पत्थर की सतहों-प्राकृतिक चट्टानों के साथ-साथ पॉलिश किए गए स्तंभों पर अंकित किया था?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) अजातशत्रु (b) अशोक
(c) बिम्बिसार (d) महापद्मनंद

Ans. (b) अशोक

- भारत में शिलालेखों का प्रचलन सबसे पहले मौर्य सम्राट अशोक ने करवाया था। अशोक ने अपनी लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को प्रजा में फैलाने के लिए 14 जगहों पर शिलालेख उत्कीर्ण करवाए थे।
- सम्राट अशोक को शिलालेखों का जनक कहा जाता है।

अशोक के शिलालेखों से जुड़ी कुछ खास बातें:

- अशोक के शिलालेखों की खोज सबसे पहले 1750 ईस्वी में टी केंथेलर ने की थी।
- अशोक के शिलालेखों को 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप ने पढ़ा।
- अशोक के शिलालेखों की लिपि ब्राह्मी और खरोष्ठी है।
- अशोक के शिलालेखों में से कुछ शिलालेखों में धार्मिक और शासकीय घोषणाएं शामिल हैं।
- अशोक के शिलालेखों से अशोक की नीतियां, प्रजा कल्याण के कार्य, और सामाजिक स्थिति की जानकारी मिलती है।
- अशोक के पाँचवें शिलालेख में उन्होंने कहा था, "समस्त प्रजा प्रत्येक मनुष्य मेरी सन्तान हैं।"

64. मौर्य प्रशासन में राजस्व वसूलीकर्ता अधिकारी (राजस्व महा कलेक्टर) निम्नलिखित में से कौन होता था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) समाहर्ता (b) सान्निधाता
(c) अमात्य (d) अंतपाल

Ans. (a) समाहर्ता

- मौर्य प्रशासन में समाहर्ता, राजस्व का मुख्य संग्रहकर्ता होता था।

समाहर्ता के अन्य कार्य-

- सभी तरह के स्रोतों से करों का संग्रह करना।
- राज्य की आय-व्यय का ब्यौरा रखना।
- राज्य का वार्षिक बजट तैयार करना।
- जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को नियुक्त करना।

65. चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा प्राचीन भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना के ठीक पहले निम्नलिखित में से किस राजवंश ने मगध पर शासन किया था?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) बृहद्रथ (b) नंद
(c) प्रद्योत (d) शिशुनाग

Ans. (b) नंद

- नंद वंश के अंतिम राजा धनानंद थे।
- चंद्रगुप्त मौर्य ने लगभग 321 ईसा पूर्व में धनानंद को हराकर मगध पर मौर्य वंश की नींव रखी।

मगध पर शासन करने वाले कुछ और राजवंश-

- हर्यक वंश: (544 ई.पू. 412 ई. पू.) मगध पर शासन करने वाला पहला वंश था, इसकी स्थापना बिंबिसार ने की थी।
- शिशुनाग वंश: (412 ई. पू. से 345 ई. पू.) इस वंश के राजाओं का विस्तार महाजनपद काल में हुआ था।

66. मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक ..... था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) बृहद्रथ (b) शालिशुक
(c) सम्प्रति (d) दशरथ मौर्य

Ans. (a) बृहद्रथ

- मौर्य वंश का अंतिम शासक ब्रहद्रथ था।
- बृहद्रथ के सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने उसकी हत्या वर्ष 185 ई.पू. में कर दी और शुंग वंश की स्थापना की।
- मौर्य साम्राज्य की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने की थी।

67. बिन्दुसार निम्नलिखित में से किस मौर्य सम्राट का उत्तराधिकारी था?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) देववर्मन (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) अशोक (d) शालिशुक

Ans. (b) चन्द्रगुप्त मौर्य

- चन्द्रगुप्त मौर्य का उत्तराधिकारी बिंदुसार हुआ, जो 298 ई. पू. में मगध की राजगद्दी पर बैठा।
- बिंदुसार को 'अमित्रघात' (अर्थात शत्रु विनाशक) के नाम से जाना जाता है।
- इतिहास में उन्हें 'महान पिता का पुत्र और महान पुत्र का पिता' कहा जाता है।
- बिंदुसार ने अपने पिता द्वारा जीते गए क्षेत्रों को बरकरार रखा था।

68. चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल के दौरान, मौर्यों की राजधानी, पाटलिपुत्र का प्रशासन कितनी समितियों द्वारा प्रबंधित किया जाता था?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) आठ (b) तीन
(c) छह (d) चार

Ans. (c) छह

- पहली समिति उद्योग तथा शिल्पों का निरीक्षण करती थी।
- दूसरी समिति विदेशी कार्यों की देखरेख करती थी।
- तीसरी समिति जनगणना करती थी।
- चौथी समिति व्यापार तथा वाणिज्य की व्यवस्था करती थी।
- पाँचवीं समिति विक्रय की व्यवस्था तथा निरीक्षण करती थी।
- छठी समिति टेक्स वसूलने की व्यवस्था करती थी।

69. भरहुत का प्रसिद्ध स्तूप मूल रूप से किसने बनवाया था?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) सातवाहन (b) मौर्य
(c) शुंग (d) कुषाण

Ans. (b) मौर्य

- भरहूत स्तूप का निर्माण, मौर्य वंश के राजा अशोक ने करवाया था।
- हालांकि, इस स्तूप के कुछ हिस्सों (पाषण वेदिका एवं तोरणों) का निर्माण शुंग वंश के राजा पुष्यमित्र शुंग ने भी करवाया था।
- भरहूत स्तूप, मध्य प्रदेश के सतना जिले में स्थित एक गाँव में है।
- इस स्तूप की खोज वर्ष 1873 में मेजर जनरल अलेक्जेंडर कनिंघम ने की थी।

70. सिकंदर की मृत्यु के बाद चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा पराजित हुए सिकंदर के सेनापति का नाम क्या था?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) टॉलमी (b) सेल्यूकस निकेटर
(c) एंटीगोनस (d) कैसेंडर

Ans. (b) सेल्यूकस निकेटर

- 305 ईसा पूर्व में, चंद्रगुप्त मौर्य ने सेल्यूकस निकेटर को हराया।
- ग्रीक राजदूत मेगस्थनीज ने चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल के दौरान भारत का दौरा किया।
- चंद्रगुप्त मौर्य ने नंद वंश का विनाश करके मौर्य वंश की स्थापना की।
- चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में जैन धर्म को अपनाया था।

71. सांची का महान स्तूप ..... द्वारा निर्मित कराया गया था।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)

(a) चंद्रगुप्त (b) अशोक
(c) हर्षवर्धन (d) बिंदुसार

Ans. (b) अशोक

- सांची का महान स्तूप, मौर्य सम्राट अशोक ने बनवाया था।
- अशोक ने इस स्तूप को भगवान बुद्ध के अवशेषों को सहेजने के लिए बनवाया था।
- यह स्तूप बलुआ पत्थर से बना है तथा अर्द्ध-गोलाकार संरचना में है।
- अशोक ने पूरे साम्राज्य में बौद्ध धर्म को फैलाने के लिए कई स्तूप बनवाए थे।
- सांची का महान स्तूप, भारत की सबसे प्राचीन तथा सबसे महत्त्वपूर्ण संरचनाओं में से एक है।
- महान स्तूप और सांची के अन्य बौद्ध स्मारकों को 1989 ई. में यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

72. मौर्य साम्राज्य के पूर्वी भारतीय प्रांत की राजधानी ..... में थी।
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) सुवर्णगिरि (b) तक्षशिला
(c) तोसली (d) उज्जैन

Ans. (c) तोसली

- मौर्य साम्राज्य को प्रशासन के लिए चार प्रांतों में बांटा गया था।
- पूर्वी प्रांत की राजधानी तोसाली, दक्षिणी प्रांत की राजधानी सुवर्णगिरि, उत्तरी प्रांत की राजधानी तक्षशिला, पश्चिमी प्रांत की राजधानी उज्जयिनी थी।
- मौर्य साम्राज्य की शाही राजधानी पाटलिपुत्र थी।
- पाटलिपुत्र के आस-पास का क्षेत्र सम्राट के प्रत्यक्ष नियंत्रण में होता था। मौर्य साम्राज्य का समयकाल लगभग 321 ई.पू. से 185 ई. पू. तक था।

73. बराबर की गुफाएँ निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित हैं?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) गुजरात

Ans. (c) बिहार

- बराबर की गुफाएं, बिहार के जहानाबाद जिले में स्थित है।
- बराबर की गुफाएं, चट्टानों को काटकर बनाई गई सबसे पुरानी गुफाओं में से एक हैं।
- बराबर की गुफाएं, बराबर और नागार्जुनी पहाड़ियों में बनी हैं।
- बराबर पहाड़ी पर चार गुफाएं हैं तथा नागार्जुनी पहाड़ी पर तीन गुफाएं हैं।
- इन गुफाओं का निर्माण मौर्य काल में हुआ था, माना जाता है कि इनका निर्माण सम्राट अशोक ने तपस्वियों के लिए करवाया था।
- इन गुफाओं में से सुदामा तथा लोमस ऋषि की गुफाएं, रॉक-कट वास्तुकला के कुछ शुरुआती उदाहरण हैं।

74. सम्राट अशोक निम्नलिखित में से किस राजवंश के शासक थे?
(D.P. Const. 1 Nov. 2020)
(a) मौर्य राजवंश (b) गुप्त राजवंश
(c) नंद राजवंश (d) शुंग राजवंश

Ans. (a) मौर्य राजवंश

- अशोक के पिता का नाम बिंदुसार था।
- अशोक ने 273 ई. पू. से 232 ई. पू. तक शासन किया।
- अशोक को शिलालेखों का जनक माना जाता है अशोक ने लगभग 261 ई. पू. में कलिंग युद्ध लड़ा।
- अशोक ने आधुनिक तमिलनाडु, कर्नाटक, और केरल के कुछ हिस्सों को छोड़कर पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन किया।
- अशोक के काल में बनाया गया प्रतीक, जिसे अशोक चिह्न के नाम से जाना जाता है, वर्तमान में भारत का राष्ट्रीय चिह्न है।
- अशोक के आध्यात्मिक शिक्षक का नाम उपगुप्त था।

75. मौर्य वंश की स्थापना के लिए चंद्रगुप्त मौर्य ने किसे हराया था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) महापद्म नंद (b) धनानंद
(c) अजातशत्रु (d) बिम्बिसार

Ans. (b) धनानंद

- चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य की मदद से धनानंद को हराया था।
- चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने साम्राज्य का विस्तार उत्तर और पश्चिम में किया। चंद्रगुप्त मौर्य ने पश्चिमोत्तर भारत के यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर को युद्ध में हराया था।
- चंद्रगुप्त मौर्य ने मेसीडोनियन क्षत्रपों पर भी विजय प्राप्त की थी।

76. किस भारतीय शासक का राज्य विस्तार भारत से बाहर तक था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) चंद्रगुप्त मौर्य
(b) कनिष्क
(c) चंद्रगुप्त मौर्य और कनिष्क दोनों
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (c) चंद्रगुप्त मौर्य और कनिष्क दोनों

- चंद्रगुप्त मौर्य ने मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी तथा कनिष्क कुषाण वंश का महान शासक था।

चंद्रगुप्त मौर्य का राज्य विस्तार:

- चंद्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य में उत्तरी और पूर्वी भारत के साथ-साथ बलूचिस्तान, मैसूर और सौराष्ट्र भी शामिल था।
- कनिष्क का साम्राज्य- ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान से लेकर मथुरा और कश्मीर तक फैला हुआ था।
- कनिष्क की पहली राजधानी 'पेशावर' तथा दूसरी राजधानी मथुरा थी।
- कनिष्क ने कश्मीर जीतकर वहाँ 'कनिष्कपुर' नामक नगर बसाया।

77. यूनानियों को निम्नलिखित में से किस भारतीय राजा ने बाहर निकाल दिया था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) अशोक
(b) बिन्दुसार
(c) चंद्रगुप्त मौर्य
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (c) चंद्रगुप्त मौर्य

- चंद्रगुप्त मौर्य ने सिकंदर के सेनापति सेल्यूकस निकेटर को हराकर यूनानियों को भारत से बाहर निकाला था।
- चंद्रगुप्त मौर्य ने 305 से 303 ईसा पूर्व के बीच सेल्यूकस निकेटर से युद्ध लड़ा।
- युद्ध के बाद हुई संधि के तहत सेल्यूकस ने चंद्रगुप्त मौर्य को अपने सारे प्रदेश सौंप दिए।
- सेल्यूकस ने अपना राजदूत 'मेगस्थनीज' चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था।

78. अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान बलुआ पत्थर के एकाश्मक स्तंभों को बौद्ध अवधारणाओं के शिलालेखों के साथ-साथ ..... हाथी और शेर जैसे पशु आकृतियों से अभिव्यक्त किया गया था?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) बैल (b) कुत्ते
(c) घोड़े (d) बिल्ली

Ans. (a) बैल

- अशोक के शासनकाल में स्तम्भ एक ही पत्थर से बनाए गए थे और उनके ऊपर बनी पशु आकृतियाँ भारतीय कला में प्रतीकात्मक रूप से महत्त्वपूर्ण थीं।
- इन स्तंभों में बौद्ध अवधारणाओं के शिलालेखों के साथ-साथ बैल, हाथी और शेर जैसी पशु आकृतियाँ अभिव्यक्त की गई थी।

79. अशोक के शासनकाल में निर्मित स्तूपों में निम्नलिखित में से किस सामग्री के स्तम्भ थे?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) ग्रेनाइट (b) पत्थर
(c) संगमरमर (d) ईंट

Ans. (b) पत्थर

- अशोक स्तंभ एकाश्म अर्थात् एक ही पत्थर से तराशकर बनाए गए थे।
- इन स्तंभों को धम्म प्रचार के लिये देश के विभिन्न भागों में स्थापित किया गया था।
- ये स्तंभ आधार की तरफ मोटे तथा ऊपर की तरफ क्रमशः पतले होते चले गए हैं। स्तंभ के मुख्य भाग को 'लोट' तथा ऊपरी हिस्से को शीर्ष कहते हैं।

80. मौर्यकाल की जानकारी के स्रोत ,दीपवंश और महावंश नामक बौद्ध ग्रंथ, निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) भारत (b) म्यांमार
(c) चीन (d) श्रीलंका

Ans. (d) श्रीलंका

- दीपवंश और महावंश को श्रीलंकाई बौद्ध ग्रंथों के रूप में जाना जाता है।
- इन बौद्ध ग्रंथों से मौर्यकाल की जानकारी प्राप्त होती है।

81. शिलालेखों के अध्ययन को कहा जाता है?
(a) पारिस्थितिकी (b) एक्वालोगी
(c) समाजशास्त्र (d) एपिग्राफी

Ans. (d) एपिग्राफी

- शिलालेखों के अध्ययन को **एपिग्राफी** कहा जाता है।
- शिलालेख को पुरालेख भी कहा जाता है।
- शिलालेख प्राचीन समय में घटित घटनाओं तथा उनसे सम्बन्धित व्यक्तियों के बारे में जानकारी हासिल करने के प्रमुख स्रोतों में से एक है।

82. प्रसिद्ध सांची स्तूप कहाँ स्थित है?
(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (b) मध्य प्रदेश

- प्रसिद्ध सांची स्तूप **मध्य प्रदेश** में स्थित है।
- सांची स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने तीसरी शताब्दी ई.पू. में करवाया था।
- सांची स्तूप बौद्धों का एक महत्त्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। सांची स्तूप को महान स्तूप के नाम से भी जाना जाता है।

83. किसने धर्म विजया- 'धार्मिकता द्वारा विजय' की नीति विकसित की।
(a) बिंदुसार (b) महेंद्र
(c) अशोक (d) बिम्बिसार

Ans. (c) अशोक

- **अशोक ने धर्म विजया-'धार्मिकता द्वारा विजय' की नीति विकसित की।**
- अशोक मौर्य वंश का सम्राट था। अशोक का जन्म वर्ष 304 ई.पू. पाटलिपुत्र में हुआ था। अशोक वर्ष 268 ई.पू. (कुछ स्रोतों में 272 ई. पू.) में मगध के सिहांसन पर बैठा था। अशोक की मृत्यु वर्ष 232 ई.पू. में हुई थी।
- अशोक को **देवनामप्रियदर्शी** के नाम से भी जाना जाता है।

84. प्रसिद्ध कलिंग युद्ध ने सम्राट अशोक को युद्ध छोड़ने और बौद्ध धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया था, यह युद्ध उड़ीसा में कब लड़ा गया था।
(a) 261 ई.पू. (b) 262 ई.पू.
(c) 260 ई.पू. (d) 264 ई.पू.

Ans. (a) 261 ई.पू.

- सम्राट अशोक ने युद्ध छोड़ने तथा बौद्ध धर्म अपनाने का फैसला कलिंग युद्ध मे हुए भयंकर नरसंहार को देखते हुए लिया था। कलिंग युद्ध सम्राट अशोक और कलिंग के राजा अनंत पद्मनाभन के मध्य हुआ था। इस युद्ध में सम्राट अशोक विजय हुआ जिसका उल्लेख सम्राट अशोक के तेरहवें शिलालेख में वर्णित है।

85. सम्राट अशोक ने पत्थर के स्तंभों और पत्थर के तख्तों पर अपने कितने आदेश उत्कीर्ण करवाकर अपने राज्य के प्रमुख स्थानों पर स्थापित किया ताकि लोग तद्नुसार आचरण कर सकें।
(a) 8 (b) 10
(c) 14 (d) 16

Ans. (c) 14

- सम्राट अशोक के समय के इतिहास की जानकारी हमें इन्हीं **14** शिलालेखों के द्वारा प्राप्त होती है। सम्राट अशोक के शिलालेख सबसे पहले वर्ष **1837 ई.** में जेम्स प्रिंसेप ने पढ़े थे।

कुछ शिलालेख निम्नलिखित हैं-

प्रमुख शिलालेख	संबंधित विषय
प्रथम (I)	पशु बलि पर प्रतिबंध। समस्त प्रजा मेरी संतान जैसी हैं।
द्वितीय (II)	मानव एवं पशु चिकित्सा तथा लोककल्याणकारी कार्य। चोल, पांड्य एवं सत्तियपुत्त व केरलपुत्त की चर्चा।
तृतीय (III)	प्रत्येक पाँचवे वर्ष राजकीय अधिकारियों को दौरा करने का आदेश।
चतुर्थ (IV)	धर्म-आचरण के भेरीनाद के माध्यम से धम्म का उद्घोष।

86. कौटिल्य का अर्थशास्त्र हमें किस वंश के प्रशासन के बारे में जानकारी देता है।
(a) गुप्त वंश (b) मौर्य वंश
(c) प्रतिहार वंश (d) राष्ट्रकूट वंश

Ans. (b) मौर्य वंश

- अर्थशास्त्र पुस्तक में मौर्यकालीन राजनीति, सामाजिक व्यवस्था आदि विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई है।

87. अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए किस नए पद का निर्माण किया?
(a) समाहर्ता (b) राजुकास
(c) बोधिसत्व (d) धम्म महामात्र

Ans. (d) धम्म महामात्र

- अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए नए पद **धम्म महामात्र** का निर्माण किया था। प्राचीन भारत में राज्य की शासन व्यवस्था के अंतर्गत 'धम्म महामात्र' नामक राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति होती थी। 'धम्म महामात्र' का कार्य राज्य में धर्मानुशासन का निर्माण करने से था।

88. शुंग राजवंश की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) अग्निमित्र (b) पुष्यमित्र
(c) भागभद्र (d) देवभूति

Ans. (b) पुष्यमित्र

- शुंग वंश की स्थापना पुष्यमित्र शुंग ने की थी।
- पुष्यमित्र शुंग ने लगभग 185 ईसा पूर्व में मौर्य वंश के अंतिम सम्राट बृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश की स्थापना की।
- पुष्यमित्र शुंग मौर्य सेना में एक सेनापति था।
- शुंग वंश ने लगभग 185 से 73 ईसा पूर्व तक उत्तरी भारतीय उपमहाद्वीप के ज्यादातर हिस्से पर शासन किया।
- शुंग वंश की राजधानी पाटलिपुत्र और विदिशा थी।
- भरहुत स्तूप के निर्माण का श्रेय पुष्यमित्र शुंग को जाता है।
- शुंग वंश के अंतिम शासक देवभूति की हत्या उनके मंत्री वासुदेव ने की थी।
- शुंग वंश के बाद कण्व वंश स्थापित हुआ।

89. निम्नलिखित में से कौन प्राचीन भारत में कुषाणों की दूसरी राजधानी थी?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) पाटलिपुत्र (b) दिल्ली
(c) लाहौर (d) मथुरा

Ans. (d) मथुरा

- कुषाणों की पहली राजधानी पुरुषपुर थी, जो अब पाकिस्तान के पेशावर शहर में है।
- इनका मूल निवास स्थान चीन की सीमा पर स्थित चीनी तुर्किस्तान था।
- कुषाणों ने पहली से तीसरी शताब्दी ईस्वी तक दक्षिण एशिया में शासन किया।
- कुषाणों ने अपने साम्राज्य में मध्य एशिया, ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और उत्तर भारत का एक बड़ा हिस्सा शामिल किया।
- कनिष्क ने शक संवत की शुरुआत की थी।
- कनिष्क ने कश्मीर के कुंडलवन में चौथी बौद्ध संगीति का आयोजन कराया।
- कनिष्क बौद्ध धर्म के महायान संप्रदाय का अनुयायी था।

90. कनिष्क किस वंश के महान राजा थे?
(a) चोल (b) चेर
(c) कुषाण (d) चालुक्य

Ans. (c) कुषाण

कनिष्क कुषाण वंश के महान राजा थे।
- कुषाण वंश का संस्थापक कुजल कडफिसेस (15 ई.- 65 ई.) था।

- कुषाण वंश के शासक कनिष्क के काल में गांधार कला का विकास सर्वाधिक हुआ था।

91. निम्नलिखित में से किस शासक ने प्राचीन भारत में दक्कन में सातवाहन साम्राज्य को मजबूत किया?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(b) शिव स्कंद शातकर्णी
(c) यज्ञ श्री शातकर्णी
(d) सिमुक

Ans. (a) गौतमीपुत्र शातकर्णी

- गौतमीपुत्र शातकर्णी ने दक्कन के सातवाहन साम्राज्य को मजबूत किया था।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी सातवाहन वंश के सबसे महान शासकों में से एक थे। उनका शासनकाल 106 ईस्वी से 130 ईस्वी तक रहा।
- उसने शकों को हराया और पश्चिमी क्षत्रपों को पराजित किया।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी ने शक शासक नहपान को हराया था।
- उन्होंने दक्षिणा पथपति की उपाधि धारण की थी।

92. किस सातवाहन राजा ने 125 इस्वी के आसपास सातवाहन क्षेत्र को उसकी पूर्व की महानता में बहाल किया?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) गौतमीपुत्र (b) कृष्ण तृतीय
(c) मिहिर भोज (d) राजराजा प्रथम

Ans. (a) गौतमीपुत्र

- सातवाहन वंश के राजा गौतमीपुत्र शातकर्णी ने सातवाहन साम्राज्य को उसकी पूर्व की महानता से बहाल किया था।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी ने शर्की, यवनों, और पहलवों जैसे विदेशी आक्रमणकारियों को हराया था।
- उसने सनातन वैदिक आर्य हिंदू धर्म और दक्षिण भारत का रक्षण किया।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी की माता का नाम गौतमी बालाश्री था।
- उनके पुत्र वशिष्ठ पुत्र श्री पुलमवि ने उनका उत्तराधिकार संभाला था।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी का शासनकाल लगभग 106-130 ईस्वी तक रहा था।

93. सातवाहनों के शातकर्णी प्रथम की राजधानी .... थी।
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) प्रभास पाटन (b) अनाहिलपुरा
(c) अनाहिलपटन (d) प्रतिष्ठान

Ans. (d) प्रतिष्ठान

- सातवाहन वंश के राजा शातकर्णी प्रथम की राजधानी प्रतिष्ठान थी।
- सातवाहन वंश की राजधानी प्रतिष्ठान या पैठण थी, यह औरंगाबाद जिले में गोदावरी नदी के किनारे बसा है।
- सातवाहन वंश के राजाओं के ज्यादातर अभिलेख और सिक्के महाराष्ट्र के प्रतिष्ठान के पास से मिले थे।
- सातवाहन वंश के राजाओं का मूल निवास स्थान पश्चिमी भारत में था।
- सातवाहन वंश के संस्थापक सिमुक थे।
- सातवाहन वंश के राजाओं को दक्कन में आंध्र भी कहा जाता था।

94. गौतमीपुत्र शातकर्णी, निम्नलिखित में से किस राजवंश का शासक था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) पल्लव (b) चालुक्य
(c) शक (d) सातवाहन

Ans. (d) सातवाहन

- गौतमीपुत्र शातकर्णी, सातवाहन वंश का शासक था।
- वह सातवाहन वंश का सबसे महान शासक था। गौतमीपुत्र शातकर्णी ने शकों को हराया था।
- उन्होंने अपने साम्राज्य की खोई प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित किया था।
- वह सातवाहन वंश का पहला ऐसा राजा था जिसने अपने नाम के साथ अपनी मां का नाम जोड़ा था।

95. अमरावती वास्तुकला को सर्वप्रथम किन शासकों द्वारा संरक्षण प्राप्त हुआ?
(a) मौर्य राजवंश (b) सातवाहन राजवंश
(c) नंद राजवंश (d) वकाटक राजवंश

Ans. (b) सातवाहन राजवंश

- अमरावती वास्तुकला को सर्वप्रथम सातवाहन राजवंश द्वारा संरक्षण प्राप्त हुआ था। सातवाहन राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रमुख राजवंश था।
- अमरावती वास्तुकला को सातवाहन राजवंश के पश्चात् इक्ष्वाकुओं का संरक्षण प्राप्त हुआ था।

96. सातवाहनों द्वारा उपयोग किया जाने वाला ताँबा और चाँदी का मिश्रण क्या कहलाता है?
(a) टंका (b) जीतल
(c) पोटीन (d) निष्क

Ans. (c) पोटीन

- सातवाहनों द्वारा उपयोग किया जाने वाला तांबा और चांदी का मिश्रण पोटीन या पुट्टी कहलाता है। सातवाहन राजवंश के राजाओं द्वारा कांसे, ताँबे, चाँदी, पोटीन तथा अन्य सिक्कों को अपने शासनकाल में प्रचलित किया गया था।

97. किस मूल भारतीय राजवंश ने अपने शासकों के चित्र वाले सिक्के जारी किए थे?
(a) पेशवा (b) राष्ट्रकूट
(c) सातवाहन (d) पांड्य

Ans. (c) सातवाहन

- भारतीय राजवंश **'सातवाहन'** ने अपने शासकों के चित्र वाले सिक्के जारी किए थे।
- सातवाहन वंश प्राचीन भारत का एक प्रमुख राजवंश था। सातवाहन वंश की राजधानी **प्रतिष्ठान** थी।
- सातवाहन वंश के संस्थापक **सिमुक** थे।
- सातवाहन वंश के शासकों ने ताँबे, चाँदी, सीसे, काँसे तथा पोटीन के सिक्के जारी किए थे।
- सातवाहन वंश में राजभाषा के रूप में **प्राकृत भाषा** का प्रयोग होता था।
- सातवाहन वंश के बारे में जानकारी **मत्स्य पुराण** से मिलती है।
- सातवाहन वंश के शासकों ने मुख्यतः दक्षिण भारत के हिस्से पर शासन किया था।

98. नरसिंहवर्मन प्रथम, जिन्हें 'मामल्ल' के नाम से भी जाना जाता था, ... राजवंश के शासक थे।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) चोल (b) चालुक्य
(c) पल्लव (d) सातवाहन

Ans. (c) पल्लव

- नरसिंहवर्मन प्रथम, पल्लव वंश के शासक थे।
- नरसिंहवर्मन प्रथम ने 630 ईस्वी से 668 ईस्वी तक शासन किया था।
- नरसिंहवर्मन प्रथम को मामल्लन (महान पहलवान) के नाम से भी जाना जाता था, उनके शासनकाल में ही मामल्लपुरम (महाबलीपुरम) का निर्माण हुआ था।
- उनके शासनकाल में ही प्रसिद्ध पंच रथ का निर्माण हुआ था।
- नरसिंहवर्मन प्रथम ने चालुक्य सम्राट पुलकेशिन द्वितीय को हराया था।
- उनके शासनकाल के दौरान चीनी यात्री ह्वेनत्सांग ने कांचीपुरम का दौरा किया।
- पल्लव वंश, प्राचीन दक्षिण भारत का राजवंश था, इसने चौथी शताब्दी में कांचीपुरम में राज्य स्थापित किया था और लगभग 600 वर्षों तक तमिल और तेलुगु क्षेत्र में शासन किया था।

99. पल्लव राजवंश का संस्थापक कौन था?
(a) सिंह विष्णु (b) कृष्णा
(c) नंदीवर्मन (d) महेंद्रवर्मन

Ans. (a) सिंह विष्णु

- पल्लव राजवंश का संस्थापक **सिंह विष्णु** था।
- पल्लव राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध राजवंश था।

- पल्लव राजवंश की राजधानी कांचीपुरम थी।
- नंदीवर्मन तथा महेंद्रवर्मन पल्लव राजवंश के प्रमुख शासक थे।

100. विजयालय, जो चोल वंश का संस्थापक था, वह पहले सामंत था।
(a) कादम्बरों का (b) पांड्यों का
(c) पल्लवों का (d) राष्ट्रकूटों का

Ans. (c) पल्लवों का

- विजयालय, जो चोल वंश का संस्थापक था, वह पहले **पल्लवों का** सामंत था।
- नौवीं शताब्दी के दौरान चोल वंश पल्लवों के ध्वंसावशेषों पर स्थापित हुआ था।

101. कौन-सा साम्राज्य सातवीं और आठवीं सदी में बहुत शक्तिशाली हो गया और कांचीपुरम उसकी राजधानी थी।
(a) पल्लव (b) प्रतिहार
(c) पाल (d) चोल

Ans. (a) पल्लव

- सातवीं और आठवीं शताब्दी में **पल्लव साम्राज्य** बहुत शक्तिशाली हो गया और **कांचीपुरम** उसकी राजधानी थी।
- पल्लवों ने तीसरी शताब्दी से नौवीं शताब्दी तक दक्षिण भारत पर राज किया था। पल्लवों के अन्त के बाद, दक्षिण भारत में चोलों का उदय हुआ था।
- पल्लवों का अंतिम शासक अपराजितवर्मन था।

102. तमिलनाडु स्थित महाबलीपुरम् में इमारतों का समूह निर्मित किया गया?
(a) चोलों द्वारा (b) पांड्यो द्वारा
(c) चालुक्यों द्वारा (d) पल्लवों द्वारा

Ans. (d) पल्लवों द्वारा

- तमिलनाडु स्थित महाबलीपुरम् में इमारतों का समूह **पल्लवों द्वारा** निर्मित किया गया।
- महाबलीपुरम् में स्थित इमारतों का समूह यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में 1984 ई. में शामिल किया गया था।
- यह समूह भारत के तमिलनाडु राज्य के चेंगलपट्टू जिले में महाबलीपुरम् नामक स्थान पर स्थित है।

103. नालंदा विश्वविद्यालय ..... में बनाया गया था।
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) कुरु (b) मत्स्य
(c) वत्स (d) मगध

Ans. (d) मगध

- नालंदा विश्वविद्यालय, प्राचीन मगध में बना था।
- यह बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में स्थित है।
- गुप्त वंश के शासक कुमारगुप्त ने पाँचवीं शताब्दी में इसकी स्थापना की थी।
- नालंदा विश्वविद्यालय को यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल माना जाता है।
- नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय माना जाता था।
- यहां कई विषय पढ़ाए जाते थे, जैसे कि बौद्ध सिद्धांत, गणित, तर्कशास्त्र, व्याकरण, भारतीय दर्शन, और खगोल विज्ञान

104. निम्नलिखित गुप्त सम्राटों में से किसने विक्रमादित्य की उपाधि धारण की थी?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) स्कन्द्रगुप्त (b) बुधगुप्त
(c) चंद्रगुप्त प्रथम (d) चंद्रगुप्त द्वितीय

Ans. (d) चंद्रगुप्त द्वितीय

- गुप्त वंश के शासक चंद्रगुप्त द्वितीय (375-415 ई.) ने विक्रमादित्य की उपाधि धारण की थी।
- चंद्रगुप्त द्वितीय, गुप्त वंश के सबसे महान शासकों में से एक थे।
- चंद्रगुप्त द्वितीय ने गुजरात के शकों को हराने के बाद 'शकारि' और 'विक्रमादित्य' जैसी उपाधियां धारण की थी।
- उनके शासनकाल में साम्राज्य अपने चरमोत्कर्ष पर था उन्हें उनकी उदारता, साहस, और विद्वानों के संरक्षण के लिए एक आदर्श राजा के रूप में जाना जाता था।

105. प्रयाग प्रशस्ति के लेखक हरिसेण निम्नलिखित गुप्त शासकों में से किस गुप्त सम्राट के दरबारी कवि थे?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) श्रीगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) पुरुगुप्त (d) कुमारगुप्त

Ans. (b) समुद्रगुप्त

- हरिषेण, गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त के दरबारी कवि, राजनीतिज्ञ, और सरकार के मंत्री थे।
- हरिषेण चौथी शताब्दी के संस्कृत कवि थे।
- प्रयाग प्रशस्ति को इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख के नाम से भी जाना जाता है।
- यह गुप्त काल के राजनीतिक इतिहास को जानने के लिए एक अहम अभिलेखीय साक्ष्य है।
- समुद्रगुप्त, चंद्रगुप्त प्रथम के पुत्र और उत्तराधिकारी थे।
- इतिहासकार वी. एस स्मिथ ने समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' कहा था।

106. गुप्तों को किस वर्ण से उत्पन्न माना जाता था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) वैश्य (b) शूद्र
(c) क्षत्रिय (d) ब्राह्मण

Ans. (a) वैश्य

- गुप्तों की उत्पत्ति के बारे में विद्वानों में मतभेद है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि गुप्त मूल रूप से वैश्य थे।
- स्मृतियों के अनुसार नाम के उत्तरांश गुप्त शब्द का जोड़ा जाना वैश्यों की विशेषता थी।
- गुप्त वंश का संस्थापक श्रीगुप्त था।

107. निम्नलिखित गुप्त शासकों में से किसको भारत का नेपोलियन कहा जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) समुद्रगुप्त (b) विष्णुगुप्त
(c) घटोत्कच (d) कुमारगुप्त प्रथम

Ans. (a) समुद्रगुप्त

- गुप्त वंश के राजा समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है।
- समुद्रगुप्त, भारत के महानतम राजाओं में से एक थे।
- समुद्रगुप्त को सौ युद्धों का विजेता माना जाता है।
- समुद्रगुप्त, चंद्रगुप्त प्रथम और कुमारदेवी का पुत्र था।
- समुद्रगुप्त ने 335 ईस्वी में गद्दी संभाली थी।
- समुद्रगुप्त ने कविराज, की उपाधियाँ धारण की थी।

108. इलाहाबाद के स्तम्भ पर हरिषेण द्वारा लिखित अभिलेख किस भाषा में है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) पाली (b) प्राकृत
(c) संस्कृत (d) फारसी

Ans. (c) संस्कृत

- हरिषेण द्वारा लिखित इलाहाबाद स्तंभ (प्रयाग प्रशस्ति) संस्कृत भाषा तथा ब्राह्मी लिपि में है।
- इसे प्रयाग प्रशस्ति के नाम से भी जाना जाता है।
- यह शिलालेख, समुद्रगुप्त की उपलब्धियों का वर्णन करता है।
- यह गुप्त काल का एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज है।
- यह शिलालेख, कौशाम्बी से लाए गए अशोक स्तंभ पर खुदवाया था।

109. महाराजाधिराज की उपाधि धारण करने वाला गुप्त वंश का पहला शासक कौन था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) स्कंदगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) रामगुप्त (d) चंद्रगुप्त प्रथम

Ans. (d) चंद्रगुप्त प्रथम

- महाराजाधिराज की उपाधि धारण करने वाला गुप्त वंश का प्रथम शासक चंद्रगुप्त प्रथम था।
- उन्होंने उत्तरी और मध्य भारत में शासन किया था।
- चंद्रगुप्त प्रथम, गुप्त राजा घटोत्कच का पुत्र और गुप्त वंश के संस्थापक श्रीगुप्त का पोता था।

- चंद्रगुप्त प्रथम के द्वारा गंगा क्षेत्र में किए गए गठबंधनों के कारण उन्हें महाराजाधिराज की उपाधि मिली थी।
- चंद्रगुप्त प्रथम के बाद उसका पुत्र समुद्रगुप्त, गुप्त वंश का राजा बना।

110. गुप्त शासक समुद्रगुप्त को अपने सिक्कों पर निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्य यंत्र बजाते हुए दिखाया गया है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) मृदंग (b) वीणा
(c) तबला (d) सारंगी

Ans. (b) वीणा

- वीणा एक भारतीय तार वाला वाद्य यंत्र है।
- समुद्रगुप्त के सोने के सिक्कों और शिलालेखों से पता चलता है कि वह एक कुशल कवि और संगीतकार थे, उन्हें कविराज (कवियों का राजा) भी कहा जाता है।
- वह एक महान प्रशासक और महान योद्धा थे।
- समुद्रगुप्त ने मौद्रिक प्रणाली की स्थापना की।
- समुद्रगुप्त ने उत्तर में 9 और दक्षिण भारत में 12 राजाओं को हराया था।
- विंसेट स्मिथ ने इन्हें 'भारत का नेपोलियन' की संज्ञा दी।

111. नागर शैली का दशावतार मंदिर किस स्थान पर स्थित है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) बद्रीनाथ (b) गोरखपुर
(c) देवगढ़ (d) ललितपुर

Ans. (c) देवगढ़

- नागर शैली का दशावतार मंदिर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के देवगढ़ में है। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है।
- यह मंदिर गुप्त काल में बना था।
- इस मंदिर में भगवान विष्णु के दस अवतारों को दर्शाया गया है।
- मंदिर के द्वार पर गंगा और यमुना देवियों की नक्काशी की गई है।

112. नालंदा विश्व विद्यालय की स्थापना किसने की?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) कुमारगुप्त (b) देवगुप्त
(c) स्कन्दगुप्त (d) वेदगुप्त

Ans. (a) कुमारगुप्त

- नालंदा विश्व विद्यालय की स्थापना गुप्त वंश के शासक कुमारगुप्त ने की थी। कुमारगुप्त प्रथम को महेंद्रादित्य के नाम से भी जाना जाता है।
- यह भारतीय उपमहाद्वीप का पहला नियोजित विश्वविद्यालय था।
- यह महायान बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र था।
- यहाँ वेद, योगशास्त्र, चिकित्सा, तंत्रविद्या, और सांख्य दर्शन जैसे विषयों की शिक्षा दी जाती थी।
- नालंदा महाविद्यालय को हर्षवर्धन और पाल शासकों ने संरक्षण दिया।
- नालंदा विश्व विद्यालय को लगभग 1193 ईस्वी में बख्तियार खिलजी ने नष्ट कर दिया था।

113. गुप्तकाल में कालिदास द्वारा लिखित राजा दुष्यंत की प्रेम कहानी पर आधारित नाटक निम्नलिखित में से कौन-सा था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) कुमारसंभवम् (b) रघुवंशम्
(c) विक्रमोर्वशीवम् (d) अभिज्ञानशाकुंतलम्

Ans. (d) अभिज्ञानशाकुंतलम्

- कालिदास द्वारा लिखित नाटक 'अभिज्ञानशाकुंतलम' राजा दुष्यंत की कहानी पर आधारित है।
- कालिदास की रचनाओं में रघुवंशम् और कुमारसंभवम् उनके अन्य प्रमुख महाकाव्य हैं।

114. चीनी यात्री फाह्यान के शासनकाल के दौरान, भारत का दौरा किसने किया था?
(a) कालिदास (b) अशोक
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) हर्षवर्धन

Ans. (c) चंद्रगुप्त द्वितीय

- चीनी यात्री फाह्यान ने **चंद्रगुप्त द्वितीय** के शासनकाल के दौरान भारत का दौरा किया था।
- बौद्ध धर्म व उसके ग्रन्थों के बारे में अध्ययन करने के उद्देश्य से फाह्यान ने भारत के अतिरिक्त कई एशियाई देशों की यात्रा की थी। अपनी भारत यात्रा के दौरान फाह्यान ने तीन वर्षों तक पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) में संस्कृत विषय का अध्ययन किया था।

115. निम्नलिखित विकल्पों में से गलत जोड़ी का चयन करें।
(a) चन्द्रगुप्त : मौर्य (b) बिम्बिसार : गुप्त
(c) राजराजा : चोल (d) कनिष्क : कुषाण

Ans. (b) बिम्बिसार : गुप्त

- **बिम्बिसार का सम्बन्ध हर्यक वंश से है।**
- चन्द्रगुप्त का सम्बन्ध मौर्य वंश से है।
- राजराजा का सम्बन्ध चोल वंश से है।
- कनिष्क का सम्बन्ध कुषाण वंश से है।

116. पुलकेशिन द्वितीय जिसने हर्षवर्धन को हराया था, वह ..... राजवंश से संबंधित था।
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) चेर (b) चालुक्य
(c) चोल (d) पल्लव

Ans. (b) चालुक्य

- पुलकेशिन द्वितीय, चालुक्य वंश का राजा था जिसने सम्राट हर्षवर्धन को हराया था।
- पुलकेशिन द्वितीय ने लगभग 610 से 642 ईस्वी तक चालुक्य वंश पर शासन किया।
- पुलकेशिन द्वितीय ने नर्मदा नदी के तट पर लड़े गए युद्ध में हर्षवर्धन को हराया।
- पुलकेशिन द्वितीय के दरबारी कवि रविकीर्ति थे।
- रविकीर्ति ने ऐहोल शिलालेख की रचना की।

117. राजपूत वंश के चंदेल राजवंश ने भारत के प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में 9वीं और 13वीं शताब्दी के बीच निम्नलिखित में किस क्षेत्र पर शासन किया था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) बुंदेलखंड (b) मेवाड़
(c) जैसलमेर (d) अमरकोट

Ans. (a) बुंदेलखंड

- चंदेल वंश के संस्थापक नन्नुक थे।
- चंदेल वंश की राजधानी खजुराहो थी।
- चंदेल राजवंश के शासकों ने खजुराहों में कई मंदिर बनवाए, जिनमें कंदरिया महादेव मंदिर सबसे प्रसिद्ध है।
- चंदेल वंश के राजाओं ने 9वीं शताब्दी में जेजाकभुक्ति क्षेत्र पर शासन किया था. जेजाकभुक्ति क्षेत्र, वर्तमान में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बंदेलखंड के नाम से जाना जाता है।
- चंदेल वंश के राजाओं को कला और स्थापत्य कला के लिए जाना जाता है।

118. 7वीं शताब्दी ईस्वी में कन्नौज के शासक हर्षवर्धन निम्नलिखित में से किस राजवंश के राजा थे?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) मौखरि (b) वाकाटक
(c) चालुक्य (d) पुष्यभूति

Ans. (d) पुष्यभूति

- राजा हर्षवर्धन पुष्यभूति वंश के शासक थे।
- पुष्यभूति वंश को वर्धन वंश के नाम से भी जाना जाता है।
- हर्षवर्धन, इस वंश के सबसे प्रतिष्ठित शासक थे।
- उन्होंने 606 ईस्वी से 647 ईस्वी तक शासन किया।
- हर्षवर्धन के पिता का नाम प्रभाकरवर्धन था।
- हर्षवर्धन ने कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया था।
- हर्षवर्धन ने मगध पर विजय प्राप्त की थी।
- हर्षवर्धन ने तीन पुस्तकें लिखी नागानंद, रत्नावली, और प्रियदर्शिका।

119. निम्नलिखित में से कौन-से स्थान पर नियंत्रण पाने के लिए गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और पाल

राजवंशों के बीच प्रसिद्ध त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ था?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) अवंती (b) कन्नौज
(c) पानीपत (d) मान्यखेत

Ans. (b) कन्नौज

- कन्नौज के लिए त्रिपक्षीय संघर्ष, गुर्जर प्रतिहार, पाल, और राष्ट्रकूट राज्यों के मध्य हुआ था।
- कन्नौज पर नियंत्रण के लिए लड़े गए इस युद्ध को 'कन्नौज त्रिभुज' युद्ध भी कहा जाता है।
- यह युद्ध 8वीं से 12वीं शताब्दी के बीच हुआ था।
- त्रिपक्षीय संघर्ष लगभग दो सौ (200) वर्षों तक चला।
- कन्नौज, गंगा व्यापार मार्ग पर स्थित था और रेशम मार्ग से जुड़ा हुआ था, इस कारण से, यह रणनीतिक और व्यावसायिक रूप से बहुत महत्त्वपूर्ण शहर था।
- कन्नौज के लिए लड़े गए इस युद्ध में अंतिम रूप से गुर्जर प्रतिहार शासकों का अधिकार हो गया।

120. निम्नलिखित राजवंशों में से किसके शासनकाल के दौरान गोलकुंडा के किले का निर्माण किया गया था?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) मौर्य (b) काकतीय
(c) गुप्त (d) चालुक्य

Ans. (b) काकतीय

- गोलकुण्डा किले का निर्माण मूल रूप से काकतीय शासक प्रतापरुद्र ने करवाया था।
- गोलकुण्डा का किला हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित है।
- इसे मूल रूप से 'मनकल' के नाम से जाना जाता था।

121. हर्ष के शासन के दौरान, कन्नौज सभा निम्नलिखित संप्रदायों के सिद्धांतों का प्रचार करने के लिए आयोजित किया गया था?

(D.P. Const. 6 Dec. 2017)

(a) हीनयान
(b) महायान
(c) श्वेताम्बर
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (b) महायान

- राजा हर्षवर्धन ने अपनी राजधानी कन्नौज में महायान बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए एक सभा का आयोजन किया था।
- इस सभा में चीनी यात्री ह्वेनसांग ने महायान बौद्ध धर्म के सिद्धांतों की व्याख्या की थी।
- इस सभा में लगभग बीस राजाओं, हजार विद्वानों, तीन हजार से ज्यादा बौद्ध भिक्षुओं, तीन हजार ब्राह्मणों, और जैनियों ने हिस्सा लिया था।
- इस सभा में ह्वेनसांग को सभा की अध्यक्षता करने के लिए नियुक्त किया गया था।
- इस सभा में हर्ष की सहिष्णुता की नीति परिलक्षित हुई थी।
- हर्षवर्धन एक अच्छे लेखक, कवि एवं नाटककार थे इनके द्वारा रचित 'रत्नावली' प्रियदर्शिका प्रसिद्ध नाटक है।

122. राष्ट्रकूट वंश का शाही प्रतीक क्या था?

(a) बाघ (b) हाथी
(c) शेर (d) गोल्डन ईगल

Ans. (d) गोल्डन ईगल

- राष्ट्रकूट वंश का शाही प्रतीक **गोल्डन ईगल** था।
- राष्ट्रकूट वंश के संस्थापक दन्तिदुर्ग प्रथम थे।
- राष्ट्रकूट वंश की राजधानी मान्यखेत थी।
- एलोरा के गुफा मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट वंश के शासनकाल में हुआ था।

123. निम्नलिखित में से कौन पाल साम्राज्य का संस्थापक था?

(a) ध्रुव (b) गोपाल
(c) महिपाल (d) महेन्द्रपाल

Ans. (b) गोपाल

- पाल साम्राज्य का संस्थापक गोपाल एक कुशल प्रशासक था।
- पाल साम्राज्य का उदय आठवीं शताब्दी में हुआ था।
- पाल साम्राज्य के शासक बौद्ध धर्म का पालन करते थे।
- पाल साम्राज्य के शासक धर्मपाल ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।

124. रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानंद के रचयिता कौन थे?

(a) हर्ष
(b) अशोक
(c) पुलकेशिन द्वितीय
(d) चंद्रगुप्त मौर्य

Ans. (a) हर्ष

- **रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानंद** के रचयिता **हर्ष** थे।
- हर्ष, बाणभट्ट के दरबारी कवि थे। रत्नावली, प्रियदर्शिका और नागानंद रचनाओं की भाषा संस्कृत थी।

125. राष्ट्रकूट राजवंश का संस्थापक कौन था?

(a) पुलकेशिन (b) दंतिदुर्ग
(c) शतकर्णी (d) अमोघवर्ष

Ans. (b) दंतिदुर्ग

- **राष्ट्रकूट राजवंश का संस्थापक दंतिदुर्ग था।**
- दंतिदुर्ग को दंतिदुर्ग प्रथम भी कहा जाता था।
- राष्ट्रकूट राजवंश का शासनकाल छठीं से तेरहवीं शताब्दी तक था।
- राष्ट्रकूट राजवंश ने भारत के उत्तरी, दक्षिणी तथा मध्य भाग पर शासन किया था।

126. विक्रमशिला विश्वविद्यालय कहाँ स्थित था?

(a) महाराष्ट्र (b) दिल्ली
(c) गुजरात (d) बिहार

Ans. (d) बिहार

- विक्रमशिला विश्वविद्यालय बिहार राज्य के भागलपुर जनपद में स्थित है। बारहवीं शताब्दी के अन्त में मुस्लिम आक्रमणकारी बख्तियार खिलजी द्वारा विक्रमशिला विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया गया था।

127. निम्नलिखित में से कौन-सा साम्राज्य सबसे लंबी अवधि तक रहा?

(a) प्रतिहार (b) पाल
(c) सेन (d) राष्ट्रकूट

Ans. (b) पाल

- प्रतिहार साम्राज्य का शासनकाल-**अवधि 8वीं से 11वीं शताब्दी तक।**
- गोपाल बौद्ध धर्म का अनुयायी था इनसे 750 ई. में पाल वंश की स्थापना की।
- सेन वंश की स्थापना सामंतसेन ने की।
- राष्ट्रकूट साम्राज्य की स्थापना दंतिदूर्ग ने की।

128. होयसल साम्राज्य की राजधानी कौन-सी थी?

(a) देवगिरि (b) द्वारसमुद्र
(c) मैसूर (d) कल्याणी

Ans. (b) द्वारसमुद्र

- होयसल साम्राज्य की राजधानी **द्वारसमुद्र (आधुनिक हेलेबिड)** थी।
- होयसल दक्षिण भारत का एक प्रमुख राजवंश था, जिसने 10वीं से 14वीं शताब्दी तक राज किया था।
- होयसल कुल का अंतिम शासक वीर बल्लाल तृतीय था।

129. पुलकेशिन द्वितीय किस राजवंश का सर्वाधिक प्रख्यात शासक था?

(a) चालुक्य (b) काकतीय
(c) पांड्य (d) होयसल

Ans. (a) चालुक्य

- पुलकेशिन द्वितीय **चालुक्य राजवंश** का सर्वाधिक प्रख्यात शासक था।
- चालुक्य राजवंश की राजधानी **बादामी** थी।
- पुलकेशिन द्वितीय ने तत्कालीन कन्नौज के राजा हर्ष को युद्ध में पराजित किया था।

- चालुक्य राजवंश ने छठीं से बारहवीं शताब्दी के दौरान दक्षिणी भारत के एक बड़े क्षेत्र पर शासन किया था।
- पुलकेशिन द्वितीय चालुक्य राजवंश की शाखा वातापी (बादामी) से सम्बन्धित थे।
- पुलकेशिन द्वितीय के शासन में चालुक्य राजवंश सर्वाधिक शक्तिशाली था।
- चालुक्य राजवंश का प्रारम्भिक इतिहास तथा पुलकेशिन द्वितीय के बारे में जानकारी ऐहोल अभिलेख से प्राप्त होती है।

130. एलोरा के मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था।
(a) चेर शासकों ने (b) पांड्य शासकों ने
(c) चोल शासकों ने (d) राष्ट्रकूट शासकों ने

Ans. (d) राष्ट्रकूट शासकों ने

- एलोरा के मंदिरों का निर्माण **राष्ट्रकूट शासकों** ने करवाया था।
- राष्ट्रकूट राजवंश के संस्थापक **दन्तिदुर्ग प्रथम** थे।
- राष्ट्रकूट राजवंश के राजा कृष्ण प्रथम ने एलोरा में स्थित चट्टान को काटकर कैलाश मंदिर का निर्माण करवाया था। कैलाश मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में हुआ था।
- यह भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद (छत्रपति संभजी नगर औरंगाबाद का नया नाम) जिले में स्थित है।
- एलोरा की गुफाओं को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची में वर्ष 1983 ई. में शामिल किया गया था।

131. 'हर्षचरित' राजा हर्षवर्धन की जीवनी, किसने लिखी थी?
(a) कालिदास (b) बीरबल
(c) बाणभट्ट (d) तुलसीदास

Ans. (c) बाणभट्ट

- **'हर्षचरित'** राजा हर्षवर्धन की जीवनी, **बाणभट्ट** ने लिखी थी।
- बाणभट्ट, हर्षचरित के दरबारी कवि थे।
- बाणभट्ट ने **'कादम्बरी'** नामक पुस्तक की भी रचना की थी।
- कालिदास, **चन्द्रगुप्त द्वितीय** के दरबारी कवि थे। कालिदास ने दो प्रमुख महाकाव्य **'कुमार संभवम्** तथा **रघुवंशम्'** की रचना की थी।
- कालिदास की अन्य रचनाओं में दो प्रमुख खण्डकाव्य **'ऋतुसंहारम्** तथा **मेघदूतम्'** और तीन प्रमुख नाटक **'अभिज्ञान शाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम्** तथा **विक्रमोर्वशीयम्'** है।
- बीरबल, अकबर के नवरत्नों में से एक थे।
- तुलसीदास के समकालीन मुगल शासक अकबर थे।

132. निम्नलिखित में से किस चोल राजा ने गंगा घाटी क्षेत्र पर आक्रमण किया?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) गंदारादित्य (b) अरिजय चोल
(c) राजेंद्र I (d) उत्तम चोल

Ans. (c) राजेंद्र I

- राजेंद्र चोल I ने गंगा अभियान का नेतृत्व किया जिसका उद्देश्य गंगा नदी का पवित्र जल लाना था।
- इस अभियान में चोल सेना ने वेंगी, कलिंग, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, बंगाल, बिहार, और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गंगा नदी पर कूच किया था।
- चोल सेना ने पाल राजा महिपाल प्रथम को हराया था।
- इस अभियान की सफलता के बाद राजेंद्र चोल ने गंगईकोंडा चोलपुरम नामक नई राजधानी की स्थापना की।
- राजेंद्र चोल ने गंगईकोंडा चोल की उपाधि भी धारण की।

133. चोल प्रशासन के संदर्भ में, 'वेट्टी' शब्द का अर्थ ..... होता था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) व्यापारी (b) साहूकार
(c) सैनिक (d) कर

Ans. (d) कर

- चोल साम्राज्य में वेट्टी एक प्रकार का कर था, जिसे आम लोगों से वसूला जाता था।
- इसे अक्सर जमींदार लगाते थे।
- वेट्टी के तहत, लोगों को बिना किसी मजदूरी के राजा या जमींदारों के लिए कार्य करना होता था।
- वेट्टी की प्रथा मध्यकाल में भारत के कई हिस्सों में प्रचलित थी।
- वेट्टी का इस्तेमाल बुनियादी ढांचा, मंदिर, और दूसरे सार्वजनिक कामों के निर्माण के लिए किया जाता था।

134. प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय महाकाव्य शिलप्पादिकारम् मूल रुप से किस भाषा में लिखा गया था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) मलयालम (b) तमिल
(c) तेलुगू (d) संस्कृत

Ans. (b) तमिल

- शिलप्पादिकारम् नामक महाकाव्य 'इलांगोआदिगल' द्वारा मूल रूप से तमिल भाषा में लिखा गया है। इसमें तत्कालीन संगम समाज और राजनीति के विषय में अच्छी जानकारी प्राप्त होती है।
- संगम साहित्य मुख्य रूप से तमिल भाषा में लिखा गया है, इस युग की प्रमुख रचनाओं में तोलकाप्पियम, पाथिनेंकिलकणक्कु आदि ग्रंथ तथा शिलप्पादिकारम्, मणिमेखलै और जीवक चिंतामणि महाकाव्य शामिल हैं।

135. प्रसिद्ध उत्तरमेरूर शिलालेख किस राजवंश से संबंधित हैं?
(a) पांड्य (b) चोल
(c) पल्लव (d) चालुक्य

Ans. (b) चोल

- प्रसिद्ध उत्तरमेरूर शिलालेख **चोल राजवंश** से संबंधित है।
- चोल राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रमुख राजवंश था। इस अभिलेख के माध्यम से चोल कालीन ग्राम्य प्रशासन तथा कर व्यवस्था की जानकारी प्राप्त होती हैं।

136. तंजावुर में बृहदेश्वर मंदिर किस वंश के वास्तुकारों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।
(a) चेर (b) पांड्य
(c) चोल (d) पल्लव

Ans. (c) चोल

- बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण चोल वंश के शासक राजराज चोल प्रथम ने करवाया था। बृहदेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।
- तंजावुर में स्थित बृहदेश्वर मंदिर को चोल शासक राजराज चोल प्रथम के नाम पर राजराजेश्वर मंदिर का नाम भी दिया गया।
- बृहदेश्वर मंदिर द्रविड़ शैली में निर्मित है। वर्ष 1987 में इस मंदिर को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था।

137. निम्न में से संगम साहित्य का कौन-सा ग्रन्थ व्याकरण और काव्यशास्त्र से संबंधित है?
(a) मणिमेगलई (b) शिलप्पदिकारम
(c) तोल्काप्पियम् (d) जीवक चिन्तामणि

Ans. (c) तोल्काप्पियम्

- **मणिमेगलई** - यह एक तमिल महाकाव्य है जिसकी रचना **कवि चितलाई चतनार** द्वारा की गई थी।
- **शिलप्पदिकारम** - यह तमिल साहित्य का प्रथम महाकाव्य है, जिसकी रचना **इलांगो आदिगल** द्वारा की गई थी।
- **जीवक चिन्तामणि** - यह एक तमिल महाकाव्य है, जिसकी रचना **जैन मुनि तिरुतक्कदेवर** द्वारा की गई थी।

138. नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा निम्नलिखित साम्राज्यों में से किससे संबंधित है?
(a) चेर (b) चोल
(c) पांड्य (d) पल्लव

Ans. (b) चोल

- नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा **चोल साम्राज्य** से सम्बन्धित है।
- नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा में भगवान शिव को नृत्य करते हुये दिखाया गया है।
- नटराज की प्रसिद्ध कांस्य प्रतिमा तमिलनाडु राज्य के चिदंम्बरम में स्थित है।

139. किस वंश ने मदुरै के आस-पास के क्षेत्र पर शासन किया और तेरहवीं शताब्दी में सर्वोच्चता प्राप्त की।

(a) राजपूत (b) चोल
(c) चेर (d) पांड्या

Ans. (d) पांड्या

- **पांड्या वंश** ने मदुरै के आस-पास के क्षेत्र पर शासन किया और तेरहवीं शताब्दी में सर्वोच्चता प्राप्त की।
- **मदुरै,** पांड्या वंश की राजधानी थी।
- वर्तमान में मदुरै भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है।
- पांड्या राजवंश दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंशों में एक था। पांड्या राजवंश ने भारत में छठीं शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक शासन किया था।

140. विश्व प्रसिद्ध गोमतेश्वर की प्रतिमा निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

(a) कर्नाटक (b) गुजरात
(c) पंजाब (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (a) कर्नाटक

- विश्व प्रसिद्ध गोमतेश्वर की प्रतिमा **कर्नाटक** राज्य में स्थित है।
- कर्नाटक राज्य के श्रवणबेलगोला में स्थित गोमतेश्वर की प्रतिमा ग्रेनाइट से निर्मित है।
- गोमतेश्वर की प्रतिमा का निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था।
- गोमतेश्वर की प्रतिमा जैन धर्म के देवता **बाहुबली (गोमतेश्वर)** को समर्पित है।

141. निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शन तार्किक सोच की तकनीक में विश्वास करता है?

(a) सांख्य दर्शन (b) न्याय दर्शन
(c) योग दर्शन (d) वेदान्त दर्शन

Ans. (b) न्याय दर्शन

- न्याय दर्शन, **छः वैदिक दर्शनों** में से एक है।
- न्याय दर्शन का प्राचीन तथा प्रसिद्ध ग्रन्थ न्यायसूत्र है।

छ : वैदिक दर्शन निम्नलिखित है-

- सांख्य दर्शन - कपिल मुनि
- योग दर्शन - महर्षि पतंजलि
- न्याय दर्शन - महर्षि गौतम
- वैशेषिक दर्शन - उलूक कणाद
- मीमांसा दर्शन (पूर्व मीमांसा) - जैमिनी
- वेदान्त दर्शन (उत्तर मीमांसा) - बादरायण

142. उस महान व्यक्ति का नाम बताएँ, जिसने भारत में बीजगणित के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान किया?

(a) चरक (b) ब्रह्मगुप्त
(c) वराहमिहिर (d) आर्यभट्ट

Ans. (d) आर्यभट्ट

- **आर्यभट्ट ने भारत में बीजगणित के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था।**
- आर्यभट्ट का जन्म वर्ष **476 ई.** में **पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना)** में हुआ था।
- आर्यभट्ट का भारत के महान गणितज्ञों में महत्त्वपूर्ण स्थान है।
- आर्यभट्ट ने दो प्रमुख पुस्तकें **(आर्यभटीय और आर्यभटीय सिद्धांत)** की रचना की थी।

143. निम्न में से किसे औषधि का देवता कहा जाता है?

(a) आर्यभट्ट (b) पतंजलि
(c) पाणिनि (d) धन्वन्तरी

Ans. (d) धन्वन्तरी

- **धन्वन्तरि को औषधि का देवता कहा जाता है।**
- धन्वन्तरि आयुर्वेद के प्रणेता थे।
- धन्वन्तरि **चंद्रगुप्त द्वितीय/विक्रमादित्य** के दरबार में उनके नवरत्नों में से एक थे। धन्वन्तरि **चंद्रगुप्त द्वितीय/विक्रमादित्य** के दरबार में आयुर्वेद के चिकित्सक थे।
- धन्वन्तरि की प्रमुख पुस्तकों में **'रोग निदान'** तथा **'वैद्य चिंतामणि'** है।

144. हाथीगुम्फा शिलालेख किसके द्वारा उत्कीर्ण कराया गया था?

(a) बिम्बिसार (b) अशोक
(c) खारवेल (d) हर्ष

Ans. (c) खारवेल

- हाथीगुम्फा अभिलेख **खारवेल** द्वारा उत्तीर्ण कराया गया था।
- खारवेल कलिंग के शासक थे।
- हाथीगुम्फा अभिलेख प्राकृत भाषा में उत्कीर्ण है।

145. दक्षिण भारतीय मंदिरों के प्रवेश द्वार को क्या कहा जाता है?

(a) गोपुरम् (b) घर
(c) विमान (d) अंतरिक्ष

Ans. (a) गोपुरम्

- दक्षिण भारतीय मंदिरों के प्रवेश द्वार को **गोपुरम्** कहा जाता है। इस प्रकार के द्वार मुख्यत: दक्षिण भारत के मंदिरों का प्रतिनिधित्व करते है।
- दक्षिण भारत के मंदिर मुख्यत: द्रविड़ शैली में निर्मित है। दक्षिण भारत के मंदिरों के प्रवेश द्वार के रूप में गोपुरम् का निर्माण सर्वप्रथम पल्लव शासकों ने किया था।

146. सत्यमेव जयते शब्द किस उपनिषद् में वर्णित है?

(a) मुंडकोपनिषद् (b) छान्दोग्योपनिषद्
(c) कठोपनिषद् (d) जाबलोपनिषद्

Ans. (a) मुंडकोपनिषद्

- **सत्यमेव जयते शब्द मुंडकोपनिषद् में वर्णित है।**
- **सत्यमेव जयते** हमारे देश का **राष्ट्रीय आदर्श वाक्य** है। सत्यमेव जयते हमारे देश के राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे देवनागरी लिपि में अंकित है।
- सत्यमेव जयते को राष्ट्रीय आदर्श वाक्य के रूप में 26 जनवरी, 1950 को अपनाया गया था।
- सत्यमेव जयते का शाब्दिक अर्थ है- **'सत्य की जीत।'**

147. वास्तुकला में, पंचायत शैली किस शब्द से संबंधित है?

(a) शहर (b) बांध
(c) कैसल (d) मंदिर

Ans. (d) मंदिर

- वास्तुकला में, **पंचायतन शैली** शब्द **मंदिर निर्माण** से सम्बन्धित है।
- पंचायतन शैली में एक केंद्रीय मंदिर, चार अन्य मंदिरों के द्वारा घिरा होता है।
- पंचायतन शैली में निर्मित प्रमुख मंदिरों में खजुराहो (मध्य प्रदेश) में स्थित कंदरिया महादेव मंदिर एंव लक्ष्मण मंदिर तथा देवगढ़ (उत्तर प्रदेश) में स्थित दशावतार मंदिर आदि प्रमुख है।

148. दिल्ली स्थित जंतर-मंतर का निर्माण किस महाराजा ने करवाया था।

(a) जयपुर के जयसिंह प्रथम
(b) जयपुर के जयसिंह द्वितीय
(c) रामसिंह प्रथम
(d) बिशन सिंह

Ans. (b) जयपुर के जयसिंह द्वितीय

- दिल्ली स्थित जंतर-मंतर का निर्माण जयपुर के **महाराजा जयसिंह द्वितीय** ने करवाया था।
- दिल्ली स्थित जंतर-मंतर का निर्माण वर्ष 1724 ई. में हुआ था।
- दिल्ली स्थित जंतर-मंतर एक खगोलीय वेधशाला है।
- दिल्ली के अतिरिक्त अन्य चार जंतर-मंतर **वाराणसी, जयपुर, मथुरा** और **उज्जैन** स्थान पर अवस्थित है।

149. निम्नलिखित में से किसने भारत के प्राचीन ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' को संकलित किया है?

(a) वेदव्यास (b) मनु
(c) अगस्त्य (d) भरतमुनि

Ans. (d) भरतमुनि

- भारत के प्राचीन ग्रंथ **'नाट्यशास्त्र'** को **भरतमुनि** ने संकलित किया है।
- **महर्षि वेदव्यास** ने **'महाभारत'** की रचना की।
- **मनु** ने **'मनुस्मृति'** की रचना की।
- **महर्षि अगस्त्य** को **सप्तर्षियों** में से एक माना जाता है।

150. निम्नलिखित में से किसने 'पृथ्वीराज रासो' लिखा था?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) चंदबरदाई (b) राजशेखर
(c) जयदेव (d) पद्मगुप्त

Ans. (a) चंदबरदाई

- चंदबरदाई ने पृथ्वीराज रासो नामक महाकाव्य लिखा।
- यह महाकाव्य चौहान वंशीय राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है।
- चंदबरदाई, पृथ्वीराज चौहान के दरबारी कवि तथा उनके बचपन के मित्र थे।
- वे युद्ध के समय वीर रस की कविताओं से सेना को प्रोत्साहित करते थे।
- पृथ्वीराज रासो हिन्दी की पहली रचना है।
- इसे हिन्दी का सबसे बड़ा काव्य-ग्रंथ माना जाता है। इसमें लगभग 10,000 से अधिक छंद हैं।

151. अबुल फजल द्वारा लिखा गया 'अकबर नामा' कितनी पुस्तकों में विभाजित है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) दो (b) तीन
(c) पाँच (d) चार

Ans. (b) तीन

- अकबरनामा में मुगल सम्राट अकबर के जीवन की घटनाओं और उसके शासनकाल का वर्णन मिलता है।
- यह उनके दरबारी इतिहासकार और जीवनी लेखक, अबुल-फजल द्वारा लिखी गयी है, जो 'अकबर के दरबार के नवरत्नों' में से एक थे।
- यह किताब फारसी में लिखी गई है, जो मुगलों की मातृभाषा थी।
- इसमें अकबर के जीवन और समय का विस्तृत विवरण शामिल है।
- इसे तीन खंडों में विभाजित किया गया है:
- पहला अकबर के पूर्वजों के बारे में है, दूसरा अकबर के शासनकाल के बारे में है और तीसरा आईना-ए-अकबरी है।

152. 14वीं शताब्दी में मोरक्को का यात्री इब्नबतूता किसके शासनकाल में भारत आया था?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) जलालुद्दीन खिलजी
(b) फिरोज शाह तुगलक
(c) मोहम्मद बिन तुगलक
(d) अलाउद्दीन खिलजी

Ans. (c) मोहम्मद बिन तुगलक

- इब्नबतूता, मोरक्को का एक यात्री था।
- वह 1333 ई. में मध्य एशिया के रास्ते होकर सिंध पहुंचा था।
- उस समय दिल्ली का शासक मुहम्मद बिन तुगलक था।
- इब्नबतूता की विद्वता से प्रभावित होकर सुल्तान ने उसे दिल्ली का काजी बना दिया था।
- इब्नबतूता ने अपनी यात्राओं का वर्णन अपनी किताब 'किताब उल रिहला' में किया है।
- इब्नबतूता को मध्यकाल का महानतम मुस्लिम यात्री कहा जाता है।

153. निम्नलिखित इतिहासकारों में से किसने अपना पहला इतिवृत्त 1356 में लिखा था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अल-बरूनी
(b) जियाउद्दीन बरनी
(c) मिनहाज-उस-सिराज
(d) इब्र-सीना

Ans. (b) जियाउद्दीन बरनी

- जियाउद्दीन बरनी ने अपना पहला इतिवृत्त वर्ष 1356 में लिखा था।
- वह दिल्ली सल्तनत के मुहम्मद बिन तुगलक और फिरोज शाह के शासनकाल में एक राजनीतिक विचारक थे।
- इनकी दो सबसे प्रसिद्ध कृतियों में तारिख-ए-फिरोजशाही और फतवा-ए-जहाँदारी शामिल हैं।

154. 'किताब-उल-रेहला' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गयी?
(a) इब्नबतूता (b) अमीर खुसरो
(c) जियाउद्दीन बरनी (d) अल-बरूनी

Ans. (a) इब्नबतूता

- 'किताब-उल-रेहला' पुस्तक इब्नबतूता द्वारा लिखी गई, यह एक यात्रा-वृतांत है जिसमें उसने अपनी यात्रा के अनुभवों को लिखा है।

155. बाबर की आत्मकथा 'बाबरनामा' किस भाषा में लिखी गई थी?
(a) कुर्दी (b) पश्तो
(c) उर्दू (d) तुर्की

Ans. (d) तुर्की

- बाबर की आत्मकथा 'बाबरनामा' तुर्की भाषा में **तुजुक-ए-बाबरी** के नाम से लिखी गई है।
- **'बाबरनामा'** में बाबर ने अपने जीवन की अनेक घटनाओं का विस्तार से वर्णन किया है। इसके माध्यम से बाबर द्वारा जीवन में लड़े गए युद्धों की जानकारी प्राप्त होती है।
- **'बाबरनामा'** में बाबर द्वारा पानीपत, खानवा, चन्देरी आदि के युद्धों में अपनाई गई **तुलुगमा युद्ध प्रणाली** व अन्य युद्ध नीतियों का सही से वर्णन किया गया है।

156. मध्यकाल में लिखे गए महाकाव्य 'पद्मावत' के लेखक कौन है?
(a) मुल्ला दाउद
(b) अबुल फजल इब्न मुबारक
(c) मलिक मुहम्मद जायसी
(d) अमीर खुसरो

Ans. (c) मलिक मुहम्मद जायसी

- 'पद्मावत' महाकाव्य चित्तौड़ के महान राजा रतनसिंह रावल और रानी 'पद्मावती' की कथा है, जिसमें रानी पद्मावती के अद्वितीय सौंदर्य और बुद्धिमानी, युद्ध नीतियों आदि का वर्णन किया गया है।
- 'पद्मावत' मनसवी शैली में रचित एक प्रबंध काव्य है, जिसमें चित्तौड़ पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण तथा रानी 'पद्मावती' के जौहर का वर्णन है।
- इसके अतिरिक्त मलिक मोहम्मद जायसी की अन्य रचनाएं हैं- **कहरनामा, मसलानामा, आखिरी कलाम, अखरावट** आदि।

157. 1192 ईस्वी में तराइन के द्वितीय युद्ध में पृथ्वीराज चौहान को निम्नलिखित में से किसने पराजित किया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) मुहम्मद गोरी
(b) सैफ अल-दीन सूरी
(c) मुहम्मद इब्न सूरी
(d) शेरशाह सूरी

Ans. (a) मुहम्मद गोरी

- तराइन का प्रथम युद्ध 1191 ई. में लड़ा गया था।
- तराइन के प्रथम युद्ध में चौहान राजा पृथ्वीराज चौहान ने मुहम्मद गोरी को हराया।
- तराइन का दूसरा युद्ध 1192 ई. में लड़ा गया था।
- तराइन के द्वितीय युद्ध में मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराया।
- 1192 के तराइन के युद्ध में पृथ्वी राज चौहान को मोहम्मद गोरी के हाथों पराजित होना पड़ा।
- पृथ्वीराज चौहान को व्यापक रूप से 'अंतिम हिंदू सम्राट' माना जाता है।

158. ..... की जीत ने भारत में दिल्ली सल्तनत की आधारशिला रखी।
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) फारसियों (b) अरबों
(c) तुर्कों (d) अफगानियों

Ans. (c) तुर्कों

- तुर्कों की जीत ने भारत में दिल्ली सल्तनत की आधारशिला रखी थी।
- मुस्लिम आक्रमणों के बाद दिल्ली सल्तनत की स्थापना हुई थी।
- दिल्ली सल्तनत के पहले सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.) गौरी के एक तुर्क गुलाम थे।
- दिल्ली सल्तनत की स्थापना तुर्की मुसलमानों ने की थी।
- दिल्ली सल्तनत के शम्सी वंश का प्रमुख शासक शम्सुद्दीन इल्तुतमिश था। इल्तुतमिश, कुतुबुद्दीन ऐबक का दामाद था।
- इल्तुतमिश ने 1210 से 1236 ई. तक शासन किया।
- इल्तुतमिश को दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक माना जाता है।

159. निम्नलिखित में से वह कौन तुर्की शासक था जिसने 1398 ई. में लूट के इरादे से भारत पर आक्रमण किया था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) तैमूर लंग (b) शाहरूख मिर्ज़ा
(c) गुयुक खान (d) चंगेज़ खान

Ans. (a) तैमूर लंग

- तुर्की शासक तैमूर लंग ने 1398 ई. में भारत पर नासिरूद्दीन महमूद शाह के समय आक्रमण किया था।
- तैमूर को पश्चिमी साहित्य में तैम्बुरलेन भी कहा जाता है। यह समरकंद का एक तुर्क सम्राट था।

160. मुहम्मद गौरी की सेना और पृथ्वीराज चौहान के बीच दो बार युद्ध हुआ जिसमें किस युद्ध की दूसरी लड़ाई 1192 पृथ्वीराज चौहान हार गए? और उनके राज्य पर कब्जा कर लिया गया।
(a) कन्नौज (b) पानीपत
(c) प्लासी (d) तराईन

Ans. (d) तराईन

- मुहम्मद गौरी की सेना और पृथ्वीराज चौहान के बीच दो बार युद्ध हुआ, जिसमें 'तराईन' की दूसरी लड़ाई में पृथ्वीराज चौहान हार गए और मुहम्मद गौरी ने उनके राज्य पर कब्जा कर लिया।
- तराईन का प्रथम युद्ध भी पृथ्वीराज चौहान और मुहम्मद गौरी के मध्य वर्ष 1191 में लड़ा गया था, जिसमें पृथ्वीराज चौहान ने मुहम्मद गौरी को पराजित किया था।

161. तैमूर ने दिल्ली पर किस वर्ष आक्रमण किया?
(a) 1395 (b) 1396
(c) 1397 (d) 1398

Ans. (d) 1398

- तैमूर ने दिल्ली पर वर्ष 1398 में तुगलक वंश के अंतिम शासक नासिरूद्दीन के शासनकाल के दौरान आक्रमण किया।
- तैमूर एक तुर्क-मंगोल आक्रमणकारी था, जिसने तैमूर साम्राज्य की स्थापना की थी।

162. निम्नलिखित में से किसने अपने हमलों में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के साथ अन्य मंदिरों को 17 बार लूटा और नष्ट किया है?
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) महमूद गजनी
(c) तैमूर लंग (d) मुहम्मद गौरी

Ans. (b) महमूद गजनी

- सोमनाथ मंदिर को वर्ष 1025 में महमूद गजनी ने नष्ट कर दिया था। मूर्ति को तोड़ने से लेकर यहाँ पर चढ़े सोने-चाँदी के सभी आभूषणों को लूट लिया गया था।
- महमूद गजनी ने 1000 ई. से 1027 ई. तक भारत पर कुल 17 बार आक्रमण किया।

163. इनमें से किसके द्वारा दिल्ली सल्तनत में इक्ता प्रणाली को संस्थागत रूप में लागू किया गया था?
(a) इल्तुतमिश (b) ग्यासुद्दीन बलबन
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक (d) आराम शाह

Ans. (a) इल्तुतमिश

- दिल्ली सल्तनत के शम्शुद्दीन इल्तुतमिश द्वारा इक्ता प्रणाली की शुरूआत की गई थी।
- इक्तादारी प्रणाली केन्द्रीकरण के लिए एक महत्त्वपूर्ण साधन था।
- इक्तादारी प्रणाली सुल्तानों और कुलीनता के बीच क्षेत्रों के विभाजन पर आधारित थी। इसमें भूमि को छोटे भागों में विभाजित करके उसे रईसों, अधिकारियों और सैनिकों को दिया गया था।
- इल्तुतमिश का शासनकाल 1210 से 1236 ई. तक रहा।
- इल्तुतमिश ने लाहौर की बजाय दिल्ली को राजधानी बनाया। इसे 'गुलाम का गुलाम' कहा जाता है।

164. किसके बीच की अवधि को दिल्ली सल्तनत की अवधि के रूप में जाना जाता है?
(a) 1006 और 1326 ई.
(b) 1106 और 1326 ई.
(c) 1206 और 1526 ई.
(d) 1606 और 1826 ई.

Ans. (c) 1206 और 1526 ई.

- 1206 से 1526 ई. तक के बीच की अवधि को दिल्ली सल्तनत की अवधि के रूप में जाना जाता है।
- दिल्ली सल्तनत पर मुख्यत: पाँच राजवंशों ने शासन किया था।

165. निम्नलिखित में से दिल्ली सल्तनत का सही क्रम क्या है?
(a) गुलाम → तुगलक → खिलजी → लोदी
(b) गुलाम → खिलजी → तुगलक → लोदी
(c) गुलाम → लोदी → खिलजी → तुगलक
(d) तुगलक → खिलजी → गुलाम → लोदी

Ans. (b) गुलाम → खिलजी → तुगलक → लोदी

- दिल्ली सल्तनत में कुल पाँच वंशों ने शासन किया।
- जिनका सही क्रम इस प्रकार है:-
  (गुलाम → खिलजी → तुगलक → सैयद → लोदी)

166. निम्नलिखित में से कौन गुलाम वंश का संस्थापक था जो पहले मुहम्मद गौरी का सेनापति था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) नासिरुद्दीन महमूद शाह
(b) इल्तुतमिश
(c) मुइज़ुद्दीन बहराम
(d) कुतुबुद्दीन ऐबक

Ans. (d) कुतुबुद्दीन ऐबक

- कुतुबुद्दीन ऐबक (लाखबख्श) गुलाम वंश का संस्थापक था।
- वह दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान था।
- कुतुबुद्दीन ऐबक, गौरी साम्राज्य के सुल्तान मुहम्मद गौरी का गुलाम था।
- मुहम्मद गौरी की मृत्यु के बाद, कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1206 ई. में गुलाम वंश की स्थापना की थी।
- ऐबक का राज्य अभिषेक जून 1206 ई. में हुआ था।
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने दिल्ली में कुव्वत-उल-इस्लाम और अजमेर में अढ़ाई दिन का झोपडा नामक मस्जिदों का निर्माण करवाया था।
- उन्होंने सूफी संत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के सम्मान में कुतुबमीनार का निर्माण शुरु किया था।

167. 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' ..... में स्थित एक सबसे पुरानी मस्जिद है।
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(D.P. Const. 05 Dec. 2017)
(a) बुरहानपुर (b) कटक
(c) अजमेर (d) हैदराबाद

Ans. (c) अजमेर

- अढ़ाई दिन का झोपड़ा राजस्थान के अजमेर में स्थित एक मस्जिद है।
- यह भारत की सबसे पुरानी मस्जिदों में से एक है।
- इस मस्जिद का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने शुरू करवाया था।

168. सल्तनत काल (1206 ई.-1526 ई.) के दौरान दिल्ली पर कितने राजवंशों ने शासन किया?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) 6 (b) 4
(c) 5 (d) 3

Ans. (c) 5

- 1206 ई. से लेकर 1526 ई. के दौरान दिल्ली पर 5 वंशों ने शासन किया था। ये वंश निम्नलिखित हैं-
- **गुलाम वंश (1206-1290 ई.)**
  कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.)
  शम्सुद्दीन इल्तुतमिश (1210-1236 ई.)
  रज़िया सुल्तान (1236-1240 ई.)
  गयासुद्दीन बलबन (1265-1286 ई.)
- **खिलजी वंश (1290-1320 ई.)**
  जलालुद्दीन खिलजी (1290-1296 ई.)
  अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316 ई.)
- **तुगलक वंश (1320-1414 ई.)**
  गयासुद्दीन तुगलक (1320-1325 ई.)
  मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351 ई.)
  फिरोजशाह तुगलक (1351-1388 ई.)
- **सैय्यद वंश (1414-1451 ई.)**
  खिज्र खान (1414-1421 ई.)
  मुबारक शाह (1421-1434 ई.)
  मुहम्मद शाह (1434-1445 ई.)
  अलाउद्दीन आलमशाह (1445-1451 ई.)
- **लोदी वंश (1451-1526 ई.)**
  बहलोल लोदी (1451-1489 ई.)
  सिकंदर लोदी (1489-1517 ई.)
  इब्राहिम लोदी (1517-1526 ई.)

169. रजिया निम्नलिखित में से किस वर्ष में दिल्ली की सुल्तान बनी थी?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) 1238 (b) 1234
(c) 1232 (d) 1236

Ans. (d) 1236

- रजिया सुल्तान दिल्ली सल्तनत और भारत की पहली मुस्लिम महिला शासिका थी।
- रजिया सुल्तान इल्तुतमिश की पुत्री थी।
- रजिया ने प्रशासनिक सुधार किये तथा न्यायिक और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया।
- 1240 ई. में कैथल के निकट रजिया की हत्या कर दी गई।

170. दिल्ली सल्तनत की पहली महिला सुल्तान, रजिया सुल्तान निम्नलिखित में से किसकी पुत्री थी?
(D.P. Const. 07 Dec. 2017)
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) शम्सुद्दीन इल्तुतमिश
(b) मुहम्मद गौरी
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक
(d) मुहम्मद बिन तुगलक

Ans. (a) शम्सुद्दीन इल्तुतमिश

- रजिया सुल्तान, दिल्ली सल्तनत के तीसरे शासक शम्सुद्दीन इल्तुतमिश की पुत्री थी।
- रजिया सुल्तान ने 1236 से 1240 ई. तक शासन किया।
- रजिया सुल्तान की मां का नाम तुर्कान खातून था, तुर्कान खातून दिल्ली सल्तनत के पहले शासक कुतुबुद्दीन ऐबक की पुत्री थी।

171. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य दिल्ली सल्तनत की अल्पकालिक राजधानी था?
(D.P. Const. 5 Dec. 2017)
(a) देवगिरी (b) जयपुर
(c) कुरुक्षेत्र (d) अहमदाबाद

Ans. (a) देवगिरी

- देवगिरी, दिल्ली सल्तनत की अल्पकालिक राजधानी थी।
- मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरी में स्थानान्तरित की और इसका नाम दौलताबाद रखा।
- मुहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली से राजधानी को देवगिरी ले जाने का आदेश दिया था, लेकिन यह स्थानांतरण विफल रहा तथा राजधानी वापस दिल्ली आ गई।
- दौलताबाद आधुनिक महाराष्ट्र में है।

172. अलाउद्दीन खिलजी के दक्षिणी सैन्य अभियान का नेता कौन था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मलिक काफूर (b) अधम खान
(c) मलिक सरवर (d) महमूद गवान

Ans. (a) मलिक काफूर

- अलाउद्दीन खिलजी के दक्षिण सैन्य अभियानों का नेतृत्व मलिक काफूर ने किया था।
- मलिक काफूर को 'हजार दिनारी' भी कहा जाता है।
- मलिक काफूर, दिल्ली सल्तनत के शासक अलाउद्दीन खिलजी की सेना का सेनापति था।

मलिक काफूर के दक्षिण भारत में चलाए गए अभियान-

(i) पहला आक्रमण तेलंगाना क्षेत्र में वारंगल के शासक प्रताप रूद्रदेव के विरूद्ध था।
(ii) दूसरा अभियान द्वार समुद्र और मालाबार के खिलाफ था।

173. दिल्ली के हौज खास क्षेत्र में चोर मीनार किसने बनवाई थी?
(D.P. Const. 5 Dec. 2017)
(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) औरंगजेब
(c) फिरोज शाह तुगलक
(d) अकबर

Ans. (a) अलाउद्दीन खिलजी

- चोर मीनार या 'टॉवर ऑफ थीव्स' एक 13वीं शताब्दी की मीनार है जिसमें 225 छेद हैं।
- इसका निर्माण खिलजी वंश के शासन काल में हुआ था।

174. निम्नलिखित में से किसका निर्माण तुगलक काल में नहीं हुआ था?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) खिड़की मस्जिद
(b) फिरोजशाह कोटला
(c) जामा मस्जिद
(d) तुगलकाबाद

Ans. (c) जामा मस्जिद

- जामा मस्जिद (दिल्ली) का निर्माण मुगल काल में हुआ था।
- जामा मस्जिद का निर्माण मुगल शासक शाहजहां ने करवाया था।
- तुगलक वंश का संस्थापक गयासुद्दीन तुगलक था।
- तुगलक वंश में तीन महत्त्वपूर्ण शासक हुए थे गयासुद्दीन तुगलक, मुहम्मद बिन तुगलक और फिरोजशाह तुगलक।

175. दिल्ली के किस सुल्तान ने कुछ-कुछ आज की कागजी मुद्रा की तरह 'टोकन' मुद्रा चलाई थी?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) गयासुद्दीन तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) बहलोल लोदी

Ans. (c) मुहम्मद बिन तुगलक

- दिल्ली के सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने टोकन मुद्रा का प्रचलन किया था।
- टोकन मुद्रा के जरिए व्यापार को आसान बनाना और दुर्लभ धातुओं पर निर्भरता कम करना था।
- टोकन मुद्रा में जीतल (ताँबे का सिक्का) और टंका (चाँदी का सिक्का) जैसे सिक्के थे।

176. तुगलक वंश के बाद किस वंश ने शासन किया?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) खिलजी वंश (b) लोदी वंश
(c) सैय्यद वंश (d) मामलुक वंश

Ans. (c) सैय्यद वंश

- तुगलक वंश के शासनकाल के बाद सैय्यद वंश ने 1414 से 1451 ई. तक शासन किया।
- सैय्यद वंश का संस्थापक खिज्र खाँ था।
- सैय्यद वंश के शासकों ने कुल 37 वर्षों तक शासन किया।

177. दिल्ली सल्तनत के तहत कौन-सा राजवंश भारत में पहला अफगान पश्तून राजवंश था?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) लोदी (b) मामलुक
(c) सैयद (d) खिलजी

Ans. (a) लोदी

- दिल्ली सल्तनत का पहला अफगान वंश लोदी वंश था।
- लोदी वंश ने 1451 से 1526 ई. तक दिल्ली सल्तनत पर शासन किया था।
- यह दिल्ली सल्तनत का पाँचवाँ और आखिरी राजवंश था।
- लोदी वंश का संस्थापक बहलोल लोदी था।
- सिकंदर लोदी, बहलोल लोदी का पुत्र था, जिसने 1504 ई. में आगरा की स्थापना की थी और इसे अपनी राजधानी बनाया।
- इब्राहिम लोदी, सिकंदर लोदी का पुत्र था और दिल्ली का आखिरी लोदी सुल्तान था।

178. लोदी वंश की वास्तुकला में निम्नलिखित में से किस आकृति के मकबरे पाए गए हैं?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अष्टभुजाकार (b) गोलाकार
(c) वृत्तीय (d) बेलनाकार

Ans. (a) अष्टभुजाकार

- लोदी वंश के शासनकाल में बने मकबरे दो तरह के थे: चौकोर तथा अष्टभुजाकार।
- सिकंदर लोदी का मकबरा दिल्ली के लोदी गार्डन में बना है।
- यह मकबरा अष्टकोणीय आकार का है और इंडो-इस्लामिक शैली में बना है।
- इब्राहिम लोदी का मकबरा पानीपत में है।

179. लोदी वंश का संस्थापक शासक निम्नलिखित में से कौन था?
(D.P. Const. 07 Dec. 2020)
(a) दौलत खान लोदी
(b) इब्राहिम खान लोदी
(c) बहलोल खान लोदी
(d) सिकंदर खान लोदी

Ans. (c) बहलोल खान लोदी

- बहलोल लोदी ने 1451 ई. में लोदी वंश की स्थापना की।
- बहलोल लोदी के बाद उसका पुत्र सिकंदर लोदी दिल्ली के सिंहासन पर बैठा।
- सिकंदर लोदी ने 1504 ई. में आगरा शहर की स्थापना की तथा आगरा को अपनी राजधानी बनाया।
- सिकंदर लोदी 'गुलरुखी' शीर्षक के नाम से फारसी में कविताएँ लिखता था।
- सिकंदर लोदी के बाद उसका पुत्र इब्राहिम लोदी गद्दी पर बैठा।
- मुगल वंश के संस्थापक बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच 1526 ई. में पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ इस युद्ध में इब्राहिम लोदी पराजित हुआ।

180. ..... के वजीर (मंत्री) ने दिल्ली में मोठ की मस्जिद बनवाई थी।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) सिकंदर लोदी
(c) खिज्र खान
(d) फिरोज शाह तुगलक

Ans. (b) सिकंदर लोदी

- मोठ की मस्जिद का निर्माण सिकंदर लोदी के शासनकाल के दौरान किया गया था।
- मोठ की मस्जिद 1505 ई. में वजीर मियाँ भुआँ द्वारा बनाई गई थी, जो सुल्तान सिकंदर लोदी के शाही दरबार में एक प्रधानमंत्री था।

सिकंदर लोदी (1489-1517 ई.)-

- सिकंदर लोदी के बचपन का नाम निजाम खाँ था।
- सिकंदर लोदी ने भूमि माप के लिए 39 अंगुल का पैमाना विकसित किया, जिसे 'गज-ए-सिकंदरी' कहा जाता है।

181. दिल्ली के निम्नलिखित में से किस लोकप्रिय सुल्तान ने अलाई दरवाजा का निर्माण किया था?
(a) फिरोजशाह तुगलक
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) बलबन

Ans. (b) अलाउद्दीन खिलजी

- अलाई दरवाजा का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने करवाया था।
- उसने इसका निर्माण 1311 ई. में कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के दक्षिण प्रवेश द्वार के रूप में किया।

182. खिलजी वंश का संस्थापक कौन था?
(a) जलालुद्दीन खिलजी
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मलिक काफूर
(d) मुबारक शाह खिलजी

Ans. (a) जलालुद्दीन खिलजी

- जलालुद्दीन खिलजी (1290-1296 ई.) खिलजी वंश का संस्थापक था।
- 1290 ई. में कैकुबाद द्वारा निर्मित किलोखरी के महल में जलालुद्दीन ने अपना राज्याभिषेक कराया और दिल्ली का सुल्तान बना।

183. कुतुबुद्दीन ऐबक की मौत कौन-सा खेल खेलते समय हुई?
(a) चौगान (b) शिकार
(c) हाथी लड़ाई (d) शतरंज

Ans. (a) चौगान

- कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु 1210 ई. में लाहौर में चौगान (पोलो) खेलते समय घोड़े से गिरने से हुई।
- उसे लाहौर में ही दफनाया गया।
- कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु के बाद इसके पुत्र 'आरामशाह' को शासक घोषित किया गया।

184. मध्यकालीन भारत में दीवान-ए-अर्ज किसे कहा जाता था?
(a) जासूसी विभाग
(b) सैन्य विभाग
(c) वित्त विभाग
(d) सामाजिक कार्य विभाग

Ans. (b) सैन्य विभाग

- दीवान-ए-अर्ज विभाग के प्रमुख को आरिज-ए-मुमालिक कहा जाता था।
- इस विभाग की स्थापना ग्यासुद्दीन बलबन ने की थी और अलाउद्दीन खिलजी के समय इसका महत्त्व बढ़ गया था।
- इस विभाग द्वारा शाही पत्राचार का कार्य किया जाता था। इसका उपयोग सुल्तान की घोषणाओं और पत्रों के अनुबंध तैयार करने के लिए किया जाता था।
- इस विभाग का प्रमुख कार्य सैनिकों की भर्ती करना, सैनिकों और घोड़ों को रखना, रसद की व्यवस्था करना, सेना का निरीक्षण करना और सेना की सजावट की व्यवस्था करना था।

185. चित्तौड़ में विजय स्तम्भ की स्थापना किसने कराई?
(a) राणा प्रताप (b) राणा कुम्भा
(c) राणा सांगा (d) राणा उदय

Ans. (b) राणा कुम्भा

- चितौड़ में विजय स्तम्भ की स्थापना मेवाड़ नरेश राणा कुम्भा ने कराई।
- इसकी स्थापना राणा कुम्भा ने महमूद खिलजी के नेतृत्व वाली मालवा की सेना पर विजय की याद में कराई।
- इसे स्मारक के रूप में वर्ष (1440-1448 ई.) के मध्य बनवाया गया था।

186. भारत में 'सिजदा' प्रथा किसने शुरू की थी?
(a) इल्तुतमिश (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) गयासुद्दीन बलबन (d) रजिया सुल्तान

Ans. (c) गयासुद्दीन बलबन

- सिजदा और पैबोस प्रथा को गयासुद्दीन बलबन ने शुरू किया।
- सिजदा का अर्थ झुककर सुल्तान के चरणों में सलाम करना तथा पैबोस का अर्थ सुल्तान के पैरों को चूमना है।
- बलबन ने नवरोज उत्सव को प्रारंभ करवाया।
- इसने 'लौह एवं रक्त' नीति का पालन किया।
- बलबन का वास्तविक नाम बहाउद्दीन था। इसने तुर्कान-ए-चहलगानी का विनाश किया।

187. 13वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने बंगाल के किस राजा को पराजित किया था?
(a) महीपाल (b) लक्ष्मणसेन
(c) शशांक (d) गृहवर्मन

Ans. (b) लक्ष्मणसेन

- 13वीं सदी में तुर्की शासक बख्तियार खिलजी ने बंगाल के शासक लक्ष्मण सेन को पराजित किया था।
- लक्ष्मण सेन बंगाल के सेन राजवंश के शासक थे।
- बख्तियार खिलजी ने बिहार और बंगाल के विजित क्षेत्रों को एक प्रांत के रूप में संगठित किया।
- प्रसिद्ध संस्कृत कवि जयदेव लक्ष्मण सेन के दरबारी कवि थे।

188. फिरोजशाह तुगलक ने किस प्रसिद्ध शहर का गठन किया था?
(a) महमूदाबाद (b) बीदर
(c) आगरा (d) हिसार

Ans. (d) हिसार

- फिरोजशाह तुगलक ने हिसार शहर का गठन किया था।
- **फिरोजशाह तुगलक ने निम्नलिखित चार नए कर लगाए-**
- खराज - भूमि कर
- जजिया - धार्मिक कर (गैर-मुस्लिम)
- जकात - संपत्ति कर
- खुम्स- युद्ध में लूटे गए माल पर कर
- फिरोजशाह तुगलक ने दो नए सिक्के 'अधा' और बिख चलाए।
- फिरोजशाह तुगलक अपनी राजधानी को सुशोभित करने के लिए दो अशोक स्तंभ, एक टोपरा से तथा दूसरा मेरठ से लाया था।
- फिरोजशाह तुगलक ने फिरोजपुर, फतेहाबाद और जौनपुर जैसे कई शहरों की स्थापना की थी।

189. काकतीय राजवंश का अंत निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया?
(a) गुप्त वंशजों द्वारा
(b) चालुक्यों द्वारा
(c) चोलों द्वारा
(d) दिल्ली सल्तनत द्वारा

Ans. (d) दिल्ली सल्तनत द्वारा

- काकतीय राजवंश को दिल्ली सल्तनत के कई हमलों का सामना करना पड़ा और अंत में वर्ष 1323 में यह वंश समाप्त हो गया।

190. दिल्ली सल्तनत का सबसे अधिक विस्तार किसके शासन काल में देखा गया?
(a) मुहम्मद बिन तुगलक
(b) ग्यासुद्दीन बलबन
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) सिंकदर लोदी

Ans. (a) मुहम्मद बिन तुगलक

- दिल्ली सल्तनत का सबसे अधिक विस्तार मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में देखा गया।
- मुहम्मद बिन तुगलक मध्यकालीन सभी सुल्तानों में सर्वाधिक शिक्षित, विद्वान एंव योग्य शासक था। इसने 26 वर्षों तक दिल्ली पर शासन किया।
- मोरक्को का यात्री इब्नबतूता मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में भारत आया, जिसने रेहला पुस्तक की रचना की।

191. 'फुतुहात-ए-फिरोजशाही' में किसकी प्रशासनिक उपलब्धियों का विवरण दिया गया है?
(a) गुलबदन बेगम की
(b) अबुल फजल की
(c) जियाउद्दीन बरनी की
(d) फिरोजशाह तुगलक की

Ans. (d) फिरोजशाह तुगलक की

- 'फुतुहात-ए-फिरोजशाही' में फिरोजशाह तुगलक की प्रशासनिक उपलब्धियों का विवरण दिया गया है।
- इसका लेखन स्वंय फिरोजशाह तुगलक ने किया था। उसने अपने शासनकाल में चांदी एंव तांबे के मिश्रण से निर्मित सिक्के चलाये थे, जिन्हें अद्धा एंव बिख कहा जाता था।

192. दिल्ली के प्रसिद्ध शहर सीरी का निर्माण निम्न में से किसने कराया?
(a) पृथ्वीराज चौहान
(b) मुहम्मद बिन तुगलक
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) फिरोजशाह तुगलक

Ans. (c) अलाउद्दीन खिलजी

- दिल्ली के प्रसिद्ध शहर सीरी का निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने कराया था और यह किसी मुस्लिम शासक द्वारा बसाया गया पहला शहर था।
- तुर्की लोगों की नकल करते हुए सीरी किले का निर्माण किया गया था।
- अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली और सम्पूर्ण भारत पर मंगोलों के आक्रमणों से बचाव के लिए सीरी के किले का निर्माण किया।

193. दिल्ली के निम्न सुल्तानों में से कौन अपनी बाजार नियंत्रण नीति के लिए जाना जाता है?
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) फिरोजशाह तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) अलाउद्दीन खिलजी

Ans. (d) अलाउद्दीन खिलजी

- अलाउद्दीन खिलजी के आर्थिक सुधारों में सबसे प्रमुख सुधार था, उसकी बाजार नियंत्रण नीति। इसका उल्लेख बरनी ने अपनी पुस्तक तारीख-ए-फिरोजशाही में किया है।
- **इस नीति में कुल चार बाजार स्थापित किए गए थे-**
- गल्ला बाजार (अनाजमंड़ी)
- सराय अदल (कपड़ा बाजार)
- घोड़ों, गुलामों तथा पशुओं का बाजार
- सामान्य बाजार

194. निम्न में से कौन खिलजी वंश का प्रथम शासक था?
(a) बलबन
(b) मलिक काफूर
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) जलालउद्दीन फिरोज खिलजी

Ans. (d) जलालउद्दीन फिरोज खिलजी

- जलालउद्दीन फिरोज खिलजी ने अपना जीवन एक सैनिक के रूप में शुरू किया था। अपनी योग्यता के बल पर इसने सर-ए-जहाँदार/शाही अंगरक्षक का पद प्राप्त किया तथा बाद में समाना का सूबेदार बना।

195. दिल्ली के किस सुल्तान ने 'टंका' और 'जीतल' सिक्कों को प्रचलित किया?
(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) इल्तुतमिश

Ans. (d) इल्तुतमिश

- इल्तुतमिश ने 'तुर्कान-ए-चहलगानी' या चालीसा दल का गठन किया।
- इल्तुतमिश कुतुबुद्दीन ऐबक का उत्तराधिकारी था। वह दिल्ली सल्तनत का तीसरा शासक

था, जो मामलुक वंश से संबंधित था। इसने लाहौर के स्थान पर दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया।

196. तुगलकाबाद शहर की स्थापना किसने की थी?
(a) फिरोजशाह तुगलक
(b) गयासुद्दीन तुगलक
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) महमूद तुगलक

Ans. (b) गयासुद्दीन तुगलक

- तुगलकाबाद शहर की स्थापना गयासुद्दीन तुगलक ने की थी।
- गयासुद्दीन तुगलक का शासन काल 1320 ई. से 1325 ई. तक था।
- तुगलकाबाद नगर की स्थापना दिल्ली के समीप स्थित पहाड़ियों पर की गई। इस नगर में रोमन शैली में निर्मित एक दुर्ग का निर्माण भी हुआ, जिसे छप्पनकोट के नाम से भी जाना जाता है।

197. सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी को दिल्ली से किस जगह स्थानांतरित करने का फैसला किया?
(a) देवगिरी (b) आगरा
(c) लाहौर (d) हैदराबाद

Ans. (a) देवगिरी

- मुहम्मद बिन तुगलक ने अपनी राजधानी को दिल्ली से देवगिरी में स्थानांतरित कर दिया और उसने देवगिरी का नाम परिवर्तित करके दौलताबाद कर दिया।
- मुहम्मद बिन तुगलक ने 1325 ई. से 1351 ई. तक दिल्ली पर शासन किया था। यह अपने विभिन्न फैसलों के कारण विवादों में रहा।
- मुहम्मद बिन तुगलक को राजधानी के स्थानांतरित होने का कारण मंगोलों के आक्रमण का भय था, इसलिए यह योजना असफल रही और राजधानी को बाद में फिर से दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया।

198. बीदर का किला भारत के किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) आंध्र प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) कर्नाटक (d) राजस्थान

Ans. (c) कर्नाटक

- बीदर किला, भारत के कर्नाटक राज्य के बीदर शहर में स्थित है।
- इस किले का निर्माण अहमद शाह बहमन ने करवाया था। किले का जीर्णोद्धार 15वीं शताब्दी में सुल्तान अहमद शाह-I द्वारा किया गया था।
- इस किले के अंदर 30 से अधिक स्मारक हैं।
- वर्ष 2014 में, यूनेस्को ने इसे विश्व विरासत स्थल बनने के लिए अपनी 'अस्थायी सूची' में शामिल किया था।

199. अहमदनगर के निजाम शाही राजवंश की स्थापना 1490 में ..... ने की थी।
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) अलाउद्दीन बहमन शाह
(b) मोहम्मद शाह प्रथम
(c) ताजुद्दीन फिरोज शाह
(d) मलिक अहमद निजाम-उल-मुल्क बहरी

Ans. (d) मलिक अहमद निजाम-उल-मुल्क बहरी

- अहमदनगर के निजाम शाही राजवंश की स्थापना मलिक अहमद निजाम शाह ने की थी।
- मलिक अहमद का प्रारंभिक मुख्यालय जुन्नार शहर में था।
- मलिक अहमद ने 1494 ई. में नए शहर अहमदनगर की स्थापना की।

200. दक्षिण भारत में बहमनी साम्राज्य की स्थापना के समय, निम्नलिखित में से दिल्ली सल्तनत का सुल्तान कौन था?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) इब्राहीम लोदी
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) शम्सुद्दीन इल्तुतमिश

Ans. (c) मुहम्मद बिन तुगलक

- जब बहमनी साम्राज्य की स्थापना हुई थी, तब दिल्ली सल्तनत पर मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351 ई.) का शासन था।
- बहमनी साम्राज्य की स्थापना 1347 ई. में अलाउद्दीन बहमन शाह (हसन गंगू) ने की थी। अलाउद्दीन बहमन शाह, दिल्ली सल्तनत के दरबार में एक सेवक थे।
- उसने मुहम्मद बिन तुगलक के खिलाफ विद्रोह किया तथा गुलबर्गा को अपनी राजधानी बनाकर दक्षिण भारत में बहमनी साम्राज्य की स्थापना की थी।

201. बहमनी साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) फिरोज शाह बहमनी
(b) मीर जफर
(c) मोहम्मद बिन तुगलक
(d) अलाउद्दीन बहमन शाह

Ans. (d) अलाउद्दीन बहमन शाह

- बहमनी साम्राज्य की स्थापना अलाउद्दीन बहमन शाह ने की थी।
- अलाउद्दीन बहमन शाह को हसन गंगू के नाम से भी जाना जाता है, उसने 1347 ई. में बहमनी साम्राज्य की स्थापना की थी।
- इसकी राजधानी गुलबर्गा (वर्तमान कलबुर्गी, कर्नाटक) थी।
- वर्ष 1518 में बहमनी साम्राज्य का विघटन हो गया।
- इसके विघटन के बाद गोलकुण्डा, बीजापुर, बीदर, बरार और अहमदनगर जैसे राज्यों का उदय हुआ।

202. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर विजयनगर साम्राज्य की राजधानी था?
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) चौसा (b) चंपानेर
(c) चंद्रगिरि (d) चुनार

Ans. (c) चंद्रगिरि

- चंद्रगिरि विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी।
- हम्पी उत्तरी कर्नाटक में स्थित एक शहर था।
- हम्पी तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित है।
- हम्पी में इन स्मारकों के समूह को वर्ष 1986 में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों में शामिल किया गया था।

203. निम्नलिखित में से किस राजा ने विजयनगर के पास नागलापुरम नामक एक उपनगरीय बस्ती की स्थापना की थी?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) राजेंद्र I (b) कृष्णदेव राय
(c) राजराजा चोल (d) देवराय II

Ans. (b) कृष्णदेव राय

- विजयनगर साम्राज्य के शासक कृष्णदेव राय ने अपनी माँ रानी नागल देवी की याद में नागलापुरम शहर की स्थापना की थी।
- कृष्णदेव राय तुलुव वंश के थे।
- कृष्णदेव राय को विजयनगर के शासकों में सबसे महान माना जाता है, उन्हें अभिनव भोज, आंध्र पितामह तथा आंध्र भोज के नाम से भी जाना जाता था।
- कृष्णदेव राय ने तेलुगु में 'आमुक्तमाल्यद' नामक पुस्तक की रचना की। यह पुस्तक राजव्यवस्था पर आधारित थी।
- डोमिंगो पायस (पुर्तगाली यात्री) ने कृष्णदेव राय को एक महान शासक और न्याय प्रिय राजा' कहा है।
- इनके दरबार में आठ तेलुगु विद्वान (अष्टदिग्गज) निवास करते थे।

204. विजयनगर साम्राज्य और दक्कन सल्तनतों के बीच तालीकोटा की लड़ाई किस वर्ष में लड़ी गई थी?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) 1564 ई. (b) 1561 ई.
(c) 1565 ई. (d) 1556 ई.

Ans. (c) 1565 ई.

- तालीकोटा की लड़ाई जनवरी, 1565 ई. में लड़ी गई थी।
- यह लड़ाई दक्कन क्षेत्र में विजयनगर साम्राज्य तथा दक्कन सल्तनतों (अहमदनगर, गोलकुण्डा, बीदर तथा बीजापुर) के बीच हुई थी।

- इस युद्ध में विजयनगर साम्राज्य को हार का सामना करना पड़ा था।
- इस लड़ाई को 'राक्षसी तंगड़ी' के नाम से भी जाना जाता है।

205. विजयनगर के सम्राट अच्युत देवराय ..... वंश के थे।
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) संगम (b) सुलुव
(c) अराविडु (d) तुलुव

Ans. (d) तुलुव

- विजयनगर के सम्राट अच्युत देवराय तुलुव वंश से संबंधित थे।

तुलुव वंश के कुछ अन्य शासक-

- वीर नरसिंह राय (1505-1509 ई.)
- कृष्णदेव राय (1509-1529 ई.)
- सदाशिव राय (1542-1570 ई.)

206. निम्न में से कौन-सा यात्री कृष्णदेव राय के दरबार में आया था?
(a) निकोलो द कोंटी (b) विलियम हॉकिन्स
(c) डोमिंगो पेस (d) अब्दुर रज्जाक

Ans. (c) डोमिंगो पेस

- डोमिंगो पेस भारत में अब तक के सबसे शक्तिशाली राजा कृष्णदेव राय के दरबार में आया था।
- डोमिंगो पेस एक पुर्तगाली यात्री था। डोमिंगो पेस ने 1520 ई. के आसपास विजयनगर का दौरा किया था।
- कृष्णदेव राय के शासन काल में अन्य पुर्तगाली यात्री बारबोसा ने भी विजयनगर की यात्रा की।

207. हरिहर और बुक्का ने किस प्रसिद्ध साम्राज्य की स्थापना की?
(a) गोलकुंडा (b) चालुक्य
(c) बीदर (d) विजयनगर

Ans. (d) विजयनगर

- हरिहर और बुक्का के द्वारा विजयनगर साम्राज्य की स्थापना वर्ष 1336 में की गई।
- विजयनगर साम्राज्य दक्षिण भारत के पठार क्षेत्र में स्थित था।
- तुंगभद्रा नदी के किनारे विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हुई थी।

208. भक्ति की किस शाखा के अंतर्गत ईश्वर के निराकार रूप की परिकल्पना की गयी है?
(a) वैष्णव (b) निर्गुण
(c) सगुण (d) शैव

Ans. (b) निर्गुण

- भक्ति की निर्गुण शाखा के अंतर्गत ईश्वर के निराकार रूप की परिकल्पना की गयी है।
- इस शाखा के भक्त कवि निर्गुणवादी थे।

209. अजमेर इनमें से किस सूफी संत से संबंधित है?
(a) ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया
(b) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
(c) बाबा फरीद
(d) बंदानवाज गेसुदराज

Ans. (b) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती

- अजमेर सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती से संबंधित है।
- अजमेर शरीफ दरगाह को भारत के सबसे पवित्र मुस्लिम तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है।
- ये भारत में चिश्ती सिलसिले के संस्थापक माने जाते है।

210. शेख सलीम चिश्ती का मकबरा इनमें से किस शहर में स्थित है?
(a) दिल्ली (b) गोलकुण्डा
(c) फतेहपुर सीकरी (d) जूनागढ़

Ans. (c) फतेहपुर सीकरी

- शेख सलीम चिश्ती के मकबरे का निर्माण अकबर ने करवाया था।
- शेख सलीम चिश्ती एक सूफी संत थे।
- अकबर ने शेख सलीम चिश्ती के सम्मान में अपने पहले बेटे का नाम सलीम (जहांगीर) रखा।

211. अकबर के दरबार के उस नवरत्न की पहचान कीजिए, जिसने हिन्दुस्तानी संगीत की शास्त्रीय विधा के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) तानसेन (b) अमीर खुसरो
(c) स्वामी हरिदास (d) मीराबाई

Ans. (a) तानसेन

- तानसेन हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के एक महान गायक, संगीतकार थे।
- तानसेन अकबर के नवरत्नों में शामिल थे।
- तानसेन का मूल नाम रामतनु पांडेय था।
- इनका जन्म ग्वालियर में हुआ था।
- उन्होंने कई नए रागों (मियाँ की तोड़ी, मियाँ की मल्हार, मियाँ की सारंग) की रचना की और ध्रुपद शैली में महाकाव्य रचनाएं की।
- उन्होंने संगीत पर पुस्तकें लिखी, जिनमें श्री गणेश स्तोत्र और संगीतसार शामिल हैं।
- तानसेन ने ब्रज भाषा में रचनाएँ की, जिनमें हिंदू प्राणों से प्रेरणा ली गई थी।
- उन्हें अकबर ने कई सांगीतिक उपाधियों से सम्मानित किया गया था, जिनमें से 'कण्ठाभरण वाणीविलास' प्रमुख है।

212. किस मुगल बादशाह को दिल्ली के दरबार में अपने सिंहासन के पीछे जड़ाई की एक शृंखला डिजाइन करने के लिए जाना जाता है, जिसमें पौराणिक यूनानी देवता ऑर्फियस को वीणा बजाते हुए चित्रित किया गया है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) शाहजहाँ (b) हुमायूं
(c) अकबर (d) बाबर

Ans. (a) शाहजहाँ

- मुगल सम्राट शाहजहाँ के सिंहासन के पीछे पितरा-दूरा के जड़ाऊ काम में पौराणिक यूनानी देवता ऑर्फियस को वीणा बजाते हुए चित्रित किया गया था।
- पितरा-दूरा, मुगल काल में उत्कीर्णित संगमरमर या बलुआ पत्थर पर रंगीन ठोस पत्थरों को दबाकर बनाए गए सुंदर तथा अलंकृत नमूनों को कहते हैं।
- मयूर सिंहासन पर बैठने वाला यह पहला शासक था।

213. शेरशाह सूरी और हुमायूँ के बीच कन्नौज का युद्ध कब लड़ा गया था?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) 1534 (b) 1536
(c) 1540 (d) 1538

Ans. (c) 1540

- शेरशाह सूरी तथा हुमायूँ के बीच कन्नौज का युद्ध 1540 ई. को कन्नौज उत्तर प्रदेश में लड़ा गया।
- इस युद्ध को 'बिलग्राम का युद्ध' के नाम से भी जाना जाता है।
- इस युद्ध में हुमायूँ की पराजय हई थी। हुमायूँ बाबर का पुत्र था और वह 1530 ई. में दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- हुमायूँ की आत्मकथा का नाम 'हुमायूँनामा' है, जिसे गुलबदन बेगम ने लिखा था।

214. भारत से मयूर सिंहासन कौन लेकर गया था?
(a) नादिरशाह
(b) अहमद शाह
(c) मुहम्मद बिन तुगलक
(d) चंगेज खाँ

Ans. (a) नादिरशाह

- भारत से मयूर सिंहासन, नादिरशाह लेकर गया था।
- नादिरशाह ने मुहम्मद शाह के शासनकाल में वर्ष आक्रमण किया और इनके बीच करनाल में वर्ष 1739 में युद्ध हुआ, जिसमें मुहम्मद शाह को हराकर बंदी बना लिया गया।
- नादिर शाह को **'ईरान का नेपोलियन'** के नाम से भी जाना जाता है। भारत से जाते हुए वह प्रसिद्ध मुगल सिंहासन **तख्त-ए-ताउस** और **कोहीनूर हीरा** भी अपने साथ ले गया।
- मुहम्मद शाह के असंयत और विलासी आचरण के कारण उसे 'रंगीला' कहा जाता है।

215. मध्यकालीन भारत में ग्रांड ट्रंक रोड किसके द्वारा बनवायी गयी?
(a) अकबर (b) बाबर
(c) शेरशाह (d) हुमायूँ

Ans. (c) शेरशाह

- शेरशाह शाह द्वारा बनवाई गई सड़कों में पहली सड़क को 'सड़क-ए-आजम' कहा जाता था। इसे ही आगे चलकर लॉर्ड ऑकलैंड ने ग्रांड ट्रक रोड नाम दिया।
- शेरशाह ने इन मार्गों के किनारे सरायें बनवाई और जगह-जगह पानी और छाया के लिए वृक्षों की व्यवस्था कराई।

216. खानवा का युद्ध ..... और राणा साँगा के बीच लड़ा गया था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) शाहजहाँ (b) औरंगजेब
(c) बाबर (d) जहांगीर

Ans. (c) बाबर

- खानवा का युद्ध बाबर और राणा साँगा के बीच। मार्च 1527 ई. में लड़ा गया।
- खानवा के युद्ध में बाबर ने राणा साँगा को पराजित किया।
- खानवा के युद्ध को जीतने के बाद बाबर ने 'गाजी' की उपाधि धारण की।
- यह युद्ध राजस्थान के भरतपुर के पास खानवा नामक स्थान पर लड़ा गया।
- बाबर ने मुगल साम्राज्य की स्थापना की।
- बाबर की आत्मकथा 'तुजुक-ए-बाबरी' तुर्की भाषा में लिखी गई।

217. औरंगजेब ने ..... की अवधि के दौरान मुगल साम्राज्य पर शासन किया।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) 1655 से 1709 ई.
(b) 1656 से 1708 ई.
(c) 1658 से 1707 ई.
(d) 1657 से 1709 ई.

Ans. (c) 1658 से 1707 ई.

- औरंगजेब का दो बार राज्यभिषेक हुआ था।
- औरंगजेब ने जजिया कर दोबारा (1679 ई.) लागू कर दिया।
- औरंगजेब को 'जिंदा पीर' के नाम से जाना जाता था।
- औरंगजेब के आदेश पर ही सिख धर्म के नौवें गुरू तेगबहादुर की हत्या की गई थी।

औरंगजेब द्वारा लड़े गए कुछ युद्ध-

- धरमत का युद्ध (1658 ई.)
- खजवा का युद्ध (1659 ई.)
- सामूगढ़ का युद्ध (1658 ई.)
- औरंगजेब का मकबरा महाराष्ट्र के औरंगाबाद में है।
- औरंगजेब ने अपनी पत्नी की याद में औरंगाबाद में 'बीवी का मकबरा' बनवाया।
- वर्ष 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु हो गई।

218. मुगल वंश का प्रथम सम्राट कौन था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) मुहम्मद शाह (b) बाबर
(c) अहमद शाह (d) हुमायूँ

Ans. (b) बाबर

- बाबर, मुगल वंश का प्रथम शासक था। बाबर ने 1526 ई. में मुगल वंश की स्थापना की।
- बाबर के पिता तैमूर वंशज और माता मंगोल वंशज की थी।
- बाबर ने बादशाह, गाजी और कलंदर जैसी उपाधि धारण की।
- पानीपत का प्रथम युद्ध बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच 1526 ई. में लड़ा गया।
- बाबर को मुबईयान नामक पद शैली का जनक माना जाता है।

बाबर द्वारा लड़े गए प्रमुख युद्ध-

- पानीपत का प्रथम युद्ध (1526 ई.)
- खानवा का युद्ध (1527 ई.)
- चंदेरी का युद्ध (1528 ई.)
- घाघरा का युद्ध (1529 ई.)

219. मुगल साम्राज्य में शाहजहाँ ने ..... तक शासन किया।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) 1621 से 1659 ई.
(b) 1626 से 1659 ई.
(c) 1627 से 1660 ई.
(d) 1628 से 1658 ई.

Ans. (d) 1628 से 1658 ई.

- शाहजहाँ मुगल वंश का पाँचवाँ शासक था।
- शाहजहाँ के बचपन का नाम 'खुर्रम' था।
- शाहजहाँ ने ताजमहल, दिल्ली का लाल किला, और दिल्ली की जामा मस्जिद का निर्माण करवाया।
- शाहजहाँ के शासनकाल को **वास्तुकला का स्वर्ण काल** कहा जाता है।
- शाहजहाँ मयूर सिंहासन (तख्त-ए-ताउस) पर बैठने वाला पहला मुगल सम्राट था।

220. मुगल भारत में पंचायत के मुखिया या ग्राम प्रधान को किस नाम से पुकारा जाता था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मुकद्दम (b) खुरान
(c) महंत (d) सामंत

Ans. (a) मुकद्दम

- मुकद्दम, पंचायत का मुखिया होता था।
- पटवारी, गाँव के राजस्व अभिलेखों की देखभाल करता था।

221. मयूर सिंहासन के नाम से मशहूर रत्न जड़ित सिंहासन को ..... द्वारा साधिकार किया गया था।
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ (d) हुमायूँ

Ans. (c) शाहजहाँ

- मयूर सिंहासन का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने करवाया था।
- इसे बनाने के पीछे उनका उद्देश्य अपने खजाने में मौजूद बहुमूल्य पत्थरों को दिखाना था।
- यह सिंहासन दिल्ली के लाल किले के दीवान-ए-खास में रखा गया था।
- मयूर सिंहासन को फारसी में 'तख्त-ए-ताऊस' कहते हैं।
- मयूर सिंहासन को दुनिया के सबसे महंगे सिंहासनों में गिना जाता है, जिसे 1739 ई. के आक्रमण के दौरान, ईरान के सम्राट नादिरशाह इसे लूटकर ईरान ले गया था।
- मयूर सिंहासन पर बैठने वाला अंतिम मुगल सम्राट मुहम्मदशाह रंगीला था।

222. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान जहाँगीर की कब्र से संबंधित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) आगरा (b) कराची
(c) लाहौर (d) दिल्ली

Ans. (c) लाहौर

- मुगल सम्राट जहाँगीर का मकबरा, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर शहर में है।
- यह मकबरा, रावी नदी के किनारे शाहदरा बाग में स्थित है।
- इसे जहाँगीर की पत्नी नूरजहां ने बनवाया।

अन्य मुगल कालीन शासक एवं उनके मकबरे-

शासक	मकबरा
बाबर	काबुल
हुमायूँ	नई दिल्ली
अकबर	सिकंदरा
शाहजहाँ	आगरा

223. मुगल साम्राज्य की आर्थिक प्रणाली के संदर्भ में, 'पोलज' शब्द ..... को निर्दिष्ट करता है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) नकद भुगतान
(b) सालाना खेती योग्य भूमि
(c) अकबर द्वारा जारी किया गया एक प्रकार का सिक्का
(d) एक तरह का कर

Ans. (b) सालाना खेती योग्य भूमि

- मुगल साम्राज्य की आर्थिक प्रणाली में, पोलज शब्द का अर्थ है, वह भूमि जहाँ हर साल एक के बाद एक फसल बोई जाती थी और जिसे कभी भी खाली नहीं छोड़ा जाता था। यह भूमि पूरे साम्राज्य में सबसे अच्छी और आदर्श भूमि मानी जाती थी।
- मुगल साम्राज्य में खेती के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जमीनों को चार श्रेणियों में बाँटा गया था: पोलज, परती, चाचर, बंजर।
- परती भूमि को अपनी ताकत वापस पाने के लिए एक या दो साल तक परती रखा जाता था।
- चाचर भूमि को तीन से चार साल की अवधि के लिए बिना खेती के छोड़ना पड़ता था।
- बंजर भूमि को पाँच साल या उससे ज्यादा समय तक परती रखना पड़ता था. मुगल साम्राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित थी।

224. मुगल साम्राज्य पर जहाँगीर का शासन किस काल में था?
(D.P. Const. 1 Nov. 2020)
(a) 1603–1629 ई.
(b) 1600–1630 ई.
(c) 1601–1629 ई.
(d) 1605–1627 ई.

Ans. (d) 1605–1627 ई.

- मुगल सम्राट जहांगीर का शासनकाल 1605 ई. से 1627 ई. तक था।
- जहांगीर, मुगल सम्राट अकबर के बेटे थे।
- जहांगीर को भारत में मुगल शासनकाल का सबसे शक्तिशाली सम्राट माना जाता है।
- जहांगीर के शासनकाल को चित्रकला का स्वर्ण काल कहा जाता है।
- विलियम हॉकिंस, जहांगीर के दरबार में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भेजा जाने वाला प्रथम अंग्रेज था। जहांगीर ने हॉकिंस को इंग्लिश खां की उपाधि दी।

225. हल्दीघाटी का युद्ध निम्नलिखित में से किस वर्ष में लड़ा गया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 1576 में (b) 1571 में
(c) 1567 में (d) 1579 में

Ans. (a) 1576 में

- हल्दीघाटी का युद्ध 1576 ई. में लड़ा गया था।
- यह युद्ध महाराणा प्रताप की अगुवाई वाली मेवाड़ सेना और मान सिंह प्रथम के नेतृत्व वाली मुगल सेना के बीच हुआ था।

226. मुगल बादशाह ..... ने बीजापुर और गोलकुंडा को अपने अधीन कर लिया था।
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) औरंगजेब (b) जहाँगीर
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

Ans. (a) औरंगजेब

- औरंगजेब ने 1686 ई. में बीजापुर पर कब्जा किया था।
- इस कब्जे से आदिल शाही वंश का अंत हो गया तथा बीजापुर मुगल प्रांतीय स्थल बन गया।
- 1687 ई. में औरंगजेब ने गोलकुंडा पर कब्जा किया।
- गोलकुंडा के शासक अबुल हसन कुतुब शाह ने शांतिपूर्वक औरंगजेब के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था।

227. 15 अप्रैल, 1658 को औरंगजेब और महाराजा जसवंत सिंह के बीच हुई धरमतपुर की लड़ाई किस नदी के तट पर लड़ी गई थी?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) नर्मदा (b) सतलुज
(c) कृष्णा (d) यमुना

Ans. (a) नर्मदा

- धरमतपुर की लड़ाई नर्मदा नदी के तट पर लड़ी गई थी।
- इस लड़ाई में मुगल सम्राट औरंगजेब ने महाराजा जसवंत सिंह को हराया था।
- नर्मदा नदी का स्रोत अमरकंटक और मध्य प्रदेश में स्थित है।

228. 16वीं शताब्दी में किस भारतीय शासक ने चाँदी का सिक्का जारी किया और इसे रुपए का नाम दिया?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) शेरशाह सूरी (b) कृष्णदेवराय
(c) अकबर (d) हेमू

Ans. (a) शेरशाह सूरी

- शेरशाह सूरी ने चाँदी का एक सिक्का जारी किया जिसे रुपया कहा जाता था।
- इसका वजन 178 ग्रेन था और यह आधुनिक रुपये का अग्रदूत था।
- शेरशाह सूरी के बचपन का नाम फरीद खान था और उन्होंने शुरुआती वर्षों में लोदी सल्तनत की सेना में सेवा की थी।
- शेरशाह सूरी का मकबरा सासाराम (बिहार) में है।
- शेरशाह सूरी ने किला-ए-कुहना मस्जिद का निर्माण करवाया।

229. किसकी अनुमति से अंग्रेजों ने सूरत में अपना पहला कारखाना (फैक्टरी) स्थापित किया?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) जहाँगीर (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

Ans. (a) जहाँगीर

- मुगल सम्राट जहांगीर की अनुमति से अंग्रेजों ने 1613 ई. में सूरत में अपना पहला कारखाना स्थापित किया था।
- 1623 ई. तक अंग्रेजों ने सूरत, आगरा, अहमदाबाद, मछलीपट्टनम तथा भड़ौच में अपनी व्यापारिक कोठियों की स्थापना की।

230. किसका मकबरा भारत का पहला बाग मकबरा था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) हुमायूँ (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) बाबर

Ans. (a) हुमायूँ

- 1570 ई. में निर्मित हुमायूँ का मकबरा विशेष महत्त्व रखता है, क्योंकि यह भारतीय उपमहाद्वीप का पहला उद्यान-मकबरा था।
- इस मकबरे का निर्माण हमीदा बानो बेगम (हाजी बेगम) ने करवाया था।
- यह संरचना लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है, लेकिन इसके किनारों पर सफेद और काले संगमरमर का उपयोग किया गया है।
- वर्ष 1993 में यूनेस्को ने हुमायूँ के मकबरे को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था।

231. निम्नलिखित मुगल शासकों में से किसने दीनपनाह नामक शहर की नींव रखी लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सका?
(a) हुमायूँ (b) बाबर
(c) जहांगीर (d) अकबर

Ans. (a) हुमायूँ

- मुगल बादशाह हुमायूँ ने दीनपनाह नगर की नींव रखी थी, लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सका क्योंकि शेरशाह सूरी ने 1540 ई. में हुमाँयू को पराजित किया और दीनपनाह नगर के स्थान पर ही शेरशाही या शेरगढ़ के नाम से अपनी नई राजधानी का निर्माण कराया, जिसे पुराना किला कहा जाता है, जो अब दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली में स्थित है।

232. किस मुगल शासक ने मनसबदारी व्यवस्था लागू की थी?
(a) अकबर (b) हुमायूँ
(c) बाबर (d) दाराशिकोह

Ans. (a) अकबर

- मनसबदारी व्यवस्था मुगल काल की प्रचलित एक प्रशासनिक प्रणाली थी, जिसे अकबर ने शुरू किया था।
- 'मनसब' का अर्थ है- सेना में पद या रैंक।
- मनसब के आधार पर अधिकारियों के वेतन व भत्ते निर्धारित होते थे।
- प्राय: मुगलों की सैनिक भर्ती जाति अथवा वंश के आधार पर ही की जाती थी।

233. पानीपत की पहली लड़ाई में बाबर ने किसे पराजित किया?
(a) इब्राहिम लोदी (b) सिकंदर लोदी
(c) बहलोल लोदी (d) हेमू

Ans. (a) इब्राहिम लोदी

- यह उन पहली लड़ाइयों में से एक थी जिसमें बारूद, आग्नेयास्त्रों और मैदानी तोपखानों को लड़ाई में शामिल किया गया था।
- काबुल के शासक बाबर की सेना ने दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी की विशाल सेना को पानीपत के प्रथम युद्ध में 21 अप्रैल, 1526 में हराया।

234. निम्न में से किसके शासन के दौरान मुगल चित्रकला अपने चरम पर थी?
(a) औरंगजेब (b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर (d) अकबर

Ans. (c) जहाँगीर

- जहाँगीर के शासनकाल के दौरान मुगल चित्रकला अपने पर चरम पर थी।
- जहाँगीर स्वभाव से प्रकृतिवादी था और वनस्पतियों तथा जीवों के चित्रों को पसंद करता था।
- जहाँगीर के शासनकाल को 'चित्रकला का स्वर्णयुग' कहा जाता है।
- जहाँगीर के समय के प्रसिद्ध चित्रकार अबुल हसन, उस्ताद मंसूर तथा बिसनदास थे।
- सिखों के गुरू अर्जुन देव को जहाँगीर द्वारा मृत्युदंड दिया गया था।

235. 'पादशाहनामा' पुस्तक किसके बारे में लिखी गयी है?
(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

Ans. (c) शाहजहाँ

- 'पादशाहनामा' पुस्तक शाहजहाँ के बारे में लिखी गई है।
- यह पुस्तक अब्दुल हमीद लाहौरी द्वारा लिखी गई है, जो मुगल सम्राट शाहजहाँ के शासन के दौरान एक यात्री और दरबारी इतिहासकार था।
- अब्दुल हमीद लाहौरी अबुल फजल के एक शिष्य थे।
- अकबरनामा और पादशाहनामा के संपादित संस्करण पहली बार एशियाटिक सोसाइटी द्वारा दिसंबर में प्रकाशित किए गए थे।
- पादशाहनामा में शाहजहाँ के शासन के दौरान के जीवन और उस समय की गतिविधियों का वर्णन है।

236. मुगलों के विरुद्ध हल्दीघाटी का युद्ध किसने लड़ा?
(a) महाराणा प्रताप (b) राणा सांगा
(c) राजा जयसिंह (d) राणा कुम्भा

Ans. (a) महाराणा प्रताप

- मुगलों के विरुद्ध हल्दीघाटी का युद्ध 18 जून, 1576 को मेवाड़ (राजस्थान) के शासक महाराणा प्रताप और अकबर की सेना के मध्य लड़ा गया था।
- अकबर की सेना का नेतृत्व राजपूत राजा, राजा मानसिंह ने किया था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप को मुख्य रूप से भील जनजाति का सहयोग मिला था।

237. पानीपत का द्वितीय युद्ध कब हुआ था?
(a) 1500 ई. (b) 1556 ई.
(c) 1600 ई. (d) 1825 ई.

Ans. (b) 1556 ई.

- पानीपत का द्वितीय युद्ध 1556 ई. को उत्तर भारत के हिंदू शासक सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य तथा मुगल सम्राट अकबर की सेना के मध्य लड़ा गया था।
- इस युद्ध में अकबर का सेनापति बैरम खान था।

238. दीन-ए-इलाही नामक नया धर्म किसने चलाया?
(a) हुमाँयू (b) अकबर
(c) औरंगजेब (d) बाबर

Ans. (b) अकबर

- दीन-ए-इलाही अर्थात् ईश्वर का धर्म, वर्ष 1582 में अकबर द्वारा प्रारंभ किया गया था, जो धार्मिक मान्यताओं से सम्बधित था।
- अकबर का विचार इस्लाम और हिंदू धर्म को आपस में जोड़ना था।
- दीन-ए-इलाही धर्म को स्वीकार करने वाला एकमात्र हिंदू व्यक्ति बीरबल था।
- अकबर का शासनकाल वर्ष 1556 से 1605 ई. तक था।

239. निम्नलिखित में से कौन-सा स्मारक शाहजहाँ द्वारा नहीं बनाया गया है?
(a) ताज महल (b) मयूर सिंहासन
(c) लाल किला (d) पंचमहल

Ans. (d) पंचमहल

- अकबर द्वारा निर्मित पंचमहल की वास्तुकला एक बौद्ध मंदिर से प्रेरित थी।
- अकबर ने पंचमहल का निर्माण फतेहपुर सीकरी में करवाया था।
- अकबर अपने विश्राम और मनोरंजन के लिए अनिवार्य रूप से पंचमहल का उपयोग करता था।

240. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो मुगल सम्राटों के कालक्रम को सही क्रम में दर्शाता है।
(a) जहाँगीर - शाहजहाँ - अकबर - औरंगजेब
(b) अकबर - औरंगजेब - शाहजहाँ- जहाँगीर
(c) अकबर - शाहजहाँ - जहाँगीर - औरंगजेब
(d) अकबर - जहाँगीर - शाहजहाँ - औरंगजेब

Ans. (d) अकबर - जहाँगीर - शाहजहाँ - औरंगजेब

भारत में मुगल शासकों के कालक्रम का सही क्रम इस प्रकार है-
- बाबर→हुमाँयू→अकबर→जहाँगीर→शाहजहाँ →औरंगजेब।

241. शेरशाह द्वारा शुरु किए गए चाँदी के सिक्कों को किसके रूप में मुगलों ने भी जारी रखा था?
(a) टका (b) रुपया
(c) टांका (d) मोहर

Ans. (b) रुपया

- भारत में चाँदी का रुपया पहली बार 16वीं शताब्दी में शेरशाह सूरी द्वारा शुरू किया गया था, इस एक सिक्के का वजन 178 ग्रेन था।
- शेरशाह सूरी ने एक रुपया को 40 तांबे के टुकड़ों या पैसों में भी विभाजित किया, आगे चलकर मुगलों ने भी चाँदी के सिक्कों को रुपये के रूप में जारी रखा था।

242. इबादत खाना कहाँ स्थित है?
(a) करोल बाग (b) फतेहपुर सीकरी
(c) फिरोजाबाद (d) दीनपनाह

Ans. (b) फतेहपुर सीकरी

- इबादत खाना फतेहपुर सीकरी में स्थित है।
- इबादत खाना (पूजा का स्थान) 1575 ई. में अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के आध्यात्मिक नेताओं को एकत्रित करने के लिए बनाया गया था, ताकि विभिन्न धर्मों के धार्मिक गुरूओं व नेताओं की धार्मिक शिक्षाओं पर चर्चा की जा सके।

243. अहमदनगर की किस रानी ने सम्राट अकबर के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी?
(a) चाँद बीबी (b) रजिया सुल्तान
(c) दुर्गावती (d) रूपमती

Ans. (a) चाँद बीबी

- चाँद बीबी को चाँद सुल्तान तथा चाँद खातून नामक नामों से भी जाना जाता है। इसने बीजापुर और अहमदनगर की संरक्षिका के रूप में शासन किया।
- चाँद बीबी को सबसे ज्यादा सम्राट अकबर की मुगल सेना से अहमदनगर की रक्षा के लिए जाना जाता है।

244. किस वर्ष में औरंगजेब की मृत्यु के बाद, भारत के विभिन्न हिस्सों में मुगल प्रशासकों के तहत कई क्षेत्रीय साम्राज्य सत्ता में आये?
(a) 1705 (b) 1706
(c) 1707 (d) 1708

Ans. (c) 1707

- वर्ष 1707 में औरंगजेब की मृत्यु के बाद, भारत के विभिन्न हिस्सों में मुगल शासकों के तहत कई क्षेत्रीय साम्राज्य सत्ता में आये, जिसके कारण पर्शिया के नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली आक्रमणकारी भारत पर आक्रमण करने आए।
- औरंगजेब की मृत्यु के बाद औरंगजेब का साम्राज्य कमजोर पड़ गया और एक भी उत्तराधिकारी साम्राज्य को संभाल नहीं सका।

245. भारत का अंतिम मुगल शासक कौन था?
(a) आलमगीर द्वितीय
(b) औरंगजेब
(c) अहमद शाह बहादुर
(d) बहादुरशाह द्वितीय

Ans. (d) बहादुरशाह द्वितीय

- बहादुरशाह जफर ने 1837 ई. से 1857 ई. तक लगभग 20 वर्ष तक शासन किया।
- वर्ष 1857 की क्रांति में बहादुरशाह जफर ने क्रांति का नेतृत्व किया और अंग्रेजों से हार के बाद अंग्रेजों ने बहादुरशाह जफर को बंदी बना लिया।
- बहादुरशाह जफर को हुमायूँ के मकबरे से गिरफ्तार किया गया।
- बहादुरशाह जफर की मृत्यु 7 नवंबर, 1862 ई. को रंगून में हुई थी।

246. दिल्ली के प्रसिद्ध शासक फरीद को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
(a) अकबर (b) शेरशाह
(c) इस्माली शाह (d) आदिल शाह

Ans. (b) शेरशाह

- वर्ष 1539 में फरीद खान ने चौसा की लड़ाई में हुमाँयू को हराया और उसके बाद इसने सम्राट के रूप में 'शेरशाह' की उपाधि धारण की।
- बहार खान लोहानी ने फरीद खान को शेर खान की उपाधि से सम्मानित किया क्योंकि इसने तलवार के एक वार से बाघ को मार डाला था।

247. निम्नलिखित में से किसका निर्माण शाहजहाँ द्वारा नहीं करवाया गया था?
(a) शालीमार बाग
(b) लाल किला (दिल्ली)
(c) बुलंद दरवाजा
(d) जामा मस्जिद (दिल्ली)

Ans. (c) बुलंद दरवाजा

- बुलंद दरवाजे को अकबर ने गुजरात पर विजय प्राप्त करने की याद में 1602 ई. में बनवाया था।
- बुलंद दरवाजा का दूसरा नाम **'भव्यता का द्वार'** या **'गौरव का द्वार'** है।
- इसके अलावा अन्य इमारतों लाल किला, जामा मस्जिद, शालीमार बाग के साथ-साथ मोती मस्जिद, हस्तसाल में मिनी कुतुबमीनार का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था।

248. मुगल कालीन प्रसिद्ध गायक तानसेन किस भारतीय संगीत शैली से संबंध रखते हैं?
(a) ध्रुपद (b) ठुमरी
(c) राग (d) खयाल

Ans. (a) ध्रुपद

- तानसेन की जन्मभूमि ग्वालियर और कर्मभूमि रीवा रही। आज यह गुजरी महल संग्रहालय के रूप में है, जिसमें संगीत की गौरवशाली परंपरा के शिलालेख मौजूद है।
- तानसेन एक महान संगीतकार थे। वह मुगल सम्राट अकबर के दरबार में उनके 'नवरत्नों' में से एक थे। अकबर ने ही तानसेन को मियाँ का शीर्षक दिया था।

249. मुर्शिद कुली खान ने खुद को बंगाल का नवाब घोषित कर दिया और अपनी राजधानी ढाका से हटाकर ..... कर दी।
(a) गिरिया (b) मुरादाबाद
(c) बक्सर (d) मुर्शिदाबाद

Ans. (d) मुर्शिदाबाद

- मुर्शिद कुली खान ने खुद को बंगाल का नवाब घोषित कर दिया और अपनी राजधानी ढाका से हटाकर मुर्शिदाबाद कर दी।
- मुर्शिद कुली खान मुगल सम्राट द्वारा नियुक्त बंगाल का अन्तिम सूबेदार था।
- मुर्शिद कुली खान की नियुक्ति बंगाल के सूबेदार पद पर 1717 ई. में मुगल सम्राट फर्रूखशियर द्वारा की गयी थी।
- मुर्शिद कुली खान ने मुर्शिदाबाद स्थित कटरा मस्जिद का निर्माण किया था।

250. शिवाजी ने अपने शासनकाल में हिन्दुओं में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए किस पर्व की शुरूआत की थी?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) करवा चौथ (b) गणेश चतुर्थी
(c) राम नवमी (d) दुर्गा पूजा

Ans. (b) गणेश चतुर्थी

- मान्यता है, कि छत्रपति शिवाजी ने अपनी माता जीजाबाई के साथ मिलकर मुगल शासन के दौरान अपनी सनातन संस्कृति को बचाने के लिए गणेश चतुर्थी की शुरुआत की थी।
- लोकमान्य बॉल गंगाधर तिलक ने 1893 ई. में गणेश चतुर्थी (गणेशोत्सव) का सार्वजनिक पौधरोपण किया था।

251. तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध के बाद पेशवा को पेंशन देकर किस स्थान पर भेजा गया था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) सूरत (b) पूना
(c) बिठूर (d) नागपुर

Ans. (c) बिठूर

- तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध (1816-19) के बाद पेशवा बाजीराव द्वितीय को पेंशन देकर कानपुर के पास बिठूर में भेज दिया गया था।
- तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा साम्राज्य के बीच लड़ा गया था।
- इस युद्ध में अंग्रेजों की जीत हुई थी।
- इस युद्ध के बाद पेशवा शासन का औपचारिक रूप से अंत हो गया।
- प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध (1775 - 1782 ई.)
- द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध (1803 - 1805 ई.)

252. शिवाजी के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौन-सा कर वसूल किया जाता था?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) जकात (b) सरदेशमुखी
(c) दहसाला (d) बाली

Ans. (b) सरदेशमुखी

- सरदेशमुखी कर उस भूमि पर 9 से 10% का कर होता था, जिस पर मराठों ने वंशानुगत अधिकारों का दावा किया था।
- शिवाजी के शासनकाल में चौथ नामक कर भी लिया जाता था, जो भू-राजस्व का एक चौथाई होता था, यह मराठों के छापों से बचने के लिए दिया जाता था।
- काठी नामक मापने वाली छड़ का उपयोग करके भूमि को मापा जाता था।
- छत्रपति शिवाजी ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी।

253. निम्नलिखित में से किस राजा को औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के विरुद्ध युद्ध के लिए भेजा था?
(a) बहादुर शाह जफर
(b) आदिल शाह
(c) मान सिंह
(d) जयसिंह

Ans. (d) जयसिंह

- औरंगजेब ने 1665 ई. में राजा जयसिंह को छत्रपति शिवाजी महाराज के विरूद्ध युद्ध लड़ने के लिए भेजा था।
- इस युद्ध में राजा जयसिंह ने मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को पराजित कर दिया, जिसके तदुपरांत शिवाजी महाराज को पुरंदर की संधि (1665) करनी पड़ी।

254. शिवाजी का जन्म इनमें से किस किले में हुआ था?
(a) प्रतापगढ़ (b) रायगढ़
(c) पन्हाला (d) शिवनेरी

Ans. (d) शिवनेरी

- शिवाजी का जन्म 1627 ई. को शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था।
- शिवाजी के पिता का नाम शाहजी भोंसले तथा माता का नाम जीजाबाई था।
- शिवाजी का राज्याभिषेक 1674 ई. में हुआ था। राज्याभिषेक होने के पश्चात् ही इनको छत्रपति की उपाधि से सुशोभित किया गया।
- शिवाजी की मृत्यु वर्ष 1680 ई. में हो गई।

255. मराठों ने किस वर्ष में अहमद शाह अब्दाली से पराजित होकर सत्ता खो दी थी।
(a) 1761 (b) 1762
(c) 1763 (d) 1764

Ans. (a) 1761

- पानीपत का तीसरा युद्ध जनवरी, 1761 ई. को अहमदशाह अब्दाली तथा मराठों के मध्य हुआ था।
- पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठा सेना का नेतृत्व सदाशिव भाऊ तथा अफगानी सेना का नेतृत्व अहमद शाह अब्दाली ने किया था।
- पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठा सेना की हार हुई थी।

256. निम्न में से किस पेशवा को नाना साहब के नाम से जाना जाता था?
(a) बालाजी बाजीराव
(b) बाजीराव
(c) बालाजी विश्वनाथ
(d) तांत्या टोपे

Ans. (a) बालाजी बाजीराव

- पेशवा बालाजी बाजीराव को नाना साहब के नाम से जाना जाता था।
- **बालाजी विश्वनाथ** – इनको प्रथम पेशवा की उपाधि से सम्मानित किया गया था।
- **बाजीराव** – इनको पेशवा बाजीराव प्रथम के नाम से भी जाना जाता था। पेशवा बाजीराव प्रथम छत्रपति शाहूजी महाराज के पेशवा नियुक्त हुए थे।
- **तांत्या टोपे** – तांत्या टोपे का वास्तविक नाम रामचन्द्र पांडुरंग था। वर्ष 1857 ई. के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में तात्या टोपे ने कानपुर में सेना का नेतृत्व किया था।

257. अमृतसर में प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर निम्नलिखित में से किस सिख गुरु द्वारा पूर्ण किया गया था?
(a) गुरु अंगद (b) गुरु गोबिंद सिंह
(c) गुरु रामदास (d) गुरु अर्जुन देव

Ans. (d) गुरु अर्जुन देव

- अमृतसर में प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर की नींव सिखों के चौथे गुरू श्री रामदास जी ने रखी थी और सिखों के पांचवे गुरू श्री अर्जुन देव ने 1588 ई. में इसे पूर्ण करवाया।
- यह स्वर्ण मंदिर अमृतसर के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है, इसे श्री हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है।

258. निम्नलिखित में से किस लिपि में पंजाबी भाषा लिखी जाती है?
(a) गुरुमुखी लिपि (b) कदंबा लिपि
(c) शारदा लिपि (d) मोदी लिपि

Ans. (a) गुरुमुखी लिपि

- गुरूमुखी का अर्थ है- 'गुरूओ के मुख से निकली हुई' अर्थात गुरूओं के मुख से निकली वाणी।
- **इस लिपि में तीन स्वर और 32 व्यंजन है।**
- इसकी शुरूआत गुरू अंगद देव द्वारा की गई।
- गुरूमुखी लिपि की वर्णमाला में प्राय: संयुक्त अक्षर नहीं होते हैं, लेकिन इसमें अनेक संयुक्त ध्वनियाँ होती है।

259. 'गुरु ग्रंथ साहिब' किस धर्म का पवित्र ग्रंथ है?
(a) हिन्दू (b) जैन
(c) सिख (d) बौद्ध

Ans. (c) सिख

- 'गुरू ग्रन्थ साहिब' सिख धर्म का प्रमुख धर्मग्रन्थ है।
- इसका सम्पादन सिख समुदाय के पांचवें गुरु श्री गुरू अर्जुन देव जी ने किया था।
- 'गुरू ग्रन्थ साहिब' का पहला प्रकाश पर्व 1604 ई. को **'हर मंदिर साहिब'** अमृतसर में मनाया गया था।

260. गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना किस ई. (शताब्दी) में की थी?
(a) बारहवीं (b) तेरहवीं
(c) पंद्रहवीं (d) अट्ठारहवीं

Ans. (c) पंद्रहवीं

- गुरू नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना 15वीं शताब्दी में की थी।
- गुरू नानक देव जी के अनुयायी सिख कहलाये।
- गुरू नानक देव जी ने **'गुरू का लंगर'** नामक नि:शुल्क सहभागी भोजनालय स्थापित किया, जिसे गुरू अंगद देव ने स्थायी बना दिया।

261. श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने किस वर्ष में 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी?
(a) 1697 (b) 1699
(c) 1701 (d) 1705

Ans. (b) 1699

- श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने वर्ष 1699 में 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी। यह बैसाखी का दिन था। इस दिन उन्होंने पाँच प्यारों को अमृतपान करवा कर 'खालसा पंथ' की स्थापना की और फिर पाँच प्यारों के हाथों से खुद भी अमृतपान किया।

262. निम्नलिखित में से किसने हैदराबाद शहर बसाया था?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) मुहम्मद कुली कुतुब शाह
(b) इब्राहिम कुली कुतुब शाह
(c) सुभान कुली कुतुब शाह
(d) जमशेद कुली कुतुब शाह

Ans. (a) मुहम्मद कुली कुतुब शाह

- कुतुब शाही वंश के पांचवें शासक मुहम्मद कुली कुतुब शाह ने मूसी नदी के किनारे हैदराबाद शहर बसाया था।
- हैदराबाद राज्य की स्थापना 1724 ई. में हुई थी।
- हैदराबाद में स्थित चारमीनार का निर्माण मुहम्मद कुली कुतुब शाह ने करवाया था।

263. आदिल शाह का मकबरा गोल गुम्बज, किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना
(c) कर्नाटक (d) केरल

Ans. (c) कर्नाटक

- आदिल शाह का मकबरा अर्थात गोल गुंबज, भारत के कर्नाटक राज्य के बीजापुर शहर में है।
- यह मकबरा, आदिल शाही वंश के सातवें सुल्तान मुहम्मद आदिल शाह और उनके कुछ परिवार वालों का है।
- इसका निर्माण फारसी वास्तुकार दाबुल के याकूत ने किया था।
- यह इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की शैली पर आधारित है।
- 1686 ई. में औरंगजेब ने बीजापुर पर कब्जा कर लिया और आदिल शाही वंश का अंत हो गया।

264. जैन-उल-आबदीन अपने सहिष्णु विचारों के लिए जाना जाता था, वह किस साम्राज्य का सुल्तान था?
(a) मालवा (b) गुजरात
(c) कश्मीर (d) बंगाल

Ans. (c) कश्मीर

- जैन-उल-आबदीन (1420-1470) ई. कश्मीर साम्राज्य का सुल्तान था।
- सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता का भाव तथा अपने अच्छे कार्यों के कारण ही उसे **'कश्मीर का अकबर'** कहा जाता था।
- उसने अपने शासन के दौरान हिंदूओं को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान की थी।

- जैन-उल-आबदीन ने अपने राज्य में 'जजिया कर' हटाया और गाय का वध निषिद्ध कर दिया।
- जैन-उल-आबदीन, **'कुतुब'** नाम से फारसी में कविताएं भी लिखता था।

265. मध्ययुगीन काल में, शर्की राजाओं ने अटाला मस्जिद को किस स्थान पर बनवाया था?
(a) मालवा (b) जौनपुर
(c) गुजरात (d) कश्मीर

Ans. (b) जौनपुर

- जौनपुर भारत के उत्तर प्रदेश राज्य का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है।
- अटाला मस्जिद जौनपुर में स्थित एक प्रसिद्ध मस्जिद है। इस मस्जिद को शर्की राजवंश के शासक इब्राहिम शाह ने 1408 ई. में बनवाया था।

266. भारत में वास्कोडिगामा सर्वप्रथम कहाँ पर उतरा?
(a) कन्नूर (b) कोचीन
(c) कालीकट (d) कोलम

Ans. (c) कालीकट

- भारत में वास्कोडिगामा सर्वप्रथम मई, 1498 ई. को केरल के कोझीकोड़ जिले के कालीकट तट पर पहुँचा था।
- भारत पहुँचने पर कालीकट के तत्कालीन शासक जमोरिन ने वास्कोडिगामा का स्वागत किया था।
- वर्ष 1502 में वास्कोडिगामा दूसरी बार भारत आया और कोच्चि के राजा से व्यापार करने का समझौता किया।
- वर्ष 1524 में वास्कोडिगामा तीसरी बार भारत पहुंचा पहले उसे कोच्चि में ही दफनाया गया था। लेकिन बाद में वर्ष 1538 में उसकी पुन: कब्र खोदी गई और उसके अवशेषों को पुर्तगाल वापस ले जाया गया।

267. किस विदेशी शक्ति ने भारतीय काली मिर्च के व्यापार को शाही एकाधिकार बना दिया?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) फ्रेंच (b) स्पेनिश
(c) डच (d) पुर्तगाली

Ans. (d) पुर्तगाली

- पुर्तगालियों ने भारत में काली मिर्च के व्यापार पर अपना अधिकार स्थापित किया था।
- उन्होंने काली मिर्च के व्यापार में काफी मुनाफा कमाया था।
- काली मिर्च के व्यापार में मुनाफा कमाने और पुर्तगालियों के भारत आने के बाद, भारत और यूरोप के बीच व्यापार में एक नया युग शुरू हुआ।
- पुर्तगालियों ने भारत में अपना पहला कारखाना कालीकट में स्थापित किया।
- पुर्तगालियों ने अपना दूसरा कारखाना कन्नूर में स्थापित किया।

268. भारत में समुद्री व्यापार केंद्र स्थापित करने वाले पहले यूरोपीय लोग कौन थे?
(a) फ्रांसीसी (b) डच
(c) अंग्रेज (d) पुर्तगाली

Ans. (d) पुर्तगाली

- पुर्तगाली व्यापारी वास्कोडिगामा ने 1498 ई. को भारत के लिए नये समुद्री मार्ग की खोज की थी।
- वास्कोडिगामा सर्वप्रथम भारत के पश्चिमी तट पर स्थित कालीकट बंदरगाह पहुँचा था।
- **भारत में आने वाली यूरोपीय शक्तियों का क्रम कुछ इस प्रकार है-**
(पुर्तगाली → डच → अंग्रेज → डेनिश → फ्रांसीसी)

269. गोवा को पुर्तगाल से स्वतंत्रता किस वर्ष में प्राप्त हुई?
(a) 1960 (b) 1963
(c) 1961 (d) 1962

Ans. (c) 1961

- पुर्तगालियों द्वारा गोवा पर कब्जा 1510 ई. में किया गया था। 1510 ई. से 1961 ई. (लगभग 450 वर्षों तक) गोवा पुर्तगालियों के अधीन रहा।
- **'ऑपरेशन विजय'** के तहत भारतीय सेना ने गोवा को पुर्तगालियों के कब्जे से 19 दिसम्बर, 1961 ई. को स्वतंत्र करा लिया।

270. केप ऑफ गुड होप कहाँ स्थित है?
(a) रूस (b) दक्षिण अफ्रीका
(c) अर्जेंटीना (d) जर्मनी

Ans. (b) दक्षिण अफ्रीका

- केप ऑफ गुड होप दक्षिण अफ्रीका में स्थित है।
- केप ऑफ गुड होप से होकर ही पुर्तगाली व्यापारी वास्कोडिगामा कालीकट के तट पर पहुंचा था।
- केप ऑफ गुड होप पर पहुँचने का श्रेय सर्वप्रथम पुर्तगाली व्यक्ति **बार्टोलोमू डियास** को जाता है।
- केप ऑफ गुड होप का अन्य नाम उत्तमाशा अंतरीप है।

271. बक्सर के युद्ध में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व किसने किया था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सर ह्यू व्हीलर (b) हेनरी लॉरेंस
(c) हेक्टर मुनरो (d) जॉन निकोलसन

Ans. (c) हेक्टर मुनरो

- यह लड़ाई 22 अक्टूबर, 1764 को बिहार के बक्सर में लड़ी गई थी।
- इस लड़ाई में अंग्रेजों की जीत हुई थी। इस जीत के बाद, अंग्रेजों ने बंगाल पर अपना शासन पूरी तरह से स्थापित कर लिया था।
- इस लड़ाई में अंग्रेजों के विरुद्ध, बंगाल के नवाब मीर कासिम, अवध के नवाब शुजा-उद-दौला और मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय की संयुक्त सेनाएं लड़ी थी।
- इस लड़ाई के बाद, वर्ष 1765 में इलाहाबाद की संधि हुई, इस संधि के तहत, मुगल सम्राट ने बंगाल अंग्रेजों को दे दिया था।

272. प्लासी के युद्ध में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सैन्य दल का नेतृत्व किसने किया था?
(a) नेविल चेम्बरलेन (b) रॉबर्ट क्लाइव
(c) एलन कनिंघम (d) जेम्स एलेक्जेंडर

Ans. (b) रॉबर्ट क्लाइव

- प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 को हुआ था।
- प्लासी नामक स्थान पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में स्थित है।
- प्लासी का युद्ध तत्कालीन बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला तथा अंग्रेज रॉबर्ट क्लाइव की सेना के मध्य हुआ था।
- रॉबर्ट क्लाइव ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में नियुक्त बंगाल का प्रथम गवर्नर था।
- रॉबर्ट क्लाइव को बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली का जनक माना जाता है।

273. एंग्लो-मैसूर युद्ध 18वीं शताब्दी के दौरान मैसूर के शासकों और अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच लड़े गए ..... युद्धों की एक श्रृंखला थी।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) छः (b) चार
(c) दो (d) तीन

Ans. (b) चार

- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी तथा मैसूर साम्राज्य के बीच चार एंग्लो-मैसूर युद्ध हुए थे।
- प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध- 1767 से 1769 ई. तक
- द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध - 1780 से 1784 ई. तक
- तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध-1790 से 1792 ई. तक
- चर्तुथ आंग्ल-मैसूर युद्ध- 1799 ई.

274. आंग्ल-मैसूर युद्ध का समापन निम्नलिखित में से किस युद्ध के साथ हुआ था?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) श्रीरंगपट्टनम का युद्ध
(b) वांडीवाश का युद्ध

(c) पोलिलूर का युद्ध
(d) पोर्टो नोवो का युद्ध

Ans. (a) श्रीरंगपट्टनम का युद्ध

- आंग्ल-मैसूर युद्ध, श्रीरंगपट्टनम के युद्ध के साथ समाप्त हुआ था।

आंग्ल मैसूर युद्ध	वर्ष	गवर्नर जनरल	संधि
प्रथम	1767-69	हैरी वेरेलस्ट	मद्रास की संधि
द्वितीय	1780-84	वारेन हेस्टिंग्स	मंगलौर की संधि
तृतीय	1790-92	कॉर्नवालिस	श्रीरंगपट्टनम की संधि
चतुर्थ	1799	वेलेजली	–

275. श्रीरंगपट्टनम में हुए चौथे एंग्लो-मैसूर युद्ध में किसकी हत्या हुई थी?
(a) हैदर अली
(b) तिम्मरराजा वोडेयार प्रथम
(c) तिरूमाला देव राय
(d) टीपू सुल्तान

Ans. (d) टीपू सुल्तान

- टीपू सुल्तान की मृत्यु 1799 ई. को हुई थी।
- टीपू सुल्तान को **'टाइगर ऑफ मैसूर'** के नाम से भी जाना जाता है।
- टीपू सुल्तान के पिता का नाम हैदर अली था।

276. वांडीवाश का निर्णायक युद्ध किनके मध्य लड़ा गया था?
(a) अंग्रेज और फ्रांसिसी के मध्य
(b) अंग्रेज और अर्कोट के नवाब के मध्य
(c) अंग्रेज और पुर्तगालियों के मध्य
(d) अंग्रेज और डच के मध्य

Ans. (a) अंग्रेज और फ्रांसिसी के मध्य

- वांडीवाश का निर्णायक युद्ध अंग्रेज और फ्रांसिसियों के मध्य लड़ा गया था।
- वांडीवाश का युद्ध 22 जनवरी, 1760 को हुआ। इस युद्ध में फ्रांसिसी, अंग्रेजों के हाथों बुरी तरह पराजित हुए तथा फ्रांसिसियों को पांडिचेरी अंग्रेजों के हाथों में सौंपना पड़ा।

277. किस संधि के परिणामस्वरूप रणजीत सिंह और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच क्षेत्रों का सीमांकन हुआ?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) अमृतसर (b) लाहौर
(c) सूरत (d) भैरोंवाल

Ans. (a) अमृतसर

- अमृतसर की संधि, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और महाराजा रणजीत सिंह के बीच हुई थी।
- यह संधि 25 अप्रैल, 1809 को हुई थी। इस संधि पर ईस्ट इंडिया कंपनी की तरफ से चार्ल्स मेटकाफ ने हस्ताक्षर किए थे।
- इस संधि के अनुसार, सतलुज नदी को सिख साम्राज्य और ब्रिटिश भारत के बीच सीमा बनाया गया।

278. निम्नलिखित में से किसने 1858 में झांसी के किले की घेराबंदी की थी?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) सर ह्यूरोज
(b) सर कॉलिन कैंपबेल
(c) ए.ओ. ह्यूम
(d) जनरल डायर

Ans. (a) सर ह्यूरोज

- वर्ष 1858 में जनरल ह्यूरोज की कंपनी बलों ने झांसी के किले की घेराबंदी की थी।
- झांसी के किले का निर्माण ओरछा के शासक राजा वीर सिंह देव ने करवाया था।

279. रानी लक्ष्मीबाई का विवाह ..... से हुआ था।
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) तात्या टोपे
(b) पेशवा बाजी राव
(c) महाराजा गंगाधर राव
(d) मोरोपंत तांबे

Ans. (c) महाराजा गंगाधर राव

- रानी लक्ष्मी बाई का जन्म वाराणसी में हुआ था।
- इनके बचपन का नाम 'मणिकर्णिका' था।
- इनका विवाह झाँसी के राजा गंगाधर राव के साथ हुआ।
- इनकी मृत्यु ग्वालियर में हुई, ग्वालियर में ही इनकी समाधि स्थित है।
- रानी लक्ष्मी बाई ने 1857 ई. की क्रांति का नेतृत्व झांसी से किया।

280. मंगल पांडे ने चर्बी वाले कारतूस का प्रयोग करने से कहाँ मना किया?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) कानपुर (b) दिल्ली
(c) बैरकपुर (d) मेरठ

Ans. (c) बैरकपुर

- मंगल पांडे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री में सैनिक थे।
- उन्होंने जानवरों की चर्बी वाले कारतूसों के प्रयोग से संबंधित ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ बैरकपुर में विद्रोह किया था।
- उन्हें 8 अप्रैल, 1857 को बैरकपुर में फाँसी दे दी गई।
- इन्हें 1857 ई. के विद्रोह में शहीद होने वाला प्रथम स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है।

281. 10 मई, 1857 को ब्रिटिश भारत में 1857 का विद्रोह निम्नलिखित में से किस शहर से शुरू हुआ था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) दिल्ली (b) कानपुर
(c) झांसी (d) मेरठ

Ans. (d) मेरठ

- 1857 के विद्रोह की शुरुआत 10 मई, 1857 को मेरठ की छावनी से हुई थी।

1857 के विद्रोह के प्रमुख केंद्र एवं नेतृत्वकर्ता:-

प्रमुख केंद्र	नेतृत्वकर्ता
दिल्ली	बहादुरशाह जफर II
जगदीशपुर (बिहार)	कुँवर सिंह
इलाहाबाद	लियाकत अली
लखनऊ	बेगम हजरत महल
झाँसी	रानी लक्ष्मीबाई
फैजाबाद	मौलवी अहमदुल्लाह
बरेली	खान बहादुर खाँ
कानपुर	तात्या टोपे एवं नाना साहब
कश्मीर	गुलाब सिंह

282. किसे भारत की आजादी का पहला युद्ध कहा जाता है?
(a) सिपाही विद्रोह (b) भीमा कोरेगांव युद्ध
(c) बक्सर की लड़ाई (d) प्लासी की लड़ाई

Ans. (a) सिपाही विद्रोह

- सिपाही विद्रोह को भारत की आजादी का पहला युद्ध कहा जाता है।
- सिपाही विद्रोह 10 मई, 1857 को मेरठ से प्रारम्भ हुआ था।
- सिपाही विद्रोह को भारतीय विद्रोह, प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम नाम से भी जाना जाता है।

283. किस पर वर्ष 1857 के विद्रोह के विद्रोहियों का नेतृत्व करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया और रंगून निर्वासित किया गया, जहाँ उनका वर्ष 1862 में निधन हो गया।
(a) शाहआलम
(b) बहादुरशाह जफर
(c) शाहआलम प्रथम
(d) अकबर शाह द्वितीय

Ans. (b) बहादुरशाह जफर

- बहादुरशाह जफर वर्ष 1837 को 62 वर्ष की उम्र में मुगल सिहासन पर बैठे थे।
- बहादुरशाह जफर को दिल्ली में हुमायूँ की कब्र से गिरफ्तार किया गया।
- बहादुरशाह जफर भारत का अंतिम मुगल सम्राट था।

284. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) फरैजी आंदोलन - बंगाल
(b) मोपला विद्रोह - मालाबार
(c) कूका आंदोलन - असम
(d) पावना विद्रोह - बंगाल

Ans. (c) कूका आंदोलन - असम

- कूका आंदोलन पंजाब में वर्ष 1840-72 में हुआ।
- कूका आंदोलन की शुरुआत भगत जवाहर मल के द्वारा की गई तथा बाद में इसका नेतृत्व रामसिंह कूका द्वारा किया गया।

285. अहोम विद्रोह, 1828 का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) फोन्ड सावंत (b) भगत जवाहर मल
(c) गोमधर कुँवर (d) अचल सिंह

Ans. (c) गोमधर कुँवर

- वर्ष 1828 में हुए अहोम विद्रोह का नेतृत्व अहोम वंश के राजकुमार गोमधर कुँवर ने किया।
- यह विद्रोह ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ था तथा वर्तमान बांग्लादेश के रंगपुर में हुआ था।
- यह विद्रोह असम में ब्रिटिश शासन से आजादी की मांग का पहला उदाहरण है।

286. वेल्लोर में सिपाही विद्रोह किस वर्ष हुआ था?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) 1806 ईस्वी (b) 1856 ईस्वी
(c) 1795 ईस्वी (d) 1824 ईस्वी

Ans. (a) 1806 ईस्वी

- वेल्लोर विद्रोह या वेल्लोर क्रांति, 1806 ई. को हुई थी।
- यह ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ भारतीय सिपाहियों द्वारा बड़े स्तर पर तथा हिंसक विद्रोह का पहला उदाहरण था, जो वर्ष 1857 के भारतीय विद्रोह से आधी सदी पहले हुआ।

287. 'पागलपंथी विद्रोह' कहाँ हुआ था?
(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) बंगाल (d) गुजरात

Ans. (c) बंगाल

- पागलपंथी विद्रोह वर्ष 1813 में बंगाल में हुआ था।
- पागलपंथी विद्रोह के द्वारा तत्कालीन समाज के लोगों द्वारा जमींदारों के अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठायी गई थी।
- पागलपंथी विद्रोह मुख्यत: गारो जनजाति के लोगों से सम्बन्धित था।
- पागलपंथी विद्रोह को उत्तरी बंगाल में संचालित करने का श्रेय करमशाह/करीमशाह को जाता है।

288. 'सोंग्राम संगमा विद्रोह' कहाँ हुआ?
(a) असम (b) राजस्थान
(c) दिल्ली (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (a) असम

- सोंग्राम संगमा विद्रोह 1906 ई. को असम में हुआ था।
- सोंग्राम संगमा विद्रोह का मुख्य कारण अंग्रेजों द्वारा आदिवासी जनजातियों का शोषण था। अंग्रेजों ने आदिवासी जनजातियों के क्षेत्र को सीमित कर दिया, जिसके फलस्वरूप इन जनजातियों को उनके वन अधिकारों से वंचित होना पड़ा था।

289. किसान सभा आंदोलन किस राज्य में प्रारंभ हुआ?
(a) गुजरात (b) नई दिल्ली
(c) कर्नाटक (d) बिहार

Ans. (d) बिहार

- किसान सभा आंदोलन बिहार राज्य में प्रारंभ हुआ था।
- किसान सभा आंदोलन का नेतृत्व बिहार में स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने किया था।
- स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने ही वर्ष 1929 में बिहार प्रांतीय किसान सभा का गठन किया था।

290. 'पाबना किसान विद्रोह' निम्न में से किस राज्य में हुआ?
(a) गुजरात (b) पश्चिम बंगाल
(c) असम (d) दिल्ली

Ans. (b) पश्चिम बंगाल

- 'पाबना किसान विद्रोह' 1873-76 ई. के दौरान पश्चिम बंगाल में हुआ था।
- 'पाबना किसान विद्रोह' जमींदारों द्वारा किसानों के शोषण के विरूद्ध था।
- 'पाबना किसान विद्रोह' आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शंभूपाल तथा ईशान चन्द्र राय थे।

भारत में हुए अन्य प्रमुख किसान विद्रोह/आंदोलन/सत्याग्रह-

- नील विद्रोह (1859)
- चम्पारण सत्याग्रह (1917)
- बारदोली आंदोलन (1928)
- तेभागा विद्रोह (1946-47)

291. नील विद्रोह निम्न में से किस राज्य में हुआ?
(a) असम (b) बिहार
(c) पश्चिम बंगाल (d) महाराष्ट्र

Ans. (c) पश्चिम बंगाल

- नील विद्रोह पश्चिम बंगाल राज्य में वर्ष 1859 में हुआ था। यह विद्रोह भारतीय किसानों का प्रथम सफल विद्रोह था।
- नील विद्रोह का मुख्य कारण भारतीय किसानों द्वारा जबरन नील की खेती करना था।
- नील विद्रोह के प्रमुख नेताओं में विष्णु विश्वास तथा दिगम्बर विश्वास थे। भारतीय किसानों द्वारा नील की खेती ना करने के कारण वर्ष 1860 में नील आयोग की नियुक्ति हुई थी।

292. रंगपुर विद्रोह कब हुआ था?
(a) 1689 (b) 1696
(c) 1783 (d) 1790

Ans. (c) 1783

- रंगपुर विद्रोह 1783 ई. को बंगाल में उत्पन्न हुआ था। रंगपुर विद्रोह बंगाल के कृषक विद्रोह में से एक महत्त्वपूर्ण विद्रोह था।

293. वर्ष (1899-1900) के बीच हुए मुंडा विद्रोह का नेता कौन था?
(a) बिरसा मुंडा (b) राघव मुंडा
(c) बलाविद मुंडा (d) राजेश मुंडा

Ans. (a) बिरसा मुंडा

- वर्ष 1899-1900 के बीच हुए मुंडा विद्रोह का नेता बिरसा मुंडा था।
- मुंडा विद्रोह को ही 'उलगुलान विद्रोह' कहा जाता है।
- मुंडा विद्रोह की शुरुआत झारखण्ड राज्य के छोटा नागपुर स्थान से हुई थी।

294. प्रसिद्ध कृषि आन्दोलन 'तेभागा' किस प्रान्त में हुआ था?
(a) बंगाल (b) मद्रास
(c) सिंध (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (a) बंगाल

- प्रसिद्ध कृषि आंदोलन तेभागा बंगाल प्रान्त में वर्ष 1946-47 के दौरान घटित हुआ था।
- बंगाल में हुए इस आंदोलन के प्रमुख नेताओं में भवन सिंह तथा कंपाराम सिंह थे।
- तेभागा आंदोलन के तहत किसानों ने जमींदारों को दिये जाने वाले कर के हिस्से को एक तिहाई करने की मांग की थी।

295. 'एका आंदोलन' के नेता कौन थे?
(a) वासुदेव (b) सरदार भगत सिंह
(c) मदारी पासी (d) गडकरी

Ans. (c) मदारी पासी

- एका आंदोलन के नेता मदारी पासी थे। एका आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1921 में अवध के ग्रामीण क्षेत्रों से हुई थी।

296. गडकरी विद्रोह निम्न में से किस स्थान पर हुआ?
(a) दुर्गापुर (b) आसनसोल
(c) कोल्हापुर (d) बिधाननगर

Ans. (c) कोल्हापुर

- गडकरी विद्रोह कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में वर्ष 1844 में घटित हुआ था।

✪ गडकरी विद्रोह का नेतृत्व कृष्णा दाजी पंडित ने किया था। यह गडकरी जाति द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध किया गया एक सफल विद्रोह था।

297. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्र की अध्यक्षता करने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?

(a) सरोजिनी नायडू
(b) कल्पना दत्त
(c) कमलादेवी चट्टोपाध्याय
(d) एनी बेसेंट

Ans. (a) सरोजिनी नायडू

✪ सरोजिनी नायडू ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 1925 के कानपुर में आयोजित अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।
✪ एनी बेसेंट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्र की अध्यक्षता करने वाली प्रथम महिला थी।
✪ **कल्पना दत्त**- ये भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बन्धित प्रमुख क्रांतिकारी महिलाओं में से एक थी। इनका सम्बन्ध चटगांव शस्त्रागार विद्रोह से भी था।
✪ **कमला देवी चट्टोपाध्याय**- ये स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधार से सम्बन्धित थी। इन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

298. वर्ष 1855 – 56 में भारत में हुए संथाल विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

(a) सिद्धू और कान्हू
(b) गोरा और बादल
(c) नीलांबर और पीताम्बर
(d) आल्हा और ऊदल

Ans. (a) सिद्धू और कान्हू

✪ वर्ष 1855-56 में बंगाल में हुए संथाल विद्रोह का नेतृत्व सिद्धू और कान्हू ने किया था।
✪ संथाल विद्रोह संथाल जनजाति द्वारा जमींदारों तथा अंग्रेजों के द्वारा किए गए सामाजिक और आर्थिक शोषण के विरूद्ध था।

299. किस वर्ष में राजा राममोहन राय ने कलकत्ता में ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?

(a) 1822 (b) 1824
(c) 1826 (d) 1828

Ans. (d) 1828

✪ वर्ष 1828 में राजा राममोहन राय ने कलकत्ता में ब्रह्म समाज तथा वर्ष 1815 में आत्मीय सभा की स्थापना की थी।
✪ राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत के पुनर्जागरण के पिता के रूप में भी जाना जाता है।
✪ राजा राममोहन राय की समाधि ब्रिस्टल, इंग्लैंड में है।

300. रायबरेली के सैयद अहमद निम्नलिखित में से किस आंदोलन से जुड़े हुए थे?

(a) मोपला विद्रोह
(b) एका आन्दोलन
(c) वहाबी आन्दोलन
(d) कूका आन्दोलन

Ans. (c) वहाबी आन्दोलन

✪ रायबरेली के सैयद अहमद वहाबी आंदोलन से जुड़े हुए थे। वहाबी आंदोलन का मुख्य केंद्र पटना (बिहार) था।
✪ **मोपला विद्रोह**- यह विद्रोह वर्ष 1921 में मालाबार (केरल) में प्रारम्भ हुआ था।
✪ **एका आंदोलन**- यह आंदोलन वर्ष 1921 में अवध क्षेत्र में प्रारम्भ हुआ था।
✪ **कूका आंदोलन**- यह आंदोलन पंजाब राज्य में प्रारम्भ हुआ था।

301. हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम निम्नलिखित में से किस वर्ष में पारित किया गया था?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) 1818 (b) 1856
(c) 1823 (d) 1885

Ans. (b) 1856

✪ हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, जुलाई 1856 में पारित किया गया था।
✪ यह अधिनियम भारत में विधवाओं की स्थिति को सुधारने वाला पहला सामाजिक सुधार कानून था।
✪ इस अधिनियम को स्थापित करने की प्रेरणा बंगाल के शिक्षक तथा समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर से मिली थी।
✪ ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने 7 दिसंबर, 1856 को कलकत्ता में पहला विधवा पुनर्विवाह करवाया था।

302. 'सत्यार्थ प्रकाश' ..... द्वारा लिखी गई है।
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)

(a) स्वामी दयानंद सरस्वती
(b) रामकृष्ण परमहंस
(c) राजा राममोहन राय
(d) ईश्वरचंद्र विद्यासागर

Ans. (a) स्वामी दयानंद सरस्वती

✪ 'स्वामी दयानंद सरस्वती का पैतृक नाम 'मूल शंकर' था।
✪ सत्यार्थ प्रकाश मूल रूप से हिंदी भाषा में लिखी गई थी, लेकिन बाद में वर्ष 1882 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसे संशोधित किया। यह किताब आर्य समाज का प्रमुख ग्रंथ है।
✪ 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दयानंद सरस्वती ने दिया था।
✪ दयानंद सरस्वती ने में आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. को मुंबई (बंबई) में की।

303. डॉ. आत्माराम पांडुरंग और न्यायमूर्ति रानाडे ने वेदों पर आधारित ज्ञान के सिद्धांतों का समर्थन करते हुए महाराष्ट्र में ..... की स्थापना की।
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) भारत धर्म महामंडल
(b) प्रार्थना समाज
(c) आर्य समाज
(d) ब्रह्म समाज

Ans. (b) प्रार्थना समाज

✪ प्रार्थना समाज, हिंदुओं के सामाजिक और धार्मिक सुधार के लिए स्थापित एक आंदोलन था।
✪ इसकी स्थापना 1867 ई. में डॉ. आत्माराम पांडुरंग, महादेव गोविंद रानाडे और इतिहासकार आर. जी. भंडारकर ने महाराष्ट्र में की थी।
✪ इसका उद्देश्य था, कि लोगों में एकेश्वरवाद की भावना बढ़े और मूर्ति पूजा और अंधविश्वास को खत्म किया जाए।
✪ प्रार्थना समाज ने 'सुबोध-पत्रिका' नाम का पत्र प्रकाशित किया।

304. 1828 में ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित समाज सुधारकों में से किसके द्वारा ब्रह्म समाज की स्थापना की गई थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(b) बाबा आम्टे
(c) राजा राम मोहन राय
(d) ज्योतिबा फुले

Ans. (c) राजा राम मोहन राय

✪ ब्रह्म समाज का मुख्य उद्देश्य शाश्वत भगवान की पूजा करना था।
✪ यह प्रार्थना, ध्यान और शास्त्रों के पढ़ने पर केंद्रित था।
✪ राजा राम मोहन राय को भारत में नवजागरण का अग्रदूत, सुधार आंदोलनों का प्रवर्तक, आधुनिक भारत का पिता कहा जाता है।
✪ राजा राम मोहन राय ने ब्रह्म सभा की स्थापना वर्ष 1828 को कलकत्ता में की, जिसे बाद में 'ब्रह्म समाज' कहा गया।
✪ राजा राम मोहन राय ने 'संवाद कौमुदी' (बांग्ला भाषा) तथा मिरात-उल-अखबार (फारसी भाषा) समाचार पत्रों का प्रकाशन किया।

305. 1860 के दशक में प्रार्थना समाज की स्थापना कहाँ हुई थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) संयुक्त प्रांत (b) मद्रास
(c) बंगाल (d) महाराष्ट्र

Ans. (d) महाराष्ट्र

- प्रार्थना समाज की स्थापना वर्ष 1867 में आत्माराम पांडुरंग ने की थी।
- प्रार्थना समाज ने महाराष्ट्र पुनर्जागरण में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- इसने महाराष्ट्र में धार्मिक और सामाजिक सुधार पर ध्यान केंद्रित किया।

306. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक 1873 में ज्योतिबा फुले ने लिखी थी?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) ट्राइब कास्ट एंड सोसायटी
(b) जाति का विनाश
(c) लास्ट अमंग इक्कल्स
(d) गुलामगिरी

Ans. (d) गुलामगिरी

- ज्योतिबा फुले की पुस्तक 'गुलामगिरी' को जाति व्यवस्था का विरोध करने वाले साहित्य में से एक माना जाता है, जिसे वर्ष 1873 ई. में मराठी भाषा में लिखा गया था।
- ज्योतिबा फुले महाराष्ट्र के एक प्रमुख भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, जाति-विरोधी सुधारक, विचारक और लेखक थे।

307. निम्नलिखित में से किस समाज सुधार संगठन की स्थापना 1864 में मद्रास में हुई थी?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) वेद समाज (b) आर्य समाज
(c) ब्रह्म समाज (d) प्रार्थना समाज

Ans. (a) वेद समाज

- वेद समाज ब्रह्म समाज के विचारों से प्रेरित था।
- वेद समाज की स्थापना वर्ष 1864 ई. में मद्रास में केशव चंद्र सेन तथा के. श्रीधरलु नायडू ने की थी।
- वेद समाज ने जाति भेद को खत्म करने विधवा पुनर्विवाह और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया।

308. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम 1829 में गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिंक द्वारा पारित किया गया था?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम
(b) बंगाल सती रेगुलेशन अधिनियम
(c) भारतीय दासता अधिनियम
(d) आपराधिक जनजाति अधिनियम

Ans. (b) बंगाल सती रेगुलेशन अधिनियम

- बंगाल सती विनियमन को 1829 ई. में पारित किया गया था।
- यह कानून, ब्रिटिश भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के तत्कालीन गवर्नर-जनरल विलियम बेंटिक ने लागू किया था।
- इस कानून के जरिए, सती प्रथा को ब्रिटिश भारत के सभी हिस्सों में अवैध घोषित किया गया था।

309. देव समाज की स्थापना कब हुई थी?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 1887 (b) 1850
(c) 1902 (d) 1860

Ans. (a) 1887

- शिव नारायण अग्निहोत्री देव समाज के संस्थापक थे।
- वे 1887 ई. तक ब्रह्म समाज के सदस्य रहे, जिसके बाद उन्होंने इसे छोड़ दिया और फरवरी 1887 ई. में देव समाज का गठन किया।

310. तत्वबोधिनी सभा की स्थापना कब हुई थी?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) 1851 में (b) 1843 में
(c) 1839 में (d) 1831 में

Ans. (c) 1839 में

- तत्वबोधिनी सभा की स्थापना 1839 ई. को कलकत्ता में हुई थी।
- इसके संस्थापक देवेंद्रनाथ टैगोर थे।

311. 1875 में स्थापित निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन मूर्ति पूजा का विरोध करता है और वेदों की अचूकता का समर्थन करता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) परमहंस मंडली (b) प्रार्थना समाज
(c) आर्य समाज (d) रामकृष्ण मिशन

Ans. (c) आर्य समाज

आर्य समाज से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:-
- स्थापना वर्ष- 1875
- स्थान- बंबई (महाराष्ट्र)
- आर्य समाज का मुख्यालय 1877 ई. में लाहौर में स्थापित किया गया था।
- संस्थापक- स्वामी दयानंद सरस्वती

उद्देश्य:-
1. हिन्दू धर्म में व्याप्त बुराइयों को दूर करना।
2. पुनः शुद्ध रूप में वैदिक धर्म को स्थापित करना।
3. भारत को धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से एकत्रित करना।

- स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया था।
- आर्य समाज के द्वारा 'शुद्धि आंदोलन' को प्रचालित किया गया था।
- आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने मूर्ति पूजा का विरोध किया।

312. सत्यशोधक समाज के संस्थापक कौन थे?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) लाला लाजपत राय
(b) महात्मा गांधी
(c) ज्योतिबा फुले
(d) राजा राम मोहन रॉय

Ans. (c) ज्योतिबा फुले

- सत्यशोधक समाज सत्यशोधक 1873 ई. को महाराष्ट्र के पुणे में ज्योतिबा फुले द्वारा स्थापित किया गया एक सामाजिक सुधार आन्दोलन था।
- ज्योतिबा फुले की पत्नी सावित्रीबाई, सत्यशोधक समाज के महिला वर्ग की प्रमुख थीं।

प्रमुख संस्था / संगठन	संस्थापक	संबंधित स्थान	स्थापना वर्ष
यंग बंगाल आंदोलन	हेनरी विवियन डेरोजियो	बंगाल	-
सत्यशोधक समाज	ज्योतिबा फुले	महाराष्ट्र	1873
आर्य समाज	स्वामी दयानंद सरस्वती	बंबई	1875
श्री नारायण धर्म परिपालन योगम	श्री नारायण गुरु एवं डॉ. पालपु	केरल	1903

313. प्रार्थना समाज किस धर्म के अंतर्गत एक सुधार आंदोलन था?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) जैन धर्म (b) इस्लाम धर्म
(c) हिन्दू धर्म (d) बौद्ध धर्म

Ans. (c) हिन्दू धर्म

- प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 ई. में महाराष्ट्र में हुई थी।
- इसके संस्थापक आत्माराम पांडुरंग थे।
- यह आंदोलन महाराष्ट्र में धार्मिक और सामाजिक सुधार पर केंद्रित था।
- महादेव गोविंद रानाडे के शामिल होने के बाद प्रार्थना समाज की लोकप्रियता बढ़ गई थी।

314. निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) स्वामी दयानंद
(b) स्वामी ब्रजानंद
(c) स्वामी विवेकानंद
(d) स्वामी श्रद्धानंद

Ans. (c) स्वामी विवेकानंद

- रामकृष्ण मिशन की स्थापना वर्ष 1897 में स्वामी विवेकानंद द्वारा कोलकाता से की गई।
- इस मिशन का उद्देश्य संत रामकृष्ण (वर्ष की वेदांत की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना और भारतीय लोगों की सामाजिक स्थितियों में सुधार करना था।

स्वामी विवेकानंद से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य :-

- जन्म- 12 जनवरी, 1863
- जन्म स्थान - कलकत्ता
- मृत्यु स्थान- बेलूर मठ (कलकत्ता)
- गुरु - रामकृष्ण परमहंस

नोट:-स्वामी विवेकानंद ने वर्ष 1893 में शिकागो (यू.एस.ए.) में आयोजित प्रथम विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का नेतृत्व किया था।

315. राजा राम मोहनराय ने डेविड हेयर के सहयोग से 1817 ई. में कलकत्ता में निम्नलिखित में से किस शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की थी?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) कलकत्ता मदरसा (b) हिंदू कालेज
(c) वेदांत कालेज (d) संस्कृत कालेज

Ans. (b) हिंदू कालेज

- राजा राम मोहनराय ने देशवासियों के मध्य आधुनिक शिक्षा का प्रसार करने के लिये वर्ष 1817 में डेविड हेयर के सहयोग से हिंदू कॉलेज की स्थापना की थी।
- वर्ष 1825 में राजा राम मोहनराय ने वेदांत कॉलेज की भी स्थापना की, जहाँ भारतीय शिक्षा, पश्चिमी सामाजिक और भौतिक विज्ञान की पढ़ाई होती थी।

316. निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने ब्रिटिश भारत में आधुनिक बंगाली वर्णमाला का विकास किया था?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(b) बंकिम चंद्र चटर्जी
(c) केशव चंद्र सेन
(d) रविन्द्रनाथ टैगोर

Ans. (a) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

- 19वीं सदी के समाज सुधारक पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने समाज सुधार और महिला अधिकारों को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- इन्होंने ब्रिटिश भारत में आधुनिक बंगाली वर्णमाला का विकास किया था।
- ये विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करने वाले प्रमुख बंगाली समाज सुधारक थे।
- ये सोम-प्रकाश समाचार पत्र के सम्पादक रहे।
- इन्होंनें स्त्री शिक्षा के प्रचार हेतु बंगाल में विद्यालयों की स्थापना की।

317. निम्नलिखित में से किसने परिवर्तित हिंदुओं को हिन्दू समाज की मुख्य धारा में वापस लाने के लिए 'शुद्धि आंदोलन' शुरू किया?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(b) स्वामी विवेकानंद
(c) स्वामी सहजानंद
(d) स्वामी दयानंद सरस्वती

Ans. (d) स्वामी दयानंद सरस्वती

- आर्य समाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती ने ईसाई और इस्लाम धर्म अपना चुके परिवर्तित हिंदुओं को पुनः हिन्दू धर्म में लाने के लिए शुद्धि आंदोलन शुरू किया था।
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों को 'भारत के युग की चट्टान', 'हिंदू धर्म का अचूक और सच्चा मूल बीज' माना।
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया था।

318. 1889 में, ... ने पुणे में मुक्ति मिशन की स्थापना की, जो उन विधवाओं के शरणस्थली थी, जिन्हें उनके परिवारों द्वारा परित्यक्त और प्रताड़ित किया गया था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) कस्तूरबा गांधी (b) सरोजिनी नायडू
(c) लक्ष्मी सहगल (d) पंडिता रमाबाई

Ans. (d) पंडिता रमाबाई

- पंडिता रमाबाई ने 1889 ई. में विधवाओं के लिए शारदा सदन की स्थापना की तथा पुणे में इन महिलाओं के कल्याण के लिए मुक्ति मिशन शुरू किया।
- इन्होंने 1882 ई. में आर्य महिला समाज की स्थापना पुणे में की थी।

319. 'पुणे सार्वजनिक सभा' की स्थापना निम्न में से किस स्थान पर हुई?
(a) जमशेदपुर (b) पुणे
(c) पटना (d) पुष्कर

Ans. (b) पुणे

- पुणे सार्वजनिक सभा की स्थापना महात्मा गोविंद रानाडे ने 1870 ई. को पुणे (महाराष्ट्र) में की थी।
- पुणे सार्वजनिक सभा का उद्देश्य तत्कालीन सरकार तथा जनता के बीच मध्यस्थता तथा किसानों के कानूनी अधिकारों को लोकप्रिय बनाना था।

320. भारत में सती प्रथा का अंत किसने किया?
(a) वेलेजली (b) कॉर्नवॉलिस
(c) विलियम बेंटिंक (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

Ans. (c) विलियम बेंटिंक

- भारत में सती प्रथा का अंत विलियम बेंटिंक ने किया।
- ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय के प्रयासों के फलस्वरूप 4 दिसंबर, 1829 को तत्कालीन फोर्ट विलियम (बंगाल) के गवर्नर विलियम बेंटिंक ने सती प्रथा पर रोक लगा दी थी।
- विलियम बेंटिंक का भारत के प्रथम गवर्नर -जनरल के रूप में कार्यकाल (1834-35) ई. तक था।

321. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?
(a) लाला लाजपत राय
(b) स्वामी विवेकानंद
(c) रामकृष्ण परमहंस
(d) स्वामी दयानंद सरस्वती

Ans. (d) स्वामी दयानंद सरस्वती

- 'वेदों की ओर लौटो' का नारा स्वामी दयानंद सरस्वती ने दिया था।
- इन्होंने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी। स्वामी दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश नामक पुस्तक लिखी थी। इनको भारत का मार्टिन लूथर भी कहा जाता है।
- स्वामी दयानंद सरस्वती के बचपन का नाम मूलशंकर था। स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'एंग्लो-वैदिक' स्कूलों की शुरूआत की थी।

322. स्वामी विवेकानंद ने धर्म संसद (महासभा) में कब भाग लिया था?
(a) 1889 (b) 1890
(c) 1893 (d) 1900

Ans. (c) 1893

- धर्म संसद (महासभा) का उद्घाटन 1893 ई. को अमेरिका के शिकागो शहर में हुआ था।
- धर्म संसद (महासभा) में स्वामी विवेकानन्द ने अपने भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' से की थी।

323. 1820 में, थॉमस मुनरो ने निम्नलिखित में से कौन-सी लगान व्यवस्था आरंभ की थी?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) जमींदारी (b) जब्ती
(c) रैयतवाड़ी (d) महालवाड़ी

Ans. (c) रैयतवाड़ी

- थॉमस मुनरो ने 1820 ई. में रैयतवाड़ी प्रणाली की शुरुआत की थी।
- रैयतवाड़ी व्यवस्था की शुरुआत सबसे पहले मद्रास में हुई, इसके बाद इस व्यवस्था को मुंबई में लागू किया गया।
- भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के कुल भू-भाग के 51% भूमि पर यह व्यवस्था लागू थी।
- इस व्यवस्था के द्वारा सरकार किसानों से सीधे तौर पर कर वसूलती थी।

324. 1793 के स्थायी बंदोबस्त अधिनियम का उद्देश्य ईस्ट इंडिया कंपनी और ..... के

बीच निश्चित राजस्व संग्रह के लिए एक समझौता करना था।

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) जमींदारों (b) किसानों
(c) आम आदमी (d) मजदूरों

Ans. (a) जमींदारों

- स्थायी बंदोबस्त को वर्ष 1793 मे लागू किया गया था।
- इसे बंगाल का स्थायी बंदोबस्त या जमींदारी व्यवस्था के नाम से भी जाना गया।
- यह व्यवस्था (जमींदारी) भारत के 19% भाग पर लागू की गई थी।
- इसके अंतर्गत लगान वसूली का 10/11 भाग सरकार का तथा शेष 1/11 भाग जमींदारों हेतु नियत किया गया।
- यह एक भूमि राजस्व प्रणाली थी, जिसे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने गवर्नर जनरल लॉर्ड कॉर्नवालिस शासनकाल में लागू किया।
- इसे सबसे पहले बंगाल, बिहार और ओडिशा में लागू किया गया था।

325. वर्तमान के पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों में 1822 में किस व्यवस्था को शुरू किया गया था?

(a) रैयतवाड़ी व्यवस्था
(b) इजारेदारी व्यवस्था
(c) महालवाड़ी व्यवस्था
(d) स्थायी बंदोबस्त

Ans. (c) महालवाड़ी व्यवस्था

- महालवाड़ी व्यवस्था के अन्तर्गत भारत के लगभग 30% भू-भाग पर भू-राजस्व की यह व्यवस्था लागू हुई थी।
- महालवाड़ी व्यवस्था की अवधारणा सर्वप्रथम हॉल्ट मैकेन्जी ने प्रस्तुत की थी।

326. 1882 में, हंटर आयोग की स्थापना के लिए किस विषय पर जाँच की जा रही थी?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) उद्योग (b) दुर्भिक्ष (अकाल)
(c) कृषि (d) शिक्षा

Ans. (d) शिक्षा

- 1882 ई. के हंटर आयोग की अध्यक्षता सर विलियम हंटर ने की थी।
- यह आयोग भारत में शिक्षा की जांच के लिए नियुक्त किया गया था।
- इसमें पिछड़े जिलों में प्राथमिक विद्यालयों के विस्तार के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा का नियंत्रण जिला तथा नगरपालिका बोर्डो को दिया जाए।

327. बिपिन चंद्र पाल ने कौन-सा समाचार पत्र शुरू किया था?

(a) न्यू इंडिया (साप्ताहिक)
(b) सुधारक
(c) वंदे मातरम्
(d) तलवार

Ans. (a) न्यू इंडिया (साप्ताहिक)

- बिपिन चंद्र पाल ने न्यू इंडिया (साप्ताहिक) समाचार पत्र अंग्रेजी भाषा में 1901 ई. में प्रकाशित किया। बिपिन चंद्र पाल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल से सम्बन्धित थे।
- सुधारक (साप्ताहिक) समाचार पत्र की शुरूआत गोपाल आगरकर ने की थी। यह अंग्रेजी तथा मराठी दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। यह 1888 ई. में प्रकाशित हुआ था।
- तलवार समाचार पत्र से सम्बन्धित व्यक्ति वीरेन्द्र नाथ चट्टोपाध्याय तथा मैडम भीकाजी कामा थे।

328. अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज किसने स्थापित किया था?

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(b) सैयद अहमद खान
(c) मौलाना हसरत मोहानी
(d) डॉ. जाकिर हुसैन

Ans. (b) सैयद अहमद खान

- अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज को सैयद अहमद खान ने स्थापित किया था।
- इसकी स्थापना 1875 ई. में हुई थी।
- मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज का नाम परिवर्तित कर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कर दिया गया।
- सैयद अहमद खान को अलीगढ़ आंदोलन का प्रमुख माना जाता है।
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 ई. के प्रमुख कारणों को स्पष्ट करने के लिए इन्होंने **'The Causes of the Indian Revolt'** नामक पुस्तक लिखी थी।
- सैयद अहमद खान को ही **'साइंटिफिक सोसाइटी'** की स्थापना का श्रेय जाता है।

329. निम्नलिखित में से किस प्रणाली को भारत में अंग्रेजी साहित्य का मैग्नाकार्टा कहा जाता है?

(a) हंटर कमीशन (b) मैकाले स्मरण पत्र
(c) वुड्स डिस्पैच (d) रैले रिपोर्ट

Ans. (c) वुड्स डिस्पैच

- वुड्स डिस्पैच प्रणाली को भारत में अंग्रेजी साहित्य का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।
- वर्ष 1854 में चार्ल्स वुड ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा में बड़े बदलाव करने हेतु अपने सुझाव तत्कालीन गवर्नर जनरल डलहौजी को पत्र के माध्यम से प्रेषित किये; जिन्हें **वुड्स डिस्पैच** कहा जाता है।

330. वुड के आदेश पत्र का संबंध निम्नलिखित में से किस सुधार से था?

(a) रेलवे (b) उद्योग
(c) शिक्षा (d) सिंचाई

Ans. (c) शिक्षा

- वुड के आदेश पत्र का संबंध शिक्षा में सुधार से था। इस आदेश पत्र को **'वुड्स डिस्पैच'** अथवा **'वुड का घोषणा पत्र'** भी कहा जाता है।
- वर्ष 1854 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में एक शिक्षा प्रणाली की पेशकश की थी।
- वुड के आदेश पत्र घोषित होने के समय भारत के गवर्नर जनरल डलहौजी थे।

331. अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम ..... में बनाया था।

(a) 1833 (b) 1835
(c) 1855 (d) 1857

Ans. (b) 1835

- अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम वर्ष 1835 में बनाया था।
- भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनाने का श्रेय मैकाले को जाता है।

332. श्री फिरोजशाह मेहता ने कौन-सा समाचार पत्र प्रारंभ किया गया?

(a) गुड टाइम्स
(b) बॉम्बे क्रॉनिकल
(c) डेक्कन क्रॉनिकल
(d) डेक्कन टाइम्स

Ans. (b) बॉम्बे क्रॉनिकल

- श्री फिरोजशाह मेहता ने बॉम्बे क्रॉनिकल समाचार पत्र प्रारंभ किया था। यह अंग्रेजी भाषा का समाचार पत्र था। यह समाचार पत्र बॉम्बे से प्रकाशित होता था।
- डेक्कन क्रॉनिकल तथा डेक्कन टाइम्स अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र थे।

333. निम्नलिखित राष्ट्रवादी नेताओं में से कौन मराठी समाचार पत्र 'केसरी' के संस्थापक और संपादक थे?

(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) विनायक दामोदर सावरकर
(c) विष्णुशास्त्री चिपलूनकर
(d) डॉ. भीमराव अंबेडकर

Ans. (a) बाल गंगाधर तिलक

- राष्ट्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक ने मराठी समाचार पत्र 'केसरी' का सम्पादन किया था। इस समाचार पत्र का सम्पादन 1881 ई. में हुआ था।
- बाल गंगाधर तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल से सम्बन्धित थे।

- वैलेंटाइन शिरोल ने बाल गंगाधर तिलक को भारतीय अशांति का जनक कहा है।
- उपाधि – लोकमान्य

334. भारतीय स्वतंत्रता के दौरान, समाचार पत्र यंग इंडिया को किसके द्वारा प्रकाशित किया गया था?
(a) बी.आर. अम्बेडकर
(b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) महात्मा गाँधी
(d) जवाहर लाल नेहरू

Ans. (c) महात्मा गाँधी

- यंग इंडिया महात्मा गाँधी के द्वारा अंग्रेजी में प्रकाशित एक साप्ताहिक समाचार पत्र था।

महात्मा गाँधी द्वारा प्रकाशित अन्य समाचार पत्र-

- इंडियन ओपिनियन
- नवजीवन
- हरिजन

335. भारत का पहला प्रमुख समाचार पत्र, बंगाल गजट किस वर्ष में शुरु किया गया था?
(a) 1770 (b) 1775
(c) 1780 (d) 1847

Ans. (c) 1780

- भारत का पहला प्रमुख समाचार पत्र, बंगाल गजट वर्ष 1780 में शुरू किया गया था।
- बंगाल गजट (साप्ताहिक) के सम्पादक जेम्स ऑगस्टस हिक्की थे। यह अंग्रेजी समाचार पत्र कोलकाता से प्रकाशित होता था।

336. महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में कौन-सा अखबार शुरु किया था?
(a) इंडियन ओपिनियन
(b) नेशनल हेराल्ड
(c) इंडियन सोशियोलॉजिस्ट
(d) कॉमनवील

Ans. (a) इंडियन ओपिनियन

- इंडियन ओपिनियन अखबार का प्रकाशन डरबन (दक्षिण अफ्रीका) में शुरू हुआ था। इंडियन ओपिनियन अखबार के प्रथम सम्पादक मनसुखलाल नजर थे।
- 'कॉमनवील' नामक साप्ताहिक अखबार एनी बेसेंट द्वारा शुरू किया गया था।
- 'नेशनल हेराल्ड' नामक अखबार वर्ष 1938 में पं.जवाहरलाल नेहरू द्वारा शुरू किया गया था।

337. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' किसने लिखा?
(a) शचींद्र सान्याल
(b) रविन्द्रनाथ टैगोर
(c) बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय
(d) अरविंद घोष

Ans. (c) बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय

- भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' वर्ष 1882 को बांग्ला भाषा में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने लिखा।
- भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' भी आनंदमठ उपन्यास से लिया गया है। आनंदमठ उपन्यास में ही बंगाल के संन्यासी विद्रोह का वर्णन है।

338. भारत में ब्रिटिश शासन में पहले गवर्नर-जनरल कौन थे?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) जॉर्ज बार्लो
(b) वारेन हेस्टिंग्स
(c) चार्ल्स कॉर्नवॉलिस
(d) जॉन एडम

Ans. (b) वारेन हेस्टिंग्स

वारेन हेस्टिंग्स (1773 से 1785 ई.)

- वारेन हेस्टिंग्स को वर्ष 1772 में बंगाल का गवर्नर बनाया गया।
- 1773 ई. के रेगुलेटिंग एक्ट के माध्यम से उसे बंगाल का पहला गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया।
- बनारस के महाराजा चैत सिंह के साथ तनावपूर्ण संबंधों के कारण इंग्लैड में वारेन हेस्टिंग्स पर महाभियोग चलाया गया था।
- भारत के पहले गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक थे।
- वारेन हेस्टिंग्स के समय भारत के पहले सुप्रीम कोर्ट की स्थापना कलकत्ता में 1774 में की गई थी।

339. वर्ष 1829 में, गवर्नर-जनरल ..... द्वारा सती प्रथा को अवैध और दंडनीय बना दिया गया था।
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) चार्ल्स मेटकाफ (b) विलियम बेंटिक
(c) हेनरी हार्डिंग (d) जॉन शोर

Ans. (b) विलियम बेंटिक

विलियम बेंटिक (वर्ष 1828-1835)-

- विलियम बेंटिक ने 1829 ई. में सती प्रथा को अवैध घोषित किया था।
- विलियम बेंटिक बंगाल के आखिरी गवर्नर जनरल और भारत के पहले गवर्नर जनरल थे।
- विलियम बेंटिक ने 1829 ई. को 'बंगाल सती विनियमन' पारित किया था।
- शुरुआत में यह कानून सिर्फ बंगाल प्रेसीडेंसी में लागू किया गया था।
- वर्ष 1830 में इसे बंबई और मद्रास प्रेसीडेंसी में भी लागू कर दिया गया।

340. स्थानीय स्वशासन के जनक के रूप में कौन जाना जाता है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) डलहौजी
(b) बालगंगाधर तिलक
(c) रिपन
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (c) रिपन

- रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक कहा जाता है।
- इन्होंने 1882 ई. में स्थानीय स्वशासन प्रस्ताव पारित किया था।
- रिपन 1880 से 1884 ई. तक भारत के वायसराय रहे।
- रिपन ने पहला कारखाना अधिनियम (1881) पारित किया था।
- रिपन ने सर विलियम हंटर की अध्यक्षता में एक शिक्षा आयोग की नियुक्ति की थी।
- रिपन के शासनकाल में वर्ष 1881 में भारत में पहली नियमित जनगणना कराई गई।

341. भारत के पहले वायसराय कौन थे?
(a) कैनिंग (b) विलियम बेंटिंक
(c) रॉबर्ट क्लाइव (d) डलहौजी

Ans. (a) कैनिंग

- भारत के प्रथम वायसराय कैनिंग थे।
- कैनिंग का कार्यकाल वायसराय के रूप में 1858 से 1862 ई. तक था।
- गवर्नर ऑफ इंडिया एक्ट 1858 ई. के अनुसार, गवर्नर जनरल ऑफ इंडिया को भारत का वायसराय घोषित किया गया।

कैनिंग के कार्यकाल के दौरान पारित एक्ट-

- विधवा पुनर्विवाह अधिनियम – 1856
- गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट – 1858
- नागरिक विधि संहिता – 1859
- भारतीय दंड संहिता – 1860
- गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1861
- वर्ष 1861 में मद्रास, कलकत्ता तथा बम्बई में उच्च-न्यायालय की स्थापना।

342. ब्रिटिश इंडिया कंपनी द्वारा नियुक्त 1833 ई. में भारत का पहला ब्रिटिश गवर्नर जनरल कौन था?
(a) डलहौजी (b) वेलेजली
(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) विलियम बेंटिंक

Ans. (d) विलियम बेंटिंक

- भारत का पहला ब्रिटिश गवर्नर जनरल विलियम बेंटिंक था।
- 1833-1835 तक भारत के गवर्नर जनरल के रूप में कार्य किया।

343. किस चार्टर कानून ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के एकाधिकार कारोबार को खत्म कर दिया?

(a) चार्टर अधिनियम 1793
(b) चार्टर अधिनियम 1813
(c) चार्टर अधिनियम 1833
(d) चार्टर अधिनियम 1853

Ans. (b) चार्टर अधिनियम 1813

- चार्टर अधिनियम 1813 ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया। (चाय और चीन के साथ व्यापार को छोड़कर)
- चार्टर अधिनियम 1813 ने ब्रिटेन के सभी व्यापारियों को भारत से व्यापार करने की छूट प्रदान कर दी थी।

344. सहायक संधि की प्रणाली को स्वीकार करने वाला पहला भारतीय मूल का शासक कौन था?
(a) हैदराबाद के निजाम
(b) पंजाब के दिलीप सिंह
(c) बड़ौदा के गायकवाड़
(d) ग्वालियर के सिंधिया

Ans. (a) हैदराबाद के निजाम

- सहायक संधि की प्रणाली को स्वीकार करने वाले पहले भारतीय मूल के शासक हैदराबाद के निजाम थे।
- भारत में सहायक संधि प्रणाली का जनक वेलेजली को माना जाता है। इस प्रणाली की शुरूआत भारत में 1798 ई. में हुई।
- सहायक संधि स्वीकार करने वाले अन्य राज्य- मैसूर (1799), अवध (1801), सिंधिया (1803)

345. 1853 ई. में कहाँ से कहाँ तक यातायात के लिए पहला रेल मार्ग खोला गया था?
(a) पुणे से ठाणे (b) नागपुर से पुणे
(c) बॉम्बे से ठाणे (d) बॉम्बे से पुणे

Ans. (c) बॉम्बे से ठाणे

- 1853 ई. में बॉम्बे से ठाणे तक यातायात के लिए पहला रेल मार्ग खोला गया था।
- यह रेल मार्ग 34 किमी. लम्बा था। भारत में रेल प्रणाली की शुरूआत 1853 में हुई थी।
- भारत में रेलवे का जनक लॉर्ड डलहौजी को कहा जाता है।
- भारतीय रेलवे बोर्ड की गठन 1905 ई. में हुआ था।

346. स्वतंत्र भारत का पहला गवर्नर जनरल कौन था?
(a) लिनलिथगो (b) माउंटबेटन
(c) वेवेल (d) मेयो

Ans. (b) माउंटबेटन

- स्वतंत्र भारत का पहला गवर्नर जनरल माउंटबेटन था। इस पद पर इनका कार्यकाल 15 अगस्त, 1947 से 21 जून, 1948 तक था।
- **लिनलिथगो**-इनके समय अगस्त प्रस्ताव (1940) पारित हुआ था।
- **वेवेल**-इनके समय कैबिनेट मिशन वर्ष 1946 में भारत आया था।

347. सहायक संधि का सिद्धांत निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल से सम्बंधित है?
(a) डलहौजी (b) कॉर्नवालिस
(c) हेस्टिंग्स (d) वेलेजली

Ans. (d) वेलेजली

- सहायक संधि का सिद्धांत बंगाल के गवर्नर जनरल वेलेजली से संबंधित है।
- वेलेजली द्वारा सहायक संधि प्रणाली की शुरूआत वर्ष 1798 में की गयी थी।

348. बंगाल में दोहरे शासन की नीति किसने लागू की?
(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) डलहौजी
(c) कार्नवॉलिस (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

Ans. (a) रॉबर्ट क्लाइव

- बंगाल में दोहरे शासन की नीति रॉबर्ट क्लाइव द्वारा वर्ष 1765 में लागू हुई।

डलहौजी

- डलहौजी को भारत में रेलवे का जनक माना जाता है।
- डलहौजी को हड़प नीति (डॉक्ट्रिन ऑफ लेप्स) का जनक माना जाता है।
- डलहौजी का कार्यकाल भारत के गवर्नर जनरल पद पर 1848 से 1856 ई. तक था।

कार्नवॉलिस

- कार्नवॉलिस को भारत में पुलिस व्यवस्था का जनक माना जाता है।
- कार्नवॉलिस ने बंगाल में वर्ष 1793 में स्थायी बंदोबस्त प्रणाली की शुरुआत की थी।

वॉरेन हेस्टिंग्स

- वॉरेन हेस्टिंग्स को बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल वर्ष 1774 में नियुक्त किया गया था।
- वॉरेन हेस्टिंग्स को बंगाल में द्वैध (दोहरी) शासन प्रणाली को समाप्त करने का श्रेय जाता है।

349. व्यपगत का सिद्धान्त किस गवर्नर जनरल द्वारा लागू किया गया?
(a) कार्नवॉलिस (b) डलहौजी
(c) वेलेजली (d) एल्गिन

Ans. (b) डलहौजी

- व्यपगत के सिद्धान्त को हड़प नीति भी कहा जाता है। व्यपगत सिद्धान्त के अन्तर्गत सर्वप्रथम सतारा राज्य का वर्ष 1848 में ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हुआ था।

वेलेजली

- वेलेजली को सहायक संधि प्रणाली की शुरूआत करने का श्रेय जाता है।
- वेलेजली की सहायक संधि प्रणाली पर हस्ताक्षर करने वाला सर्वप्रथम भारतीय राज्य हैदराबाद था।

एल्गिन

- एल्गिन ने अपने कार्यकाल के दौरान सर जेम्स लायल की अध्यक्षता में अकाल आयोग की स्थापना की।
- एल्गिन वर्ष 1894 में भारत के वायसराय/गवर्नर जनरल पद पर नियुक्त हुए थे।

350. निम्नलिखित में से किसने 1876 में सुरेंद्रनाथ बनर्जी के साथ मिलकर इंडियन एसोसिएशन नामक संगठन की स्थापना की थी?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) आनंद मोहन बोस
(b) चितरंजन दास
(c) बिनॉय कृष्णा बोस
(d) जतिंद्रनाथ मुखर्जी

Ans. (a) आनंद मोहन बोस

- इंडियन एसोसिएशन नामक संगठन ब्रिटिश भारत में स्थापित पहला घोषित राष्ट्रवादी संगठन था।
- इसे इंडियन नेशनल एसोसिएशन के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी स्थापना कलकत्ता में की गई।
- इस संगठन का उद्देश्य लोगों की राजनीतिक, बौद्धिक और भौतिक उन्नति को बढ़ावा देना।

351. निम्नलिखित में से किस अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने साइमन कमीशन के बहिष्कार का निर्णय लिया?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) पूना अधिवेशन
(b) बंबई अधिवेशन
(c) इलाहाबाद अधिवेशन
(d) मद्रास अधिवेशन

Ans. (d) मद्रास अधिवेशन

- वर्ष 1927 के मद्रास अधिवेशन में साइमन कमीशन के बहिष्कार के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया था।
- इसी अधिवेशन में चीन, ईरान और मेसोपोटामिया में भारतीयों को इस्तेमाल किये जाने के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया।
- कांग्रेस के इस अधिवेशन की अध्यक्षता डॉ. एम.ए. अंसारी ने की थी।

352. जमींदार एसोसिएशन की स्थापना कब की गई?
(a) 1623 (b) 1728
(c) 1838 (d) 1990

Ans. (c) 1838

- जमींदारी एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1838 ई. को बंगाल में हुई थी।

✪ जमींदारी एसोसिएशन को ही **लैंडहोल्डर्स सोसाइटी** के रूप में जाना जाता है। जमींदारी एसोसिएशन के संस्थापकों में द्वारकानाथ टैगोर प्रमुख थे।

353. सर विलियम जोन्स द्वारा 1784 में ..... की स्थापना की गई थी।
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल
(b) फोर्ट विलियम कॉलेज
(c) कलकत्ता मदरसा
(d) बनारस में संस्कृत कॉलेज

Ans. (a) एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल

✪ एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना विलियम जोंस ने कोलकाता स्थित फोर्ट विलियम में की थी।
✪ इस सोसाइटी की स्थापना एशिया के इतिहास, नागरिक और प्राकृतिक प्राचीन वस्तुओं, कला, कानून, विज्ञान और साहित्य की जांच करने के लिए की गई।
✪ एशियाटिक सोसाइटी पूरे एशिया महाद्वीप में ज्ञान तथा अनुसंधान का सबसे पुराना केंद्र है।

354. 1885 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन, ... में आयोजित किया गया था।
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) इलाहाबाद (अब प्रयागराज)
(b) बंबई (मुंबई)
(c) कलकत्ता (अब कोलकाता)
(d) मद्रास (अब चेन्नई)

Ans. (b) बंबई (मुंबई)

✪ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन 1885 ई. में बंबई स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में आयोजित किया गया था।
✪ इस अधिवेशन में कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
✪ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी (डब्ल्यू. सी. बनर्जी) ने की थी।
✪ एलन ऑक्टेवियन ह्यूम (ए. ओ. ह्यूम) भारतीय सिविल सेवा के सेवानिवृत्त ब्रिटिश अधिकारी थे, इन्होंने 1884 ई. में भारतीय राष्ट्रीय संघ की स्थापना की जो की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अग्रदूत था।

355. 1904 में, विनायक दामोदर सावरकर ने निम्नलिखित में से किस संगठन की स्थापना की?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) आजाद भारत सोसाइटी
(b) जुगांतर
(c) अभिनव भारत सोसाइटी
(d) इंडियन इंडिपेंडेंस लीग

Ans. (c) अभिनव भारत सोसाइटी

✪ वी.डी. सावरकर द्वारा 1899 ई. में स्थापित 'मित्र मेला' ही वर्ष 1904 में एक गुप्त सभा 'अभिनव भारत सोसाइटी' में परिवर्तित हो गया।
✪ क्रांतिकारी संगठन ' अभिनव भारत सोसाइटी' वी.डी. सावरकर द्वारा महाराष्ट्र (नासिक) में संगठित किया गया था।
✪ सावरकर ने 'द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस' नामक एक पुस्तक लिखी थी, जिसमें उन्होंने 1857 ई. के सिपाही विद्रोह में इस्तेमाल किए गए गुरिल्ला युद्ध के बारे में लिखा था। उन्होंने 'हिंदुत्व हू इस हिन्दू' पुस्तक भी लिखी।

356. 'पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' शीर्षक पुस्तक के लेखक कौन थे?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) दादाभाई नौरोजी
(b) सुभाष चंद्र बोस
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल
(d) महात्मा गांधी

Ans. (a) दादाभाई नौरोजी

✪ यह किताब 1901 ई. में प्रकाशित हुई थी।
✪ इस किताब में दादाभाई नौरोजी ने ब्रिटिश शासन तथा भारत के बीच के संबंधों को खास तौर पर उजागर किया था।
✪ उन्होंने इस किताब में बताया कि ब्रिटिश आर्थिक नीतियों ने किस प्रकार भारत से धन का निष्कासन किया।
✪ इस सिद्धांत को धन के निष्कासन के नाम से जाना जाता है।

357. ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित समाज सुधारकों में से किसे लोकहितवादी के नाम से जाना जाता था?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) ज्योतिबा फुले (b) वीरेशलिंगम पंतुलु
(c) नारायण गुरू (d) गोपाल हरि देशमुख

Ans. (d) गोपाल हरि देशमुख

✪ गोपाल हरि देशमुख एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, समाज सुधारक, लेखक और विचारक थे।
✪ उन्होंने महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी।
✪ उन्होंने धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, ऐतिहासिक और साहित्यिक विषयों पर कई पुस्तकें लिखीं।

358. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना वर्ष 1905 के स्वदेशी आंदोलन की महत्त्वपूर्ण वजह थी?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) बंगाल का विभाजन
(b) मुस्लिम लीग का गठन
(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन
(d) रौलेट एक्ट का पास होना

Ans. (a) बंगाल का विभाजन

✪ बंगाल विभाजन की घोषणा होना स्वदेशी आंदोलन की एक अहम वजह थी।
✪ भारत के वायसराय कर्जन ने जुलाई 1905 ई. में बंगाल विभाजन की घोषणा की थी।
✪ इस घोषणा के बाद बंगाल में व्यापक विरोध हुआ।
✪ इस आंदोलन की आधिकारिक शुरुआत 7 अगस्त, 1905 को कोलकाता के टाउन हॉल में हुई थी।
✪ इस आंदोलन के जरिए लोगों ने सरकारी सेवाओं, स्कूलों, न्यायालय और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया।
✪ इस आंदोलन ने भारतीय जनता में आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ाया।
✪ इस आंदोलन में बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल जैसे नेताओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

359. वर्ष 1905 में सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) मोतीलाल नेहरू
(b) लाला लाजपत राय
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) गोपाल कृष्ण गोखले

Ans. (d) गोपाल कृष्ण गोखले

✪ सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी की स्थापना गोपाल कृष्ण गोखले ने वर्ष 1905 में पुणे में की थी।
✪ इन्होंने वर्ष 1908 में रानाडे इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स की स्थापना की।
✪ इन्होंने अंग्रेजी भाषा में समाचार पत्र 'द हितवाद' का प्रारंभ किया।

360. वर्ष 1905 में बंगाल के विभाजन को अंजाम देने वाले भारत के ब्रिटिश वायसराय का क्या नाम था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) इर्विन (b) कर्ज़न
(c) हार्डिंग (d) चेम्सफोर्ड

Ans. (b) कर्ज़न

✪ बंगाल विभाजन की घोषणा के समय कर्जन भारत के वायसराय थे।
✪ जुलाई 1905 को बंगाल विभाजन की घोषणा की गई तथा 16 अक्टूबर, 1905 को बंगाल विभाजन लागू किया गया।

- इस दिन पूरे बंगाल में 'शोक दिवस' के रूप में मनाया गया।
- बंगाल विभाजन को वर्ष 1911 में वायसराय हार्डिंग द्वितीय के द्वारा रद्द कर दिया गया।
- रबीन्द्रनाथ टैगोर के सुझाव पर संपूर्ण बंगाल में इस दिन को 'राखी दिवस' के रूप में मनाया गया।

361. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी चरण के दौरान मुजफ्फरपुर के एक जिला मजिस्ट्रेट की हत्या के प्रयास के कारण 1908 में अलीपुर साजिश का पर्दाफाश हुआ। उस मजिस्ट्रेट का नाम क्या था?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) रॉबर्ट लिटन (b) डगलस किंग्सफोर्ड
(c) जे.पी. सॉन्डर्स (d) एडवर्ड इरविन

Ans. (b) डगलस किंग्सफोर्ड

- मुजफ्फरपुर के तत्कालीन डिस्ट्रिक्ट जज डगलस किंग्सफोर्ड की गाड़ी पर बम 30 अप्रैल, 1908 को फेंका गया था।
- इस घटना को मुजफ्फरपुर बम कांड के नाम से जाना जाता है।
- इस बम कांड में खुदीराम बोस तथा प्रफुल्ल चाकी ने हिस्सा लिया था।

362. निम्नलिखित में से किस स्थान पर 'अखिल भारतीय मुस्लिम लीग' की स्थापना की गई थी?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) कलकत्ता (b) लाहौर
(c) कराची (d) ढाका

Ans. (d) ढाका

- अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना 1906 ई. को ब्रिटिश भारत के ढाका (बांग्लादेश) में हुई थी।
- इस लीग की स्थापना नवाब सलीमुल्लाह खान के नियंत्रण में हुई थी।
- लीग के पहले सत्र की अध्यक्षता आगा खाँ ने की थी।
- मुस्लिम लीग उद्देश्य: ब्रिटिश सरकार के प्रति मुसलमानों में निष्ठा बढ़ाना, मुसलमानों के राजनीतिक अधिकारों की रक्षा तथा उनका विस्तार करना।
- लीग का संविधान 1906 ई. में कराची पाकिस्तान में बनाया गया था।

363. गोपाल कृष्ण गोखले ने किसे 'हिंदू-मुस्लिम एकता का सर्वश्रेष्ठ दूत' कहा था?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) मोहम्मद अली जिन्ना
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) महात्मा गांधी
(d) जवाहर लाल नेहरू

Ans. (a) मोहम्मद अली जिन्ना

- गोपाल कृष्ण गोखले ने मुहम्मद अली जिन्ना को हिंदू-मुस्लिम एकता का सर्वश्रेष्ठ राजदूत कहा था।
- जिन्ना को कायदे आजम के नाम से नवाजा गया था।

364. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निम्नलिखित में से किस अधिवेशन में पहली बार 'स्वराज' की मांग रखी गई थी?

(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) बांकीपुर (b) कराची
(c) बॉम्बे (d) कलकत्ता

Ans. (d) कलकत्ता

- 'स्वराज' शब्द का अर्थ है, स्वशासन।
- दादाभाई नौरोजी 1906 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।
- दादा भाई नौरोजी ने 'स्वराज' की मांग के लिए कलकत्ता अधिवेशन (1906) में पहली बार 'स्वराज' शब्द का प्रयोग किया था।
- इस अधिवेशन में कांग्रेस ने स्वराज को भारतीयों के अंतिम लक्ष्य के रूप में अपनाया।
- इस अधिवेशन में बंगाल के विभाजन, स्वराज, राष्ट्रीय शिक्षा, स्वदेशी तथा बहिष्कार पर प्रस्ताव पारित किए गए थे।

365. 1929 में खुदाई खिदमतगार नामक अहिंसक क्रांतिकारियों का एक दल बनाने वाले स्वतंत्रता सेनानी का नाम बताइए।

(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) के.एम. अशरफ
(b) अब्बास तैयबजी
(c) खान अब्दुल गफ्फार खान
(d) मोहम्मद यासीन खान

Ans. (c) खान अब्दुल गफ्फार खान

- खान अब्दुल गफ्फार खान को सीमांत गांधी के नाम से भी जाना जाता है।
- खान अब्दुल गफ्फार खान एक पश्तून स्वतंत्रता सेनानी थे, उन्होंने वर्ष 1929 में खुदाई खिदमतगार आंदोलन की शुरुआत की थी।
- इस आंदोलन को लाल कुर्ती आंदोलन भी कहा जाता है।
- इस आंदोलन का उद्देश्य गांधीजी के सविनय अवज्ञा आंदोलन का समर्थन करना था।
- खान अब्दुल गफ्फार खान को वर्ष 1987 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।
- भारत रत्न पाने वाले यह पहले गैर-भारतीय थे।

366. बंगाल विभाजन योजना कब लागू की गई थी?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) 15 अगस्त, 1915
(b) 10 सितंबर, 1910
(c) 16 अक्टूबर, 1905
(d) 7 अगस्त, 1899

Ans. (c) 16 अक्टूबर, 1905

- भारत के तत्कालीन वायसराय कर्जन ने 19 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन की घोषणा की थी।
- इस विभाजन के जरिए बंगाल को दो हिस्सों में बांटा गया था।
- बंगाल विभाजन को इतिहास में बंगभंग के नाम से भी जाना जाता है।
- बंगाल विभाजन के बाद, पूरे बंगाल में राष्ट्रीय शोक का दिन घोषित किया गया था।
- विभाजन के बाद, देश में व्यापक राजनीतिक और अशांति फैल गयी तथा बढ़ते विरोध के कारण, वर्ष 1911 में हार्डिंग ने बंगाल विभाजन को रद्द कर दिया था।

367. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना 1905 के स्वदेशी आंदोलन की महत्त्वपूर्ण वजह थी?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) बंगाल का विभाजन
(b) मुस्लिम लीग का गठन
(c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन
(d) रौलट एक्ट का पास होना

Ans. (a) बंगाल का विभाजन

- इस आंदोलन का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना तथा राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करना था।
- इस आंदोलन में लोगों ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया और खादी जैसे स्वदेशी उत्पादों को अपनाया था।

368. किस सत्र में कांग्रेस पार्टी का विभाजन हुआ था?

(D.P. Const. 8 Dec. 2017)

(a) सूरत, 1907
(b) लाहौर, 1909
(c) मद्रास, 1908
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (a) सूरत, 1907

- वर्ष 1907 में सूरत अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दो समूहों चरमपंथियों और नरमपंथियों में विभाजित हो गई।
- सूरत सत्र की अध्यक्षता डॉ. रास बिहारी घोष ने की।
- 1885-1905 ई. तक के वर्ष को नरमपंथियों की अवधि के रूप में जाना जाता था, क्योंकि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर हावी थे।
- चरमपंथियों का नेतृत्व बाल गंगाधर तिलक, लाल लाजपत राय और श्री अरबिंदो कर रहे थे।

- जबकि, नरमपंथियों का नेतृत्व गोपाल कृष्ण गोखले, फिरोजशाह मेहता और सुरेंद्रनाथ बनर्जी ने किया था

369. बंगाल का विभाजन किस वर्ष में रद्द कर दिया गया था?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) 1906 (b) 1909
(c) 1911 (d) 1913

Ans. (c) 1911

- बंगाल का विभाजन वर्ष 1905 में तत्कालीन वायसराय कर्जन ने किया था।
- बड़े पैमाने पर राजनीतिक विरोध के कारण, वर्ष 1911 में जॉर्ज पंचम ने बंगाल विभाजन को रद्द कर दिया था।
- बंगाल विभाजन के बाद, पूर्वी बंगाल और असम एक प्रांत बन गए थे।
- विभाजन के बाद, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, और बिहार एक प्रांत बन गए थे।

370. जलियाँवाला बाग नरसंहार किस शहर में हुआ था?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) नागपुर (b) दिल्ली
(c) कलकत्ता (d) अमृतसर

Ans. (d) अमृतसर

- जलियांवाला बाग हत्याकांड, पंजाब के अमृतसर शहर में हुआ था।
- यह हत्याकांड 13 अप्रैल, 1919 को बैसाखी के दिन हुआ था।
- इस हत्याकांड में ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड डायर ने अंग्रेजी फौज का नेतृत्व किया तथा निहत्थी जनता पर गोलियाँ चलाने का आदेश दे दिया।
- जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जांच के लिए हंटर कमीशन (1919) का गठन किया गया था।

371. खेड़ा सत्याग्रह कहाँ हुआ था?
(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) गुजरात (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (c) गुजरात

- खेड़ा सत्याग्रह 1918 ई. को गुजरात में हुआ था।
- खेड़ा आन्दोलन का प्रमुख कारण अंग्रेजों की कर वसूली के विरुद्ध भारतीय किसानों का प्रदर्शन था।
- 1918 ई. में भारत में अत्यधिक सूखा पड़ने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गयी थी। फसल बर्बाद होने के फलस्वरूप भारतीय किसान अंग्रेजों को लगान (कर) देने में असमर्थ हो गये थे। इसी प्रकरण के खिलाफ महात्मा गाँधी ने किसानों के साथ मिलकर खेड़ा सत्याग्रह आरम्भ किया था।

372. कौन-से भारतीय नेता को लोकप्रिय रूप से 'पंजाब केसरी' के रूप में जाना जाता था?
(a) लाला लाजपत राय
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(d) सरदार वल्लभ भाई पटेल

Ans. (a) लाला लाजपत राय

- भारतीय नेता लाला लाजपत राय को लोकप्रिय रूप से 'पंजाब केसरी' के रूप में जाना जाता था।
- मौलाना अबुल कलाम आजाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष बने थे।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर प्रथम एशियाई तथा भारतीय व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार की प्राप्ति हुई।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा गुजरात राज्य के केवड़िया नामक स्थान पर स्थित है, जिसको **'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी'** के नाम से जाना जाता है। इसकी ऊंचाई 182 मीटर है।

373. इनमें से किस सत्याग्रह में वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि दी गई?
(a) चंपारण
(b) बारदोली
(c) खेड़ा
(d) अहमदाबाद मिल हड़ताल

Ans. (b) बारदोली

- बारदोली के सत्याग्रह में वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि दी गई। यह उपाधि वल्लभ भाई पटेल को बारदोली के सत्याग्रह में उपस्थित महिलाओं ने प्रदान की थी। बारदोली का सत्याग्रह वर्ष 1928 में बारदोली, सूरत (गुजरात) में हुआ था।
- चंपारण का सत्याग्रह वर्ष 1917 में चंपारण (बिहार) में हुआ था।
- खेड़ा सत्याग्रह वर्ष 1918 में खेड़ा (गुजरात) में हुआ था।
- अहमदाबाद मिल हड़ताल वर्ष 1918 ई. में अहमदाबाद (गुजरात) में हुई थी।

374. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इनमें से किस अधिवेशन में पहली बार राष्ट्रगान गाया गया था?
(a) 1907, सूरत
(b) 1911, कोलकाता
(c) 1916, लखनऊ
(d) 1917, कोलकाता

Ans. (b) 1911, कोलकाता

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन, 1911 ई. में पहली बार राष्ट्रगान गाया गया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता पं. बिशन नारायण धर ने की थी।
- राष्ट्रगान 'जन-गण-मन की गायन अवधि 52 सेकण्ड निर्धारित है।
- राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' के रचयिता रबीन्द्रनाथ टैगोर है।
- राष्ट्रगान 'जन-गण-मन को भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी, 1950 को मान्यता मिली।

375. जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए जिम्मेदार, जनरल डायर की हत्या इनमें से किसने की थी?
(a) चंद्रशेखर आजाद
(b) सरदार ऊधम सिंह
(c) सरदार भगत सिंह
(d) सूर्य सेन

Ans. (b) सरदार ऊधम सिंह

- जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए जिम्मेदार, जनरल डायर की हत्या सरदार ऊधम सिंह ने की थी।
- जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना 13 अप्रैल, 1919 को हुई थी।
- जलियांवाला बाग हत्याकांड के समय भारत के वायसराय लॉर्ड चेम्सफोर्ड थे।
- हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना सरदार भगत सिंह द्वारा की गई थी।
- सूर्य सेन का सम्बन्ध चटगांव शस्त्रागार छापा विद्रोह से था।
- चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश में हुआ था। इनकी मृत्यु 27 फरवरी, 1931 को अल्फ्रेड पार्क, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में हुई थी।

376. निम्नलिखित में से कौन ब्रिटिश भारत के दौरान अल-हिलाल अखबार के संस्थापक थे?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) मोहम्मद अजमल खान
(b) हसरत मोहानी
(c) सैयद हसन इमाम
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

Ans. (d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

- अल हिलाल अखबार के संस्थापक मौलाना अबुल कलाम आजाद (स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री) थे।
- इस अखबार का पहला संस्करण कोलकाता में प्रकाशित हुआ था।
- सरकार ने अल-हिलाल अखबार पर 1914 ई. में प्रेस अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंध लगा दिया।
- अल-हिलाल एक साप्ताहिक उर्दू समाचार-पत्र था।

377. असहयोग आंदोलन के दौरान निम्नलिखित में से किस प्रांत में चौरी-चौरा कांड घटित हुआ था?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत
(b) मध्य प्रांत
(c) उड़ीसा
(d) संयुक्त प्रांत

Ans. (d) संयुक्त प्रांत

- असहयोग आंदोलन वर्ष 1920 को प्रारम्भ हुआ था।
- असहयोग आंदोलन के दौरान चौरी-चौरा कांड संयुक्त प्रांत वर्तमान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में हुआ था। यह घटना 4 फरवरी, 1922 (कुछ स्त्रोतों में 5 फरवरी, 1922) को हुई।
- इस घटना के हिंसक होने के बाद महात्मा गांधी ने 12 फरवरी, 1922 को इस घटना के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में असहयोग आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा कर दी थी।

378. भारत में साइमन कमीशन निम्नलिखित में से किस वर्ष में आया था?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) 1925 (b) 1923
(c) 1919 (d) 1928

Ans. (d) 1928

- साइमन कमीशन वर्ष 1928 में भारत आया इसका गठन संवैधानिक सुधारो का अध्ययन करने और भारत में सरकार की सिफारिशें करने के लिए किया गया था।
- साइमन कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था इसलिए इसे 'व्हाइट मैन कमीशन' भी कहा गया।
- इस आयोग में सात अंग्रेज सदस्य शामिल थे और सर जॉन साइमन इसके अध्यक्ष थे।
- कांग्रेस के द्वारा मद्रास अधिवेशन (1927) में साइमन कमीशन के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया गया। साइमन कमीशन ने वर्ष 1930 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
- जब साइमन कमीशन भारत आया तब भारतीय क्रांतिकारियों ने 'साइमन वापस जाओ' के नारे लगाए।

379. महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में बारदोली सत्याग्रह में किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
(D.P. Const. 1 Nov. 2020)
(a) जवाहर लाल नेहरू
(b) लाला लाजपत राय
(c) मदन मोहन मालवीय
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

Ans. (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

- बारदोली सत्याग्रह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वर्ष 1928 में गुजरात में हुआ था।
- इस आंदोलन का उद्देश्य औपनिवेशिक सरकार द्वारा किसानों पर बढ़ाए गए कर को समाप्त करना था।
- इस आंदोलन की सफलता के बाद वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि दी गई।

380. निम्नलिखित में से कौन हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के महत्त्वपूर्ण सदस्य थे, जिन्होंने अपने साथियों के साथ काकोरी ट्रेन डकैती की थी?
(D.P. Const. 1 Nov. 2020)
(a) जतिन बनर्जी (b) अशफाकउल्ला खान
(b) प्रफुल्ल चाकी (d) खुदीराम बोस

Ans. (b) अशफाकउल्ला खान

- काकोरी ट्रेन डकैती काकोरी के पास लखनऊ में 9 अगस्त, 1925 को हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन द्वारा की गई।
- इस योजना को चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेंद्र लाहिडी तथा मन्मथनाथ गुप्ता ने अंजाम दिया था।
- हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन भारत का एक क्रांतिकारी संगठन था, जिसकी स्थापना वर्ष 1924 में हुई थी।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने काकोरी ट्रेन डकैती का नाम बदलकर काकोरी ट्रेन एक्शन कर दिया।
- इस घटना में भारतीय क्रांतिकारियों ने ट्रेन से अंग्रेजी सरकार का खजाना और हथियार लूट लिया था।

381. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू का अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 1929 में (b) 1928 में
(c) 1934 में (d) 1924 में

Ans. (a) 1929 में

- वर्ष 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में हुआ।
- इस अधिवेशन में कांग्रेस के 'पूर्ण स्वराज' का घोषणा पत्र तैयार किया गया।
- जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में वर्ष 1929 में लाहौर के रावी नदी के तट पर कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।

382. निम्नलिखित में से किसे 'सीमांत गाँधी' के नाम से जाना जाता है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) भगत सिंह
(b) खान अब्दुल गफ्फार खान
(c) चंद्रशेखर आजाद
(d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (b) खान अब्दुल गफ्फार खान

- खान अब्दुल गफ्फार खान को सरहदी गांधी, बच्चा खान तथा बादशाह खान के नामों से भी जाना जाता है।
- ये महात्मा गाँधी के बहुत बड़े अनुयायी थे।
- इन्होंने खुदाई खिदमतगार नामक एक संगठन का गठन किया था।
- इन्होंने उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत में लाल कुर्ती आंदोलन चलाया था।
- इन्होंने पठानों को गांधीवादी मूल्यों, अहिंसा और गैर आधिपत्य को अपनाने के लिए प्रेरित किया था।

383. सुभाष चंद्र बोस को 1938 में ..... में हुए कांग्रेस अधिवेशन का अध्यक्ष चुना गया था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) कलकत्ता (b) हरिपुरा
(c) दिल्ली (d) लखनऊ

Ans. (b) हरिपुरा

- कांग्रेस के हरिपुरा (गुजरात) अधिवेशन में सुभाष चंद्र बोस निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- सुभाष चंद्र बोस वर्ष 1939 में त्रिपुरी (मध्य प्रदेश) अधिवेशन में पट्टाभि सीतारमैया को हराकर अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए, परन्तु गांधी जी से मतभेद के कारण उन्होंने त्याग पत्र दे दिया, जिसके बाद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

384. 1930 में मुस्लिम लीग के अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन थे?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) जवाहर लाल नेहरू
(b) मौलाना आजाद
(c) मुहम्मद अली जिन्ना
(d) सर मोहम्मद इकबाल

Ans. (d) सर मोहम्मद इकबाल

- 1930 ई. में इलाहाबाद अधिवेशन में मोहम्मद इकबाल को मुस्लिम लीग का अध्यक्ष चुना गया।
- दिसंबर 1930 ई. को अपने अध्यक्षीय भाषण में इकबाल ने उत्तर पश्चिमी भारत में मुस्लिम बहुल प्रांतो के लिए एक स्वतंत्र राज्य की दृष्टि को रेखांकित किया।
- 'सारे जहां से अच्छा' मोहम्मद इकबाल की एक प्रसिद्ध रचना है।

385. निम्नलिखित में से किस वर्ष में मोहनदास के. गांधी और लॉर्ड इर्विन के बीच गांधी-इर्विन संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)

(a) 1942 में (b) 1941 में
(c) 1932 में (d) 1931 में

Ans. (d) 1931 में

- गांधी इरविन समझौता 5 मार्च, 1931 को हुआ था।
- यह समझौता महात्मा गाँधी और भारत के तत्कालीन वायसराय इरविन के बीच हुआ था।
- इसमें गाँधीजी ने इरविन के समक्ष 11 सूत्री मांगों का प्रस्ताव रखा।

386. निम्नलिखित में से किसने स्वराज पार्टी का गठन किया था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) सुभाषचंद्र बोस (b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) मोतीलाल नेहरू (d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (c) मोतीलाल नेहरू

- स्वराज पार्टी का गठन चितरंजन दास और मोतीलाल नेहरू ने किया था।
- सी.आर. दास स्वराज पार्टी के अध्यक्ष तथा मोतीलाल नेहरू इसके महासचिव थे।

387. खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व ..... द्वारा किया गया था।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) मुहम्मद अली और शौकत अली
(b) सैयद अहमद खान
(c) मुहम्मद अली जिन्ना
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

Ans. (a) मुहम्मद अली और शौकत अली

- खिलाफत आंदोलन प्रारम्भ करने का श्रेय मुख्यत: अली बंधुओं को दिया जाता है।
- यह आंदोलन ब्रिटिश राज के दौरान भारत के मुस्लिम समुदाय के बीच एकीकरण के लिए शुरू किया गया।
- इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य तुर्क खलीफा को पुनर्जीवित करना था।
- 1919 में अली बंधुओ (मुहम्मद अली और शौकत अली), मौलाना आजाद, हसरत मोहानी तथा हकीम अजमल खाँ के नेतृत्व में खिलाफत कमेटी का नेतृत्व किया गया।
- वर्ष 1919 में दिल्ली में खिलाफ़त कमेटी का अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता महात्मा गांधी द्वारा की गई।

388. 1928 में साइमन कमीशन के भारत आने पर निम्नलिखित में से किस नारे के साथ इसका स्वागत किया गया था?
(D.P. Const. 10 Dec. 2020)
(a) साइमन वापस जाओ
(b) स्वागत है साइमन
(c) ब्रिटेन में रहो
(d) भारत से दूर रहो

Ans. (a) साइमन वापस जाओ

- साइमन कमीशन 3 फरवरी, 1928 में भारत आया।
- साइमन कमीशन के आने पर लोगों ने उसे काले झंडे दिखाये तथा 'साइमन वापस जाओ' के नारे लगाए थे।
- इसके सभी सदस्य अंग्रेज होने के कारण कांग्रेस ने 'श्वेत कमीशन' कहकर इसका विरोध किया था।
- पंजाब में साइमन कमीशन का विरोध लाला लाजपत राय ने किया था, साइमन कमीशन का विरोध करते हुए लाला लाजपत राय गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई।
- लाला लाजपत राय की मृत्यु पर मोतीलाल नेहरू ने उन्हें 'प्रिंस अमंग पीस मेकर' कहा था।

389. महात्मा गांधी और उनके स्वयंसेवकों के दल द्वारा निम्नलिखित में से कितने दिनों तक दांडी मार्च (पदयात्रा) की गई थी?
(D.P. Const. 10 Dec. 2020)
(a) 11 दिन (b) 31 दिन
(c) 15 दिन (d) 24 दिन

Ans. (d) 24 दिन

- दांडी मार्च 24 दिनों तक चला था।
- यह यात्रा 12 मार्च, 1930 को साबरमती आश्रम से शुरू हुई थी और 6 अप्रैल, 1930 को दांडी में खत्म हुई थी।
- इस यात्रा में महात्मा गाँधी और उनके 78 अनुयायियों ने लगभग 240 मील (कुछ मानकों में 241 मील) की पैदल यात्रा तय की थी।
- इस यात्रा को नमक मार्च या दांडी सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है।
- यह यात्रा ब्रिटिश नमक एकाधिकार तथा नमक पर टैक्स लगाने के खिलाफ अहिंसक विरोध के तौर पर आयोजित की गई थी।

390. किस दमनकारी कानून के खिलाफ महात्मा गांधी ने 1919 में एक आंदोलन चलाया था, जिसने उन्हें सही मायने में राष्ट्रीय नेता बना दिया था?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) रॉलेट एक्ट
(b) वर्नाक्युलर प्रेस अधिनियम
(c) मॉर्ले मिंटो सुधार
(d) नमक कर

Ans. (a) रॉलेट एक्ट

- रॉलेट एक्ट के खिलाफ विरोध के दौरान हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद गांधीजी एक सच्चे राष्ट्रीय नेता बन गए थे।
- मार्च 1919 ई. में ब्रिटिश सरकार ने रॉलेट एक्ट पारित किया था।
- सर सिडनी रोलेट इसके अध्यक्ष थे।
- इस एक्ट के तहत, सरकार को बिना किसी मुकदमे के आरोपियों को जेल भेजने का अधिकार दिया गया था।
- रॉलेट एक्ट को 'काला कानून' भी कहते हैं।
- रॉलेट एक्ट के विरोध में गाँधीजी ने नागरिकों से देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था।

गांधीजी के कुछ और आंदोलन-

- चंपारण सत्याग्रह (1917)
- खेड़ा सत्याग्रह (1918)
- अहमदाबाद मिल मजदूर आंदोलन (1918)
- असहयोग आंदोलन (1920)
- सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930)
- भारत छोड़ो आंदोलन (1942)।

391. महात्मा गांधी ने 1930 में ..... दांडी यात्रा शुरू की थी।
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) यरवदा आश्रम
(b) दांडी आश्रम
(c) साबरमती आश्रम
(d) सूरत आश्रम

Ans. (c) साबरमती आश्रम

- महात्मा गांधी ने दांडी मार्च की शुरुआत गुजरात के अहमदाबाद के पास स्थित साबरमती आश्रम से की थी।
- 12 मार्च, 1930 को अपने 78 साथियों के साथ यह यात्रा शुरू की थी।
- 6 अप्रैल, 1930 को गाँधीजी दांडी पहुँचे और वहाँ समुद्री जल से नमक बनाकर नमक कानून तोड़ा।
- इस आंदोलन में लोगों ने गाँधी जी का भरपूर साथ दिया और यह आंदोलन पूरी तरह अहिंसक रहा।
- इस यात्रा के दौरान सरोजिनी नायडू भी गाँधीजी के साथ थीं।

392. कांग्रेस ने 1929 में किस स्थान पर अपने अधिवेशन में पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव की घोषणा की थी?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) बॉम्बे (b) लाहौर
(c) मद्रास (d) कराची

Ans. (b) लाहौर

- वर्ष 1929 में लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने की थी।
- इस अधिवेशन में ही स्वराज (पूर्ण स्वतंत्रता) का प्रस्ताव पारित हुआ।

- इस अधिवेशन में ही 26 जनवरी, 1930 को प्रथम स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा हुई।
- 31 दिसंबर, 1929 की मध्य रात्रि को रावी नदी के तट पर कांग्रेस के अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय स्वतंत्रता का प्रतीक तिरंगा झंडा फहराया।

393. निम्नलिखित में से किसे 1938 में 1939 के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष के रूप में फिर से निर्वाचित किया गया था?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) पट्टाभि सीतारमैय्या
(b) सत्येंद्र प्रसन्ना सिन्हा
(c) लाल मोहन घोष
(d) सुभाष चंद्र बोस

Ans. (d) सुभाष चंद्र बोस

- सुभाष चंद्र बोस को हरिपुरा अधिवेशन (1938 ई.) और त्रिपुरी अधिवेशन (1939 ई.) मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।
- वर्ष 1939 में त्रिपुरी संकट के बाद कांग्रेस की अध्यक्षता से त्याग पत्र के पश्चात सुभाष चंद्र बोस ने 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की।
- सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे-दिल्ली चलो और जय हिंद।
- 'द इंडियन स्ट्रगल' सुभाष चंद्र बोस की आत्मकथा है।

394. गांधी-इरविन समझौते के परिणामस्वरूप गांधीजी ने ..... में भाग लिया था।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) पहले गोलमेज सम्मेलन
(b) खिलाफत आंदोलन
(c) भारत छोड़ो आंदोलन
(d) दूसरे गोलमेज सम्मेलन

Ans. (d) दूसरे गोलमेज सम्मेलन

- गांधी-इरविन समझौता 5 मार्च, 1931 को हुआ था।
- यह समझौता महात्मा गांधी और भारत के तत्कालीन वायसराय इरविन के मध्य हुआ था।
- इसे 'दिल्ली समझौता' के नाम से भी जाना जाता है।
- यह समझौता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और ब्रिटिश सरकार के बीच चल रहे संघर्ष को विराम लगाता है।
- इस समझौते के बाद सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था।
- यह समझौता लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन से पहले हुआ था।
- इस समझौते के बाद महात्मा गांधी दूसरे गोलमेज सम्मेलन (1931 ई.) में भाग लेने के लिए तैयार हुए थे।

395. 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने ऐतिहासिक ..... पर हस्ताक्षर किए थे।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) लाहौर समझौता (b) लखनऊ समझौता
(c) दिल्ली समझौता (d) सूरत समझौता

Ans. (b) लखनऊ समझौता

- लखनऊ समझौता, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के बीच हुआ था।
- यह समझौता आर.सी. मजुमदार की अध्यक्षता में दिसंबर 1916 ई. में लखनऊ में हुआ था।
- कांग्रेस ने 29 दिसंबर, 1916 ई. को और मुस्लिम लीग ने 31 दिसंबर, 1916 ई. को इस समझौते को अपनाया था।
- इस समझौते में दोनों दलों ने प्रांतीय विधानसभाओं में धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व देने पर सहमति जताई थी।
- इस समझौते को हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए आशा की किरण माना गया।

396. किस घटना के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड
(b) 1922 में चौरी-चौरा हत्याकांड
(c) 1925 में चौरी-चौरा हत्याकांड
(d) 1922 के जलियांवाला बाग हत्याकांड

Ans. (b) 1922 में चौरी-चौरा हत्याकांड

- चौरी-चौरा कांड 4 फरवरी, 1922 (कुछ स्रोतों में 5 फरवरी) को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के चौरी-चौरा नामक स्थान पर हुआ था।
- इस घटना में किसानों की एक बड़ी भीड़ ने एक पुलिस स्टेशन में आग लगा दी थी।
- इस घटना के बाद गाँधी जी ने भारतीय जनता से सभी प्रतिरोधों को खत्म करने की अपील की और 12 फरवरी, 1922 को असहयोग आंदोलन को बंद कर दिया।
- असहयोग आंदोलन की शुरुआत अंग्रेजों के खिलाफ विरोध के लिए की गई थी। इस आंदोलन में स्वदेशी चीजों का इस्तेमाल करना और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना शामिल था।

397. निम्नलिखित में से किस वर्ष में बारदोली में किसान आंदोलन हुआ था?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) 1918 (b) 1916
(c) 1934 (d) 1928

Ans. (d) 1928

- बारदोली सत्याग्रह 1928 को शुरू हुआ था।
- यह आंदोलन, गुजरात के बारदोली में किसानों द्वारा ब्रिटिश सरकार के खिलाफ टैक्स वृद्धि के खिलाफ किया गया था।
- इस आंदोलन का नेतृत्व सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था।
- इस आंदोलन में महिलाओं ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

398. निम्नलिखित में से कब गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसमें सरकार ने सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने पर सहमति व्यक्त की थी?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 1931 (b) 1928
(c) 1929 (d) 1930

Ans. (a) 1931

- गांधी-इरविन समझौता 5 मार्च, 1931 को महात्मा गांधी और वायसराय इरविन के बीच हुआ था।
- इस समझौते पर महात्मा गांधी और भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने हस्ताक्षर किए थे।
- यह समझौता लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन से पहले हुआ था।
- इसे 'दिल्ली पेक्ट' भी कहा जाता है।
- इस समझौते के तहत, गांधी जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित करने का आश्वासन दिया था।

399. 1913 में ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित मुस्लिम नेताओं में से कौन अखिल भारतीय मुस्लिम लीग में शामिल हुआ था?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) मोहम्मद अली जिन्ना
(b) मौलाना शौकत अली
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(d) हकीम अजमल खान

Ans. (a) मोहम्मद अली जिन्ना

- मोहम्मद अली जिन्ना 1913 ई. में मुस्लिम लीग में शामिल हुए थे।
- वर्ष मुस्लिम लीग के एक महत्त्वपूर्ण नेता थे।
- 1916 में लखनऊ अधिवेशन में वे मुस्लिम लीग के अध्यक्ष बने।

400. एनी बेसेंट ..... के प्रभाव में एक फैवियन समाजवादी थीं।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) जॉर्ज बर्नार्ड शॉ (b) सिगमंड फ्रॉयड
(c) आर्थर मिलर (d) चार्ल्स टर्नर

Ans. (a) जॉर्ज बर्नार्ड शॉ

- एनी बेसेंट तथा जॉर्ज बर्नार्ड शॉ दोनों ही प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे।

- एनी बेसेंट एक ब्रिटिश समाजवादी, थियोसोफिस्ट, महिला अधिकारों की समर्थक, लेखक, वक्ता, और भारतीय राष्ट्रवाद की प्रचारक थीं।
- एनी बेसेंट 1917 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं।
- एनी बेसेंट के एंग्लो-इंडियन साप्ताहिक कॉमनवील में भी जॉर्ज बर्नार्ड शॉ का योगदान रहा।

401. 1934 के बाद मुस्लिम लीग का मुख्य प्रवक्ता कौन बन गया?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) महात्मा गांधी
(b) मौलाना आजाद
(c) बादशाह खां
(d) मोहम्मद अली जिन्ना

Ans. (d) मोहम्मद अली जिन्ना

- मुहम्मद अली जिन्ना 1913 ई. में मुस्लिम लीग में शामिल हुए।
- मोहम्मद अली जिन्ना पाकिस्तान के पहले गवर्नर बने।

402. निम्नलिखित में से किसने भारत में नमक कानून तोड़ने के लिए पैदल यात्रा का नेतृत्व किया था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) लाला लाजपत राय
(b) सरोजिनी नायडू
(c) भगत सिंह
(d) महात्मा गांधी

Ans. (d) महात्मा गांधी

- नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी मार्च का नेतृत्व महात्मा गाँधी ने किया था।
- इस मार्च को नमक सत्याग्रह और दांडी सत्याग्रह के नाम से भी जाना जाता है।
- यह यात्रा 12 मार्च, 1930 को साबरमती आश्रम से शुरू होकर गुजरात के दांडी गाँव तक पूर्ण हुई थी।
- इस मार्च में गाँधीजी के साथ अठहत्तर स्वयंसेवक थे।
- गांधीजी के गिरफ्तार होने के बाद, अब्बास तैय्यबजी और सरोजिनी नायडू ने दांडी मार्च का नेतृत्व किया था।

403. इंग्लिश साप्ताहिक 'न्यू इंडिया' किसने शुरू किया था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) महात्मा गांधी
(b) बिपिनचंद्र पाल
(c) दादा भाई नौरोजी
(d) लाला लाजपत राय

Ans. (b) बिपिनचंद्र पाल

- अंग्रेजी साप्ताहिक 'न्यू इंडिया' की शुरुआत बिपिन चंद्र पाल ने की थी।
- एनी बेसेंट ने 'न्यू इंडिया' नाम का एक दैनिक अखबार भी शुरू किया था।
- बिपिन चंद्र पाल ने भारत के लोगों में देशभक्ति की भावना फैलाने के लिए न्यू इंडिया (साप्ताहिक) शुरू किया था।
- एनी बेसेंट ने कॉमनवील नाम का एक साप्ताहिक अखबार प्रकाशित किया था।

404. निम्नलिखित में से किसने गदर पार्टी की स्थापना की?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) वी.डी. सावरकर (b) भगत सिंह
(c) चंद्रशेखर आजाद (d) लाला हरदयाल

Ans. (d) लाला हरदयाल

- गदर पार्टी की स्थापना सोहन सिंह भाकना और लाला हरदयाल ने की थी।
- गदर पार्टी भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए भारतीयों द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक आंदोलन था।
- इसका गठन वर्ष 1913 में हुआ था।
- इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में था।
- गदर पार्टी का आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवासी भारतीयों द्वारा किया गया था।
- गदर पार्टी का पुराना नाम पेसिफिक कोस्ट हिंदुस्तान एसोसिएशन था।

405. वर्ष 1923 में किसके द्वारा स्वराज पार्टी की स्थापना की गई थी?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) अब्दुल गफ्फार खान और विठ्ठल भाई पटेल
(b) गाँधी जी और जवाहरलाल नेहरू
(c) सचिंद्र सान्याल और जोगेश चटर्जी
(d) मोतीलाल नेहरू और सी आर दास

Ans. (d) मोतीलाल नेहरू और सी आर दास

- स्वराज पार्टी का गठन 1 जनवरी, 1923 को सी. आर. दास और मोतीलाल नेहरू ने किया था।
- 1923 में इस पार्टी का नाम कांग्रेस-खिलाफत स्वराज पार्टी रखा गया।
- स्वराज पार्टी का गठन असहयोग आंदोलन की विफलता, भारत सरकार अधिनियम 1919 और 1923 ई. के चुनावों जैसी कई महत्त्वपूर्ण घटनाओं के बाद हुआ।

406. सर्वप्रथम किस भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम्' लोकप्रिय गीत बन गया?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) खिलाफत आंदोलन
(b) भारत छोड़ो आंदोलन
(c) असहयोग आंदोलन
(d) स्वदेशी आंदोलन

Ans. (d) स्वदेशी आंदोलन

- 'वंदे मातरम्' गीत, स्वदेशी आंदोलन के दौरान लोकप्रिय हुआ था।
- इस गीत को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखा था।
- स्वदेशी आंदोलन 1905 ई. में शुरू हुआ था।
- इस आंदोलन में विदेशी सामानों का बहिष्कार किया गया।

407. निम्नलिखित में से कौन 1946 में ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में भेजे गए भारत के राज्य सचिव और कैबिनेट मिशन के सदस्य थे?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) लॉर्ड इरविन
(b) जॉन साइमन
(c) लॉर्ड पेथिक-लॉरेंस
(d) स्टैफोर्ड क्रिप्स

Ans. (c) लॉर्ड पेथिक-लॉरेंस

- कैबिनेट मिशन 24 मार्च, 1946 को भारत पहुँचा।
- कैबिनेट मिशन के सदस्य: लॉर्ड पेथिक लॉरेंस (भारत के राज्य सचिव), सर स्टैफोर्ड क्रिप्स (व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष) और ए. वी. अलेक्जेंडर (प्रथम लॉर्ड ऑफ एडमिरैल्टी) थे।
- 1946 में क्लेमेंट एटली (यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री) ने भारत में एक कैबिनेट मिशन भेजा, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश सरकार के पास मौजूद शक्तियों को भारतीय सरकार को हस्तांतरित कराना था।

408. जब भारत स्वतंत्र हुआ उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?
(D.P. Const. 1 Nov. 2020)
(a) पुरुषोत्तम दास टंडन
(b) मौलाना आजाद
(c) जवाहर लाल नेहरू
(d) जे.बी. कृपलानी

Ans. (d) जे.बी. कृपलानी

- जे.बी. कृपलानी 1947 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे।
- जे. बी. कृपलानी के बाद वर्ष 1948 में पट्टाभि सीतारमैया कांग्रेस के अध्यक्ष बने।
- भारत राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 में बंबई में हुई थी।
- एलन ऑक्टेवियन ह्यूम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक थे।
- व्योमेश चंद्र बनर्जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष (1885 ई.) थे।
- बदरुद्दीन तैयब जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष (1887 ई.) थे।
- एनी बेसेंट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष (1917 ई.) थी।

✪ सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष (1925 ई.) थी।

409. मुस्लिम लीग ने ..... 1946 को 'सीधी कार्यवाही' के रूप में घोषित किया था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) 14 अगस्त (b) 13 अगस्त
(c) 16 अगस्त (d) 15 अगस्त

Ans. (c) 16 अगस्त

✪ मुस्लिम लीग ने 16 अगस्त, 1946 को प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस के रूप में घोषित किया था।
✪ उनका मुख्य उद्देश्य मुस्लिम बहुल जनसंख्या वाले एक अलग देश का दावा करना था।
✪ 'सीधी कार्यवाही दिवस' की शुरुआत मोहम्मद अली जिन्ना ने की थी।

410. निम्नलिखित में से किस वर्ष में मुस्लिम लीग ने भारतीय मुसलमानों के लिए एक अलग राष्ट्र पाकिस्तान की माँग की?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) 1932 में (b) 1943 में
(c) 1940 में (d) 1937 में

Ans. (c) 1940 में

✪ मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग 1940 ई. में लाहौर में की थी।
✪ इस दिन मुस्लिम लीग ने लाहौर में एक प्रस्ताव रखा था, जिसे बाद में 'पाकिस्तान प्रस्ताव' के नाम से जाना गया।
✪ इस प्रस्ताव को सिकंदर हयात खान ने तैयार किया था।
✪ इस प्रस्ताव में मुस्लिमों के लिए एक अलग भूमि की मांग की गई थी।
✪ इस प्रस्ताव की स्मृति में लाहौर में 'मीनार-ए-पाकिस्तान' नामक एक स्मारक बनाया गया है।

411. भारत छोड़ो आंदोलन का दूसरा नाम क्या था?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) अगस्त क्रांति
(b) असहयोग आंदोलन
(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (a) अगस्त क्रांति

✪ भारत छोड़ो आंदोलन को अगस्त क्रांति या अगस्त आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है।
✪ यह आंदोलन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान महात्मा गांधी द्वारा 8 अगस्त, 1942 को शुरू किया था।
✪ इस आंदोलन का उद्देश्य भारत से ब्रिटिश शासन को खत्म करना था।
✪ इस आंदोलन में महात्मा गाँधी ने लोगों को 'करो या मरो' का नारा दिया था।

412. किस वर्ष महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) 1925 (b) 1928
(c) 1930 (d) 1942

Ans. (c) 1930

✪ महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत 12 मार्च, 1930 को साबरमती आश्रम की थी।
✪ इस आंदोलन की शुरुआत दांडी मार्च के साथ हुई थी, यह आंदोलन ब्रिटिश नमक टैक्स के खिलाफ था।
✪ इस आंदोलन में महात्मा गाँधी ने 78 अनुयायियों के साथ दांडी तक यात्रा की थी।
✪ इस आंदोलन में सरोजिनी नायडू भी शामिल थी।
✪ अप्रैल, 1930 को गांधीजी ने दांडी में नमक कानून तोड़ा था।

413. सूर्यसेन अंग्रेजों के खिलाफ निम्नलिखित में से किस कट्टरपंथी गतिविधियों से जुड़े थे?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) काकोरी षडयंत्र
(b) चटगांव शस्त्रागार छापा
(c) मुजफ्फरपुर षडयंत्र केस
(d) दिल्ली षड़यंत्र केस

Ans. (b) चटगांव शस्त्रागार छापा

✪ चटगाँव शस्त्रागार छापा, (चटगाँव विद्रोह) सूर्यसेन के नेतृत्व में भारतीय क्रांतिकारियों द्वारा वर्ष 1930 में चटगाँव (बांग्लादेश) में ब्रिटिश शस्त्रागार से हथियार जब्त करने का एक क्रांतिकारी प्रयास था।
✪ यह गतिविधि आयरलैंड में ईस्टर विद्रोह और रूस में साम्यवाद से प्रेरित थी।

414. भारत में खिलाफत आंदोलन ..... शुरू हुआ था?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) जलियांवाला बाग नरसंहार का विरोध करने के लिए
(b) सांप्रदायिक निर्वाचन क्षेत्रों का विरोध करने के लिए
(c) तुर्की में इस्लामी खिलाफत की रक्षा के लिए
(d) प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध का विरोध करने के लिए

Ans. (c) तुर्की में इस्लामी खिलाफत की रक्षा के लिए

✪ प्रथम विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में, भारत में खिलाफत आंदोलन तुर्की में इस्लामी खिलाफत की रक्षा के लिए शुरू की गया था।
✪ अली बंधुओं, शौकत अली और मोहम्मद अली ने वर्ष 1919 में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ खिलाफत आंदोलन की शुरुआत की।

415. महात्मा गाँधी किसे अपना राजनीतिक गुरु मानते थे?
(a) गोपाल कृष्ण गोखले
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) महादेव गोविंद रानाडे
(d) बाल गंगाधर तिलक

Ans. (a) गोपाल कृष्ण गोखले

✪ महात्मा गाँधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे।
✪ गोपाल कृष्ण गोखले के राजनीतिक गुरु महात्मा गोविंद रानाडे थे।
✪ गोपाल कृष्ण गोखले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नरम दल से सम्बन्धित थे।
✪ गोपाल कृष्ण गोखले ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बनारस अधिवेशन (1905) की अध्यक्षता की थी।

416. 'बिस्मार्क ऑफ इंडिया' किसे कहा जाता है?
(a) पं. जवाहर लाल नेहरू
(b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(c) सरोजिनी नायडू
(d) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

Ans. (b) सरदार वल्लभ भाई पटेल

✪ 'बिस्मार्क ऑफ इंडिया' सरदार वल्लभ भाई पटेल को कहा जाता है।
✪ वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि बारदोली सत्याग्रह (1928) का नेतृत्व करने के दौरान वहाँ उपस्थित महिलाओं ने प्रदान की थी।
✪ सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री थे।
✪ पं. जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।
✪ सरोजिनी नायडू भारत के उत्तर प्रदेश राज्य की प्रथम महिला राज्यपाल थी। इनको **'द नाइटिंगेल ऑफ इंडिया'** के नाम से भी जाना जाता है।

417. 'दिल्ली चलो' नारा किसने दिया?
(a) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
(b) महात्मा गाँधी
(c) पं. जवाहरलाल नेहरू
(d) कर्जन

Ans. (a) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

✪ 'दिल्ली चलो' का नारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने दिया था।
✪ 5 जुलाई, 1943 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर के टाउन हॉल के समक्ष 'सुप्रीम

कमाण्डर' के रूप में अपनी सेना को सम्बोधित करते समय 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था।
- 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' तथा जय हिंद का नारा भी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने दिए थे।

418. इनमें से किसने सविनय अवज्ञा आंदोलन तमिलनाडु में आयोजित किया गया था?
(a) सी. राजगोपालाचारी
(b) मोतीलाल नेहरू
(c) एम.ए. चिदंबरम
(d) सरोजिनी नायडू

Ans. (a) सी. राजगोपालाचारी

- सी. राजगोपालाचारी द्वारा तमिलनाडु में सविनय अवज्ञा आंदोलन के जैसा एक आंदोलन शुरू किया गया था।
- सी. राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल थे।
- सी. राजगोपालाचारी को भारत रत्न वर्ष 1954 में मिला था।
- सी. राजगोपालाचारी भारत रत्न से सम्मानित होने वाले प्रथम तीन व्यक्तियों में से एक थे।

419. अखिल भारतीय किसान सभा के पहले अध्यक्ष कौन थे?
(a) पी. सी. जोशी
(b) जयप्रकाश नारायण
(c) आचार्य नरेंद्र देव
(d) स्वामी सहजानंद सरस्वती

Ans. (d) स्वामी सहजानंद सरस्वती

- अखिल भारतीय किसान सभा के पहले अध्यक्ष स्वामी सहजानंद सरस्वती थे। इसकी स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी। इसके प्रथम सचिव एन. जी. रंगा थे।

420. लिनलिथगो द्वारा अगस्त प्रस्ताव निम्न में से किस वर्ष में लाया गया?
(a) 1939 (b) 1940
(c) 1942 (d) 1946

Ans. (b) 1940

- लिनलिथगो द्वारा अगस्त प्रस्ताव वर्ष 1940 में लाया गया था। अगस्त प्रस्ताव की घोषणा 8 अगस्त, 1940 को हुई थी।
- क्रिप्स मिशन- मार्च 1942
- कैबिनेट मिशन- मार्च 1946

421. 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।' यह प्रसिद्ध कथन किसका है?
(a) सरदार भगत सिंह
(b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(c) बाल गंगाधर तिलक
(d) महात्मा गाँधी

Ans. (c) बाल गंगाधर तिलक

- **'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा'**- यह प्रसिद्ध कथन बाल गंगाधर तिलक का है।
- महात्मा गाँधी ने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान **'भारत छोड़ो'** का नारा दिया था।
- सरदार भगत सिंह ने **'इंकलाब जिंदाबाद'** का नारा दिया था।

422. अरूणा आसफ अली को कहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का ध्वज फहराने के लिए याद किया जाता है?
(a) स्वराज आंदोलन के दौरान
(b) असहयोग आंदोलन के दौरान
(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान
(d) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान

Ans. (d) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान

- अरुणा आसफ अली को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए याद किया जाता है।
- अरुणा आसफ अली को वर्ष 1992 में पद्म विभूषण तथा वर्ष 1997 में भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- असहयोग आंदोलन की शुरुआत 1 अगस्त, 1920 को हुई थी।
- सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1930 को हुई थी।
- भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत अगस्त 1942 ई. को हुई थी।

423. असहयोग आंदोलन कब शुरू किया गया था?
(a) 1920 (b) 1928
(c) 1931 (d) 1946

Ans. (a) 1920

- असहयोग आंदोलन वर्ष 1920 में शुरू किया गया था।
- असहयोग आंदोलन की शुरूआत महात्मा गाँधी के नेतृत्व में 1 अगस्त, 1920 ई. को हुई थी।
- असहयोग आंदोलन के शुरू होने के दिन 1 अगस्त, 1920 को ही लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की मृत्यु हो गई।
- वर्ष 1928 – नेहरू रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।
- वर्ष 1931 – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन की अध्यक्षता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने की थी।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मेरठ अधिवेशन की अध्यक्षता जे.बी. कृपलानी ने की थी।

2 भूगोल

1. कोरोमंडल का मैदान भारत की ..... दिशा में अवस्थित है।

(D.P. Const. 02 Dec 2020)

(a) पूर्वी (b) उत्तरी
(c) पश्चिमी (d) दक्षिणी

Ans. (d) दक्षिणी

- कोरोमंडल का मैदान, भारत के पूर्वी तटीय मैदान का एक भाग है।
- कोरोमंडल तट आंध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु में कृष्णा नदी से कन्याकुमारी के बीच स्थित है।
- कोरोमंडल का मैदान भारत के दक्षिणी हिस्से में अवस्थित है।
- मानसून निवर्तन के कारण कोरोमंडल तट पर सर्दियों में वर्षा होती है।
- उत्तरी-पूर्वी मानसून को 'अक्टूबर हीट' के रूप में भी जाना जाता है।
- कोरोमंडल का पुराना नाम चोलमंडलम् था।

2. भारत की मानक मध्याह्न रेखा कौन-सी है?

(a) 84°40' E (b) 81°30' E
(c) 83°30' E (d) 82°30' E

Ans. (d) 82°30′ E

- भारत की मानक रेखा 82° 30' पूर्वी देशांतर है, जो प्रयागराज के निकट नैनी नामक स्थान से गुजरती है।
- भारत का समय ग्रीनविच टाइम से 5 घंटे 30 मिनट आगे है।
- 82° 30' रेखा भारत के उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश से गुजरती है।
- दो देशांतरों के बीच की दूरी 111 किमी. होती है।

3. निम्नलिखित में से कौन-सी अंतर्राष्ट्रीय सीमा सबसे लंबी है?

(a) भारत-बांग्लादेश (b) भारत-पाक
(c) भारत-म्याँमार (d) भारत-चीन

Ans. (a) भारत-बांग्लादेश

- भारत से लगे देशों की सीमाओं में भारत-बांग्लादेश की सीमा सबसे अधिक (4,096 किलोमीटर) है।
- बांग्लादेश से भारत के 5 राज्यों (पश्चिम बंगाल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और असम) की सीमा लगती है।

सीमा	लम्बाई	राज्य
भारत-पाकिस्तान	3,323 किलोमीटर	जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, लद्दाख
भारत-म्याँमार	1,643 किलोमीटर	अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मिजोरम, मणिपुर
भारत-चीन	3,488 किलोमीटर	लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश

4. भारत के उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर तक, दूरी कितनी है?

(a) 2914 किमी. (b) 3214 किमी.
(c) 3785 किमी. (d) 4109 किमी.

Ans. (b) 3214 किमी.

- भारत के उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर तक की दूरी लगभग 3,214 किमी. है।
- भारत की पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक की दूरी लगभग 2,933 किमी. है।
- भारत की स्थलीय सीमा की लम्बाई लगभग 15,200 किमी. है।
- भारत देश की कुल तटीय सीमा, (द्वीपों सहित) लगभग 7516.6 किमी. है।
- भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. है, जोकि विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.4% है।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य ओडिशा के साथ सीमा साझा नहीं करता है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखंड
(c) बिहार (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (c) बिहार

- ओडिशा 4 राज्यों झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, छतीसगढ़ और आंध्र प्रदेश से सीमा साझा करता है।
- झारखण्ड 5 राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से सीमा साझा करता है।

6. पूर्व में भारत की सीमा किन देशों से लगती है?

(a) पाकिस्तान और अफगानिस्तान
(b) म्याँमार और बांग्लादेश
(c) भूटान और अफगानिस्तान
(d) चीन, नेपाल और भूटान

Ans. (b) म्याँमार और बांग्लादेश

- म्याँमार की सीमा 4 भारतीय राज्यों अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर और मिजोरम राज्यों को स्पर्श करती है।
- बांग्लादेश की सीमा 5 भारतीय राज्यों असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय तथा पश्चिम बंगाल को स्पर्श करती है।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य मध्य प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?

(a) गुजरात (b) ओडिशा
(c) उत्तर प्रदेश (d) राजस्थान

Ans. (b) ओडिशा

- मध्य प्रदेश से सीमा साझा करने वाले राज्य उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान हैं।
- मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा बाघ पाए जाते हैं, इसलिये इसे 'बाघ राज्य' भी कहा जाता है।
- भारत की सबसे बड़ी हीरे की खान पन्ना (मध्य प्रदेश) में स्थित है।

8. कर्क रेखा ..... के सिवाय निम्नलिखित सभी राज्यों से होकर गुजरती है।

(D.P. Const. 08 Dec 2020)

(a) गुजरात (b) मध्य प्रदेश
(c) हरियाणा (d) मिज़ोरम

Ans. (c) हरियाणा

- कर्क रेखा उत्तरी गोलार्द्ध में विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा से $23\frac{1}{2}$ डिग्री उत्तर की कोणीय दूरी पर स्थित है।
- भारत में कर्क रेखा कुल 8 राज्यों गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम से होकर गुजरती है।

9. भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य में बर्फ का अनुभव किया जा सकता है?

(a) उत्तराखंड (b) तमिलनाडु
(c) राजस्थान (d) गुजरात

Ans. (a) उत्तराखंड

- उत्तराखण्ड राज्य उत्तर भारत में स्थित है। इसकी राजधानी देहरादून है।

- इसकी स्थापना 9 नवम्बर, 2000 को हुई थीं। अन्य तीनों राज्य तमिलनाडु, गुजरात तथा राजस्थान में बर्फबारी नहीं होती है।

10. 'मैगीनॉट रेखा'..... के मध्य की सीमा रेखा है।
(a) भारत और चीन
(b) यू.एस. और कनाडा
(c) फ्रांस और जर्मनी
(d) यू.एस. और मेक्सिको

Ans. (c) फ्रांस और जर्मनी

- मैगीनॉट रेखा जर्मनी तथा फ्रांस के बीच की सीमा रेखा है। यह रेखा फ्रांस द्वारा खींची गई है।
- भारत व चीन के मध्य मैकमोहन रेखा है।
- अमेरिका व कनाडा के मध्य 49वीं समानांतर रेखा है।
- रेडक्लिफ रेखा- भारत और पाकिस्तान (अध्यारोपित सीमा)
- डूरंड रेखा- भारत और अफगानिस्तान (यह रेखा वर्तमान में पाक अधिकृत कश्मीर (POK) में स्थित है।)

11. भारत और चीन के बीच पूर्वी क्षेत्र की सीमा को आमतौर पर कहा जाता है-
(a) मैकमोहन लाइन (b) डूरंड लाइन
(c) रेडक्लिफ लाइन (d) 42वीं समांतर

Ans. (a) मैकमोहन लाइन

- भारत और चीन के मध्य स्थित सीमा रेखा को मैकमोहन रेखा कहा जाता है।
- इस रेखा का नाम सर हैनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया।
- यह रेखा लद्दाख से होकर गुजरती है।

12. निम्नलिखित में से कौन-सी मृदा की किस्म मैंग्रोव और डेल्टाई वनस्पति के विकास के लिए अनुकूल है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) काली मृदा
(b) लेटराइट मृदा
(c) मरू मृदा
(d) महीन कणों वाली मृदा और जलोढ़ मृदा

Ans. (d) महीन कणों वाली मृदा और जलोढ़ मृदा

- महीन कणों वाली मृदा और जलोढ़ मृदा मैंग्रोव और डेल्टाई वनस्पति के विकास के लिए उपर्युक्त होती है।
- ज्वारीय वनस्पतियों में सुंदरी के वृक्ष शामिल हैं जिसके नाम पर सुंदरवन और अन्य सदाबहार वनों (मैंग्रोव) का नाम रखा गया।
- ज्वारीय या सदाबहार (मैंग्रोव) वन तट के किनारे और डेल्टा के किनारों पर उगते हैं।
- कावेरी, कृष्णा, महानदी, गोदावरी और गंगा के उपजाऊ डेल्टा सदाबहार (मैंग्रोव) वनों से बने हैं।
- पश्चिम बंगाल राज्य में, इन वनों को 'सबसे बड़े डेल्टा के नाम पर सुंदरवन' के नाम से जाना जाता है।
- काली मिट्टी कपास की खेती के लिए बहुत उपर्युक्त होती है। इसे 'रेगुर मिट्टी' या 'काली कपासी मिट्टी' भी कहते हैं।

13. मिट्टी से सिलिका हटाने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) विसिलिकायन (b) लवणीभवन
(c) ध्रुवीकरण (d) निक्षालन

Ans. (a) विसिलिकायन

- मिट्टी से सिलिका हटाने की प्रक्रिया को सिलिका पृथक्करण भी कहते हैं।
- सिलिका क्वार्ट्ज निकालने के लिए प्लवन और एसिड लीचिंग जैसी प्रक्रियाओं का इस्तेमाल किया जाता है।
- जब मिट्टी अत्यधिक वर्षा या सिंचाई के कारण फसल की वृद्धि के लिए आवश्यक तत्व बहकर बाहर निकल जाते है, तो इस प्रक्रिया को निक्षालन कहा जाता है।

14. लैटेराइट मृदा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) लैटेराइट मृदाएँ उच्च तापमान और भारी वर्षा के क्षेत्रों में विकसित होती हैं।
(b) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में काजू जैसे वृक्षों वाली फसलों के लिए लाल लैटेराइट मृदाएँ अधिक उपर्युक्त हैं।
(c) इनमें सामान्यत: ह्यूमस काफी मात्रा में होती है।
(d) यह मृदा चाय और कॉफी उगाने के लिए बहुत उपयोगी है।

Ans. (c) इनमें सामान्यत: ह्यूमस काफी मात्रा में होती है।

- लैटराइट मृदा का विकास उन क्षेत्रों में होता है, जहाँ पर उच्च तापमान एवं भारी वर्षा होती है तथा इस मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा कम होती है।
- लैटेराइट मिट्टी भीगने पर कोमल और सूखने पर कठोर हो जाती है।
- इस मिट्टी में लोहे व एल्युमीनियम की मात्रा अधिक पाई जाती है।
- इस मिट्टी में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें रागी, काजू, चाय, कॉफी, रबर, सिनकोना आदि हैं।
- इस मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है।

15. भारत का संपूर्ण उत्तरी मैदान किससे बना है:
(a) काली मिट्टी (b) पीली मिट्टी
(c) शुष्क मिट्टी (d) जलोढ़ मिट्टी

Ans. (d) जलोढ़ मिट्टी

- भारत का उत्तरी मैदान एक समतल मैदान है तथा पश्चिम में सिंधु नदी से लेकर पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी तक फैला हुआ है।
- भारत के उत्तरी मैदान का निर्माण मुख्यत: सिंधु, गंगा एवं ब्रह्मपुत्र तथा इनकी सहायक नदियों द्वारा लाई गई जलोढ़ मिट्टी से हुआ है।
- काली मिट्टी का सर्वाधिक विकास महाराष्ट्र के दक्कन ट्रैप के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुआ है।
- शुष्क मिट्टी पश्चिमी राजस्थान, दक्षिणी पंजाब, पश्चिमी हरियाणा व उत्तरी गुजरात के शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है।

16. चिकनी मृदा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(D.P. Const. 07 Dec 2020)
(a) चिकनी मृदा के कणों के बीच बहुत कम खाली स्थान होता है।
(b) चिकनी मृदा को फुलर्स अर्थ भी कहा जाता है।
(c) चिकनी मृदा का उपयोग बर्तन और खिलौने बनाने के लिए किया जाता है।
(d) चिकनी मृदा अधिक समय तक जल धारण नहीं कर सकती।

Ans. (d) चिकनी मृदा अधिक समय तक जल धारण नहीं कर सकती।

- जिस मिट्टी में महीन कणों का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक होता है, चिकनी मिट्टी कहलाती है।
- इस मिट्टी के कणों के बीच छोटे अंतराल में जल संग्रहित हो सकता है।
- यह मिट्टी बहुत लम्बे समय तक जल धारण कर सकती है।

17. रैफलेसिया अर्नोल्डी किस बात के लिए प्रसिद्ध है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) यह पादप जगत का सबसे लंबा पौधा है।
(b) पादप जगत में इसकी सबसे बड़ी पत्तियाँ हैं।
(c) इसका तना (ट्रंक) सबसे मोटा होता है।
(d) पादप जगत में इसका सबसे बड़ा पुष्प है।

Ans. (d) पादप जगत में इसका सबसे बड़ा पुष्प है।

- रैफलेसिया अर्नोल्डी पादप जगत का सबसे बड़ा पुष्प है।
- यह फूल परजीवी होता है, रैफलेसिया में जड़ें, पत्तियाँ या तना नहीं होते हैं। यह मुख्य रूप से बेलों (vines) पर उगता है।

✪ रेफ्लेशिया फूल से सड़े मांस की दुर्गंध आती है, इसीलिए इसे कोर्पस (लाश) फ्लावर या मीट (मांस) फ्लावर भी कहा जाता है।

18. भारत का कौन-सा क्षेत्र अनोखे शोला वनों के लिए जाना जाता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) पूर्वी हिमालय (b) थार का रेगिस्तान
(c) दक्कन का पठार (d) पश्चिमी घाट

Ans. (d) पश्चिमी घाट

✪ शोला वन उष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन पश्चिमी घाट के दक्षिणी भाग में पाए जाते हैं।
✪ शोला और घास का मैदान मिलकर शोला-ग्रासलैंड काम्प्लेक्स या मोज़ेक बनाते हैं।
✪ पश्चिमी घाट, जिसे सह्याद्री पहाड़ियों के रूप में भी जाना जाता है।
✪ पूर्वी और पश्चिमी घाट, तमिलनाडु की नीलगिरि पहाड़ियों पर मिलते हैं. नीलगिरि पहाड़ियाँ, पश्चिमी घाट का हिस्सा हैं।

19. निम्नलिखित में से कौन-से पेड़ भारत के पर्णपाती वनों में पाए जाते हैं?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) सागौन (b) महोगनी
(c) देवदार (d) आबनूस

Ans. (a) सागौन

✪ भारत के पर्णपाती वनों में सागौन, साल, शीशम, महुआ, आंवला, कुसुम, चंदन आदि के वृक्ष पाए जाते हैं।
✪ पर्णपाती वन, उत्तर-पूर्वी राज्यों, हिमालय की तलहटी, पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलानों, और ओडिशा में पाए जाते हैं।

20. निम्नलिखित में से किस प्रकार के बायोम का 'उष्णकटिबंधीय सवाना' नामक उपप्रकार होता है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) घासस्थल (b) वन
(c) मरुस्थल (d) जलीय

Ans. (a) घासस्थल

✪ सवाना जिसे उष्णकटिबंधीय घास के मैदान के रूप में जाना जाता है।
✪ एक निश्चित शुष्क और गीला मौसम उष्णकटिबंधीय सवाना क्षेत्र की जलवायु है।
✪ सवाना घास के सबसे बड़े विस्तार अफ्रीका में है।
✪ ब्राजील में सवाना घास के मैदानों को कंपोस कहा जाता है।

21. भारत में किस प्रकार के वन के वृक्ष शुष्क ग्रीष्मकाल में लगभग छः से आठ सप्ताह तक अपनी पत्तियाँ गिराते हैं?
(a) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(b) पर्वतीय वन
(c) उष्णकटिबंधीय कंटीले वन तथा झाड़ियाँ
(d) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

Ans. (d) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

✪ उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वनों के वृक्ष शुष्क ग्रीष्मकाल में लगभग छः से आठ सप्ताह तक अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं।

वन	क्षेत्र	वर्षा
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन	सहयाद्रि, शिलांग पठार, अंडमान - निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप	200 सेमी. से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन	उत्तर-पूर्वी राज्यों के साथ-साथ हिमालय की तलहटी, ओडिशा, पश्चिमी घाट के पूर्वी ढ़लान	100-200 सेमी. के बीच वर्षा
कटीलें वन व झाड़ियाँ	गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश	70 सेमी. से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

22. भारत में ताड़, नारियल, केवड़ा, ऐंगार निम्नलिखित में से किस वन में सामान्यतः पाए जाने वाले वृक्ष हैं?
(a) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(b) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(c) मैंग्रोव वन
(d) पर्वतीय वन

Ans. (c) मैंग्रोव वन

✪ भारत में मैंग्रोव वन गंगा, गोदावरी तथा कृष्णा के डेल्टाई क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
✪ भारत में सबसे अधिक मैंग्रोव वनों का क्षेत्र पश्चिम बंगाल में पाया जाता है।
✪ मैंग्रोव वनों में ताड़, नारियल, केवड़ा, ऐंगार तथा कैजुरीना सामान्यतः पाए जाने वाले वृक्ष हैं।

23. भारत में सनोवर (सिल्वर फर), हपुषा (जुनिपर्स), देवदार (पाइन) और भोज वृक्ष (बर्च) निम्नलिखित में से किस वन के सामान्य पेड़ है?
(a) मैंग्रोव वन
(b) पर्वतीय वन
(c) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(d) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन

Ans. (b) पर्वतीय वन

✪ सनोवर (सिल्वर फर), हपुषा (जुनिपर्स), देवदार (पाइन) और भोज वृक्ष (बर्च) भारत में पाए जाने वाले पर्वतीय वनों के वृक्ष हैं।

वन	वृक्षों के प्रकार
मैंग्रोव वन	सुन्दरी, कैजुरीना, केवड़ा
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन	सागौन, शीशम, खैर, बाँस, महुआ, चंदन
उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन	महोगनी, आबनूस, रबर, सिनकोना

24. आर्द्र शीतोष्ण कटिबंधीय प्रकार के वन ..... मीटर की ऊँचाई के बीच पाए जाते हैं?
(a) 1500 और 3000
(b) 2000 और 3000
(c) 500 से 1000
(d) 1000 और 2000

Ans. (d) 1000 और 2000

✪ आर्द्र शीतोष्ण कटिबंधीय वन मुख्यतः जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड तथा उत्तरी बंगाल में पाए जाते हैं।
✪ ये वन 1000 से 2000 मीटर की ऊँचाई के बीच पाए जाते हैं।
✪ सदाबहार ओक (बांज) एंव चेस्टनट वृक्ष प्रमुख आर्द्र शीतोष्ण कटिबंधीय वन हैं।

25. साल, बबूल और बाँस जो शुष्क उष्णकटिबंधीय वन के प्रकार है में वार्षिक वर्षा की मात्रा कितनी है?
(a) 200 से 250 सेमी. के बीच
(b) 51 से 151 सेमी. तक
(c) 251 सेमी. या अधिक
(d) 25 सेमी. से कम

Ans. (b) 51 से 151 सेमी. तक

✪ साल और बाँस उच्च कटिबंधीय आर्द्र पणपाती वनस्पतियाँ हैं, जिनके लिए 100-200 सेमी. तक वर्षा की मात्रा आवश्यक है।
✪ वहीं, बबूल जोकि एक उष्णकटिबंधीय शुष्क कंटीली वनस्पति है, के लिए 70 सेमी. से कम की वर्षा आवश्यक है।

26. एबनी, महोगनी, और रोजवुड के पेड़ किस प्रकार के वन का हिस्सा हैं?
(a) उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती वन
(b) शीतोष्ण वन
(c) उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन
(d) एल्पाइन वनस्पति

Ans. (c) उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन

✪ उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वनों में 200 सेमी. से अधिक वर्षा होती है। इन वनों में पेड़ों की औसत ऊँचाई लगभग 60 मीटर होती है।

- इन वनों के महत्त्वपूर्ण वृक्ष-महोगनी, आबनूस, रबड़, सिनकोना, रोजवुड आदि हैं।
- भारत में इस प्रकार की वनस्पतियों का विकास पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढाल पर केरल, कर्नाटक, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों एवं अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में हुआ है।

27. भारत में फाइकस रिलीजिओसा को ..... वृक्ष के नाम से सामान्य तौर पर जाना जाता है।

(a) बबूल (b) साल
(c) नीम (d) पीपल

Ans. (d) पीपल

- पीपल का वानस्पतिक नाम **फाइकस रिलीजियोसा** है। यह पेड़ भारत, नेपाल श्रीलंका, चीन और इंडोनेशिया में पाया जाता है।
- बबूल या कीकर का वानस्पतिक नाम **आकास्या नीलोतिका** है।
- नीम का वानस्पतिक नाम **अजाडिरेक्टा इण्डिका** है।
- साल के पेड़ का वानस्पतिक नाम **शोरिया रोबस्टा** है।

28. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में वर्ष में सर्वाधिक वर्षा होती है?

(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) शिलांग (b) नागपुर
(c) चेन्नई (d) जोधपुर

Ans. (a) शिलांग

- भारत और दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश मेघालय के मौसिनराम गाँव में दर्ज की गई है। इसे 'बादलों की भूमि' भी कहा जाता है।
- मौसिनराम पूर्वोत्तर भारत में मेघालय राज्य की पूर्वी खासी पहाड़ियों में स्थित एक गाँव है।
- दूसरा सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान चेरापूंजी है, जो मेघालय में ही स्थित है।
- भारत में सबसे कम वर्षा प्राप्त करने वाला स्थान लेह है।

29. शीत ऋतु के दौरान भारत के उत्तर-पश्चिमी भागों में वर्षा होने में कौन-सा कारक योगदान देता है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) पश्चिमी विक्षोभ
(b) दक्षिण-पश्चिमी मानसून
(c) पूर्वोत्तर मानसून
(d) व्यापारिक पवनें

Ans. (a) पश्चिमी विक्षोभ

- पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवाती विक्षोभ है, जो भूमध्य सागर से आता है। यह छोटी जेट धारा द्वारा संचालित होता है।
- तमिलनाडु और केरल भारत के ऐसे राज्य हैं, जो सर्दियों की वर्षा प्राप्त करते हैं।
- रबी फसल की वृद्धि, जिसमें महत्वपूर्ण स्थानीय अनाज गेहूँ शामिल है, उत्तरी उपमहाद्वीप में पश्चिमी विक्षोभ पर निर्भर होती है।

30. मध्यमंडल (मेसोस्फीयर) की सीमा क्या है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) 50-80 किमी. (b) 50-100 किमी.
(c) 10-30 किमी. (d) 0-10 किमी.

Ans. (a) 50–80 किमी.

- मध्यमंडल का विस्तार सागर तल से 50 से 80 किलोमीटर ऊँचाई तक समताप मंडल के ठीक ऊपर पाया जाता है।
- क्षोभमंडल की औसत ऊँचाई 13 किलोमीटर है।
- समतापमंडल की धरातल से ऊँचाई 50 किलोमीटर है।
- मध्यमंडल की ऊपरी सीमा अर्थात 80 किलोमीटर की ऊँचाई पर तापमान लगभग-100 डिग्री सेल्सियस तक हो जाता है। इस न्यूनतम तापमान की सीमा को मेसोपॉज कहते हैं।

31. भारत में मानसून का अनुमानित आगमन कौन-से महीने में होता है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) फरवरी के आरंभ में
(b) अक्टूबर के आरंभ में
(c) जनवरी के आरंभ में
(d) जून के आरंभ में

Ans. (d) जून के आरंभ में

- भारत में मानसून लगभग जून की शुरुआत में आता है। मानसून की अवधि जून की शुरुआत से सितंबर के मध्य तक 100-120 दिनों के बीच होती है।
- मानसून की जलवायु का मूल कारण भूमि और समुद्र के गर्म होने और ठंडा होने की दर में अंतर है।
- केरल भारत का पहला राज्य है, जहाँ दक्षिण-पश्चिम मानसून से वर्षा होती है।
- भारत में 75% से अधिक वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से होती है।
- केरल पहला और पंजाब भारत में मानसून प्राप्त करने वाला अंतिम राज्य है।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा वह कारक नहीं है जिससे भारत में वर्षा होती है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) पर्वतीय (b) संवहन
(c) चक्रवात (d) प्रति-चक्रवात

Ans. (d) प्रति-चक्रवात

- उत्पत्ति के आधार पर वर्षा को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है:-
  (i) संवहनी वर्षा।
  (ii) भौगोलिक वर्षा या राहत वर्षा।
  (iii) चक्रवाती वर्षा या ललाट वर्षा।
- प्रतिचक्रवात का संबंध उच्चवायुदाब के केन्द्र से है।
- प्रतिचक्रवात में हवाएँ ऊपर से नीचे की ओर अवतलित होती हैं।
- मौसम साफ रहता है एवं आमतौर पर वर्षा की संभावना नहीं रहती।

33. किस मौसमी परिघटना को उच्च वायुमंडलीय दाब के मध्य क्षेत्र के आसपास बड़े पैमाने पर हवाओं के संचलन के रूप में परिभाषित किया जाता है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) बहिरुष्णकटिबंधीय चक्रवात
(b) उष्णकटिबंधीय चक्रवात
(c) प्रतिचक्रवात
(d) ध्रुवीय चक्रवात

Ans. (c) प्रतिचक्रवात

- प्रतिचक्रवात का संबंध उच्चवायुदाब के केन्द्र से है।
- प्रतिचक्रवात में हवाएँ ऊपर से नीचे की ओर अवतलित होती है।
- ध्रुवीय चक्रवात, जिन्हें आर्कटिक चक्रवात या ध्रुवीय भंवर भी कहा जाता है, कम दबाव के बहुत बड़े क्षेत्र हैं।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात बादलों और गरज के साथ चलने वाली एक घूमती हुई, संगठित प्रणाली है।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात उत्तरी गोलार्ध में वामावर्त घूमते हैं।

34. वायुमण्डल की कौन-सी परत मनुष्य के लिए उपर्युक्त और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) क्षोभमंडल (b) समतापमंडल
(c) बर्हिमंडल (d) मध्यमंडल

Ans. (a) क्षोभमंडल

- क्षोभमंडल की ध्रुवों पर ऊँचाई 8 किलोमीटर विषुवत रेखा पर लगभग 18 किलोमीटर तथा इसकी औसत ऊँचाई 13 किलोमीटर है।
- इस परत में लगभग सभी मौसम की घटनाएँ जैसे- बादल, वर्षा, कोहरा और ओलावृष्टि होती हैं।
- क्षोभमंडल में ऊँचाई बढ़ने के साथ-साथ तापमान में कमी होती है तथा प्रति 165 मीटर की ऊँचाई पर औसत 1 डिग्री सेल्सियस तापमान घटता है।

35. जलीय चक्र ..... से संबंधित है।
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) शैल (b) मृदा
(c) वायु (d) जल

Ans. (d) जल

- जलीय चक्र की तीन प्रमुख प्रक्रियाएँ हैं-
  1. वाष्पीकरण
  2. संघनन
  3. वर्षा
- अवक्षेपण = वाष्पीकरण + अपवाह, यह संबंध जलीय चक्र का प्रतिनिधित्व करता है।
- जलचक्र के अंतर्गत अवक्षेपण की अवस्था में संघनित जल भारी होकर वर्षा, ओलों या बर्फ के रूप में पृथ्वी पर बरसता है।

36. निम्नलिखित में से किस ऋतु में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी राज्यों में वर्षा होती है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) वसंत ऋतु (b) मानसून ऋतु
(c) ग्रीष्म ऋतु (d) शरद ऋतु

Ans. (d) शरद ऋतु

- पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर से उत्पन्न होकर भारत में आते हैं।
- यह शीत ऋतु के दौरान हरियाणा, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे-राज्यों में वर्षा का कारण बनता है।

37. समताप मंडल निम्नलिखित में से किस वायुमंडलीय परत के बीच स्थित है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) क्षोभसीमा और समतापसीमा
(b) समतापसीमा और मध्यसीमा
(c) मध्यमंडल और बाह्य वायुमंडल
(d) मध्यसीमा और बहिर्मंडल

Ans. (a) क्षोभसीमा और समतापसीमा

- समतापमंडल, क्षोभमंडल और मध्यमंडल के बीच की परत है।
- समतापमंडल का तापमान समान रहता है।
- समतापमंडल की निचली सीमा वायुयान उड़ाने के लिए आदर्श मानी जाती है।
- ओजोन मंडल 15 से 35 किलोमीटर तक विस्तृत है।
- ओजोन मंडल में ओजोन गैस की परत पाई जाती है, जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर लेती है, इसे पृथ्वी का सुरक्षा कवच कहते हैं।

38. वायुमंडल में गैसों के प्रतिशत का सही क्रम क्या है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) $N_2 > O_2 > Ar > CO_2$
(b) $N_2 > Ar > O_2 > CO_2$
(c) $O_2 > N_2 > Ar > CO_2$
(d) $N_2 > O_2 > CO_2 > Ar$

Ans. (a) $N_2 > O_2 > Ar > CO_2$

- वायुमंडल में गैसों का सही क्रम $N_2 > O_2 > Ar > CO_2$
- वायुमंडल में गैसों का प्रतिशत (लगभग)
  नाइट्रोजन- 78.08%
  ऑक्सीजन- 20.95%
  आर्गन- 0.93%
  कार्बन डाइऑक्साइड- 0.03%

39. सामान्यत: जब हम भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ते हैं तो वर्षा पर क्या प्रभाव होता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) वर्षा निरंतर बढ़ती जाती है।
(b) वर्षा दुगुनी हो जाती है।
(c) वर्षा निरन्तर घटती चली जाती है।
(d) वर्षा स्थिर बनी रहती है।

Ans. (c) वर्षा निरन्तर घटती चली जाती है।

- भूमध्य रेखा के आस-पास के क्षेत्रों में पूरे वर्ष बारिश होती रहती है।
- भूमध्य रेखा के आस-पास के क्षेत्रों में संवहनीय वर्षा होती है।
- यहाँ लगातार उच्च तापमान और उच्च आर्द्रता रहती है।
- भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें लंबवत पड़ती हैं।
- सूर्य की रोशनी बढ़ने से वाष्पीकरण और संघनन की दर बढ़ जाती है।
- ध्रुवों की ओर बढ़ने पर बारिश कम हो जाती है।

40. निम्नलिखित में से कौन-सी परत सजीवों के लिए महत्त्वपूर्ण है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) मध्यमंडल (b) क्षोभमंडल
(c) बहिर्मंडल (d) समतापमंडल

Ans. (b) क्षोभमंडल

- क्षोभमंडल वह स्थान है जहाँ बादल, बारिश और तूफान सहित सभी मौसमी घटनाएँ होती हैं।
- यह वायुमंडल की सबसे निचली परत है।
- इस मंडल की औसत ऊँचाई 13 किमी. है तथा इस परत की ऊँचाई ध्रुवों पर 8 किमी. और विषुवत रेखा पर 18 किमी. होती है।
- क्षोभमंडल की ऊँचाई बढ़ने के साथ-साथ तापमान में कमी होती जाती है। तथा प्रति 165 मी. की ऊँचाई पर औसत तापमान 1° सेल्सियस की कमी होती है।

41. भूमि पर गिरने वाले जल का कितना प्रतिशत भाग महासागरों के साथ-साथ अन्य स्थानों से वाष्पीकरण द्वारा वायुमंडल में लौटता है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) 49% (b) 29%
(c) 39% (d) 59%

Ans. (d) 59%

- धरातल पर गिरन वाले जल का लगभग 59% भाग महासागरों एवं अन्य स्थानों से वाष्पीकरण के द्वारा वायुमंडल में चला जाता है।
- पृथ्वी पर लगभग 3/4 भाग (71.% भाग) पर जलमंडल का विस्तार है।
- पृथ्वी पर उपस्थित कुल जल का 97.5% जल महासागर में है, जोकि लवणीय जल है।
- कुल जल का 2.5% भाग स्वच्छ तथा मीठा है।
- विश्व के कुल जल संसाधनों में भारत का अंश 4% है।

42. सूर्य पर काले धब्बों को क्या कहा जाता है:
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) सूर्य के धब्बे
(b) चंद्रमा के धब्बे
(c) पृथ्वी के धब्बे
(d) काले धब्बे

Ans. (a) सूर्य के धब्बे

- सूर्य पर दिखने वाले काले धब्बों को सनस्पॉट (Sunspot) कहते हैं। ये धब्बे सूर्य की सतह पर होते हैं और काले दिखाई देते हैं।
- सनस्पॉट, सूर्य के फोटोस्फियर क्षेत्र में होते हैं। फोटोस्फियर, सूर्य की दृश्यमान सतह है।
- सनस्पॉट, तीव्र चुंबकीय गतिविधि वाले क्षेत्रों में बनते हैं।
- सनस्पॉट से निकलने वाली ऊर्जा से सौर ज्वालाएँ और सौर हवाएँ बनती हैं।
- सनस्पॉट, पृथ्वी के मैग्नेटोस्फियर में भू-चुंबकीय तूफान पैदा कर सकते हैं।
- सनस्पॉट को एज स्पॉट या लिवर स्पॉट भी कहा जाता है।
- सनस्पॉट को सबसे पहले गैलीलियो ने देखा था।

43. भारत की जलवायु को, निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) अल्पाइन जलवायु
(b) मानसूनी
(c) आर्कटिक जलवायु
(d) टुंड्रा जलवायु

Ans. (b) मानसूनी

- भारत की जलवायु को उष्णकटिबंधीय मानसून के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- भारत के तटीय क्षेत्रों में रात और दिन के तापमान में सबसे कम अंतर होता है।
- भारत के पश्चिमी तट, पूर्वी तट, और दक्षिण भारतीय क्षेत्र पर समुद्रीय जलवायु का प्रभाव पड़ता है।

- उत्तरी भारत, उत्तर पश्चिमी भारत, और उत्तरी-पूर्वी भारत पर समुद्रीय जलवायु का प्रभाव कम होता है।

44. सही कथन का चयन कीजिए।
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) गंगा के मैदानी इलाकों की जलवायु वर्ष भर स्थिर रहती है।
(b) दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में ग्रीष्म और शीत ऋतु के बीच तापमान का अंतर काफी कम होता है।
(c) उत्तरी हिमालय क्षेत्र की जलवायु बहुत गर्म और आर्द्र होती है।
(d) थार के मरुस्थल में ग्रीष्म और शीत ऋतु के बीच तापमान का अंतर काफी कम होता है।

Ans. (b) दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में ग्रीष्म और शीत ऋतु के बीच तापमान का अंतर काफी कम होता है।

- वायुमंडल के सामान्य परिसंचरण में, गर्म हवा ऊपर उठती है और ठंडी हवा नीचे जाती है।
- पृथ्वी के घूमने की वजह से भी पवन प्रकोष्ठ बनते हैं।
- पृथ्वी के हर गोलार्द्ध में तीन पवन प्रकोष्ठ होते हैं।

45. भूमध्य रेखा के ऊपर क्षोभसीमा पर वायु का तापमान कितना होता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) −60°C (b) −50°C
(c) −70°C (d) −80°C

Ans. (d) −80°C

- भूमध्य रेखा के ऊपर क्षोभसीमा पर वायुमंडल का तापमान −80° होता है।
- जेट धारा, पूर्व की ओर बहने वाली तेज हवाएँ यहाँ पाई जाती हैं।
- क्षोभ मंडल 13 किमी. (भूमध्य रेखा के ऊपर 18 किमी. और ध्रुवों के ऊपर 8 किमी.) की औसत ऊँचाई के साथ वायुमंडल की सबसे निचली परत होती है।

46. भारत में ..... महीनों के दौरान उष्णकटिबंधीय चक्रवात की तीव्रता अधिक है।
(a) सितंबर और अक्टूबर
(b) अक्टूबर और नवंबर
(c) जुलाई और अगस्त
(d) जून और जुलाई

Ans. (b) अक्टूबर और नवंबर

- भारत में अक्टूबर और नवंबर महीनों के दौरान उष्णकटिबंधीय चक्रवात की तीव्रता अधिक होती है। भारत में उष्णकटिबंधीय चक्रवात बंगाल की खाड़ी से उठते हैं।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है। जापान, चीन आदि देशों में इन चक्रवातों को **'टाइफून'** कहते हैं।
- उत्तरी अटलांटिक महासागर और पूर्वी उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में इन चक्रवातों को **'हरिकेन'** कहा जाता है।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात भारत में अधिकतर मई माह में आते हैं। इनकी तीव्रता अक्टूबर और नवंबर में अधिक होती है।

47. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तरी अमेरिका में रेगिस्तान है?
(a) मोजावे रेगिस्तान
(b) ग्रेट विक्टोरिया डेजर्ट
(c) पेटागोनिया डेजर्ट
(d) अटाकामा रेगिस्तान

Ans. (a) मोजावे रेगिस्तान

- मोजावे रेगिस्तान उत्तरी अमेरिका में स्थित है।

मरुस्थल	देश
अटाकामा	चिली
ग्रेट विक्टोरिया	ऑस्ट्रेलिया
पेटागोनिया	अर्जेंटीना और चिली
गोबी	चीन और मंगोलिया
कालाहारी	नामीबिया, बोत्सवाना, दक्षिण अफ्रीका

48. निम्नलिखित देशों/महाद्वीपों में से सहारा रेगिस्तान कहाँ स्थित है?
(a) दक्षिण अमेरिका (b) उत्तरी अमेरिका
(c) चीन (d) उत्तरी अफ्रीका

Ans. (d) उत्तरी अफ्रीका

- सहारा मरुस्थल उत्तरी अफ्रीका महाद्वीप में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा मरुस्थल है।
- यह मरुस्थल मिस्र, चाड, अल्जीरिया, मोरक्को, माली, सूडान, लीबिया, नाइजर आदि देशो में फैला हुआ है।
- इस मरुस्थल के पूर्वोत्तर दिशा में हरमट्टन हवा चलती है, गिनी के तटीय क्षेत्रों में इसे डॉक्टर वायु के नाम से जाना जाता है।

49. उत्तरी भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग में कौन-सा स्थान लोकप्रिय रूप से शीत मरुस्थल घाटी के रूप में जाना जाता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) आलो घाटी (b) संगती घाटी
(c) पार्वती घाटी (d) स्पीति घाटी

Ans. (d) स्पीति घाटी

- स्पीति घाटी, हिमाचल प्रदेश के पूर्वोत्तरी हिस्से में स्थित है। यह ग्रेटर हिमालय पर्वतमाला के वर्षा छाया क्षेत्र में है।
- स्पीति घाटी, लाहौल और स्पीति जिले के अंतर्गत आती है यहाँ पर ताबो मठ स्थित है।
- स्पीति घाटी में स्पीति नदी बहती है।
- नुब्रा घाटी सियाचिन हिमनद से निकलने वाली नुब्रा नदी द्वारा निर्मित है।
- सांगला घाटी को बास्पा घाटी के नाम से जाना जाता है।

50. अराकान (Arakan) और शान (Shan), ... के मान्यता प्राप्त मानवजातीय समूह हैं।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) नेपाल (b) श्रीलंका
(c) भूटान (d) म्याँमार

Ans. (d) म्याँमार

- अराकान पर्वत, जिसे राखीन पर्वत के नाम से भी जाना जाता है, राखीन राज्य के तट और मध्य म्याँमार के बेसिन के बीच पश्चिमी म्याँमार में एक पर्वत शृंखला है, जिसमें इरावदी नदी बहती है।
- अराकान योमा भारत तथा म्याँमार की सीमा निर्धारित करने वाली एक पर्वत श्रेणी है।
- इसकी सर्वोच्च चोटी विक्टोरिया शिखर (10,018 फुट) है।
- यह पर्वत शृंखला असम, नागालैंड, मिजोरम और म्याँमार के माध्यम से चाप बनाती है।

51. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(A) भारतीय रेगिस्तान अरावली पर्वतमाला के पूर्वी छोर पर स्थित है। यह रेत के टीलों से ढका एक लहरदार रेतीला मैदान है।
(B) इस क्षेत्र में कम वनस्पति आवरण के साथ शुष्क जलवायु पाई जाती है और बरसात के मौसम में जलधाराएँ दिखाई देती हैं।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) केवल B सही है।
(b) A और B दोनों सही हैं।
(c) केवल A सही है।
(d) A और B दोनों गलत हैं।

Ans. (a) केवल B सही है।

- थार मरुस्थल उत्तर-पश्चिमी भारत के राजस्थान राज्य में और पूर्वी पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत में विस्तृत है।
- थार मरुस्थल बहुत कम वर्षा प्राप्त करता है, जो प्रतिवर्ष 150 मिलीमीटर से कम है।
- यह एक लहरदार रेतीला मैदान है, जिसमें अनुपजाऊ मिट्टी है।
- इस मरुस्थल की सबसे बड़ी नदी लूनी है।
- इस क्षेत्र में कैक्टस, नीम, खेजड़ी, अकेसिया नीलोटिका (एकेसिया निलॉटिका) जैसे जड़ी-बूटी के पौधे पाए जाते हैं।

52. पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी निम्नलिखित में से कौन-सी है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अनाईमुडी (b) डोडाबेट्टा
(c) महेंद्रगिरि (d) जावडी पहाड़ियाँ

Ans. (a) अनाईमुडी

- पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी अनाईमुडी है। यह केरल के इडुक्की जिले में स्थित है।
- अनईमुडी चोटी की ऊँचाई 2,695 मीटर है।
- पश्चिमी घाट एक पर्वत श्रृंखला है, जो भारतीय प्रायद्वीप के पश्चिमी तट के समानांतर फैली है।
- पश्चिमी घाट महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों तक फैला हुआ है।
- 2,637 मीटर की ऊँचाई पर नीलगिरि पर्वत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी डोड्डाबेट्टा है।
- महेंद्रगिरि (1,501 मीटर) पूर्वी घाट की सर्वोच्च चोटी है, जो ओडिशा राज्य के गजपति जिले के रायगढ़ उपखंड में स्थित है।

53. शिवालिक पर्वतमाला, निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वतमाला का भाग है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) पूर्वी घाट (b) पश्चिमी घाट
(c) अरावली (d) हिमालय

Ans. (d) हिमालय

- शिवालिक पर्वत, हिमालय की बाहरी पर्वतमाला है। इसे बाहरी हिमालय भी कहा जाता है।
- यह भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी भाग में फैली हुई है। शिवालिक हिमालय की सबसे नवीन पर्वत श्रृंखला है।
- शिवालिक का विस्तार पाकिस्तान के पोटवार बेसिन से लेकर असम के दिहांग तक है।
- शिवालिक और लघु हिमालय के बीच समतल संरचनात्मक घाटियाँ है, जिन्हें पश्चिम में 'दून' तथा पूर्व में 'द्वार' कहते है। जैसे- देहरादून, हरिद्वार।
- शिवालिक पर्वत, सिंधु नदी से लेकर ब्रह्मपुत्र नदी तक फैला हुआ है।
- शिवालिक पर्वत के शिखरों की औसत ऊँचाई 900 से 1200 मीटर है।

54. घाटी के विपरीत किनारों पर समतल होने वाली वेदिकाओं को, ... वेदिकाओं के रूप में संदर्भित किया जाता है।
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) क्षैतिज (b) सममित
(c) युग्मित (d) त्रिभुजीय

Ans. (c) युग्मित

- जब कभी प्रौढ़ावस्था की नदी का पुनरूत्थान हो जाता है तो वह अपनी घाटी को पुन: गहरा काटने का कार्य करने लगती है। ऐसी दशा में पूर्व निर्मित बाढ़ के मैदान नदी के तल से बहुत ऊँचे हो जाते हैं जिससे नदी घाटी के दोनों ओर वे चौड़ी एवं ऊँची वेदिकाओं के समान प्रतीत होने लगते हैं।
- नदी वेदिकाएँ मुख्यत: अपरदित स्थलरूप है, जो नदी द्वारा निक्षेपित बाढ़ मैदानों के लंबवत अपरदन से निर्मित होते है।

55. मेघालय की गारो पहाड़ियों में किस स्थान पर एक दिन में राजस्थान के जैसलमेर में 10 वर्षों की वर्षा के बराबर वर्षा हो सकती है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) बाघमारा (b) तुरा
(c) चेरापूंजी (d) अमिंडा

Ans. (b) तुरा

- मेघालय की गारो पहाड़ियों में स्थित तुरा में एक दिन में इतनी बारिश हो सकती हैं, जो राजस्थान के जैसलमेर में 10 सालों में होती है।
- मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित मौसिनराम में सालाना औसतन 11,872 मिलीमीटर बारिश होती है।
- मौसिनराम को बादलों की भूमि भी कहा जाता है।
- मेघालय की खासी पहाड़ियों में चेरापूंजी भी एक प्रसिद्ध आर्द्र स्थान है।
- भारत में सबसे कम वर्षा वाला स्थान लेह है।

56. भारत के पूर्वी घाट की औसत ऊँचाई कितनी है?
(a) 600 मीटर (b) 200 मीटर
(c) 400 मीटर (d) 900 मीटर

Ans. (a) 600 मीटर

- पूर्वी घाट ओडिशा से लेकर तमिलनाडु तक फैला हुआ है।
- पूर्वी घाट की चौड़ाई उत्तर में 200 किमी. तथा दक्षिण में 100 किमी. है।
- पूर्वी घाट में कृष्णा, कावेरी, गोदावरी और महानदी आदि नदियाँ बहती हैं।
- पूर्वी घाट की प्रमुख पहाड़ियाँ जवादी, पल्कोंडा, नाल्लामाला, शिवराय, मालिया पहाड़ियाँ, वेलीकोंडा आदि हैं।

57. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत शिखर काराकोरम रेंज में स्थित है?
(a) त्रिशूल (b) K2
(c) कामेट (d) नंदा देवी

Ans. (b) K2

- K2 या माउंट गॉडविन ऑस्टेन (8,611 मीटर) दुनिया की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है।
- काराकोरम पर्वतश्रृंखला भारत, पाकिस्तान तथा चीन देश की सीमाओं तक फैली हुई है।
- नंदादेवी (7,817 मी.) तथा त्रिशूल (7,120 मी.) चोटियाँ उत्तराखंड की प्रमुख चोटियाँ हैं।
- कामेट पर्वत शिखर उत्तराखण्ड के चमोली जिले में है, इसकी ऊँचाई 7,756 मी. है।

58. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत चाय और कॉफी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?
(a) हिमालय (b) नीलगिरि
(c) अरावली (d) विध्यांचल

Ans. (b) नीलगिरि

- नीलगिरि पर्वत भारत के पश्चिम घाट की एक पर्वतमाला है, यह तमिलनाडु का एक प्रमुख स्थल है।
- नीलगिरि पर्वत चाय, कॉफी तथा नीलगिरि तेल के लिए जाना जाता है।
- नीलगिरि पर्वत में कई पर्वतीय स्थल हैं, जिनमें ऊटी, मुदुमलाई तथा कून्नूर आदि शामिल हैं।

59. विशाल भारतीय मरुस्थल/थार मरुस्थल निम्नलिखित में से किस पर्वत श्रृंखला के पश्चिमी किनारे पर स्थित है?
(a) सतपुड़ा पर्वतमाला
(b) अरावली पर्वतमाला
(c) विंध्य पर्वतमाला
(d) पूर्वी घाट

Ans. (b) अरावली पर्वतमाला

- अरावली पर्वतमाला विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक है।
- लूनी एवं साबरमती जैसी प्रमुख नदियाँ अरावली पर्वत से निकलती हैं।
- अरावली पर्वतमाला दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा, राजस्थान और गुजरात तक फैली हुई है। अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी गुरू शिखर है जो 1,722 मी. ऊँची है।

60. हिमालय की सबसे बाहरी श्रृंखला को.....कहा जाता है।
(a) कंचनजंगा (b) धौलाधार
(c) शिवालिक (d) पीर पंजाल

Ans. (c) शिवालिक

- शिवालिक पहाड़ी श्रृंखला हिमालय की एक उपश्रृंखला है जो भारत, नेपाल तथा भूटान में स्थित है।
- शिवालिक पर्वत श्रृंखला हिमालय की सबसे दक्षिणी पर्वत श्रृंखला है, जो 2,400 किमी. लम्बी तथा 5 से 100 किमी. चौड़ी है।
- शिवालिक पर्वत श्रृंखला की औसत ऊँचाई 900-1200 मी. है।

61. धिनोधर पहाड़ियाँ किस भारतीय राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?
(a) महाराष्ट्र
(b) गुजरात

(c) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(d) पश्चिम बंगाल

Ans. (b) गुजरात

- धिनोधर की पहाड़ियाँ गुजरात के कच्छ जिले में स्थित है।
- इन पहाड़ियों पर एक तीर्थ स्थल है, जिसे धिनोधर मन्दिर के नाम से जाना जाता है।

राज्य	पर्वत/पहाड़ियाँ
महाराष्ट्र	बालाघाट, हरिश्चन्द्र, सतमाला, कलसुबाई
अंडमान एंव निकोबार द्वीप समूह	मांउट डियावोलो, सैडल पीक (उत्तरी अंडमान), माउंट थुईल्लर (ग्रेट निकोबार)
पश्चिम बंगाल	संदक्फू चोटी (दार्जिलिंग)

62. निम्नलिखित में से कौन-सा शिखर झारखंड का सबसे ऊँचा शिखर है?
(a) गिरनार (b) अनामुडी
(c) कांग्टो (d) पारसनाथ

Ans. (d) पारसनाथ

- पारसनाथ पहाड़ी झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित पहाड़ियों की एक शृंखला है। 'पारसनाथ' इस पर्वत शृंखला का सबसे ऊचाँ शिखर है।
- पारसनाथ पहाड़ी की ऊँचाई लगभग 1,365 मीटर है।
- पारसनाथ पहाड़ी का नाम जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के नाम पर पड़ा है।
- पारसनाथ पहाड़ी जैनों के महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थलों में से एक है। जैन समुदाय के लोग इसे 'सम्मेद शिखर' कहते हैं।

पहाड़ी	स्थान
गिरनार	जूनागढ़ (गुजरात)
अनाइमुडी	इडुक्की (केरल)

63. विश्व का सबसे ऊँचा पठार कौन-सा है?
(a) पूर्वी अफ्रीकी पठार
(b) तिब्बत का पठार
(c) पश्चिमी पठार
(d) दक्कन का पठार

Ans. (b) तिब्बत का पठार

- तिब्बत का पठार, विश्व का सबसे ऊँचा पठार है।

पूर्वी अफ्रीकी पठार	यह अफ्रीका का सबसे बड़ा पठार है। यह युगांडा, तंजानिया तथा केन्या में विस्तृत है।
दक्कन का पठार	इस पठार का विस्तार भारत के 8 राज्यों- तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र कर्नाटक, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में है।

64. कौन-सा दर्रा कुल्लू घाटी को भारत के हिमालय प्रदेश के लाहौल और स्पीति घाटियों से जोड़ता है?
(a) थमारस्सरी दर्रा (b) रोहतांग दर्रा
(c) बनिहाल दर्रा (d) लिपुलेख दर्रा

Ans. (b) रोहतांग दर्रा

- 'रोहतांग दर्रा' हिमाचल प्रदेश की पीरपंजाल श्रेणी में स्थित है।
- इस दर्रे से लेह-मनाली हाइवे गुजरता है।

बनिहाल दर्रा	पीरपंजाल श्रेणी (जम्मू-कश्मीर)	जम्मू को श्रीनगर से जोड़ता है।
लिपुलेख दर्रा	भारत व तिब्बत (चीन) सीमा पर	उत्तराखंड के कुमाऊँ क्षेत्र को तिब्बत से जोड़ता है।

65. भारत का पूर्वी तट कहाँ स्थित है?
(a) दीव और केरल के बीच
(b) महाराष्ट्र और केरल के बीच
(c) खंभात की खाड़ी और कन्याकुमारी के बीच
(d) पूर्वी घाट और बंगाल की खाड़ी के बीच

Ans. (d) पूर्वी घाट और बंगाल की खाड़ी के बीच

- भारत का पूर्वी तट, पूर्वी घाट और बंगाल की खाड़ी के बीच स्थित है।
- पूर्वी घाट ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु तक फैला हुआ है।
- महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी नदियों का मुहाना बंगाल की खाड़ी में ही स्थित है।

66. अफ्रीका में स्थित किलिमंजारो (Kilimanjaro) ..... का नाम है।
(a) सबसे लंबी नदी
(b) सबसे बड़े घास के मैदान
(c) सबसे घने जंगल
(d) ज्वालामुखी पर्वत

Ans. (d) ज्वालामुखी पर्वत

- माउंट किलिमंजारो अफ्रीका महाद्वीप के तंजानिया देश में स्थित एक ज्वालामुखी पर्वत है।
- इसकी ऊँचाई लगभग 5,895 मीटर है।
- इस पर्वत पर तीन ज्वालामुखी है। किबो, शिरा, और मांवेजी इन तीनों ज्वालामुखी शंकुओं में से किबो ज्वालामुखी सबसे ऊँचा ज्वालामुखी है। किलिमंजारो अफ्रीका का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है।

67. भारतीय नदी तंत्रों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) गोदावरी नदी, हरियाणा राज्य से होकर बहती है।
(b) महानदी नदी केवल छत्तीसगढ़ राज्य से होकर बहती है।
(c) यमुना नदी, गंगा नदी की सहायक नदी है।
(d) सोन नदी का उद्गम पंजाब से होता है।

Ans. (c) यमुना नदी, गंगा नदी की सहायक नदी है।

- गंगा नदी का उद्गम स्थल उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री ग्लेशियर है।
- गंगा नदी की कुल लंबाई 2,525 किलोमीटर है।
- गंगा नदी की सहायक किमी. रामगंगा, गोमती, घाघरा, गंडक ,कोसी और महानंदा है।
- गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी यमुना नदी (1,376 किलोमीटर)है।
- सोन नदी गंगा नदी की प्रमुख दक्षिणी सहायक नदियों में से एक है।
- सोन नदी का उद्गम स्थल मध्य प्रदेश के अमरकंटक के पास है।
- गोदावरी नदी का उद्गम महाराष्ट्र के नासिक जिले की त्र्यंबकेश्वर पहाड़ी से है। यह प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी (1,465 किलोमीटर) है। इस नदी को दक्षिणी गंगा कहते हैं।

68. कटखल, जिरी, चिरी, मोधुरा, लोंगई, सोनाई, रुकनी और सिंगला किस नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) घाघरा (b) बराक
(c) चंबल (d) दामोदर

Ans. (b) बराक

- बराक नदी नागालैंड ,मणिपुर, असम और बांग्लादेश से होकर बहती है।
- जिरी, मधुरा, सोनाई, कटखल, लोगई तथा सिंगला इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।
- तिपाईमुख बांध मणिपुर में बराक नदी पर प्रस्तावित भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादित मुद्दा है।
- दामोदर नदी का उद्गम झारखंड के छोटा नागपुर के पठार से होता है। इस नदी को 'बंगाल का शोक' कहा जाता है।
- चंबल नदी का उद्गम जनापाव पहाड़ी (मालवा का पठार, इंदौर मध्य प्रदेश) के निकट से होता है।
- चंबल नदी उत्खातभूमि बीहड़ के लिए प्रसिद्ध है।

69. मक्कू, तुइवई, सोनाई और रुक्नी किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) साबरमती (b) तापी
(c) बराक (d) पेन्नार

Ans. (c) बराक

- मेघना की मुख्यधारा बराक नदी का उद्भव मणिपुर की पहाड़ियों में होता है।
- बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र में तीस्ता आदि नदियाँ मिलकर अंत में गंगा में मिल जाती हैं।
- इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ मक्कू, तुईवई, जीरी, सोनाई, रुकनी, कटखल आदि हैं।
- पेन्नार नदी कर्नाटक के नंदी पर्वतमाला की चेन्ना केशव पहाड़ियों से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले लगभग 597 किलोमीटर तक बहती है।
- इस नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ जयमंगल, कुंदर, सागिलेरु, चित्रावती, पापाग्नि और चेयेरु आदि हैं।

70. तुंगभद्रा, कोयना और भीमा, किस प्रायद्वीपीय नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) कृष्णा (b) कावेरी
(c) गोदावरी (d) नर्मदा

Ans. (a) कृष्णा

- कृष्णा नदी का उद्गम महाबलेश्वर की पहाड़ियों से होता है, इसकी कुल लंबाई लगभग 1,400 किलोमीटर है।
- यह प्रायद्वीपीय भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी है।
- कृष्णा में शामिल होने वाली प्रमुख सहायक नदियाँ घाटप्रभा, मालप्रभा, भीमा, तुंगभद्रा, कोयना और मूसी हैं।
- कावेरी नदी को उद्गम कर्नाटक के ब्रह्मगिरि पहाड़ी से होता है इस नदी की कुल लंबाई लगभग 800 किलोमीटर है।
- कावेरी नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहते हैं।
- कावेरी नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हेमावती, भवानी, लोकापावनी, सिमसा अर्कावती आदि हैं।

71. यमुना नदी का उद्गम निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से होता है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) उत्तर प्रदेश
(b) उत्तराखंड
(c) जम्मू और कश्मीर
(d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (b) उत्तराखंड

- यमुना नदी का उद्गम उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री ग्लेशियर से होता है। यह ग्लेशियर, बंदरपूछ चोटी के दक्षिण-पश्चिमी ढलानों पर स्थित है।
- यमुना नदी प्रयागराज में गंगा में मिलती है।
- इस नदी की लंबाई लगभग 1,376 किलोमीटर है।
- यमुना नदी की सहायक नदियाँ चंबल, सिंध, बेतवा,केन आदि हैं।
- हिमालयी प्रदेश में टोंस यमुना की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

72. किस नहर की हेड रेगुलेटर क्षमता 1,133 क्यूमेक (40,000 क्यूसेक) और लंबाई 532 किमी. है जिसके लिए इसे दुनिया की सबसे बड़ी आच्छादित सिंचाई नहर माना जाता है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) त्रिवेंद्रम-शोरानूर नहर
(b) कंबरजुआ नहर
(c) कलिंगारायण नहर
(d) नर्मदा मुख्य नहर

Ans. (d) नर्मदा मुख्य नहर

- नर्मदा नहर परियोजना गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, तथा मध्य प्रदेश के बीच है।
- इस परियोजना को मारवाड़ की भागीरथी के नाम से भी जाना जाता है।
- यह पूर्ण रूप से स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति पर आधारित है।
- नर्मदा नहर परियोजना से लाभान्वित राजस्थान के जिले जालौर तथा बाड़मेर हैं।
- नर्मदा नहर परियोजना की कुल लंबाई 532 किमी. है।
- नर्मदा नदी का उद्गम मैकाल पर्वत श्रेणी के अमरकंटक पहाड़ी मध्य प्रदेश से होता है, इसकी लंबाई 1,312 किलोमीटर है।
- नर्मदा नदी पर धुआँधार जलप्रपात बना है।

73. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रायद्वीपीय नदी पश्चिम की ओर बहती है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) गोदावरी (b) कृष्णा
(c) कावेरी (d) नर्मदा

Ans. (d) नर्मदा

- नर्मदा और तापी, प्रायद्वीपीय भारत की पश्चिम की ओर बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं।
- नर्मदा नदी की सहायक किमी. तवा, शक्कर, हिरन, गंजाल आदि हैं।
- नर्मदा नदी में जबलपुर के भेड़ाघाट में धुआँधार जलप्रपात स्थित है।
- नर्मदा नदी खम्बात की खाड़ी में गिरती है, यह नदी विंध्याचल और सतपुड़ा के मध्य भ्रंश घाटी में बहती हैं और यह ज्वारनदमुख का निर्माण करती हैं।
- कावेरी नदी का उद्गम कर्नाटक के ब्रह्मगिरि पहाड़ी से होता है, इसकी लंबाई लगभग 800 किलोमीटर है, इस नदी पर शिवसमुद्रम जलप्रपात स्थित है।

74. किस नदी बेसिन का जलग्रहण क्षेत्र 5,179 km^2 है, जो कर्नाटक के बेलगाम जिले से निकलती है और कारवार खाड़ी में गिरती है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) भारतपुझा (b) काली नदी
(c) पालार (d) ब्राह्मणी

Ans. (b) काली नदी

- काली नदी भारत के कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जिले के गाँव कुशावली के पास से निकलती है।
- भरतपुझा नदी को नीला नदी या पोन्नानी नदी के नाम से भी जाना जाता है।
- पलार दक्षिण भारत की एक नदी है, जिसका उद्गम कर्नाटक राज्य में नंदी पहाड़ियों से होता है।

75. उत्तरी मैदानों का पश्चिमी भाग निम्नलिखित में से किस नदी प्रणाली द्वारा निर्मित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) महानदी और उसकी सहायक नदियों
(b) सिंधु और उसकी सहायक नदियों
(c) ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों
(d) गंगा और उसकी सहायक नदियों

Ans. (b) सिंधु और उसकी सहायक नदियों

- सिंधु नदी की कुल लम्बाई 2,880 किमी. है तथा इस नदी का 1,114 किमी. भारत में प्रवाहित होता है।
- सिंधु नदी की सहायक नदियाँ- झेलम, चिनाब, व्यास, सतलज, जांस्कर, श्योक, गिलगित, आदि
- सिंधु की सबसे बड़ी सहायक नदी चिनाब है।

76. चंद्रताल, रेणुका और पोंग बांध किस राज्य के तीन रामसर आर्द्रभूमि स्थल हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) असम (b) हिमाचल प्रदेश
(c) गुजरात (d) कर्नाटक

Ans. (b) हिमाचल प्रदेश

- रेणुका वेटलैंड, हिमाचल प्रदेश का एक रामसर आर्द्रभूमि स्थल है। यह भारत का सबसे छोटा रामसर स्थल है।
- चंद्रताल झील, हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में है. यह झील, लाहौल और स्पीति घाटियों की सीमा पर स्थित है।
- पोंग बांध हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की शिवालिक पहाड़ियों में ब्यास नदी पर स्थित है, जिसे महाराणा प्रताप सागर नाम दिया गया है।

77. तिलैया बांध, भारत के किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) झारखण्ड (d) राजस्थान

Ans. (c) झारखण्ड

- तिलैया बांध, झारखंड के कोडरमा जिले में स्थित है।
- यह बांध बराकर नदी पर बना है. बराकर नदी, दामोदर नदी की सहायक नदी है।
- हीराकुंड और टिकरापारा बांध महानदी पर बनाया गया है।
- टिहरी बांध उत्तराखंड में भगीरथी और भीलांगना नदियों के संगम पर स्थित है।

78. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी भारत में सर्वाधिक राज्यों से होकर गुजरती है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) दामोदर (b) महानदी
(c) गंगा (d) सिंधु

Ans. (c) गंगा

- गंगा नदी भारत के 5 राज्यों से होकर गुजरती है। ये 5 राज्य निम्न है:-
  उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल।
- गंगा नदी का उद्गम भागीरथी और अलकनंदा के मिलने से होता है।
- जिसका मुख्य स्रोत गंगोत्री हिमनद है।
- गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी यमुना नदी है।
- गंगा नदी की लंबाई 2,525 किलोमीटर है।
- गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी सुंदरवन के डेल्टा का निर्माण करती हैं, जो विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा है।

79. तीस्ता निम्न बांध (Teesta Low Dam) निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) बिहार (b) सिक्किम
(c) त्रिपुरा (d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. (b) सिक्किम

- तीस्ता नदी, सिक्किम के चुनथांग के पास हिमालय से (त्या ल्हामो झील) निकलती है।
- यह नदी भारत के सिक्किम एवं पश्चिम बंगाल राज्य तथा बांग्लादेश से होकर प्रवाहित होती है।
- तीस्ता नदी, ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी है।
- तीस्ता नदी विवाद, भारत और बांग्लादेश के बीच है। यह विवाद तीस्ता नदी के पानी के बंटवारे को लेकर है।
- रंगीत नदी, तीस्ता की प्रमुख सहायक नदी है, जो त्रिवेणी नामक स्थान पर तीस्ता में मिलती है।

80. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मध्य प्रदेश में 'धुआँधार जलप्रपात' बनाती है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) नर्मदा (b) गोदावरी
(c) तापी (d) महानदी

Ans. (a) नर्मदा

- धुआँधार जलप्रपात नर्मदा नदी द्वारा निर्मित है।
- नर्मदा नदी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से होकर बहती है।
- धुआँधार जलप्रपात मध्य प्रदेश राज्य में जबलपुर के पास स्थित हैं।
- भारत का सबसे ऊँचा जलप्रताप कुंचिकल (455 मी.) है, यह कर्नाटक के शिमोगा जिलें में वराही नदी पर स्थित है।

81. इंदिरा सागर बहुउद्देशीय परियोजना किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
(c) हिमाचल प्रदेश (d) तमिलनाडु

Ans. (a) मध्य प्रदेश

- इंदिरा सागर बहुउद्देशीय परियोजना, मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में नर्मदा नदी पर बनी है।
- इस बांध की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1984 को रखी थी।
- यह बांध 654 मी. लम्बा और 91.4 मी. ऊँचा गुरुत्व बांध है।

82. तेरेखोल, चापोरा, मापुसा, साल, जुवारी आदि किस राज्य की प्रमुख नदियाँ हैं?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) गुजरात (b) तेलंगाना
(c) छत्तीसगढ (d) गोवा

Ans. (d) गोवा

- गोवा में बहने वाली प्रमुख नदियाँ- मंडोवी, जुआरी, साल, तेरेखोल, चापोरा।
- मंडोवी नदी को गोवा की जीवन रेखा कहा जाता है।
- जुआरी नदी के मुहाने पर मोरमुगाओ बंदरगाह है।
- गोवा की नदियों की लंबाई और चौड़ाई ज्वार-भाटा और मौसमी बाढ़ के साथ-साथ बदलती रहती है।

83. नर्मदा नदी के उत्तर में स्थित प्रायद्वीपीय पठार का भाग ..... कहलाता है।
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) मध्य उच्चभूमि (b) पूर्वी घाट
(c) पश्चिमी घाट (d) दक्कन का पठार

Ans. (a) मध्य उच्चभूमि

- प्रायद्वीपीय पठार का वह भाग जो नर्मदा नदी के उत्तर में मालवा पठार के एक बड़े क्षेत्र को आच्छादित करता है, मध्य उच्चभूमि के रूप में जाना जाता है।
- विंध्य श्रृंखला दक्षिण में सतपुड़ा श्रेणी और उत्तर पश्चिम में अरावली से घिरी है।
- उच्चभूमि में मारवाड़ उच्च क्षेत्र, मध्य भारत पठार, मालवा पठार, बुंदेलखंड पठार, बघेलखंड पठार, छोटानागपुर पठार शामिल हैं।

84. हिमालय से निकलने वाली कौन-सी नदी, दाहिने किनारे की सहायक नदी के रूप में गंगा नदी के समानांतर बहती है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) घाघरा (b) कोसी
(c) गंडक (d) यमुना

Ans. (d) यमुना

- यमुना नदी, उत्तराखंड के बंदरपूँछ के पश्चिमी ढ़ाल पर स्थित यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलती है।
- यमुना नदी को कालिंदी भी कहा जाता है।
- यमुना नदी, दिल्ली, आगरा, इटावा, कालपी, हमीरपुर, और प्रयागराज जैसे शहरों से होकर बहती है।
- यमुना नदी की प्रमुख सहायक नदियों में चंबल, सिंध, बेतवा, और केन शामिल हैं।

85. पुरातात्विक स्थल इनामगाँव घोड़ नदी के तट पर स्थित है, जो ..... नदी की एक सहायक नदी है।
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) पेरियार (b) गंगा
(c) महानदी (d) भीमा

Ans. (d) भीमा

- भीमा नदी का उदगम् भीम शंकर पर्वतश्रेणी से होता है।
- भीमा नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ- सीना और नीरा है।
- भीमा नदी, कृष्णा नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों से होकर बहती है।
- यह नदी महाराष्ट्र में 725 किलोमीटर तक दक्षिण-पूर्व की ओर बहने के बाद कर्नाटक में कृष्णा नदी में मिल जाती है।
- भीमा नदी, तेलंगाना की सीमा के पास कृष्णा नदी में विलीन हो जाती है।

86. सिंधु जल संधि 1960 के अनुसार, भारत नदी का कितना प्रतिशत पानी काम में ले सकता है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) 20 (b) 25
(c) 22 (d) 28

Ans. (a) 20

- सिंधु जल समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच 19 सितंबर, 1960 को हुआ था।
- इस समझौते के तहत सिंधु नदी के पानी का बंटवारा किया गया था।

- इस संधि पर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे।
- इस समझौते की मध्यस्थता विश्व बैंक ने की थी।
- यह संधि भारत को सिंधु नदी प्रणाली का 20% पानी और शेष 80% पानी पाकिस्तान को देती है।
- इस समझौते के तहत भारत को रावी, सतलज और व्यास तथा पाकिस्तान को सिंधु, चिनाब और झेलम नदियों का नियंत्रण मिला था।

87. चित्रकोट जलप्रपात भारत के नियाग्रा जलप्रपात के रूप में जाना जाने वाला एक प्राकृतिक जलप्रपात है, जो भारत के छत्तीसगढ़ राज्य में ..... नदी पर स्थित है।

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(a) मांडवी नदी (b) इंद्रावती नदी
(c) वराही नदी (d) चंद्रवंका नदी

Ans. (b) इंद्रावती नदी

- चित्रकोट जलप्रपात छत्तीसगढ के बस्तर जिले में इन्द्रावती नदी पर स्थित है।
- इस जलप्रपात की ऊँचाई 90 मीटर है।
- इस जलप्रपात को भारत का नियाग्रा कहा जाता है।
- चार्रे मर्रे जलप्रपात, कांकेर जिले में जोगी नदी पर स्थित है। यह एक 16 मीटर ऊँचा झरना है।
- अमृतधारा जलप्रपात, कोरिया जिले में हसदेव नदी पर स्थित है।

88. निम्नलिखित में से किस नदी को दक्षिण गंगा के नाम से जाना जाता है?

(D.P. Const. 03 Dec. 2023)

(a) गोदावरी (b) तापी
(c) कावेरी (d) नर्मदा

Ans. (a) गोदावरी

- गोदावरी नदी का उद्गम महाराष्ट्र के नासिक जिले में पश्चिमी घाट के त्र्यंबकेश्वर से होता है।
- यह नदी महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, और ओडिशा राज्यों से होकर गुजरती है।
- यह नदी राजमुंद्री के पास एक बड़ा डेल्टा बनाकर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।
- गोदावरी नदी पर- पोलावरम बांध (आंध्र प्रदेश) और पोचमपाद बांध (तेलंगाना) है।
- गोदावरी नदी की सहायक नदियाँ- प्रवरा, पूर्णा, मंजीरा, पेनगंगा, वर्धा, वैनगंगा, प्राणहिता, इंद्रावती।
- गोदावरी नदी के किनारे बसे कुछ प्रमुख शहर हैं- नासिक, नांदेड़, और भद्राचलम।

89. कौन-सी नदी उत्तरी दिशा में कृष्णा बेसिन के तुंगभद्रा उप-बेसिन और दक्षिणी दिशा में पालार उप-बेसिन से घिरी हुई है?

(D.P. Const. 03 Dec. 2023)

(a) तापी बेसिन (b) कावेरी बेसिन
(c) ब्राह्मणी बेसिन (d) महानदी बेसिन

Ans. (b) कावेरी बेसिन

- कावेरी नदी कर्नाटक के ब्रहमगिरि पर्वत से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पूर्व तमिलनाडु और पुदुचेरी से होकर गुजरती है।
- कावेरी नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है। इसकी लम्बाई 800 किमी. है।
- कावेरी नदी पर कई बांध बने हैं, जिनमें कृष्णराज सागर बांध (केआरएस), अमरावती बांध, मेट्टूर बांध, और कल्लनई बांध शामिल हैं।
- तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और पुदुचेरी राज्यों के मध्य कावेरी नदी जल विवाद है।

90. एशिया का सबसे बड़ा खारे पानी का लैगून कौन-सा है, जिसे वर्ष 1981 में 'रामसर साइट' के रूप में नामित किया गया था?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) हरिके झील (b) लोकतक झील
(c) चिल्का झील (d) तंपरा झील

Ans. (c) चिल्का झील

- एशिया का सबसे बड़ा खारे पानी का लैगून चिल्का झील है।
- इसे वर्ष 1981 में रामसर साइट के रूप में नामित किया गया था। यह भारत के ओडिशा राज्य में स्थित है।
- लोकटक झील पूर्वोत्तर भारत की सबसे बड़ी मीठे जल की झील है, जो जल की सतह के ऊपर तैरती फुमड़ी के लिये प्रसिद्ध है।
- केबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है, जो लोकटक झील में स्थित है।
- यह राष्ट्रीय उद्यान डांसिंग डियर (संगाई) के लिए प्रसिद्ध है।
- हरिके आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) एक मानवनिर्मित झील और आर्द्रभूमि है, जो ब्यास और सतलुज नदियों के संगम पर है।

91. टिटिकाका झील ..... से जुड़ी है।

(a) बोलीविया और पेरू
(b) चिली और पेरु
(c) चिली और ब्राजील
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) बोलीविया और पेरू

- टिटिकाका झील दुनिया की सबसे बड़ी झीलों में से एक है, जो दक्षिणी अमेरिका में बोलीविया के पठार पर स्थित है।
- यह झील पूर्व मे बोलीविया एवं पश्चिम में पेरू की सीमा से सटी हुई है।
- टिटिकाका झील विश्व की सबसे बड़ी नौगम्य झील है।

92. एशिया की सबसे लंबी नदी का नाम है।

(a) अमेज़न नदी (b) यांगत्जे नदी
(c) येनिसिई नदी (d) नील नदी

Ans. (b) यांगत्जे नदी

- संसार की सबसे लम्बी नदी 'नील नदी' (अफ्रीका महाद्वीप) है।
- जल के आयतन के आधार पर संसार की सबसे बड़ी नदी 'अमेज़न नदी' है।
- यूरोप की सबसे लम्बी नदी 'वोल्गा नदी' है।
- भारत की सबसे लम्बी नदी 'गंगा नदी' है।
- ऑस्ट्रेलिया की सबसे लम्बी नदी 'मर्रे या मुर्रे नदी' है।

93. निम्नलिखित में से कौन-सी खारे पानी की झीलें हैं?

(a) सांभर झील (b) डल झील
(c) वुलर झील (d) चिल्का झील
(a) c और d (b) a और d
(c) a और b (d) a और c

Ans. (b) a और d

- भारत की खारे पानी की प्रमुख झीलें- चिल्का झील, सांभर झील, डीडवाना झील, तथा पचपदरा झील हैं।
- भारत की मीठे पानी की प्रमुख झीलें - वुलर झील, डल झील, लोकटक झील, वेम्बनाड झील आदि।

94. नर्मदा नदी के दक्षिण में अवस्थित दक्कन पठार किस तरह का भूभाग है?

(a) त्रिभुजाकार (b) आयताकार
(c) चतुर्भुजाकार (d) षट्कोणीय

Ans. (a) त्रिभुजाकार

- दक्कन का पठार प्रायद्वीपीय पठार का एक अंग है।
- दक्कन पठार के उत्तर-पश्चिम में एक बड़ा क्षेत्र काले रंग के बेसाल्ट से ढका हुआ है, जिसे दक्कन ट्रेप कहते है।
- यह पश्चिमी घाट एवं पूर्वी घाट के बीच स्थित है, उत्तर में यह सतपुड़ा और विंध्य पर्वतमाला से घिरा हुआ है।

95. गुजरात का कड़ाणा बाँध निम्नलिखित में से किस नदी पर बना है?

(a) माही (b) मंजिरा
(c) साबरमती (d) ताप्ती

Ans. (a) माही

- कड़ाणा बांध गुजरात के महिसागर जिले में माही नदी पर निर्मित है।

नदी	बाँध	राज्य
मंजीरा नदी	निजाम सागर बाँध	तेलंगाना
साबरमती नदी	धारोई बाँध	गुजरात
ताप्ती नदी	उकाई बाँध	गुजरात

96. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी गंगा की एक बड़ी सहायक नदी है?
(a) बेतवा (b) घाघरा
(c) कावेरी (d) चंबल

Ans. (b) घाघरा

- गंगा नदी गोमुख के निकट गंगोत्री हिमनद से भागीरथी के रूप में निकल कर देवप्रयाग में अलकनंदा से मिलकर गंगा के रूप में बहती है।
- घाघरा नदी छपरा (बिहार) के निकट गंगा में मिल जाती है।
- गंगा पश्चिम बंगाल में दो भागों में बंट जाती है। एक धारा हुगली नदी के रूप में तथा दूसरी भागीरथी के रूप में अलग होती है।
- बांग्लादेश में गंगा को पद्मा कहते है तथा ब्रह्मपुत्र के मिलने के पश्चात् इसकी संयुक्त धारा को मेघना कहते है।
- गंगा तथा ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा (विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा) सुन्दरवन डेल्टा का निर्माण किया जाता है।
- यमुना, घाघरा, सरयू, गंडक, कोसी, सोन आदि गंगा की सहायक नदियाँ है।

97. तीस्ता नदी की सहायक नदी निम्न में से कौन-सी है?
(a) हुगली (b) रंगीत नदी
(c) मयूराक्षी (d) सुबनसीरी

Ans. (b) रंगीत नदी

- रंगीत, तीस्ता नदी की सहायक नदी है, जो सिक्किम की सबसे बड़ी नदी है।
- तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी है।
- तीस्ता नदी पाहुनरी ग्लेशियर के निकट चोलमू झील (सिक्किम) से निकलती है।
- भारत तथा बांग्लादेश के बीच इस नदी के जल को लेकर विवाद है।

98. अफ्रीका में विक्टोरिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?
(a) जांबेजी (b) नाइजर
(c) नील (c) कांगो

Ans. (a) जांबेजी

- विक्टोरिया जलप्रपात जांबेजी नदी पर स्थित है। इसे स्थानीय भाषा में मोसी-ओआ-तुन्या अर्थात 'गरजने वाला धुआँ' कहा जाता है।
- यह 108 मीटर ऊँचा प्राकृतिक जल प्रपात है।
- जांबेजी नदी अफ्रीका की चौथी सबसे बड़ी और हिन्द महासागर में गिरने वाली सबसे बड़ी अफ्रीकी नदी है।

99. यूरोप की सबसे लंबी नदी कौन-सी है?
(a) डेन्यूब (b) यूराल
(c) वोल्गा (d) राइन

Ans. (c) वोल्गा

- वोल्गा यूरोप की सबसे लंबी नदी है। रूस के 20 सबसे बड़े शहरों में से 11 शहर वोल्गा नदी के बेसिन में स्थित है।
- इसकी लम्बाई लगभग 3,531 किमी. है।
- यूरोप की वोल्गा के बाद दूसरी सबसे बड़ी नदी डेन्यूब है।
- वोल्गा नदी वाल्दे पहाड़ी से निकलती है एवं कैस्पियन सागर में गिरती है।

100. 'आयतन' के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है?
(a) अमेजन (b) नील
(c) वोल्गा (d) सिंधु

Ans. (a) अमेजन

- आयतन के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी नदी अमेजन है।
- यह नदी संसार की दूसरी सबसे लंबी नदी है, यह नदी ब्राजील, पेरू, बोलविया, कोलम्बिया तथा इक्वाडोर से होकर बहती है।
- यह पेरू के एंडीज पर्वतमाला से निकलकर पूर्व की दिशा में अटलांटिक महासागर में मिलती है।
- नील नदी विश्व की सबसे बड़ी नदी है। जिसकी लम्बाई 6,650 किमी. है। नील नदी विक्टोरिया झील से निकलकर भूमध्यसागर में मिल जाती है।
- मिस्र देश की अर्थव्यवस्था में नील नदी का महत्वपूर्ण स्थान है, इसी कारण मिस्र को नील नदी का वरदान कहते हैं।

101. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा/से शस्यभूमि पारिस्थितिकी तंत्र के संबंध में सही है/हैं?
कथन 1: शस्यभूमि एक मानव निर्मित पारिस्थितिकी तंत्र है।
कथन 2: शस्यभूमि पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत कम अनुवांशिक विविधता पाई जाती है।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) केवल कथन 1 सही है।
(b) केवल कथन 2 सही है।
(c) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
(d) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।

Ans. (c) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

- शस्यभूमि एक मानव निर्मित पारिस्थितिकी तंत्र है और इसमें बहुत कम आनुवांशिक विविधता पाई जाती है।
- मानव निर्मित पारिस्थितिकी तंत्रों में विविधता और खाद्य शृंखला कम होती है।
- खड़ी फसल के जैव भार या ऊर्जा का ग्राफीय निरूपण 'संख्या पिरामिड' कहलाता है और ये क्रमशः 'जैवभार पिरामिड' या 'ऊर्जा पिरामिड' कहलाते हैं, सम्मिलित रूप से ये पारिस्थितिक पिरामिड कहलाते हैं।

102. तालाब पारिस्थितिकी तंत्र का सबसे गहरा, वनस्पति-रहित और दलदली क्षेत्र क्या कहलाता है?
(a) समशीतोष्ण क्षेत्र
(b) उष्णकटिबंधीय क्षेत्र
(c) लॉटिक क्षेत्र
(d) गहन क्षेत्र

Ans. (d) गहन क्षेत्र

- **गहन क्षेत्रः** लिम्नेटिक क्षेत्र के नीचे के तालाब के क्षेत्र को गहन क्षेत्र कहा जाता है, जिसमें प्रकाश प्रवेश नहीं होता है।
- **लिम्नेटिक क्षेत्रः** लिम्नेटिक क्षेत्र तालाब के खुले पानी को प्रकाश के प्रभावी प्रवेश के साथ संदर्भित करता है।
- उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गर्म जलवायु होती है ये विषुवत रेखा से 23.5 डिग्री उत्तर और 23.5 डिग्री दक्षिण के बीच होता है।

103. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(A) भारत दुनिया का एकमात्र देश है जहाँ बाघ और शेर दोनों पाए जाते हैं।
(B) भारतीय शेर का प्राकृतिक आवास गुजरात में गिर का जंगल है। बाघ मध्य प्रदेश के जंगलों, पश्चिम बंगाल के सुंदरवन और हिमालय क्षेत्र में पाए जाते हैं।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) A और B दोनों सही हैं।
(b) A और B दोनों गलत हैं।
(c) केवल A सही है।
(d) केवल B सही है।

Ans. (a) A और B दोनों सही हैं।

- भारत विश्व का एकमात्र देश है, जहाँ जंगल में बाघ और शेर दोनों हैं।
- भारत बंगाल टाइगर का घर है, जो देश में पाए जाने वाले बाघों की सबसे आम उप-प्रजाति है और एशियाई शेर, जो गुजरात राज्य में गिर वन राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है।
- प्रोजेक्ट टाइगर अप्रैल, 1973 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक बाघ संरक्षण कार्यक्रम है।

✪ 20 दिसंबर, 2018 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 'एशियाई शेर संरक्षण परियोजना' की शुरुआत की गई है।

104. अजैविक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा दावा गलत है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) पारिस्थितिकी तंत्र के अजैविक घटक कभी जीवित नहीं थे।
(b) जल पारिस्थितिकी तंत्र का एक अजैविक घटक है।
(c) वे पारिस्थितिकी तंत्र के जीवित घटक हैं।
(d) वे पारिस्थितिकी तंत्र के निर्जीव घटक हैं।

Ans. (c) वे पारिस्थितिकी तंत्र के जीवित घटक हैं।

✪ जैविक घटक- इसमें जीवित घटक जैसे-पौधे और पशु शामिल हैं।
✪ अजैविक घटक- इनमें निर्जीव घटक जैसे मिट्टी, पानी, आश्रय आदि शामिल हैं।
✪ जैविक और अजैविक कारक एक-दूसरे के साथ परस्पर क्रिया करते हैं।
✪ **जैविक घटकों के उदाहरण:**
- उत्पादक (पौधे)
- उपभोक्ता (पशु)
- अपघटक (मृत पदार्थों को विघटित करने वाले जीव)

105. किसी प्रजाति का उसको प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक कारकों के साथ उसके अंतर-संबंध को क्या कहा जाता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) प्राकृतिक वास (b) खाद्य शृंखला
(c) खाद्य जाल (d) पारिस्थितिक ताक

Ans. (d) पारिस्थितिक ताक

✪ किसी प्रजाति को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक कारकों के साथ उसके अंतर संबंध को पारिस्थितिक तंत्र कहते है।
✪ खाद्य शृंखला एक पारिस्थितिकी तंत्र में जीवों के बीच ऊर्जा और पोषण के आदान-प्रदान का क्रम है।
✪ इसमें विभिन्न स्तर होते हैं:
- उत्पादक (पौधे)
- प्राथमिक उपभोक्ता (शाकाहारी)
- द्वितीयक उपभोक्ता (मांसाहारी)
- अपघटक (डीकंपोजर)

✪ खाद्य शृंखला में ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है।

106. जीवोम (बायोम) को किस प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) एक जलीय वातावरण जहाँ केवल मछलियों का पालन किया जा सकता है।
(b) एक प्रतिबंधित क्षेत्र जहाँ केवल चुनी हुई प्रजातियों का पालन किया जा सकता है।
(c) अपनी वनस्पति, मिट्टी, जलवायु और वन्य जीवन की विशेषता वाला एक बड़ा क्षेत्र।
(d) रेगिस्तान का एक क्षेत्र।

Ans. (c) अपनी वनस्पति, मिट्टी, जलवायु और वन्य जीवन की विशेषता वाला एक बड़ा क्षेत्र।

✪ **जीवोम:** वनस्पति, मिट्टी, जलवायु और वन्य जीवन की विशेषता वाला एक विस्तृत क्षेत्र है।
✪ स्थलीय बायोम में पृथ्वी पर वे सभी भूमि क्षेत्र शामिल हैं जहाँ जीव रहते हैं।
✪ स्थलीय बायोम की विशिष्ट विशेषताएँ मुख्य रूप से जलवायु द्वारा निर्धारित होती हैं।
✪ स्थलीय बायोम में टुंड्रा, समशीतोष्ण वन और घास के मैदान, चौपरल, समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय रेगिस्तान, और उष्णकटिबंधीय वन और घास के मैदान शामिल हैं।

107. वह स्थिति, जब पर्यावरण पोषक तत्वों से समृद्ध हो जाता है, मुहाने और तटीय जल में पौधों और शैवाल की मात्रा में वृद्धि हो जाती है, क्या कहलाती है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) खनिजीभवन
(b) सुपोषण
(c) ओजोन रिक्तीकरण
(d) ग्रीनहाउस प्रभाव

Ans. (b) सुपोषण

✪ सुपोषण की स्थिति में, नदियों के मुहाने और तटीय जल में पौधों और शैवालों की मात्रा में वृद्धि हो जाती है।
✪ ग्रीनहाउस इफेक्ट या हरितगृह प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी ग्रह या उपग्रह के वातावरण में मौजूद कुछ गैसें वातावरण के तापमान में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि कर देती हैं। इन्हें ग्रीनहाउस गैस कहा जाता है।
✪ इनमें कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और जल-वाष्प आदि शामिल हैं।

108. निम्नलिखित में से कौन-से समूह में, पारिस्थितिक तंत्र के केवल अजैविक तत्व शामिल होते हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) वर्षा, घास, कीट, और मेंढक
(b) मृदा, खनिज पदार्थ, घास और फूल
(c) मृदा, घास, फूल और मधुमक्खियाँ
(d) मृदा, खनिज पदार्थ, पवन और वर्षा

Ans. (d) मृदा, खनिज पदार्थ, पवन और वर्षा

✪ जैविक तत्व वे जीवित चीजें हैं, जिनमें पौधे, जानवर, बैक्टीरिया आदि शामिल हैं।
✪ अजैविक तत्व वे गैर-जीवित चीजें हैं, जिनमें पानी, मिट्टी, हवा आदि शामिल हैं।
✪ जैविक तत्वों को पोषक पद्धति के आधार पर तीन भागों में बांटा गया है। ये हैं- उत्पादक, उपभोक्ता, और अपघटक।
✪ अजैविक तत्वों में तापमान, सूरज की रोशनी, हवा, पानी, मिट्टी, आर्द्रता आदि शामिल हैं।

109. हमारे ग्रह की जैविक संपदा की प्रवृत्ति क्या है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) स्थिर (b) वृद्धिशील
(c) चक्रीय (d) ह्रासमान

Ans. (d) ह्रासमान

✪ प्राकृतिक आवासों का विनाश जैव विविधता को नष्ट करने में सहयोगी कारक जो मानवीय गतिविधियों से संबंधित हैं: अधिक जनसंख्या, वनों का कटाव, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा संदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग (या जलवायवीय परिवर्तन)।

110. निम्नलिखित में से किसे कृत्रिम पारितंत्र के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है?
(a) तालाब (b) वन
(c) झील (d) गार्डन

Ans. (d) गार्डन

✪ तालाब, वन और झील प्राकृतिक पारितंत्र है, जबकि गार्डन एक कृत्रिम पारितंत्र है।
✪ अन्य प्राकृतिक पारितंत्र या पारिस्थितिकी तंत्र के उदाहरण नदी, जंगल, घास के मैदान, पहाड़ आदि हैं।
✪ कृत्रिम परिस्थितिकी या पारितंत्र के उदाहरण- चिड़ियाघर, मछली घर, वनस्पति उद्यान आदि हैं।

111. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश की निर्वाह फसल का उदाहरण है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) कपास (b) जूट
(c) गन्ना (d) गेहूँ

Ans. (d) गेहूँ

✪ उत्तर प्रदेश की मुख्य फसल गेहूँ है और गन्ना मुख्य व्यावसायिक फसल है।
✪ गेहूँ राज्य के सबसे बड़े हिस्से में लगभग 24% कृषि भूमि में उत्पादित होता है।
✪ इसकी बुवाई नवम्बर के प्रथम सप्ताह से दिसम्बर के तीसरे सप्ताह तक तथा कटाई अप्रैल से मई तक की जाती है।
✪ अलसी, चना, सरसों, गेहूँ और मटर रबी की फसलों के उदाहरण है।

- विश्व में गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक देश चीन है तथा दूसरे स्थान पर भारत हैं।
- कपास खरीफ की फसल है, जिसकी बुवाई जून-जुलाई में होती है और कटाई नवंबर से फरवरी तक होती है।

112. निम्नलिखित में से उत्तर भारत में रबी मौसम में उगाई जाने वाली फसल की पहचान करें।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) कपास (b) बाजरा
(c) चना (d) चावल

Ans. (c) चना

- भारत में तीन फसल मौसम- रबी, खरीफ और जायद की हैं।
- रबी फसलों को अक्टूबर से दिसंबर तक बोया जाता है और अप्रैल से मई तक काटा जाता है।
- रबी की कुछ महत्वपूर्ण फसलें गेहूँ, जौ, मटर, चना और सरसों हैं।
- खरीफ फसलें देश के विभिन्न भागों में मानसून की शुरुआत के साथ उगाई जाती हैं और इनकी कटाई सितंबर-अक्टूबर में की जाती है।
- इस मौसम में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण फसलें धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, तूर (अरहर), मूंग, उड़द, कपास, जूट, मूंगफली, और सोयाबीन हैं।
- जायद की फसल मार्च-अप्रैल में बोई जाती है और जून तक काट ली जाती है जैसे खीरा, ककड़ी, तरबूज, करेला आदि।
- रबी और खरीफ के बीच की फसल ऋतु जायद है।

113. निम्नलिखित में से किसे हरित क्रांति द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बीजों का इस्तेमाल
(b) सिंचाई के लिए भूजल का इस्तेमाल
(c) अकार्बनिक खाद का प्रयोग
(d) जैविक खाद का प्रयोग

Ans. (d) जैविक खाद का प्रयोग

- हरित क्रांति ने कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए जैविक खादों के उपयोग को रासायनिक उर्वरकों और उच्च उपज वाली किस्म (HYV) के बीजों से बदल दिया।
- हरित क्रांति ने सिंचाई के लिए जल संसाधनों के उपयोग को तेज कर दिया, जिससे पंजाब और हरियाणा जैसे क्षेत्रों में ताजे भूजल के स्तर में कमी आई।
- भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन है, जिन्हें वर्ष 2024 में भारत रत्न (मरणोपरांत) दिया गया।
- भारत में हरित क्रांति वर्ष 1960 के दशक में शुरू हुई थी।

114. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, आज भी कृषि में प्राचीन बांस ड्रिप सिंचाई तकनीक का उपयोग किया जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) तेलंगाना (b) मेघालय
(c) महाराष्ट्र (d) छत्तीसगढ़

Ans. (b) मेघालय

- भारतीय राज्य मेघालय में बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली 200 साल पुरानी एक प्रथा है।
- मेघालय शब्द का अर्थ है बादलों का घर।
- खासी, गारो, जयंतिया पहाड़ियाँ मेघालय में स्थित हैं।
- मेघालय के पूर्वी खासी पहाड़ी जिले का मासिनराम गाँव विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान है।

115. राजस्थान राज्य में 'कर्तन एवं दहन' कृषि को ..... के नाम से जाना जाता है।

(a) पोडू (b) रोका
(c) दीपा (d) वालरे

Ans. (d) वालरे

- खेती की 'कर्तन-एवं-दहन' कृषि पद्धति को राजस्थान में वालरे के नाम से भी जाना जाता है।

राज्य	कृषि का स्थानीय नाम
उत्तर-पूर्वी राज्य	'झूम' या 'झूमिंग कृषि'
मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़	देप्पा, डाहिया या बेबर
ओडिशा	पामाडाबी या ब्रिंगा
पश्चिमी घाट	कुमारी
झारखंड	कुरुवा
आंध्र प्रदेश	पोडु या पेंडा
मेघालय	बोगमा
मणिपुर	पामलू

116. वर्ष 2021-22 में, भारत से जूट का सबसे बड़ा आयातक कौन-सा देश था?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) जापान (b) फ्रांस
(c) यूएसए (USA) (d) इटली

Ans. (c) यूएसए (USA)

- 2021-22 के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत से फर्श कवरिंग सहित जूट निर्माण का प्रमुख आयातक था, जिसका मूल्य 118.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- जूट के वैश्विक उत्पादन में भारत की एक प्रमुख हिस्सेदारी है, यह विश्व के कुल जूट उत्पादन में लगभग 70% का योगदान देता है।
- भारत जूट का सबसे बड़ा उत्पादक है, इसके बाद बांग्लादेश और चीन का स्थान है।
- भारत में जूट की कृषि तीन राज्यों, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार में केंद्रित है, जो कुल उत्पादन का 99% हिस्सा है।

117. निम्नलिखित में से किस राज्य में, कॉफी, एक प्रमुख बागान फसल है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) हरियाणा (b) कर्नाटक
(c) मध्य प्रदेश (d) असम

Ans. (b) कर्नाटक

- कर्नाटक देश का सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक राज्य है, जो लगभग 71 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है।
- कर्नाटक के चिकमंगलूर, कोडागु और हासन जिले राज्य के प्रमुख कॉफी उत्पादक क्षेत्र हैं।
- अरेबिका और रोबस्टा कॉफी बीन्स केरल के मालाबार क्षेत्र में उगाई जाती हैं।
- भारतीय कॉफी बोर्ड का मुख्यालय बेंगलुरु में है।
- ब्राजील में कॉफी के बागानों को फ़ज़ेंडा (Fazenda) कहते हैं।

118. किस फसल को 'गोल्डन फाइबर' भी कहा जाता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) जूट (b) चावल
(c) गेहूँ (d) कपास

Ans. (a) जूट

- जूट पौधों से उत्पादित एक प्राकृतिक फाइबर है, जिसे इसके चमकीले सुनहरे रंग के कारण 'गोल्डन फाइबर' भी कहा जाता है।
- जूट को सफेद जूट के पौधे (कोरकोरस केप्सुलरिस) की छाल से और कुछ हद तक टोसा जूट (सी. ओलिटोरियस) से निकाला जाता है।
- भारत में पश्चिम बंगाल राज्य जूट उत्पादन में प्रथम तथा बिहार दूसरे स्थान पर है।
- पश्चिम बंगाल, चावल उत्पादन में भारत का अग्रणी राज्य है।

119. भारत के किस राज्य में, झूम खेती को पामलू के नाम से जाना जाता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) ओडिशा (b) आंध्र प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) मणिपुर

Ans. (d) मणिपुर

- झूम खेती को स्लैश एंड बर्न कृषि भी कहा जाता है। यह एक आदिम कृषि पद्धति है।

राज्य	कृषि का स्थानीय नाम
उत्तर-पूर्वी राज्य	'झूम' या 'झूमिंग कृषि'
मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़	देप्पा, डाहिया या बेबर

ओडिशा	पामाडाबी या ब्रिंगा
पश्चिमी घाट	कुमारी
झारखंड	कुरुवा
राजस्थान	वात्रा या वाल्तरे
आंध्र प्रदेश	पोडू या पेंडा
मेघालय	बोगमा

120. भारत के उत्तरी राज्यों में खरीफ मौसम से संबंधित फसलों के समूह की पहचान कीजिए?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) कपास, बाजरा, मक्का, गेहूँ, चना
(b) चावल, कपास, बाजरा, तोरिया, सरसों
(c) गेहूँ, चना, तोरिया, सरसों, जौ
(d) चावल, कपास, बाजरा, मक्का, ज्वार

Ans. (d) चावल, कपास, बाजरा, मक्का, ज्वार

- **खरीफ की फसल:** जून-जुलाई में बोई जाती है तथा सितंबर-अक्टूबर में काट ली जाती है।
- चावल, गन्ना, तिलहन, ज्वार, कपास, बाजरा आदि खरीफ की फसलें हैं।
- **रबी की फसल:** अक्टूबर-नवंबर में बोई जाती है तथा अप्रैल-मई में काट ली जाती है।
- गेहूँ, जौ, चना, मटर, सरसों, आलू, राई आदि रबी की फसलें हैं।
- **जायद की फसल:** मार्च-अप्रैल में बोई जाती है और जून तक काट ली जाती है।
- खीरा, ककड़ी, तरबूज, करेला आदि जायद की फसलें हैं।

121. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में एक प्रमुख जूट उत्पादक राज्य नहीं है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) पश्चिम बंगाल (b) असम
(c) मेघालय (d) तेलंगाना

Ans. (d) तेलंगाना

- जूट की खेती मुख्य रूप से देश के पूर्वी हिस्सों में होती है।
- भारत में जूट उत्पादक प्रमुख राज्य पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश हैं।
- भारत में जूट उत्पादन में पश्चिम बंगाल पहले स्थान पर है।
- भारत जूट का सबसे बड़ा उत्पादक है, इसके बाद बांग्लादेश और चीन का स्थान है।
- इसे गोल्डन फाइबर के रूप में जाना जाता है।
- राष्ट्रीय जूट बोर्ड का मुख्यालय कोलकाता में है।

122. भारत में, विभिन्न फसलों का उत्पादन होता है। फसलों का कौन-सा समूह दालों से संबंधित है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) चना और अरहर (b) चाय और कॉफी
(c) जूट और कपास (d) गेहूँ और चावल

Ans. (a) चना और अरहर

- भारत में दालों से संबंधित फसलों का समूह है- चना और अरहर।
- मटर, मसूर, चना, सोयाबीन, चिकलिंग वेच (घास मटर) और ल्यूपिन आदि दलहनी फसलें हैं।
- दलहनी फसलों में राइजोबियम बैक्टीरिया, वायुमंडलीय नाइट्रोजन को मिट्टी में स्थिर करता है।

123. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य अपने विशाल चाय बागानों के लिए जाना जाता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) राजस्थान (b) पंजाब
(c) असम (d) गुजरात

Ans. (c) असम

- भारत में असम चाय का सबसे बड़ा उत्पादक है।
- असम को भारत के चाय बागान के रूप में जाना जाता है।
- दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप माजुली द्वीप असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर स्थित है।
- असम का काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सिंग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है।
- भारत की सबसे पुरानी तेल रिफाइनरी डिगबोई असम में है।

124. भारत में 'कोमन' और 'कुरुवा' ..... के नाम हैं।
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) कर्तन दहन कृषि
(b) कृत्रिम झीलें
(c) पश्चिमी घाट की चोटियाँ
(d) हिमालय की जनजातिय

Ans. (a) कर्तन दहन कृषि

- कर्तन दहन कृषि को स्थानांतरित कृषि भी कहते हैं।
- इस प्रक्रिया में, पहले जंगल के पेड़ों और वनस्पतियों को काटा जाता है और फिर उन्हें जला दिया जाता है। इसके बाद, जली हुई जमीन पर फसलें उगाई जाती हैं।
- कर्तन दहन कृषि को झूम खेती भी कहा जाता है।
- इस प्रक्रिया में, किसान एक जगह से दूसरी जगह पर खेती करते हैं।
- कर्तन दहन कृषि, अमेज़न वर्षावन, दक्षिण पूर्व एशिया, और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में प्रचलित है।
- भारत के झारखंड राज्य में इसे 'कुरुवा' के नाम से जाना जाता है।

125. भारत के उत्तरी राज्यों में फसलों के निम्नलिखित समूहों में से कौन-सा समूह खरीफ मौसम से संबंधित है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) गेहूँ, चना, राई
(b) चावल, मक्का, बाजरा
(c) जौ, चना, सरसों
(d) जूट, गेहूँ, मटर

Ans. (b) चावल, मक्का, बाजरा

- **खरीफ की फसलें:** चावल, मक्का, कपास, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना।
- **रबी की फसलें:** गेहूँ, जौ, सरसों, मटर, चना, दालें, अनाज, तिलहन, अलसी।
- **जायद की फसलें:** तरबूज, ककड़ी, खीरा, सूरजमुखी।

126. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य/केंद्रशासित प्रदेश केसर का अग्रणी उत्पादक है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) उत्तराखंड
(b) पंजाब
(c) जम्मू और कश्मीर
(d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. (c) जम्मू और कश्मीर

- केसर पौधे के स्टिग्मा और स्टाइल जिन्हें थ्रेड्स कहा जाता है, से एकत्र किया जाता है।
- केसर क्रोकस सैटिवस के फूल से प्राप्त होता है।
- इसे केसर क्रोकस के नाम से जाना जाता है।

127. सीढ़ीदार खेती आमतौर पर भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में की जाती है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) हिमालय क्षेत्र (b) गंगा के मैदानों
(c) थार रेगिस्तान (d) तटवर्ती मैदान

Ans. (a) हिमालय क्षेत्र

- सीढ़ीदार खेती, भारत के पहाड़ी और पर्वतीय इलाकों में की जाती है। इसे टेरेस फार्मिंग भी कहा जाता है।
- यह खेती हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में प्रचलित है।
- आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिण क्षेत्र में भी यह खेती की जाती है।

128. वर्ष 2022 तक की स्थिति के अनुसार, ज्वार का अग्रणी उत्पादक राज्य कौन-सा था?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश
(c) ओडिशा (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (a) महाराष्ट्र

- भारत में ज्वार का सबसे ज्यादा उत्पादन महाराष्ट्र में होता है।

- महाराष्ट्र में ज्वार की खेती के लिए कुल जमीन का करीब आधा हिस्सा इस्तेमाल किया जाता है।
- ज्वार को सोरघम भी कहा जाता है। यह एक मोटा अनाज है।
- ज्वार के प्रमुख उत्पादक राज्य: महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना।

129. पश्चिम बंगाल में 'औस (Aus)', 'अमन (Aman)' और 'बोरो (Boro)' शब्द किस फसल से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) मक्का (b) चावल
(c) चाय (d) गेहूँ

Ans. (b) चावल

- पश्चिम बंगाल, ओडिशा तथा असम राज्य में धान की तीन फसल उगाई जाती हैं।
- **औस:**- इस चावल की फसल को गर्मियों में मानसून से पहले बोया जाता है तथा शरद ऋतु में काटा जाता है।
- **अमन:**- यह जुलाई-अगस्त में बोई जाती है तथा सर्दियों में काटी जाती है।
- **बोरो:**- इस चावल को स्प्रिंग राइस भी कहा जाता है। यह फसल सर्दियों में बोई जाती है तथा गर्मियों में काटी जाती है।

130. बिस्ट दोआब नहर प्रणाली और मक्खू नहर प्रणाली भारत के किस राज्य से सम्बंधित हैं?
(a) पंजाब (b) असम
(c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात

Ans. (a) पंजाब

- पंजाब को 'भारत का अन्न भंडार तथा 'भारत की अन्न की टोकरी' के रूप में भी जाना जाता है।
- बिस्ट दोआब नहर प्रणाली और मक्खू नहर प्रणाली पंजाब राज्य से जुड़ी हैं।
- बिस्ट दोआब व्यास और सतलुज नदियों के बीच का क्षेत्र है।
- इस क्षेत्र को जालंधर दोआब भी कहा जाता है। पंजाबी भाषा की दोआबी बोली इस क्षेत्र की प्रमुख बोली जाने वाली भाषा है।

131. सामान्य रूप से कम श्रम और पूंजी के साथ बड़े-बड़े खेतों में कृषि को.....कहा जाता है।
(a) गहन खेती (b) पूंजीवाद खेती
(c) संकर खेती (d) विस्तृत खेती

Ans. (d) विस्तृत खेती

- **विस्तृत कृषि** :- बड़े-बड़े खेतो में कम श्रम एवं पूँजी के साथ की जाने वाली कृषि।
- **गहन कृषि** :- छोटे भूखण्डों पर साधारण औजारों से अधिक श्रम करके खेती करना।
- **संकर खेती/हाइब्रिड कृषि** :- यह फसल उत्पादन की एक विधि है जिसमें संकर बीज किस्मों का उपयोग किया जाता है।

132. निम्न में से कौन-सा तिलहन रबी फसल और खरीफ फसल दोनों के रूप में उगाया जाता है?
(a) अलसी के बीज (b) अरंडी के बीज
(c) मूँगफली (d) सरसों

Ans. (b) अरंडी के बीज

- अरंडी एक तिलहन फसल है और यह रबी और खरीफ दोनों मौसम में उगायी जाती है।
- **खरीफ की मुख्य फसलें**- कपास, मूँगफली, धान, बाजरा, मक्का, शकरकन्द, उड़द, लोबिया, गन्ना, सोयाबीन, भिण्डी, जूट, सनई आदि।
- **रबी की मुख्य फसलें**- गेहूँ, जौ, आलू, चना, मसूर, अलसी, मटर, सरसों, सूरजमुखी आदि।
- **जायद की मुख्य फसलें**- तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा, साग-सब्जी आदि।

133. भंजन, अपक्षय, विघटन, वर्षा और शिलीभवन प्रमुख भूवैज्ञानिक प्रक्रियाएँ हैं, जो निम्नलिखित में से किस चट्टान के निर्माण में योगदान करती हैं?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) आग्नेय चट्टान
(b) अवसादी चट्टान
(c) रूपांतरित चट्टान
(d) उप-रूपांतरित चट्टान

Ans. (b) अवसादी चट्टान

- अवसादी चट्टानें बहिर्जात प्रक्रियाओं द्वारा चट्टानों के जमाव का परिणाम है। इसे द्वितीयक चट्टान के रूप में भी जाना जाता है।
- इन चट्टानों के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भू वैज्ञानिक प्रक्रियाएँ क्षरण, अपक्षय, वर्षा, भंजन शामिल हैं।
- अवसादी चट्टानों के उदाहरण- बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, सेलखड़ी, कोयला तथा नमक की चट्टान आदि।
- अवसादी चट्टानें परतदार होती हैं, इनमें जीव-जंतु व वनस्पतियों के जीवाश्म पाए जाते हैं।
- ताप, दाब व रासायनिक क्रियाओं के कारण आग्नेय व अवसादी चट्टानों से कायांतरित चट्टानों का निर्माण होता है; जैसे- स्लेट, संगमरमर आदि।

134. निम्न में से कौन-सी जलसन्धि फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को आपस में जोड़ती है?
(a) बाब अल-मन्देब जलसन्धि
(b) मलक्का जलसन्धि
(c) हडसन जलसन्धि
(d) होर्मुज जलसन्धि

Ans. (d) होर्मुज जलसन्धि

- होर्मुज जलसन्धि फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ती है।
- यह जलसंधि ईरान और ओमान के मध्य स्थित है।
- होर्मुज जलसंधि विश्व की सबसे महत्वपूर्ण तेल चोक पॉइंट है क्योंकि इस जलसंधि से तेल की बड़ी मात्रा प्रवाहित होती है।

135. कोयला, पेट्रोलियम और मिट्टी का तेल किसके उदाहरण हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) स्वच्छ ऊर्जा संसाधन
(b) अक्षय संसाधन
(c) जीवाश्म ईंधन
(d) कोयला ईंधन

Ans. (c) जीवाश्म ईंधन

- कोयला, पेट्रोलियम, और मिट्टी का तेल जीवाश्म ईंधन के उदाहरण हैं। जीवाश्म ईंधन, प्राकृतिक प्रक्रियाओं से बनने वाले वे ईंधन हैं, जो लाखों साल पहले सजीवों के मृत अवशेषों से बने थे।
- जीवाश्म ईंधन को जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, और अन्य खतरनाक वायु प्रदूषक निकलते हैं।
- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत ऊर्जा, बायोमास ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा, अपशिष्ट और ज्वारीय ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उदाहरण हैं।
- गैर-नवीकरणीय ऊर्जा जीवाश्म ईंधन ऊर्जा है; जैसे- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और यूरेनियम।

136. निम्नलिखित कथनों की सत्यता के संबंध में सबसे उपर्युक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) भारत में ज्वारीय ऊर्जा के विकास की अपार संभावनाएँ हैं।
(B) हिमाचल प्रदेश के मणिकरण में एक भूतापीय ऊर्जा संयंत्र चालू किया गया है।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) A और B दोनों सही हैं।
(b) A और B दोनों गलत हैं।
(c) केवल B सही है।
(d) केवल A सही है।

Ans. (a) A और B दोनों सही हैं।

- भारत में सर्वाधिक ज्वारीय शक्ति उत्पादक का तटीय क्षेत्र खम्भात तट है।
- भारत में, खंभात की खाड़ी, गुजरात राज्य में कच्छ की खाड़ी और पश्चिम बंगाल राज्य के सुंदरबन में गंगा का डेल्टा ज्वारीय ऊर्जा पैदा करने के लिए संभावित स्थल हैं।

- यह ज्वार के बढ़ने और गिरने के दौरान समुद्री जल के बढ़ने और गिरने से उत्पन्न होता है।

137. सबसे आम ज्वारीय पैटर्न निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मिश्रित ज्वारभाटा
(b) बृहत ज्वारभाटा
(c) दैनिक ज्वारभाटा
(d) अर्धदैनिक ज्वारभाटा

Ans. (d) अर्धदैनिक ज्वारभाटा

- अर्धदैनिक ज्वारभाटा सबसे आम ज्वारीय पैटर्न है।
- इसमें हर दिन दो उच्च ज्वार और दो निम्न ज्वार आते हैं। इन ज्वारों की ऊँचाई लगभग बराबर होती है।
- ज्वार-भाटा समुद्र पर चंद्रमा और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण आता है।
- उच्च ज्वार-भाटा और निम्न ज्वार-भाटा के बीच के अंतर को ज्वारीय श्रेणी कहा जाता है।
- विश्व का सबसे ऊँचा ज्वार कनाडा के नोवा स्कोटिया में फंडी की खाड़ी में आता है।
- यहाँ ज्वारीय उभार लगभग 15-16 मीटर तक जाता है, क्योंकि प्रत्येक दिन दो उच्च ज्वार और दो निम्न ज्वार आते हैं।

138. आर्कटिक महासागर के तटीय उपतटों (shelves) में से एक, साइबेरियाई उपतट (shelf), पृथ्वी पर सबसे बड़ा महाद्वीपीय उपतट है। इसका अपतटीय विस्तार कितने किलोमीटर है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 910 किमी. (b) 1,500 किमी.
(c) 1,700 किमी. (d) 600 किमी.

Ans. (b) 1,500 किमी.

- दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीपीय शेल्फ साइबेरिया के तट से आर्कटिक महासागर में 1,500 किमी. तक फैला हुआ है।
- आर्कटिक महासागर बेरिंग जलसंधि के रूप में ज्ञात उथले जल के एक संकीर्ण खंड द्वारा प्रशांत महासागर से जुड़ा है।
- आर्कटिक महासागर विश्व के पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला है।
- यह उत्तरी गोलार्ध में स्थित है और उत्तरी ध्रुव को चारों ओर से घेरे हुए है।

139. किस ज्वार-भाटा की ऊँचाई में विभिन्नता होती है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अर्धदैनिक ज्वार- भाटा
(b) मिश्रित ज्वार-भाटा
(c) लघु ज्वार-भाटा
(d) दैनिक ज्वार-भाटा

Ans. (b) मिश्रित ज्वार-भाटा

- ऊँचाई में भिन्नता वाले ज्वार-भाटों को मिश्रित ज्वार-भाटा के रूप में जाना जाता है।
- मुख्य रूप से सूर्य और चंद्रमा के आकर्षण बल के कारण दिन में एक या दो बार समुद्र के स्तर में आवधिक वृद्धि और गिरावट ज्वार-भाटा कहलाता है।
- अभिकेन्द्रीय बल पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के विपरीत कार्य करता है।
- पृथ्वी पर प्रत्येक स्थान पर प्रतिदिन 12 घंटे 26 मिनट के बाद ज्वार तथा ज्वार के 6 घंटा 13 मिनट बाद भाटा आता है।
- इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर स्थित साउथैम्पटन में प्रतिदिन चार बार ज्वार आते हैं।

140. चट्टानों का अध्ययन क्या कहलाता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) पेडोलॉजी (b) पोमोलॉजी
(c) माइकोलॉजी (d) पेट्रोलॉजी

Ans. (d) पेट्रोलॉजी

- **पेट्रोलॉजी:** चट्टानों के अध्ययन को पेट्रोलॉजी कहा जाता है (ग्रीक में, पेट्रा का अर्थ है चट्टान, लॉजी का अर्थ विज्ञान है)।
- **पेट्रोजेनेसिस:** चट्टानों की उत्पत्ति का अध्ययन है।
- **पेडोलॉजी:** मृदा विज्ञान (Soil Science) में मृदा का अध्ययन किया जाता है।
- **पोमोलॉजी:** फलों के अध्ययन को पोमोलॉजी कहते हैं।
- **माइकोलॉजी:** कवकों का अध्ययन को माइकोलॉजी कहते है। यह जीव विज्ञान की एक शाखा है।

141. मध्य अमेरिका के पश्चिमी तट पर प्रशांत महासागर के नीचे की ओर स्थित एक अपेक्षाकृत छोटी, त्रिकोणीय आकार की लघु महासागरीय प्लेट को क्या कहते हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) ओखोटस्क प्लेट (b) कोकोस प्लेट
(c) नाज़का प्लेट (d) सुंडा प्लेट

Ans. (b) कोकोस प्लेट

- कोकोस प्लेट मध्य अमेरिका के पश्चिमी तट के ऊपर प्रशांत महासागर के नीचे एक युवा महासागरीय विवर्तनिक प्लेट है, जिसका नाम कोकोस द्वीप है।
- नाज़का प्लेट दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट से मिले हुए प्रशांत महासागर के नीचे स्थित है।
- नाज़का प्लेट दक्षिण-पूर्वी प्रशांत महासागर में एक महासागरीय विवर्तनिक प्लेट है।
- ओखोटस्क माइक्रोप्लेट एक प्रस्तावित छोटी टेक्टोनिक प्लेट है, जो रूस के कामचटका प्रायद्वीप, मैगाडन ओब्लास्ट और सखालिन द्वीप, जापान के होक्काइडो, कांटो और तोहोकू क्षेत्र में स्थित है।

142. गोवा निम्नलिखित में से किस अयस्क के लिए प्रसिद्ध है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) सोना और ग्रेफाइट
(b) यूरेनियम और ताँबा
(c) लोहा और मैंगनीज
(d) पेट्रोलियम और कोयला

Ans. (c) लोहा और मैंगनीज

- गोवा, लौह और मैंगनीज अयस्कों के लिए प्रसिद्ध है।
- गोवा में लिमोनाइट, और सिडेराइट जैसे हल्की गुणवत्ता वाले लौह अयस्क पाए जाते हैं।
- कोयले की सर्वाधिक खाने झारखंड में स्थित है।
- कोयला उत्पादन की दृष्टि से ओडिशा तथा भंडारण की दृष्टि झारखंड अग्रणी राज्य हैं

143. तुमकुरु खनन बेल्ट किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) कर्नाटक (b) झारखंड
(c) ओडिशा (d) राजस्थान

Ans. (a) कर्नाटक

- इस बेल्ट में बल्लारी, चित्रदुर्ग, चिक्कमगलुरु, और तुमकुरु जिले शामिल हैं।
- **दुर्ग-बस्तर-चंद्रपुर बेल्ट** यह छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में स्थित है।
- छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में प्रसिद्ध बैलाडीला पर्वत श्रृंखला में बहुत उच्च श्रेणी के हेमेटाइट पाए जाते हैं।
- **ओडिशा-झारखंड बेल्ट** ओडिशा में उच्च श्रेणी का हेमेटाइट अयस्क मयूरभंज और केंदुझार जिलों में बादामपहाड़ खदानों में पाया जाता है।

144. किस प्रकार की चट्टानों के निर्माण के लिए गलित अवस्था और अति उच्च तापमान महत्त्वपूर्ण मानदंड हैं?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) आग्नेय चट्टान
(b) अवसादी चट्टान
(c) रूपांतरित चट्टान
(d) स्फैलेराइट अयस्क चट्टान

Ans. (a) आग्नेय चट्टान

- आग्नेय चट्टानें पृथ्वी के आंतरिक भाग से मैग्मा और लावा से बनती हैं, इन्हें प्राथमिक चट्टान के रूप में जाना जाता है।

- ग्रेनाइट, गैब्रो, पेग्माटाइट, बेसाल्ट, ज्वालामुखीय ब्रेक्सिया और टफ आग्नेय चट्टानों के कुछ उदाहरण हैं।
- अवसादी चट्टानें परतदार होती हैं।
- अवसादी चट्टानों में जीव जंतु व वनस्पतियों के जीवाश्म पाए जाते हैं।
- बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, गीसेराइट, चाक, चूना पत्थर, कोयला तथा पोटाश आदि अवसादी चट्टानों के उदाहरण हैं।
- स्लेट निम्न श्रेणी की रूपांतरित चट्टान है।

145. महासागरीय ऊष्मा का मुख्य स्रोत ..... है।
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) जल के नीचे खनिज
(b) जल के नीचे गैस
(c) सूरज की रोशनी
(d) वायु

Ans. (c) सूरज की रोशनी

- महासागरीय ऊष्मा का मुख्य स्रोत सूर्य का प्रकाश है।
- इसके अलावा बादल, जलवाष्प, और ग्रीनहाउस गैसें भी महासागर में ऊष्मा पहुँचाती है।
- महासागर, पृथ्वी पर सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा को इकट्ठा करता है।
- महासागर, गर्मी को लंबे समय तक जमा कर सकता है और फिर उसे छोड़ सकता है।
- महासागर की ऊष्मा, पृथ्वी की जलवायु प्रणाली को स्थिर रखने में अहम भूमिका निभाती है।

146. निम्नलिखित में से कौन-सा पृथ्वी पर कार्बन का प्रमुख भंडार है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) नदियाँ (b) झीलें
(c) महासागर (d) तालाब

Ans. (c) महासागर

- महासागर, कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित करने वाला एक प्राकृतिक कार्बन लिंक है। यह वायुमंडल में मौजूद कार्बन डाईऑक्साइड को सोखकर जलवायु परिवर्तन को कम करता है।
- महासागरों में, पोषक तत्वों का निक्षालन और अवक्षेपण भूमि से महासागर में होता है, जिससे यह कार्बन का सबसे बड़ा भंडार बन जाता है।

147. कर्नाटक का कोलार शहर अपनी ..... की खदानों के लिए प्रसिद्ध है।
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) चूना पत्थर (b) सोने
(c) चाँदी (d) ताँबे

Ans. (b) सोने

- कर्नाटक के कोलार शहर को सोने की खदानों के लिए जाना जाता है।
- कोलार गोल्ड फील्ड्स (KGF) दुनिया की दूसरी सबसे गहरी सोने की खदान थी।
- कोलार खानों का राष्ट्रीयकरण वर्ष 1956 में किया गया था और पर्यावरण, मूल्य निर्धारण और निवेश की कमी के कारण वर्ष 2001 में बंद कर दिया गया।

148. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पृथ्वी के अंतरंग का कोई भाग है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) समताप मंडल (b) ताप मंडल
(c) क्षोभ मंडल (d) दुर्बलता मंडल

Ans. (d) दुर्बलता मंडल

- पृथ्वी के स्थलमंडल के नीचे स्थित परत को दुर्बलता मंडल (एस्थेनोस्फीयर) कहते हैं।
- दुर्बलता मंडल में तापमान और दबाव इतना ज्यादा होता है कि चट्टानें नरम हो जाती हैं और आंशिक रूप से पिघल जाती हैं।
- दुर्बलता मंडल, मेंटल का ऊपरी हिस्सा होता है।
- मेंटल, भू-पर्पटी के नीचे का हिस्सा होता है।
- मेंटल का निर्माण सिलिका और मैग्नीशियम से हुआ है।

149. जल संसाधन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) जल एक चक्रिक संसाधन है।
(b) जल एक जैविक संसाधन है।
(c) पानी जैविक और अजैविक दोनों संसाधन है।
(d) जल एक गैर-नवीकरणीय संसाधन है।

Ans. (a) जल एक चक्रिक संसाधन है।

- जल एक चक्रीय संसाधन है क्योंकि समुद्र, नदी और महासागर आदि का पानी वाष्पित होकर बादल बनाता है।
- जब वर्षा होती है तो इन बादलों का पानी पृथ्वी पर आता है और समुद्रों, झीलों, महासागरों आदि में बह जाता है। इस प्रकार जल बार-बार बनता है और चक्रीय संसाधन कहलाता है।

150. सूरत, नवसारी और भावनगर किस उद्योग में अपनी भागीदारी के लिए जाने जाते हैं?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) ऑटोमोबाइल उद्योग
(b) हीरा उद्योग
(c) लौह एवं इस्पात उद्योग
(d) सॉफ्टवेयर उद्योग

Ans. (b) हीरा उद्योग

- भारत में हीरे के उद्योग के लिए मध्य प्रदेश का पन्ना, सूरत (गुजरात), मुंबई (महाराष्ट्र), आंध्र प्रदेश, और छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्र जाने जाते हैं।
- भारत में हीरे की सबसे बड़ी खान मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित मझगवां हीरा खदान है।

151. जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में होते हैं, तो ज्वार की ऊँचाई अधिक होगी। इन ज्वारों को क्या कहते हैं?
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) बृहत ज्वार (b) लघु ज्वार
(c) दैनिक ज्वार (d) शरद ज्वार

Ans. (a) बृहत ज्वार

- वृहत ज्वार यानी बड़ा ज्वार अमावस्या और पूर्णिमा के दिन आता है।
- लघु ज्वार, चन्द्रमा के पहले और आखरी चतुर्थांश में आने वाले ज्वार होते हैं।
- लघु ज्वार चांद्रमास के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की सप्तमी-अष्टमी को आता है।
- दैनिक ज्वार, दिन में एक बार उच्च और एक बार निम्न ज्वार आता है। दैनिक ज्वार की अवधि लगभग 24 घण्टे की होती है।
- जब सूर्य चन्द्रमा और पृथ्वी तीनों एक सीध में होते है इस घटना को युति-वियुति या सिजिगी कहते हैं। इस स्थिति में ज्वार सबसे ज्यादा आते हैं।

152. निम्नलिखित में से कौन-सी वितलीय चट्टानें आमतौर पर काले या गहरे हरे रंग की होती हैं और मुख्य रूप से प्लाजियोक्लेज और ऑगाइट खनिजों से बनी होती हैं?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) जिओलाइट (b) क्वार्टजाइट
(c) डोलोमाइट (d) गैब्रो

Ans. (d) गैब्रो

- गैब्रो एक अंतर्भेदी आग्नेय चट्टान है, जिसका रासायनिक संगठन बेसाल्ट के समतुल्य होता है।
- यह एक रवेदार चट्टान है, जो मैग्मा के जमीनी सतह के नीचे ही जम जाने से बनती है।
- ग्रैबों गहरे समुद्री क्रस्ट में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

153. महासागर में ..... मुख्य तापमान परतें होती हैं।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) तीन (b) पाँच
(c) चार (d) दो

Ans. (a) तीन

- सामान्यत: सूर्य की किरणें महासागर के आंतरिक जलीय भाग में लगभग 200 मीटर की गइराई तक प्रवेश कर पाती है।
- सौर्यिक तापीय वितरण के आधार पर ही लंबवत् रूप में महासागरीय जल को तीन परतों में वर्गीकृत किया गया है।
  1. ऊपरी परत
  2. थर्मोक्लाइन परत
  3. निचली परत

154. भू-आभ (Geoid) पृथ्वी का/की.....है।
(a) कक्षा (b) रंग
(c) ध्रुव (d) आकार

Ans. (d) आकार

- पृथ्वी ध्रुवों पर थोड़ी चपटी है, इसलिए इसे जियॉइड कहा जाता है। जियॉइड का अर्थ होता है पृथ्वी जैसा आकार।
- पृथ्वी का जियॉइड आकार इसके घूमने के केन्द्रापसारक बल के कारण है।

155. कोरापुट जिले में पंचपतमाली भण्डार निम्नलिखित मे से किस खनिज के भण्डार है?
(a) तांबा (b) मैग्नीज
(c) बॉक्साइट (d) लौह अयस्क

Ans. (c) बॉक्साइट

- भारत में सबसे ज्यादा बॉक्साइट का उत्पादन ओडिशा राज्य करता है।
- ओडिशा के कोरापुट जिले में पंचपतमाली भण्डार बॉक्साइट खनिज के भण्डार हैं।
- भारत में बॉक्साइट के भण्डार मुख्यत: अमरकंटक पठार, मैकाल पहाडियों और बिलासपुर कटनी क्षेत्र में पाए जाते हैं।

156. पृथ्वी की त्रिज्या कितनी है?
(a) 6371 km (b) 4728 km
(c) 5619 km (d) 7456 km

Ans. (a) 6371 km

- पृथ्वी, सूर्य से दूरी के क्रम में तीसरा ग्रह है।
- सभी ग्रहों में आकार की दृष्टि से पृथ्वी का स्थान पाँचवा है।
- पृथ्वी अपनी धुरी पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है।
- पृथ्वी की आकृति जियोइड (Geoid) प्रकार की है और इसकी त्रिज्या लगभग 6371 किलोमीटर है।

157. ग्रेनाइट किस प्रकार का शैल है?
(a) बहिर्भेदी आग्नेय शैल
(b) कायांतरित शैल
(c) अवसादी शैल
(d) अंतर्भेदी आग्नेय शैल

Ans. (d) अंतर्भेदी आग्नेय शैल

शैल	प्रक्रिया	उदाहरण
अंतर्भेदी आग्नेय शैल	इन शैलों का विकास पृथ्वी की आतंरिक परतों में मैग्मा के शीतलीकरण से होता है।	ग्रेनाइट, गैब्रो, डायोराइट आदि
बहिर्भेदी आग्नेय शैल	ये शैलें पिघले हुए लावा के माध्यम से पृथ्वी की सतह तक पहुँचकर ठण्डा होने के फलस्वरूप बनती है।	बेसाल्ट, टफ, प्यूमिस
अवसादी शैल	अपक्षय और अपरदन की प्रक्रिया के चलते मौलिक चट्टानों के विघटन एवं वियोजन से निर्मित शैलें, अवसादी शैलें कहलाती हैं	बलुआ पत्थर, चूना पिंडशिला, लोएस
कायांतरित शैल	आग्नेय तथा अवसादी शैलों में ताप एवं दाब के कारण होने वाले दबाव से निर्मित शैलें	स्लेट, क्वार्टजाइट, शिस्ट, संगमरमर

158. विश्व में बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन-सा है?
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) ब्राजील
(c) भारत (d) चिली

Ans. (a) ऑस्ट्रेलिया

- विश्व में ऑस्ट्रेलिया बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। चीन द्वितीय तथा ब्राजील तृतीय स्थान पर है।
- भारत में सबसे ज्यादा बॉक्साइट ओडिशा राज्य में उत्पादित किया जाता है।

159. यूरेनियम की खानें निम्न में से किस राज्य में पायी जाती है?
(a) नागालैंड (b) तमिलनाडु
(c) झारखण्ड (d) मिजोरम

Ans. (c) झारखण्ड

- भारत में यूरेनियम की खानें झारखण्ड राज्य में अवस्थित हैं। झारखण्ड में जादूगोडा की खान एक यूरेनियम की खान है, जो झारखण्ड के सिंहभूम जिले के जादूगोडा गाँव में स्थित है।

160. 'अल नीनो' (El Nino) के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(a) यह प्रशांत महासागर के पृष्ठीय जल का असामान्य रूप से ठंडा होना है।
(b) भारत 'अल नीनो' से प्रभावित नहीं है।
(c) इसकी उत्पत्ति भूमध्य सागर से होती है।
(d) यह प्रशांत महासागर के सतही जल का असामान्य रूप से गर्म होना है।

Ans. (d) यह प्रशांत महासागर के सतही जल का असामान्य रूप से गर्म होना है।

- अल नीनो प्रशांत महासागर के सतही जल का असामान्य रूप से गर्म होना है।
- अल-नीनो की सक्रियता बढ़ने से दक्षिण-पश्चिम मानसून पर इसका प्रभाव पड़ता है।
- इससे पृथ्वी के कुछ भागों में भारी वर्षा, तो कुछ भागों में सूखे की गंभीर स्थिति देखी जाती है।

161. राष्ट्रीय जलमार्ग 10 (NW-10) किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) केरल (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (b) महाराष्ट्र

- प्रयागराज से हल्दिया तक के जलमार्ग को 22 अक्टूबर, 1986 को राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 घोषित किया गया था।
- यह भारत का सबसे लंबा जलमार्ग है इसकी लंबाई, 1,620 किलोमीटर है।

जलमार्ग संख्या	कहाँ से कहाँ तक
राष्ट्रीय जलमार्ग-1	प्रयागराज से हल्दिया
राष्ट्रीय जलमार्ग-2	सादिया से धुबरी (ब्रह्मपुत्र नदी)
राष्ट्रीय जलमार्ग-3	कोल्लम से कोट्टापुरम
राष्ट्रीय जलमार्ग-4	मुक्तियाला से विजयवाड़ा
राष्ट्रीय जलमार्ग-5	तलचर से धामरा
राष्ट्रीय जलमार्ग-6	लखीपुर से भांगा

162. भारत में परिवहन की कौन-सी प्रणाली घर-घर तक सेवा प्रदान करती है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) रेल मार्ग (b) सड़क परिवहन
(c) हवाई मार्ग (d) जल मार्ग

Ans. (b) सड़क परिवहन

- भारत में सड़क परिवहन प्रणाली घर-घर तक सेवा प्रदान करती है।
- भारत में रेल परिवहन की सुविधा एशिया में सबसे बड़ी है।
- भारत में वायु परिवहन की शुरुआत वर्ष 1911 में इलाहाबाद से नैनी के बीच हुई थी।
- भारत में सबसे पहले रेल अप्रैल, वर्ष 1853 में मुंबई से ठाणे के बीच (34 किलोमीटर) चली थी।
- भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय जलमार्ग 1 प्रयागराज से हल्दिया (1,620 किलोमीटर) तक है।

163. किस राज्य में भारतीय रेलवे जोन के दो मुख्यालय हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) राजस्थान (d) असम

Ans. (a) उत्तर प्रदेश

- उत्तर प्रदेश राज्य में दो रेलवे जोन के मुख्यालय है।
  - भारत के महाराष्ट्र राज्य के मुंबई शहर में दो रेलवे जोन का मुख्यालय है।
  - मध्य रेलवे और पश्चिमी रेलवे (मुंबई)

रेलवे जोन	मुख्यालय
उत्तर-पूर्वी सीमांत रेलवे	मालीगाँव (गुवाहाटी)
उत्तर-पश्चिम रेलवे	जयपुर
दक्षिण रेलवे	चेन्नई
दक्षिण-मध्य रेलवे	सिकंदराबाद
दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे	बिलासपुर
दक्षिण-पश्चिम रेलवे	हुबली
पश्चिम रेलवे	मुंबई
पश्चिम-मध्य रेलवे	जबलपुर
मेट्रो रेलवे	कोलकाता
दक्षिण तट रेलवे (18वाँ)	विशाखापट्नम

164. मोरमुगाओ बंदरगाह किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) महाराष्ट्र (b) गोवा
(c) पश्चिम बंगाल (d) तमिलनाडु

Ans. (b) गोवा

- मोरमुगाओ बंदरगाह भारत के पश्चिमी तट पर, गोवा राज्य में स्थित है।

बंदरगाह	राज्य
मुंबई बंदरगाह	महाराष्ट्र
न्हावाशेवा बंदरगाह	महाराष्ट्र
कांडला बंदरगाह	गुजरात
कोचीन बंदरगाह	केरल
न्यू मैंगलौर बंदरगाह	कर्नाटक

- पोर्ट ब्लेयर (श्री विजयपुरम) बंदरगाह, भारत का ऐसा एकमात्र बंदरगाह है जो केन्द्रशासित प्रदेश अंडमान-निकोबार में स्थित है।

165. निम्नलिखित में से कौन-सा पश्चिमी तट बंदरगाह का एक उदाहरण है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) कांडला बंदरगाह
(b) हल्दिया बंदरगाह
(c) विशाखापट्टनम बंदरगाह
(d) तूतीकोरिन बंदरगाह

Ans. (a) कांडला बंदरगाह

पूर्वी तट पर स्थित बंदरगाह	पश्चिमी तट पर स्थित बंदरगाह
तूतीकोरिन बंदरगाह (तमिलनाडु)	मुम्बई बंदरगाह (महाराष्ट्र)
चेन्नई बंदरगाह (तमिलनाडु)	न्हावाशेवा बंदरगाह (महाराष्ट्र)
एन्नौर बंदरगाह (तमिलनाडु)	कांडला बंदरगाह (गुजरात)
विशाखापत्तनम बंदरगाह (आंध्र प्रदेश)	मोरमुगाओ बंदरगाह (गोवा)
पाराद्वीप बंदरगाह (ओडिशा)	कोचीन बंदरगाह (केरल)

166. उत्तर-दक्षिण गलियारा, जो स्वर्णिम चतुर्भुज सुपर हाईवे का हिस्सा है, किन दो राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को जोड़ता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) राजस्थान और पश्चिम बंगाल
(b) जम्मू एवं कश्मीर तथा तमिलनाडु
(c) चंडीगढ़ और तमिलनाडु
(d) असम और गुजरात

Ans. (b) जम्मू एवं कश्मीर तथा तमिलनाडु

- इस योजना को चार लेन में उन्नत किया गया, जो दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के प्रमुख महानगरीय शहरों (स्वर्ण चतुर्भुज के रूप में जाना जाता है) को जोड़ने वाले गलियारे हैं।
- उत्तर-दक्षिण गलियारा श्रीनगर को कन्याकुमारी (4,000 किमी.) से जोड़ता है, और पूर्व-पश्चिम गलियारा सिलचर को पोरबंदर (3,300 किमी.) से जोड़ता है।

167. न्यू मंगलौर बंदरगाह किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) कर्नाटक (b) गोवा
(c) केरल (d) तमिलनाड

Ans. (a) कर्नाटक

- न्यू मैंगलोर बंदरगाह, भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित है।
- यह बंदरगाह, अरब सागर और गुरुपुरा नदी के मुहाने पर बना है।
- यह बंदरगाह, भारत के पश्चिमी तट पर कोच्चि और मोरमुगाओ के बीच में पनाम्बुर में स्थित है।

168. किस भारतीय राज्य में दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग-सुरंग है (जुलाई, 2023 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार)?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) गुजरात (b) पश्चिम बंगाल
(c) राजस्थान (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (d) हिमाचल प्रदेश

- अटल सुरंग 10,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग है। यह 9.02 किमी. लंबी सड़क सुरंग है। यह मनाली को लाहौल और स्पीति घाटी से जोड़ती है।
- लेर्डाल, नॉर्वे में लेर्डल और आयरलैंड के बीच सड़क सुरंग दुनिया की सबसे लंबी सड़क सुरंग है, जो 24.5 किमी. लंबी है।

169. कोंकण रेलवे लाइन, राज्यों के निम्नलिखित में से किस समूह से होकर गुजरती है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक
(b) मध्य प्रदेश, गोवा और कर्नाटक
(c) महाराष्ट्र, गोवा और तेलंगाना
(d) महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक

Ans. (d) महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक

- कोंकण रेलवे महाराष्ट्र, गोवा, और कर्नाटक राज्यों से होकर गुजरती है।
- इस रेलवे पर 91 सुरंगें और 2,000 पुल हैं।
- कोंकण रेलवे पर पहली ट्रेन 26 जनवरी, 1998 को चली थी।
- कोंकण रेलवे लाइन मुंबई से मंगलौर के बीच हैं, जिसकी लम्बाई 761 किमी. है।
- कोंकण रेलवे का गठन वर्ष 1990 में किया गया था।
- कोंकण रेलवे लाइन 100% विद्युतीकृत रेलवे लाइन है।

170. राष्ट्रीय जलमार्ग-4 (NW-4) निम्नलिखित में से किन नदियों से संबंधित है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)

(a) गंगा और यमुना
(b) नर्मदा और तापी
(c) चंबल और महानदी
(d) गोदावरी और कृष्णा

Ans. (d) गोदावरी और कृष्णा

भारत के प्रमुख राष्ट्रीय जलमार्ग-
- **राष्ट्रीय जलमार्ग-1:** गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया-इलाहाबाद)
- **राष्ट्रीय जलमार्ग-2:** ब्रह्मपुत्र नदी (धुबरी-सादिया)
- **राष्ट्रीय जलमार्ग-3:** वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम), चंपाकारा और उद्योगमंडल नहर
- **राष्ट्रीय जलमार्ग-4:** कृष्णा नदी के मुक्तियाला से विजयवाड़ा तक

171. जुलाई, 2023 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवेक एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा ..... और कन्याकुमारी के बीच भारत में सबसे लंबा रूट तय किया जाता है।
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)

(a) दिसपुर (b) सिलचर
(c) डिब्रूगढ़ (d) गुवाहाटी

Ans. (c) डिब्रूगढ़

- भारत का सबसे लंबा रेल मार्ग डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी है।
- यह मार्ग असम के डिब्रूगढ़ से शुरू होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक जाता है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है।

- यह मार्ग भारत की मुख्य भूमि के सबसे दक्षिणी छोर को पूर्वोत्तर भारत से जोड़ता है।
- यह ट्रेन वर्ष 2013 में स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती पर शुरू की गई।

172. निम्नलिखित में से, भारत के किस कार्गो बंदरगाह की क्षमता सबसे अधिक है?

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(a) न्यू मैंगलोर बंदरगाह
(b) मोरमुगाओ बंदरगाह
(c) जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह
(d) तूतीकोरिन बंदरगाह

Ans. (c) जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह

- भारत में तीन सबसे बड़े बंदरगाह क्रमशः मुंबई बंदरगाह, चेन्नई बंदरगाह और कोलकाता बंदरगाह हैं।
- मुम्बई बन्दरगाह भारत का सबसे बड़ा प्राकृतिक बन्दरगाह है।
- चेन्नई बन्दरगाह पूर्वी तट पर स्थित सबसे पुराना कृत्रिम बन्दरगाह है।

173. दरभंगा हवाई अड्डा भारत के किस राज्य में स्थित है?

(D.P. Const. 03 Dec. 2023)

(a) कर्नाटक (b) बिहार
(c) पश्चिम बंगाल (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (b) बिहार

भारत के प्रमुख हवाई अड्डे:-

- छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- मुंबई
- केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- बंगलुरू
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- कोलकाता
- राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- हैदराबाद
- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- दिल्ली
- श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- अमृतसर
- लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- गुवाहाटी
- बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा- भुवनेश्वर

174. भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय ..... में स्थित है।

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) भोपाल (b) जयपुर
(c) जबलपुर (d) आगरा

Ans. (c) जबलपुर

- पश्चिम मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय जबलपुर है।

रेलवे जोन	मुख्यालय
उत्तर-पूर्वी सीमांत रेलवे	मालीगाँव (गुवाहाटी)
उत्तर-पश्चिम रेलवे	जयपुर
दक्षिण रेलवे	चेन्नई
दक्षिण-मध्य रेलवे	सिकंदराबाद
दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे	बिलासपुर
दक्षिण-पश्चिम रेलवे	हुबली
पश्चिम रेलवे	मुंबई
मेट्रो रेलवे	कोलकाता
दक्षिण तट रेलवे (18वाँ)	विशाखापट्नम

175. जब खदान क्षेत्र के आसपास प्रेरित प्रतिबलों के कारण बड़े पैमाने पर चट्टानें माइन फेस से विस्फोटक रूप से उड़ती हैं, जिससे भूकंपीय तरंगें उत्पन्न होती हैं, तब किस प्रकार का भूकंप आता है?

(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) विस्फोट भूकंप
(b) ज्वालामुखीय भूकंप
(c) विवर्तनिक भूकंप
(d) निपात भूकंप

Ans. (d) निपात भूकंप

- निपात भूकंप, भूकंप के वे प्रकार होते हैं, जो आमतौर पर छोटे होते हैं तथा भूमिगत खदानों के पास होते हैं।
- उन्हें कभी-कभी खदान (Mine) विस्फोट कहा जाता है।
- निपात भूकंप चट्टानों के भीतर उत्पन्न दबाव से प्रेरित होते हैं।
- इस तरह के भूकंप से खदान की छत ढह जाती है, जिससे और अधिक झटके लगते हैं।
- सिस्मोग्राफ एक उपकरण है, जो भूकंप को मापता है।

176. निम्नलिखित में से किसके कारण सुनामी लहरें आती हैं?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) चंद्रमा का बाहरी भाग
(b) पृथ्वी का आंतरिक भाग
(c) पृथ्वी का बाहरी भाग
(d) चंद्रमा का आंतरिक भाग

Ans. (b) पृथ्वी का आंतरिक भाग

- सुनामी के फैलने का कारण ज्वालामुखी विस्फोट, भूकम्प का आना है।
- सुनामी की सर्वाधिक उत्पत्ति प्रशांत महासागर में होती है।
- हिंद महासागर में 26 दिसंबर, 2004 की सुनामी ने भारत को प्रभावित किया था।
- सुनामी को ज्वार मापक, डीप-ओशन असेसमेंट एंड रिपोर्टिंग ऑफ सुनामी (DART) नेटवर्क, और उपग्रहों जैसे यंत्रों से मापा जाता है।

177. निम्नलिखित में से कौन-सी भूकंपीय तरंगें अधिक विनाशकारी हैं?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) पृष्ठीय तरंग (b) S-तरंग
(c) P-तरंग (d) काय तरंग

Ans. (a) पृष्ठीय तरंग

- भूकंप की सतही तरंगों को L-तरंगें कहते हैं। ये सतह के साथ-साथ चलती हैं और भूकंप में सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचाती हैं।
- वह स्थान जहाँ से ऊर्जा तरंगों की उत्पत्ति होती है। उसे भूकंप का 'उद्गम केन्द्र' या भूंकप मूल (Focus) कहते है।
- वह बिन्दु जहाँ भूंकप तरंगे सबसे पहले पहुँचती है, उसे भूकंप का अधिकेन्द्र (Epicentre) कहते है।
- भूकंप के अध्ययन को 'सिस्मोलॉजी' कहते है।
- सिस्मोग्राफ से भूकंप की तीव्रता' को मापते है।
- भूकंप के दौरान उत्पन्न होने वाली तरंगों को भूकंपीय तरंगें कहते हैं। ये तरंगें पृथ्वी के भीतर से होकर गुजरती हैं और जमीन की सतह को हिला देती हैं।

178. अभिकेंद्र से किस डिग्री पर भूकंप सूचक यंत्र (सिस्मोग्राफ) P-तरंगों के आगमन को रिकॉर्ड करता है लेकिन S-तरंगों के आगमन को रिकॉर्ड नहीं करता है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) 145° से ऊपर
(b) 105° से ऊपर
(c) 90° और 115° के बीच में
(d) 90° के भीतर

Ans. (a) 145° से ऊपर

- अभिकेंद्र से 145 डिग्री से अधिक पर भूकंप सूचक यंत्र (सिस्मोग्राफ) P-तरंगों के आगमन को रिकॉर्ड करता है।
- भूकंप का अध्ययन सिस्मोलॉजी किया जाता है।
- भूकंप की तरंगे तीन प्रकार की होती हैं।
  1. प्राथमिक तरंग (P wave)
  2. अनुप्रस्थ तरंग (S wave)
  3. धरातलीय तरंग (L wave)
- भूकंपीय तरंगों के संचरण में सबसे पहले P, फिर S तथा अंत में L तरंगों का गमन होता है।

179. जब लावा, भूमि में विकसित दरारों और विदरों से अपना रास्ता बनाता है, तो यह जमीन के लगभग लंबवत जम जाता है। यह दीवार जैसी संरचना को विकसित करने के लिए उसी स्थिति में ठंडा हो जाता है। इस संरचना को क्या कहा जाता है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) लैकोलिथ (b) डाइक्स
(c) फैकोलिथ (d) लापोलिथ

Ans. (b) डाइक्स

- जब लावा, भूमि में विकसित दरारों में अपना रास्ता बनाता है, तो यह जमीन में लंबवत जम जाता है इस संरचना को डाइक्स (Dykes) कहते है।
- बैथोलिथ, लैकोलिथ, लैपोलिथ और फैकोलिथ ज्वालामुखियों से संबंधित हैं।
- बैथोलिथ एक प्रकार की आग्नेय चट्टान है, जो तब बनती है जब मैग्मा पृथ्वी की पपड़ी में उठता है लेकिन सतह पर नहीं फटता है।
- लैकोलिथ तब बनता है, जब उच्च दबाव वाला मैग्मा तलछटी चट्टानों के स्तर को हिलाता है।

180. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है।
(b) ऊर्जा का पिरामिड हमेशा उल्टा होता है।
(c) सभी पारिस्थितिक तंत्र आकार में स्थिर होते हैं।
(d) प्रकृति में, केवल खाद्य श्रृंखलाएँ मौजूद होती हैं, लेकिन खाद्य जाल नहीं।

Ans. (a) पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है।

- पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह एकदिशीय होता है और ऊर्जा का पिरामिड हमेशा सीधा होता है।
- पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सूर्य ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है।
- खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा के प्रवाह का 10% नियम रेमंड लिंडमैन ने दिया था। उन्होंने यह नियम वर्ष 1942 में दिया था।
- इस नियम के अनुसार, खाद्य श्रृंखला में एक ऊर्जा स्तर से दूसरे ऊर्जा स्तर पर सिर्फ 10% ऊर्जा ही जाती है।

181. मध्य हिमालय के नीचे महाद्वीपीय भूपर्पटी की मोटाई ..... की कोटि की है, जो इस क्षेत्र में ज्वालामुखी गतिविधि के अंत को चिह्नित करती है।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) 60–65 किमी. (b) 35–37 किमी.
(c) 70–72 किमी. (d) 50–63 किमी.

Ans. (c) 70–72 किमी.

- मध्य हिमालय के नीचे महाद्वीपीय भूपर्पटी की मोटाई 70 से 72 किलोमीटर की कोटि की है।
- भूपर्पटी की मोटाई महाद्वीपों एवं महासागरों में अलग-अलग होती है। महासागरों में भूपर्पटी की मोटाई महाद्वीपों की तुलना में कम है।
- महाद्वीपों के नीचे भूपर्पटी की औसत मोटाई 30 किमी. तक तथा महासागरों के नीचे यह 5 किमी. है।
- हिमालय पर्वत श्रेणियों के नीचे भूपर्पटी की मोटाई लगभग 70 किमी. है।

182. निम्नलिखित में से कौन-सा संभाग ज्वालामुखी में शामिल है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) अवसादी चट्टानें (b) पिघली हुई चट्टानें
(c) कठोर चट्टानें (d) रूपांतरित चट्टानें

Ans. (b) पिघली हुई चट्टानें

- पिघली हुई चट्टान (लावा) वास्तव में आग के समान लाल पिघला हुआ मैग्मा है, जो पृथ्वी के आंतरिक भाग से इसकी सतह पर निकलता है। जब यह पिघला हुआ लावा पृथ्वी की सतह पर आता है, तो यह तेजी से ठंडा हो जाता है और ठोस हो जाता है।
- क्रस्ट पर इस तरह से बनने वाली चट्टानों को बहिर्भेदी आग्नेय चट्टानें कहा जाता है
- कभी-कभी पिघला हुआ मैग्मा पृथ्वी की पपड़ी के अंदर गहराई तक ठंडा हो जाता है। इतनी ठोस चट्टानें बनती हैं जिन्हें अंतर्भेदी आग्नेय चट्टान कहा जाता है।

183. जापान का सबसे ऊँचा पर्वत माउंट फ़ूजी, जो फेल्सिक और मध्यसिलिक शैल से निर्मित है, किस प्रकार के ज्वालामुखियों का निरूपण करता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) सिन्डर कोन (b) फिशर
(c) कंपोजिट (d) शील्ड

Ans. (c) कंपोजिट

- मिश्रित ज्वालामुखी को स्ट्रेटोवोलकेनो भी कहा जाता है।
- ये ज्वालामुखी, लावा, राख, और अन्य सामग्री की परतों से बने होते हैं। इनकी खासियत ये होती है कि ये लंबे और शंकु के आकार के होते हैं।
- ये ज्वालामुखी, लंबे समय तक सक्रिय रहते हैं और समय-समय पर फटते रहते हैं।
- मांउट फ़ूजी, जापान का सबसे ऊँचा ज्वालामुखी शिखर है। यह जापान के होन्शू द्वीप पर स्थित है।
- भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी बैरन, अण्डमान द्वीप पर स्थित है।

184. मैग्मा को इस प्रकार परिभाषित किया गया है।
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)

(a) पृथ्वी की सतह के नीचे स्थित अत्यंत गर्म तरल और अर्ध-तरल चट्टान
(b) पृथ्वी का अत्यंत गर्म ठोस कोर
(c) अटलांटिक क्षेत्र के अत्यंत गर्म पानी के झरने
(d) पृथ्वी की सतह के नीचे अस्थिर गैसीय वातावरण

Ans. (a) पृथ्वी की सतह के नीचे स्थित अत्यंत गर्म तरल और अर्ध-तरल चट्टान

- मैग्मा, पृथ्वी के मेंटल भाग में पाया जाता है।
- मैग्मा में सिलिकॉन डाइऑक्साइड का एक महत्वपूर्ण प्रतिशत होता है। सिलिकॉन डाइआक्साइड का गलनांक उच्च होता है।
- मैग्मा में जल वाष्प, कार्बन डाइऑक्साइड, और सल्फर जैसी गैसें भी होती हैं।
- मैग्मा से ज्वालामुखी विस्फोट होता है।
- मैग्मा से भूतापीय ऊर्जा भी पैदा की जाती है।

185 निम्नलिखित में से किसे स्ट्रैटोज्वालामुखी के रूप में भी जाना जाता है, जो एक बड़ा ज्वालामुखी है, जो आमतौर पर लावा प्रवाह, पायरोक्लास्टिक निक्षेप, मडफ्लो निक्षेप और साथ ही लावा गुंबदों से बना है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)

(a) मध्य महासागर कटक ज्वालामुखी
(b) सिंडर कोन ज्वालामुखी
(c) शील्ड ज्वालामुखी
(d) समग्र ज्वालामुखी

Ans. (d) समग्र ज्वालामुखी

- स्ट्रैटोज्वालामुखी को मिश्रित ज्वालामुखी के रूप में भी जाना जाता है।
- माउंट रूआंग जैसे स्ट्रेटोज्वालामुखी ऊँचे, खड़ी और शंकु के आकार के ज्वालामुखी होते है।
- पाइरोक्लास्टिक पदार्थ गर्म गैसों वाले चट्टान के टुकड़ों और फँसी हुई हवा का मिश्रण है, जो घने अशांत बादलों में तेजी से घूमता है।

186. बेसाल्टिक मैग्मा का स्रोत कौन-सा क्षेत्र है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) निचला मेंटल (b) कोर
(c) संक्रमण क्षेत्र (d) ऊपरी मेंटल

Ans. (d) ऊपरी मेंटल

- बेसाल्टिक मैग्मा का स्रोत पृथ्वी के ऊपरी मेंटल में स्थित एस्थेनोस्फियर है। एस्थेनोस्फियर, मेंटल का एक कमजोर जोन है।
- क्रस्ट तथा मेंटल को अलग करने वाली सीमा को मोहो असंबद्धता कहते हैं।
- मेंटल तथा कोर को अलग करने वाली सीमा को गुटेनबर्ग असंबद्धता कहते है।

187. ज्वालामुखी से निकलकर पृथ्वी की सतह पर फैलने वाले मैग्मा को क्या कहते हैं?
SSC GD 25 Jan. 2023)

(a) ज्वलखंडाश्मी प्रवाह
(b) लावा
(c) प्रपात
(d) राख

Ans. (b) लावा

- ज्वालामुखी प्रक्रिया में पृथ्वी की आंतरिक परतों में उत्पन्न मैग्मा जब पृथ्वी की आंतरिक परतों को तोड़ते हुए सतह पर पहुँचता है तो उसे 'लावा' कहा जाता है।
- ज्वालामुखी क्रिया के अंतर्गत लावा के अतिरिक्त गैस, राख व तरल पदार्थ भी पृथ्वी की सतह पर पहुँचते हैं।
- ज्वालामुखी से सबसे अधिक जलवाष्प (H_2O) निकलती है।
- प्रशांत महासागर के हवाई द्वीप पर स्थित 'मौना लोआ' दुनिया का सबसे विशाल सक्रिय ज्वालामुखी है।
- ओलंपस मोन्स (मंगल ग्रह पर) सौरमंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी है।

188. उच्च तापमान पर पृथ्वी की सतह के नीचे स्थित गैस युक्त पिघली हुई चट्टान सामग्री को ..... कहा जाता है
(a) हॉट स्प्रिंग (गर्म पानी का झरना)
(b) लावा
(c) माइका (अभ्रक)
(d) मैग्मा

Ans. (d) मैग्मा

- पृथ्वी की सतह के नीचे उच्च तापक्रम पर गैस युक्त पिघली हुई चट्टान सामग्री को मैग्मा कहा जाता है।
- मैग्मा चट्टानों का पिघला हुआ रूप है। ये चट्टानें पृथ्वी की सतह के नीचे निर्मित होती है। मैग्मा जब ठंडा हो जाता है, तो चट्टानों का निर्माण होता है।

189. राउरकेला इस्पात संयंत्र को ..... के सहयोग से विकसित किया गया था।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) ब्रिटेन (b) फ्रांस
(c) जापान (d) जर्मनी

Ans. (d) जर्मनी

- राउरकेला इस्पात कारखाना (आरएसपी) भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का पहला एकीकृत इस्पात कारखाना है।

इस्पात संयंत्र	स्थापना वर्ष	सहयोगी देश
राउरकेला (ओडिशा)	1955	पश्चिमी जर्मनी
भिलाई (छत्तीसगढ़)	1955	सोवियत संघ (रूस)
दुर्गापुर (प. बंगाल)	1959	ब्रिटेन
बोकारो (झारखंड)	1964	सोवियत संघ (रूस)

190. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा लौह और इस्पात संयंत्र बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) भद्रावती (b) विशाखापट्टनम
(c) दुर्गापुर (d) सेलम

Ans. (c) दुर्गापुर

- दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में स्थित है। यह बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित एक लौह और इस्पात संयंत्र है।
- यह स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के एकीकृत इस्पात संयंत्रों में से एक है।
- विशाखापत्तनम स्टील प्लांट विशाखापत्तनम में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड का एकीकृत स्टील प्लांट है। इसकी स्थापना वर्ष 1971 में हुई थी।

191. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे पुराना परमाणु ऊर्जा संयंत्र है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) काकरापार (b) नरौरा
(c) कैगा (d) तारापुर

Ans. (d) तारापुर

- भारत का सबसे पुराना परमाणु ऊर्जा संयंत्र तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।
- यह महाराष्ट्र के पालघर जिले के तारापुर में है।
- इसमें बिजली उत्पादन का कार्य अक्टूबर, 1969 में प्रारंभ हुआ।
- यह भारत का पहला वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र था।

192. निम्नलिखित में से किस औद्योगिक संयंत्र को भद्रावती नदी से जल आपूर्ति होती है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) बोकारो इस्पात संयंत्र
(b) राउरकेला इस्पात संयंत्र
(c) दुर्गापुर इस्पात संयंत्र
(d) विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र

Ans. (d) विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र

- विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट कर्नाटक के भद्रावती में स्थित है।
- यह 18 जनवरी, 1923 को सर एम विश्वेश्वरैया द्वारा 'मैसूर आयरन वर्क्स' के रूप में स्थापित किया गया था।

193. नरौरा परमाणु ऊर्जा स्टेशन ..... राज्य में गंगा के तट पर स्थित है।
(D.P. Const. 01 Dec. 2023)
(a) उत्तराखंड (b) पश्चिम बंगाल
(c) बिहार (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (d) उत्तर प्रदेश

भारत के प्रमुख परमाणु संयंत्र
- तारापुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र- महाराष्ट्र
- रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र- राजस्थान
- कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र- तमिलनाडु
- कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र- कर्नाटक
- काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र- गुजरात

194. निम्नलिखित में से तेल क्षेत्रों का कौन-सा समूह असम में स्थित है?
(a) अंकलेश्वर और कलोल
(b) कोसम्बा और लुनेज
(c) डिगबोई और नहरकटिया
(d) मेहसाणा और नवगाम

Ans. (c) डिगबोई और नहरकटिया

- असम में सबसे प्रमुख तेल क्षेत्र डिगबोई है। यह एशिया की पहली तेल रिफाइनरी है। इसकी स्थापना वर्ष 1901 में हुई थी।
- अंकलेश्वर और कलोल दोनों तेल क्षेत्र गुजरात राज्य में है।
- मेहसाना तथा नवगाम भी गुजरात राज्य के तेल क्षेत्र है।
- कोसंबा और लुनेज तेल रिफाइनरी भी गुजरात राज्य में है।

195. अपनी परिक्रमा के दौरान जब पृथ्वी सूर्य से सबसे दूर होती है तो उसकी स्थिति क्या कहलाती है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) एबरिलियन (b) अपसौर
(c) पेपिहेलियन (d) उपसौर

Ans. (b) अपसौर

- **उपसौर:** जब पृथ्वी सूर्य के सबसे पास होती है, उसे उपसौर कहते हैं, ऐसा 3 जनवरी को होता है।
- **अपसौर:** जब पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है उसे अपसौर कहते हैं, ऐसी स्थिती 4 जुलाई को होती है।

196. नोकरेक बायोस्फीयर रिज़र्व भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) तेलंगाना (b) नागालैंड
(c) कर्नाटक (d) मेघालय

Ans. (d) मेघालय

- नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान मेघालय राज्य में स्थित है।
- नोकरेक पीक, गारो हिल्स का सबसे ऊँचा स्थान भी है।
- यूनेस्को ने वर्ष 2009 में इसे बायोस्फीयर रिज़र्व की सूची में शामिल किया।
- वर्तमान में भारत में कुल 18 जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र हैं।

- नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व वर्ष 1986 में स्थापित किया गया था। यह यूनेस्को के मैन एंड द बायोस्फीयर प्रोग्राम के तहत भारत का पहला बायोस्फीयर रिज़र्व है।

197. कौन-सा तारा 'ध्रुव तारा' के नाम से भी जाना जाता है?
(a) उत्तर तारा (b) दक्षिण तारा
(c) पश्चिम तारा (d) पूर्व तारा

Ans. (a) उत्तर तारा

- ध्रुव तारे को उत्तर तारा तथा पोल स्टार भी कहा जाता है।
- ध्रुव तारा रात में दिखाई देता है जो उत्तरी ध्रुव की दिशा की ओर दिखाई देता है।
- ध्रुव तारा नेविगेशन (दिशा सूचक) में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- ध्रुव तारा एक येलो सुपरजायंट तारा है।

198. निम्नलिखित में से किस ग्रह के चारों ओर वलय नहीं है?
(a) बृहस्पति ग्रह (b) शनि ग्रह
(c) बुध ग्रह (d) अरुण ग्रह

Ans. (c) बुध ग्रह

- शनि, बृहस्पति तथा यूरेनस ग्रहों के चारों ओर वलय पाये जाते हैं।
- बुध सौर मंडल का सबसे छोटा ग्रह है, यह केवल 88 दिन में सूर्य का एक चक्कर पूरा कर लेता है।
- शनि ग्रह के सबसे विशाल और सबसे जटिल वलय तंत्र हैं।

199. निम्नलिखित में से कौन-सा पृथ्वी का दूसरा निकटतम तारा है?
(a) प्रॉक्सिमा सेंचुरी (b) डेल्टा वेलोरम
(c) पोलेरिस (d) सिरिस

Ans. (a) प्रॉक्सिमा सेंचुरी

- प्रॉक्सिमा सेंचुरी पृथ्वी से लगभग 4.22 प्रकाश वर्ष दूर है, जो सूर्य के बाद दूसरा सबसे निकट का तारा है।
- सबसे चमकीला तारा सिरियस या डॉग स्टार है।
- पृथ्वी के सबसे नजदीक का तारा सूर्य है, जो लगभग 15 करोड़ किमी. दूर है।

200. कौन-सा ग्रह हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है और जिसके चारों ओर सबसे बड़े और चमकीले वलय भी हैं?
(a) शनि (b) बृहस्पति
(c) पृथ्वी (d) अरुण

Ans. (a) शनि

- शनि ग्रह की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता उसके वलय है, जो बर्फ और चट्टानों से बने हुए हैं।
- शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन पर विशाल झील है, जो तरल मिथेन से भरी हुई है।
- शनि ग्रह के 146 उपग्रह हैं।
- टाइटन, रिया, इएपेटस, डायोन, एनसेलाइडस, माइमस, हाइपरियन, फीबी शनि के प्रमुख उपग्रह हैं।

201. क्षुद्रग्रह पट्टी किन दो ग्रहों के बीच स्थित है?
(a) मंगल और बृहस्पति
(b) बुध और शुक्र
(c) बृहस्पति और शनि
(d) शनि और यूरेनस

Ans. (a) मंगल और बृहस्पति

- क्षुद्रग्रह पट्टी मंगल और बृहस्पति ग्रहों के बीच स्थित है।
- शनि ग्रह आकार में सौरमंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है।
- इस ग्रह के चारों ओर वलय पाए जाते हैं।
- शनि ग्रह को 'गैस का गोला' भी कहते हैं।
- बृहस्पति सौरमंडल का सबसे बड़ा और सबसे भारी ग्रह है।

202. स्थलीय ग्रह .....से बने होते हैं।
(a) चट्टानों और धातुओं
(b) धातुओं और गैस
(c) चट्टानों और गैस
(d) धातुओं और वायु

Ans. (a) चट्टानों और धातुओं

- सौरमंडल के पहले चार ग्रहों को स्थलीय ग्रह कहते हैं। ये ग्रह चट्टानों और धातुओं के बने होते हैं।
- इन्हें 'आंतरिक ग्रह' भी कहा जाता है।
- बाह्य चार ग्रहों को 'जोवियन ग्रह' कहा जाता है।
- स्थलीय ग्रह – बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल
- बाह्य ग्रह – बृहस्पति, शनि, अरूण, वरूण

203. निम्नलिखित में से किस ग्रह को दीर्घकाय गैस ग्रह के रूप में जाना जाता है?
(a) पृथ्वी (b) पारा
(c) शुक्र (d) बृहस्पति

Ans. (d) बृहस्पति

- बृहस्पति ग्रह को 'दीर्घकाय गैस ग्रह' या 'गैस दानव' के रूप में भी जाना जाता है।
- बृहस्पति के अतिरिक्त शनि, अरूण और वरूण ग्रह भी गैस दानव ग्रहों की श्रेणी में आते हैं।
- बृहस्पति ग्रह को **मास्टर ऑफ गॉडस** कहा जाता है।
- बृहस्पति का उपग्रह 'गैनीमीड' सौरमंडल का सबसे बड़ा उपग्रह है।

204. सूर्य के वातावरण का बाह्यतम परत कहलाता है-
(a) आयनमंडल (b) प्रकाशमंडल
(c) वर्णमंडल (d) आभामण्डल

Ans. (d) आभामण्डल

- सूर्य की वातावरणीय बाह्य परत को आभामण्डल कहते हैं।
- सूर्य व चंद्रमा के चारों ओर एक प्रकाशीय वृत प्रतीत होता है, उस प्रकाशीय चक्र को सूर्य का आभामण्डल कहते है।
- सूर्य की परतों में कोरोना (आभामंडल) सूर्य की बाहरी परत है।
- फोटोस्फीयर (प्रकाशमंडल) सूर्य की सबसे निचली एवं गहरी परत है।
- क्रोमोस्फीयर (वर्णमंडल) प्रकाश क्षेत्र और सौर संक्रमण क्षेत्र के बीच स्थित है।
- क्रोमोस्फीयर (वर्णमंडल) को पूर्ण सूर्य ग्रहण के समय ही देखा जा सकता है।

205. चंद्रमा का द्रव्यमान क्या है?
(a) 7.347×10^{22} kg
(b) 7.347×10^{26} kg
(c) 6.347×10^{24} kg
(d) 6.347×10^{22} kg

Ans. (a) 7.347×10^{22} kg

- चन्द्रमा का द्रव्यमान 7.347×10^{22} किलोग्राम है। पृथ्वी का वजन चन्द्रमा से 81 गुना अधिक है।
- चन्द्रमा पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है। यह पृथ्वी का चक्कर 27 दिन 6 घंटे में पूर्ण करता है।
- चन्द्रमा की गुरुत्वाकर्षण शक्ति पृथ्वी पर ज्वारभाटे का एक कारण है।
- किसी वस्तु का भार जितना पृथ्वी पर रहता है, उस का 1/6 भाग चन्द्रमा पर होता है। इसका कारण यह है कि चन्द्रमा का आकर्षण बल पृथ्वी के आकर्षण बल से बहुत कम है।

206. कोणार्क का सूर्य मंदिर ..... के तट पर स्थित है।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अरब सागर (b) बंगाल की खाड़ी
(c) लाल सागर (d) हिंद महासागर

Ans. (b) बंगाल की खाड़ी

- कोणार्क का सूर्य मंदिर ओडिशा के पुरी जिले में बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है।
- इसका निर्माण गंग वंश के राजा नरसिंह देव प्रथम ने (1238-1264) में करवाया था।
- यह सौर देवता सूर्य के रथ का प्रतिनिधित्व करता है। बाहरी तरफ इसमें पत्थर से बने 24 पहिए हैं, जिन्हें 7 घोड़े खींचते हैं।
- 10 रुपये के नोट के पीछे की तरफ इसकी छवि को दर्शाया गया है।
- इस मंदिर को यूरोपीय नाविकों द्वारा 'ब्लैक पगोडा' कहा जाता था।

207. समुद्र के जल में नीचे जाने पर जल दाब का मान .....।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) कम हो जाता है।
(b) वायुमंडलीय दाब से कम रहता है।
(c) स्थिर और वायुमंडलीय दाब के बराबर रहता है।
(d) बढ़ जाता है।

Ans. (d) बढ़ जाता है।

- समुद्र के पानी में नीचे जाने पर दाब बढ़ जाता है. समुद्र तल से नीचे जाने पर हाइड्रोस्टेटिक दबाव बढ़ता है।
- समुद्र तल पर सामान्य वायुदाब 1,013.2 मिलीबार है।
- सतह पर हवा गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सघन है, जिससे अधिक दबाव पड़ता है।
- वायुदाब को बैरोमीटर या एनरोइड बैरोमीटर का उपयोग करके मापा जाता है।

208. सिंहली मानवजातीय समूह निम्नलिखित में से किस देश में पाया जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) नेपाल (b) म्याँमार
(c) श्रीलंका (d) इंडोनेशिया

Ans. (c) श्रीलंका

- सिंहली मानव जाति समूह श्रीलंका में पाया जाता है।
- सिंहली, सिंहली लोगों की मूल भाषा है।
- वेद्दा (वैदा), श्रीलंका की स्थानीय अल्पसंख्यक जनजाति है।
- बामर म्याँमार का सबसे बड़ा जातीय समूह है।
- माओरी न्यूजीलैंड की एक जनजाति है।

209. निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिए।
(A) हिमालय और भारतीय थार रेगिस्तान में चरम जलवायु स्थितियाँ।
(B) ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी।
(C) महानगरों में रोजगार की उपलब्धता।
(D) ग्रामीण भारत में गरीबी।
(E) शहरी क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाएँ।
भारत में प्रवासन के लिए दिए गए कारकों में से कौन-सा/से अपकर्ष कारक (pull factor) नहीं है/हैं?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) D को छोड़कर सभी
(b) केवल A, B और D
(c) केवल C और E
(d) केवल B और D

Ans. (b) केवल A, B और D

- लोगों के प्रवास के कई आर्थिक, सामाजिक और भौतिक कारण हैं और उन्हें प्रायः प्रतिकर्ष (Push Factors) और अपकर्ष कारकों (Pull Factors) में वर्गीकृत किया जा सकता है।
- अपकर्ष कारक, लोगों को नए क्षेत्र में खींचता (आकर्षित) और बेहतर अवसरों जैसी चीजों को शामिल करता है। इसमें काम के अच्छे अवसर, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और उच्च वेतन प्रवास के मुख्य कारक हैं।

210. अपनी सांस्कृतिक विरासत और तमिल आबादी के लिए जाना जाने वाला जाफना प्रायद्वीप श्रीलंका के किस भाग में स्थित है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मध्य प्रांत (b) पश्चिमी प्रांत
(c) पूर्वी प्रांत (d) उत्तरी प्रांत

Ans. (d) उत्तरी प्रांत

- जाफना प्रायद्वीप, श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में स्थित है।
- जाफना प्रायद्वीप पर तमिल, मूर, सिंहली लोग रहते हैं।
- जाफना प्रायद्वीप पाक जलडमरूमध्य में फैला है। यह प्रायद्वीप, भूमध्य रेखा के उत्तर में दस डिग्री अक्षांश के भीतर स्थित है।

211. बिहार और पश्चिम बंगाल का भूजल अधिकतर किस धातु से दूषित होता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) आर्सेनिक (b) सीसा
(c) रेडियम (d) पारा

Ans. (a) आर्सेनिक

- पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ा आर्सेनिक शोधन संयंत्र फरक्का में स्थित है।
- आर्सेनिक के लगातार संपर्क से ब्लैक फुट रोग हो सकता है।
- मिनीमाता रोग, पारा विषाक्तता के कारण होने वाला एक न्यूरोलॉजिकल सिंड्रोम है।

212. काठियावाड़ प्रायद्वीप भारत के किस राज्य का हिस्सा है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) तमिलनाडु (b) गुजरात
(c) पश्चिम बंगाल (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (b) गुजरात

- काठियावाड़ प्रायद्वीप कच्छ की खाड़ी और खंभात की खाड़ी से घिरा हुआ है।
- काठियावाड़ डेक्कन लावा से बना है और कच्छ क्षेत्र में तृतीयक चट्टानें हैं। गिर रेंज काठियावाड़ प्रायद्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित है।
- काठियावाड़ में पोरबंदर, जामनगर, भावनगर, राजकोट, और जूनागढ़ जैसे प्रमुख शहर हैं।

213. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी निम्न में से किस नदी के तट पर स्थित है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) गंगा (b) यमुना
(c) कृष्णा (d) नर्मदा

Ans. (d) नर्मदा

- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा है।
- इसकी ऊँचाई 182 मीटर (597 फुट) है।
- यह प्रतिमा सरदार सरोवर बांध के पास है।
- इसे मशहूर भारतीय मूर्तिकार राम वी. सुतार ने डिजाइन किया था।
- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी साधु बेट द्वीप पर स्थित है।
- यह प्रतिमा भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित हैं।

214. जिब्राल्टर जलडमरूमध्य निम्नलिखित में से किस महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है और यूरोपीय महाद्वीप पर स्पेन को अफ्रीकी महाद्वीप पर मोरक्को से अलग करता है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) प्रशांत महासागर
(b) दक्षिणी महासागर
(c) हिंद महासागर
(d) अटलांटिक महासागर

Ans. (d) अटलांटिक महासागर

- जिब्राल्टर जलडमरूमध्य, अटलांटिक महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है।
- यह जलडमरूमध्य, यूरोप और अफ्रीका को अलग करता है।
- यह जलडमरूमध्य, मोरक्को, स्पेन, और ब्रिटिश विदेशी क्षेत्र जिब्राल्टर से होकर गुजरता है।
- मलक्का जलडमरूमध्य अंडमान सागर (हिन्द महासागर) और दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर) को जोड़ता है।

215. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) मध्य प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) बिहार (d) कर्नाटक

Ans. (a) मध्य प्रदेश

- कान्हा टाइगर रिज़र्व, जिसे कान्हा राष्ट्रीय उद्यान भी कहा जाता है, भारत के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।
- कान्हा नेशनल पार्क वर्ष 1955 में बनाया गया था और वर्ष 1973 में इसे टाइगर रिज़र्व घोषित गया था।
- माधव राष्ट्रीय उद्यान, बाँधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान, पेंच राष्ट्रीय उद्यान, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान, सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान, डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान आदि मध्य प्रदेश में स्थित हैं।

216. दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान को ..... के घर के तौर पर जाना जाता है।
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) गैंडा (b) मगरमच्छ
(c) शेर (d) हंगुल

Ans. (d) हंगुल

- दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान हंगुल या कश्मीरी हिरण के आवास के रूप में जाना जाता है।
- यह राष्ट्रीय उद्यान जम्मू और कश्मीर में स्थित है, इसे वर्ष 1981 राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया।
- एशियाई शेरों के लिए गुजरात का गिर राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है।
- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (असम) एक सिंग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है।

217. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) नागालैंड (b) असम
(c) कर्नाटक (d) मध्य प्रदेश

Ans. (d) मध्य प्रदेश

- गांधी सागर अभयारण्य भारत के मध्य प्रदेश में मंदसौर और नीमच जिलों की उत्तरी सीमा पर स्थित एक वन्यजीव अभयारण्य है।
- संजय राष्ट्रीय उद्यान, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान, कुनो राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश में स्थित है।
- बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक राज्य में स्थित है।

218. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में स्थापित प्रथम राष्ट्रीय उद्यान है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2023)
(a) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
(b) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
(c) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(d) गिर राष्ट्रीय उद्यान

Ans. (c) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

- भारत के पहले राष्ट्रीय उद्यान जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क की स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी।
- पहले इसका नाम हैली नेशनल पार्क था। प्रसिद्ध संरक्षणवादी जिम कॉर्बेट की याद में इसका नाम बदलकर जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क कर दिया गया।
- यह उत्तराखंड के नैनीताल और पौड़ी गढ़वाल जिलों में फैला है।

219. निम्नलिखित में से किस देश में आपको मगर और थारू मानवजातीय समुदाय मिलेंगे?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) नेपाल (b) श्रीलंका
(c) अफगानिस्तान (d) भूटान

Ans. (a) नेपाल

- मगर जाति नेपाल व भारत के सिक्किम राज्य में रहने वाले जाति के लोग हैं और यह मुख्यत: भारत के धौलागिरि पर्वत-खण्ड में भी रहते है।
- मगर जाति के लोग तिब्बती-बर्मी परिवार की भाषा बोलते है।
- थारू जनजाति, नेपाल और भारत के सीमावर्ती तराई क्षेत्र में पाई जाती है। भारत में थारू जनजाति मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, और उत्तराखंड में रहती है। नेपाल में भी थारू जनजाति के लोग रहते हैं।
- नेपाल सरकार ने थारू जनजाति को आधिकारिक राष्ट्रीयता दी है।
- भारत सरकार ने थारू जनजाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया है।

220. निम्नलिखित में से किसे वन्य घुड़खर अभयारण्य घोषित किया गया है?
(a) सुंदरबन (b) लद्दाख
(c) स्पीति घाटी (d) कच्छ का रण

Ans. (d) कच्छ का रण

- वन्य घुड़खर अभयारण्य या जंगली गधा अभयारण्य कच्छ का रण (गुजरात राज्य) में स्थित है।
- यहाँ पर जंगली गधे पाए जाते हैं जो विलुप्ति की कगार पर हैं।
- जंगली गधों को स्थानीय रूप से घुड़खर के नाम से भी जाना जाता है।
- लूनी नदी कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती है।

3 भारतीय राजव्यवस्था

1. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत की अंतरिम सरकार का नव निर्वाचित संविधान सभा द्वारा निर्माण किया गया था?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) 1940 में (b) 1943 में
(c) 1945 में (d) 1946 में

Ans. (d) 1946 में

अंतरिम सरकार (1946) के प्रमुख सदस्य	
प्रमुख सदस्य	**संबंधित विभाग**
जवाहरलाल नेहरू	राष्ट्रमंडल संबंध व विदेशी मामले
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद	खाद्य व कृषि
सरदार वल्लभभाई पटेल	गृह, सूचना व प्रसारण
सरदार बलदेव सिंह	रक्षा
जगजीवन राम	श्रम
जॉन मथाई	उद्योग व नागरिक आपूर्ति
लियाकत अली खाँ	वित्त
जोगेंद्र नाथ मंडल	विधि
आसफ अली	रेलवे व परिवहन
गजनफर अली खान	स्वास्थ्य
सी. राजगोपालाचारी	कला व शिक्षा
सी.एच. भाभा	कार्य, खान व ऊर्जा
अर्ब्दु-रब-निश्तार	डाक व वायु

- अंतरिम सरकार (1946) का गठन 2 सितंबर, 1946 को हुआ था।
- अंतरिम सरकार (1946) 15 अगस्त, 1947 तक चली जब तक भारत स्वतंत्र हुआ अर्थात् भारत एवं पाकिस्तान के विभाजन तक।
- अंतरिम सरकार (1946) के सदस्य वायसराय की कार्यकारी परिषद् के सदस्य थे।
- वायसराय परिषद् का प्रमुख एवं जवाहरलाल नेहरू परिषद् के उपाध्यक्ष थे।
- अंतरिम सरकार (1946) में मुस्लिम लीग के पाँच सदस्य भी शामिल हुए थे।

2. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय नागरिकों के लिए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) संविधान (61वाँ संशोधन) अधिनियम, 1988
(b) संविधान (62वाँ संशोधन) अधिनियम, 1989
(c) संविधान (63वाँ संशोधन) अधिनियम, 1988
(d) संविधान (64वाँ संशोधन) अधिनियम, 1990

Ans. (a) संविधान (61वाँ संशोधन) अधिनियम, 1988

- राजीव गाँधी (तत्कालीन प्रधानमंत्री) के द्वारा 61वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी।
- **अनुच्छेद 326:-** लोकसभा एवं राज्य विधानसभा हेतु निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना।
- **62वाँ संविधान संशोधन अधिनियम:-** अनुसूचित जाति तथा जनजाति को आरक्षण व लोकसभा तथा राज्य विधानसभा में आंग्ल-भारतीयों के प्रतिनिधित्व में दस (10) वर्षों की वृद्धि।

3. कांग्रेस ने 1929 में किस स्थान पर अपने अधिवेशन में पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव की घोषणा की थी?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) बॉम्बे (b) लाहौर
(c) मद्रास (d) कराची

Ans. (b) लाहौर

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दिसंबर, 1929 में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लाहौर अधिवेशन में पारित किया। इस अधिवेशन के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू चुने गए।
- लाहौर अधिवेशन (1929) में पारित पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान में 'स्वराज्य' शब्द का आशय अब से 'पूर्ण स्वराज' होगा।
- लाहौर अधिवेशन (1929) में नेहरू समिति की रिपोर्ट को निरस्त घोषित कर दिया गया था।

4. निम्नलिखित में से किसे 1938 में 1939 के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष के रूप में फिर से निर्वाचित किया गया था?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) पट्टाभि सीतारमैय्या
(b) सत्येंद्र प्रसन्न सिन्हा
(c) लाल मोहन घोष
(d) सुभाष चन्द्र बोस

Ans. (d) सुभाष चन्द्र बोस

- वर्ष 1938 में हरिपुरा (गुजरात) अधिवेशन में सुभाष चन्द्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।
- वर्ष 1939 में त्रिपुरी (मध्य प्रदेश) अधिवेशन में सुभाष चन्द्र बोस ने गाँधीजी के सहयोगी पट्टाभि सीतारमैय्या को पराजित किया तथा लगातार दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने।
- कार्यकारिणी के गठन के प्रश्न पर गाँधीजी से अनबन होने के कारण सुभाष चन्द्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया एवं तत्पश्चात् वर्ष 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी की स्थापना की।

5. किस अधिनियम के द्वारा बंबई एवं मद्रास प्रेसिडेंसियों को विधायी शक्तियाँ पुनः देकर विकेंद्रीकरण प्रक्रिया आरंभ की गई?
(a) विनियमन अधिनियम, 1773
(b) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861
(c) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892
(d) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909

Ans. (b) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861

भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861 से संबंधित अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य:-
- इसने कैनिंग की 'पोर्टफोलियो प्रणाली' को मान्यता दी।
- बंगाल, उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रांत और पंजाब के लिए नई विधानपरिषदों की स्थापना।
- आपातकाल के दौरान वायसराय द्वारा परिषद् की सहमति के बिना भी अध्यादेश जारी किया जा सकता था। हालाँकि ऐसे अध्यादेश की अवधि छह महीने होती थी।

6. किस अधिनियम के द्वारा प्रांतीय स्वायत्तता का आरंभ हुआ था?

(a) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1909
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans. (d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

- भारत सरकार अधिनियम, 1935 के द्वारा प्रांतों में द्वैध शासन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई एवं प्रांतीय स्वायत्तता का आरंभ किया गया।
- इसके अतिरिक्त इस अधिनियम के द्वारा राज्यों में उत्तरदायी सरकार की भी स्थापना की गई।

7. भारतीय संविधान में किस प्रकार की शासन व्यवस्था को अपनाया गया है?
(a) कुलीन तंत्र (b) अध्यक्षीय
(c) संसदीय (d) अभिजात्य तंत्र

Ans. (c) संसदीय

- भारतीय संविधान में संयुक्त राज्य अमेरिका की अध्यक्षीय व्यवस्था के बजाए ब्रिटेन की संसदीय व्यवस्था को अपनाया गया है।
- संसदीय व्यवस्था विधायिका एवं कार्यपालिका के बीच समन्वय एवं सहयोग के सिद्धांत पर आधारित होती है।
- संसदीय व्यवस्था में कार्यपालिका विधानमंडल के प्रति उत्तरदायी होती है।
- संसदीय व्यवस्था को सरकार के वेस्टमिंस्टर रूप, मंत्रिमंडलीय सरकार एवं उत्तरदायी सरकार के नाम से भी जाना जाता है।
- संविधान, केंद्र के साथ-साथ राज्य में भी संसदीय व्यवस्था की स्थापना करता है।

8. किस अधिनियम के द्वारा सर्वप्रथम देश में द्विसदनीय व्यवस्था का प्रारंभ हुआ था?
(a) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892
(b) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans. (c) भारत सरकार अधिनियम, 1919

भारत सरकार अधिनियम, 1919 से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:–

- **अन्य नाम:**- मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार
- प्रथम बार देश में द्विसदनीय व्यवस्था आरंभ।
- प्रांतीय विषय दो भागों में विभाजित।
- एक लोक सेवा आयोग का गठन।

9. भारतीय संविधान को हाथों से लिखने वाला व्यक्ति कौन था?
(a) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा
(b) कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी
(c) बाबा साहेब गंगाधर खेर
(d) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

Ans. (a) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा

- अंग्रेजी भाषा में मूल संविधान प्रेम बिहारी नारायण रायजादा द्वारा लिखा गया था।
- मूल भारतीय संविधान एक प्रवाहमय (इटैलिक) शैली में प्रेम बिहारी नारायण रायजादा द्वारा हस्तलिखित किया गया था।
- हिन्दी भाषा में मूल संविधान वसंत कृष्ण वैद्य द्वारा लिखा गया था।

10. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में इंडिया को भारत भी कहा गया है?
(a) अनुच्छेद 1 (b) अनुच्छेद 2
(c) अनुच्छेद 3 (d) अनुच्छेद 4

Ans. (a) अनुच्छेद 1

- **अनुच्छेद 1:**- इंडिया यानी भारत; राज्यों के समूह के बजाए राज्यों का संघ होगा।
- **अनुच्छेद 2:**- नए राज्य भारतीय संघ में सम्मिलित एवं नए राज्यों के गठन की शक्ति।
- **अनुच्छेद 3:**- नए राज्यों की स्थापना एवं मौजूदा राज्यों के क्षेत्रफल, सीमाओं या नामों में परिवर्तन।
- **अनुच्छेद 4:**- अनुच्छेद-2 और अनुच्छेद-3 के तहत निर्मित कानून जिनके द्वारा पहली एवं चौथी अनुसूची तथा पूरक, आनुषंगिक व अनुवर्ती मामलों में संशोधन किए जा सके।

11. भारत के राष्ट्रीय प्रतीक पर उल्लिखित 'सत्यमेव जयते' शब्द किस उपनिषद् से लिया गया है?
(a) प्रश्न (प्रश्नोपनिषद्)
(b) कठ (कठोपनिषद्)
(c) मुंडक (मुंडकोपनिषद्)
(d) केन (केनोपनिषद्)

Ans. (c) मुंडक (मुंडकोपनिषद्)

- भारत का राष्ट्रीय प्रतीक सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति है।
- 'सत्यमेव जयते' भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है। इसका अर्थ है- **'सत्य की सदैव विजय होती है।'**
- 'सत्यमेव जयते' भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य देवनागरी लिपि में अंकित है तथा यह भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का एक अभिन्न हिस्सा है।
- 26 जनवरी, 1950 को इसे भारत के राष्ट्रीय आदर्श वाक्य के रूप में अपनाया गया था।

12. वर्ष 1946 में निम्नलिखित में से किसे संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष चुना गया था?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) सरदार वल्लभभाई पटेल
(b) लाल बहादुर शास्त्री
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

- संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई थी। इस बैठक में 207 सदस्यों ने हिस्सा लिया था।
- 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा के सबसे वरिष्ठ सदस्य डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को सभा का अस्थायी सभापति (अध्यक्ष) चुना गया था।
- 11 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा का स्थायी सभापति (अध्यक्ष) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को चुना गया था।

13. भारत की संविधान सभा में मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों एवं जनजातीय व बहिष्कृत क्षेत्रों से संबंधित सलाहकार समिति के अध्यक्ष ..... थे।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

Ans. (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

- सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के पहले गृह मंत्री तथा पहले उप-प्रधानमंत्री थे।

प्रमुख समिति/समितियाँ	अध्यक्ष
संचालन समिति, वित्त और कर्मचारी समिति, राष्ट्रीय ध्वज पर तदर्थ समिति, प्रक्रिया के नियम संबंधी समिति	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
सदन समिति	बी. पट्टाभि सीतारमैय्या
राज्यों संबंधी समिति	जवाहरलाल नेहरू
कार्य संचालन संबंधी समिति	के.एम. मुंशी
प्रत्यायक (क्रेडेन्सियल) संबंधी समिति	अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर
संघ शक्ति समिति	जवाहरलाल नेहरू

14. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत के संविधान में 9वीं अनुसूची संलग्न की गई थी?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 1951 में (b) 1952 में
(c) 1953 में (d) 1954 में

Ans. (a) 1951 में

- **9वीं अनुसूची:**- भूमि-सुधारों तथा जमींदारी प्रणाली के उन्मूलन से संबंधित।
- भारतीय संविधान में 9वीं अनुसूची को प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम, 1951 के तहत जोड़ा गया।
- 10वीं अनुसूची को 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 के द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था तथा 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के द्वारा इसमें संशोधन किया

गया। 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 को **दल-बदल विरोधी कानून** भी कहा जाता है।

नोट: भारत के मूल संविधान में कुल 8 अनुसूचियाँ थी परन्तु संशोधनों के पश्चात् वर्तमान में 12 अनुसूचियाँ हैं।

15. भारतीय संविधान की निम्नलिखित अनुसूची में से कौन-सी संघ और राज्यों के बीच शक्तियों तथा कार्यों के आवंटन को परिभाषित करती है?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) पाँचवीं अनुसूची (b) छठवीं अनुसूची
(c) सातवीं अनुसूची (d) आठवीं अनुसूची

Ans. (c) सातवीं अनुसूची

- **पाँचवीं अनुसूची:**- अनुसूचित एवं जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण के बारे में उपबंध।
- **छठवीं अनुसूची:**- असम, मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध।
- **सातवीं अनुसूची:**- संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची के संदर्भ में संघ और राज्य के बीच शक्तियों का विभाजन।
- **आठवीं अनुसूची:**- भारतीय संविधान के द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाएँ **(मूल रूप से 14 तथा वर्तमान में 22)।**

16. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय भारत सरकार की राज्य सूची का भाग है?
(D.P. Const. 16 Dec. 2020)
(a) विवाह (b) बैंकिंग
(c) उत्तराधिकार (d) कृषि

Ans. (d) कृषि

संघ सूची	राज्य सूची	समवर्ती सूची
बैंकिंग	कृषि एवं सिंचाई	रोजगार
रक्षा	पुलिस	शिक्षा
जनगणना	लोक स्वास्थ्य	विवाह एवं उत्तराधिकार
परमाणु शक्ति	स्थानीय शासन	आर्थिक एवं सामाजिक योजना
नागरिकता	टोल टैक्स	जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन
रेलवे, डाक एवं तार	बाजार एवं मेले	वन एवं वन्य जीवों और पक्षियों का संरक्षण
प्रत्यर्पण	मनोरंजन कर	विद्युत
युद्ध एवं शांति	कृषि आय पर कर	कारखाने

17. संविधान निर्माण के लिए निर्वाचित संविधान सभा की प्रथम बैठक निम्नलिखित में से कब आयोजित की गई थी?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) 9 दिसंबर, 1946
(b) 15 अगस्त, 1947
(c) 9 दिसंबर, 1947
(d) 15 दिसंबर, 1947

Ans. (a) 9 दिसंबर, 1946

- संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई थी। मुस्लिम लीग ने इस बैठक का बहिष्कार किया था।
- संविधान सभा की अंतिम बैठक 24 जनवरी, 1950 को हुई थी।

18. भारत की संविधान सभा में ऐतिहासिक 'उद्देश्य संकल्प' को निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(d) के.एम. मुंशी

Ans. (b) जवाहरलाल नेहरू

- 13 दिसंबर, 1946 को जवाहरलाल नेहरू ने भारत की संविधान सभा में ऐतिहासिक 'उद्देश्य संकल्प/प्रस्ताव' पेश किया था।
- 22 जनवरी, 1947 को सर्वसम्मति से 'उद्देश्य संकल्प/प्रस्ताव' को स्वीकार कर लिया गया था।

19. निम्नलिखित में से कौन भारत की संविधान सभा में, मौलिक अधिकारों की उप-समिति के अध्यक्ष थे?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) सरदार वल्लभभाई पटेल
(b) के.एम. मुंशी
(c) जे.बी. कृपलानी
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

Ans. (c) जे.बी. कृपलानी

- मौलिक अधिकार उप-समिति: जे.बी. कृपलानी
- अल्पसंख्यक उप-समिति: एच.सी. मुखर्जी

अन्य प्रमुख समितियाँ:-
- संघीय संविधान समिति: जवाहरलाल नेहरू
- प्रांतीय संविधान समिति: सरदार वल्लभभाई पटेल
- प्रारूप समिति: डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

20. वर्ष 1950 में भारतीय संविधान लागू होने के बाद संविधान सभा का अस्तित्व समाप्त हो गया, 1952 तक इसने ..... के रूप में कार्य किया।
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) भारत का वित्त आयोग
(b) भारत का चुनाव आयोग
(c) भारत की अस्थायी संसद
(d) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

Ans. (c) भारत की अस्थायी संसद

- संविधान सभा की अंतिम बैठक 24 जनवरी, 1950 को हुई थी। इसके पश्चात् संविधान सभा ने 26 जनवरी, 1950 से वर्ष 1951-52 के निर्वाचन के पश्चात् बनने वाली संसद के निर्माण तक भारत की अस्थायी (अंतरिम) संसद के रूप में कार्य किया था।

21. भारत के संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में से कौन तीन सूचियों संघ, राज्य और समवर्ती को मूर्त रूप देता है?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) दूसरी (b) छठवीं
(c) सातवीं (d) नौवीं

Ans. (c) सातवीं

- **दूसरी अनुसूची:**- संवैधानिक पदाधिकारियों के परिलब्धियों पर भत्ते, विशेषाधिकार एवं अन्य संबंधित प्रावधान।
- **सातवीं अनुसूची:**- संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची के संदर्भ में संघ और राज्य के बीच शक्तियों का विभाजन।
- वर्तमान में संघ सूची में **98 विषय,** राज्य सूची में **59 विषय** एवं समवर्ती सूची में **52 विषय** सम्मिलित हैं।

22. संविधान सभा ने भारतीय संविधान को कब अपनाया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 24 मार्च, 1946
(b) 15 अगस्त, 1948
(c) 26 नवंबर, 1949
(d) 10 जनवरी, 1950

Ans. (c) 26 नवंबर, 1949

- संविधान सभा ने भारतीय संविधान को 26 नवंबर, 1949 को अपनाया था। इस तिथि को अंगीकृत भारतीय संविधान में प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद, 22 भाग एवं 8 अनुसूचियाँ वर्णित थी।

23. संविधान सभा के सचिव निम्नलिखित में से कौन थे?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) एच.वी.आर. अय्यंगर
(b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) एच.सी. मुखर्जी
(d) हुसैन इमाम

Ans. (a) एच.वी.आर. अय्यंगर

- संविधान सभा के सचिव: एच.वी.आर. अय्यंगर
- संविधान सभा के संवैधानिक (कानूनी) सलाहकार: बी.एन. राऊ
- भारत के संविधान के जनक: डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
- भारत के संविधान के मुख्य सुलेखक: प्रेम बिहारी नारायण रायजादा

नोट: 1. संविधान सभा के गठन की सर्वप्रथम माँग वर्ष 1934 में एम.एन. रॉय ने की थी।
2. संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन योजना के द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों के तहत वर्ष 1946 में हुआ था।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची में शामिल मामला है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) रेलवे
(b) प्रत्यर्पण
(c) बाजार एवं मेले
(d) युद्ध एवं शांति

Ans. (c) बाजार एवं मेले

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **16** देखें।

25. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता भारत सरकार अधिनियम, 1935 से ली गई है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक
(b) आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों का निलंबन
(c) संघीय योजना
(d) गणतंत्र की कल्पना

Ans. (c) संघीय योजना

भारत सरकार अधिनियम, 1935 की प्रमुख विशेषताएँ:-
- अखिल भारतीय संघ की स्थापना।
- प्रांतों में द्वैध शासन व्यवस्था की समाप्ति।
- केंद्र में द्वैध शासन व्यवस्था का आरंभ।
- वर्ष 1935 में भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना।
- वर्ष 1937 में संघीय न्यायालय की स्थापना।

नोट: यह अधिनियम एक लंबा एवं विस्तृत दस्तावेज था।

26. भारत के संविधान की निम्नलिखित अनुसूची में से किसमें न्यायिक समीक्षा से उन्मुक्ति है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) चौथी (b) छठवीं
(c) नौवीं (d) दसवीं

Ans. (c) नौवीं

- **नौवीं अनुसूची:-** इस अनुसूची को प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम, 1951 के द्वारा मौलिक अधिकार के उल्लंघन के आधार पर न्यायिक समीक्षा से इसके अंतर्गत सम्मिलित विधि (कानून) से इसको सुरक्षित रखने हेतु जोड़ा गया था। **[तथापि सर्वोच्च न्यायालय ने एक निर्णय दिया था कि नौवीं अनुसूची में 24 अप्रैल, 1973 के पश्चात् सम्मिलित कानूनों की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है।]**

27. भारतीय संविधान में विधायी प्रक्रिया किस देश से ली गई है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) आयरलैंड
(c) यूनाइटेड किंगडम
(d) जापान

Ans. (c) यूनाइटेड किंगडम

यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के संविधान से ली गई अन्य विशेषताएँ:-
- विधि (कानून) का शासन
- संसदीय शासन
- एकल नागरिकता
- मंत्रिमंडल प्रणाली
- परमाधिकार लेख
- संसदीय विशेषाधिकार तथा द्विसदनवाद

28. राज्य सूची के निम्नलिखित में से किस मामले पर दिल्ली का विधानमंडल कानून बना सकता है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) सार्वजनिक व्यवस्था
(b) पुलिस
(c) स्वास्थ्य
(d) भूमि

Ans. (c) स्वास्थ्य

- दिल्ली की विधानसभा को राज्य सूची एवं समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार प्राप्त हैं। **(राज्य सूची के तीन विषयों- सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस एवं भूमि को छोड़कर)।**

29. निम्नलिखित में से कौन 1946 में ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में भेजे गए भारत के राज्य सचिव और कैबिनेट मिशन के सदस्य थे?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) इरविन (b) जॉन साइमन
(c) पैथिक लॉरेंस (d) स्टैफोर्ड क्रिप्स

Ans. (c) पैथिक लॉरेंस

- कैबिनेट मिशन का गठन वर्ष 1946 में किया गया जिसके अध्यक्ष पैथिक लॉरेंस (भारत के राज्य सचिव) एवं अन्य दो सदस्य स्टैफोर्ड क्रिप्स (व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष) तथा ए.वी. अलेक्जेंडर (एडमिरैलिटी के प्रथम लॉर्ड) थे।
- कैबिनेट मिशन की सिफारिश पर संविधान सभा का गठन वर्ष 1946 में किया गया था।
- संविधान सभा की कुल सदस्य संख्या 389 थी। **(ब्रिटिश भारत- 296 सीटें एवं देशी रियासत- 93 सीटें)।**

30. निम्नलिखित में से किस देश से भारत के संविधान में 'सर्वोच्च न्यायालय के सलाहकार क्षेत्राधिकार' को अपनाया गया है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) पुर्तगाल (b) जर्मनी
(c) कनाडा (d) क्यूबा

Ans. (c) कनाडा

कनाडा के संविधान से ली गई अन्य विशेषताएँ:-
- अवशिष्ट शक्तियाँ (केंद्र में निहित)
- संघीय व्यवस्था (सशक्त केंद्र के साथ)
- राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति (केंद्र के द्वारा)
- उच्चतम न्यायालय का परामर्शी न्याय निर्णयन

31. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, कृषि किस सूची में है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) संघ सूची
(b) राज्य सूची
(c) समवर्ती सूची
(d) संघ और राज्य सूची दोनों

Ans. (b) राज्य सूची

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **16** देखें।

32. जब कैबिनेट मिशन ने भारत का दौरा किया था तब व्यापार मंडल के अध्यक्ष कौन थे?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) ए.वी. अलेक्जेंडर
(b) पैथिक लॉरेंस
(c) वेवेल
(d) स्टैफोर्ड क्रिप्स

Ans. (d) स्टैफोर्ड क्रिप्स

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **29** देखें।

33. भारतीय संविधान सभा के सदस्यों ने किस वर्ष देश के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने हेतु पहली बार बैठक की थी?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) 1946 (b) 1947
(c) 1948 (d) 1949

Ans. (a) 1946

✪ संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को नई दिल्ली स्थित संविधान हॉल में हुई थी; जिसे अब संसद भवन के सेंट्रल हॉल (केंद्रीय कक्ष) के नाम से जाना जाता है।

34. भारतीय संविधान में न्यायिक समीक्षा की शक्ति किस देश से ली गई है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) जापान
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) यूनाइटेड किंगडम
(d) फ्रांस

Ans. (b) संयुक्त राज्य अमेरिका

प्रमुख देश	ली गई प्रमुख विशेषताएँ
जापान	विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
संयुक्त राज्य अमेरिका	मौलिक अधिकारों की अवधारणा, प्रस्तावना का विचार, न्यायिक पुनरावलोकन का सिद्धांत, राष्ट्रपति पर महाभियोग, उपराष्ट्रपति का पद, न्यायपालिका की स्वतंत्रता
फ्रांस	गणतंत्रात्मक व्यवस्था एवं प्रस्तावना में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व
जर्मनी का वाइमर संविधान	मौलिक अधिकारों के निलंबन से संबंधित आपातकालीन प्रावधान
आयरलैंड	राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत, राष्ट्रपति की निर्वाचन पद्धति, राज्यसभा हेतु सदस्यों का नामांकन

35. प्रथम गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान ने किस ब्रिटिश अधिनियम का स्थान लिया?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1930
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans. (d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

✪ 26 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान की शुरुआत के दिन के रूप में देखा जाता है। इस दिन संविधान की शुरुआत के साथ ही भारत सरकार अधिनियम, 1935 एवं भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 स्वत: समाप्त हो गए।

भारत सरकार अधिनियम, 1935 की प्रमुख विशेषताएँ:-
✪ बर्मा (वर्तमान म्यांमार), भारत से अलग।
✪ उड़ीसा एवं सिंध के दो नए प्रांतों का गठन।
✪ 11 राज्यों में से 6 में द्विसदनीय व्यवस्था का आरंभ।

36. संघीय ढाँचा, न्यायपालिका, राज्यपाल प्रणाली और आपातकाल लगाने की शक्तियाँ भारतीय संविधान की ये विशेषताएँ ..... से ली गई हैं।
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) 1909 के भारत सरकार अधिनियम
(b) 1919 के भारत सरकार अधिनियम
(c) 1935 के भारत सरकार अधिनियम
(d) 1947 के भारतीय स्वतंत्रता

Ans. (c) 1935 के भारत सरकार अधिनियम

✪ भारतीय संविधान पर सर्वाधिक प्रभाव **भारत सरकार अधिनियम, 1935** का रहा है।
✪ संघीय व्यवस्था (ढाँचा), न्यायपालिका, राज्यपाल प्रणाली और आपातकाल लगाने की शक्तियाँ आदि विशेषताएँ **भारत सरकार अधिनियम, 1935** से ली गई हैं।

37. भारतीय संविधान में, समवर्ती सूची की अवधारणा ..... के संविधान से ली गई थी।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) पुर्तगाल (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) जापान (d) स्पेन

Ans. (b) ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया के संविधान से ली गई विशेषताएँ:-
✪ समवर्ती सूची
✪ प्रस्तावना की भाषा
✪ संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक
✪ व्यापार, वाणिज्य एवं समागम की स्वतंत्रता संबंधी प्रावधान

38. निम्नलिखित में से किस देश से भारत ने 'संविधान में संशोधन प्रक्रिया' को अपनाया?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) दक्षिण अफ्रीका
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) फ्रांस
(d) आयरलैंड

Ans. (a) दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ली गई विशेषताएँ:-
✪ संविधान संशोधन की प्रक्रिया
✪ राज्यसभा के सदस्यों का निर्वाचन

39. मूल संविधान में 395 अनुच्छेद थे जो ..... भागों में विभाजित थे।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) 19 (b) 21
(c) 22 (d) 24

Ans. (c) 22

✪ भारत का संविधान विश्व के किसी भी संप्रभु राष्ट्र का सबसे लंबा लिखित संविधान है।
✪ मूल संविधान में प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद, 22 भाग एवं 8 अनुसूचियाँ वर्णित थी।
✪ वर्तमान में भारत के संविधान में प्रस्तावना, 470 अनुच्छेद, 25 भाग एवं 12 अनुसूचियाँ हैं।

40. संविधान निर्माताओं द्वारा ..... को प्रख्यापित 'पूर्ण स्वराज' घोषणा की स्मृति में हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) 26 जनवरी, 1929
(b) 26 जनवरी, 1930
(c) 26 जनवरी, 1931
(d) 26 जनवरी, 1932

Ans. (b) 26 जनवरी, 1930

✪ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्यसमिति ने निर्धारित किया कि 26 जनवरी, 1930 का दिवस 'पूर्ण स्वराज' के रूप में मनाया जाएगा एवं अब से ही 26 जनवरी को प्रत्येक वर्ष 'पूर्ण स्वाधीनता दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

41. भारतीय संविधान में कानून के शासन का विचार किस देश से लिया गया है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) फ्रांस
(b) जर्मनी
(c) यूनाइटेड किंगडम
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

Ans. (c) यूनाइटेड किंगडम

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **27** देखें।

42. निम्नलिखित में से कौन-सी, भारतीय संविधान की संघीय विशेषता नहीं हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) एकल नागरिकता
(b) स्वतंत्र न्यायपालिका
(c) लिखित संविधान
(d) केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बँटवारा

Ans. (a) एकल नागरिकता

भारत के संविधान की संघीय विशेषता इस प्रकार हैं-
✪ दो सरकार
✪ द्विसदनीयता
✪ स्वतंत्र न्यायपालिका
✪ लिखित संविधान
✪ कठोर संविधान
✪ संविधान की सर्वोच्चता
✪ शक्तियों का विभाजन

43. निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची, मिजोरम एवं त्रिपुरा के राज्यपालों को अतिरिक्त विवेकाधीन शक्तियाँ प्रदान करती है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) चौथी अनुसूची (b) पाँचवीं अनुसूची
(c) छठवीं अनुसूची (d) सातवीं अनुसूची

Ans. (c) छठवीं अनुसूची

- **चौथी अनुसूची:-** राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हेतु राज्यसभा में सीटों का आवंटन।
- चौथी अनुसूची से संबंधित मुख्य अनुच्छेद- 4 एवं 80
- **पाँचवीं अनुसूची:-** अनुसूचित एवं जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण के बारे में उपबंध।
- पाँचवीं अनुसूची से संबंधित मुख्य अनुच्छेद- 244
- **छठवीं अनुसूची:-** असम, मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध।
- छठवीं अनुसूची से संबंधित मुख्य अनुच्छेद- 244 एवं 275

44. भारत के संविधान में 'समवर्ती सूची' की अवधारणा ..... से ली गई है।
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) जर्मनी
(c) कनाडा (d) जापान

Ans. (a) ऑस्ट्रेलिया

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **37** देखें।

45. भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अलावा अन्य मामलों के लिए राज्य विधानसभा के सदस्यों की अयोग्यता का निर्णय कौन करता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) मुख्यमंत्री
(b) राज्यपाल
(c) राज्य चुनाव आयोग
(d) उच्च न्यायालय

Ans. (b) राज्यपाल

- राज्यपाल, राज्य की विधानसभा का एक अभिन्न हिस्सा होता है।

राज्यपाल की विधायी शक्तियाँ:-

- राज्यपाल, राज्य की विधानसभा के सत्र को आहूत अथवा उसका सत्रावसान व विघटन कर सकता है।
- राज्यपाल, राज्य की विधानसभा के सदस्य की निरर्हता के मुद्दे पर निर्वाचन (चुनाव) आयोग से विमर्श के पश्चात् निर्णय करता है।

46. भारतीय संविधान का संरचनात्मक भाग निम्नलिखित में से कहाँ से लिया गया है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1909
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans. (d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

- भारतीय संविधान का अधिकांशत: संरचनात्मक (ढाँचागत) भाग **भारत सरकार अधिनियम, 1935** से लिया गया है।

47. भारतीय संविधान में समवर्ती सूची की अवधारणा किस देश के संविधान से प्रेरित है?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) ऑस्ट्रेलिया
(c) कनाडा
(d) रूस

Ans. (b) ऑस्ट्रेलिया

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **37** देखें।

48. भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांत निम्नलिखित में से किस देश से लिए गए हैं?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) फ्रांस से
(b) आयरलैंड से
(c) यूनाइटेड किंगडम से
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका से

Ans. (a) फ्रांस से

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **34** देखें।

49. भारतीय संविधान में न्यायपालिका की स्वतंत्रता की अवधारणा किस देश से ली गई है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) दक्षिण अफ्रीका
(c) जर्मनी
(d) ऑस्ट्रेलिया

Ans. (a) संयुक्त राज्य अमेरिका

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **34** देखें।

50. संविधान सभा की निम्नलिखित में से कौन-सी समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नहीं थे?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) राष्ट्रीय ध्वज संबंधी तदर्थ समिति
(b) वित्त और कर्मचारी संबंधित समिति
(c) प्रक्रिया के नियमों पर समिति
(d) संघीय शक्तियों से संबंधित समिति

Ans. (d) संघीय शक्तियों से संबंधित समिति

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **13** देखें।

51. भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) में कौन-सा शब्द यह दर्शाता है कि भारत किसी भी बाहरी नियंत्रण से मुक्त है?
(a) पंथनिरपेक्ष (b) गणराज्य
(c) संप्रभुता (d) समाजवादी

Ans. (c) संप्रभुता

- 'संप्रभु' शब्द से आशय है कि भारत न तो किसी अन्य देश पर निर्भर है तथा न ही किसी अन्य देश का डोमिनियन है।
- भारत एक 'संप्रभु' राज्य होने के नाते, किसी विदेशी सीमा अधिग्रहण या किसी अन्य देश के पक्ष में अपनी सीमा के किसी भी हिस्से पर से दावा छोड़ सकता है।

52. प्रस्तावना में 'राष्ट्र की एकता और अखंडता' शब्दों का उद्देश्य किस मौलिक सिद्धांत को बढ़ावा देना है?
(a) बंधुता (b) संप्रभुता
(c) समता (d) न्याय

Ans. (a) बंधुता

- बंधुत्व का अर्थ है- **'भाईचारे की भावना।'**
- प्रस्तावना कहती है, बंधुत्व के तहत दो बातों को सुनिश्चित करना होगा-
  1. **प्रथम:** व्यक्ति का सम्मान
  2. **द्वितीय:** राष्ट्र की एकता और अखंडता
- 'राष्ट्र की एकता और अखंडता' शब्दों में राष्ट्रीय अखंडता के दोनों मनोवैज्ञानिक एवं सीमायी आयाम सम्मिलित होते हैं।

53. भारत के संविधान की प्रस्तावना में वर्णित शब्दों का सही क्रम क्या होगा?
(a) बंधुत्व, समता, स्वतंत्रता, न्याय
(b) समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुत्व
(c) स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुत्व
(d) न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व

Ans. (d) न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व

- भारत के संविधान की प्रस्तावना में कुछ मुख्य शब्दों का उल्लेख इस प्रकार किया गया हैं-
  1. संप्रभुता
  2. समाजवाद (समाजवादी)
  3. पंथनिरपेक्ष
  4. लोकतांत्रिक (लोकतंत्रात्मक)
  5. गणतंत्र (गणराज्य)
  6. न्याय
  7. स्वतंत्रता
  8. समता (समानता)
  9. बंधुता (बंधुत्व)

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- समानता 2 प्रकार की (प्रतिष्ठा एवं अवसर)
- न्याय 3 प्रकार के (सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक)

- स्वतंत्रता 5 प्रकार की (विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं उपासना)
- भारत के संविधान की प्रस्तावना में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को **फ्रांस की क्रांति** से लिया गया हैं।
- प्रस्तावना को 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा संशोधित किया गया था जिसके तहत इसमें तीन नए शब्द **समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं अखंडता** सम्मिलित किए गए।

54. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का हिस्सा नहीं है?
(a) समाजवादी (b) पंथनिरपेक्ष
(c) लोकतांत्रिक (d) संघवाद

Ans. (d) संघवाद

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **53** देखें।

55. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय संविधान के उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करती है?
(a) मौलिक अधिकार
(b) संविधान की प्रस्तावना
(c) राज्य के नीति-निदेशक तत्व
(d) संसद

Ans. (b) संविधान की प्रस्तावना

- भारत के संविधान की प्रस्तावना, भारतीय संविधान के उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करती है। यह सुनिश्चित करती है कि भारत एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य है।
- भारत के संविधान की प्रस्तावना जवाहरलाल नेहरू द्वारा बनाए एवं पेश किए गए तथा संविधान सभा के द्वारा अपनाए गए 'उद्देश्य प्रस्ताव' पर आधारित है।

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-

- प्रस्तावना, संविधान के परिचय या भूमिका को कहते हैं जिसमें संविधान का सार होता है।
- एन.ए. पालकीवाला ने प्रस्तावना को 'संविधान का परिचय-पत्र' भी कहा है।

56. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित नहीं है?
(a) सामाजिक न्याय
(b) आर्थिक न्याय
(c) राजनीतिक न्याय
(d) धार्मिक न्याय

Ans. (d) धार्मिक न्याय

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में न्याय तीन भिन्न रूपों में उल्लिखित हैं-
  1. सामाजिक न्याय
  2. आर्थिक न्याय
  3. राजनीतिक न्याय

57. भारतीय संविधान की प्रस्तावना ..... के संविधान की प्रस्तावना से प्रेरित थी।
(a) जर्मनी
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) फ्रांस
(d) जापान

Ans. (b) संयुक्त राज्य अमेरिका

- सबसे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में प्रस्तावना को शामिल किया गया था। इसके पश्चात् अनेक देशों ने 'प्रस्तावना' को अपनाया था जिनमें भारत भी शामिल था।
- भारत के संविधान में प्रस्तावना का विचार संयुक्त राज्य अमेरिका एवं प्रस्तावना की भाषा ऑस्ट्रेलिया के संविधान से प्रेरित हैं।

58. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि राज्य ग्राम पंचायतों को संगठित करने के लिए कदम उठाएंगे?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) अनुच्छेद 34 (b) अनुच्छेद 36
(c) अनुच्छेद 40 (d) अनुच्छेद 48

Ans. (c) अनुच्छेद 40

- **अनुच्छेद 34:-** जब किसी क्षेत्र में सेना विधि प्रवृत्त है, तब इस भाग द्वारा दिए गए अधिकारों पर निर्बन्धन।
- **अनुच्छेद 36:-** परिभाषा (राज्य की नीति के निदेशक तत्व)।
- **अनुच्छेद 40:-** ग्राम पंचायतों का संगठन।
- **अनुच्छेद 48:-** कृषि एवं पशुपालन का संगठन।

59. भारत के संविधान के अनुच्छेद ..... के अनुसार राज्य ग्राम पंचायतें संगठित करने के लिए कदम उठाएंगे और उन्हें ये शक्तियाँ तथा अधिकार प्रदान करेंगे जो स्वशासन की इकाइयों के रूप में उन्हें कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हो।
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) 38 (b) 39
(c) 40 (d) 41

Ans. (c) 40

- **अनुच्छेद 38:-** राज्य के द्वारा लोक कल्याण की अभिवृद्धि हेतु सामाजिक व्यवस्था का निर्माण।
- **अनुच्छेद 39:-** राज्य के द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्व।
- **अनुच्छेद 39(क):-** समान न्याय एवं नि:शुल्क विधिक (कानूनी) सहायता।
- **अनुच्छेद 40:-** ग्राम पंचायतों का संगठन।
- **अनुच्छेद 41:-** कुछ दशाओं में कार्य, शिक्षा एवं लोक सहायता पाना।

60. भारत के संविधान के निम्नलिखित भागों में से कौन-सा भाग मुख्य रूप से संघ और राज्यों के बीच संबंधों से संबंधित है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) भाग V (b) भाग VII
(c) भाग IX (d) भाग XI

Ans. (d) भाग XI

प्रमुख भाग	संबंधित अनुच्छेद	संबंधित विषय
भाग I	1-4	संघ का नाम और राज्यक्षेत्र
भाग II	5-11	नागरिकता
भाग III	12-35	मौलिक अधिकार
भाग IV	36-51	राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
भाग V	52-151	संघ सरकार
भाग VI	152-237	राज्य सरकार
भाग X	244-244A	अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्र
भाग XI	245-263	संघ और राज्यों के बीच संबंध
भाग XV	324-329A	निर्वाचन (चुनाव)

61. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि संसद कानून द्वारा किसी भी राज्य से क्षेत्र को अलग करके या किसी राज्य के किसी हिस्से में किसी भी क्षेत्र को मिलाकर एक नया राज्य बना सकती है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 3 (b) अनुच्छेद 5
(c) अनुच्छेद 7 (d) अनुच्छेद 9

Ans. (a) अनुच्छेद 3

- **अनुच्छेद 3:-** नए राज्यों का नाम एवं वर्तमान राज्यों व पुराने राज्यों के नाम, क्षेत्रफल तथा सीमाओं में परिवर्तन।
- **अनुच्छेद 5:-** नागरिकता (संविधान के प्रारंभ में)।
- **अनुच्छेद 7:-** पाकिस्तान को प्रवर्जन करने वाले कुछ व्यक्तियों के नागरिकता से संबंधित अधिकार।
- **अनुच्छेद 9:-** किसी विदेशी राज्य की नागरिकता स्वेच्छा से अर्जित करने वाले व्यक्तियों का नागरिक न होना।

62. किस वर्ष सर्वप्रथम किसी भारतीय राज्य को भाषाई आधार पर मान्यता दी गई थी?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) 1950 (b) 1951
(c) 1953 (d) 1956

Ans. (c) 1953

- भाषाई आधार पर बनने वाला पहला राज्य अक्टूबर, 1953 में आंध्र प्रदेश था। यह मद्रास से तेलुगू भाषी क्षेत्रों को पृथक् करके गठित किया गया था।
- राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 भारत सरकार द्वारा पारित किया गया था।

63. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में नए राज्य के प्रवेश या स्थापना का प्रावधान दिया गया है?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) अनुच्छेद 1 (b) अनुच्छेद 2
(c) अनुच्छेद 3 (d) अनुच्छेद 4

Ans. (b) अनुच्छेद 2

- **अनुच्छेद 1:-** संघ का नाम और राज्यक्षेत्र।
- **अनुच्छेद 2:-** नए राज्यों का प्रवेश या स्थापना।
- **अनुच्छेद 3:-** नए राज्यों का नाम एवं वर्तमान राज्यों व पुराने राज्यों के नाम, क्षेत्रफल तथा सीमाओं में परिवर्तन।
- **अनुच्छेद 4:-** अनुच्छेद-2 और अनुच्छेद-3 के तहत निर्मित कानून जिनके द्वारा पहली एवं चौथी अनुसूची तथा पूरक, आनुषंगिक व अनुवर्ती मामलों में संशोधन किए जा सके।

64. क्या भारत में एक नए राज्य का निर्माण हो सकता है?
(a) यह संविधान के अनुसार हो सकता है।
(b) यह संविधान के अनुसार नहीं हो सकता है।
(c) संविधान में इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं है।
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) यह संविधान के अनुसार हो सकता है।

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद-3 संसद को अधिकृत करता है कि वह किसी राज्य में से उसका राज्यक्षेत्र अलग करके या दो अथवा अधिक राज्यों को अथवा राज्यों के भागों को मिलाकर अथवा किसी राज्यक्षेत्र को किसी राज्य के भाग के साथ मिलाकर एक नए राज्य का निर्माण कर सकेगी।

65. केंद्रशासित प्रदेश पांडिचेरी का नाम बदलकर पुडुचेरी किस वर्ष किया गया?
(a) 2000 (b) 2006
(c) 2008 (d) 2022

Ans. (b) 2006

- वर्ष 2006 में पांडिचेरी का नाम बदलकर पुडुचेरी कर दिया गया था।
- पुडुचेरी को भारतीय संघ में 14वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1962 के द्वारा सम्मिलित किया गया था।

66. 21 जनवरी, 1972 को ..... गठन किया गया था।
(a) तेलंगाना (b) उड़ीसा
(c) मेघालय (d) गोवा

Ans. (c) मेघालय

- मेघालय गठन वर्ष: 21 जनवरी, 1972
- मणिपुर गठन वर्ष: 21 जनवरी, 1972
- त्रिपुरा गठन वर्ष: 21 जनवरी, 1972
- गोवा गठन वर्ष: 30 मई, 1987 **(25वें राज्य के रूप में गठित)**
- तेलंगाना गठन वर्ष: 2 जून, 2014 **(29वें राज्य के रूप में गठित)**

67. दिल्ली एक ..... है।
(a) राज्य
(b) राष्ट्रीय क्षेत्र
(c) राजधानी क्षेत्र
(d) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और केंद्रशासित प्रदेश

Ans. (d) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और केंद्रशासित प्रदेश

- 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 के तहत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को विशेष दर्जा देते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) घोषित किया गया था।
- वर्ष 1956 में दिल्ली का केंद्रशासित प्रदेश के रूप में गठन हुआ था।
- दिल्ली का प्रशासक लेफ्टिनेंट गवर्नर (उपराज्यपाल) होता है।
- **अनुच्छेद 239(AA):-** केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली से संबंधित विशेष प्रावधान सम्मिलित।

68. वर्तमान में भारतीय शासन व्यवस्था में केंद्रशासित प्रदेशों की संख्या कितनी हैं?
(a) 5 (b) 6
(c) 8 (d) 9

Ans. (c) 8

- वर्तमान में भारत में 28 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेश हैं।

महत्त्वपूर्ण बिन्दु:-
- **भाग VIII:** केंद्रशासित प्रदेशों के संबंध में उपबंध (अनुच्छेद 239-241)
- वर्ष 2019 में राज्य जम्मू एवं कश्मीर को दो अलग-अलग केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था-
  1. जम्मू एवं कश्मीर
  2. लद्दाख
- जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 के तहत इन दो केंद्रशासित प्रदेशों का गठन हुआ था।

69. निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान के अनुच्छेद-3 के तहत संसद के एक कानून द्वारा संभव नहीं है?
(a) नए राज्यों का गठन
(b) राज्यों के क्षेत्रों में परिवर्तन
(c) राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन
(d) नए राज्यों का प्रवेश

Ans. (d) नए राज्यों का प्रवेश

- **अनुच्छेद 2:-** नए राज्यों का भारतीय संघ में प्रवेश एवं नए राज्यों के गठन की शक्ति से संबंधित।

70. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग में नागरिकता का वर्णन किया गया है?
(D.P. Const. 16 Dec. 2020)
(a) भाग I (b) भाग II
(c) भाग III (d) भाग IV

Ans. (b) भाग II

- **भाग I:** संघ का नाम और राज्यक्षेत्र (अनुच्छेद 1-4)
- **भाग II:** नागरिकता (अनुच्छेद 5-11)
- **भाग III:** मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 12-35)
- **भाग IV:** राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत (अनुच्छेद 36-51)

71. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'नागरिकता के अधिकारों की निरंतरता' का उल्लेख है?
(a) अनुच्छेद 9 (b) अनुच्छेद 10
(c) अनुच्छेद 11 (d) अनुच्छेद 12

Ans. (b) अनुच्छेद 10

- **अनुच्छेद 9:-** जो व्यक्ति स्वेच्छा से विदेशी राज्यों की नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता नहीं मिल सकती।
- **अनुच्छेद 10:-** नागरिकता के अधिकारों की निरंतरता।
- **अनुच्छेद 11:-** संसद द्वारा विधि (कानून) बनाकर नागरिकता अधिकारों का नियमन।

72. निम्नलिखित का मिलान कीजिए-

स्तंभ-I	स्तंभ-II
1. भारतीय नागरिकता को प्राप्त करने का तरीका	A. वंचित करने पर
2. भारतीय नागरिकता को अंत करने का तरीका	B. विधि के तहत समता तथा विधियों के समान संरक्षण
3. मूल अधिकार	C. पंजीकरण

1 2 3
(a) C A B
(b) B A C
(c) C B A
(d) B C A

Ans. (a) C A B

- सही मिलान इस प्रकार हैं-

स्तंभ-I	स्तंभ-II
1. भारतीय नागरिकता को प्राप्त करने का तरीका	C. पंजीकरण
2. भारतीय नागरिकता को अंत करने का तरीका	A. वंचित करने पर
3. मूल अधिकार	B. विधि के तहत समता तथा विधियों के समान संरक्षण

73. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5 से 11 निम्नलिखित में से किस पहलू से संबंधित हैं?
(a) भारत की नागरिकता
(c) भारतीय राज्यों की सीमाएँ
(b) भारत में भाषाएँ
(d) बच्चों के लिए शिक्षा

Ans. (a) भारत की नागरिकता

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **70** देखें।

74. नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 संसद में कब पारित किया गया?
(a) 10 दिसंबर, 2019
(b) 11 दिसंबर, 2019
(c) 12 दिसंबर, 2019
(d) 13 दिसंबर, 2019

Ans. (b) 11 दिसंबर, 2019

✪ नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 **11 दिसंबर, 2019** को संसद के द्वारा पारित किया गया था।
✪ नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 **10 जनवरी, 2020** को लागू हुआ था।

75. भारत का एक नागरिक अपनी नागरिकता खो देगा, यदि वह-
1. भारतीय नागरिकता का परित्याग करता है।
2. स्वेच्छा से अन्य देश की नागरिकता प्राप्त करता है।
3. किसी अन्य देश के नागरिक से विवाह करता है।
4. सरकार की आलोचना करता है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1 और 4

Ans. (c) केवल 1 और 2

✪ नागरिकता के समाप्त होने की तीन दशाएँ-
1. स्वैच्छिक त्याग के द्वारा
2. बर्खास्तगी के द्वारा
3. वंचित किए जाने के द्वारा

76. भारतीय नागरिकता ..... नहीं प्राप्त की जा सकती है।
(a) जन्म द्वारा
(b) देशीयकरण द्वारा
(c) किसी भू-भाग के सम्मिलन द्वारा
(d) भारतीय बैंक में धन जमा करके

Ans. (d) भारतीय बैंक में धन जमा करके

✪ नागरिकता प्राप्त करने की पाँच दशाएँ-
1. जन्म
2. वंशानुगत
3. पंजीकरण
4. देशीयकरण
5. क्षेत्र समाविष्टि

नोट: भारतीय संविधान में 'एकल नागरिकता' की अवधारणा 'ब्रिटेन' के संविधान से ली गई है।

77. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद मौलिक अधिकारों के संदर्भ में 'राज्य' को परिभाषित करता है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 12 (b) अनुच्छेद 16
(c) अनुच्छेद 18 (d) अनुच्छेद 22

Ans. (a) अनुच्छेद 12

✪ **अनुच्छेद 16:**- अवसर की समानता (लोक नियोजन के विषय में)।
✪ **अनुच्छेद 18:**- उपाधियों का अंत।
✪ **अनुच्छेद 22:**- कुछ दशाओं में गिरफ्तारी तथा निरोध में संरक्षण।
✪ मौलिक अधिकारों से संबंधित विभिन्न उपबंधों में 'राज्य' शब्द का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार इसे भारतीय संविधान के भाग III के उद्देश्य के अंतर्गत परिभाषित किया गया है।

78. भारतीय संविधान का भाग चार अ (Part IV A) निम्नलिखित में से कितने मौलिक कर्त्तव्यों हेतु प्रावधान करता है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) 8 (b) 11
(c) 14 (d) 19

Ans. (b) 11

✪ मूल संविधान में मौलिक कर्त्तव्य नहीं थे। इन्हें बाद में सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।
✪ प्रारंभ में कुल 10 मौलिक कर्त्तव्य जोड़े गए थे।
✪ वर्तमान में भारत के संविधान में 11 मौलिक कर्त्तव्य वर्णित हैं।
✪ 11वाँ मौलिक कर्त्तव्य 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।
✪ भारतीय संविधान के भाग IVA में अनुच्छेद 51A के तहत मौलिक कर्त्तव्यों को सम्मिलित किया गया है।

79. भारत के संविधान में अनुच्छेद 21A को निम्नलिखित में से किस वर्ष में समावेशित किया गया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 2000 में (b) 2002 में
(c) 2004 में (d) 2006 में

Ans. (b) 2002 में

✪ 11वें मौलिक कर्त्तव्य के तहत 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा अनुच्छेद 21A भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।
✪ **अनुच्छेद 21:**- प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण।
✪ **अनुच्छेद 21A:**- प्रारंभिक शिक्षा का अधिकार।

80. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, अल्पसंख्यकों द्वारा शिक्षा संस्थानों की स्थापना और प्रशासन करने का अधिकार निर्दिष्ट करता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 27 (b) अनुच्छेद 28
(c) अनुच्छेद 29 (d) अनुच्छेद 30

Ans. (d) अनुच्छेद 30

✪ **अनुच्छेद 27:**- किसी धर्म विशेष की अभिवृद्धि हेतु करों के संदाय के बारे में स्वतंत्रता।
✪ **अनुच्छेद 28:**- राज्य निधि से पूर्णत: पोषित शैक्षणिक संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाए।
✪ **अनुच्छेद 29:**- अल्पसंख्यक वर्गों के हितों संबंधी संरक्षण।
✪ **अनुच्छेद 30:**- शिक्षा संस्थाओं की स्थापना एवं प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार।

81. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, सैन्य या अकादमिक वैशिष्ट्य को छोड़कर भारतीय राज्य द्वारा कोई उपाधि प्रदान किए जाने से निषेधित करता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 10 (b) अनुच्छेद 15
(c) अनुच्छेद 18(1) (d) अनुच्छेद 20

Ans. (c) अनुच्छेद 18(1)

✪ **अनुच्छेद 18(1):**- राज्य, सेना (सैन्य) और विद्या (शैक्षणिक) संबंधी सम्मान के अतिरिक्त अन्य कोई उपाधि प्रदान नहीं कर सकता है।
✪ **अनुच्छेद 18(2):**- भारत का कोई भी नागरिक किसी भी विदेशी राज्य से कोई भी उपाधि प्राप्त नहीं करेगा।

- **अनुच्छेद 18(3):-** कोई विदेशी, राज्य के अधीन लाभ अथवा विश्वास के किसी पद को धारण करते हुए किसी विदेशी राज्य से किसी भी प्रकार की उपाधि राष्ट्रपति की सहमति के बिना स्वीकार नहीं करेगा।
- **अनुच्छेद 18(4):-** किसी राज्य के अधीन लाभ अथवा विश्वास का पद धारण करने वाला कोई भी व्यक्ति किसी विदेशी राज्य से अथवा उसके अधीन किसी भी रूप में कोई उपलब्धि, भेंट अथवा पद राष्ट्रपति की सहमति के बिना स्वीकार नहीं करेगा।

82. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भाग III द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन के उपायों से जुड़ा है?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 28 (b) अनुच्छेद 30
(c) अनुच्छेद 31 (d) अनुच्छेद 32

Ans. (d) अनुच्छेद 32

- **अनुच्छेद 28:-** राज्य निधि से पूर्णत: पोषित शैक्षणिक संस्थानों में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाए।
- **अनुच्छेद 30:-** शिक्षा संस्थाओं की स्थापना एवं प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार।
- **अनुच्छेद 31:-** संपत्ति का अनिवार्य अधिग्रहण निरस्त।
- **अनुच्छेद 32:-** संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

83. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संपत्ति के अधिकार से संबंधित है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 258A (b) अनुच्छेद 292
(c) अनुच्छेद 300A (d) अनुच्छेद 322

Ans. (c) अनुच्छेद 300A

- **अनुच्छेद 258A:-** संघ को कृत्य सौंपने की राज्य की शक्ति।
- **अनुच्छेद 292:-** भारत सरकार के द्वारा उधार लेने से संबंधित।
- **अनुच्छेद 300A:-** कानून के प्राधिकार के बिना व्यक्तियों को संपत्ति से वंचित न किया जाना।
- **अनुच्छेद 322:-** लोक सेवा आयोग के खर्च।

नोट: 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था। वर्तमान में संपत्ति का अधिकार, भारतीय संविधान के भाग-XII के तहत अनुच्छेद-300(क) में विधिक (कानूनी) अधिकार के रूप में वर्णित है।

84. अनुच्छेद 32 भारतीय संविधान के किस भाग से संबंध रखता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) भाग I (b) भाग II
(c) भाग III (d) भाग IV

Ans. (c) भाग III

- भारतीय संविधान का भाग III मौलिक अधिकारों से संबंधित है।
- अनुच्छेद 12-35 भाग III के अंतर्गत आते हैं।

मौलिक अधिकार	संबंधित अनुच्छेद
समानता का अधिकार	14-18
स्वतंत्रता का अधिकार	19-22
शोषण के विरुद्ध अधिकार	23-24
धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार	25-28
सांस्कृतिक और शिक्षा संबंधी अधिकार	29-30
संवैधानिक उपचारों का अधिकार	32

85. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत कोई व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय जा सकता है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 31 (b) अनुच्छेद 32
(c) अनुच्छेद 33 (d) अनुच्छेद 34

Ans. (b) अनुच्छेद 32

- **अनुच्छेद 32:-** इस भाग के द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों को प्रवर्तित कराने हेतु उपचार।
- **अनुच्छेद 33:-** इस भाग के द्वारा दिए गए अधिकारों का बलों आदि को लागू होने में, उपांतरण करने की संसद की शक्ति।
- **अनुच्छेद 34:-** जब किसी क्षेत्र में सेना विधि प्रवृत्त है, तब इस भाग के द्वारा दिए गए अधिकारों पर निर्बन्धन।

86. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद घोषित करता है कि वे सभी कानून; जो मौलिक अधिकारों के साथ असंगत हैं या अल्पीकरण में हैं, शून्य (वोइड) होंगे?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 12 (b) अनुच्छेद 13
(c) अनुच्छेद 32 (d) अनुच्छेद 226

Ans. (b) अनुच्छेद 13

- **अनुच्छेद 13:-** मौलिक अधिकारों से असंगत अथवा उनका अल्पीकरण करने वाली विधियाँ।
- **अनुच्छेद 226:-** उच्च न्यायालयों को कुछ रिट जारी करने की शक्ति।

87. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद सरकार द्वारा संचालित और सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षिक संस्थानों में धार्मिक निर्देशों को प्रतिबंधित और निषेधित करता है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 23 (b) अनुच्छेद 25
(c) अनुच्छेद 28 (d) अनुच्छेद 29

Ans. (c) अनुच्छेद 28

- **अनुच्छेद 23:-** बलात् श्रम एवं मानव दुर्व्यापार का निषेध।
- **अनुच्छेद 25:-** अंत: करण की ओर धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण एवं प्रचार करने की स्वतंत्रता।
- **अनुच्छेद 28:-** शैक्षिक संस्थानों में धार्मिक निर्देशों या पूजा में उपस्थिति से स्वतंत्रता।
- **अनुच्छेद 29:-** अल्पसंख्यक वर्गों के हितों संबंधी संरक्षण।

88. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग को **'भारतीय संविधान की अंतरात्मा'** के रूप में संदर्भित किया गया है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) मौलिक कर्त्तव्य
(b) केंद्र-राज्य संबंध
(c) मौलिक अधिकार
(d) नागरिकता

Ans. (c) मौलिक अधिकार

- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-32 **(मौलिक अधिकारों के अंतर्गत)** को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद बताया है।
- यह एक अनुच्छेद जिसके बिना संविधान अर्थविहीन है। यह संविधान की आत्मा एवं हृदय है।
- **अनुच्छेद-32** का प्रमुख उद्देश्य मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए गारंटी, प्रभावी तथा संक्षेप व सुलभ उपचारों की व्यवस्था करना है।

89. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कानून के समक्ष समानता या कानूनों के समान संरक्षण की बात करता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 17
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 23

Ans. (a) अनुच्छेद 14

- **अनुच्छेद 14:-** विधि (कानून) के समक्ष समानता।
- **अनुच्छेद 17:-** अस्पृश्यता उन्मूलन।
- **अनुच्छेद 21:-** प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण।
- **अनुच्छेद 23:-** बलात् श्रम एवं मानव दुर्व्यापार का निषेध।

✪ **अनुच्छेद 24:-** कारखाने में बाल श्रम आदि का निषेध।

90. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि 'अस्पृश्यता' को समाप्त कर दिया गया है और किसी भी रूप में इसका अभ्यास निषिद्ध है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 13 (b) अनुच्छेद 15
(c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 19

Ans. (c) अनुच्छेद 17

✪ **अनुच्छेद 15:-** धर्म, जाति, वंश, लिंग अथवा जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध।
✪ **अनुच्छेद 19:-** वाक् स्वतंत्रता आदि विषयक कुछ अधिकारों के संरक्षण से संबंधित।

91. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता
(b) जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध
(c) प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण
(d) अल्पसंख्यकों की भाषा, संस्कृति का संरक्षण

Ans. (c) प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

✪ **अनुच्छेद 26:-** धर्म विषयक कार्यों का प्रबंध करने का अधिकार।
✪ **अनुच्छेद 29:-** भारत के किसी भी भाग में रहने वाले नागरिकों के किसी भी अनुभाग (अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक दोनों) को जिसकी अपनी भाषा, बोली, संस्कृति व लिपि हो उसको सुरक्षित रखने का अधिकार है।

92. भारत के संविधान के अनुच्छेद 18 के अनुसार राज्य द्वारा किस प्रकार की उपाधि प्रदान की जा सकती है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) धार्मिक और संगीत
(b) सैन्य और सामाजिक
(c) सैन्य और शैक्षणिक
(d) खेल और संगीत

Ans. (c) सैन्य और शैक्षणिक

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **81** देखें।

93. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि भारत का कोई भी नागरिक किसी अन्य राष्ट्र से कोई उपाधि स्वीकार नहीं करेगा?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 18(1)
(b) अनुच्छेद 18(2)
(c) अनुच्छेद 18(3)
(d) अनुच्छेद 18(4)

Ans. (b) अनुच्छेद 18(2)

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **81** देखें।

94. निम्नलिखित में से कौन-सा आज्ञापत्र किसी लोकसेवक को उसके आधिकारिक कर्त्तव्यों को ठीक से करने या शक्ति का दुरुपयोग न करने का आदेश देने के लिए न्यायालय द्वारा जारी किया जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) परमादेश
(b) अधिकार पृच्छा
(c) निषेधाज्ञा
(d) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

Ans. (a) परमादेश

✪ **अनुच्छेद-32** के तहत उच्चतम न्यायालय तथा **अनुच्छेद-226** के तहत उच्च न्यायालय रिट जारी कर सकते हैं। ये **पाँच** प्रकार की होती हैं-
✪ **बन्दी प्रत्यक्षीकरण:** (शरीर को प्रस्तुत किया जाए)
✪ **परमादेश:** (हम आदेश देते हैं)
✪ **प्रतिषेध:** (रोकना)
✪ **उत्प्रेषण:** (सूचना देना)
✪ **अधिकार पृच्छा:** (प्राधिकृत अथवा वारंट के द्वारा)

95. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत कितनी रिट प्रत्याभूत हैं?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) चार (b) पाँच
(c) छह (d) सात

Ans. (b) पाँच

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **94** देखें।

96. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि राज्य भारत के क्षेत्र के भीतर किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता या कानूनों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 12 (b) अनुच्छेद 13
(c) अनुच्छेद 14 (d) अनुच्छेद 15

Ans. (c) अनुच्छेद 14

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **89** देखें।

97. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि मौलिक अधिकारों से असंगत या उनका अनादर करने वाले कानून अमान्य हो जाएंगे?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 13 (b) अनुच्छेद 14
(c) अनुच्छेद 15 (d) अनुच्छेद 16

Ans. (a) अनुच्छेद 13

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **86** देखें।

98. मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सरकार को आदेश और निर्देश कौन दे सकता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय
(b) भारत के राष्ट्रपति
(c) भारत के प्रधानमंत्री
(d) राज्यपाल

Ans. (a) सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय

✪ मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन हेतु सर्वोच्च न्यायालय को अनुच्छेद-32 के तहत रिट जारी करने की शक्ति प्राप्त है।
✪ भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-226 उच्च न्यायालयों को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के मामले में रिट जारी करने का अधिकार देता है।
✪ सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के पास अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी भी व्यक्ति को निर्देश जारी करने की शक्ति प्राप्त हैं।

99. निचली अदालत या सरकारी अधिकारी को अनिवार्य या पूर्णत: कार्यालयी कर्त्तव्यों को सही ढंग से निर्वाह करने हेतु बाध्य करने के लिए निम्न में से कौन-सी रिट एक उच्च न्यायालय द्वारा जारी की जाती है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण
(b) परमादेश
(c) उत्प्रेषण-लेख
(d) अधिकार पृच्छा

Ans. (b) परमादेश

✪ परमादेश एक नियंत्रण है, जिसे न्यायालय के द्वारा सार्वजनिक अधिकारियों को जारी किया जाता है ताकि उनसे उनके कार्यों एवं उसे नकारने के संबंध में पूछताछ हो सके।

100. भारत के संविधान का अनुच्छेद 32 ..... से संबंधित है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) स्वतंत्रता के अधिकार
(b) सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
(c) स्वतंत्रता और धर्म के अधिकार
(d) संवैधानिक उपचारों के अधिकार

Ans. (d) संवैधानिक उपचारों के अधिकार

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **84** देखें।

101. अनुच्छेद-21A निम्नलिखित में से किस अधिकार से संबंधित है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) समानता का अधिकार
(b) शिक्षा का अधिकार
(c) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(d) स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. (b) शिक्षा का अधिकार

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **79** देखें।

102. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि किसी भी अपराध के आरोपी व्यक्ति को अपने खिलाफ गवाह बनने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 16 (b) अनुच्छेद 20
(c) अनुच्छेद 24 (d) अनुच्छेद 26

Ans. (b) अनुच्छेद 20

✪ **अनुच्छेद 20:-** किसी भी अभियुक्त अथवा दोषी सिद्ध व्यक्ति; चाहे वह नागरिक हो अथवा विदेशी अथवा कंपनी तथा परिषद् का कानूनी व्यक्ति, उसके विरुद्ध मनमाने एवं अतिरिक्त दंड से संरक्षण प्रदान करता है। इसके हेतु तीन व्यवस्थाएँ जोकि निम्नवत् हैं-
1. कोई पूर्व पद प्रभाव विधि (कानून) ना होना।
2. दोहरी क्षति ना होना।
3. स्व-अभिशंसन नहीं।

103. भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 (2) के तहत गिरफ्तार और हिरासत में रखे गए प्रत्येक व्यक्ति को निकटतम मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने की समय अवधि क्या है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 12 घंटे के भीतर
(b) 24 घंटे के भीतर
(c) 30 घंटे के भीतर
(d) 48 घंटे के भीतर

Ans. (b) 24 घंटे के भीतर

✪ **अनुच्छेद 22:-** दंडाधिकारी (मजिस्ट्रेट) के समक्ष 24 घंटे में (यात्रा के समय को छोड़कर) पेश होने का अधिकार।

104. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद शोषण के विरुद्ध अधिकार से संबंधित है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 14-18
(b) अनुच्छेद 19-22
(c) अनुच्छेद 23-24
(d) अनुच्छेद 25-28

Ans. (c) अनुच्छेद 23-24

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **84** देखें।

105. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कहता है कि एक राज्य भारत के क्षेत्र के भीतर कानूनों की समान सुरक्षा से इनकार नहीं करेगा?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 11 (b) अनुच्छेद 12
(c) अनुच्छेद 13 (d) अनुच्छेद 14

Ans. (d) अनुच्छेद 14

✪ **अनुच्छेद 11:-** संसद के द्वारा विधि (कानून) बनाकर नागरिकता अधिकारों का नियमन।
✪ **अनुच्छेद 14:-** विधि (कानून) के समक्ष समानता।

106. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 निम्नलिखित में से किस अधिकार से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(d) समानता का अधिकार

Ans. (b) शोषण के विरुद्ध अधिकार

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **84** देखें।

107. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद धार्मिक मामलों के प्रबंधन के अधिकार की गारंटी देता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 25 (b) अनुच्छेद 26
(c) अनुच्छेद 27 (d) अनुच्छेद 28

Ans. (b) अनुच्छेद 26

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **91** देखें।

108. संविधान के अनुच्छेद 17 के अनुसार निम्नलिखित में से किसे समाप्त कर दिया गया है और किसी भी रूप में इसका अभ्यास निषिद्ध है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(b) भेदभाव
(c) शोषण
(d) अस्पृश्यता

Ans. (d) अस्पृश्यता

✪ **वर्ष 1976;** में अस्पृश्यता अपराध अधिनियम, 1955 में मूलभूत संशोधन किया गया था तथा इसको एक नया नाम **'नागरिक अधिकारों की रक्षा अधिनियम, 1955'** दिया गया।
✪ इस अधिनियम में अस्पृश्यता के प्रत्येक प्रकार को समाप्त करते हुए अनुच्छेद 17 की व्यवस्था की गई।

109. निम्नलिखित में से कौन-सी रिट जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करती है?
(a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण
(b) उत्प्रेषण
(c) प्रतिषेध
(d) परमादेश

Ans. (a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

✪ इसे लैटिन भाषा से लिया गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ- **'शरीर को प्रस्तुत किया जाए होता है।'**
✪ यह किसी व्यक्ति को जबरन हिरासत में रखने के विरुद्ध है।
✪ रिट **बन्दी प्रत्यक्षीकरण** सार्वजनिक प्राधिकरण अथवा व्यक्तिगत दोनों के खिलाफ जारी किया जा सकता है।

110. ..... द्वारा गारंटीकृत अधिकारों के अलावा मौलिक अधिकारों को राष्ट्रीय आपातकाल के संचालन के दौरान निलंबित किया जा सकता है।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 14 और 15
(b) अनुच्छेद 18 और 19
(c) अनुच्छेद 20 और 21
(d) अनुच्छेद 23 और 24

Ans. (c) अनुच्छेद 20 और 21

✪ भारतीय संविधान के अनुच्छेद-358 एवं अनुच्छेद-359 राष्ट्रीय आपातकाल में मौलिक अधिकारों पर प्रभाव का वर्णन करते हैं।
✪ अनुच्छेद-358, अनुच्छेद-19 के द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों के निलंबन से संबंधित हैं।
✪ अनुच्छेद-359, अन्य मौलिक अधिकारों के निलंबन से संबंधित हैं। **(अनुच्छेद 20 और 21 द्वारा दिए गए अधिकारों को छोड़कर)।**

111. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान सही है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) भारतीय संविधान का भाग दो (Part II) मौलिक अधिकारों से संबंधित है।
(b) भारतीय संविधान का भाग चार अ (Part IVA) नागरिकता से संबंधित है।
(c) भारतीय संविधान का भाग तीन (Part III) मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित है।
(d) भारतीय संविधान का भाग चार (Part IV) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित है।

Ans. (d) भारतीय संविधान का भाग चार (Part IV) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित है।

- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 36 से 51 तक सम्मिलित हैं।
- भाग IVA में अनुच्छेद 51A के तहत मौलिक कर्त्तव्यों का वर्णन हैं।

112. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, राज्यों के नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) भाग 2 (b) भाग 3
(c) भाग 4 (d) भाग 5

Ans. (c) भाग 4

प्रमुख भाग	संबंधित अनुच्छेद	संबंधित विषय
भाग II	5 से 11	नागरिकता
भाग III	12 से 35	मौलिक अधिकार
भाग IV	36 से 51	राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
भाग V	52 से 151	संघ सरकार

113. 2011 के 97वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने ..... से संबंधित एक नया राज्य का नीति-निदेशक सिद्धांत जोड़ा है।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) अर्द्ध-न्यायिक निकायों
(b) सहकारी समितियों
(c) अंतर्राज्यीय संबंधों
(d) नदियों और जल निकायों

Ans. (b) सहकारी समितियों

- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों (भाग IV) के तहत 'सहकारी समितियों के प्रचार' के संबंध में एक नया अनुच्छेद-43B जोड़ा गया था।

97वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2011 के तहत प्रमुख परिवर्तन:-

- सहकारी समिति बनाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार बन गया।
- सहकारी समितियों को बढ़ावा देने से संबंधित एक नया राज्य नीति-निदेशक सिद्धांत समावेशित किया गया।

114. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद ग्राम पंचायतों के संगठन से संबंधित है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 37 (b) अनुच्छेद 38
(c) अनुच्छेद 39 (d) अनुच्छेद 40

Ans. (d) अनुच्छेद 40

- **अनुच्छेद 37:-** इस भाग में समाहित सिद्धांतों को लागू करना।
- **अनुच्छेद 38:-** राज्य के द्वारा लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाना।
- **अनुच्छेद 39:-** राज्य के द्वारा अनुसरणीय कुछ नीति तत्व।
- **अनुच्छेद 40:-** राज्य के द्वारा ग्राम पंचायतों को स्थानीय स्वशासन की इकाइयों के रूप में संगठित करना।

115. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 51 में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) कृषि और पशुपालन का संगठन
(b) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना
(c) नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता
(d) कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण

Ans. (b) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना

- **अनुच्छेद 51:-** अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास से संबंधित।

116. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद सहकारी समितियों को बढ़ावा देने से संबंधित है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 31B (b) अनुच्छेद 39A
(c) अनुच्छेद 43B (d) अनुच्छेद 51A

Ans. (c) अनुच्छेद 43B

- **97वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2011** सहकारी समितियों को संवैधानिक स्थिति और संरक्षण प्रदान करता है।
- **अनुच्छेद 43B:-** सहकारी समितियों को बढ़ावा देने से संबंधित।

117. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख है कि कलात्मक या ऐतिहासिक रुचि के प्रत्येक स्मारक या स्थान या वस्तु की रक्षा करना राज्य का दायित्व होगा?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 45 (b) अनुच्छेद 47
(c) अनुच्छेद 49 (d) अनुच्छेद 51

Ans. (c) अनुच्छेद 49

- **अनुच्छेद 47:-** पोषण स्तर और जीवन स्तर को बढ़ाने तथा लोक स्वास्थ्य में सुधार करने का राज्य का कर्त्तव्य।
- **अनुच्छेद 51:-** अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।

118. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद समान न्याय और नि:शुल्क कानूनी सहायता से संबंधित है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 39A
(b) अनुच्छेद 43A
(c) अनुच्छेद 48A
(d) अनुच्छेद 51A

Ans. (a) अनुच्छेद 39A

- **अनुच्छेद 43A:-** उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी।
- **अनुच्छेद 48A:-** पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन तथा वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा करना।

119. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि राज्य के द्वारा नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता की व्यवस्था की जाएगी?
(a) अनुच्छेद 41 (b) अनुच्छेद 42
(c) अनुच्छेद 44 (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (c) अनुच्छेद 44

- **अनुच्छेद 41:-** कुछ दशाओं में कार्य, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार।
- **अनुच्छेद 42:-** राज्य द्वारा मातृत्व राहत सहित काम की न्यायसंगत और मानवीय स्थिति प्रदान करना।
- **अनुच्छेद 44:-** नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता।

120. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) भारत के संविधान के अनुच्छेद 62-71 नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित हैं।
(b) भारत के संविधान के अनुच्छेद 36-51 नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित हैं।
(c) भारत के संविधान के अनुच्छेद 12-35 नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित हैं।
(d) भारत के संविधान के अनुच्छेद 52-62 नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित हैं।

Ans. (b) भारत के संविधान के अनुच्छेद 36-51 नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित हैं।

- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों का उल्लेख संविधान के भाग IV के तहत अनुच्छेद 36 से 51 में किया गया है।

121. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्द्धन और वन एवं वन्य जीवों की रक्षा से संबंधित है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 39A
(b) अनुच्छेद 43A
(c) अनुच्छेद 48A
(d) अनुच्छेद 51A

Ans. (c) अनुच्छेद 48A

✪ अनुच्छेद 39A:- समान न्याय एवं नि:शुल्क विधिक (कानूनी) सहायता उपलब्ध कराना।
✪ अनुच्छेद 43A:- उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना।

122. भारतीय संविधान के कौन-से अनुच्छेद में कहा गया है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 40 (b) अनुच्छेद 42
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 51

Ans. (c) अनुच्छेद 44

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **119** देखें।

123. भारतीय संविधान के राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
A. 1976 के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम ने संविधान में राज्य के छः नीति-निदेशक सिद्धांतों को जोड़ा।
B. 2002 के 86वें संविधान संशोधन अधिनियम ने अनुच्छेद-45 के स्थान पर एक नया अनुच्छेद प्रतिस्थापित किया और मौलिक अधिकार बना दिया।
(a) केवल B (b) न तो A, न ही B
(c) केवल A (d) A और B दोनों

Ans. (a) केवल B

✪ 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा भारतीय संविधान में राज्य के छः नीति-निदेशक सिद्धांत नहीं, बल्कि चार सिद्धांत ही जोड़े गए थे।
अतः कथन **A** गलत, **B** सही है।

124. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 36-51 ..... से संबंधित हैं।
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) संघ
(b) मौलिक कर्त्तव्यों
(c) मौलिक अधिकारों
(d) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों

Ans. (d) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **112** देखें।

125. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य के पोषण-स्तर और जीवन-स्तर को बढ़ाने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने के कर्त्तव्य को निर्धारित करता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 44 (b) अनुच्छेद 45
(c) अनुच्छेद 46 (d) अनुच्छेद 47

Ans. (d) अनुच्छेद 47

✪ अनुच्छेद 46:- अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य कमजोर वर्गों के शैक्षिक तथा आर्थिक हितों को बढ़ावा देना।
✪ अनुच्छेद 47:- पोषण-स्तर और जीवन स्तर को बढ़ाने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करने का राज्य का कर्त्तव्य।

126. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी (वेतन) से संबंधित है?
(a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 43
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 45

Ans. (b) अनुच्छेद 43

✪ अनुच्छेद 43:- कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी (वेतन)।
✪ अनुच्छेद 43(क):- उद्योगों के प्रबंधन में कर्मकारों का भाग लेना।
✪ अनुच्छेद 43(ख):- सहकारी समितियों को प्रोत्साहन।
✪ अनुच्छेद 44:- सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता।

127. भारत के संविधान के अनुच्छेद-50 में ..... के बारे में उल्लेख है।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) समान न्याय को बढ़ावा देने और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने
(b) लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने
(c) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने
(d) आजीविका के पर्याप्त साधनों के अधिकार को सुरक्षित करने

Ans. (b) लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने

✪ भारतीय संविधान में भाग IV के तहत राज्य के नीति-निदेशक तत्वों में अनुच्छेद-50 शामिल हैं जिसमें न्यायपालिका से कार्यपालिका को पृथक् करने का प्रावधान वर्णित है।

128. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कुछ मामलों में कार्य, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता के अधिकार से संबंधित है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 41 (b) अनुच्छेद 42
(c) अनुच्छेद 43 (d) अनुच्छेद 44

Ans. (a) अनुच्छेद 41

प्रमुख अनुच्छेद	संबंधित विषय
40	ग्राम पंचायतों का संगठन
41	कुछ दशाओं में कार्य, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता पाने का अधिकार
42	काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध
43	कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि

129. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A ..... का विचार देता है।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) कुछ मामलों में काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता का अधिकार
(b) काम की उचित और मानवीय स्थितियों के लिए प्रावधान
(c) समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता
(d) श्रमिकों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि

Ans. (c) समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता

✪ अनुच्छेद 39A:- समान न्याय और नि:शुल्क विधिक (कानूनी) सहायता उपलब्ध कराना।

130. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद कार्य और मातृत्व राहत के लिए न्यायसंगत तथा मानवीय परिस्थितियों के प्रावधान से संबंधित है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 43
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 45

Ans. (a) अनुच्छेद 42

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **128** देखें।

131. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों से संबंधित है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) भाग IV (b) भाग XI
(c) भाग XIV (d) भाग XX

Ans. (a) भाग IV

प्रमुख भाग	संबंधित अनुच्छेद	संबंधित विषय
भाग XI	245 से 263	संघ और राज्यों के बीच संबंध
भाग XIV	308 से 323	संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ
भाग XX	368	संविधान का संशोधन

132. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों में सूचीबद्ध नहीं है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) लोगों के कल्याण को बढ़ावा देना
(b) समान कार्य के लिए समान वेतन
(c) कुछ मामलों में ट्रांसजेंडरों के लिए अधिकार
(d) नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता

Ans. (c) कुछ मामलों में ट्रांसजेंडरों के लिए अधिकार

- कुछ मामलों में ट्रांसजेंडरों के लिए अधिकार राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों में सूचीबद्ध नहीं है।

133. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य का नीति-निदेशक सिद्धांत है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) राष्ट्रीय संघर्ष के आदर्शों को संजोए रखना और उनका पालन करना
(b) लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना
(c) संविधान और उसके आदर्शों का पालन करना
(d) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना

Ans. (b) लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना

- **अनुच्छेद 38:-** राज्य के द्वारा लोक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था बनाना।
- **विकल्प (a), (c) एवं (d)** मौलिक कर्त्तव्यों के अंतर्गत सम्मिलित हैं।

134. 'ग्राम पंचायत' शब्द का उल्लेख भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में किया गया?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 40 (b) अनुच्छेद 47
(c) अनुच्छेद 49 (d) अनुच्छेद 51

Ans. (a) अनुच्छेद 40

- अनुच्छेद 40:- ग्राम पंचायतों के संगठन से संबंधित।
- भारत में पंचायती राज व्यवस्था का वास्तुकार एवं शिल्पीकार बलवंत राय मेहता को कहा जाता है। इन्होंने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के गठन की सिफारिश की थी।
- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के द्वारा भारतीय संविधान में भाग IX और 11वीं अनुसूची जोड़ी गई।
- 11वीं अनुसूची में पंचायत की 29 कार्यात्मक मदें जोड़ी गई।

135. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए है/हैं?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) मौलिक कर्त्तव्य
(b) एकल नागरिकता
(c) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
(d) सहकारी समितियाँ

Ans. (c) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत

- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत आयरलैंड के संविधान से लिए गए हैं।
- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के आदर्शों को बढ़ावा देते हैं।

136. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद निदेशक सिद्धांतों को 'देश के शासन में मौलिक' के रूप में निहित करता है और कानून बनाने में इन सिद्धांतों को लागू करने की राज्य से अपेक्षा करता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 36 (b) अनुच्छेद 37
(c) अनुच्छेद 38 (d) अनुच्छेद 39

Ans. (b) अनुच्छेद 37

- अनुच्छेद 36:- राज्य की परिभाषा का वर्णन।
- अनुच्छेद 37:- इस भाग में अंतर्विष्ट तत्वों को लागू करने से संबंधित।

137. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत ..... में दिए गए 'अनुदेशों के समान' हैं।
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1909
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

Ans. (c) भारत सरकार अधिनियम, 1935

- राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत भारत सरकार अधिनियम, 1935 में उल्लिखित अनुदेशों के समान हैं।
- **डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के शब्दों में** निदेशक सिद्धांत अनुदेशों के समान हैं, जो भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत अंग्रेजी सरकार द्वारा गवर्नर जनरल तथा भारत की औपनिवेशिक कालोनियों के गवर्नरों को जारी किए जाते थे।

138. भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम, 'सर्व शिक्षा अभियान' राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के निम्नलिखित में से किस प्रावधान को पूरा करता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 43
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 45

Ans. (d) अनुच्छेद 45

- सर्व शिक्षा अभियान (SSA) की शुरुआत वर्ष 2001 में हुई थी।
- 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के तहत अनुच्छेद-45 में परिवर्तन किया गया तथा अनुच्छेद-21A के तहत प्राथमिक शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया गया।
- अनुच्छेद 21A:- प्रारंभिक शिक्षा के अधिकार से संबंधित।
- अनुच्छेद 45:- बालपन-पूर्व देखभाल एवं 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की शिक्षा से संबंधित।

139. भारतीय संविधान के निम्नलिखित राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों में से कौन-सा सिद्धांत समाजवादी सिद्धांतों के अंतर्गत आता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) सहकारी समितियों के कामकाज को संवर्द्धन करना
(b) पुरुषों और महिलाओं के लिए समान काम के लिए समान वेतन
(c) मादक पेयों और हानिकर औषधियों के उपभोग का प्रतिषेध करना
(d) पर्यावरण का संरक्षण और सुधार करना तथा वनों एवं वन्य जीवों की रक्षा करना

Ans. (b) पुरुषों और महिलाओं के लिए समान काम के लिए समान वेतन

- भारतीय संविधान के राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों में से **अनुच्छेद-38, 39, 39A, 41, 42, 43** समाजवादी सिद्धांत के अंतर्गत आते हैं।
- इनका लक्ष्य सामाजिक एवं आर्थिक न्याय प्रदान करना हैं। ये कल्याणकारी राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

140. कौन-सा नीति-निदेशक सिद्धांत नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्रदान करता है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 41 (b) अनुच्छेद 42
(c) अनुच्छेद 43 (d) अनुच्छेद 44

Ans. (d) अनुच्छेद 44

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **119** देखें।

141. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि राज्य विशेष रूप से, पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में अपनी नीति निर्देशित करेगा?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 30 (b) अनुच्छेद 33
(c) अनुच्छेद 37 (d) अनुच्छेद 39

Ans. (d) अनुच्छेद 39

- **अनुच्छेद 39:-** राज्य विशेष रूप से निम्नलिखित प्रमुख नीतियों को सुरक्षित करने की दिशा में कार्य करेगा–

- सभी नागरिकों को आजीविका के पर्याप्त साधन पाने का अधिकार।
- सामूहिक हित के लिए समुदाय के भौतिक संसाधनों का समान रूप से वितरण।
- पुरुषों और महिलाओं के लिए समान कार्यों के लिए समान वेतन।

142. भारतीय संविधान में, लोगों के लिए कल्याणकारी राज्य की स्थापना के बारे में कौन-सा अनुच्छेद बताता है?

(a) 39 (b) 59
(c) 69 (d) 99

Ans. (a) 39

- अनुच्छेद 59:- राष्ट्रपति कार्यालय की दशाएँ।
- अनुच्छेद 69:- उपराष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान।
- अनुच्छेद 99:- संसद के सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान।
- **अनुच्छेद-39**, राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के अंतर्गत सम्मिलित है।

143. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ा गया?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) 42वें (b) 65वें
(c) 73वें (d) 74वें

Ans. (a) 42वें

- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा 10 मौलिक कर्त्तव्यों को भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।
- भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्त्तव्यों को भाग-IVA में अनुच्छेद-51A के तहत जोड़ा गया है।

नोट: मौलिक कर्त्तव्यों को **सोवियत संघ** के संविधान से लिया गया है।

144. किस समिति ने सुझाव दिया था कि करों का भुगतान करना भी नागरिकों का मौलिक कर्त्तव्य होना चाहिए?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) स्वर्ण सिंह समिति
(b) जे.एस. वर्मा समिति
(c) चरण सिंह समिति
(d) भूटा सिंह समिति

Ans. (a) स्वर्ण सिंह समिति

- स्वर्ण सिंह समिति के द्वारा दी गई कुछ सिफारिशों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने स्वीकार नहीं किया था जिनमें से एक सिफारिश थी- **कर अदायगी भी नागरिकों का मौलिक कर्त्तव्य होना चाहिए।**

145. निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना
(b) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना
(c) कोऑपरेटिव सोसाइटी को बढ़ावा देना
(d) देश की समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना

Ans. (c) कोऑपरेटिव सोसाइटी को बढ़ावा देना

- कोऑपरेटिव सोसाइटी को बढ़ावा देना, राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत के अंतर्गत आता है।
- अनुच्छेद 43B:- सहकारी समितियों को प्रोत्साहन से संबंधित।

146. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से किस मौलिक कर्त्तव्य का उल्लेख सबसे पहले किया गया है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना।
(b) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना।
(c) संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों तथा संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्र गान का सम्मान करना।
(d) देश की रक्षा करना और ऐसा करने के लिए बुलाए जाने पर राष्ट्रीय सेवा प्रदान करना।

Ans. (c) संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों तथा संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्र गान का सम्मान करना।

मौलिक कर्त्तव्यों की सूची:-

- अनुच्छेद-51A के तहत भारतीय नागरिक के कर्त्तव्य निम्नलिखित हैं-

1. **अनुच्छेद 51A(a):-** संविधान का पालन एवं उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज तथा राष्ट्र गान का आदर करना।
2. **अनुच्छेद 51A(b):-** स्वतंत्रता हेतु हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखना एवं उनका पालन करना।
3. **अनुच्छेद 51A(c):-** भारत की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता की रक्षा करना तथा उसे अक्षुण्ण बनाए रखना।
4. **अनुच्छेद 51A(d):-** देश की रक्षा करना एवं आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।
5. **अनुच्छेद 51A(e):-** भारत के समस्त नागरिकों में समरसता एवं समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा तथा प्रदेश अथवा वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथा का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध है।
6. **अनुच्छेद 51A(f):-** अपनी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझना एवं उसका परिरक्षण करना।
7. **अनुच्छेद 51A(g):-** प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना तथा उसका संवर्द्धन करना व प्राणिमात्र के प्रति दया का भाव रखना।
8. **अनुच्छेद 51A(h):-** वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानववाद तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।
9. **अनुच्छेद 51A(i):-** सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना तथा हिंसा से दूर रहना।
10. **अनुच्छेद 51A(j):-** व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों के समस्त क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर आगे बढ़ने का सतत् प्रयास करना जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रगति व उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू सके।
11. **अनुच्छेद 51A(k):-** 6 से 14 वर्ष तक की आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध करवाना।

147. जब सरदार स्वर्ण सिंह समिति ने मौलिक कर्त्तव्यों के विषय में सिफारिशें की तब कौन-सी राजनीतिक पार्टी सत्ता में थी?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(b) भारतीय जनता पार्टी
(c) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
(d) जनता दल

Ans. (a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

- वर्ष 1976 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सरदार स्वर्ण सिंह समिति का गठन किया था।

148. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि वैज्ञानिक सोच विकसित करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा?

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) 51A(h) (b) 51A(i)
(c) 51A(j) (d) 51A(k)

Ans. (a) 51A(h)

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **146** देखें।

149. मौलिक कर्त्तव्यों को सबसे पहले किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा शामिल किया गया था?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(b) 44वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(c) 46वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(d) 48वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा

Ans. (a) 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **143** देखें।

150. मौलिक कर्त्तव्यों की सिफारिश करने के लिए 1976 में इंदिरा गाँधी सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस समिति/आयोग का गठन किया गया था?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) सरकारिया आयोग
(b) स्वर्ण सिंह समिति
(c) शाह आयोग
(d) ठक्कर आयोग

Ans. (b) स्वर्ण सिंह समिति

✪ वर्ष 1976 में इंदिरा गाँधी के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सरकार ने मौलिक कर्त्तव्यों की सिफारिश करने के लिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति का गठन किया था।

151. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में मौलिक कर्त्तव्यों का वर्णन किया गया है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 21 (b) अनुच्छेद 42
(c) अनुच्छेद 16(A) (d) अनुच्छेद 51(A)

Ans. (d) अनुच्छेद 51(A)

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **143** देखें।

152. भारत के संविधान के भाग-IVA में ..... अनुच्छेद शामिल है।
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

Ans. (a) एक

✪ भारतीय संविधान का भाग-IVA मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित है जिसके अंतर्गत केवल एक अनुच्छेद-51A जोड़ा गया है।

153. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि 'यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह संविधान का पालन करें तथा उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करें'?
(a) 51A(a) (b) 51A(f)
(c) 51A(k) (d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) 51A(a)

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **146** देखें।

154. मौलिक कर्त्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
A. सरदार स्वर्ण सिंह ने भारत के संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों पर एक अध्याय शामिल करने की अनुशंसा की।
B. सहकारी समितियों को बढ़ावा देना एक मौलिक कर्त्तव्य है।
(a) केवल A
(b) न तो A और न ही B
(c) केवल B
(d) A और B दोनों

Ans. (a) केवल A

✪ **कथन B गलत है,** क्योंकि सहकारी समितियों को बढ़ावा देना राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत के अंतर्गत शामिल है।

155. सरदार स्वर्ण सिंह समिति ने कुल ..... मौलिक कर्त्तव्यों को शामिल करने का सुझाव दिया था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) 8 (b) 10
(c) 13 (d) 14

Ans. (a) 8

✪ सरदार स्वर्ण सिंह समिति ने प्रारंभ में संविधान में कुल 8 मौलिक कर्त्तव्यों को शामिल करने का सुझाव दिया था परन्तु 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा संविधान में 10 मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ा गया।

156. मौलिक कर्त्तव्यों को किस समिति के सुझाव पर भारतीय संविधान में सम्मिलित किया गया था?
(a) सरकारिया आयोग (b) स्वर्ण सिंह समिति
(c) शाह आयोग (d) ठक्कर आयोग

Ans. (b) स्वर्ण सिंह समिति

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **150** देखें।

157. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि 'भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करें'?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 51A(a) (b) 51A(b)
(c) 51A(f) (d) 51A(i)

Ans. (b) 51A(b)

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **146** देखें।

158. 11वाँ मौलिक कर्त्तव्य ..... संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 84वें (b) 86वें
(c) 87वें (d) 88वें

Ans. (b) 86वें

✪ 11वाँ मौलिक कर्त्तव्य 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया था।

159. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद यह बताता है कि देश की रक्षा करना और ऐसा करने के लिए आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करना हमारा कर्त्तव्य है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 51A(d)
(b) अनुच्छेद 51A(e)
(c) अनुच्छेद 51A(f)
(d) अनुच्छेद 51A(g)

Ans. (a) अनुच्छेद 51A(d)

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **146** देखें।

160. निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्त्तव्यों के अंतर्गत नहीं आता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) निर्वाह-मजदूरी को सुरक्षित करना
(b) स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों को मानना और उनका पालन करना
(c) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना
(d) समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना

Ans. (a) निर्वाह-मजदूरी को सुरक्षित करना

✪ अनुच्छेद 43:- कर्मचारियों को निर्वाह-मजदूरी (वेतन) आदि के प्रावधान से संबंधित।
✪ यह अनुच्छेद राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के अंतर्गत सम्मिलित है।

161. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख है कि जीवित प्राणियों के प्रति दया रखना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) 51A(g) (b) 51A(h)
(c) 51A(i) (d) 51A(j)

Ans. (a) 51A(g)

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **146** देखें।

162. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि 'वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा तथा सुधार करना एवं जीवित प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा'?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) 51A(b) (b) 51A(e)
(c) 51A(g) (d) 51A(j)

Ans. (c) 51A(g)

- इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या **146** देखें।

163. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म गलत है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) भाग I- संघ और उसके क्षेत्र
(b) भाग II- मौलिक कर्त्तव्य
(c) भाग III- मौलिक अधिकार
(d) भाग VIII- केंद्रशासित प्रदेश

Ans. (b) भाग II- मौलिक कर्त्तव्य

- भारतीय संविधान का भाग II नागरिकता से संबंधित है।
- भारतीय संविधान का भाग IVA मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित है।

164. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, राष्ट्रपति पर महाभियोग हेतु प्रक्रिया का प्रावधान करता है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) अनुच्छेद 88 (b) अनुच्छेद 73
(c) अनुच्छेद 61 (d) अनुच्छेद 78

Ans. (c) अनुच्छेद 61

- अनुच्छेद 61 - राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया।
- महाभियोग एक अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया है इस प्रक्रिया को अमेरिकी संविधान से लिया गया है।
- अनुच्छेद 88 - सदनों के बारे में मंत्रियों और महान्यायवादी के अधिकार।
- अनुच्छेद 73 - संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार।
- अनुच्छेद 78 - राष्ट्रपति को सूचना देने आदि के संबंध में प्रधानमंत्री के कर्त्तव्य

165. भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के कितने सदस्यों का नामांकन किया जाता है?
(D.P. Const. 16 Dec. 2020)

(a) 15 (b) 12
(c) 23 (d) 17

Ans. (b) 12

- राष्ट्रपति द्वारा साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा के संबंध में विशेष ज्ञान रखने वाले 12 सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।
- राज्यसभा की संरचना अनुच्छेद 80 में वर्णित है राज्यसभा में अधिकतम सदस्यों की संख्या 250 हो सकती है, परन्तु वर्तमान में यह 245 है।
- राज्य सभा में वर्तमान में 233 सदस्य निर्वाचित होते हैं।
- वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में राज्यसभा सदस्यों की सीटों की संख्या 31 है।
  - महाराष्ट्र - 19
  - तमिलनाडु - 18
  - पश्चिम बंगाल - 16

166. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद में यह उल्लेखित है कि प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करेंगे और सत्र और समवेत के कारणों से संसद को अवगत कराएँगे?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)

(a) अनुच्छेद 86(2)
(b) अनुच्छेद 86(1)
(c) अनुच्छेद 87(1)
(d) अनुच्छेद 87(2)

Ans. (c) अनुच्छेद 87(1)

- अनुच्छेद 87(1) लोकसभा के प्रत्येक आम चुनाव के पश्चात प्रथम सत्र के आरम्भ में तथा प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरम्भ में राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेगा तथा संसद को अपने आह्वान का कारण बताएगा।
- अनुच्छेद 86(2) के तहत राष्ट्रपति संसद को संदेश भेज सकता है तथा विशेष परिस्थितियों में मंत्रिपरिषद् से मतभेद की स्थिति में राष्ट्रपति इस संदर्भ में अपने स्वविवेक का प्रयोग कर सकता है।

167. प्रधानमंत्री और भारतीय संघ के अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत की जाती है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) भारत के संविधान का अनुच्छेद 75
(b) भारत के संविधान का अनुच्छेद 85
(c) भारत के संविधान का अनुच्छेद 70
(d) भारत के संविधान का अनुच्छेद 79

Ans. (a) भारत के संविधान का अनुच्छेद 75

- अनुच्छेद 70- अन्य आकस्मिकताओं में राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वहन।
- अनुच्छेद 75(1) के अनुसार, प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा।
- अनुच्छेद 79- संसद का गठन (संसद के तीन अंग निर्धारित करता है)
  - लोकसभा
  - राज्यसभा
  - राष्ट्रपति
- अनुच्छेद 85- संसद के सत्र, सत्रावसान और विघटन से संबंधित है।

168. भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें ..... के सदस्य शामिल होते हैं।
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) राज्यसभा और राज्य विधानसभा
(b) लोकसभा और राज्य विधानमंडल
(c) संसद के दोनों सदन
(d) राज्यसभा, लोकसभा और राज्य विधानपरिषद्

Ans. (c) संसद के दोनों सदन

- अनुच्छेद 63 - उपराष्ट्रपति के पद का प्रावधान।
- अनुच्छेद 66(1)- उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सभी (निर्वाचित एवं मनोनीति सदस्यों) से मिलकर गठित होने वाले निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है।
- उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी का नाम न्यूनतम 20 मतदाताओं द्वारा प्रस्तावित और न्यूनतम 20 मतदाताओं द्वारा अनुमोदित होना अनिवार्य है।
- उपराष्ट्रपति का निर्वाचन गुप्त मतदान प्रणाली के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत प्रणाली द्वारा होता है।

169. भारत के राष्ट्रपति का कार्यकाल कितना होता है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) 5 वर्ष (b) 2 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 10 वर्ष

Ans. (a) 5 वर्ष

- अनुच्छेद 56- राष्ट्रपति का कार्यकाल पद ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष तक होगा।
- राष्ट्रपति जब उपराष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र देता है, तब उपराष्ट्रपति तत्काल इसकी सूचना लोकसभा अध्यक्ष को देता है।
- उपराष्ट्रपति का कार्यकाल - 5 वर्ष
- राज्यपाल का कार्यकाल - 5 वर्ष (राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत)
- लोकसभा सदस्यों का कार्यकाल - 5 वर्ष
- राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल - 6 वर्ष
- नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यकाल - 6 वर्ष या 65 वर्ष जो पहले होगा।

170. वर्ष 1987 और 1992 के बीच भारत के राष्ट्रपति कौन थे?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) फखरुद्दीन अली अहमद
(b) आर. वेंकटरमण
(c) शंकर दयाल शर्मा
(d) ज्ञानी जैल सिंह

Ans. (b) आर वेंकटरमण

राष्ट्रपति	कार्यकाल
फखरुद्दीन अली अहमद	1974–1977
ज्ञानी जैल सिंह	1982–1987
डॉ. शंकर दयाल शर्मा	1992–1997

नोट: अब तक दो राष्ट्रपति (डॉ. जाकिर हुसैन एवं फखरुद्दीन अली अहमद) का अपने कार्यकाल के दौरान निधन हुआ है।

171. निम्नलिखित में से कौन भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में भाग नहीं लेता है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) राज्य की विधानपरिषद् के निर्वाचित सदस्य
(b) विधानसभा के निर्वाचित सदस्य
(c) राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य
(d) लोकसभा के निर्वाचित सदस्य

Ans. (a) राज्य की विधानपरिषद् के निर्वाचित सदस्य

राष्ट्रपति का निर्वाचक मंडल

- अनुच्छेद 54– भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों तथा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों को शामिल करता है।

नोट: 70वें संविधान संशोधन, 1992 के द्वारा दिल्ली और पुदुचेरी के विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों को भी राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में शामिल किया गया है।

- राष्ट्रपति के चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं है।
  - राज्यसभा के मनोनीत सदस्यों को
  - राज्य विधानसभा के मनोनीत सदस्यों को
  - राज्यों के विधानपरिषदों के सदस्यों को

172. राष्ट्रपति को संसद और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानूनों तथा समवर्ती सूची में शामिल विषयों के बीच विसंगतियों को दूर करने का अधिकार देता है।
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) अनुच्छेद 259 (b) अनुच्छेद 254
(c) अनुच्छेद 253 (d) अनुच्छेद 250

Ans. (b) अनुच्छेद 254

- अनुच्छेद 253– अंतर्राष्ट्रीय करारों को लागू करने के लिए विधान।
- अनुच्छेद 250– यदि आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में हो तो राज्य सूची के विषय के संबंध में विधि बनाने की संसद की शक्ति।
- अनुच्छेद 259– पहली अनुसूची के भाग-बी में राज्यों में सशस्त्र बल (निरस्त)।

173. संवैधानिक आपातकाल की उद्घोषणा को इसके जारी होने की तारीख से ..... के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) 12 महीने (b) 3 महीने
(c) 6 महीने (d) 2 महीने

Ans. (d) 2 महीने

- राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा 2 माह तक लागू रहती है। अगर 2 माह के भीतर संसद के दोनों सदन अलग-अलग साधारण बहुमत से इसका अनुमोदन कर देते हैं, तो यह घोषणा 6 माह के लिए बढ़ जाती है।
- राष्ट्रपति शासन की अधिकतम अवधि 3 वर्ष हो सकती है।
- राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियाँ (भाग-18)
  1. राष्ट्रीय आपातकाल (अनुच्छेद 352)
  2. राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद 356)
  3. वित्तीय आपातकाल (अनुच्छेद 360)

174. भारतीय राष्ट्रपति की न्यायिक शक्तियों और उनकी परिभाषा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत मिलान किया गया है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) प्रविलंबन– इसका अर्थ है सजा की प्रकृति को बदले बिना उसकी अवधि को कम करना।
(b) क्षमा– यह सजा और दोषसिद्धि दोनों को हटा देता है।
(c) राहत– यह उस सजा के स्थान पर कम सजा देने को दर्शाता है जो मूल रूप से दी गई थी।
(d) रूपान्तरण– यह सजा के एक रूप को हल्के रूप में बदलने को दर्शाता है।

Ans. (a) प्रविलंबन– इसका अर्थ है सजा की प्रकृति को बदले बिना उसकी अवधि को कम करना।

- प्रविलंबन– किसी दण्ड को कुछ समय के लिए टालने की प्रक्रिया (फाँसी के संदर्भ में फाँसी को टालने के लिए)
- परिहार– सजा की मात्रा को कम करना
- लघुकरण– सजा की प्रकृति को बदलना
- विराम– विशेष परिस्थितियों की वजह से सजा कम करना।
- क्षमा– पूर्णतः माफ कर देना।

175. उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने हेतु, उम्मीदवार को कम से कम ..... निर्वाचकों द्वारा प्रस्तावित किया जाना चाहिए।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) 20 (b) 25
(c) 30 (d) 40

Ans. (a) 20

- उपराष्ट्रपति चुनाव के नामांकन के लिए उम्मीदवार के कम से कम 20 प्रस्तावक तथा 20 अनुमोदक होने चाहिए।

उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से संबंधित शर्तें-

- भारत का नागरिक हो।
- 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।
- राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए अर्हित हो।
- वह लाभ के पद पर न हो।

176. क्षमादान देने की शक्ति किसके पास होती है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(b) महान्यायवादी
(c) राष्ट्रपति
(d) मुख्यमंत्री

Ans. (c) राष्ट्रपति

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 द्वारा यह शक्ति दी गई है कि राष्ट्रपति निम्न अपराध के लिए दोषी करार दिए गए व्यक्ति की सजा को क्षमा कर सकता है।
  - संघीय विधि के विरुद्ध दंडित व्यक्ति को
  - सैन्य न्यायालय द्वारा दंडित व्यक्ति को
  - मृत्युदंड पाए हुए व्यक्ति को
- राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति– क्षमा, प्रविलंबन, विराम, परिहार, लघुकरण

177. संविधान में भारत के राष्ट्रपति के चुनाव की विधि किस देश के संविधान से ली गई थी?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) आयरलैंड
(b) कनाडा
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका
(d) दक्षिण अफ्रीका

Ans. (a) आयरलैंड

- भारतीय संविधान में राष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया आयरलैंड से ली गई है।

देश	प्रावधान
आयरलैंड	राज्य के नीतिनिदेशक तत्व, राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में 12 सदस्यों का मनोनयन
कनाडा	राज्यपाल की नियुक्ति, उच्चतम न्यायालय का परामर्शी निर्णयन
अमेरिका	मूल अधिकार, न्यायिक पुनर्विलोकन, महाभियोग, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का पद
दक्षिण अफ्रीका	संविधान संशोधन की प्रक्रिया, राज्यसभा सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया।

178. भारत की आकस्मिकता निधि का संचालन ..... द्वारा किया जाता है।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) वित्तमंत्री
(b) राष्ट्रपति

(c) प्रधानमंत्री
(d) अध्यक्ष (स्पीकर)

Ans. (b) राष्ट्रपति

- अनुच्छेद 267 में आकस्मिकता निधि का वर्णन किया गया है।
- इसका संचालन राष्ट्रपति आपात स्थिति और आर्थिक संकट के समय करता है।

179. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में विवाद याचिका निम्नलिखित से किसमें दायर की जा सकती है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) भारत की सीमा के भीतर कोई भी न्यायालय
(b) केवल दिल्ली उच्च न्यायालय
(c) केवल भारत का सर्वोच्च न्यायालय
(d) दोनों, भारत का सर्वोच्च न्यायालय और किसी भी राज्य का उच्च न्यायालय

Ans. (c) केवल भारत का सर्वोच्च न्यायालय

- अनुच्छेद 71 के अनुसार, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित सभी विवादों की जाँच व फैसले सर्वोच्च न्यायालय में होते हैं तथा उसका फैसला अंतिम होता है।

180. क्षमादान देने, सजा में राहत देने, स्थगन देने या छूट देने की शक्ति किसके पास है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) राष्ट्रपति
(b) उप-राष्ट्रपति
(c) अध्यक्ष (स्पीकर)
(d) प्रधानमंत्री

Ans. (a) राष्ट्रपति

- अनुच्छेद 72- राष्ट्रपति को उन व्यक्तियों को क्षमा करने की शक्ति प्रदान की गई है, जो निम्न मामलों में किसी अपराध के लिए दोषी है:-
  1. संघीय विधि के विरुद्ध किसी अपराध में दिए गए दंड में।
  2. सैन्य न्यायालय द्वारा दिए गए दंड में।
  3. दंड का स्वरूप मृत्युदण्ड हो।

181. भारत के संविधान के अनुच्छेद 123 और अनुच्छेद 213 निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) वार्षिक वित्तीय विवरण
(b) रिट जारी करना
(c) न्यायालयों का क्षेत्राधिकार
(d) अध्यादेश बनाने की शक्ति

Ans. (d) अध्यादेश बनाने की शक्ति

- अनुच्छेद 123- संसद के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राष्ट्रपति की शक्ति।
- अनुच्छेद 213- विधान-मंडल के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति।
- राष्ट्रपति, राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश को किसी भी समय वापस लिया जा सकता है।

182. उपराष्ट्रपति का पद ..... के संविधान से लिया गया है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) जर्मनी (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) यू.एस.ए. (d) यूके

Ans. (c) यू.एस.ए.

- भारत में राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पद संबंधी प्रावधान अमेरिका के संविधान से लिए गए हैं।
- अनुच्छेद 63 के अनुसार, उपराष्ट्रपति के पद का प्रावधान है।
- अनुच्छेद 64 के अनुसार, उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।

183. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान के लिए संसद के विशेष बहुमत और राज्यों की सहमति की आवश्यकता होती है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) संसद में कोरम
(b) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
(c) विधानपरिषदों के उन्मूलन और निर्माण
(d) राष्ट्रपति के चुनाव

Ans. (d) राष्ट्रपति के चुनाव

- राष्ट्रपति के चुनाव में संसद के विशेष बहुमत और राज्यों की सहमति की आवश्यकता होती है।
- अनुच्छेद 54- भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों तथा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों को शामिल करता है।

184. भारत का राष्ट्रपति बनने से पहले रामनाथ कोविंद किस राज्य के राज्यपाल थे?
(D.P. Const. 5 Dec. 2017)
(a) राजस्थान (b) बिहार
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (b) बिहार

- भारत के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद (राष्ट्रपति) ग्रहण करने से पूर्व बिहार राज्य के राज्यपाल थे।
- इन्हें वर्ष 2019 में गिनी गणराज्य के सर्वोच्च पुरस्कार 'नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया है।

185. संविधान द्वारा कितने प्रकार के आपातकाल की परिकल्पना की गई है?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Ans. (c) 3

- भारतीय संविधान के भाग 18 में राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों की परिकल्पना की गई है।
  1. राष्ट्रीय आपातकाल (अनुच्छेद 352)
  2. राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद 356)
  3. वित्तीय आपातकाल (अनुच्छेद 360)

186. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 360 के तहत जारी एक उद्घोषणा को संसद के द्वि-सदनों के प्रस्तावों द्वारा कितनी अवधि में पारित किया जाना आवश्यक है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) छह महीनों के भीतर
(b) तीन महीनों के भीतर
(c) दो महीनों के भीतर
(d) चार महीनों के भीतर

Ans. (c) दो महीनों के भीतर

- वित्तीय आपात उद्घोषणा को भी संसद द्वारा अनुमोदित कराना अनिवार्य है।
- भारत में वित्तीय आपातकाल के लिए कोई अधिकतम समय सीमा नहीं है।
- भारत में अभी तक एक भी बार वित्तीय आपातकाल नहीं लगाया गया।

187. निम्नलिखित में से किसे वर्ष 1947 में स्वतंत्र भारत का पहला कानून मंत्री नियुक्त किया गया था?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) लाल बहादुर शास्त्री
(b) सरदार वल्लभभाई पटेल
(c) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(d) लोकमान्य तिलक

Ans. (c) डॉ बी.आर. अम्बेडकर

सदस्य	धारित विभाग
पं. जवाहर लाल नेहरू	प्रधानमंत्री, राष्ट्रमंडल तथा विदेशी मामले
सरदार वल्लभभाई पटेल	ग्रह, सूचना एवं प्रसारण
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद	खाद्य एवं कृषि
डॉ. जॉन मथाई	रेलवे एवं परिवहन
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी	उद्योग एवं आपूर्ति

188. भारतीय संविधान के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का वार्षिक वित्तीय विवरण संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य किया गया है।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 118 (b) अनुच्छेद 112
(c) अनुच्छेद 202 (d) अनुच्छेद 110

Ans. (b) अनुच्छेद 112

- अनुच्छेद 112 में वार्षिक वित्तीय विवरण का वर्णन किया गया है।
- बजट केवल लोकसभा में प्रस्तावित किया जा सकता है।
- देश में अब तक सबसे अधिक बार बजट पेश करने का श्रेय मोरारजी देसाई के नाम है।

189. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारतीय संसद द्वारा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम लागू किया गया था?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) 1966 में (b) 1987 में
(c) 1967 में (d) 1970 में

Ans. (a) 1966 में

- पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 (और राज्य पुनर्गठन आयोग की पूर्व सिफारिशों के अनसुार) के पारित होने के साथ हरियाणा वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होकर भारत का 17वाँ राज्य बना था।

राज्य	गठन वर्ष
छत्तीसगढ़	1 नवम्बर, 2000
उत्तराखंड	9 नवम्बर, 2000
झारखंड	15 नवम्बर, 2000
तेलंगाना	2 जून, 2014

190. भारत के संविधान का भाग ..... संसद के संगठन, संरचना, अवधि, अधिकारियों, प्रक्रियाओं, विशेषाधिकारों, शक्तियों आदि से संबंधित है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) VI (b) VII
(c) V (d) VII

Ans. (c) V

- भारतीय संविधान के भाग V में संघ सरकार (कार्यपालिका, संसद, राष्ट्रपति की विधायी शक्तियाँ संघ की न्यायपालिका, भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) का वर्णन किया गया है।
- संविधान के भाग IV में राज्य के नीति-निदेशक तत्वों का वर्णन किया गया।

191. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्र-कल्याण के लिए राज्य सूची में समाविष्ट किसी विषय से संबंधित मामले में संसद कानून बना सकती है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) अनुच्छेद 352 (b) अनुच्छेद 123
(c) अनुच्छेद 354 (d) अनुच्छेद 249

Ans. (d) अनुच्छेद 249

- अनुच्छेद 249- राज्य सूची के विषय के संबंध में राष्ट्रीय हित में विधि बनाने की संसद की शक्ति।
- अनुच्छेद 123- संसद के विश्रांति काल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राष्ट्रपति की शक्ति।
- अनुच्छेद 352- राष्ट्रीय आपातकाल
- अनुच्छेद 354- जब आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में है, तब राजस्वों के वितरण संबंधी उपबंधों का लागू होना।

192. संसद के द्वि-सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता ..... करते हैं।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) राज्यसभा के सभापति
(b) लोकसभा के अध्यक्ष
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) भारत के प्रधान मंत्री

Ans. (b) लोकसभा के अध्यक्ष

- अनुच्छेद 108- संसद के दोनों सदनों में गतिरोध उत्पन्न होने की स्थिति में वह दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुला सकता है।
- इस संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

193. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत संसद में नए राज्य बनाने की शक्ति निहित है?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 3 (b) अनुच्छेद 4
(c) अनुच्छेद 1 (d) अनुच्छेद 2

Ans. (a) अनुच्छेद 3

- अनुच्छेद 1- संघ का नाम और राज्यक्षेत्र
  - अनुच्छेद 1(1) के अनुसार, भारत राज्यों का संघ (Union) होगा।
- अनुच्छेद 2- नए राज्यों का प्रवेश या स्थापना का प्रावधान।
- अनुच्छेद 3- नए राज्यों का निर्माण और वर्तमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं और नामों में परिवर्तन।

194. भारत के संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, एक वर्ष का केंद्रीय (यूनियन) ..... उस विशेष वर्ष के लिए सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण है।
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) राजस्व (रेवेन्यू)
(b) पूँजी (कैपिटल)
(c) बजट
(d) निवेश (इन्वेस्टमेंट)

Ans. (c) बजट

- अनुच्छेद 112- प्रत्येक आगामी वित्तीय वर्ष के लिए राष्ट्रपति की ओर से वित्तमंत्री अथवा उसकी अनुपस्थिति में कोई अन्य मंत्री देश के आय-व्यय का वार्षिक विवरण बजट के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।
- बजट केवल लोकसभा में प्रस्तावित किया जा सकता है।

195. वित्त विधेयक केवल ..... में प्रस्तुत किया जा सकता है।
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) भारतीय रिजर्व बैंक
(b) राज्यसभा
(c) लोकसभा
(d) भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड

Ans. (c) लोकसभा

- वित्त विधेयक केवल लोकसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।
- धन विधेयक का संबंध अनुच्छेद 110 से है।
- अनुच्छेद 110(3)- धन विधेयक का निर्धारण लोकसभा अध्यक्ष करता है।

196. नई लोकसभा निर्वाचित होने के उपरांत, वर्तमान लोकसभा के अंतिम सत्र हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द प्रयोग किया जाता है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) साइन डाई (b) लेम-डक
(c) कोरम (d) प्रो टेम

Ans. (b) लेम-डक

- लुंज-पुंज सत्र (Lame Duck session)- नई लोकसभा के निर्वाचित होने के बाद मौजूदा लोकसभा के अंतिम सत्र से है।
- लोकसभा के ऐसे सदस्य जो नई लोकसभा के लिए फिर से निर्वाचित नहीं हो सकते, उन्हें लुंज-पुंज कहा जाता है।
- **प्रश्नकाल:**- संसदीय बैठक के पहले घंटे को प्रश्नकाल कहा जाता है।
- **शून्यकाल:**- शून्यकाल प्रश्नकाल के तुरंत बाद शुरू होता है और तब तक रहता है जब तक कि दिन की कार्यावली शुरू नहीं हो जाती।
- शून्यकाल दोपहर 12 बजे से शुरू होता है।

197. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का प्रावधान किया गया है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 108 (b) अनुच्छेद 126
(c) अनुच्छेद 122 (d) अनुच्छेद 93

Ans. (a) अनुच्छेद 108

- प्रथम संयुक्त बैठक का आयोजन वर्ष 1961 में किया गया था इस बैठक आयोजन 'देहज निषेध विधेयक' 1959 को लेकर किया गया था।
- अनुच्छेद 93- लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की भूमिकाएँ निर्धारित करता है।
- अनुच्छेद 122- न्यायालयों द्वारा संसद की कार्यवाही की जाँच न किया जाना।

✪ अनुच्छेद 126- जब भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त हो या मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति के कारण या वह अपने पद के कर्त्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हो, तब उस पद के कर्त्तव्यों का पालन न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों में से ऐसे एक न्यायाधीश द्वारा किया जाएगा, जिसे राष्ट्रपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करेगा।

198. भारतीय संविधान केंद्र सरकार को ..... प्रकार की निधियाँ प्रदान करता है।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) 6 (b) 3
(c) 5 (d) 2

Ans. (b) 3

✪ भारतीय संविधान, केंद्र सरकार को तीन तरह की निधियाँ प्रदान करता है।
(i) संचित निधि [अनुच्छेद 266(1)]
(ii) सार्वजनिक खाता [अनुच्छेद- 266(2)]
(iii) आकस्मिकता निधि [अनुच्छेद 267]

199. भारत के संविधान के अनुच्छेद 106 के अनुसार, संसद के दोनों सदनों के सदस्यों का वेतन निम्नलिखित में से किसके द्वारा निर्धारित किया जाता है?
(D.P. Const. 27 Dec. 2020)
(a) वित्त आयोग
(b) भारत के राष्ट्रपति
(c) संसद
(d) केंद्रीय वित्त मंत्रालय

Ans. (c) संसद

✪ भारतीय संविधान का अनुच्छेद 106 संसद सदस्यों के वेतन एवं भत्तों से सम्बंधित है।
✪ अनुच्छेद 280 - वित्त आयोग
✪ अनुच्छेद 52 - भारत के राष्ट्रपति

200. भारत के संविधान का सत्रहवाँ (XVII) भाग, अनुच्छेद 343 से ..... तक आधिकारिक भाषा से संबंधित है।
(D.P. Const. 27 Dec. 2020)
(a) 351 (b) 352
(c) 349 (d) 356

Ans. (a) 351

✪ अनुच्छेद 343- संघ की राजभाषा।
✪ अनुच्छेद 344- राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति।
✪ अनुच्छेद 345- राज्य की राजभाषा या राजभाषाएँ।
✪ प्रथम राजभाषा आयोग का गठन वर्ष 1955 में, बी.जी. खेर की अध्यक्षता में हुआ।
✪ 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को संवैधानिक रूप से राजभाषा घोषित किया गया, इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

201. निम्नलिखित में से कौन, कभी भी लोकसभा के सभापति नहीं रहे/रही हैं?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) प्रतिभा पाटिल
(b) बलराम जाखड़
(c) सोमनाथ चटर्जी
(d) पी.ए. संगमा

Ans. (a) प्रतिभा पाटिल

✪ प्रतिभा पाटिल ने राजस्थान के राज्यपाल के रूप में वर्ष 2004 से 2007 तक पदभार ग्रहण किया था।
✪ प्रतिभा पाटिल ने वर्ष 2007 से 2012 तक भारत के 12वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।
✪ ये भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति थी।
✪ बलराम जाखड लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में सबसे लंबे समय तक रहे।

202. निम्नलिखित में से कौन-सी संसदीय प्रणाली की एक विशेषता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2020)
(a) विधायिका और कार्यपालिका के बीच सामंजस्य
(b) गैर-जिम्मेदार सरकार
(c) एकतंत्र
(d) संकीर्ण प्रतिनिधित्व

Ans. (a) विधायिका और कार्यपालिका के बीच सामंजस्य

✪ संसदीय प्रणाली लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की वह प्रणाली है जिसमें कार्यपालिका अपनी लोकतांत्रिक वैधता विधायिका के माध्यम से प्राप्त करती है और विधायिका के प्रति उत्तरदाई होती है

203. भारत के 12वें प्रधानमंत्री कौन थे?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मनमोहन सिंह
(b) पी.वी. नरसिम्हा राव
(c) इंद्र कुमार गुजराल
(d) अटल बिहारी वाजपेयी

Ans. (c) इंद्र कुमार गुजराल

✪ श्री इंद्र कुमार गुजराल 21 अप्रैल, 1997 को भारत के 12वें प्रधानमंत्री बने।
✪ डॉ. मनमोहन सिंह ने वर्ष 2004 में भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और वर्ष 2009 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनें।
✪ श्री अटल बिहारी वाजपेयी भारत के 10वें प्रधानमंत्री थे तथा उन्होंने तीन बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।
✪ पी.वी. नरसिम्हा राव भारत के 9वें प्रधानमंत्री (1991 से 1996) थे। वे दक्षिण भारत से प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति थे।

204. भारत में योजना आयोग के पहले अध्यक्ष कौन थे?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) जयप्रकाश नारायण
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) श्रीमन नारायण
(d) राधा मोहन सिंह

Ans. (b) जवाहरलाल नेहरू

✪ वर्ष 1950 में योजना आयोग की स्थापना की गई थी।
✪ के.सी. नियोगी की अध्यक्षता में एक सलाहकार योजना बोर्ड की सिफारिश के आधार पर योजना आयोग की स्थापना हुई थी।
✪ मुख्यालय: योजना भवन, नई दिल्ली।
✪ योजना आयोग एक सलाहकारी निकाय है।
✪ योजना आयोग एक कार्यकारी निकाय था, जिसके स्थान पर 1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग का गठन हुआ।
✪ नीति आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते है।

205. वर्ष 1937 में किस अधिनियम के तहत हुए चुनावों ने कांग्रेस को सात प्रांतों का नियंत्रण दिया?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) नगर पालिका अधिनियम, 1935
(b) प्रांतीय अधिनियम, 1935
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1937
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

Ans. (d) भारत सरकार अधिनियम, 1935

✪ भारत के वर्तमान संविधान का प्रमुख स्रोत 1935 का भारत सरकार अधिनियम है।
✪ इस अधिनियम के तहत केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बँटवारा किया गया।
✪ इसने केंन्द्र में द्वैध शासन प्रणाली का आरंभ किया।
✪ इसके अतंर्गत भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना की गई।
✪ इस अधिनियम के तहत वर्ष 1937 में संघीय न्यायालय की स्थापना हुई।

206. भारत के संविधान में सरकार के कितने स्तरों का उल्लेख किया गया है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) तीन (b) चार
(c) दो (d) पाँच

Ans. (a) तीन

✪ भारत में शासन के तीन स्तर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय सरकार हैं।

✪ केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करती है, राज्य सरकार राज्य स्तर पर कार्य करती है और स्थानीय सरकार ग्राम या नगर स्तर पर कार्य करती है।

207. मंत्रिपरिषद् में कितने प्रकार के मंत्री होते हैं?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) 6 (b) 3
(c) 4 (d) 5

Ans. (b) 3

✪ संविधान के अनुच्छेद 74 में मंत्रिपरिषद के गठन का उल्लेख किया गया है।
✪ मंत्रीपरिषद् में तीन प्रकार के मंत्री होते हैं-
✪ **कैबिनेट मंत्री:** ये केंद्र सरकार के महत्त्वपूर्ण मंत्रालयों जैसे- वित्त, गृह, रक्षा, विदेश मामलों आदि के प्रमुख होते हैं।
✪ **राज्य मंत्री:** इन्हें मंत्रालयों या विभागों का स्वतंत्र प्रभार दिया जा सकता है या कैबिनेट मंत्रियों से संबद्ध किया जा सकता है।
✪ **उप मंत्री:** ये कैबिनेट मंत्रियों या राज्य मंत्रियों से संबंधित होते हैं तथा उनके प्रशासनिक, राजनीतिक और संसदीय कर्त्तव्यों में उनकी सहायता करते हैं।

208. राज्यसभा में ..... सदस्यों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) 40 (b) 245
(c) 250 (d) 238

Ans. (c) 250

✪ राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 हो सकती है परन्तु वर्तमान में यह 245 है।
✪ इसमें से राष्ट्रपति द्वारा साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा के संबंध में विशेष ज्ञान रखने वाले 12 सदस्यों को मनोनीत किया जाता है।

209. कौन-सा अनुच्छेद मंत्रिपरिषद् को राष्ट्रपति को सहायता एवं सलाह देने की अनुमति प्रदान करता है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 74 (b) अनुच्छेद 70
(c) अनुच्छेद 61 (d) अनुच्छेद 52

Ans. (a) अनुच्छेद 74

✪ अनुच्छेद 52- राष्ट्रपति पद का प्रावधान।
✪ अनुच्छेद 61- राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया।
✪ अनुच्छेद 70- अन्य आकस्मिकताओं में राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन।

210. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 108 के अनुसार, दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) राष्ट्रपति
(b) सभापति (चेयरमैन)
(c) अध्यक्ष (स्पीकर)
(d) प्रधानमंत्री

Ans. (c) अध्यक्ष (स्पीकर)

✪ स्पीकर का चुनाव लोकसभा द्वारा अपने सदस्यों में से अपनी पहली बैठक के बाद अतिशीघ्र किया जाता है।
✪ लोकसभा का अध्यक्ष लोकसभा का सदस्य होता है।
✪ गणेश वासुदेव मावलंकर लोकसभा के पहले अध्यक्ष थे।
✪ लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष मीरा कुमार थी।
✪ ओम बिरला को सर्वसम्मति से 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया है।

211. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) किस केंद्रीय मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
(b) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(c) संसदीय कार्य मंत्रालय
(d) गृह मंत्रालय

Ans. (b) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

✪ सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एम.पी. एल.ए.डी.एस.) 23 दिसंबर, 1993 को शुरू की गई थी।
✪ प्रारंभ में, यह योजना ग्रामीण विकास और योजना मंत्रालय के नियंत्रण में थी।
✪ वर्ष 1994 में, इस योजना को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।

212. निम्नलिखित में से किसे संसदीय शासन प्रणाली का एक अवगुण माना जा सकता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) निरंकुशता को रोकता है
(b) अस्थिर सरकार
(c) जिम्मेदार सरकार
(d) व्यापक प्रतिनिधित्व

Ans. (b) अस्थिर सरकार

✪ भारतीय संविधान में संसदीय शासन प्रणाली के अंतर्गत मंत्रिमंडल के गठन से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 74 और 75 महत्त्वपूर्ण हैं।
✪ अनुच्छेद 74- राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद् की भूमिका को रेखांकित करता है।
✪ अनुच्छेद 75- मंत्रियों की नियुक्ति, उनके कार्यकाल, जिम्मेदारी, शपथ, योग्यता और मंत्रियों के वेतन एवं भत्ते से संबंधित है।

213. किस राज्य में लोकसभा के सदस्यों की संख्या अधिकतम है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) कर्नाटक (b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (b) उत्तर प्रदेश

✪ लोकसभा में वर्तमान सदस्यों की संख्या 543 है, जिसमें सबसे ज्यादा सदस्य उत्तर प्रदेश से 80, कर्नाटक से 28, आंध्र प्रदेश से 25, महाराष्ट्र से 48 सदस्य चुने जाते हैं।
✪ अनुच्छेद 81 में लोकसभा का प्रावधान है।
✪ लोकसभा को निम्न सदन, जनता का सदन आदि नामों से भी जाना जाता है।

214. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के तहत सरकारी बजट तैयार किया जाता है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 101 (b) अनुच्छेद 109
(c) अनुच्छेद 100 (d) अनुच्छेद 112

Ans. (d) अनुच्छेद 112

✪ अनुच्छेद 112- एक वर्ष का केंद्रीय बजट, जिसे वार्षिक वित्तीय विवरण भी कहा जाता है, उस विशेष वर्ष के लिए सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण है।
✪ केंद्रीय बजट 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष के लिए सरकार के वित्त का लेखा-जोखा रखता है।

215. किस अधिनियम के तहत केंद्रीय विधानमंडल (Central Legislature) दो सदनों से बना था?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1947

Ans. (c) भारत सरकार अधिनियम, 1919

✪ वर्ष 1918 में राज्य सचिव एडविन सेमुअल मांटेग्यू और वायसराय चेम्सफोर्ड ने संवैधानिक सुधारों की अपनी योजना तैयार की, जिसे मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार के रूप में जाना जाता है, जिसके कारण भारत सरकार अधिनियम, 1919 को अधिनियमित किया गया।

216. एक स्थायी समिति संसद के निम्नलिखित सदनों में से किस सदन के सदस्यों से मिलकर बनी एक समिति है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) लोकसभा
(b) विधानसभा
(c) राज्यसभा और लोकसभा, दोनों
(d) राज्यसभा

Ans. (c) राज्यसभा और लोकसभा, दोनों

- संसदीय समितियाँ दो प्रकार की होती हैं:

  1. स्थायी समितियाँ- ये स्थायी एवं नियमित समिति होती हैं। कुछ प्रमुख समितियाँ इस प्रकार हैं:
  - लोक लेखा समिति
  - प्राक्कलन समिति
  - सार्वजनिक उपक्रम समिति
  - विशेषाधिकार समिति

  2. अस्थायी समितियाँ या तदर्थ समितियाँ- प्रयोजन विशेष के लिए तदर्थ समिति का निर्माण किया जाता है।
- **जाँच समितियाँ:** इनका निर्माण किसी तत्कालीन घटना की जाँच करने के लिए किया जाता है।
- **सलाहकार समितियाँ:** इनका निर्माण किसी विशेष विधेयक पर चर्चा करने के लिए किया जाता है।

217. संसद के प्रत्येक सदन के सचिवालय का प्रमुख कौन होता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) महासचिव
(b) राष्ट्रपति
(c) लोकसभा-उपाध्यक्ष
(d) लोकसभा अध्यक्ष

Ans. (a) महासचिव

- संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा के सचिवालय के प्रमुख क्रमशः लोकसभा महासचिव और राज्यसभा महासचिव होते हैं।
- इनकी नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति करते हैं।
- महासचिव का पद भारत सरकार में कैबिनेट सचिव के बराबर होता है।
- लोकसभा महासचिव लोकसभा अध्यक्ष के प्रति और राज्यसभा महासचिव राज्यसभा सभापति के प्रति जवाबदेह होता है।

218. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की संसदीय सरकार की विशेषता नहीं है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) राज्यसभा का विघटन
(b) बहुमत दल का शासन
(c) विधायिका में मंत्रियों की सदस्यता
(d) नाममात्र और वास्तविक कार्यपालकों की उपस्थिति

Ans. (a) राज्यसभा का विघटन

संसदीय सरकार की अन्य विशेषताएँ-
- लोकसभा के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व
- केंद्रीय नेतृत्व
- बहुमत प्राप्त दल का शासन

219. लोकसभा में, ... सीटें अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए आरक्षित हैं।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 82 (b) 84
(c) 80 (d) 73

Ans. (b) 84

- लोकसभा की सदस्य संख्या 543 है।
- अनुसूचित जाति- 84 सीटें आरक्षित
- अनुसूचित जनजाति- 47 सीटें आरक्षित

220. लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक के लिए भारतीय संसद के कोरम की आवश्यकता होती है।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 15% (b) 20%
(c) 5% (d) 10%

Ans. (d) 10%

- अनुच्छेद 100 (3)- सदन की बैठक के लिए गणपूर्ति (कोरम) सदन के कुल सदस्यों की संख्या का दसवाँ हिस्सा है।
- अनुच्छेद 79- संसद का गठन

नोट: अगर किसी सदन की बैठक के दौरान कोरम पूरा नहीं है, तो अध्यक्ष या वक्ता को सदन स्थगित करना होता है।

221. निम्नलिखित में से कौन-सा सरकार के संसदीय स्वरूप का गुण/विशेषता नहीं है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) व्यापक प्रतिनिधित्व
(b) एकल कार्यकारी
(c) विधायिका और कार्यपालिका के बीच सामंजस्य
(d) सामूहिक जिम्मेदारी

Ans. (b) एकल कार्यकारी

संसदीय प्रणाली की विशेषताएँ
- बहुमत प्राप्त दल का शासन
- लोकसभा के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व
- नाममात्र और वास्तविक कार्यपालिका
- केंद्रीय नेतृत्व
- द्विसदनीय विधायिका
- गोपनीयता

222. संविधान द्वारा राज्यसभा के मामले में किस प्रकार की चुनावी प्रणाली अपनाई गई है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) फर्स्ट पास्ट द पोस्ट
(b) द्विदलीय प्रणाली
(c) एक पार्टी प्रणाली
(d) आनुपातिक प्रतिनिधित्व

Ans. (d) आनुपातिक प्रतिनिधित्व

- राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए एकल संक्रमणीय मत और गुप्त मतदान के साथ आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली का उपयोग किया जाता है।
- आनुपातिक प्रतिनिधित्व किसी भी प्रकार की चुनावी प्रणाली को संदर्भित करता है जिसके तहत एक मतदाता के उपसमूह निर्वाचित निकाय में आनुपातिक रूप से परिलक्षित होते हैं।

223. लोक लेखा समिति में लोकसभा के ..... सदस्य और राज्यसभा के ..... सदस्य होते है।
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) 13, 9 (b) 14, 8
(c) 12, 10 (d) 15, 7

Ans. (d) 15, 7

- लोक लेखा समिति की स्थापना वर्ष 1921 में भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रावधानों के तहत की गई थी।
- सभी सदस्यों को भारतीय संसद से लिया जाता है।
- 22 सदस्यों में से 15 सदस्य लोकसभा (निचले सदन) से चुने जाते हैं और 7 सदस्य राज्यसभा (उच्च सदन) से चुने जाते हैं।
- इसके सदस्यों का कार्यकाल 1 वर्ष का होता है। समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष द्वारा लोकसभा सदस्यों में से की जाती है। 1967 से एक परम्परा चली आ रही है कि समिति का अध्यक्ष विपक्षी दल का सदस्य होगा।

224. राज्यसभा में किस राज्य के सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

Ans. (c) उत्तर प्रदेश

- उत्तर प्रदेश से राज्यसभा में 31 सीटें हैं।
- उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की सबसे अधिक सीटें हैं।
- भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।
- राज्यसभा एक स्थायी सदन है।

225. राष्ट्रपति को निम्नलिखित में से किसके परामर्श से दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के संबंध में प्रक्रिया के लिए नियम बनाने की शक्ति प्राप्त है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) सभापति, अध्यक्ष और संसद सदस्य
(b) लोकसभा अध्यक्ष और सदस्य
(c) सभापति और अध्यक्ष
(d) राज्यसभा के सभापति और सदस्य

Ans. (c) सभापति और अध्यक्ष

- संविधान के अनुच्छेद 108 के तहत राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुला सकते हैं।
- संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है।
- अनुच्छेद-143 के तहत राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय से सलाह ले सकता है। परन्तु वह सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं है।

226. भारत की आकस्मिकता निधि ..... द्वारा संचालित की जाती है।
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) संसदीय कार्रवाई
(b) कार्यरत कार्यपालिका
(c) रिजर्व बैंक की कार्रवाई
(d) न्यायिक कार्रवाई

Ans. (b) कार्यरत कार्यपालिका

- भारतीय संविधान में भारतीय आकस्मिकता निधि अधिनियम, 1950 के माध्यम से जोड़ा गया था।
- आकस्मिक निधि एक ऐसे कोष को संदर्भित करती है जिसे आपात स्थिति और आर्थिक संकट के लिए अलग रखा जाता है।
- यह कोष राष्ट्रपति की ओर से वित्त सचिव के पास होता है।
- प्रत्येक राज्य सरकार की आकस्मिकता निधि की स्थापना संविधान के अनुच्छेद 267(2) के तहत की जाती है।

227. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद धन विधेयक की परिभाषा देता है?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) अनुच्छेद 56 (b) अनुच्छेद 110
(c) अनुच्छेद 72 (d) अनुच्छेद 121

Ans. (b) अनुच्छेद 110

- संसद में राजस्व एकत्र करने या अन्य प्रकार से धन से सम्बंधित विधेयक को धन विधेयक कहते हैं।
- अनुच्छेद-110 धन विधेयक से सम्बंधित है।
- धन विधेयक को केवल लोकसभा में ही पेश किया जाता है।

228. किस स्थिति/स्थितियों के अंतर्गत संसद का एक सदस्य निरर्हित किया जा सकता है?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
I. यदि वह भारत सरकार के अधीन लाभ का पद धारण करता है।
II. यदि किसी भी कानून द्वारा अयोग्य पोषित किया जाता है।
III. यदि वह पागल/दिवालिया है।
(a) केवल I
(b) केवल I तथा II
(c) केवल II तथा III
(d) सभी I, II तथा III

Ans. (d) सभी I, II तथा III

- भारत की संसद के तीन अंग है- राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा।
- वर्ष 1954 में राज्य परिषद् और जनता का सदन के स्थान पर क्रमशः राज्यसभा और लोकसभा शब्द को अपनाया गया।
- राज्यसभा उच्च सदन और लोकसभा निम्न सदन कहलाता है।

229. निम्नलिखित में से कौन भारत में स्थायी कार्यपालिका का एक हिस्सा है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2017)
(a) भारत के प्रधानमंत्री
(b) किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री
(c) भारत के रक्षामंत्री
(d) प्रशासनिक सेवक

Ans. (d) प्रशासनिक सेवक

- संघीय कार्यपालिका में राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति और राष्ट्रपति को सहायता करने एवं सलाह देने के लिए अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री के साथ मंत्रिपरिषद् शामिल हैं।
- अधिकांश देशों में, प्रशासनिक सेवक का चयन एक योग्यता और वरिष्ठता प्रणाली के आधार पर किया जाता है, जिसमें परीक्षाएं शामिल हो सकती हैं। भारत उसी प्रणाली का अनुसरण करता है।

230. भारत सरकार का प्रमुख निम्नलिखित में से कौन होता है?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) भारत के उपराष्ट्रपति
(b) भारत के प्रधानमंत्री
(c) भारत के राज्यपाल
(d) भारत के राष्ट्रपति

Ans. (b) भारत के प्रधानमंत्री

- भारत का प्रधानमंत्री, भारत सरकार का प्रमुख हैं और भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद् का नेता होता है, वह अपने पद से त्यागपत्र देकर सम्पूर्ण मंत्रिमण्डल को बर्खास्त करने की सलाह राष्ट्रपति को दे सकता है।
- प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति से सिफारिशें करता हैं।
- प्रधानमंत्री देश के राजनीतिक दल का नेता और संसद के बहुमत दल का नेता होता है और मंत्रिपरिषद् का गठन करता है।
- प्रधानमंत्री, मंत्रिमंडल की बैठकों की अध्यक्षता करता है और उसमें लिए गए फैसलों को बदल सकता है।

231. राष्ट्रपति भारतीय संविधान के ..... के तहत लोकसभा में ऑंग्लो-इंडियन समुदाय के दो सदस्यों को नामित करते हैं।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 331 (b) अनुच्छेद 321
(c) अनुच्छेद 328 (d) अनुच्छेद 325

Ans. (a) अनुच्छेद 331

- अनुच्छेद 331 लोकसभा में एंग्लो-इंडियन समुदाय के प्रतिनिधित्व का प्रावधान करता था, परन्तु 104वें संविधान संशोधन अधिनियम तथा 126वें संविधान संशोधन विधेयक 2019 द्वारा भारत की लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में आंग्ला-भारतीय समुदाय की आरक्षित सीटों को समाप्त कर दिया गया।
- अनुच्छेद 321- लोक सेवा आयोगों के कार्यों का विस्तार करने की शक्ति।
- अनुच्छेद 325- किसी भी व्यक्ति को धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी विशेष मतदाता सूची में शामिल होने के लिए अपात्र नहीं होगा या शामिल होने का दावा नहीं कर सकता।
- अनुच्छेद 328- किसी राज्य के विधानमंडल को उनके चुनावों के संबंध में कानून बनाने की शक्ति।

232. संविधान की 'मूल संरचना' को प्रभावित किए बिना संविधान के किसी भी भाग में कौन संशोधन कर सकता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) राष्ट्रपति (b) कार्यपालिका
(c) संसद (d) न्यायपालिका

Ans. (c) संसद

- संविधान में संशोधन करने का अधिकार संसद के पास है।
- अनुच्छेद 368 - संसद संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है, लेकिन संविधान की 'बुनियादी संरचना' को प्रभावित किए बिना।

233. भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत घोषित अध्यादेश को इनमें से किसके द्वारा प्रत्याहृत (withdrawn) किया जा सकता है?
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) राज्यपाल (b) महान्यायवादी
(c) प्रधानमंत्री (d) मुख्यमंत्री

Ans. (a) राज्यपाल

- भारत के संविधान का अनुच्देद 213 राज्यपाल की अध्यादेश जारी करने की शक्ति से संबंधित है जब राज्य विधानसभा सत्र में नहीं होती है तो राज्यपाल अध्यादेश जारी कर सकता है।
- अनुच्छेद 153 के तहत भारत का एक राज्यपाल होगा।
- भारत में राज्यपाल बनने वाली पहली महिला सरोजिनी नायडू थी।
- 7वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के अनुसार, एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।
- अनुच्छेद 161- क्षमादान तथा कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति।

234. किसी राज्य का राज्यपाल किसके प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) भारत के उपराष्ट्रपति
(b) संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री
(c) भारत के प्रधानमंत्री
(d) भारत के राष्ट्रपति

Ans. (d) भारत के राष्ट्रपति

- अनुच्छेद 155- राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- अनुच्छेद 156(1)- राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है।
- अनुच्छेद 156(2)- राज्यपाल, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग कर सकता है।
- प्रत्येक राज्यपाल और प्रत्येक व्यक्ति जो राज्यपाल के कृत्यों का निर्वहन कर रहा है, अपना पदग्रहण करने से पहले उस राज्य के संबंध में अधिकारिता का प्रयोग करने वाले उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या उसकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय के उपलब्ध ज्येष्ठतम न्यायाधीश के समक्ष शपथ ग्रहण करेगा।

235. किसी राज्य के राज्यपाल के पास निम्नलिखित में से कौन-सी शक्ति नहीं होती है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) न्यायपालिका की शक्तियाँ
(b) राजनयिक/सैन्य शक्तियाँ
(c) कार्यकारी शक्तियाँ
(d) विधायी शक्तियाँ

Ans. (b) राजनयिक/सैन्य शक्तियाँ

- भारत में राज्यपाल राज्य स्तर पर विधायी प्रक्रिया में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- संविधान के अनुच्छेद 174 के अनुसार, राज्यपाल के पास राज्य विधानमंडल के सत्र को समन और स्थगित करने का अधिकार है।

236. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि मंत्रियों द्वारा राज्यपाल को दी गई सलाह की किसी भी न्यायालय में जाँच नहीं की जायेगी।
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 161 (b) अनुच्छेद 167
(c) अनुच्छेद 163 (d) अनुच्छेद 168

Ans. (c) अनुच्छेद 163

- अनुच्छेद 161- क्षमा आदि प्रदान करने तथा कुछ मामलों में दंडादेश को निलम्बित करने, माफ करने या लघुकरण करने की राज्यपाल को शक्ति देता है।
- अनुच्छेद 163- मंत्रिपरिषद् राज्यपाल को सहायता और सलाह देगी।
- अनुच्छेद 167- राज्यपाल को सूचना देने आदि के संबंध में मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों से सम्बंधित है।
- अनुच्छेद 168- राज्यों में विधानमंडलों का गठन।

237. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने की सुविधा प्रदान की?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) 7वाँ (b) 8वाँ
(c) 10वाँ (d) 5वाँ

Ans. (a) 7वाँ

- 5वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1955- के द्वारा राष्ट्रपति को यह अधिकार प्राप्त है। कि वह नए राज्यों के गठन और क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में बदलाव से जुड़े प्रस्तावित केंद्रीय कानूनों पर राज्य विधानमंडल को अपने विचार देने के लिए समय सीमा तय कर सकता है।
- 8वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1959- इसके द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण की अवधि बढ़ाई गई।
- 10वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1961 के द्वारा दादरा और नगर हवेली को भारतीय संघ में शामिल किया।

238. किसी व्यक्ति की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के लिए आवश्यक न्यूनतम आयु क्या है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) 30 वर्ष (b) 35 वर्ष
(c) 25 वर्ष (d) 18 वर्ष

Ans. (b) 35 वर्ष

- अनुच्छेद 153- प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा।
- अनुच्छेद 154- राज्य कार्यपालिका की समस्त शक्तियाँ राज्यपाल में होती हैं।
- अनुच्छेद 155- राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- अनुच्छेद 156- राज्यपाल के कार्यकाल से संबंधित है।

239. राज्य विधानमंडल के प्रत्येक सदन को समय-समय पर बैठक के लिए कौन बुलाता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) मुख्यमंत्री
(b) विधानसभा अध्यक्ष
(c) राज्यपाल
(d) विधानसभा उपाध्यक्ष

Ans. (c) राज्यपाल

- अनुच्छेद 155: राज्यपाल की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल को राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा।
- राज्यपाल पुन: नियुक्ति के भी योग्य होता है।

नोट: भारत के संविधान में राज्य के राज्यपाल के विरुद्ध अभियोग चलाने का प्रावधान नहीं है।

240. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद विधेयकों पर राज्यपाल की स्वीकृति से संबंधित है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 200 (b) अनुच्छेद 201
(c) अनुच्छेद 264 (d) अनुच्छेद 164

Ans. (a) अनुच्छेद 200

- अनुच्छेद 164 (1)- मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जाएगी।
- अनुच्छेद 201- जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित होता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है या उस पर रोक लगा सकता है।

241. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्यपाल की अध्यादेश बनाने की शक्ति से संबंधित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 209 (b) अनुच्छेद 203
(c) अनुच्छेद 205 (d) अनुच्छेद 213

Ans. (d) अनुच्छेद 213

- अनुच्छेद 203(1)- राज्य की संचित निधि पर भारित व्यय से संबंधित अनुमानों में से अधिकांश को विधानसभा में मतदान के लिए

प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे, किन्तु इस खंड की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह विधानमंडल में उन अनुमानों पर चर्चा को रोकता है।

✪ अनुच्छेद 209- राज्य विधानमंडल में वित्तीय कार्य के संबंध में प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन।

242. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के पास कानून और व्यवस्था के संबंध में और अपने कार्यों के प्रभार से हटने से संबंधित विशेष जिम्मेदारी है?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) अनुच्छेद 371A (b) अनुच्छेद 371G
(c) अनुच्छेद 371H (d) अनुच्छेद 371D

Ans. (c) अनुच्छेद 371H

✪ भारतीय संविधान के भाग XXI के तहत अनुच्छेद 371, कुछ राज्यों को विशेष प्रावधान प्रदान करता हैं।

अनुच्छेद	संबंधित राज्य
अनुच्छेद 371A	नागालैंड
अनुच्छेद 371B	असम
अनुच्छेद 371C	मणिपुर
अनुच्छेद 371D	आंध्र प्रदेश / तेलंगाना
अनुच्छेद 371G	मिजोरम
अनुच्छेद 371H	अरुणाचल प्रदेश
अनुच्छेद 371I	गोवा
अनुच्छेद 371J	हैदराबाद-कर्नाटक

243. अनुच्छेद 166 के अनुसार किसी राज्य सरकार की समस्त कार्यपालिका कार्यवाही किसके नाम पर व्यक्त की जाएगी?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) राष्ट्रपति (b) राज्य महाधिवक्ता
(c) मुख्यमंत्री (d) राज्यपाल

Ans. (d) राज्यपाल

✪ संविधान के भाग VI के अनुच्छेद 153 से 167 तक राज्य कार्यपालिका के बारे में उल्लेख है। राज्य कार्यपालिका में शामिल होते हैं- राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद् और राज्य के महाधिवक्ता।

✪ अनुच्छेद 166- राज्य सरकार की सभी कार्यकारी कार्यवाई राज्यपाल के नाम पर होगी।

244. राज्यपाल द्वारा रोके गए किसी राज्य अधिनियम के संबंध में राष्ट्रपति के पास किस प्रकार का निषेधाधिकार (वीटो) होता है?

(a) पॉकेट निषेधाधिकार
(b) पूर्ण निषेधाधिकार
(c) निलंबन निषेधाधिकार
(d) योग्य निषेधाधिकार

Ans. (b) पूर्ण निषेधाधिकार

✪ अनुच्छेद 200- राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयक को दी गई सहमति के संबंध में राज्यपाल की शक्ति और राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को आरक्षित करना।

✪ अनुच्छेद 201- जब कोई विधेयक राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित होता है, तो राष्ट्रपति विधेयक पर सहमति दे सकता है या फिर उस पर रोक लगा सकता है।

245. राज्य का राज्यपाल कौन है?

(a) मंत्री परिषद्
(b) केबिनेट
(c) संवैधानिक प्रमुख
(d) संसदीय समितियां

Ans. (c) संवैधानिक प्रमुख

✪ राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है। वह मंत्रिपरिषद् की सलाह से कार्य करता है।

✪ **अनुच्छेद-155** में वर्णन है कि राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा केंन्द्रीय मंत्रिमण्डल की सिफारिश पर की जाएगी।

✪ **अनुच्छेद-74** में मंत्रिपरिषद् के गठन के विषय में उल्लेख है। मंत्रिपरिषद् का गठन राष्ट्रपति को कार्यपालिका से संबंधित कार्यों में सलाह देने के लिए किया जाता है।

246. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद 'राज्यपाल की क्षमादान शक्ति' से संबंधित है?

(a) अनुच्छेद 189 (b) अनुच्छेद 173
(c) अनुच्छेद 150 (d) अनुच्छेद 161

Ans. (d) अनुच्छेद 161

✪ **अनुच्छेद 150**- संघ के और राज्यों के लेखाओं का प्रारूप।

✪ **अनुच्छेद 173**- राज्य विधानमंडल की सदस्यता के लिए योग्यताएँ।

✪ **अनुच्छेद 189**- सदनों में मतदान, रिक्तियों के बावजूद सदनों की कार्य करने की शक्ति और गणपूर्ति।

247. किसी राज्य के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के लिए भारत के संविधान द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु कितनी है?

(a) 21 साल (b) 25 साल
(c) 30 साल (d) 35 साल

Ans. (d) 35 साल

✪ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 157 के अनुसार, राज्यपाल नियुक्त होने के लिए दो अर्हताएं हैं-
(1) वह भारत का नागरिक हो।
(2) वह 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।

248. निम्नलिखित में से किस वर्ष में, तेलंगाना विधानसभा की स्थापना की गई थी?

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) 2013 (b) 2010
(c) 2012 (d) 2014

Ans. (d) 2014

✪ वर्ष 2014 में हुए आम चुनाव के बाद 119 निर्वाचित सदस्यों के साथ 2 जून, 2014 को पहली तेलंगाना विधानसभा का गठन किया गया था।

✪ तेंलगाना विधानमंडल द्विसदनीय है।

✪ तेलंगाना विधानसभा की पहली बैठक 9 जून, 2014 को हुई थी।

249. दिल्ली के मुख्यमंत्री की नियुक्ति ..... द्वारा की जाती है।

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) उपराज्यपाल
(c) प्रधानमंत्री
(d) राज्यपाल

Ans. (a) भारत के राष्ट्रपति

✪ भारतीय संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति, उपराज्यपाल की सलाह पर, दिल्ली के मुख्यमंत्री की नियुक्ति करेगा।

✪ संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 में 239AA सम्मिलित किया गया, जिसमें दिल्ली के केंद्रशासित प्रदेश को उपराज्यपाल द्वारा प्रशासित घोषित किया गया जो निर्वाचित विधानसभा की सहायता और सलाह पर काम करता है।

250. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 170 के अनुसार, प्रत्येक राज्य की विधानसभा में ..... से अधिक सदस्य नहीं होंगे और 60 से कम सदस्य नहीं होंगे।

(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) 500 (b) 600
(c) 550 (d) 400

Ans. (a) 500

✪ संविधान के भाग 6 के अंतर्गत अनुच्छेद 168-212 तक राज्यों के विधानमंडल के बारे में उल्लेख है।

✪ सर्वाधिक विधानसभा की सीटें (403) उत्तर प्रदेश में हैं।

✪ राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन का संचालन भारत का निर्वाचन आयोग करता है।

नोट- अपवादस्वरूप (संसदीय विधियों के तहत) वर्तमान में राज्यों में सिक्किम (32) और मिजोरम एवं गोवा (दोनों में 40) की विधानसभाएँ 60 से कम सदस्यों वाली हैं। इनके अतिरिक्त पुडुचेरी संघ राज्यक्षेत्र की विधानसभा में 30 सदस्य निर्वाचित होते हैं।

251. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, राज्य की कार्यकारी शक्तियों की सीमा के विषय में उल्लेख करता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 177 (b) अनुच्छेद 162
(c) अनुच्छेद 168 (d) अनुच्छेद 165

Ans. (b) अनुच्छेद 162

- महाधिवक्ता का पद भारत के संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत बनाया गया एक संवैधानिक पद है
- अनुच्छेद 168- राज्यों में विधानमंडलों का गठन
- अनुच्छेद 168(2)- जहाँ किसी राज्य के विधानमंडल के दो सदन हैं, वहाँ एक को विधानपरिषद् और दूसरे को विधानसभा के रूप में जाना जाएगा, और जहाँ केवल एक सदन है, वहाँ उसे विधानसभा के रूप में जाना जाएगा।

252. संसद ..... की सिफारिश पर राज्य विधानपरिषद् को बना सकती है या समाप्त कर सकती है।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) राज्य के राज्यपाल
(b) मुख्यमंत्री
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) राज्य विधानसभा

Ans. (d) राज्य विधानसभा

- विधानपरिषद् किसी राज्य का ऊपरी सदन होता है।
- विधानपरिषद् का आकार विधानसभा की सदस्यता के एक-तिहाई से अधिक नहीं हो सकता है।
- विधानपरिषद् के सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है।

253. .....निर्मित करने की शक्ति केवल विधानसभा के पास होती है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) परमादेश (b) ड्राफ्ट
(c) अधनियम (d) धन विधेयक

Ans. (d) धन विधेयक

- संविधान के अनुच्छेद 110 में धन विधेयक की परिभाषा दी गई है।
- धन विधेयक केवल विधानसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।
- धन विधेयक को सरकारी विधेयक माना जाता है तथा इसे केवल मंत्री द्वारा ही प्रस्तुत किया जा सकता है।
- विधानसभा में पारित होने के उपरांत उसे विधान परिषद् में विचार के लिए भेजा जाता है।
- 14 दिनों के अंदर उसे स्वीकृति देनी होती है अन्यथा इसे विधानपरिषद् द्वारा पारित माना जाता है।

254. राज्य विधानमंडल की सदस्यता के बिना किसी व्यक्ति को कितने माह तक मुख्यमंत्री नियुक्त किया जा सकता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 6 माह (b) 1 वर्ष
(c) 2 वर्ष (d) 15 माह

Ans. (a) 6 माह

- अनुच्छेद 164- मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल, मुख्यमंत्री की सलाह पर करेगा और मंत्री, राज्यपाल के इच्छानुसार अपने पद धारण करेंगे।
- अनुच्छेद 164(4)-एक मंत्री, जो छह महीने तक विधायिका का सदस्य नहीं है, उस अवधि की समाप्ति पर मंत्री नहीं रह पाएगा।

255. निम्नलिखित में से किस मामले में राज्य विधानमंडल के सदस्य को अपनी सीट खाली करने की आवश्यकता नहीं है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अयोग्यता
(b) त्यागपत्र
(c) बिना अनुमति के एक सप्ताह तक अनुपस्थित रहना
(d) दोहरी सदस्यता

Ans. (c) बिना अनुमति के एक सप्ताह तक अनुपस्थित रहना

- राज्य विधानमण्डल के गठन में कोई एकरूपता नहीं है। अधिकतर राज्यों में एक सदनीय व्यवस्था है, और कुछ में द्विसदनीय व्यवस्था है। वर्तमान में केवल 6 राज्यों में विधानपरिषद् हैं, ये है- तेलगांना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र।

256. राज्य विधानमंडल के सत्र को स्थगित करने के संबंध में राज्यपाल को सलाह कौन देता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) विधानसभा अध्यक्ष
(b) मुख्यमंत्री
(c) विधानसभा उपाध्यक्ष
(d) सदन के वरिष्ठ सदस्य

Ans. (b) मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री की नियुक्ति- सामान्यतः राज्य में बहुमत वाले दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाता है, किंतु ऐसी स्थिति में जहाँ किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिला हो तो राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति के लिए अपनी विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग करता है।

257. राज्य मंत्री ..... कैबिनेट बैठक में भाग ले सकते हैं।
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) केवल जब अध्यक्ष उसे आमंत्रित करता है
(b) केवल आमंत्रित होने पर
(c) अपनी मर्जी से
(d) क्योंकि यह उसके लिए अनिवार्य है

Ans. (b) केवल आमंत्रित होने पर

- मंत्रिपरिषद् में तीन प्रकार के मंत्री होते हैं- राज्यमंत्री, उपमंत्री और कैबिनेट मंत्री।
- **राज्यमंत्री:**- इन्हें या तो मंत्रालयों या विभागों का स्वतंत्र प्रभार दिया जा सकता है या कैबिनेट मंत्रियों से संबद्ध किया जा सकता है।
- **उपमंत्री:**- ये राज्य मंत्रियों या कैबिनेट मंत्रियों के साथ मिलकर कार्य करते हैं।
- **कैबिनेट मंत्री:**- ये केंद्र सरकार के आवश्यक मंत्रालयों जैसे- रक्षा, ग्रह मामले, वित्त और विदेश के प्रभारी लोग हैं। यह केंद्र सरकार का प्रमुख नीति-निर्माण समूह है।

258. विधानपरिषद् की न्यूनतम संख्या कितनी है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) 15 सदस्य (b) 100 सदस्य
(c) 40 सदस्य (d) 60 सदस्य

Ans. (c) 40 सदस्य

- अनुच्छेद 171- किसी राज्य की विधानपरिषद् में सदस्यों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के एक-तिहाई (1/3) से अधिक नहीं होगी, किन्तु 40 सदस्यों से कम भी नहीं होगी।

259. भारत के संविधान के अनुच्छेद 170 के अनुसार, प्रत्येक राज्य की विधानसभा में ..... से अधिक सदस्य नहीं होंगे।
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) 300 (b) 450
(c) 500 (d) 250

Ans. (c) 500

- अनुच्छेद 170 के अनुसार, प्रत्येक राज्य की विधानसभा में 500 से अधिक और 60 से कम सदस्य नहीं होंगे, जो राज्य के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से सीधे चुनाव द्वारा चुने जाते हैं।

260. किसी राज्य की विधानपरिषद् के कुछ सदस्यों को ..... के द्वारा मनोनीत किया जाता है।
(D.P. Const. 8 Dec. 2020)
(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) प्रधानमंत्री (d) उपराष्ट्रपति

Ans. (a) राज्यपाल

- अनुच्छेद 169- विधानपरिषद् का गठन
- राज्य विधानपरिषद् में 1/6 सदस्य राज्यपाल द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
- एक तिहाई (1/3) सदस्य स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं, ग्राम सभाओं, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं।

261. विधानसभा के सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित प्रश्नों पर अंतिम विनिश्चय किसके द्वारा लिया जाता है-
(a) मुख्यमंत्री द्वारा
(b) राज्यपाल द्वारा
(c) राज्य न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा
(d) विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा

Ans. (b) राज्यपाल द्वारा

- **अनुच्छेद-191** राज्य विधानसभा अथवा विधानपरिषद् की सदस्यता के लिए अयोग्यता से संबंधित है।

262. निम्नलिखित राज्यों में कहाँ विधान परिषद् है/हैं?
1. केरल
2. हिमाचल प्रदेश
3. दिल्ली
4. बिहार

निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें-
(a) 1 एवं 4 (b) 1 एवं 2
(c) 2 एवं 3 (d) केवल 4

Ans. (d) केवल 4

- भारत के छह राज्यों में विधान परिषद् है:-
- आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश।
- उपर्युक्त राज्यों में द्विसदनीय विधायिका है यानी, इन राज्यों में विधानसभा के साथ-साथ विधान परिषद् भी है।

263. राज्य विधान परिषद् का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में रखा गया है?
(a) अनुच्छेद 170 (b) अनुच्छेद 171
(c) अनुच्छेद 172 (d) अनुच्छेद 173

Ans. (b) अनुच्छेद 171

- **अनुच्छेद170**- विधानसभाओं की संरचना।
- **अनुच्छेद 172**- राज्य विधानमंडलों की अवधि।
- **अनुच्छेद 173**- राज्य विधानमण्डल की सदस्यता के लिए योग्यताएँ।

264. राज्यों में विधान परिषद् के सृजन या समापन हेतु संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित प्रक्रिया को अपनाया जाता है?
(a) अनुच्छेद 368 (b) अनुच्छेद 69
(c) अनुच्छेद 269 (d) अनुच्छेद 169

Ans. (d) अनुच्छेद 169

- इसमें संसद को यह अधिकार है कि संसद किसी भी राज्य में विधान परिषद् का गठन या समापन कर सकती है।
- **अनुच्छेद 368**- इसके अंतर्गत संविधान संशोधन किया जाता है। यह प्रक्रिया दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ली गई है।
- **अनुच्छेद 69**- इसमें उपराष्ट्रपति की शपथ का प्रावधान है।
- **अनुच्छेद 269**- संघ द्वारा उद्गृहीत और संगृहीत किंतु राज्यों को सौंपे जाने वाले कर।

265. विधानसभा के सदस्यों (विधायकों) की संख्या के संदर्भ में, भारत की सबसे छोटी विधानसभा कहाँ की है?
(a) गोवा (b) पुडुचेरी
(c) दिल्ली (d) सिक्किम

Ans. (b) पुडुचेरी

- अनुच्छेद 170 के अनुसार विधानसभा का गठन है।
- विधानसभा में अधिकतम 500 सदस्य और कम से कम 60 सदस्य हो सकते हैं।
- सबसे बड़ी विधानसभा उत्तर प्रदेश की है, जिसमें 403 सदस्य हैं, जबकि सबसे छोटी विधानसभा राज्यों में सिक्किम की है जिसमें 32 सदस्य हैं।

266. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत की द्विसदनीय संसद का प्रावधान करता है?
(a) अनुच्छेद 69 (b) अनुच्छेद 89
(c) अनुच्छेद 59 (d) अनुच्छेद 79

Ans. (d) अनुच्छेद 79

- **अनुच्छेद 69** में उपराष्ट्रपति की शपथ का प्रावधान है।
- **अनुच्छेद 89** में राज्यसभा का सभापति और उपसभापति।
- **अनुच्छेद 59** में राष्ट्रपति के पद की सेवा शर्तों का वर्णन है।

267. राज्य विधानसभाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय के लिए प्रतिनिधित्व का प्रावधान भारत के संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा किया गया है?
(a) अनुच्छेद 330 (b) अनुच्छेद 331
(c) अनुच्छेद 332 (d) अनुच्छेद 333

Ans. (d) अनुच्छेद 333

- 104वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 के द्वारा अनुच्छेद 331 एवं 333 को समाप्त कर दिया गया है।
- अनुच्छेद 331 के अनुसार, राष्ट्रपति के द्वारा लोकसभा में दो एंग्लो इंडियन को मनोनीत किया जाता था एवं अनुच्छेद 333 के अनुसार, राज्यपाल के द्वारा राज्य विधानसभा में एक सदस्य मनोनीत किया जाता था।
- अनुच्छेद 330 के तहत लोकसभा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों का आरक्षण है लोकसभा में अनुसूचित जाति के लिए 84, अनुसूचित जनजाति के लिए 47 सीटों का आरक्षण दिया गया है।
- अनुच्छेद 332 राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण।

268. भारत के किस वायसराय ने भारत में स्थानीय सरकारी निकाय बनाने की पहल की?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) मिंटो (b) मेयो
(c) रिपन (d) हार्डिंग द्वितीय

Ans. (c) रिपन

- वर्ष 1882 में भारत के तत्कालीन वायसराय रिपन ने निर्वाचित स्थानीय सरकारी निकाय के गठन की पहल की।
- स्थानीय स्वशासन का जनक लार्ड रिपन को कहा जाता है।

269. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद जिला योजना समिति से संबंधित है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 243-XD (b) 243-ZD
(c) 243-YD (d) 243-WD

Ans. (b) 243-ZD

- जिला योजना समिति (DPC) भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-ZD के अनुसार जिला स्तर पर जिला एवं नीचे योजना बनाने के लिए बनाई गई समिति है।

270. भारत में स्थानीय निकायों के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी समिति गठित की गई थी?
1. बलवंत राय मेहता समिति
2. अशोक मेहता समिति
3. खुसरो समिति

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1
(d) केवल 2 और 3

Ans. (a) केवल 1 और 2

पंचायतीराज से संबंधित समितियाँ-
- बलवंत राय मेहता समिति-1957
- अशोक मेहता समिति-1977
- जी.वी.के. राव समिति - 1985
- एल.एम. सिंघवी समिति-1986
- पी.के. थुंगन समिति-1989
- बलवंत राय मेहता समिति (1957) की सिफारिशों पर ही ग्राम पंचायतों की तीन स्तरीय व्यवस्था को अपनाया गया था।

271. भारतीय संविधान में कौन-से संशोधन अधिनियम ने पंचायती राज प्रणाली को संवैधानिक दर्जा दिया?
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) 71वाँ (b) 72वाँ
(c) 73वाँ (d) 74वाँ

Ans. (c) 73वाँ

- 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ।

272. स्थानीय स्वशासन के जनक के रूप में कौन जाना जाता है?
(a) डलहौजी
(b) बालगंगाधर तिलक
(c) रिपन
(d) कोई विकल्प सही नहीं

Ans. (c) रिपन

- लार्ड रिपन ने वर्ष 1882 में स्थानीय स्वशासन की शुरुआत की।
- यह किसी अधिनियम द्वारा अधिनियमित नहीं किया गया था, यह वर्ष 1882 में पारित एक प्रस्ताव था।
- भारतीय संविधान में त्रिस्तरीय शासन प्रणाली की व्यवस्था की गई है- शीर्ष पर केंद्र सरकार, मध्य में राज्य सरकार और अंत में स्थानीय सरकार (इसमें ग्रामीण पंचायतें और नगरपालिकाएँ शामिल हैं)
- स्थानीय स्वशासन की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता यह होती है कि यह देश के आम नागरिकों के सबसे करीब होती है और इसलिए यह लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्षम होती है।

273. पंचायती राज संस्था की स्थापना करने वाला पहला भारतीय राज्य कौन-सा था?
(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (a) राजस्थान

- पंचायती राज संस्था की स्थापना करने वाला प्रथम राज्य राजस्थान था।
- 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज प्रणाली की शुरूआत हुई।
- इस संस्था का कार्य आर्थिक विकास करना, राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की योजना को लागू करना है।
- पंचायती राज व्यवस्था को लागू कराने में बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिशों का अहम योगदान है।

274. पंचायती राज व्यवस्था में एक मध्यवर्ती स्तर है, जिसे ..... के रूप में जाना जाता है।
(a) ग्राम पंचायत (b) जिला परिषद्
(c) सरपंच पंचायत (d) पंचायत समिति

Ans. (d) पंचायत समिति

- पंचायत समिति ग्रामीण स्थानीय स्वशासन प्रणाली के तहसील या ब्लॉक स्तर पर है।
- इसे वर्ष 1992 में भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के द्वारा औपचारिक रूप दिया गया।
- पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया है।

275. पंचायती राज व्यवस्था शासन के कितने स्तरों में विभाजित है?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Ans. (c) 3

- पंचायतों के तीन स्तर - ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद
- पंचायत चुनाव प्रत्येक 5 वर्ष में कराए जाते हैं।

276. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद यह घोषणा करता है, कि सर्वोच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय होगा?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) अनुच्छेद 129 (b) अनुच्छेद 111
(c) अनुच्छेद 119 (d) अनुच्छेद 135

Ans. (a) अनुच्छेद 129

- अनुच्छेद 129- उच्चतम न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय होगा और उसे ऐसी सभी शक्तियाँ प्राप्त होगीं जिसमें स्वंय की अवमानना के लिए दंडित करने का अधिकार भी शामिल है।
- अनुच्छेद 111- विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति
- अनुच्छेद 119- यह वित्तीय मामलों के संबंध में सदन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और विनियमन के बारे में व्याख्या करता है।
- अनुच्छेद 135- यह मौजूदा कानून के अन्तर्गत संघीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रयोग किया जाना।
- **नोट**- वीटो पावर किसी आधिकारिक कार्रवाई को एकतरफा रूप से रोकने की कानूनी शक्ति है।

277. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में यह प्रावधान है कि राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के चुनाव में उत्पन्न विवाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निपटाए जाएंगे?
(D.P. Const. 16 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 71 (b) अनुच्छेद 80
(c) अनुच्छेद 60 (d) अनुच्छेद 65

Ans. (a) अनुच्छेद 71

- अनुच्छेद 60- राष्ट्रपति द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान
- अनुच्छेद 65- उपराष्ट्रपति के द्वारा राष्ट्रपति के रूप में कार्य करना या राष्ट्रपति के कार्यालय में आकस्मिक रिक्तियों के दौरान या उनकी अनुपस्थिति के दौरान उनके कार्यों का निर्वहन करना।
- अनुच्छेद 80- राज्यसभा की संरचना।

278. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसार, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पास संसद द्वारा दिए गए किसी भी निर्णय या आदेश की समीक्षा करने का अधिकार होता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 135 (b) अनुच्छेद 137
(c) अनुच्छेद 235 (d) अनुच्छेद 143

Ans. (b) अनुच्छेद 137

- अनुच्छेद 137- सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्णयों की समीक्षा करने का अधिकार प्राप्त है।
- अनुच्छेद 135- मौजूदा कानून के तहत संघीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रयोग किया जाना।
- अनुच्छेद 235- अधीनस्थ न्यायालयों पर नियंत्रण
- अनुच्छेद 143- राष्ट्रपति की सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श करने की शक्ति।

279. इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खण्डपीठ निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थापित है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) लखनऊ (b) नोएडा
(c) गोरखपुर (d) आगरा

Ans. (a) लखनऊ

- भारत का पहला उच्च न्यायालय वर्ष 1862 में भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, 1861 के तहत कलकत्ता में अस्तित्व में आया। इसके साथ मद्रास तथा बॉम्बे के उच्च न्यायालय की स्थापना की गई।
- उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवानिवृति की आयु 62 वर्ष होती है।
- उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते राज्यों की संचित निधि से दिए जाते हैं किन्तु उन्हें पेंशन भारत की संचित निधि से दिए जाते हैं।

280. बन्दी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus), न्यायालय द्वारा जारी आज्ञापत्र है जो निम्नलिखित में से किसे न्यायालय के समक्ष लाने के लिए होता है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिए गए व्यक्ति
(b) अपने कानूनी कर्त्तव्य का पालन करने के लिए किसी व्यक्ति
(c) सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्ति
(d) किसी कार्य को अधिकता में करने वाले न्यायाधिकरण

Ans. (a) गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिए गए व्यक्ति

- भारतीय संविधान में, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों को मौलिक अधिकार के संबंध में 'बन्दी प्रत्यक्षीकरण' का रिट देने का अधिकार है।
- बन्दी प्रत्यक्षीकरण एक रिट है जो एक आरोपी व्यक्ति को न्यायाधीश या अदालत में पेश करने की अनुमति देती है।
- अनुच्छेद 32 'संवैधानिक उपचार के अधिकार' से संबंधित है, यह संविधान के भाग III में प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन के लिए उपयुक्त कार्यवाही द्वारा सर्वोच्च न्यायालय जाने के अधिकार की पुष्टि करता है।

281. कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी पूर्व-संवैधानिक कानून के तहत संघीय अदालत के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार देता है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 135 (b) अनुच्छेद 144
(c) अनुच्छेद 139 (d) अनुच्छेद 140

Ans. (a) अनुच्छेद 135

- अनुच्छेद 135- मौजूदा कानून के तहत संघीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रयोग किया जाना।
- अनुच्छेद 139- सर्वोच्च न्यायालय को कुछ रिट जारी करने की शक्ति प्रदान करना।
- अनुच्छेद 140- सर्वोच्च न्यायालय की सहायक शक्तियों का उल्लेख।
- अनुच्छेद 144- भारत में सभी सिविल और न्यायिक अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय की सहायता करनी चाहिए का उल्लेख।

282. सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार की गारंटी निम्नलिखित में से किसके द्वारा दी जाती है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) संविधान (b) मुख्य न्यायाधीश
(c) राष्ट्रपति (d) संसद

Ans. (a) संविधान

- संविधान निर्माण प्रक्रिया में कुल 2 वर्ष, 11 महीना और 18 दिन लगे।
- सर्वोच्च न्यायालय का गठन संबंधी प्रावधान अनुच्छेद-124 में दिए गए हैं।
- अनुच्छेद-125 न्यायाधीशों के वेतन, भत्ते और अन्य लाभों से संबंधित है।

283. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अदालतों को राज्य विधानमंडल की कार्यवाही की जाँच करने से रोकता है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 211 (b) अनुच्छेद 212
(c) अनुच्छेद 210 (d) अनुच्छेद 209

Ans. (b) अनुच्छेद 212

- अनुच्छेद 209-राज्य विधानमंडल में वित्तीय कार्य के संबंध में प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन।
- अनुच्छेद 210- विधानमंडल में प्रयोग की जाने वाली भाषा से सम्बंधित।
- अनुच्छेद 211- 'सर्वोच्च या किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बारे में उनके कर्त्तव्यों के बर्खास्तगी को लेकर राज्य विधानसभा में किसी प्रकार के विचार-विमर्श को प्रतिबंधित करता है', यह राज्य सरकार से संबंधित है।

284. उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को किस आधार पर पद से हटाया जा सकता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) केवल असमर्थता
(b) केवल सिद्ध कदाचार
(c) सिद्ध कदाचार और असमर्थता
(d) असमर्थता और राजनीतिक संबंध

Ans. (c) सिद्ध कदाचार और असमर्थता

- राष्ट्रपति के आदेश द्वारा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को उसके पद से हटाया जा सकता है।
- राष्ट्रपति ऐसा तभी कर सकता है, जब इस प्रकार हटाए जाने हेतु सदन की कुल सदस्यता का बहुमत और सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों को 2/3 समर्थन प्राप्त हो। उसे (न्यायाधीश) हटाने का आधार उसका दुर्व्यवहार अथवा सिद्ध कदाचार होना चाहिए।

285. यदि उच्च न्यायालय अपील करने पर किसी आरोपी व्यक्ति को बरी करने के आदेश को उलट देता है और उसे मौत की सजा देता है, तो दिए गए श्रेणी के मामले के लिए सर्वोच्च न्यायालय के किस प्रकार के अधिकार क्षेत्र को लागू किया जा सकता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) दीवाली मामलों के संबंध में अपीलीय क्षेत्राधिकार (अनुच्छेद 133)
(b) आपराधिक मामलों के संबंध में अपीलीय क्षेत्राधिकार (अनुच्छेद 134)
(c) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णयों या आदेशों की समीक्षा (अनुच्छेद 137)
(d) कुछ मामलों में उच्च न्यायालयों से अपील में अपीलीय क्षेत्राधिकार (अनुच्छेद 132)

Ans. (b) आपराधिक मामलों के संबंध में अपीलीय क्षेत्राधिकार (अनुच्छेद 134)

- अनुच्छेद 134- दांडिक विषयों में उच्चतम न्यायालय की अपीलीय अधिकारिता।
- भारत के राज्यक्षेत्र में किसी उच्च न्यायालय की दांडिक कार्यवाही में दिए गए किसी निर्णय, अंतिम आदेश या दंडादेश की अपील उच्चतम न्यायालय में होगी यदि-
- उस उच्च न्यायालय ने अपील में किसी अभियुक्त व्यक्ति की दोषमुक्ति के आदेश को उलट दिया है और उसको मृत्यु दंडादेश दिया है; या
  किसी अपराधी को अधीनस्थ न्यायालय ने छोड़ दिया हो लेकिन अपील में उच्च न्यायालय ने उसे मृत्युदंड दिया हो।

286. निम्नलिखित में से किस राज्य के उच्च न्यायालय का न्यायिक अधिकार-क्षेत्र केंद्रशासित प्रदेश दमन और दीव तक फैला हुआ है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) कलकत्ता उच्च न्यायालय
(b) बंबई उच्च न्यायालय
(c) केरल उच्च न्यायालय
(d) गुवाहाटी उच्च न्यायालय

Ans. (b) बंबई उच्च न्यायालय

- कोलकाता उच्च न्यायालय, मुंबई उच्च न्यायालय एवं मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, वर्ष 1861 के तहत वर्ष 1862 में की गई थी।
- भारत में स्थापित पहला उच्च न्यायालय कोलकाता हाईकोर्ट था।

287. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय को अभिलेख न्यायालय घोषित करता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) अनुच्छेद 129 (b) अनुच्छेद 125
(c) अनुच्छेद 126 (d) अनुच्छेद 128

Ans. (a) अनुच्छेद 129

- अनुच्छेद 129- सुप्रीम कोर्ट को अभिलेख न्यायालय होने का अधिकार देता है।
- अनुच्छेद 126- सुप्रीम कोर्ट में कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
- अनुच्छेद 125- सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों के वेतन एवं भत्तों का प्रावधान है।
- अनुच्छेद 128- उच्चतम न्यायालय की बैठकों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की उपस्थिति।

288. ..... उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली अस्तित्व में आई।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष तीन अलग-अलग मामलों के परिणामस्वरूप
(b) मंत्रिमंडल समिति के निर्णय के आधार पर
(c) एक संवैधानिक संशोधन के आधार पर
(d) संसद के एक अधिनियम के आधार पर

Ans. (a) सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष तीन अलग-अलग मामलों के परिणामस्वरूप

- प्रथम न्यायाधीश मामला (1981)
- दूसरा न्यायाधीश मामला (1993)
- तीसरा न्यायाधीश मामला (1998)
- कॉलेजियम प्रणाली- यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है, जो संसद के किसी अधिनियम या संविधान के प्रावधान द्वारा स्थापित न होकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(2) और 217 क्रमशः सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है।
- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्त्व CJI द्वारा की जाती है और इसमें न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।

289. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में राज्यपाल किसकी उपस्थिति में शपथ लेता है या प्रतिज्ञान करता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) उच्च न्यायालय के उपलब्ध वरिष्ठतम न्यायाधीश
(b) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत न्यायाधीश
(c) राज्य विधानमंडल के अध्यक्ष
(d) राज्य विधानमंडल के सचिव

Ans. (a) उच्च न्यायालय के उपलब्ध वरिष्ठतम न्यायाधीश

- अनुच्छेद 159- राज्यपाल उस राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या उसकी अनुपस्थिति में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश के समक्ष शपथ या प्रतिज्ञान करेगा।
- अनुच्छेद 219- उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान।

290. ..... भारतीय संविधान का/के अंतिम व्याख्याकार है/हैं।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) महान्यायवादी
(b) भारत के राष्ट्रपति
(c) सर्वोच्च न्यायालय
(d) नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

Ans. (c) सर्वोच्च न्यायालय

- सर्वोच्च न्यायालय संविधान का अंतिम व्याख्याकार है और अपनी रचनात्मक एवं नवीन व्याख्या से हमारे संवैधानिक अधिकारों व मौलिक स्वतंत्रता का रक्षक रहा है।
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना 26 जनवरी, 1950 को हुई थी, जबकि उद्घाटन 28 जनवरी, 1950 को किया गया था।
- अनुच्छेद 124-147 (भाग V)- सर्वोच्च न्यायालय से संबंधित प्रावधान है।

291. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद उच्च न्यायालय को रिट जारी करने का अधिकार प्रदान करता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) अनुच्छेद 226 (b) अनुच्छेद 220
(c) अनुच्छेद 230 (d) अनुच्छेद 223

Ans. (a) अनुच्छेद 226

- अनुच्छेद 223- कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति।
- अनुच्छेद 230- उच्च न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र का केंद्रशासित प्रदेशों तक विस्तार।

292. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश को राष्ट्रपति द्वारा अपने हस्ताक्षर और मुहर के तहत वारंट द्वारा सर्वोच्च न्यायालय और राज्यों में उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के परामर्श के बाद नियुक्त किया जाएगा, जैसा कि राष्ट्रपति इस उद्देश्य के लिए आवश्यक समझे?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) अनुच्छेद 134 (2)
(b) अनुच्छेद 142 (2)
(c) अनुच्छेद 120 (2)
(d) अनुच्छेद 124 (2)

Ans. (d) अनुच्छेद 124 (2)

- अनुच्छेद 120(2)- जब तक संसद विधि द्वारा अन्य उपबंध न करे तब तक यह अनुच्छेद, इस संविधान के प्रारंभ से 15 वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् इस प्रकार प्रभावी होगा जैसे 'या अंग्रेजी में' शब्द उसमें से हटा दिए गए हों।
- अनुच्छेद 134(2)- संसद विधि द्वारा उच्चतम न्यायालय को यह शक्ति दे सकती है कि वह किसी उच्च न्यायालय के दांडिक कार्यवाही में दिए गए निर्णय, अंतिम आदेश या दंडादेश की अपील सुन सके।

293. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को प्रतिस्थापित कर दिया है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) 65वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 99वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(c) 52वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(d) 82वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

Ans. (b) 99वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

- 99वाँ संविधान संशोधन, 2014- इस संशोधन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति तथा स्थानान्तरण के लिए 1993 से चली आ रही कॉलेजियम प्रणाली के स्थान पर नए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) का प्रावधान किया गया था।
- इस संविधान संशोधन को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया।

294. तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करते समय भारत के मुख्य न्यायाधीश से पूर्व अनुमति लेंगे।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) सर्वोच्च न्यायालय का कॉलेजियम
(b) संसद
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) भारत के प्रधानमंत्री

Ans. (c) भारत के राष्ट्रपति

- अनुच्छेद 127- सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान करता है।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त कर सकते हैं।
- तदर्थ न्यायाधीश केवल सर्वोच्च न्यायालय में ही नियुक्त किए जाते हैं।

295. कॉलेजियम प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) इसमें मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल होते हैं।
(b) इस प्रणाली को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के माध्यम से विकसित किया गया था।
(c) यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की अनुशंसा करता है।
(d) यह प्रणाली वर्ष 2007 में शुरू हुई थी।

Ans. (d) यह प्रणाली वर्ष 2007 में शुरू हुई थी।

- प्रथम न्यायाधीश मामला (1981)
- दूसरा न्यायाधीश मामला (1993)
- तीसरा न्यायाधीश मामला (1998)
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(2) और 217 क्रमशः सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है।
- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम का नेतृत्त्व CJI द्वारा की जाती है और इसमें न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।

296. निम्नलिखित में से कौन-सी रिट केवल न्यायिक और अर्ध-न्यायिक निकायों के विरुद्ध जारी की जाती है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) निषेधाज्ञा और अधिकार-पृच्छा
(b) बन्दी प्रत्यक्षीकरण और परमादेश
(c) निषेधाज्ञा और उत्प्रेषण-लेख
(d) परमादेश और उत्प्रेषण-लेख

Ans. (c) निषेधाज्ञा और उत्प्रेषण-लेख

- **प्रतिषेध रिट-** यह किसी भी न्यायिक या अर्द्ध-न्यायिक संस्था के खिलाफ जारी कर सकते हैं, इसके माध्यम से न्यायालय के न्यायिक अर्द्ध-न्यायिक संस्था को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर निकलकर कार्य करने से रोकती है।
- मूल अधिकारों को प्रवर्तित कराने हेतु उच्चतम न्यायालय को अनुच्छेद 32(2) के तहत निम्नलिखित पाँच प्रकार की रिट जारी करने की शक्ति है-
  1. बन्दी प्रत्यक्षीकरण
  2. परमादेश
  3. प्रतिषेध
  4. उत्प्रेषण
  5. अधिकार पृच्छा

297. किसी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर .... सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए, यदि यह लोकसभा में शुरू किया गया हो।
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 50 (b) 100
(c) 54 (d) 75

Ans. (b) 100

- भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया भारत के संविधान के अनुच्छेद 124(4) और अनुच्छेद 124(5) में उल्लिखित है।
- यह प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन में एक प्रस्ताव द्वारा शुरू की जा सकती है। किसी न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर लोकसभा (लोगों का सदन) के कम से कम 100 सदस्यों या राज्यसभा (राज्यों की परिषद्) के 50 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए।

298. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के महान्यायवादी के संबंध में सही है?
(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) वह संसद के सत्रों में भाग ले सकता/सकती है।
(b) वह संसद की संयुक्त बैठक में भाग नहीं ले सकता/सकती।
(c) वह विश्वास प्रस्ताव और अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के दौरान लोकसभा में मतदान कर सकता/सकती है।
(d) उसे संसद के सदस्यों की तुलना में कोई छूट या विशेषाधिकार प्राप्त नहीं होता है।

Ans. (a) वह संसद के सत्रों में भाग ले सकता/सकती है।

- भारत का महान्यायवादी (Attorney General) संघ की कार्यकारिणी का एक अंग है। महान्यायवादी देश का सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होता है।
- अनुच्छेद 76 में भारत के महान्यायवादी के पद का प्रावधान है।
- **निष्कासन:** महान्यायवादी को हटाने की प्रक्रिया और आधार संविधान में नहीं बताए गए हैं। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है (राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय हटाया जा सकता है)

299. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद महाधिवक्ता के पद से संबंधित है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 167 (b) अनुच्छेद 166
(c) अनुच्छेद 165 (d) अनुच्छेद 164

Ans. (c) अनुच्छेद 165

- महाधिवक्ता, राज्य का सर्वोच्च विधि अधिकारी होता है।
- राज्यपाल द्वारा महाधिवक्ता की नियुक्ति की जाती है।
- अनुच्छेद 164- मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जाएगी।
- अनुच्छेद 166- राज्य सरकार का कार्य संचालन
- अनुच्छेद 167- राज्यपाल को सूचना देने आदि के संबंध में मुख्यमंत्री के कर्त्तव्य।

300. देश का सर्वोच्च विधि अधिकारी किसे माना जाता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) भारत के महान्यायवादी
(b) मुख्य चुनाव आयुक्त
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(d) नीति आयोग (NITI AAYOG) के अध्यक्ष

Ans. (a) भारत के महान्यायवादी

- महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- एक ऐसा व्यक्ति जो सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के योग्य हो, और वह भारत का नागरिक हो, उसे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का पाँच वर्षों का अनुभव हो या किसी उच्च न्यायालय में वकालत का दस (10) वर्षों का अनुभव हो अथवा राष्ट्रपति के मतानुसार वह न्यायिक मामलों का योग्य व्यक्ति हो।

301. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 में किसके संबंध में उल्लेख प्रदान किए गए हैं?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) महान्यायवादी
(b) चुनाव आयुक्त
(c) वित्त आयोग के अध्यक्ष
(d) लोकपाल

Ans. (a) महान्यायवादी

- अनुच्छेद 76- भारत के महान्यायवादी के पद से संबंधित है।
- अनुच्छेद 280 (1) के तहत उपबंध है कि वित्त आयोग राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाने वाले एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्यों से मिलकर बनेगा।
- भारतीय संविधान के भाग-15 में अनुच्छेद 324 से 329(क) तक निर्वाचन से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख है।

302. भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति कौन करता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) राज्यपाल (d) मुख्यमंत्री

Ans. (a) राष्ट्रपति

- महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल) की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।
- महान्यायवादी, राष्ट्रपति को कभी भी अपना त्याग पत्र देकर पदमुक्त हो सकता है।

303. महाधिवक्ता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) महाधिवक्ता के पद का कार्यकाल संविधान द्वारा निर्धारित नहीं है।
(b) उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
(c) महाधिवक्ता का पारिश्रमिक संविधान द्वारा निर्धारित नहीं है और ऐसा पारिश्रमिक प्राप्त करता है जैसा कि राज्यपाल तय कर सकते हैं।
(d) वह भारत के अटॉर्नी जनरल के अनुरूप राज्य का सर्वोच्च कानून अधिकारी है।

Ans. (b) उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

- अनुच्छेद 165 - राज्य का महाधिवक्ता
- महाधिवक्ता की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- महाधिवक्ता उच्च न्यायालय का न्यायाधीश होने की अर्हता रखता है।

304. निम्नलिखित में से कौन-सा पद भारत के संविधान के अनुच्छेद 76 के तहत संवैधानिक पद है?

(a) अतिरिक्त स्थायी परामर्शदाता
(b) अपर महाधिवक्ता
(c) भारत के महाधिवक्ता
(d) भारत के महान्यायवादी

Ans. (d) भारत के महान्यायवादी

- राष्ट्रपति, उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश होने के योग्य किसी व्यक्ति को भारत का महान्यायवादी नियुक्त करता है।
- महाधिवक्ता, महान्यायवादी के बाद सरकार के दूसरे सर्वोच्च स्थान वाले कानून अधिकारी हैं।

305. देश का प्रथम विधि अधिकारी कौन होता है?
(a) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(b) महान्यायवादी
(c) विधि मंत्री
(d) महाधिवक्ता

Ans. (b) महान्यायवादी

- भारत का महान्यायवादी, देश का सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होता है, जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बनने की योग्यता रखता है।

306. राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(a) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(b) राज्य के राज्यपाल
(c) राज्य के मुख्यमंत्री
(d) भारत के राष्ट्रपति

Ans. (b) राज्य के राज्यपाल

- प्रत्येक राज्य का राज्यपाल, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए अर्हित किसी व्यक्ति को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त करेगा।
- अनुच्छेद 177- मंत्रियों और राज्य के महाधिवक्ता को विधानसभा में बोलने और कार्यवाहियों में हिस्सा लेने का अधिकार होता है।

307. भारत का प्रथम महान्यायवादी कौन था/थी?
(a) वी. नरहरि राव
(b) एम. सी. सीतलवाड़
(c) हरिलाल जे. कानिया
(d) गणेश वासुदेव मावलंकर

Ans. (b) एम. सी. सीतलवाड़

- वी. नरहरि भारत के पहले नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) थे।
- हरिलाल जे. कानिया भारत के पहले मुख्य न्यायाधीश थे।
- गणेश वासुदेव मावलंकर भारतीय लोकसभा के पहले अध्यक्ष थे।

308. भारतीय संविधान का 15वाँ भाग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) संविधान में संशोधन
(b) आपातकालीन प्रावधान
(c) निर्वाचन
(d) अधिकृत भाषाएं

Ans. (c) निर्वाचन

संविधान के प्रमुख भाग	
नागरिकता	भाग II
नगरपालिका	भाग IX A
निर्वाचन	भाग XV
संविधान में संशोधन	भाग XX
आपातकालीन प्रावधान	भाग XVIII
राजभाषा	भाग XVII
पंचायत	भाग IX
मूल कर्त्तव्य	भाग IV A
केंद्रशासित प्रदेश	भाग VIII

309. ..... संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1988 के द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी।
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) 61वें (b) 41वें
(c) 51वें (d) 71वें

Ans. (a) 61वें

- 41वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976 राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई।
- 51वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1984 नागालैंड, मिजोरम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों के आरक्षण के लिए किया गया था. इसके लिए, अनुच्छेद 330(1) और 332 (1) में संशोधन किया गया था।
- 71वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 संविधान की 8वीं अनुसूची में संशोधन करते हुए कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषाओं को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया गया।

310. भारत का चुनाव आयोग 1989 में एक तीन सदस्यीय निकाय बन गया इसे फिर से वर्ष .... में एकल सदस्यीय ही निकाय बनाया गया।
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) 1993 (b) 1990
(c) 1991 (d) 1992

Ans. (b) 1990

- चुनाव आयोग 16 अक्टूबर, 1989 को पहली बार बहुसदस्यीय संस्था बना था जिसमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त एवं दो अन्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किए गए थे।
- पुनः 1990 में चुनाव आयोग को एक सदस्य संस्था बना दिया गया।
- इसके बाद राष्ट्रपति के अध्यादेश अनुसार 1 अक्टूबर, 1993 में चुनाव आयोग बहुसदस्यीय संस्था बनाया गया जिसमें एक अध्यक्ष एवं दो अन्य चुनाव आयुक्त को नियुक्त किया गया।
- पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे।

311. भारत के चुनाव आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) 1957 (b) 1954
(c) 1960 (d) 1950

Ans. (d) 1950

- निर्वाचन आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है।
- चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी।
- भारतीय संविधान का भाग XV में अनुच्छेद 324-329(क) तक निर्वाचन से संबंधित है।
- अनुच्छेद 324- चुनाव का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण चुनाव आयोग में निहित है।

312. ..... में, प्रत्येक वयस्क नागरिक का एक वोट होना चाहिए तथा प्रत्येक वोट का एक समान मूल्य होना चाहिए।
(D.P. Const. 7 Dec. 2017)
(a) एकतंत्र (b) लोकतंत्र
(c) धनिकतंत्र (d) धर्मतन्त्र

Ans. (b) लोकतंत्र

- अनुच्छेद 326- लोक सभा और राज्य विधानसभाओं के लिए निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे।
- 61वें संशोधन अधिनियम, 1988 ने मतदान के लिए एक व्यक्ति की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी। (1989 से प्रभावी)

313. भारत की प्रथम महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त कौन थी?
(a) आर.एम. निकम (b) एस.के. बेदी
(c) वी.एस. रमादेवी (d) जी.डी. दास

Ans. (c) वी.एस. रमादेवी

- वी. एस. रमादेवी भारत की मुख्य चुनाव आयुक्त बनने वाली पहली महिला थीं।
- भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे।

314. ..... समिति भारत में चुनाव सुधारों से संबंधित है।
(a) कोठारी (b) बलवंतराय मेहता
(c) इंद्रजीत गुप्ता (d) बिमल जालान

Ans. (c) इंद्रजीत गुप्ता

- इंद्रजीत गुप्ता समिति का गठन वर्ष 1998 में हुआ था।

✪ बलवंत राय मेहता समिति का संबंध पंचायती राज व्यवस्था से है।

315. राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है-
(a) 15 जनवरी (b) 25 जनवरी
(c) 15 फरवरी (d) 25 फरवरी

Ans. (b) 25 जनवरी

✪ भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है।
✪ 1950 में भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए, इसे देश भर में पहली बार 2011 में मनाया गया था।

316. निम्नलिखित में से कौन-सा केंद्रीय चुनाव आयोग का महत्त्वपूर्ण कर्त्तव्य नहीं है?
(a) स्थानीय चुनाव करना
(b) प्रत्यक्ष चुनाव
(c) चुनाव का संचालन और नियंत्रण
(d) चुनाव का निरीक्षण

Ans. (a) स्थानीय चुनाव करना

✪ स्थानीय चुनाव का संचालन राज्य निर्वाचन आयोग करता है।

317. भारतीय संविधान के अनुसार, आधिकारिक कामकाज हेतु अंग्रेजी भाषा का उपयोग निम्नलिखित में से किस वर्ष में बंद कर दिया गया था?
(D.P. Const. 16 Dec. 2020)
(a) 1956 (b) 1972
(c) 1965 (d) 1948

Ans. (c) 1965

✪ भारतीय संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343-351 में राजभाषा संबंधी प्रावधान है।
✪ अनुच्छेद 343(1)- संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।
✪ अनुच्छेद 344- राष्ट्रपति को यह अधिकार है कि वह राजभाषा के संबंध में आयोग गठित कर सकता है।
✪ अनुच्छेद 348(1)(ए)- सर्वोच्च न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में होगी।

318. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को अंग्रेजी के साथ आधिकारिक सरकारी भाषा माना गया है?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) 321 (b) 343
(c) 335 (d) 351

Ans. (b) 343

✪ अनुच्छेद 321- लोक सेवा आयोग के कार्यों का विस्तार करने की शक्ति।
✪ अनुच्छेद 335- सेवाओं और पदों पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के दावे।
✪ अनुच्छेद 351- हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश
✪ अनुच्छेद 344- राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति
✪ अनुच्छेद 350क- प्रारंभिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएँ।
✪ अनुच्छेद 350ख- भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए विशेष प्राधिकारी।

319. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 350(B) से संबंधित है।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए विशेष प्राधिकारी
(b) वित्त आयोग
(c) यूपीएससी (UPSC)
(d) निर्वाचन आयोग

Ans. (a) भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए विशेष प्राधिकारी

✪ 350(B)- भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए विशेष प्राधिकारी
✪ वित्त आयोग के संबंध में अनुच्छेद 280 व 281 में उल्लेख किया गया है।
✪ वित्त आयोग एक अर्द्धन्यायिक एवं सलाहकारी निकाय है।

320. भारतीय राज्य नागालैंड की आधिकारिक भाषा क्या है?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) अंग्रेजी
(b) नागा
(c) मिईती
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (a) अंग्रेजी

✪ 1 दिसंबर, 1963 को नागालैंड भारत का 16वाँ राज्य बना।
✪ वर्तमान में, संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है।
✪ वर्ष 1967 में, नागालैंड विधानसभा ने भारतीय अंग्रेजी को नागालैंड की आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित किया।

321. भारत के संविधान के ..... के अंतर्गत, भाषाई अल्पसंख्यकों हेतु राष्ट्रीय आयोग का गठन किया गया था।
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) 351 (b) 350A
(c) 352 (d) 350B

Ans. (d) 350B

✪ 350(क)- प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएँ। (7वें संविधान संशोधन अधिनियम 1956 द्वारा)

322. राजभाषा अधिनियम की धारा-3 के माध्यम से संघ के राजकीय कार्यों के लिए अंग्रेजी भाषा के निरंतर इस्तेमाल को किस वर्ष में लागू किया गया था?
(a) 1960 (b) 1970
(c) 1963 (d) 1965

Ans. (d) 1965

✪ संविधान के अनुसार राजभाषा अधिनियम, 1963 के विषय में धारा-3, जनवरी 1965 के 26वें दिन लागू हुई।

323. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 343 किसके बारे में है?
(a) लोक सभा के लिए सीटों की संख्या
(b) राज्य सभा के लिए सीटों की संख्या
(c) कार्यालयी भाषा के रूप में हिंदी
(d) कश्मीर को विशेष दर्जा

Ans. (c) कार्यालयी भाषा के रूप में हिंदी

✪ **अनुच्छेद 343**- संघ की आधिकारिक भाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।
✪ 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने सर्वसम्मति से हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने पर सहमति जताई।

324. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य की राजभाषा या भाषाएँ अपनाने की प्रक्रिया है?
(a) 343 (b) 344
(c) 345 (d) 346

Ans. (c) 345

✪ **अनुच्छेद 343**- संघ की राजभाषा
✪ **अनुच्छेद 344**- आधिकारिक भाषा पर संसद का आयोग और समिति
✪ **अनुच्छेद 346**- राज्यों और संघ के बीच संचार हेतु आधिकारिक भाषा (राजभाषा) के विषय में प्रबंध करता है।

325. निम्नलिखित में से किस राज्य ने संस्कृत भाषा को राज्य की द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान किया है?
(a) बिहार ने (b) छत्तीसगढ़ ने
(c) उत्तर प्रदेश (d) उत्तराखंड

Ans. (d) उत्तराखंड

✪ उत्तराखंड राजभाषा अधिनियम, 2009 के तहत संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा मिला था।
✪ हिमाचल प्रदेश में संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा वर्ष 2019 को मिला था।

326. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, प्रशासनिक अधिकरणों से संबंधित है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) अनुच्छेद 307
(b) अनुच्छेद 323 ए
(c) अनुच्छेद 290 ए
(d) अनुच्छेद 271

Ans. (b)अनुच्छेद 323 ए

अधिकरण (भाग-14क)
- अनुच्छेद 323 (क)- प्रशासनिक अधिकरण
- अनुच्छेद 323 (ख)- अन्य विषयों के लिए अधिकरण।
- अनुच्छेद 307- संसद विधि द्वारा ऐसे प्राधिकारी को नियुक्त कर सकेगी जिसे वह अनुच्छेद 301, 302, 303 और 304 के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए उचित समझे।
- अनुच्छेद 271- संघ के प्रयोजनों के लिए कुछ शुल्कों और करो पर अधिभार।

327. राज्यसभा को भारत के संविधान के अनुच्छेद 312 के तहत कौन-सी विशेष शक्ति प्राप्त है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) मानवाधिकार आयोग के सदस्यों की नियुक्ति करने की
(b) सरकार पर प्रतिबंध लगाने की
(c) नई अखिल भारतीय सेवा का सृजन करने की
(d) कुछ लोगों के लिए विशेष अधिकारों का विस्तार करने की

Ans. (c) नई अखिल भारतीय सेवा का सृजन करने की

- अनुच्छेद 312- अखिल भारतीय सेवाएँ
- अखिल भारतीय सेवाओं में भर्ती संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा की जाती है।
- अनुच्छेद 315 से अनुच्छेद 323 के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग की संरचना, उसके सदस्यों की नियुक्ति और निष्कासन तथा संघ लोक सेवा आयोग की शक्तियों और कार्यों से संबंधित प्रावधान किये गए हैं।

328. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को निम्नलिखित में से किसके द्वारा हटाया जा सकता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) राज्य के राज्यपाल
(c) राज्य के मुख्यमंत्री
(d) भारत के प्रधानमंत्री

Ans. (a) भारत के राष्ट्रपति

- राज्य लोक सेवा के सदस्यों की नियुक्ति राज्य लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर राज्यपाल द्वारा की जाती है।

329. UPSC के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है?

(a) प्रधानमंत्री
(b) राष्ट्रपति
(c) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(d) लोकसभा अध्यक्ष

Ans. (b) राष्ट्रपति

- संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- यूपीएससी का अध्यक्ष अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सौंपता है।
- यूपीएससी के अध्यक्ष का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होता है। (जो भी पहले हो)

330. एन.के. सिंह भारत के ..... वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं।
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)

(a) 12वें (b) 14वें
(c) 15वें (d) 13वें

Ans. (c) 15वें

क्रमांक	अध्यक्ष का नाम
12वें	सी. रंगराजन
13वें	विजय केलकर
14वें	वाई.वी. रेड्डी
16वें	अरविंद पनगढ़िया

331. राष्ट्रपति द्वारा किस अवधि के पश्चात् वित्त आयोग का गठन किया जाता है?
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) हर दस वर्ष की समाप्ति पर
(b) हर पाँच वर्ष की समाप्ति पर
(c) हर सात वर्ष की समाप्ति पर
(d) हर छह वर्ष की समाप्ति पर

Ans. (b) हर पाँच वर्ष की समाप्ति पर

- अनुच्छेद 280 - वित्त आयोग
- वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है।
- इसमें एक अध्यक्ष तथा चार अन्य सदस्य होते हैं।
- वित्त आयोग के पहले अध्यक्ष के.सी. नियोगी थे।

332. भारत सरकार ने ..... को मिलाकर अपनी परिचालन अवधि के रूप में 15वें वित्त आयोग का गठन किया है।
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) 2020-2025 (b) 2015-2020
(c) 2020-2022 (d) 2019-2023

Ans. (a) 2020-2025

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2017 को 15 वें वित्त आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की।
- 15वें वित्त आयोग का कार्यकाल 2020 से 2025 तक होगा। (जिसे एक वर्ष (2025-26) तक का विस्तार दिया गया।)
- चूँकि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशें 31 मार्च 2026 तक की छह साल की अवधि को कवर करती हैं।

333. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) अनुच्छेद 270 (b) अनुच्छेद 260
(c) अनुच्छेद 250 (d) अनुच्छेद 280

Ans. (d) अनुच्छेद 280

- अनुच्छेद 281 - वित्त आयोग की सिफारिशें
- अनुच्छेद 250- यदि आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में हो तो राज्य सूची के किसी विषय के संबंध में कानून बनाने की संसद की शक्ति।
- अनुच्छेद 260- भारत से बाहर के प्रदेशों के संबंध में संघ का अधिकार क्षेत्र।

334. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा संवैधानिक संशोधन एक राज्य के रूप में सिक्किम के गठन से संबंधित है?

(a) 30वाँ (b) 36वाँ
(c) 42वाँ (d) 51वाँ

Ans. (b) 36वाँ

- 36वाँ संविधान संशोधन, 1975 द्वारा सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में संविधान की प्रथम अनुसूची में स्थान दिया गया तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371 (F) में सिक्किम के लिए विशेष प्रावधान दिया गया।

335. भारतीय संविधान में कौन-सा संशोधन उच्च न्यायालयों की अधिकारिता का केंद्रशासित प्रदेशों पर विस्तार से संबंधित है?

(a) सातवें संशोधन (b) नौवें संशोधन
(c) तेरहवें संशोधन (d) पहला संशोधन

Ans. (a) सातवें संशोधन

- 7वाँ संविधान संशोधन 1956 के द्वारा अनुच्छेद 230, 231 में संशोधन करके उच्च न्यायालयों के क्षेत्राधिकार को संघ राज्यक्षेत्रों पर बढ़ा दिया गया।
- दो या दो से अधिक राज्यों के बीच सामूहिक न्यायालय की स्थापना।
- 13वाँ संविधान संशोधन 1962: नागालैंड को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान किया गया।

336. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, भारतीय संविधान में संशोधन की प्रक्रिया को निर्दिष्ट करता है?

(a) अनुच्छेद 368 (b) अनुच्छेद 366
(c) अनुच्छेद 365 (d) अनुच्छेद 367

Ans. (a) अनुच्छेद 368

- संविधान के भाग-20 के अन्तर्गत अनुच्छेद 368 में संविधान संशोधन की प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन है।

- संविधान में संशोधन करने की शक्ति संसद को प्राप्त है, लेकिन संसद की संशोधन करने की शक्ति निर्बाध नहीं है, यह न्यायिक पुनरावलोकन के अधीन है।
- भारतीय संविधान में संशोधन तीन प्रकार से किया जा सकता है।
  1. **साधारण बहुमत द्वारा**-दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के आधे से अधिक की सहमति। लेकिन ऐसा कोई भी संशोधन अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत संशोधन नहीं माना जाता है।
  2. **विशेष बहुमत द्वारा संशोधन**-संविधान के अधिकतर उपबंध विशेष बहुमत द्वारा ही संशोधित किये जाते हैं। जिन उपबंधो का संबंध संघीय ढाँचे से है, उन्हें छोड़कर शेष सभी संशोधन अनुच्छेद 368 के तहत संविधान संशोधन माने जाते है।
     विशेष बहुमत-संसद के प्रत्येक सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत तथा उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों का 2/3 बहुमत।
  3. **विशेष बहुमत और राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा संशोधन**- ऐसे विषय जो संविधान की संघात्मक व्यवस्था से संबंधित है, उनमें संशोधन करने की प्रक्रिया जटिल बनायी गयी है।
     विशेष बहुमत = दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों का 2/3 तथा कम से कम 50% राज्य विधान मंडलों का समर्थन प्राप्त करना अनिवार्य।

337. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अधिनियम, 1991 के अधिनियमन को लागू करने के बाद राजधानी दिल्ली में एक विधानसभा का गठन किया गया?
(D.P. Const. 7 Dec. 2020)
(a) 69वाँ संविधान संशोधन
(b) 67वाँ संविधान संशोधन
(c) 56वाँ संविधान संशोधन
(d) 79वाँ संविधान संशोधन

Ans. (a) 69वाँ संविधान संशोधन

- संविधान के 69वें संशोधन अधिनियम, 1991 द्वारा दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का विशेष दर्जा दिया गया। इसे संघ राज्यक्षेत्र की श्रेणी में कायम रखते हुए इसके लिए एक विधानसभा और उसके प्रति उत्तरदायी मंत्रिपरिषद् का प्रावधान किया गया।
- 79वाँ संविधान संशोधन (1999) द्वारा अनुच्छेद 334 में संशोधन कर लोकसभा और राज्यसभा में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण तथा एंग्लो- इंडियंस के मनोनयन की व्यवस्था की अवधि को दस वर्षों के लिए बढाया गया था।

338. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से कौन-सा संशोधन 'लघु संविधान' भी कहलाता है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 35वाँ संशोधन (b) 42वाँ संशोधन
(c) 38वाँ संशोधन (d) 40वाँ संशोधन

Ans. (b) 42वाँ संशोधन

- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 के द्वारा संविधान के बहुत सारे प्रावधानों में परिवर्तन किया गया था तथा अनेक प्रावधान जोड़े गए थे, इसलिए इसे 'लघु संविधान' कहा गया।

339. संविधान (26वाँ संशोधन) अधिनियम, 1971 द्वारा निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद को संशोधित किया गया था?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 119 (b) अनुच्छेद 366
(c) अनुच्छेद 124 (d) अनुच्छेद 213

Ans. (b) अनुच्छेद 366

- भारतीय संविधान के भाग 20 के अंतर्गत अनुच्छेद 368 में संविधान में संशोधन का प्रावधान है।
- अनुच्छेद 124- उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन
- अनुच्छेद 213- विधानमंडल के विश्रांतिकाल में राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति

340. निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान संशोधन अधिनियम भारत-बांग्लादेश समझौते से संबंध रखता है?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) संविधान (100वाँ संशोधन) अधिनियम, 2015
(b) संविधान (99वाँ संशोधन) अधिनियम, 2014
(c) संविधान (101वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016
(d) संविधान (98वाँ संशोधन) अधिनियम, 2012

Ans. (a) संविधान (100वाँ संशोधन) अधिनियम, 2015

- 98वाँ संविधान संशोधन, 2012- इस अधिनियम ने भारतीय संविधान में अनुच्छेद 371- (जे) की शुरुआत की। यह संशोधन कर्नाटक के राज्यपाल को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान प्रदान करने से संबंधित है।
- 99वाँ संविधान संशोधन, 2014- इस संशोधन में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन किया।
- 101वाँ संविधान संशोधन, 2016- यह GST से संबंधित है।

341. भारतीय संविधान में किए गए 101वें संशोधन का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) कार्य का अधिकार
(b) मौलिक अधिकार
(c) नागरिकता अधिनियम
(d) वस्तु एवं सेवा कर (GST)

Ans. (d) वस्तु एवं सेवा कर (GST)

- भारतीय संविधान के 101 वें संविधान संशोधन अधिनियम ने एक राष्ट्र, एक कर की प्रणाली शुरू की।
- जीएसटी परिषद् की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री करता है।
- जीएसटी लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए संसद में संविधान (122वाँ संशोधन) विधेयक, 2014 पेश किया गया था।
- 8 सितंबर, 2016 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई।
- 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के रूप में अधिनियमित किया गया था।

342. संविधान में पहला संशोधन किस वर्ष में किया गया था?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) 1960 (b) 1951
(c) 1953 (d) 1947

Ans. (b) 1951

- पहला संविधान संशोधन 1951- भूमि विधियों को संवैधानिक संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से इस संशोधन द्वारा संविधान के अंतर्गत 9वीं अनुसूची को जोड़ा गया।

343. संविधान (103वाँ संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों को संशोधित किया गया था?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 17 और अनुच्छेद 18
(b) अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16
(c) अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 17
(d) अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 15

Ans. (b) अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16

- 103वाँ संविधान संशोधन अधिनियम- सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को सरकारी नौकरियों तथा शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित है।
- अनुच्छेद 15- धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध।
- अनुच्छेद 14- विधि के समक्ष समानता का अधिकार

- अनुच्छेद 16- लोक नियोजन के विषयों में अवसर की समानता
- अनुच्छेद 17- अस्पृश्यता का अंत
- अनुच्छेद 18- उपाधियों का अंत

344. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के द्वारा भारत में जी. एस.टी. (GST) परिषद् की स्थापना की गई?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) संविधान (103वाँ संशोधन) अधिनियम, 2019
(b) संविधान (104वाँ संशोधन) अधिनियम, 2020
(c) संविधान (102वाँ संशोधन) अधिनियम, 2018
(d) संविधान (101वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016

Ans. (d) संविधान (101वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016

- अनुच्छेद 279 A(1) जीएसटी परिषद् का गठन संविधान संशोधन (101वाँ) अधिनियम, 2016 द्वारा किया गया।
- GST को 1 जुलाई, 2017 से 101वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा पेश किया गया था।

345. भारत में, ... संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1988 द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई है।
(D.P. Const. 2 Dec. 2020)
(a) 60वें (b) 61वें
(c) 63वें (d) 62वें

Ans. (b) 61वें

- 60वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1988 - अनुच्छेद 276(2) में बदलाव किया गया।

346. भारतीय संविधान के निम्न में से किस संशोधन अधिनियम द्वारा गोवा को राज्य का दर्जा दिया गया तथा दमन और दीव को मिलाकर एक नया केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया?
(a) 45वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 56वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 67वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 23वाँ संशोधन अधिनियम

Ans. (b) 56वाँ संशोधन अधिनियम

- 56वाँ संशोधन अधिनियम, 1987 द्वारा गोवा को दमन व दीव से अलग कर भारत के 25वें राज्य का दर्जा प्रदान किया गया तथा दमन व दीव को केंद्रशासित प्रदेश के रूप में ही रहने दिया गया तथा साथ ही, अनुच्छेद 371 (झ) में गोवा राज्य के संबंध में विशेष उपबंध किया गया।

347. निम्नलिखित में से कौन-सा संवैधानिक संशोधन अधिनियम भारतीय संविधान में ग्यारहवें मौलिक कर्त्तव्य को जोड़ने से संबंधित है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) 86वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम
(b) 83वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम
(c) 69वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम
(d) 81वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम

Ans. (a) 86वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम

- 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 में केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के रूप में नामित किया गया।
- भारतीय संविधान के 69वें संशोधन में दिल्ली को विशेष दर्जा प्रदान किया तथा इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया।
- 81वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2000: इसमें अनुच्छेद 16 (4B) शामिल किया जिसके अनुसार किसी विशेष वर्ष में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रिक्त पदों को अनुवर्ती वर्ष में भरने के लिए पृथक रखा जाएगा और उसे उस वर्ष की नियमित रिक्तियों में शामिल नहीं किया जाएगा। संक्षेप में इसने बैकलॉग रिक्तियों में आरक्षण की 50% सीमा को समाप्त कर दिया है।

348. 86वें संवैधानिक अधिनियम, 2002 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्त्तव्य जोड़ा गया था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना
(b) 6 से 14 वर्ष के बीच के अपने बच्चे को शिक्षा के अवसर प्रदान करना
(c) प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण और सुधार करना
(d) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना

Ans. (b) 6 से 14 वर्ष के बीच के अपने बच्चे को शिक्षा के अवसर प्रदान करना

- 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 में अनुच्छेद 21A जोड़ा गया जो यह घोषणा करता है कि राज्य 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा।
- इस संशोधन के तहत, अनुच्छेद 51-A में एक नया मौलिक कर्त्तव्य जोड़ा गया। यह कर्त्तव्य माता-पिता, अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करें।

349. निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारतीय संविधान के संशोधन से संबंधित है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 352 (b) अनुच्छेद 368
(c) अनुच्छेद 356 (d) अनुच्छेद 360

Ans. (b) अनुच्छेद 368

- भारतीय संविधान में आपात उपबंधों को तीन भागों में बाँटा गया है- राष्ट्रीय आपात (अनुच्छेद-352), राज्यों में संवैधानिक तंत्र की विफलता/राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद-356) और वित्तीय आपात (अनुच्छेद-360)।
- अनुच्छेद 352 'युद्ध', 'बाह्य आक्रमण' एवं 'सशस्त्र विद्रोह' के कारण संपूर्ण भारत या इसके किसी हिस्से की सुरक्षा खतरें में हो तो राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपात की घोषणा कर सकता है।

350. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि सभी नागरिकों को सहकारी समितियाँ गठित करने का मौलिक अधिकार होगा?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) 99वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 89वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 97वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 91वाँ संशोधन अधिनियम

Ans. (c) 97वाँ संशोधन अधिनियम

- इस संशोधन द्वारा एक नया भाग 9 (ख) तथा अनुच्छेद 243ZH-243ZT अंत: स्थापित किया गया।
- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003- मंत्रिपरिषद् में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं होनी चाहिए।

351. वर्ष ..... में 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष (secular)' शब्द जोड़ा गया था।
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) 1978 (b) 1975
(c) 1974 (d) 1976

Ans. (d) 1976

- 42वें संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में 'समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं अखंडता' शब्दों को भी जोड़ा गया।

352. भारतीय संसद ने 2002 के 86वें संविधान संशोधन अधिनियम को मंजूरी दी थी, जो ..... के आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा का मौलिक अधिकार सुनिश्चित करता है।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 5-11 वर्ष (b) 6-17 वर्ष
(c) 7-16 वर्ष (d) 6-14 वर्ष

Ans. (d) 6-14 वर्ष

- 86वाँ संविधान संशोधन 2002 द्वारा 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता का प्रावधान किया गया।

353. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द 42वें संशोधन अधिनियम द्वारा प्रस्तावना में जोड़े गए थे?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) भाईचारा, जो गरिमा का आश्वासन देता है
(b) समाजवादी, पंथनिरपेक्ष
(c) विचारों की स्वतंत्रता
(d) न्याय, सामाजिक

Ans. (b) समाजवादी, पंथनिरपेक्ष

- प्रस्तावना में 'समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता' शब्द जोड़े गए।
- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम को 'लघु संविधान' भी कहा जाता है।

354. सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अधिनियम, 2019 के अनुसार भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या कितनी है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) अट्ठाईस (b) तैंतीस
(c) दस (d) इक्कीस

Ans. (b) तैंतीस

- तत्कालीन विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने 5 अगस्त, 2019 को लोकसभा में सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2019 प्रस्तुत किया। यह विधेयक सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन करता है।
- अधिनियम में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या 30 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) निर्धारित की गई है। विधेयक में इस संख्या को 30 से बढ़ाकर 33 कर दिया गया है।

355. संविधान के 42वें संशोधन में कितने मौलिक कर्त्तव्यों को प्रगणित किया गया था?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) 18 (b) 10
(c) 8 (d) 12

Ans. (b) 10

- वर्तमान में मूल कर्त्तव्यों की कुल संख्या 11 हैं।
- मौलिक कर्त्तव्यों का विचार सोवियत संघ के संविधान से प्रेरित है।
- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर संविधान के भाग IV-A में शामिल किया गया था।

356. संविधान (86वाँ संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारतीय संविधान में शामिल किया गया है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 55A (b) अनुच्छेद 31A
(c) अनुच्छेद 21A (d) अनुच्छेद 25A

Ans. (c) अनुच्छेद 21A

- 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता का प्रावधान किया गया।

357. भारतीय संविधान में 11वाँ मौलिक कर्त्तव्य किस वर्ष जोड़ा गया था?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) 2000 (b) 2002
(c) 2001 (d) 2003

Ans. (b) 2002

- वर्तमान में अनुच्छेद 51(A) के अंतर्गत वर्णित 11 मौलिक कर्त्तव्य हैं, जिनमें से 10 को 42वें संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया था जबकि 11वें मौलिक कर्त्तव्यों को वर्ष 2002 में 86वें संविधान संशोधन के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था।

358. भारतीय संविधान के किस भाग में संविधान में संशोधन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) भाग XV (b) भाग XXI
(c) भाग XX (d) भाग X

Ans. (c) भाग XX

भाग	अनुच्छेद	संबंधित विषय
भाग X	अनुच्छेद 244-244क	अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र
भाग XII	अनुच्छेद 264-300A	वित्त, संपत्ति, संविदाएं और वाद
भाग XIV	अनुच्छेद 308-323	संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ
भाग XV	अनुच्छेद 324 से 329क	निर्वाचन
भाग XXI	अनुच्छेद 369-392	अस्थायी संक्रमण कालीन और विशेष उपबंध

359. 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार ..... वर्ष की आयु के बीच के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना माता-पिता का मौलिक कर्त्तव्य है।
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 5 से 18 (b) 6 से 14
(c) 6 से 18 (d) 4 से 14

Ans. (b) 6 से 14

- अनुच्छेद 21A - 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान।

360. संविधान (42वाँ संशोधन) अधिनियम, 1976, भाग IV-(A) ने नागरिकों के लिए दस ..... का एक नियम संग्रह पेश किया।
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) मौलिक अधिकारों
(b) निदेशक सिद्धांतों
(c) मौलिक कर्त्तव्यों
(d) मौलिक सिद्धांतों

Ans. (c) मौलिक कर्त्तव्यों

मौलिक कर्त्तव्य
- भाग 4(क) अनुच्छेद 51(क)

361. सबसे पहले किस संविधान संशोधन अधिनियम के तहत मौलिक कर्त्तव्यों को भारतीय संविधान में जोड़ा गया था?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) 40वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 41वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(c) 43वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(d) 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

Ans. (d) 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

- 41वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976- राज्य लोक सेवा आयोग एवं संयुक्त लोक सेवा आयोग के सदस्यों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दी।

362. किस संवैधानिक संशोधन द्वारा दिल्ली में विधानसभा की स्थापना की गई थी?
(D.P. Const. 5 Dec. 2017)
(a) 65वाँ संशोधन
(b) 69वाँ संशोधन
(c) 72वाँ संशोधन
(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

Ans. (b) 69वाँ संशोधन

- दिल्ली में विधानसभा की स्थापना 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 के द्वारा किया गया।
- 69वाँ संवैधानिक संशोधन (1991)-केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रूप में विशेष दर्जा था।

363. अनुच्छेद 368 ..... वर्णित करता है।
(D.P. Const. 5 Dec. 2017)
(a) आपातकाल की घोषणा
(b) विशेष परिस्थितियों में मौलिक अधिकार का स्थगन
(c) न्यायपालिका द्वारा रिट जारी करने की शक्ति
(d) संविधान संशोधन की संसद शक्ति

Ans. (d) संविधान संशोधन की संसद शक्ति

- संविधान के भाग XX में अनुच्छेद 368 संविधान और इसकी प्रक्रिया में संशोधन करने के लिए संसद की शक्तियों से संबंधित है।
- अनुच्छेद 352- आपातकाल की घोषणा के बारे में प्रावधान है।

364. किसी देश में सर्वोच्च विधायी निकाय द्वारा लिए गए संविधान में परिवर्तन को ..... के रूप में जाना जाता है।
(a) नया संविधान
(b) संविधान सभा
(c) संवैधानिक संशोधन
(d) परिवर्तित संविधान

Ans. (c) संवैधानिक संशोधन

- संविधान में संशोधन की प्रक्रिया को दक्षिण अफ्रीका के संविधान से लिया गया है।
- भारतीय संविधान में संशोधन से जुड़े प्रावधान अनुच्छेद 368 में हैं।

365. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान, भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 के दायरे से बाहर संसद के दोनों सदनों के सामान्य बहुमत द्वारा संशोधित किया जा सकता है?
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) आधिकारिक भाषा का प्रयोग
(b) सातवीं अनुसूची में से कोई भी सूची
(c) राष्ट्रपति का चुनाव और इसकी प्रक्रिया
(d) मौलिक अधिकार

Ans. (a) आधिकारिक भाषा का प्रयोग

- संविधान के कई प्रावधानों को अनुच्छेद 368 के दायरे से बाहर संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत द्वारा संशोधित किया जा सकता है।

इन प्रावधानों में शामिल हैं-

- नये राज्यों का गठन तथा विद्यमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन।
- राज्यों में विधानपरिषद्ों का उन्मूलन या निर्माण
- 5वीं अनुसूची- अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों का प्रशासन।
- छठवीं अनुसूची- जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन।

366. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से अनुच्छेद 39A को भारत के संविधान में शामिल किया गया था?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) 46वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 48वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 44वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 42वाँ संशोधन अधिनियम

Ans. (d) 42वाँ संशोधन अधिनियम

- 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से 39A अनुच्छेद को संविधान में शामिल किया गया।
- अनुच्छेद 39A - नि:शुल्क कानूनी सहायता।

367. भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन-सा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से संबंधित है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 350 (b) अनुच्छेद 347
(c) अनुच्छेद 343 (d) अनुच्छेद 338

Ans. (d) अनुच्छेद 338

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) एक संवैधानिक निकाय है, इसकी स्थापना वर्ष 1978 में हुई थी।
- 65 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1990- अनुच्छेद 338 में संशोधन किया गया तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय आयोग की स्थापना संविधान या अन्य कानूनों के तहत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए प्रदान किए गए सभी सुरक्षा उपायों की निगरानी के उद्देश्य से की गई।
- अनुच्छेद 350- शिकायतों के निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा।

368. भूटान का संविधान निम्नलिखित में से किस तिथि को लागू किया गया था?
(D.P. Const. 21 Dec. 2020)
(a) 25 अगस्त, 2003
(b) 12 जून, 2000
(c) 18 जुलाई, 2008
(d) 9 अक्टूबर, 1998

Ans. (c) 18 जुलाई, 2008

- भूटान का संविधान 18 जुलाई, 2008 को भूटान की शाही सरकार द्वारा लागू किया गया।

369. प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षता द्वारा की गई थी।
(D.P. Const. 14 Dec. 2020)
(a) पी.जी. शाह
(b) अनूप सिंह
(c) वी.पी. सिंह
(d) काका कालेलकर

Ans. (d) काका कालेलकर

- पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना वर्ष 1953 में राष्ट्रपति आदेश द्वारा काका कालेलकर की अध्यक्षता में की गई थी।
- अनुच्छेद 340 में पिछड़े वर्गों की स्थिति की जाँच के लिए आयोग की नियुक्ति।
- NCBC (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग)- 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है।
- 102 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा भारतीय संविधान में दो नए अनुच्छेदों 338 B और 342 A को जोड़ा गया। यह संशोधन अनुच्छेद 366 में भी कुछ परिवर्तन करता है।

370. भारत सरकार ने द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति निम्नलिखित में से किस वर्ष में की थी?
(D.P. Const. 1 Dec. 2020)
(a) 1979 में (b) 1990 में
(c) 1967 में (d) 1972 में

Ans. (a) 1979 में

- द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति भारत सरकार ने वर्ष 1979 में बी. पी. मंडल की अध्यक्षता में हुई थी।
- इस आयोग की मंडल आयोग के रूप में जाना जाता है
- बी. पी. मण्डल के नेतृत्व में आयोग ने वर्ष 1980 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और इसकी सिफारिशों को वर्ष 1990 में लागू किया गया।

371. भारतीय संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय नहीं है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) संघ लोक सेवा आयोग
(b) राज्य लोक सेवा आयोग
(c) नीति (NITI) आयोग
(d) निर्वाचन आयोग

Ans. (c) नीति (NITI) आयोग

- नीति आयोग का गठन 1 जनवरी, 2015 को केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक प्रस्ताव के माध्यम से किया गया था।
- संघ लोक सेवा आयोग का गठन 1 अक्टूबर, 1926 को किया गया था
- भारत के निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी, 1950 को किया गया था।

372. भारत को 'अर्ध-संघ' के रूप में किसने वर्णित किया?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) हेरोल्ड जोसेफ लॉस्की
(b) आइवर जेनिंग्स
(c) के.एम. मुंशी
(d) के.सी. व्हीअर

Ans. (d) के.सी. व्हीअर

- आइवर जेनिंग्स ने भारतीय संविधान को **केन्द्रीकरण प्रवृत्ति वाला संघवाद** कहा।
- ग्रेनविले ऑस्टिन ने इसे **'सहकारी संघवाद'** (राष्ट्रीय अखंडता और एकता की आवश्यकता) कहा।

✪ के.एम. मुंशी ने संविधान की प्रस्तावना को **'राजनीतिक कुंडली'** कहा था क्योंकि इसमें देश में शासन की स्थापना को परिभाषित किया गया था।

373. भारत का संविधान एक ..... एकीकृत न्यायिक प्रणाली प्रदान करता है।
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) बहु-स्तरीय (b) द्वि-स्तरीय
(c) एकल-स्तरीय (d) त्रि-स्तरीय

Ans. (c) एकल-स्तरीय

✪ भारत के संविधान में एकल स्तरीय एकीकृत और स्वतंत्र न्यायिक प्रणाली है।
✪ भारत की न्यायिक प्रणाली में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालय शामिल है।

374. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत में बाल विवाह निरोधक अधिनियम पारित किया गया था?
(D.P. Const. 3 Dec. 2023)
(a) 1951 (b) 1936
(c) 1947 (d) 1929

Ans. (d) 1929

✪ वर्ष 1929 को बाल विवाह निरोधक अधिनियम पारित किया गया।
✪ बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 ने लड़कियों की शादी की उम्र 14 वर्ष और लड़कों की 18 वर्ष तय की थी।
✪ इसके प्रायोजक हरविलास शारदा के नाम पर इसे शारदा अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है।
✪ 1 अप्रैल, 1930 को लागू हुआ।

375. भारतीय संविधान का भाग XIX निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) आपातकालीन प्रावधान
(b) प्रकीर्ण
(c) निर्वाचन
(d) संविधान संशोधन

Ans. (b) प्रकीर्ण

✪ आपातकालीन प्रावधान- भाग XVIII
✪ निर्वाचन- भाग XV
✪ संविधान संशोधन- भाग XX

376. वर्ष 1950 में भारत के पहले गणतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि रहे राष्ट्रपति सुकर्णो किस देश के थे?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) मलेशिया (b) इंडोनेशिया
(c) सिंगापुर (d) मालदीव

Ans. (b) इंडोनेशिया

✪ पहली गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी 1950 को हुई थी, इस दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे।
✪ 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो रहे।

377. 2016 के किस संविधान संशोधन अधिनियम में जीएसटी परिषद् की स्थापना का प्रावधान किया गया है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 99वाँ (b) 100वाँ
(c) 103वाँ (d) 101वाँ

Ans. (d) 101वाँ

✪ संविधान के अनुच्छेद 279A(1) के अनुसार, जीएसटी परिषद् का गठन संविधान (101वाँ) संशोधन अधिनियम, 2016 के लागू होने के 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति द्वारा किया जाना था।
✪ इसे 'वन नेशन वन टैक्स' (One Nation One Tax) के नारे के साथ पेश किया गया था।

378. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation) की स्थापना की थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
(b) जनजातीय कार्य मंत्रालय
(c) शिक्षा मंत्रालय
(d) वित्त मंत्रालय

Ans. (d) वित्त मंत्रालय

✪ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) की स्थापना वर्ष 2008 में हुई।

379. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारतीय राष्ट्रपति को एक आदेश द्वारा GST परिषद् का गठन करने का अधिकार देता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 277A (b) अनुच्छेद 278A
(c) अनुच्छेद 279A (d) अनुच्छेद 280A

Ans. (c) अनुच्छेद 279A

✪ अनुच्छेद 277 (भाग XII - वित्त, संपत्ति, संविदाएँ और वाद) - बचत
✪ अनुच्छेद 280 - वित्त आयोग की स्थापना 5 वर्षों की अवधि के लिए की जाती है।

380. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से संबंधित है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 338 (b) अनुच्छेद 336
(c) अनुच्छेद 335 (d) अनुच्छेद 337

Ans. (a) अनुच्छेद 338

✪ अनुच्छेद 335- सेवाओं और पदों पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के दावे।
✪ अनुच्छेद 336- कुछ सेवाओं में आंग्ल भारतीय समुदाय को विशेष प्रावधान प्रदान करता है।
✪ अनुच्छेद 337- आंग्ल-भारतीय समुदाय के लाभ के लिए शैक्षिक अनुदान के संबंध में विशेष प्रावधान।

381. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संविधान की एक मुख्य विशेषता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) यह लिखित संविधान नहीं है।
(b) भारत को स्वतंत्रता मिलने से पहले इसे अपनाया गया था।
(c) यह दुनिया का सबसे छोटा लिखित संविधान है।
(d) यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है।

Ans. (d) यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है।

संविधान की प्रमुख विशेषताएँ:
✪ संसदीय शासन प्रणाली
✪ नीति-निदेशक तत्व
✪ स्वतंत्र न्यायपालिका
✪ भारत का संविधान विश्व के सभी लिखित संविधानों में सबसे लंबा है। यह एक अति व्यापक, और विस्तृत दस्तावेज है।

382. भारत के राष्ट्रीय ध्वज पर चित्रित अशोक चक्र में कितनी तिल्लियाँ हैं?
(D.P. Const. 6 Dec. 2017)
(a) 36 (b) 24
(c) 16 (d) 32

Ans. (b) 24

✪ भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के चक्र में 24 तिल्लियाँ होती हैं।
✪ राष्ट्रीय ध्वज को 22 जुलाई, 1947 को अपनाया गया था।

383. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म भारतीय संविधान के अनुसार गलत है?
(a) भाग II- नागरिकता
(b) भाग IV- राज्य के नीति-निदेशक तत्व
(c) भाग IV (A)-मौलिक कर्त्तव्य
(d) भाग IX- केंद्रशासित प्रदेश

Ans. (d) भाग IX- केंद्रशासित प्रदेश

✪ भारतीय संविधान का भाग IX पंचायत से संबंधित है।

- भारतीय संविधान के भाग VIII में केंद्रशासित प्रदेशों से जुड़े प्रावधान हैं।

384. योजना आयोग के पहले अध्यक्ष कौन थे?
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(b) डॉ. एस राधाकृष्णन
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) एम. विश्वेश्वरैया

Ans. (c) जवाहरलाल नेहरू

- योजना आयोग (अब नीति आयोग) के प्रथम अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू थे।
- योजना आयोग का गठन वर्ष 1950 में हुआ था।

385. लोकतंत्र की जरूरी विशेषता ..... को प्रमुखता देना है।
(a) नागरिक
(b) नागरिक संगठन
(c) न्यायपालिका
(d) कार्यकारी अधिकारी

Ans. (a) नागरिक

- लोकतंत्र में लोगों को अपने नेताओं को चुनने का अधिकार होता है।
- लोकतंत्र-जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन (अब्राहम लिंकन)

386. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत केंद्र सरकार राज्य सरकारों को निर्देश दे सकती है?
(a) अनुच्छेद 256 (b) अनुच्छेद 263
(c) अनुच्छेद 356 (d) अनुच्छेद 370

Ans. (a) अनुच्छेद 256

- अनुच्छेद 263-केंद्र तथा राज्यों के मध्य समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से अंतर्राज्यीय परिषद् के गठन का प्रावधान करता है।
- अनुच्छेद 356 या राष्ट्रपति शासन एक ऐसी स्थिति है जिसमें राज्य सरकार को निलंबित कर दिया जाता है और राज्यपाल राज्य के मुख्य कार्यकारी (केंद्र में नियुक्त) के रूप में कार्य करता है।
- अनुच्छेद 370- जम्मू-कश्मीर को विशेष संवैधानिक दर्जा दिया गया था।

387. हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम किस वर्ष में लागू किया गया था?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) 2005 में (b) 2001 में
(c) 1995 में (d) 2010 में

Ans. (a) 2005 में

- हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, 2005 हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 में लिंग भेदभावपूर्ण प्रावधानों को हटाने के लिए अधिनियमित किया गया था।

388. संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसार, केंद्रीय संसद के पास केंद्रीय सूची में दिए गए विषयों पर कानून बनाने का विशेष अधिकार क्षेत्र और राज्य विधानमंडल को राज्य सूची में दिए गए विषयों पर कानून बनाने की विशेष शक्ति प्राप्त है?
(D.P. Const. 15 Dec. 2020)
(a) अनुच्छेद 123 (b) अनुच्छेद 352
(c) अनुच्छेद 246 (d) अनुच्छेद 234

Ans. (c) अनुच्छेद 246

- अनुच्छेद 123-राष्ट्रपति को संसद के अवकाश के दौरान अध्यादेश लाने का अधिकार दिया गया है (जब संसद का दोनों सदन सत्र में नहीं होता है)
- भारतीय संविधान के भाग XVIII में अनुच्छेद 352 से 360 तक आपातकाल से संबंधित उपबंध उल्लिखित हैं।

389. मौलिक अधिकारों से संबंधित भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद को आपातकाल के दौरान निलंबित नहीं किया जा सकता है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) अनुच्छेद 31-32
(b) अनुच्छेद 17-18
(c) अनुच्छेद 20-21
(d) अनुच्छेद 29-30

Ans. (c) अनुच्छेद 20-21

- अनुच्छेद 17- अस्पृश्यता का अंत
- अनुच्छेद 20- अपराधों के लिए सजा के संबंध में संरक्षण
- अनुच्छेद 21- जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा
- अनुच्छेद 29- अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण
- अनुच्छेद-30-शिक्षण संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार
- अनुच्छेद 32-संवैधानिक उपचारों का अधिकार

4 भारतीय अर्थव्यवस्था

1. निम्नलिखित में से क्या भारतीय अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का भाग नहीं है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) रेलवे (b) डेयरी
(c) वानिकी (d) खनन

Ans. (a) रेलवे

- भारतीय रेलवे अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा नहीं है।
- रेलवे, बैंकिंग, होटल, शिक्षा आदि अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र में आते हैं।
- प्राथमिक क्षेत्र में कच्चे माल का उत्पादन या निष्कर्षण जैसी गतिविधियाँ शामिल होती हैं।
- प्राथमिक क्षेत्र में शामिल गतिविधियाँ- कृषि, डेयरी, खनन, मछली पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन आदि।
- प्राथमिक क्षेत्र को कृषि से सम्बंधित क्षेत्र भी कहा जाता है।
- अर्थव्यवस्था के अंतर्गत प्रमुख क्षेत्र- प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक, चतुर्थक तथा पंचक।

2. निम्नलिखित में से कौन-से कार्यकलाप किसी अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र से संबंधित हैं?

(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) कृषि उपकरण निर्माण
(b) बैंकिंग
(c) कानूनी परामर्श
(d) चाय बागान

Ans. (a) कृषि उपकरण निर्माण

- द्वितीयक क्षेत्र में मानव गतिविधियाँ कच्चे माल को उत्पादों या वस्तुओं में परिवर्तित करती है।
- यह क्षेत्र उद्योगों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसे औद्योगिक क्षेत्र भी कहा जाता है, कृषि उपकरण निर्माण द्वितीयक क्षेत्र से संबंधित है।
- द्वितीयक क्षेत्र की गतिविधियों में लगे लोगों को ब्लू कॉलर श्रमिक कहा जाता है।

3. भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रयुक्त प्रणाली कौन-सी है?

(a) सार्वजनिक क्षेत्र (b) पूंजी अर्थव्यवस्था
(c) निजी क्षेत्र (d) मिश्रित अर्थव्यवस्था

Ans. (d) मिश्रित अर्थव्यवस्था

- भारत को मिश्रित अर्थव्यवस्था का एक उदाहरण माना जाता है, क्योंकि निजी और सार्वजनिक क्षेत्र सह-अस्तित्व में है, और देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का लाभ उठाता है।
- भारत की अर्थव्यवस्था एक मध्यम आय विकासशील अर्थव्यवस्था है।
- यह सकल घरेलू उत्पाद के अनुसार दुनिया की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता के अनुसार तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

4. आर्थिक गतिविधियाँ जिनमें प्रागतिक संसाधनों जैसे कृषि, वानिकी, मत्स्यिकी आदि का उपयोग प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है, कहलाती हैं-

(a) द्वितीयक क्षेत्र (b) रक्षा क्षेत्र
(c) प्राथमिक क्षेत्र (d) तृतीयक क्षेत्र

Ans. (c) प्राथमिक क्षेत्र

भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र-

- प्राथमिक क्षेत्र - कृषि, पशुपालन, मछली पालन तथा जंगलों से वस्तुओं को प्राप्त करने जैसे व्यवसाय।
- द्वितीयक क्षेत्र - विनिर्माण, निर्माण
- तृतीयक क्षेत्र - बैंकिंग, परिवहन, दूरसंचार आदि।

5. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र भारत की जीडीपी (GDP) में सर्वाधिक योगदान देता है?

(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) असंगठित क्षेत्र
(c) तृतीयक क्षेत्र (d) द्वितीयक क्षेत्र

Ans. (c) तृतीयक क्षेत्र

- वर्तमान में भारत की सकल घरेलू उत्पाद में 'तृतीयक क्षेत्र' का योगदान सबसे अधिक है। द्वितीय स्थान पर 'द्वितीयक क्षेत्र' तथा तृतीय स्थान पर प्राथमिक क्षेत्र का योगदान है।

6. निम्नलिखित में से अविकसित अर्थव्यवस्था की क्या विशेषता है?

(a) कृषि प्रधानता
(b) काला बाजारी का अत्यधिक प्रयोग
(c) कम जनसंख्या दबाव
(d) विकसित मुद्रा बाजार

Ans. (a) कृषि प्रधानता

- **अविकसित अर्थव्यवस्था:-** कृषि जीवन निर्वाह का साधन मात्र है।
- कृषि पर निर्भरता का कारण यह है कि अर्थव्यवस्था के द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र पूँजी, तकनीक व उपक्रम प्रवृति के अभाव के कारण अविकसित बने हैं।

7. 'अर्थशास्त्र वह विज्ञान है जिसके अंतर्गत मानव व्यवहार का विकल्प के रूप में प्रयोग किये जाने वाले परिणाम और अपर्याप्त आय के अंतर्संबंध के रूप में अध्ययन किया जाता है।' यह कथन किसका है?

(a) अल्फ्रेड मार्शल (b) एडम स्मिथ
(c) रॉबिन्स (d) कार्ल मार्क्स

Ans. (c) रॉबिन्स

- रॉबिन्स के अनुसार अर्थशास्त्र की परिभाषा - "अर्थशास्त्र वह विज्ञान है जो असीमित आवश्यकताओं तथा वैकल्पिक प्रयोग वाले सीमित साधनों से संबंधित मानवीय आचरणों का अध्ययन करता है।"

8. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) मासिक आधार पर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) की गणना और प्रकाशन करता है। सूचकांक की गणना के लिए, निम्नलिखित में से किस वित्तीय वर्ष को आधार वर्ष के रूप में लिया जाता है?

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) 2011-12 (b) 2010-11
(c) 2013-14 (d) 2012-13

Ans. (a) 2011-12

- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) की गणना के लिए वर्ष 2011-12 को आधार वर्ष के रूप में प्रयोग किया जाता है।
- IIP में 8 कोर सेक्टर उद्योगों में शामिल वस्तुओं का भार शामिल होता है।
- इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- यह एक समग्र संकेतक है जो वर्गीकृत उद्योग समूहों (1. व्यापक क्षेत्र, अर्थात् खनन, विनिर्माण और बिजली तथा 2. उपयोग- आधारित क्षेत्र अर्थात् मूल सामान, पूंजीगत वस्तुएँ और मध्यवर्ती वस्तुएँ) की विकास दर को मापता है।

9. बाजार कीमतों या वर्तमान कीमतों पर मापित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

(D.P. Const. 11 Dec. 2020)

(a) वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (रियल जी.डी.पी.)
(b) व्यावहारिक सकल घरेलू उत्पाद (प्रैक्टिकल जी.डी.पी.)
(c) सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद (नॉमिनल जी.डी.पी.)
(d) विद्यमान सकल घरेलू उत्पाद (एक्सिस्टिंग जी.डी.पी.)

Ans. (c) सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद (नॉमिनल जी.डी.पी.)

- बाजार कीमतों या वर्तमान कीमतों पर मापित सकल घरेलू उत्पाद को नाममात्र जीडीपी या सांकेतिक जीडीपी कहते हैं।
- किसी देश की सीमाओं के भीतर एक निश्चित समयावधि में उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक मूल्य जीडीपी कहलाता है।
- GDP देश के आर्थिक स्वास्थ्य का एक व्यापक स्कोरकार्ड होता है।
- भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

10. भारतीय राष्ट्रीय लेखाकरण प्रथाओं के अनुसार, वास्तविक जी.डी.पी. (GDP) प्राप्त करने के लिए, सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में निम्नलिखित में से किसे समायोजित किया जाता है?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) मूल्यह्रास (b) विदेशी मुद्रा
(c) मुद्रास्फीति (d) सरकारी ऋण

Ans. (c) मुद्रास्फीति

- वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद एक मुद्रास्फीति समायोजित उपाय है जो किसी दिये गये वर्ष में अर्थव्यवस्था द्वारा उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को दर्शाता है।
- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) एक विशिष्ट अवधि में देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक या बाजार मूल्य है।

11. राष्ट्रीय आय की गणना करते समय, निवासियों द्वारा उनके विदेश दौरों के दौरान किए गए व्यय को किस घटक में जोड़ा जाएगा?

(D.P. Const. 15 Dec. 2023)

(a) सकल विदेशी पूंजी निर्माण
(b) सरकारी अंतिम उपभोग व्यय
(c) निजी अंतिम उपभोग व्यय
(d) सकल घरेलू पूंजी निर्माण

Ans. (c) निजी अंतिम उपभोग व्यय

- राष्ट्रीय आय की गणना करते समय, विदेश यात्रा के दौरान किये गये खर्च को उपभोक्ता व्यय में जोड़ा जाता है।
- राष्ट्रीय आय को मापने के लिए तीन विधियों उत्पादन विधि, आय विधि तथा व्यय विधि का प्रयोग किया जाता हैं।

12. ..... को किसी देश में उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य के रूप में जाना जाता है।

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) राष्ट्रीय उत्पादकता
(b) आय का वितरण
(c) प्रति व्यक्ति आय
(d) राष्ट्रीय आय

Ans. (d) राष्ट्रीय आय

- राष्ट्रीय आय का मापन सबसे पहले दादाभाई नौरोजी ने वर्ष 1867-68 में किया था, उस समय प्रतिव्यक्ति आय ₹20 थी।
- वैज्ञानिक दृष्टिकोण से राष्ट्रीय आय का मापन वी.के.आर.वी. राव ने वर्ष 1931-32 में किया।
- भारत में राष्ट्रीय आय का मापन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) करता है।

13. भारत में नियोजित आर्थिक विकास की शुरुआत से पहले, वर्ष 1945 में निम्नलिखित में से कौन-सी योजना शुरू की गई थी?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) सर्वोदय योजना
(The Sarvodaya Plan)
(b) जन योजना
(The People's Plan)
(c) बंबई योजना
(The Bombay Plan)
(d) गाँधीवादी योजना
(The Gandhian Plan)

Ans. (b) जन योजना
(The People's Plan)

- वर्ष 1945 में जन योजना का मसौदा एम.एन. राय ने तैयार किया था।
- जन योजना में औद्योगिक क्षेत्र में उपभोक्ता उत्पादों के विनिर्माण पर जोर दिया गया।

14. कौन-सा संगठन राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) और अन्य स्रोतों से एकत्र आँकड़ों के आधार पर भारत में आधिकारिक निर्धनता आकलन जारी करता है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) विश्व बैंक (b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) नीति आयोग (d) वित्त मंत्रालय

Ans. (c) नीति आयोग

- भारत में गरीबी का आकलन करने का कार्य नीति आयोग करता है।
- नीति आयोग 'बॉटम-अप' दृष्टिकोण पर केंद्रित है।
- यह आयोग सहकारी संघवाद की भावना से कार्य करता है।

15. जी.डी.पी. (GDP) का सबसे बड़ा घटक कौन-सा है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) निवेश (b) शुद्ध निर्यात
(c) सरकारी खरीद (d) उपभोग

Ans. (d) उपभोग

- किसी भी अर्थव्यवस्था में उपभोग, GDP का सबसे बड़ा घटक होता है।
- सेवा क्षेत्र का GDP में सबसे बड़ा योगदान है।
- कृषि क्षेत्र का GDP में योगदान 18.2% (आर्थिक समीक्षा 2023-24) है।
- किसी देश में एक समयावधि के दौरान उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद कहते हैं।

16. लागत के उत्पादन के रूप में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का दूसरा नाम क्या है?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) व्यक्तिगत आय
(b) राष्ट्रीय आय
(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(d) शुद्ध घरेलू उत्पाद

Ans. (b) राष्ट्रीय आय

- लागत के उत्पादन के रूप में शुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन को राष्ट्रीय आय भी कहा जाता है।
- किसी देश में एक वित्तीय वर्ष के दौरान उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य राष्ट्रीय आय है।
- राष्ट्रीय आय को कारक लागत पर NNP (शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद) के नाम से भी जाना जाता है।

17. किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद, निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में उत्पादन का योग होता है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) देश के द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र
(b) देश के प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र
(c) देश के प्राथमिक और तृतीयक क्षेत्र
(d) देश के प्राथमिक और माध्यमिक क्षेत्र

Ans. (b) देश के प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र

- किसी देश का सकल घरेलू उत्पाद (GDP), मुख्यतः देश के प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्रों में उत्पादन के योग से प्राप्त होता है।
- प्राथमिक क्षेत्र- कृषि, वानिकी, मछलीपालन, पशुपालन, खनन।
- द्वितीयक क्षेत्र- निर्माण, विनिर्माण, बिजली उत्पादन आदि।

- तृतीयक क्षेत्र- मनोरंजन, बैंकिंग, बीमा, रेलवे, होटल आदि।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

18. राष्ट्रीय आय लेखांकन की किस पद्धति में उत्पादन केंद्रों को प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों में वर्गीग्त करना शामिल है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) उत्पादन उपागम (b) व्यय उपागम
(c) आय उपागम (d) अवशिष्ट उपागम

Ans. (a) उत्पादन उपागम

- राष्ट्रीय आय, किसी निश्चित समय अवधि में अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य होता है।
- राष्ट्रीय आय लेखांकन की आय विधि में उत्पादन केन्द्रों को प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों में वर्गीग्त करना शामिल हैं।
- राष्ट्रीय आय की गणना के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तीन विधियाँ आय विधि, व्यय विधि व मूल्य वर्धित विधि है। मूल्य वर्धित विधि के अंतर्गत उत्पादन प्रक्रिया में प्रत्येक उत्पादक इकाई का योगदान शामिल होता है।

19. जीडीपी (GDP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

I. जीडीपी का उपयोग मानव विकास को मापने के लिए किया जाता है।
II. जीडीपी का प्राक्कलन करते समय बाह्यताओं को नहीं लिया जाता है।
III. जीडीपी का प्राक्कलन करते समय गृहिणियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को शामिल किया जाता है।

(a) केवल I (b) केवल II
(c) केवल III (d) केवल I और II

Ans. (b) केवल II

- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के संबंध में प्राक्कलन करते समय तथा गृहिणियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को शामिल नहीं किया जाता है।
- GDP, किसी देश की सीमा के भीतर एक वित्तीय वर्ष में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक मूल्य होता है।
- यह देश के आर्थिक स्वास्थ्य का एक व्यापक स्कोरकार्ड होता है। यहाँ I व II दोनों सही है, लेकिन आयोग ने इसका उत्तर II दिया है।

20. अर्थशास्त्र में NDP का पूर्ण रूप क्या है?

(a) नेट डोमेस्टिक प्राइस
(b) नेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट
(c) नेशनल डोमेस्टिक प्रोडक्ट
(d) नेशनल डोमेस्टिक प्राइस

Ans. (b) नेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट

- शुद्ध घरेलू उत्पाद (NET DOMESTIC PRODUCT) से तात्पर्य सकल घरेलू उत्पाद में से जब उत्पादन में प्रयुक्त मशीनों और पूंजी के ह्रास को घटा दिया जाता है, तो उसे शुद्ध घरेलू उत्पाद कहते हैं।

21. भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता को धक्का दिए बिना, वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता विकसित करना इस वाक्य को क्या समझाता है?

(a) कम विकास (b) सतत विकास
(c) आर्थिक विकास (d) आर्थिक विकास

Ans. (b) सतत विकास

- सतत विकास से तात्पर्य भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करने वाली प्रगति से है।

22. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक किसके द्वारा जारी किया जाता है?

(a) आर्थिक सलाहकार कार्यालय
(b) वित्त आयोग
(c) नीति आयोग
(d) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय

Ans. (d) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय

- केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय
- **स्थापना** - 2 मई, 1951
- **मुख्यालय** - नई दिल्ली
- **क्षेत्राधिकार** - भारत सरकार
- **नोट**- 23 मई, 2019 के आदेशानुसार, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) और केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) का विलय करके राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) का गठन किया गया है।

23. ..... एक विकास प्रक्रिया है जो व्यापक-आधारित लाभ देती है और सभी (यूएनडीपी और 11वीं योजना) के लिए अवसर की समानता सुनिश्चित करती है।

(a) विशिष्ट वृद्धि (b) स्वतंत्र विकास
(c) आदर्श विकास (d) समावेशी विकास

Ans. (d) समावेशी विकास

- समावेशी विकास एक ऐसा विकास है जो नए आर्थिक अवसरों को सृजित करने के साथ समाज के सभी वर्गों के लिए ऐसे अवसरों तक समान पहुँच को भी सुनिश्चित करता है।
- समावेशी विकास की अवधारणा सर्वप्रथम 11वीं पंचवर्षीय योजना में प्रस्तुत की गई थी।

24. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) किसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है?

(a) वित्तीय सलाहकार कार्यालय
(b) वित्त आयोग
(c) नीति आयोग
(d) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय

Ans. (a) वित्तीय सलाहकार कार्यालय

- थोक मूल्य सूचकांक को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- वर्ष 2017 में थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को 2004-05 से 2011-12 कर दिया गया है।

25. निम्नलिखित में से किसको 'सार्वजनिक सामान' (Public Goods) कहा जाता है?

(a) वस्त्र (b) खाद्य सामग्री
(c) कारें (d) राष्ट्रीय रक्षा

Ans. (d) राष्ट्रीय रक्षा

- सार्वजनिक वस्तुएँ अपने उपयोग या उपलब्ध ता को दूसरों तक सीमित नही रखती है। सार्वजनिक वस्तुएँ स्वाभाविक रूप से भी उपलब्ध हो सकती है।
  जैसे: राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा, विज्ञापन, सड़क की बत्तियाँ, रेडियो या टेलीविजन का नेटवर्क।

26. अर्थशास्त्र में टर्म "ग्रोथ" का अर्थ क्या है?

(a) आर्थिक विकास
(b) सतत वृद्धि एवं विकास
(c) स्वास्थ्य घटक
(d) आर्थिक वृद्धि

Ans. (d) आर्थिक वृद्धि

- अर्थशास्त्र में टर्म 'ग्रोथ' का अर्थ आर्थिक वृद्धि होता है।
- किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि आर्थिक वृद्धि कहलाती है। यह केवल उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं का परिमाण बताती है।

27. 'मानव विकास सूचकांक' (HDI) में स्वास्थ्य घटक मापा जाता है-

(a) बीमारियों की अनुपस्थिति
(b) मातृ मृत्यु दर
(c) शिशु मृत्यु दर
(d) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा

Ans. (d) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा

- मानव विकास सूचकांक जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, और प्रति व्यक्ति आय संकेतक का एक सांख्यिकीय समग्र सूचकांक है।
- मानव विकास रिपोर्ट की शुरूआत वर्ष 1990 में पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब उल हक और भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन द्वारा की गई थी।

28. निम्नलिखित में से कौन-सी योजनाओं/कार्यक्रमों का उद्देश्य मुख्य रूप से भारत में समावेशी विकास लाना है?
(a) स्वाभिमान
(b) स्वाभिमान और MGNREGA दोनों
(c) MGNREGA
(d) सूचना का अधिकार (RTI)

Ans. (c) MGNREGA

- मनरेगा 100 दिनों का मजदूरी रोजगार पैदा करके आजीविका की गारंटी प्रदान करता है। 'यह काम करने के अधिकार' के सिद्धांत पर आधारित हैं और समावेशिता को बढ़ावा देता है।
- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की शुरूआत (NREGA) 2 फरवरी, 2006 को की गई।
- 2 अक्टूबर, 2009 से NREGA का नाम परिवर्तित करके MNREGA कर दिया गया।

29. भारत में GDP का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है?
(a) केंद्रीय सांख्यकीय कार्यालय
(b) वित्त मंत्रालय
(c) वित्तीय आयोग
(d) स्थाई समिति

Ans. (a) केंद्रीय सांख्यकीय कार्यालय

- GDP (Gross Domestic Product) यह किसी भी देश में एक निश्चित अवधि के दौरान उत्पादित हुई सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल मौद्रिक मूल्य होता है।
- आमतौर पर किसी देश की GDP को मापने के लिए एक वर्ष की अवधि का प्रयोग किया जाता है।

30. उत्पादों पर लेख लागत के संबंध में MRP का पूरा नाम क्या है?
(a) न्यूनतम खुदरा मूल्य
(b) अधिकतम खुदरा मूल्य
(c) न्यूनतम रेंज मूल्य
(d) अधिकतम रेंज मूल्य

Ans. (b) अधिकतम खुदरा मूल्य

- **अधिकतम खुदरा मूल्य (Maximum Retail Price) :** MRP किसी सामान की वह कीमत होती है, जिससे अधिक पैसे पर उसे बेचा नहीं जा सकता है।
- कोई भी खुदरा दुकानदार किसी ग्राहक से सामान के बदले ज्यादा से ज्यादा एमआरपी के बराबर कीमत ले सकता है।

31. भारत में राष्ट्रीय आय को किसके पदों में मापा जाता है?
(a) बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(b) साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(c) सकल घरेलू उत्पाद
(d) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

Ans. (a) बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

- भारत में राष्ट्रीय आय को बाजार मूल्य पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) पदों में मापा जाता है।
- किसी देश के शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद का उस देश की जनसंख्या से भाग देकर प्रति व्यक्ति आय की गणना की जाती है।

32. ..... भारत में राष्ट्रीय आय अनुमान तैयार करता है।
(a) भारतीय सांख्यिकी संस्थान
(b) इनमें से कोई विकल्प नहीं
(c) भारतीय रिज़र्व बैंक
(d) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन

Ans. (d) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने वाली नोडल एजेंसी है।
- भारत में राष्ट्रीय आय की गणना करने का पहला प्रयास दादा भाई नौरोजी ने वर्ष 1867-68 में किया था।
- वर्ष 1949 में प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आय समिति द्वारा पहला आधिकारिक प्रयास किया गया था।

33. सरकारी एजेंसी NDC का पूर्ण रूप क्या है?
(a) नेशनल डिफेंस काउंसिल
(b) नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल
(c) नेशनल डिस्ट्रिक्ट काउंसिल
(d) नेशनल डेवलपमेंट सेंटर

Ans. (b) नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल

- राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) की स्थापना 6 अगस्त, 1952 को हुई। योजनाओं के निर्माण में राज्यों की भागीदारी होनी चाहिए, इसी विचार को स्वीकार करते हुए इसका गठन किया गया।
- भारत का प्रधानमंत्री इसका अध्यक्ष होता है।

34. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP), जिसे पहले कृषि मूल्य आयोग नाम दिया गया था, इसकी स्थापना निम्नलिखित में से किस समय की गई थी?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) जनवरी, 1956 (b) दिसंबर, 1965
(c) दिसंबर, 1975 (d) जनवरी, 1965

Ans. (d) जनवरी, 1965

- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की स्थापना जनवरी, 1965 में हुई।
- पहले इसका नाम कृषि मूल्य आयोग था, वर्ष 1985 में इसका नाम बदलकर कृषि लागत एवं मूल्य आयोग कर दिया गया।
- यह भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है।
- यह आयोग खेती की लागत समेत कई कारकों पर विचार करके MSP तय करता है।
- यह एक सलाहकारी निकाय है।

35. निम्नलिखित में से किसने किसानों से संबंधित राष्ट्रीय आयोग का नेतृत्व किया, जिनके द्वारा सिफारिश की गई कि कृषि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50% अधिक होना चाहिए?
(a) ए.एम. खुसरो
(b) आर.वी. गुप्ता
(c) जी.वी. रामकृष्ण
(d) एम. एस. स्वामीनाथन

Ans. (d) एम. एस. स्वामीनाथन

- एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग (NCF) ने सिफारिश की थी, कि कृषि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50% ज्यादा होना चाहिए, इसे C2+50% सूत्र के नाम से भी जाना जाता है।
- **नोट:** C2 उत्पादन की वास्तविक लागत है, जिसमें किसानों के स्वामित्व वाली भूमि और मशीनरी पर छोड़ा गया किराया तथा ब्याज शामिल हैं।
- वर्तमान में 22 अनिवार्य कृषि फसलों के लिये MSP जारी होती है।
- कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार MSP की घोषणा करती है।

36. टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में अस्थिरता को रोकने के उद्देश्य के भाग स्वरूप, इनके उत्पादन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित योजना का नाम क्या है?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) ऑपरेशन ग्रीन्स (b) ऑपरेशन व्हाइट्स
(c) ऑपरेशन पिंक्स (d) ऑपरेशन यलोज

Ans. (a) ऑपरेशन ग्रीन्स

- आपरेशन ग्रीन्स, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की एक योजना है।
- इसका उद्देश्य भारत में टमाटर, प्याज तथा आलू जैसी शीर्ष फसलों की आपूर्ति को स्थिर रखना तथा वर्ष भर इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
- इस योजना में तीन फसलों टमाटर, प्याज और आलू के अतिरिक्त आम और केला को भी शामिल किया गया हैं।
- आपरेशन ग्रीन्स की शुरुआत वर्ष 2018-19 के बजट में हुई।

37. भारत में बीज फसल बीमा की शुरुआत वर्ष ..... से हुई।

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) 1991-1992 (b) 1994-1995
(c) 2003-2004 (d) 1999-2000

Ans. (d) 1999-2000

- शुरुआत- वर्ष 1999-2000
- इसे एक पायलट योजना के रूप में शुरू किया गया था, जिसे प्रारंभ में 11 राज्यों में लागू किया गया।

38. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की अनुशंसा के आधार पर ..... द्वारा भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) घोषित किया जाता है।

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) राजस्व विभाग
(b) कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग
(c) आर्थिक मामलों के विभाग
(d) व्यय विभाग

Ans. (c) आर्थिक मामलों के विभाग

- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग CACP की सिफारिश के आधार पर भारत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती है।
- केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा MSP की घोषणा की जाती है।
- वर्तमान में 22 अनिवार्य कृषि फसलों के लिए MSP की घोषणा की जाती है।

39. भारतीय खाद्य निगम (FCI) की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी? उसी वर्ष में देश को खाद्यान्न, विशेष रूप से गेहूँ की भारी कमी का सामना करना पड़ा था?

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) 1989 (b) 1992
(c) 1965 (d) 1978

Ans. (c) 1965

- भारतीय खाद्य निगम की स्थापना 14 जनवरी, 1965 में हुई।
- यह भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय (भारतीय खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के तहत स्थापित) है।
- इसका मुख्यालय दिल्ली में है।
- इसका पहला जिला कार्यालय तंजावुर में था।

40. वर्ष 2020-21 के अनुसार, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी), ... (एमएसपी) अनुशंसित नहीं करता।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) सूरजमुखी (b) अलसी
(c) मूंगफली (d) सोयाबीन

Ans. (b) अलसी

- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग 22 अनिवार्य अधिसूचित फसलों (14 खरीफ की फसलें, 6 रबी की फसलें तथा 2 वाणिज्यिक फसलें) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की अनुशंसा करता है।
- MSP के तहत अधिसूचित फसलों में खरीफ फसलें (धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी बीज, सोयाबीन, तिल, नाइजरसीड, कपास), रबी फसलें (गेहूँ, जौ, ग्राम, मसूर, रेपसीड एवं सरसों, कुसुम) तथा वाणिज्यिक फसलें (कोपरा तथा जूट) शामिल हैं।
- इस प्रकार अलसी के लिए MSP जारी नहीं की जाती है।

41. हरित क्रांति के दौरान किसानों द्वारा बाजार में अधिशेष के रूप में कौन-सी उपज उपलब्ध थी?

(D.P. Const. 16 Dec. 2023)

(a) गेहूँ और चावल (b) गेहूँ और ज्वार
(c) तिलहन (d) चावल और मक्का

Ans. (a) गेहूँ और चावल

- हरित क्रांति के दौरान उत्पादित चावल और गेहूँ की फसल अधिशेष के रूप में उपलब्ध थी।
- हरित क्रांति की शुरुआत वर्ष 1966-67 में हुई।
- भारतीय हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन थे।
- विश्व में हरित क्रांति के जनक नॉर्मन ई. बोरलॉग थे।
- भारत में हरित क्रान्ति का सर्वाधिक प्रभाव पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में देखा गया।

42. ..... क्षेत्र, भारत में श्रम शक्ति का सबसे बड़ा नियोक्ता है।

(D.P. Const. 17 Dec. 2023)

(a) कुटीर उद्योग (b) कृषि
(c) लघु उद्योग (d) वित्तीय सेवा

Ans. (b) कृषि

- कृषि क्षेत्र देश का सबसे बड़ा रोजगार क्षेत्र है।
- आर्थिक समीक्षा 2023-24 के अनुसार, भारतीय कृषि क्षेत्र 42.3 प्रतिशत आबादी को रोजगार प्रदान करता है।
- कृषि अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में आता है।
- भारत में रोजगार देने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र और वस्त्र उद्योग हैं।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कृषि उद्योग के बारे में सही नहीं है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सक्षम बनाया।
(b) हरित क्रांति ने एचवाईवी (HYV) बीजों का उपयोग शुरू किया।
(c) हरित क्रांति के परिणामस्वरूप तिलहन में सुधार हुआ।
(d) हरित क्रांति ने नई तकनीक की शुरुआत की।

Ans. (c) हरित क्रांति के परिणामस्वरूप तिलहन में सुधार हुआ।

- भारत में हरित क्रान्ति की शुरुआत वर्ष 1966-67 में हुई थी।
- भारत में हरित क्रांति के जनक- एम.एस. स्वामीनाथन।
- हरित क्रांति से गेहूँ और चावल की उत्पादन क्षमता में तीव्र वृद्धि हुई।
- हरित क्रांति का प्रभाव पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर-प्रदेश पर सर्वाधिक पड़ा।

44. हरित क्रांति के दौरान भारत ने किस देश से गेहूँ के बीज का आयात किया था?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) ब्रिटेन (b) रूस
(c) यूएसए (d) मेक्सिको

Ans. (d) मेक्सिको

- हरित क्रांति के दौरान भारत ने, मेक्सिको से गेहूँ के बीज आयात किये थे।
- भारत में हरित क्रांति की शुरुआत वर्ष 1966-67 में हुई।
- भारत में हरित क्रांति के जनक डा. एम.एस. स्वामीनाथन थे।

45. भारत में, मौसमी बेरोजगारी मुख्यत: किस क्षेत्र से संबंधित है?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) अंतरिक्ष और तकनीकी
(b) भूतल परिवहन
(c) खनन उद्योग
(d) कृषि

Ans. (d) कृषि

- यह बेरोजगारी तब होती है जब वर्ष के कुछ खास महीनों में लोगों को नौकरी ढूँढने में दिक्कत होती है।
- मौसमी बेरोजगारी कृषि क्षेत्र में पाई जाती है।

46. बाजार अवधि 2020-21 के लिए, निम्नलिखित में से किस खरीफ की फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक वृद्धि हुई है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) तिल (b) उड़द
(c) ज्वार (d) रामतिल के बीज

Ans. (d) रामतिल के बीज

- विपणन वर्ष 2020-21 के लिए खरीफ फसलों के अंतर्गत में रामतिल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सर्वाधिक वृद्धि हुई।
- विपणन वर्ष 2023-24 के लिए खरीफ की फसलों के अंतर्गत तिल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सर्वाधिक वृद्धि हुई।
- विपणन वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के अंतर्गत सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई, जिसमें नाइजरसीड (983 रुपये प्रति क्विंटल), उसके बाद तिल (632 रुपये प्रति क्विंटल) और तुअर/अरहर (550 रुपये प्रति क्विंटल) का स्थान हैं।

47. 2019-2020 से 2020-2021 तक मक्का के न्यूनतम समर्थन मूल्य में पूर्ण वृद्धि कितनी हुई है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) ₹90 (b) ₹110
(c) ₹210 (d) ₹170

Ans. (a) ₹90

- वर्ष 2019-20 से वर्ष 2020-21 तक मक्का के समर्थन मूल्य में ₹90 की वृद्धि हुई।
- वर्ष 2022-23 में मक्का के न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹92 की वृद्धि की गई।
- विपणन वर्ष 2024-25 के लिए मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹135 बढ़ाया गया।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की प्रणाली को पहली बार वर्ष 1966-67 में गेहूँ के लिए शुरू किया गया था।

48. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के तहत वे न्यूनतम गारंटी कीमतें तय की जाती हैं, बाजार की कीमतें जिनसे नीचे नहीं गिर सकती हैं। यदि इन कीमतों पर कोई खरीदार उपलब्ध नहीं है, तो ..... न्यूनतम गारंटी कीमतों पर स्टॉक खरीदती है।

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) ग्राम पंचायत (b) सरकार
(c) सरपंच (d) जिला परिषद

Ans. (b) सरकार

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के तहत न्यूनतम गारंटीग्त कीमतें तय की जाती है।
- कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तय होता है।

49. निम्नलिखित में से किसने भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सदाबहार क्रांति शब्द का प्रयोग किया था?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) आर.के.वी. राव
(b) एम.एस. स्वामीनाथन
(c) राज कृष्ण
(d) नॉर्मन बोरलॉग

Ans. (b) एम. एस. स्वामीनाथन

- सदाबहार क्रांति की शुरुआत वर्ष 1990 में हुई।
- भारत में कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए सदाबहार क्रांति शब्द का प्रयोग डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने किया था।
- एम.एस. स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का जनक माना जाता है।
- सदाबहार क्रांति का उद्देश्य- पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना कृषि को टिकाऊ बनाना तथा उत्पादकता बढ़ाना।

50. वस्तुओं का भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम कब लागू हुआ?

(a) 1919 (b) 2009
(c) 1999 (d) 1986

Ans. (c) 1999

- वस्तुओं का भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, वर्ष 1999 में पारित हुआ।
- GI टैग किसी क्षेत्र के विशेष उत्पाद को दिया जाता है। यह टैग उस स्थान को दुनिया भर में पहचान दिलाता है।
- सर्वप्रथम यह टैग वर्ष 2004 में दार्जिलिंग चाय को दिया गया था।

51. भारत सरकार ..... के माध्यम से खाद्यान्न खरीदती है।

(a) भारतीय खाद्य निगम
(b) राष्ट्रीय कृषि बाजार
(c) कृषि मंत्रालय
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) भारतीय खाद्य निगम

- भारतीय खाद्य निगम
- स्थापना - 14 जनवरी, 1965
- मुख्यालय - नई दिल्ली

52. इनमें से कौन-सी फसल तेल की फसल नही है?

(a) सरसों (b) सीसम
(c) मूंगफली (d) बाजरा

Ans. (d) बाजरा

- बाजरा को स्थूल अनाज भी कहा जाता है, भारत का सर्वाधिक बाजरा उत्पादक राज्य राजस्थान है।

53. इनमें से कौन-सा संगठन सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) किसानों से भोजन खरीदता है?

(a) भारतीय खाद्य निगम
(b) निः शुल्क बाजार
(c) एपीएमसी मार्केट
(d) किसान सहकारी समितियाँ

Ans. (a) भारतीय खाद्य निगम

- भारतीय खाद्य निगम (FCI) खाद्यान्नों की खरीद और भंडारण के लिए जिम्मेदार है। सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर FCI किसानों से खाद्यान्न खरीदता है।
- स्थापना - 14 जनवरी, 1965
- मुख्यालय - नई दिल्ली

54. निम्नलिखित में से कौन-सी फसल जायद की फसल नहीं है?

(a) सरसों (b) तरबूज
(c) कद्दू (d) ककड़ी

Ans. (a) सरसों

- **जायद फसलः**- इस वर्ग की फसलों में तेज गर्मी और शुष्क हवाएँ सहन करने की अच्छी क्षमता होती हैं। जायद की फसल सामान्यतः उत्तर भारत में मार्च-अप्रैल में बोई जाती है तथा जून-जुलाई में काटी जाती है।

जैसेः तरबूज, खीरा, ककड़ी, खरबूज आदि की फसलें जायद की फसल मानी जाती है।

55. भारत के 'खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' (FSSAI) का मुख्यालय कहाँ है?

(a) चेन्नई (b) नई दिल्ली
(c) कोलकाता (d) मुंबई

Ans. (b) नई दिल्ली

- **भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण** (Food Safety and Standards Authority of India)
- खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त सांविधिक निकाय है।
- मुख्यालय - नई दिल्ली

56. भारत सरकार ने राष्ट्रीय किसान नीति (NPF) को मंजूरी कब प्रदान की थी?

(a) 2007 (b) 2010
(c) 2018 (d) 2001

Ans. (a) 2007

- भारत सरकार ने राष्ट्रीय किसान नीति (NPF) को वर्ष 2007 में मंजूरी प्रदान की थी।
- पहली बार राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा जुलाई, 2000 में की गई थी।
- यह नीति प्रमुख रूप से **'किसान'** पर केंद्रित है।

57. निम्न में से मवेशियों की किस नस्ल का उपयोग दो उद्देश्यों के लिए होता है?

(a) देओनी (b) साहीवाल
(c) गिर (d) ओंगोल

Ans. (d) ओंगोल

✪ ओंगोल मवेशी एक स्वदेशी मवेशी नस्ल है, जो भारत में आन्ध्र प्रदेश, राज्य में पाई जाती है। आन्ध्र प्रदेश में पारंपरिक बैल लड़ाई में भी ओंगोल मवेशी भाग लेते हैं।

58. न्यूनतम समर्थन मूल्य संबंधित है-
(a) ऑटोमोबाइल उद्योग
(b) कृषि उत्पादन
(c) पेट्रोलियम उद्योग
(d) आयात और निर्यात

Ans. (b) कृषि उत्पादन

✪ न्यूनतम समर्थन मूल्य या एमएसपी एक तरह से सरकार की तरफ से किसानों की फसलों के लिए गारंटी है, जिसे किसानों को उनकी फसल पर उपलब्ध करवाया जाता है।
✪ एमएसपी के माध्यम से किसानों की फसलों की कीमत कम होने पर भी उनकी आय में कोई उतार-चढ़ाव नहीं आता है।

59. FCI समय-समय पर खुले बाजार में पूर्व निर्धारित कीमतों पर गेहूँ की बिक्री का कार्य कर रहा है। यह कहलाता है?
(a) गेहूँ का न्यूनतम विक्रय मूल्य
(b) गेहूँ का बिक्री कार्यक्रम
(c) ऑनलाइन गेहूँ बिक्री योजना
(d) खुली बाजार बिक्री योजना

Ans. (d) खुली बाजार बिक्री योजना

✪ भारतीय खाद्य निगम समय-समय पर खुले बाजार में पूर्व निर्धारित कीमतों पर गेहूँ की बिक्री का कार्य करता है, जिसे खुली बाजार बिक्री योजना कहा जाता है।
Food Corporation of India (FCI)
✪ स्थापना - 14 जनवरी, 1965
✪ मुख्यालय - नई दिल्ली

60. राष्ट्रीय कृषि बाजार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
(a) यह एक आम ई-मार्केट प्लेटफार्म प्रदान करता है।
(b) यह वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था।
(c) इसमें इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के लिए प्रावधान है।
(d) यह विभिन्न राज्यों के लिए कई लाइसेंस प्रदान करता है।

Ans. (d) यह विभिन्न राज्यों के लिए कई लाइसेंस प्रदान करता है।

✪ 14 अप्रैल, 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना की शुरुआत की गई। इस योजना का उद्देश्य किसानों को घर बैठे अपनी उपज बेचने की सुविधा उपलब्ध करवाना है।
✪ इस योजना के तहत देश की अलग-अलग मंडियों को ऑनलाइन जोड़ने का कार्य किया गया है।

61. निम्न में से कौन-सी फसल रोपकर उगाई जाती है?
(a) चाय (b) कॉफी
(c) काजू (d) उपरोक्त सभी

Ans. (d) उपरोक्त सभी

✪ रोपण कृषि वाणिज्यिक खेती की श्रेणी के अंतर्गत आता है। इस कृषि में वर्ष भर एक ही फसल उगाई जाती है, इस कृषि के लिए बड़ी मात्रा में श्रम और पूंजी की आवश्यकता होती है।
✪ रोपण कृषि के दौरान उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें-चाय, कॉफी, गन्ना, काजू, रबर, केला या कपास है।

62. उत्तर पूर्वी भारत में 'झूमिंग खेती' को क्या कहा जाता है?
(a) झूम कृषि
(b) मोनो फसल प्रणाली
(c) मिश्रित खेती प्रणाली
(d) सिंचाई तंत्र

Ans. (a) झूम कृषि

✪ झूम कृषि एक आदिम प्रकार की कृषि है जिसमें पहले वृक्षों तथा वनस्पतियों को काटकर उन्हें जला दिया जाता है और साफ की गई भूमि को पुराने उपकरणों से जुताई करके बीज रोपण किया जाता है। कुछ वर्षों तक जब तक मिट्टी में उर्वरता विद्यमान रहती है, इस भूमि पर खेती की जाती है।
✪ भारत में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड राज्यों में झूम खेती होती है।
✪ झारखण्ड में झूम कृषि को **'कुरुवा'** कहते हैं।

63. फसलों को नियमित अंतराल पर की जाने वाली पानी की आपूर्ति कहलाती है-
(a) सिंचाई (b) बुवाई
(c) उर्वरक (d) जुताई

Ans. (a) सिंचाई

✪ फसलों को नियमित अंतराल पर की जाने वाली पानी की आपूर्ति को सिंचाई कहते हैं।

64. निम्न में से कौन-सी धान्य (अनाज) फसल नहीं है?
(a) सीसम (b) गेहूँ
(c) बाजरा (d) मक्का

Ans. (a) सीसम

✪ सीसम धान्य (अनाज) फसल नहीं है?

65. निम्न में से दुधारू पशुओं की नस्ल कौन-सी है?
(a) हल्लीकर (b) नागोरी
(c) साहीवाल (d) कठिया वाडी

Ans. (c) साहीवाल

✪ साहीवाल गाय से संबंधित एक नस्ल है। साहीवाल नाम की उत्पत्ति पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के साहीवाल जिले में हुई है। यह पाकिस्तान में साहीवाल, पंजाब के फिरोजपुर और अमृतसर जिलों और भारत में राजस्थान के श्री गंगानगर जिले में पायी जाती है।

66. वैश्वीकरण के संदर्भ में पीपीपी (PPP) का पूर्ण रूप क्या है?
(D.P. Const. 14 Dec. 2023)
(a) Purchasing Par Parity (पर्चेजिंग पार पैरिटी)
(b) Purchasing Par Parities (पर्चेजिंग पार पैर्टीज)
(c) Purchase Power Parity (पर्चेज पावर पैरिटी)
(d) Purchasing Power Parity (पर्चेजिंग पावर पैरिटी)

Ans. (d) Purchasing Power Parity (पर्चेजिंग पावर पैरिटी)

✪ वैश्वीकरण के संदर्भ में (PPP) का पूर्ण रूप है- Purchasing Power Parity
✪ क्रय शक्ति समता (PPP) के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर है।

67. भारत ने वर्ष 1991 में NEP की घोषणा की NEP का अर्थ ..... है।
(D.P. Const. 15 Dec. 2023)
(a) New Economic Provision (न्यू इकोनॉमिक प्रोविजन)
(b) New Economic Policy (न्यू इकोनॉमिक पॉलिसी)
(c) National Economic Policy (नेशनल इकोनॉमिक पॉलिसी)
(d) National Export Plan (नेशनल एक्सपोर्ट प्लान)

Ans. (b) New Economic Policy (न्यू इकोनॉमिक पॉलिसी)

✪ NEP का पूर्ण रूप- New Economic Policy (नई आर्थिक नीति)
✪ नई आर्थिक नीति की घोषणा वर्ष 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने की थी।
✪ इस नीति के उद्देश्य निम्न है-
- आर्थिक विकास दर को बढ़ाना
- विदेशी निवेश को आकर्षित करना
- मुद्रास्फीति को कम करना
- आर्थिक स्थिरता प्राप्त करना
- अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाना

68. सरकार द्वारा लगाई गई सीमाओं या बाधाओं को हटाने की प्रक्रिया को किस नाम से जाना जाता है?

(D.P. Const. 15 Dec. 2023)

(a) वित्तीय निवेश
(b) उदारीकरण
(c) भूमंडलीकरण (वैश्वीकरण)
(d) निजीकरण

Ans. (b) उदारीकरण

- उदारीकरण का अर्थ है, आर्थिक गतिविधियों पर सरकारी नियंत्रण और प्रतिबंधों को कम करना या हटाना।
- उदारीकरण से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है तथा उपभोक्ताओं के पास ज्यादा विकल्प आते हैं।
- उदारीकरण के उदाहरण– लाइसेंसराज को खत्म करना, विदेशी निवेश बढ़ाना, तकनीकी उन्नति को प्रोत्साहन देना आदि।

69. वर्ष 1991 में नई आर्थिक नीतियों (NEP) के तहत आर्थिक नीतियों के उदारीकरण के बाद निम्नलिखित में से क्या नहीं हुआ है?

(D.P. Const. 16 Dec. 2023)

(a) विश्व व्यापार में निर्यात में भारत की हिस्सेदारी में वृद्धि
(b) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से अंतर्वाह में वृद्धि
(c) भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी में भारी वृद्धि
(d) भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि

Ans. (c) भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी में भारी वृद्धि

- वर्ष 1991 में नई आर्थिक नीति के तहत, उदारीकरण के बाद GDP में कृषि की हिस्सेदारी में भारी वृद्धि नहीं हुई।
- **नई आर्थिक नीति के सकारात्मक प्रभाव–**
  - भारत में GDP की विकास दर बढ़ी।
  - भारत विदेशी निवेश के लिए आकर्षक जगह बना।
  - रोजगार बढ़ा, जिससे प्रति व्यक्ति आय बढ़ी।

70. नाबार्ड (NABARD) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(D.P. Const. 16 Dec. 2023)

I. नाबार्ड का गठन शिवरामन समिति की अनुशंसा पर किया गया था।
II. नाबार्ड वर्ष 1980 में अस्तित्व में आया।
III. इसे ₹100 करोड़ की प्रारंभिक पूंजी के साथ स्थापित किया गया था।

(a) केवल II
(b) केवल I
(c) केवल II और II
(d) केवल I और III

Ans. (d) केवल I और III

- नाबार्ड का गठन शिवरामन समिति की सिफारिश पर हुआ है।
- नाबार्ड की स्थापना -12 जुलाई, 1982
- इसे 100 करोड़ की पूंजी के साथ स्थापित किया गया।
- NABARD का पूर्ण रूप- National Bank for Agriculture and Rural Development
- NABARD का मुख्यालय- मुम्बई
- नाबार्ड का मुख्य उद्देश्य टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना और ग्रामीण विकास को मजबूत करना है।

71. निम्नलिखित में से कौन उदारीकरण की प्रमुख विशेषता नहीं है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के इक्विटी शेयरों का हिस्सा जनता को बेचना
(b) कीमतों के निर्धारण की स्वायत्तता
(c) औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त करना
(d) लघु उद्योग के लिए माल का अनारक्षण

Ans. (a) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के इक्विटी शेयरों का हिस्सा जनता को बेचना

- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के इक्विटी शेयरों का हिस्सा जनता को बेचना, उदारीकरण की विशेषता नहीं है।
- भारत में उदारीकरण की शुरुआत वर्ष 1991 में नई आर्थिक नीति के तहत हुई थी। उदारीकरण की विशेषताएँ निम्न हैं-
  - अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश की बढ़ोत्तरी
  - आयात-निर्यात में बढ़ोत्तरी
  - निजी क्षेत्र के लिए अनुकूल माहौल
  - देश के कर्ज में कमी

72. वर्ष 1991 में भारत को ..... के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा था।

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) राजनैतिक अस्थिरता
(b) विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि
(c) भारी कर्ज का बोझ
(d) कम मुद्रास्फीति

Ans. (c) भारी कर्ज का बोझ

- वर्ष 1991 का भारतीय आर्थिक संकट आयात और अन्य बाहरी कारकों पर निर्भरता के कारण भुगतान संतुलन घाटे से उत्पन्न हुआ था।
- इसके निम्न कारण और भी हैं-
  - आयात पर ज्यादा निर्भरता, राजकोषीय घाटा, चालू खाता घाटा आदि।
  - इस संकट से उबरने के लिए, भारत ने नई आर्थिक नीति शुरू की थी।

73. उदारीकरण उपाय के तहत, एकाधिकार और अवरोधक व्यापार व्यवहार (MRTP) अधिनियम, 1969 को निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा निरस्त किया गया था?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951
(b) विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999
(c) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002
(d) विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973

Ans. (c) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002

- प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 भारत में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए बनाया गया।
- इस अधिनियम ने एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार अधिनियम, 1969 (MRTP) की जगह ली।

74. निम्नलिखित में से क्या, भारत की जनगणना वाले किसी नगर की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) प्राथमिक क्षेत्र में लगी हुई 75% से अधिक जनसंख्या
(b) जनसंख्या घनत्व 400 व्यक्ति प्रति km^2
(c) 5000 व्यक्तियों की न्यूनतम जनसंख्या
(d) नगर पालिका, नगर निगम आदि की उपस्थिति

Ans. (a) प्राथमिक क्षेत्र में लगी हुई 75% से अधिक जनसंख्या

- प्राथमिक क्षेत्र में लगी हुई 75% से अधिक जनसंख्या, जनगणना के अनुसार किसी नगर की परिभाषा में शामिल नहीं होती।
- नगर की परिभाषा के कुछ महत्वपूर्ण लक्षण, जैसे- जनसंख्या घनत्व, नगरपालिका का होना तथा न्यूनतम जनसंख्या आदि हैं।

75. भारत में वर्ष 1991 में आर्थिक सुधारों के समय वित्त मंत्री थे।

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) श्री प्रणब मुखर्जी
(b) डॉ. मनमोहन सिंह
(c) श्री पी. चिदंबरम
(d) श्री बिमल जालान

Ans. (b) डॉ. मनमोहन सिंह

- वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के समय डॉ. मनमोहन सिंह भारत के वित्त मंत्री थे।
- इस समय पी. वी. नरसिम्हा राव भारत के प्रधानमंत्री थे।
- वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों को 'राव -मनमोहन मॉडल' सुधार के नाम से जाना गया।
- वर्ष 1991 में पहली बार उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति को अपनाया गया था।

76. निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय उदारीकरण चरण के दौरान किए गए कर सुधार उपायों से संबंधित नहीं है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) अप्रत्यक्ष करों से संबंधित सुधार
(b) रुपये का अवमूल्यन
(c) आयकर की दरों में कमी
(d) कर प्रक्रियाओं का सरलीकरण

Ans. (b) रुपये का अवमूल्यन

- रुपये का अवमूल्यन संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था का प्रतीक है।

77. निम्नलिखित में से कौन-सा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का स्वामित्व, प्रबंधन और नियंत्रण निजी क्षेत्र के उद्यमियों को किए जाने वाले हस्तांतरण को संदर्भित करता है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) निजीकरण (b) उदारीकरण
(c) लाइसेंसिंग (d) वैश्वीकरण

Ans. (a) निजीकरण

- वर्ष 1991 की नई आर्थिक नीति में निजीकरण, उदारीकरण और वैश्वीकरण जैसे तत्व शामिल हैं।
- निजीकरण का अर्थ, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, संपत्तियों या संचालनों का स्वामित्व या नियंत्रण निजी क्षेत्र को देना है।
- आमतौर पर निजीकरण से आर्थिक दक्षता, विकास और धन में वृद्धि होती है।

78. एफडीआई (FDI) का पूर्ण रूप है .....

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) फॉरेक्स डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (Fore Direct Investment)
(b) फॉरेन डीरेगुलेटेड इन्वेस्टमेंट (Foreign Deregulated Investment)
(c) फॉरेक्स डीरेगुलेटेड इन्वेस्टमेंट (Fore Deregulated Investment)
(d) फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (Foreign Direct Investment)

Ans. (d) फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (Foreign Direct Investment)

- FDI का पूर्ण रूप- Foreign Direct Investment (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश)।
- FDI, विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय कारोबारों में किया जाने वाला निवेश है।
- भारत में FDI के मामले में मॉरीशस और सिंगापुर सबसे आगे है।

79. निम्नलिखित में से किस नीति में घरेलू अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीग्त करना शामिल है?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था
(b) उदारीकरण
(c) निजीकरण
(d) भूमंडलीकरण (वैश्वीकरण)

Ans. (d) भूमंडलीकरण (वैश्वीकरण)

- घरेलू अर्थव्यवस्था को विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करना वैश्वीकरण कहलाता है।
- वैश्वीकरण के जरिए, देशों की अर्थव्यवस्थाएँ समाज और संस्कृतियाँ व्यापार, संचार, अप्रवासन और परिवहन के जरिए एक-दूसरे से जुड़ती है।
- **वैश्वीकरण के प्रमुख पहलू-**
  - देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का आदान-प्रदान।
  - देशों के बीच धन का हस्तांतरण।
  - भौगोलिक सीमाओं से बाधित न होने वाली निवेश व्यवस्था।

80. वर्ष 1990 के पूर्व के भारत में औद्योगिक क्षेत्र में 'संरक्षणवादी नीति' शब्द किससे संबंधित है?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) निजी कंपनियों को घाटा होने से बचाने।
(b) घरेलू कंपनियों को विदेशी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा से बचाने।
(c) सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को घरेलू निजी क्षेत्र की कंपनियों से बचाने को संदर्भित करता है।
(d) निजी क्षेत्र की कंपनियों को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की प्रतिस्पर्धा से बचाने

Ans. (b) घरेलू कंपनियों को विदेशी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा से बचाने।

- संरक्षणवाद वह आर्थिक नीति है, जिसके अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रतिबंधित किया जाता है। इसके अंतर्गत आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाना, उत्पाद मानक एवं सब्सिडी जैसे नीतिगत उपकरण शामिल हैं।
- इस नीति का उद्देश्य आयात को हतोत्साहित करना और विदेशी कंपनियों द्वारा स्थानीय बाजारों के अधिग्रहण को रोकना है।

81. वैश्वीकरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

I. यह विश्व अर्थव्यवस्थाओं के साथ एकीकरण के बारे में है।
II. यह उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है।
III. घरेलू मुद्रा की मूल्यवृद्धि से निर्यात में सुधार होता है।

(a) केवल I
(b) केवल II और III
(c) केवल I और III
(d) केवल I और II

Ans. (d) केवल I और II

- **वैश्वीकरण के बारे में सही कथन है-**
  - यह विश्व अर्थव्यवस्थाओं के साथ एकीकरण के बारे में है तथा यह उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है।
  - वैश्वीकरण एक बहुआयामी घटना है।
  - भारत में वैश्वीकरण की शुरुआत वर्ष 1991 में नई आर्थिक नीति के साथ हुई थी।

82. उदारीकरण का अर्थ क्या है?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) निजी क्षेत्र पर सरकार के नियंत्रण में बढ़ोत्तरी
(b) आयात और निर्यात पर प्रतिबंधों में बढ़ोत्तरी
(c) निजी क्षेत्र पर सरकार के नियंत्रण में कमी
(d) सभी क्षेत्रों में बाजार की शक्तियों को बिना किसी नियंत्रण

Ans. (d) सभी क्षेत्रों में बाजार की शक्तियों को बिना किसी नियंत्रण

- उदारीकरण का मतलब है, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नियंत्रणो में ढील देना या उन्हें हटाना।
- उदारीकरण के जरिए, किसी देश की आर्थिक विकास में बाधा पहुँचाने वाली नातियों, नियमों, प्रशासनिक नियंत्रणों और प्रक्रियाओं को कम किया जाता है या उनमें ढील दी जाती है।
- उदारीकरण का अर्थ है, सामाजिक या आर्थिक नीतियों के क्षेत्र में सरकारी प्रतिबंधो में ढील देना।
- उदारीकरण आर्थिक सुधार की दिशा में उठाया गया एक प्रमुख कदम है।

83. ..... सरकारी प्रतिबंधों में छूट को संदिर्भित करता है।

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) उदारीकरण (b) विनिवेश
(c) निजीकरण (d) भूमंडलीकरण

Ans. (a) उदारीकरण

- उदारीकरण का कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्र तीनों पर सकारात्मक असर पड़ता है।
- भारत में उदारीकरण की शुरुआत वर्ष 1991 में हुई।

- प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के कार्यकाल में उदारीकरण की शुरूआत हुई।

84. विनिर्माण उद्यम तथा उद्यम प्रदान करने वाली सेवाएँ, जिनका संयंत्र और मशीनरी या उपकरण पर ₹50 करोड़ से अधिक का निवेश नहीं है और वार्षिक कारोबार ₹250 करोड़ से अधिक नहीं है, ... के रूप में वर्गीकृत होंगी।

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) सूक्ष्म उद्यम (b) कुटीर उद्यम
(c) लघु उद्यम (d) मध्यम उद्यम

Ans. (d) मध्यम उद्यम

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण की जानकारी
  - **सूक्ष्म उद्यम**- मशीन और उपकरणों पर निवेश ₹1 करोड़ से ज्यादा न हो तथा टर्नओवर ₹5 करोड़ रूपये से ज्यादा नहीं होना चाहिए।
  - **लघु उद्यम**- मशीन और उपकरणों पर निवेश ₹10 करोड़ से अधिक न हो और टर्नओवर ₹50 करोड़ से अधिक न हो।
  - **मध्यम उद्यम**- मशीन और उपकरणों पर निवेश ₹50 करोड़ से अधिक न हो तथा टर्नओवर ₹250 करोड़ से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

85. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, भारत सरकार को आर्थिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए न्यूनतम मजदूरी तय करने का अधिकार देता है। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) 1947 (b) 1952
(c) 1948 (d) 1950

Ans. (c) 1948

- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 भारत सरकार ने वर्ष 1948 को लागू किया था।
- इसके तहत भारत में कुशल और अकुशल श्रमिकों को दी जाने वाली न्यूनतम मजदूरी तय की जाती है।

86. निम्नलिखित में से कौन-सी नीति निजीकरण को बढ़ावा देती है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

A. विनिवेश
B. आउटसोर्सिंग
C. शहरीकरण

(a) सभी A, B और C
(b) A और C दोनों
(c) केवल A और B
(d) केवल A

Ans. (c) केवल A और B

- निजीकरण नीति की शुरुआत वर्ष 1991 में हुई
- निजीकरण का अर्थ - किसी कंपनी, उपक्रम या संपत्ति का स्वामित्व निजी क्षेत्र को हस्तांतरित करना।
- विनिवेश से सरकारी नियंत्रण में कमी आती है।
- आउटसोर्सिंग के जरिए निजी कंपनियों को व्यवसाय पर अधिकार देने का किफायती तरीका है।
- शहरीकरण से निजीकरण को बढ़ावा नहीं मिलता।

87. निम्नलिखित में से कौन-से, जुलाई 1991 में शुरू किए गए व्यापक उदारीकरण सुधारों का हिस्सा नहीं थे?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) व्यापार और पूँजी प्रवाह सुधार
(b) विनिवेश और सार्वजनिक उद्यम सुधार
(c) जनसांख्यिकीय सुधार
(d) वित्तीय क्षेत्र में सुधार

Ans. (c) जनसांख्यिकीय सुधार

- जनसांख्यिकीय सुधार वर्ष 1991 में शुरू किए गये, जो व्यापक उदारीकरण सुधारों का हिस्सा नहीं थे।
- वर्ष 1991 में भारत सरकार ने कई आर्थिक सुधार किये थे।

88. उदारीकरण, ... सुधारों का एक हिस्सा है।

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) आर्थिक (b) सामाजिक
(c) भूमि (d) राजनीतिक

Ans. (a) आर्थिक

- उदारीकरण, आर्थिक सुधारों का एक अहम हिस्सा है।
- उदारीकरण की शुरुआत के बाद से सरकार ने निजी क्षेत्र को कम बाधाओं के साथ वाणिज्यिक लेन-देन करने के लिए विनियमित किया।
- **उदारीकरण नीति के उद्देश्य-**
  - घरेलू उद्योगों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाना।
  - विदेशी पूँजी और प्रौद्योगिकी का संवर्धन।
  - देश की वैश्विक बाजार सीमाओं का विस्तार करना।
  - देश के ऋण बोझ को कम करना।

89. निजीकरण का अर्थ है .....।

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) निजी क्षेत्र को सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम का नियंत्रण लेने से रोकना।
(b) सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम के स्वामित्व या प्रबंधन को त्याग देना।
(c) सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम के प्रबंधन को मजबूत करना।
(d) निजी क्षेत्र को सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम को प्रबंधित करने से रोकना।

Ans. (b) सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम के स्वामित्व या प्रबंधन को त्याग देना।

- निजीकरण का अर्थ- सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम का स्वामित्व या प्रबंधन निजी क्षेत्र को देना।
- निजीकरण को रणनीतिक या राजनीतिक कारणों से भी किया जाता है निजीकरण से एक नई औद्योगिक संस्कृति का विकास संभव होता है।
- शिक्षा प्रणाली में भी निजीकरण होता है।
- निजीकरण से, सार्वजनिक क्षेत्र से निजी क्षेत्र में वस्तुओं के उत्पादन को स्थानांतरित किया जाता है।

90. उदारीकरण नीति के तहत बहुत सारे उद्योगों को सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित कर दिया गया। निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग अभी भी सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत आरक्षित है?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) कॉपर और जिंक
(b) परमाणु और रेलवे संचालन
(c) खतरनाक रसायन और शराब
(d) कोयला और खनिज तेल

Ans. (b) परमाणु और रेलवे संचालन

- उदारीकरण नीति के तहत कई उद्योगों को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया गया था, लेकिन परमाणु ऊर्जा और रेलवे संचालन जैसे कुछ उद्योग अभी भी सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित है।
- भारत में उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (LPG) नीतियों को वर्ष 1991 में प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने घोषित किया।
- उदारीकरण नीति के तहत लाइसेंस परमिट राज का समाप्त किया गया तथा आयात शुल्क भी कम किया गया।

91. निजीकरण के उद्देश्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(i) यह वित्तीय अनुशासन में सुधार करता है।
(ii) यह आधुनिकीकरण की सुविधा प्रदान करता है।
(iii) यह पी.एस.यू. (PSU) के कार्य-निष्पादन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

सही उत्तर का चयन करें।

(a) केवल (i) सत्य है
(b) केवल (ii) सत्य है
(c) (i), (ii) और (iii) सभी सत्य हैं
(d) केवल (iii) सत्य है

Ans. (c) (i), (ii) और (iii) सभी सत्य हैं

- निजीकरण के उद्देश्यों में वित्तीय अनुशासन में सुधार, दक्षता में सुधार, व्यवसायों की प्रतिस्पर्धा

बढ़ाना और आधुनिकीकरण की सुविधा प्रदान करना शामिल हैं।
✪ उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

92. औद्योगीकरण की दिशा में दूसरी पंचवर्षीय योजना का प्रमुख दृष्टिकोण क्या था?
(D.P. Const. 02 Dec. 2023)
(a) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कुटीर उद्योग का विस्तार
(b) भारी उद्योग का आधार बनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार
(c) महँगाई को नियंत्रित करने के लिए जन उपभोग की वस्तुओं पर जोर
(d) शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए बुनियादी ढाँचे पर जोर।

Ans. (b) भारी उद्योग का आधार बनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार

✪ औद्योगीकरण की दिशा में दूसरी पंचवर्षीय योजना का प्रमुख दृष्टिकोण उद्योग और परिवहन पर अधिक जोर देना था।
✪ दूसरी पंचवर्षीय योजना में भिलाई, दुर्गापुर तथा राउरकेला में स्टील प्लांट लगाये गये।
✪ सातवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि- 1985-90 सातवीं पंचवर्षीय योजना के मुख्य उद्देश्प, सामाजिक न्याय के माध्यम से बढ़ती आर्थिक उत्पादकता, खाद्यान्न का उत्पादन और रोजगार पैदा करना।

93. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग अदृश्य निर्यात सृजित करता है?
(a) ऑटोमोबाइल (b) भोजन
(c) पर्यटन (d) कच्चा तेल

Ans. (c) पर्यटन

✪ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अदृश्य निर्यात में सेवा क्षेत्र शामिल होता है। इसके अंतर्गत वित्तीय संस्थानों की सेवाएँ, पर्यटन आदि आते हैं।
✪ अदृश्य निर्यात को अदृश्य व्यापार के रूप में भी जाना जाता है, जो मूल रूप से व्यक्ति में अपने कौशल और ज्ञान से जुड़ा होता है।

94. उद्योग आधार मेमोरैंडम योजना का मुख्य उद्देश्य ..... है।
(a) उद्यमशीलता में तेजी लाने और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देना
(b) भावी नौकरी तलाशने वालों और नियोक्ताओं के बीच संबंध बनाने की सुविधा देना
(c) व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देना
(d) प्रौद्योगिकी और उद्भवन केंद्रों का एक नेटवर्क सेट करना

Ans. (c) व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देना

✪ उद्योग आधार मेमोरैंडम योजना का मुख्य उद्देश्य देश में व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति अपने उद्योग का पंजीकरण सिर्फ एक फॉर्म भरकर करवा सकता है। इस योजना को भारत के 'एमएसएमई' विभाग द्वारा क्रियान्वित किया गया है।

95. सार्वजनिक संपत्ति स्रोतों के अति प्रयोग को ..... कहा जाता है।
(a) संसाधन की खपत
(b) सार्वजनिक लक्षणों की त्रासदी
(c) खराब स्रोत
(d) सार्वजनिक स्रोत का दुरुपयोग

Ans. (b) सार्वजनिक लक्षणों की त्रासदी

✪ सार्वजनिक संपत्ति स्रोतो के अति प्रयोग को सार्वजनिक लक्षणों की त्रासदी कहा जाता है।

96. 'एफडीआई' का विस्तार क्या है?
(a) विदेशी व्यापारियों का निवेश
(b) प्रत्यक्ष विदेशी पहल
(c) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
(d) भविष्य प्रत्यक्ष निवेश

Ans. (c) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

✪ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को एक व्यक्ति या एक संगठन द्वारा दूसरे देश में स्थित व्यवसाय में किए गए निवेश के रूप में परिभाषित किया जाता है।

97. निम्न में से भारत के किन दो राज्यों में भू-तापीय ऊर्जा से संबंधित प्रयोगात्मक परियोजनाएँ स्थापित की गयी हैं?
(a) पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर
(b) पश्चिम बंगाल और सिक्किम
(c) राजस्थान और हिमाचल प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश, लद्दाख

Ans. (d) हिमाचल प्रदेश, लद्दाख

✪ **भू-तापीय ऊर्जा:** यह उर्जा पृथ्वी के आंतरिक भाग की गर्मी से उत्पन्न होती हैं।
✪ भू-तापीय ऊर्जा का दोहन करने के लिए भारत में दो प्रायोगिक परियोजना स्थापित की गई है। इनमें से एक परियोजना हिमाचल प्रदेश में मणिकरण के पास पार्वती घाटी में स्थित है और दूसरी परियोजना पुगा घाटी, लद्दाख में स्थित है।

98. निम्नलिखित में से कौन-सा एशिया का पहला स्टॉक एक्सचेंज है?
(a) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज
(b) टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज
(c) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज
(d) शंघाई स्टॉक एक्सचेंज

Ans. (c) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज

✪ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) भारत और एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है, जो कि मुम्बई में स्थित है।
✪ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना 9 जुलाई, 1875 में हुई थी।
✪ प्रेमचंद रायचंद सहित 11 व्यापारियों द्वारा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना की गयी थी।
✪ भारत सरकार द्वारा इसे वर्ष 1956 में शेयर बाजार के रूप में मान्यता प्रदान की गयी।

99. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य वाणिज्यिक बैंकों के मुख्य कार्यों के अंतर्गत आता है?
(a) कच्चे माल की आपूर्ति
(b) सभी बैंकों को नियंत्रित करना
(c) मुद्रा प्रिंट करना
(d) जमा स्वीकार करना

Ans. (d) जमा स्वीकार करना

✪ **वाणिज्यिक बैंक के मुख्य कार्य में दो प्रकार के कार्य शामिल हैं।**
◆ जमा स्वीकार करना
◆ ऋण उपलब्ध कराना

100. इनमें से कौन-सा कृषि आधारित उद्योग नहीं है?
(a) रबर (b) ऊन
(c) कपास (d) सीमेंट

Ans. (d) सीमेंट

✪ भारत में पहली सीमेंट फैक्ट्री वर्ष 1904 में पोरबंदर, गुजरात में स्थापित गई थी, लेकिन सीमेंट का उत्पादन वर्ष 1904 में मद्रास में **साउथ इंडिया इंडस्ट्रियल लिमिटेड** नामक कंपनी द्वारा स्थापित फैक्ट्री में शुरू हुआ।
✪ भारत का सर्वाधिक सीमेंट उत्पादक राज्य राजस्थान है।
✪ भारत का सीमेंट उद्योग वैश्विक सीमेंट उत्पादन में लगभग 8% का योगदान देता है। सीमेंट का आविष्कार **जोसेफ एस्पडीन** ने किया था।

101. किस भारतीय राज्य में सूती वस्त्र मिलों की संख्या सबसे अधिक है?
(a) तेलंगाना (b) पश्चिम बंगाल
(c) महाराष्ट्र (d) गुजरात

Ans. (c) महाराष्ट्र

✪ महाराष्ट्र राज्य में सूती वस्त्र मिलों की संख्या सबसे अधिक है। सूती वस्त्र उद्योग भारत का सबसे बड़ा संगठित आधुनिक उद्योग है।
✪ सूती वस्त्र उद्योग की उत्पत्ति 1818 ई० में हुई थी। पहली बार सूती कपड़ा मिल कलकत्ता के पास फोर्ट ग्लस्टर में शुरू की गयी थी।

102. सरकार किस क्षेत्र में सबसे अधिक संपत्ति रखती है और सभी सेवाएँ प्रदान करती है?
(a) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
(b) निजी क्षेत्र
(c) सार्वजनिक-निजी भागीदारी
(d) सार्वजनिक क्षेत्र

Ans. (d) सार्वजनिक क्षेत्र

- कोई भी संगठन जो सरकार के स्वामित्व और नियंत्रण में है, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई कहलाता है।

103. मेक इन इंडिया नीति किस वर्ष लागू की गई थी?
(a) 2014 (b) 2015
(c) 2012 (d) 2013

Ans. (a) 2014

- मेक इन इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को एक आत्मनिर्भर देश में परिवर्तित करना और भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक पहचान दिलाना है।
- मेक इन इंडिया कार्यक्रम 25 सितंबर, 2014 को शुरू किया गया था।
- मेक इन इंडिया कार्यक्रम का प्रतीक चिन्ह शेर है।

104. भारत की पहली औद्योगिक नीति घोषित की गई थी-
(a) 1952 (b) 1950
(c) 1948 (d) 1956

Ans. (c) 1948

- पहली औद्योगिक नीति वर्ष 1948 में घोषित की गई थी। भारत का पहला औद्योगिक नीति वक्तव्य औद्योगिक नीति संकल्प, 1948 के रूप में जाना जाता है।
- औद्योगिक नीति संकल्प, 1948 ने एक उद्यमी और प्राधिकरण दोनों के रूप में औद्योगिक विकास में राज्य की भूमिका को परिभाषित किया।

105. भारत में लघु और मध्यम उद्योगों को उदार शर्तों पर छोटी अवधि के लिए और क्वासी इक्विटी की सिफारिश के लिए निम्न में से किसका गठन किया गया?
(a) स्टार्ट अप इंडिया
(b) छोटे उद्योगों के लिए SIDBI के मेक इन इंडिया लोन (SMILE)
(c) माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट रिफाइनेंसिंग एजेंसी (MUDRA)
(d) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)

Ans. (b) छोटे उद्योगों के लिए SIDBI के मेक इन इंडिया लोन (SMILE)

- **छोटे उद्योगों के लिए SIDBI के मेक इन इंडिया लोन:-** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की स्थापना 2 अप्रैल, 1990 को संसद के एक अधिनियम के तहत, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन, कार्यों के समन्वय करने हेतु प्रमुख वित्तीय संस्था के रूप में की गई।

106. भारत में निम्न में से कौन-सा सेवा क्षेत्र का हिस्सा नहीं है?
(a) बैंकिंग (b) परिवहन
(c) कृषि (d) बीमा

Ans. (c) कृषि

- कृषि, अर्थशास्त्र के प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत आती है, सेवा क्षेत्र, अर्थशास्त्र का तृतीयक क्षेत्र है।

107. भारतीय नियोजन के वास्तुकार के रूप में किसे जाना जाता है?
(a) सरदार वल्लभभाई पटेल
(b) महात्मा गांधी
(c) पी.सी. महालनोबिस
(d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (c) पी.सी. महालनोबिस

- भारत में आधुनिक सांख्यिकी का जनक पी. सी. महालनोबिस को माना जाता है। इनके द्वारा भारतीय संस्थान की स्थापना की गई।
- पी.सी. महालनोबिस को भारतीय नियोजन के वास्तुकार के रूप में भी जाना जाता है। महालनोबिस की दूसरी पंचवर्षीय योजना का मॉडल तीव्र औद्योगिकीकरण और सार्वजनिक क्षेत्र को सुदृढ़ करने पर केन्द्रित था।

108. 11वीं पंचवर्षीय योजना वर्ष ..... में समाप्त हुई थी।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) 2012 (b) 2013
(c) 2011 (d) 2010

Ans. (a) 2012

- भारत में 11वीं पंचवर्षीय योजना वर्ष 2007 में प्रारंभ होकर वर्ष 2012 में समाप्त हुई।
- **योजना के मुख्य उद्देश्य-**
  - 18 से 23 वर्ष के लोगों के लिए उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाना तथा सामाजिक क्षेत्र में सेवाओं पर जोर देना।
  - लिंग असमानता को कम करना।
  - कृषि, उद्योग, तथा सेवाओं में वृद्धि करना।
  - वर्ष 2009 तक सभी के लिए पेयजल उपलब्ध कराना।

109. नीति आयोग (NITI Aayog) भारत की राज्य सरकारों द्वारा आर्थिक नीति-निर्माण प्रक्रिया में जुड़ाव और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। निम्नलिखित में से क्या NITI Aayog का पूर्ण रूप है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर टेक्नोलॉजी इंडिया (National Institution for Technology India)
(b) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्राइबल इंडिया (National Institute of Tribal India)
(c) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (National Institution for Transforming India)
(d) नेशनल इंटेलिजेंस ऑफ ट्राइबल इंडिया (National Intelligence of Tribal India)

Ans. (c) नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (National Institution for Transforming India)

- NITI आयोग का पूर्ण रूप - National Institution for Transforming India है।
- स्थापना- 1 जनवरी, 2015
- अध्यक्ष- श्री नरेन्द्र मोदी
- प्रथम उपाध्यक्ष- अरविंद पनगड़िया
- प्रथम सचिव- सिंधु श्री खुल्लर
- वर्तमान उपाध्यक्ष- श्री सुमन बेरी
- वर्तमान सचिव - बी.वी.आर. सुब्रहमण्यम

110. निम्नलिखित में से कौन-सा/से पंचवर्षीय योजनाओं के लक्ष्य है/हैं?
(D.P. Const. 14 Dec. 2023)
(a) विकास, आधुनिकीकरण, समता और आत्मनिर्भरता
(b) केवल विकास
(c) विकास और बिचौलियों का उन्मूलन
(d) केवल विकास, आधुनिकीकरण और समता

Ans. (a) विकास, आधुनिकीकरण, समता और आत्मनिर्भरता

- विकास, आधुनिकीकरण, समता और आत्मनिर्भता सभी पंचवर्षीय योजनाओं के लक्ष्य है।
- भारत में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत वर्ष 1951 में हुई।
- कुल 12 पंचवर्षीय योजनाएँ लागू हुई।
- **पंचवर्षीय योजनाओं के लक्ष्य-**
  - अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव और विकास
  - दुर्लभ संसाधनों का कुशल उपयोग
  - रोजगार बढ़ाने के लिए सार्वजनिक और निजी समर्थन

111. भारत में अधिकांश पंचवर्षीय योजनाओं में दी गई वरीयता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(D.P. Const. 14 Dec. 2023)
(a) कीमतों पर नियंत्रण
(b) बुनियादी और भारी उद्योगों में निवेश

(c) निजी क्षेत्र उद्यमिता का व्यापक संवर्धन
(d) वित्तीय क्षेत्र का विनियमन

Ans. (b) बुनियादी और भारी उद्योगों में निवेश

- भारत में ज्यादातर पंचवर्षीय योजनाओं में बुनियादी और भारी उद्योगों पर बल दिया गया।
- इन योजनाओं के जरिए आर्थिक संवृद्धि, रोजगार में बढ़ोतरी, गरीबी कम करना, सामाजिक न्याय और समानता हासिल करना जैसे उद्देश्य शामिल थे।

112. वर्ष 2015 से पहले पंचवर्षीय योजनाओं को बनाने, लागू करने और विनियमित करने के लिए कौन-सा निकाय जिम्मेदार था?

(D.P. Const. 17 Dec. 2023)

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक
(b) योजना आयोग
(c) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(d) वित्त मंत्रालय

Ans. (b) योजना आयोग

- प्रथम पंचवर्षीय योजना हैरॉड- डोमर मॉडल पर आधारित थी।
- योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च, 1950 में हुई।
- योजना आयोग के प्रथम अध्यक्ष पंडित जवाहर लाल नेहरू थे।
- नीति आयोग (1 जनवरी, 2015) ने अब योजना आयोग का स्थान ले लिया है।

113. निम्नलिखित में से कौन-सी, नीति आयोग से प्रतिस्थापन से पहले भारत में अंतिम पंचवर्षीय योजना थी?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) 9वीं पंचवर्षीय योजना 2007-2012
(b) 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007-2012
(c) 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012-2017
(d) 10वीं पंचवर्षीय योजना 2007-2012

Ans. (c) 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012-2017

- नीति आयोग से प्रतिस्थापित होने से पहले 12वीं पंचवर्षीय योजना (वर्ष 2012-17) अंतिम पंचवर्षीय योजना थी।
- पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत वर्ष 1951-56 में हुई थी।
- नीति आयोग की स्थापना 1 जनवरी, 2015 में हुई।
- 12वीं पंचवर्षीय योजना में गरीबी को 10% तक कम करने का लक्ष्य रखा गया।

114. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का प्रारूप किसने तैयार और लॉन्च किया था?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) डी. पी. धर
(b) जयप्रकाश नारायण
(c) मनमोहन सिंह
(d) बिबेक देबरॉय

Ans. (a) डी. पी. धर

- पाँचवी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1974-78) डी. पी. धर मॉडल पर आधारित थी।
- इस समय इंदिरा गाँधी भारत की प्रधानमंत्री थी
- योजना का नारा- गरीबी हटाओ।
- इसमें आत्मनिर्भरता पर ध्यान दिया गया।
- इस योजना में पर्यटन का विकास हुआ तथा काम के बदले अनाज कार्यक्रम शुरू किया गया।

115. पंचवर्षीय योजनाओं के वित्तपोषण के संदर्भ में सार्वजनिक क्षेत्र के मुकाबले निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध वित्त के स्रोतों में कौन-सा शामिल नहीं है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) कर
(b) सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थान
(c) व्यक्तियों की बचत
(d) इकिटी पूँजी के रूप में विदेशी फंड है

Ans. (a) कर

- पंचवर्षीय योजनाएँ, देश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जाती रही है।

116. निम्नलिखित में से कौन-सा पंचवर्षीय योजनाओं में औद्योगिक विकास पर बल देने का कारण नहीं था?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) उद्योग आधुनिकीकरण को बढ़ावा देता है।
(b) उद्योग को उच्च निवेश की आवश्यकता नहीं है।
(c) उद्योग समग्र समृद्धि को बढ़ावा देता है।
(d) उद्योग कृषि की तुलना में अधिक स्थिर रोजगार प्रदान करता है।

Ans. (b) उद्योग को उच्च निवेश की आवश्यकता नहीं है।

- उद्योग को उच्च निवेश की आवश्यकता न होना पंचवर्षीय योजनाओं में औद्योगिक विकास पर बल देने का कारण नहीं था।
- द्वितीय पंचवर्षीय योजना में उद्योग और परिवहन के विकास पर अधिक जोर दिया गया था।
- दूसरी योजना में भिलाई इस्पात उपयोग, दुर्गापुर स्टील प्लांट तथा राउरकेला स्टील प्लांट की स्थापना की गयी थी।

117. आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए 'गरीबी रेखा से नीचे' की जनगणना, वर्ष ..... में की गई थी।

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) 1992
(b) 1993
(c) 1990
(d) 1989

Ans. (a) 1992

- भारत में गरीबी रेखा से नीचे (BPL) रहने वाले परिवारों की पहचान पहली बार वर्ष 1992 में की गयी।
- इससे पहले वर्ष 1992, 1997, 2002 तथा वर्ष 2011 में की गयी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का प्रतिशत लगभग 22% था।

118. दूसरी पंचवर्षीय योजना का मूल उद्देश्य क्या था?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) भूमंडलीकरण
(b) निजीकरण
(c) उदारीकरण
(d) औद्योगीकरण

Ans. (d) औद्योगीकरण

- दूसरी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1956-61) का मूल उद्देश्य उद्योगों पर बल देकर तीव्र औद्योगिकीकरण तथा आर्थिक असमानताओं में कमी लाना था।
- इस योजना में भिलाई, दुर्गापुर तथा राउरकेला में इस्पात संयंत्र स्थापित किये गये।
- यह पंचवर्षीय योजना महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।
- इसमें रोजगार के अवसरों का विस्तार किया गया।

119. द्विवार्षिक योजनाएँ कब लागू की गई थीं?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) नौवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
(b) सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
(c) आठवीं पंचवर्षीय योजना के बाद
(d) छठी पंचवर्षीय योजना के बाद

Ans. (b) सातवीं पंचवर्षीय योजना के बाद

- द्विवार्षिक योजनाएँ 7वीं पंचवर्षीय योजना के बाद लागू की गई थी।
- इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादकता तथा ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना था।
- केन्द्र में तेजी से बदलती आर्थिक स्थिति के कारण वर्ष 1990 में 8वीं पंचवर्षीय योजना शुरू नहीं हो सकी, इसलिए 1990 से 1992 के वर्षों को वार्षिक योजना के रूप में माना गया।

120. चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान बैंकों के राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया पूरी हुई। इस अवधि में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) 20
(b) 6
(c) 10
(d) 14

Ans. (d) 14

- चौथी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1969-1974) के दौरान प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने 19 जुलाई, 1969 को 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया।
- चौथी पंचवर्षीय योजना गॉडगिल मॉडल पर आधारित थी।
- इस योजना के तहत हरित क्रांति को बढ़ावा दिया गया।

121. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) चौथी पंचवर्षीय योजना- गरीबी हटाओ लक्ष्य
(b) तीसरी पंचवर्षीय योजना- गाडगिल योजना
(c) दूसरी पंचवर्षीय योजना- नेहरू-महालनोबिस मॉडल
(d) प्रथम पंचवर्षीय योजना- कृषि विकास

Ans. (b) तीसरी पंचवर्षीय योजना- गाडगिल योजना

- भारत में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत वर्ष 1951 में हुई।
- भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1969-74) का उद्देश्य राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना था।
- चौथी पंचवर्षीय योजना गाडगिल मॉडल पर आधारित थी।
- दूसरी पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1956-61) उद्योगों के विकास पर आधारित थी।
- प्रथम पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1951-56) कृषि व सिंचाई विकास पर आधारित थी, यह योजना हेरॉड-डोमर मॉडल पर आधारित थी।

122. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में, योजना आयोग ने 2011-2012 तक साक्षरता में लैंगिक अंतर को ..... प्रतिशत बिंदु तक कम करने का लक्ष्य रखा था।

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) 30 (b) 20
(c) 10 (d) 40

Ans. (c) 10

- 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 2011-12 तक साक्षरता में लैंगिक अंतर को 10% तक कम करने का लक्ष्य रखा था।
- इस योजना के तहत शिक्षा से जुड़े अन्य लक्ष्यों में प्रारंभिक शिक्षा में 6-14 साल के बच्चों का सार्वभौमिक नामांकन सुनिश्चित करना भी शामिल था।

123. प्रथम पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व द्वारा संसद में प्रस्तुत की गई थी?

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(a) राजेन्द्र प्रसाद (b) पी.सी. महालनोबिस
(c) इंदिरा गाँधी (d) जवाहर लाल नेहरू

Ans. (d) जवाहर लाल नेहरू

- भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संसद में पेश किया था।
- प्रथम पंचवर्षीय योजना वर्ष 1951-56 में लागू हुई थी।
- प्रथम पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य कृषि तथा सिंचाई का विकास करना था।

124. भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में सही कथन की पहचान करें।

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(i) प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।
(ii) दूसरी पंचवर्षीय योजना में उद्योग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।
(a) (i) और (ii) दोनों
(b) केवल (i)
(c) न तो (i) और न ही (ii)
(d) केवल (ii)

Ans. (a) (i) और (ii) दोनों

- प्रथम पंचवर्षीय योजना की शुरुआत 1951 में हुई।
- प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि तथा सिंचाई को प्राथमिकता दी गयी थी।
- दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-61) में भारी उद्योगों को प्राथमिकता दी गयी।

125. सातवीं पंचवर्षीय योजना निम्नलिखित में से किस समय अवधि के लिए थी?

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(a) 1980-1985 (b) 1985-1990
(c) 1992-1997 (d) 1978-1983

Ans. (b) 1985-1990

- सातवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि- 1985-90
- सातवीं पंचवर्षीय योजना के मुख्य उद्देश्य, सामाजिक न्याय के माध्यम से बढ़ती आर्थिक उत्पादकता, खाद्यान्न का उत्पादन और रोजगार पैदा करना था।
- इस योजना का नेतृत्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने किया।

126. भारत की पहली पंचवर्षीय योजना में अनुमानित समग्र वृद्धि लक्ष्य (overall growth target) क्या था?

(D.P. Const. 02 Dec. 2023)

(a) 2.1% (b) 4.2%
(b) 1.3% (d) 3.5%

Ans. (a) 2.1%

- पहली पंचवर्षीय योजना की अनुमानित समग्र वृद्धि दर 2.1% थी, लेकिन प्राप्ति 3.6% रही।
- पहली पंचवर्षीय योजना की अवधि- वर्ष 1951-56
- **उद्देश्य**- कृषि एवं सिंचाई पर बल
- भाखड़ा बांध, हीराकुण्ड बांध तथा दामोदर घाटी परियोजना का निर्माण
- जवाहर लाल नेहरू ने बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर कहा।

127. ..... देश ने पहली बार राष्ट्रीय योजना बनाई है।

(a) भारत (b) रूस
(c) चीन (d) अमेरिका

Ans. (b) रूस

- जोसेफ स्टालिन ने वर्ष 1928 में सोवियत संघ (रूस) में पहली पंचवर्षीय योजना लागू की।
- पंचवर्षीय योजना प्रत्येक 5 वर्ष के लिए केन्द्र सरकार द्वारा देश के लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु शुरू की जाती है। पंचवर्षीय योजनाएँ केंद्रीग्त और एकीग्त राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रम है।

128. भारत में पहली पंचवर्षीय योजना..... से थी।

(a) 1951 - 1956 (b) 1950 - 1955
(c) 1947 - 1952 (d) 1949 - 1954

Ans. (a) 1951 - 1956

- 26 जनवरी, 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च, 1950 में की गई थी और 1 अप्रैल, 1951 से प्रथम पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1951–1956) की शुरूआत की गई।
- प्रथम पंचवर्षीय योजना हेरॉड-डोमर मॉडल पर आधारित थी।
- प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि पर बल दिया गया था।

129. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में ..... से संबंधित कारीगरों को 'मार्केटिंग सपोर्ट एंड सर्विसेज स्कीम' द्वारा सहयोग दिया गया था।

(a) हस्तशिल्प
(b) हथकरघा
(c) चमड़े के सामान
(d) रत्न और आभूषण

Ans. (a) हस्तशिल्प

- ग्यारहवी पंचवर्षीय योजना हस्तशिल्प से संबंधित है, जिसमें कारीगरों को मार्केटिंग सपोर्ट एंड सर्विसेज स्कीम द्वारा सहयोग दिया गया था।
- 11वीं पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य था- "तीव्र और अधिक समावेशी विकास।"
- 11वीं पंचवर्षीय योजना वर्ष 2007 से वर्ष 2012 तक चली।

130. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों

के किस समूह में उच्चतम साक्षरता दर दर्ज की गई?
(a) गोवा और लक्षद्वीप
(b) केरल और पुडुचेरी
(c) केरल और लक्षद्वीप
(d) मिजोरम और दिल्ली

Ans. (c) केरल और लक्षद्वीप

- 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की साक्षरता दर 74.04% है।
- पुरुष साक्षरता दर- 82.14%
- महिला साक्षरता दर- 65.46%
- शीर्ष पाँच राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जहाँ साक्षरता दर सबसे अधिक है, वे हैं केरल (94%), लक्षद्वीप (91.8%), मिजोरम (91.3%), गोवा (88.7%), और त्रिपुरा (87.2%)।
- पुरुष और महिला साक्षरता दर के मामले में राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की सूची में केरल की साक्षरता दर सबसे अधिक (पुरुष: 96.11%, महिला 92.1%) है।
- बिहार की साक्षरता दर सबसे कम (पुरुष: 71.2%, महिला: 51.5%) है।

131. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से राज्यों के किस समूह में सबसे अधिक जनसंख्या दर्ज की गई?
(a) तमिलनाडु और कर्नाटक
(b) महाराष्ट्र और बिहार
(c) पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश
(d) बिहार और पश्चिम बंगाल

Ans. (b) महाराष्ट्र और बिहार

- **अधिकतम जनसंख्या वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. उत्तर प्रदेश
  2. महाराष्ट्र
  3. बिहार
- **न्यूनतम जनसंख्या वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. सिक्किम
  2. मिजोरम
  3. अरुणाचल प्रदेश
- **अधिकतम जनसंख्या (केन्द्रशासित प्रदेश)** दिल्ली (1,67,87,941)
- **न्यूनतम जनसंख्या (केन्द्रशासित प्रदेश)** लक्षद्वीप (64,473)

132. भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 2001-2011 के दशक में हिंदू जनसंख्या की वृद्धि दर ..... थी।
(a) 8.6% (b) 16.8%
(c) 20.1% (d) 10.0%

Ans. (b) 16.8%

- 2001-2011 के दशक में जनसंख्या की वृद्धि दर 17.7% थी। इसी अवधि में विभिन्न धार्मिक समुदायों की जनसंख्या की वृद्धि दर इस प्रकार थी-
  - हिंदू: 16.8%
  - मुस्लिम: 24.6%
  - ईसाई: 15.5%
  - सिख: 8.4%
  - बौद्ध: 6.1%
  - जैन: 5.4%

133. भारतीय राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2022 के अनुसार, किस भारतीय राज्य में सर्वाधिक साक्षरता दर है?
(a) कर्नाटक (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) गोवा

Ans. (c) केरल

- भारतीय राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, केरल में सबसे ज्यादा साक्षरता दर है। केरल की साक्षरता दर 96.2% है।
- 2011 की जनगणना के अनुसार, साक्षरता दर
- **अधिकतम साक्षरता दर वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. केरल- 94%
  2. मिजोरम- 91.3%
  3. गोवा- 88.7%
- **न्यूनतम साक्षरता दर वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. बिहार- 61.8%
  2. अरुणाचल प्रदेश- 65.4%
  3. राजस्थान- 66.1%
- **अधिकतम साक्षरता वाला केन्द्रशासित प्रदेश** लक्षद्वीप- 91.8%
- **न्यूनतम साक्षरता वाला केन्द्रशासित प्रदेश** दादरा एवं नागर हवेली- 76.2%

134. भारत में 2011 की जनगणना कितने चरणों में हुई थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) दो (b) चार
(c) एक (d) तीन

Ans. (a) दो

- 2011 की जनगणना दो चरणों में हुई।
- पहला चरण- हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस।
- जनसंख्या गणना का दूसरा चरण 9 से 28 फरवरी, 2011 था।
- वर्ष 2011 में भारत तथा बांग्लादेश ने अपनी सीमा के साथ क्षेत्रों की पहली संयुक्त जनगणना की।
- यह भारत की 15 वीं जनगणना तथा स्वतंत्र भारत की 7वीं जनगणना थी।
- 2011 जनगणना का नारा- 'हमारी जनगणना, हमारा भविष्य'।

135. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 0-6 वर्ष की आयु की सबसे अधिक जनसंख्या वाले शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है?
(a) मध्य प्रदेश (b) केरल
(c) असम (d) महाराष्ट्र

Ans. (d) महाराष्ट्र

- बीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में अब 0-6 वर्ष आयु वर्ग के दस लाख से ज्यादा बच्चे हैं। दूसरी ओर, देश में पाँच राज्य और केंद्रशासित प्रदेश ऐसे हैं जो अभी भी एक लाख के आँकड़े तक नहीं पहुँच पाए हैं।
- उत्तर प्रदेश (29.7 मिलियन)
- बिहार (18.6 मिलियन)
- महाराष्ट्र (12.8 मिलियन)
- मध्य प्रदेश (10.5 मिलियन)
- राजस्थान (10.5 मिलियन)
- 0-6 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 52% बच्चे हैं।

136. 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्यों के किस समूह में पुरुष साक्षरता दर सर्वाधिक है?
(a) केरल और तमिलनाडु
(b) राजस्थान और बिहार
(c) केरल और मिजोरम
(d) सिक्किम और नागालैंड

Ans. (c) केरल और मिजोरम

- **अधिकतम साक्षरता दर वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. केरल- 94%
  2. मिजोरम- 91.3%
  3. गोवा- 88.7%
- **न्यूनतम साक्षरता दर वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. बिहार- 61.8%
  2. अरुणाचल प्रदेश- 65.4%
  3. राजस्थान- 66.1%
- **अधिकतम साक्षरता दर वाला केन्द्रशासित प्रदेश** लक्षद्वीप- 91.8%
- **न्यूनतम साक्षरता दर वाला केन्द्रशासित प्रदेश** दादरा एवं नागर हवेली- 76.2%
- स्वतन्त्र भारत की प्रथम जनगणना का प्रारम्भ वर्ष 1951 में हुआ था।
- स्वतन्त्र भारत की प्रथम जनगणना के समय भारत के महापंजीयक एवं आयुक्त आर.ए. गोपालस्वामी थे।
- वर्ष 2011 की जनगणना के समय भारत के महापंजीयक एवं आयुक्त डॉ. सी. चन्द्रमौली थे।

137. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का जनसंख्या घनत्व कितना था?
(a) 382 व्यक्ति/वर्ग किमी.
(b) 372 व्यक्ति/वर्ग किमी.
(c) 362 व्यक्ति/वर्ग किमी.
(d) 343 व्यक्ति/वर्ग किमी.

Ans. (a) 382 व्यक्ति/वर्ग किमी.

- 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या का घनत्व 382 व्यक्ति/वर्ग किमी. था।
- **अधिकतम जनसंख्या घनत्व वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. बिहार- 1,106 व्यक्ति/वर्ग किमी.
  2. पश्चिम बंगाल- 1,028 व्यक्ति/वर्ग किमी.
  3. केरल- 860 व्यक्ति/वर्ग किमी.
- **न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. अरुणाचल प्रदेश- 17 व्यक्ति/वर्ग किमी.
  2. मिजोरम- 52 व्यक्ति/वर्ग किमी.
  3. सिक्किम- 86 व्यक्ति/वर्ग किमी.
- **अधिकतम जनसंख्या घनत्व वाला केन्द्रशासित प्रदेश**
  दिल्ली- 11,320 व्यक्ति/वर्ग किमी.
- **न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला केन्द्रशासित प्रदेश**
  अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह- 46 व्यक्ति/वर्ग किमी.

138. भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्यों के निम्न में से किस समूह में सबसे कम पुरुष साक्षरता दर दर्ज की गई?
(a) अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा
(b) बिहार और राजस्थान
(c) राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश
(d) बिहार और अरुणाचल प्रदेश

Ans. (d) बिहार और अरुणाचल प्रदेश

- **2011 की जनसंख्या के अनुसार-**
- बिहार की कुल साक्षरता दर 61.8% जो न्यूनतम है।
  (पुरुष साक्षरता दर 71.20% और महिला साक्षरता दर 51.50%)
- अरुणाचल प्रदेश की कुल साक्षरता दर 65.4% है ।
  (पुरुष साक्षरता दर 72.55% और महिला साक्षरता दर 57.70%)
- **अधिकतम साक्षरता दर वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. केरल- 94%
  2. मिजोरम- 91.3%
  3. गोवा- 88.7%
- **न्यूनतम साक्षरता दर वाले शीर्ष तीन राज्य**
  1. बिहार- 61.8%
  2. अरुणाचल प्रदेश- 65.4%
  3. राजस्थान- 66.1%
- **अधिकतम साक्षरता दर वाला केन्द्रशासित प्रदेश**
  लक्षद्वीप- 91.8%
- **न्यूनतम साक्षरता दर वाला केन्द्रशासित प्रदेश**
  दादरा एवं नागर हवेली- 76.2%

139. वर्ष 1824 में जेम्स प्रिंसेप ने भारत के किस शहर में जनगणना की थी?
(a) इलाहाबाद (b) बॉम्बे
(c) बनारस (d) कलकत्ता

Ans. (a) इलाहाबाद

- वर्ष 1824 में इलाहाबाद शहर में और वर्ष 1827-28 में जेम्स प्रिंसेप द्वारा बनारस शहर में जनगणना की गई थी।
- भारत में जनगणना का प्रारंभ वर्ष 1872 में मेयो के कार्यकाल में हुआ।
- भारत में नियमित जनगणना का प्रारंभ वर्ष 1881 में रिपन के कार्यकाल में हुआ।
- जनगणना, भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में अनुच्छेद 246 के अंतर्गत संघ सूची का विषय है।
- 2011 की जनगणना 21वीं शताब्दी की दूसरी जनगणना थी।

140. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में, देश में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक है?
(a) नागालैंड (b) उत्तर प्रदेश
(c) मिजोरम (d) मध्य प्रदेश

Ans. (c) मिजोरम

- 2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजाति का अधिकतम अनुपात निम्नलिखित राज्यों में है:-
- मिजोरम- 94.4%
- नागालैंड- 86.5%
- मेघालय- 86.1%
- अरुणाचल प्रदेश- 68.8%
- लक्षद्वीप ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है जिसमें अनुसूचित जनजाति जनसंख्या 94.8% है और यह केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक है।

141. भारत में गरीबी का आकलन राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) द्वारा किए गए सर्वेक्षणों पर आधारित है। एनएसएसओ किस मंत्रालय के तहत कार्य करता है?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
(a) श्रम और रोजगार मंत्रालय
(b) वित्त मंत्रालय
(c) सांख्यिकी और कार्यान्वयन मंत्रालय
(d) उपभोक्ता मामले मंत्रालय

Ans. (c) सांख्यिकी और कार्यान्वयन मंत्रालय

- गरीबी का आकलन भारत नीति आयोग की टास्क फोर्स द्वारा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा एकत्र किये गये डेटा के आधार पर किया जाता है।

गरीबी आंकलन हेतु बनी कुछ समितियाँ
- अलघ समिति- वर्ष 1977 में गठित तथा वर्ष 1979 में रिपोर्ट प्रस्तुत।
- लकड़ावाला समिति- वर्ष 1989 में गठित तथा वर्ष 1993 में रिपोर्ट प्रस्तुत।
- तेंदुलकर समिति - वर्ष 2005 में गठित तथा वर्ष 2009 में रिपोर्ट प्रस्तुत।
- रंगराजन समिति - वर्ष 2012 में गठित तथा वर्ष 2014 में रिपोर्ट प्रस्तुत।

142. ..... आर्थिक गतिविधियों में मंदी या बड़े पैमाने पर संकुचन की स्थिति होती है।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मंदी
(b) मुद्रास्फीतिजनित मंदी
(c) प्रत्यवस्फीति
(d) मुद्रास्फीति

Ans. (a) मंदी

- मंदी का अर्थ है- आर्थिक गतिविधियों में भारी कमी या संकुचन।
- मंदी के दौरान खर्च में काफी गिरावट आ जाती है।
- **मंदी के निम्न लक्षण है-**
  - कुल उत्पादन में कम से कम 2 तिमाहियों तक संकुचन, नौकरियों में कमी, मांग में कमी।
  - GDP, कॉर्पोरेट लाभ तथा रोजगार में गिरावट आदि।

143. मुद्रास्फीति जनित मंदी, निम्नलिखित में से किसका विशिष्ट संयोजन होती है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) अवरूद्ध विकास और गिरती हुई मुद्रास्फीति
(b) अवरूद्ध उत्पादकता किंतु स्थिर मुद्रास्फीति
(c) अवरूद्ध विकास और बढ़ती हुई मुद्रास्फीति
(d) अवरूद्ध उत्पादकता और बढ़ती हुई मुद्रास्फीति

Ans. (c) अवरूद्ध विकास और बढ़ती हुई मुद्रास्फीति

- मुद्रास्फीति जनित मंदी अवरुद्ध विकास और बढ़ती हुई मुद्रास्फीति का संयोजन है।
- यह मंदी तब उत्पन्न होती है जब आर्थिक विकास धीमा हो जाता है और बेरोजगारी की दर बढ़ती है।
- **मुद्रास्फीति जनित मंदी के उदाहरण-**
  - 1970 के दशक में तेल की कीमतों में तीन गुना वृद्धि।
  - 2008 में तेल की कीमतों में वृद्धि और वैश्विक मंदी की शुरूआत के बाद कुछ हद तक मुद्रास्फीति जनित मंदी आयी।

144. सामान्य मूल्य स्तर में एक सतत वृद्धि को ..... के रूप में जाना जाता है।

(a) मुद्रास्फीति
(b) वित्तीय संकट
(c) अपस्फीति
(d) मुद्रास्फीतिजनित मंदी

Ans. (a) मुद्रास्फीति

- अर्थव्यवस्था में सामान्य मूल्य स्तर पर सतत (अर्थात् निरंतर और गैर-मौसमी) वृद्धि को मुद्रास्फीति कहा जाता है।
- अर्थव्यवस्था की वह स्थिति जब बहुत अधिक धन से बहुत कम वस्तुएँ एवं सेवाएँ खरीदी जाती है और धन की क्रयशक्ति में गिरावट आती है, तब इस स्थिति को मुद्रास्फीति कहा जाता है।

145. निम्न में से कौन-सा एक मंदी के कारण दिखने वाला लक्षण नहीं है?
(a) रोजगार दर में गिरावट
(b) उद्योग कीमतों को कम करना शुरू कर देते हैं।
(c) मुद्रास्फीति में उछाल
(d) मांग में सामान्य गिरावट

Ans. (c) मुद्रास्फीति में उछाल

- **मुद्रास्फीति :** मुद्रास्फीति वह हैं, जब वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होती है।

146. सरकारी आय का राष्ट्रीय योजना से अधिक अतिरिक्त व्यय कहलाता है-
(a) मुद्रास्फीति कर
(b) मुद्रास्फीति अंतराल
(c) मुद्रास्फीति स्पायरल
(d) अपस्फीति अंतराल

Ans. (b) मुद्रास्फीति अंतराल

- एक मुद्रास्फीति अंतर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और जीडीपी में मौजूदा स्तर के बीच अंतराल को मापता है। मुद्रा स्फीति अंतराल से तात्पर्य होता है किसी अर्थव्यवस्था का पूर्ण रोजगार पर आधारित होना।

147. सितंबर, वर्ष 2020 में ..... बैंक ने स्टार्टअप्स कंपनियों के लिए 'iStartup2.0' नामक कार्यक्रम प्रारंभ किया, जो बैंकिंग के अलावा उनकी इतर बैंकिंग आवश्यकताओं की भी पूर्ति करता है।
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) यूको
(b) आई.सी.आई.सी.आई.
(c) केनरा
(d) पंजाब नेशनल

Ans. (b) आई.सी.आई.सी.आई.

- 'istartup 2.0' ग्राहकों को एक चालू खाता प्रदान करता है, जो तीन प्रकार से उपलब्ध है- प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर।
- ICICI बैंक के सीईओ- संदीप बख्शी
- मुख्यालय - मुम्बई
- ICICI बैंक ने कंपनियों के स्टार्टअप्स के लिए istartup 2.0 नाम का कार्यक्रम शुरू किया, जो उनकी बैंकिंग के साथ-साथ दूसरी आवश्यकताओं का ध्यान रखता है।

148. निम्नलिखित में से किस बैंक का इंडियन बैंक में विलय किया गया, जो 1 अप्रैल 2020 से प्रभावी हो गया?
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
(b) कॉर्पोरेशन बैंक
(c) इलाहाबाद बैंक
(d) सिंडीकेट बैंक

Ans. (c) इलाहाबाद बैंक

- इलाहाबाद बैंक का विलय 1 अप्रैल, 2020 को इंडियन बैंक में कर दिया गया।
- 1 अप्रैल, 2020 को कुछ और अन्य बैंकों का भी विलय हुआ जो निम्न हैं-
- ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का विलय पंजाब नेशनल बैंक में हुआ।
- सिंडिकेट बैंक का विलय केनरा बैंक में हुआ।
- आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का विलय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हुआ।

149. अगस्त 2020 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक भारत में एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक नहीं था?
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) पंजाब नेशनल बैंक
(b) केनरा बैंक
(c) कोटक महिंद्रा बैंक
(d) इंडियन बैंक

Ans. (c) कोटक महिंद्रा बैंक

- कोटक महिंद्रा बैंक भारत में कार्यरत निजी क्षेत्र का बैंक है।
- स्थापना - वर्ष 1985
- मुख्यालय - मुम्बई
- 2015 से आईएनजी वैश्य बैंक का विलय कोटक महिंद्रा में हो गया।
- पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना - वर्ष 1894
- केनरा बैंक की स्थापना - वर्ष 1906
- इंडियन बैंक की स्थापना - वर्ष 1907

150. EASE 2.0 बैंकिंग सुधार सूचकांक के अनुसार, सितंबर 2020 में निम्नलिखित में से किस बैंक को 'शीर्ष सुधारकर्ता' श्रेणी में पुरस्कृत किया गया?
(D.P. Const. 9 Dec. 2020)
(a) आई.डी.बी.आई. बैंक
(b) बैंक ऑफ महाराष्ट्र
(c) बैंक ऑफ बड़ौदा
(d) भारतीय स्टेट बैंक

Ans. (c) बैंक ऑफ बड़ौदा

- EASE 2.0 बैंकिंग सुधार सूचकांक विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रदर्शन पर प्रकाश डालता है।
- इस सूचकांक के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंकों में शीर्ष तीन बैंक क्रमशः बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक और ओरिएंटल कॉमर्स (पंजाब नेशनल बैंक में विलय से पूर्व) को सम्मानित किया गया।
- EASE 2.0 एजेंडा का उद्देश्य स्वच्छ और स्मार्ट बैंकिंग को संस्थागत बनाना है।
- EASE सूचकांक बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप तथा भारतीय बैंक संघ के सहयोग से तैयार किया गया है।

151. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) का मुख्यालय निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) दिल्ली (b) कोलकाता
(c) मुंबई (d) बेंगलुरु

Ans. (c) मुंबई

- NABARD का पूर्ण रूप- National Bank For Agriculture and Rural Development
- स्थापना - 12 जुलाई, 1982
- मुख्यालय - मुंबई
- इसकी स्थापना राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 के तहत की गई थी।
- इसका मुख्य कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऋणदाता संस्थाओं को पुनर्वित्त उपलब्ध कराना है।

152. निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक के उदारीकरण के कारण उसके हिस्से के रूप में निजी क्षेत्र का एक बैंक स्थापित करने वाला पहला बैंक था?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) SBI बैंक (b) HDFC बैंक
(c) ICICI बैंक (d) पंजाब नेशनल बैंक

Ans. (b) HDFC बैंक

- भारतीय रिज़र्व बैंक के उदारीकरण के कारण निजी क्षेत्र का बैंक स्थापित करने वाला पहला बैंक HDFC बैंक था।
- RBI ने निजी क्षेत्र के 10 बैंकों को देश में स्थापना हेतु लाइसेंस प्रदान किया।
- HDFC की स्थापना - अगस्त, 1994
- ICICI की स्थापना - जनवरी, 1955

- PNB की स्थापना - मई, 1894 (बैंक ने 12 अप्रैल, 1895 को अपना कारोबार प्रारंभ किया।)
- SBI की स्थापना - जुलाई, 1955

153. HDFC बैंक का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) पटना (b) बेंगलुरु
(c) नई दिल्ली (d) मुंबई

Ans. (d) मुंबई

- HDFC का पूर्ण रूप - Housing Development Finance Corporation
- स्थापना - वर्ष 1994
- मुख्यालय - मुम्बई
- HDFC भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट बैंक है।

154. निम्नलिखित में से किस समिति ने इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (EFT) प्रणाली स्थापित किए जाने की अनुशंसा की थी?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) रंगराजन समिति 1988
(b) शीर समिति 1995
(c) सराफ समिति 1994
(d) उर्जित पटेल समिति 2014

Ans. (b) शीर समिति 1995

बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित प्रमुख समितियाँ

समिति	विषय
रंगराजन समिति, 1988	भारतीय बैंकों में कम्प्यूटरीकरण
शीर समिति, 1995	इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर प्रणाली
सराफ समिति, 1994	भारतीय बैंकों का आधुनिकीकरण
उर्जित पटेल समिति, 2014	मौद्रिक नीति समिति की स्थापना

155. आई.एफ.एस.सी. (IFSC) कोड ..... अंकों वाला, संख्याओं और अक्षरों से निर्मित कूट होता है, जो विशिष्ट रूप से किसी बैंक की शाखा को चिह्नित करता है।
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) 8 (b) 10
(c) 9 (d) 11

Ans. (d) 11

- IFSC कोड, अंकों तथा अंग्रेजी के अक्षरों से मिलकर बना होता है।
- IFSC कोड में 11 यूनिक अंक होते हैं।
- यह किसी बैंक शाखा को पहचानने के लिए प्रयोग किया जाता है।
- IFSC का पूर्ण रूप - Indian Financial System Code
- IFSC में पहले चार अक्षर बैंक के नाम को दर्शाते हैं।
- पाँचवा अक्षर हमेशा 0 होता है।
- आखिरी 6 अंक शाखा के कोड को बताते हैं।

156. निम्नलिखित में से किस संगठन ने अगस्त 2020 में एक ऋण पुनर्गठन योजना की घोषणा की?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) नीति आयोग
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

Ans. (d) भारतीय रिज़र्व बैंक

- अगस्त, 2020 को RBI ने कर्ज चुकता न करने की स्थिति में पहुँचे उधारकर्ताओं के लिए ऋण पुनर्गठन योजना को मंजूरी दी है।
- इसको कोविड-19 सम्बन्धित तनाव के लिए संकल्प योजना रूपरेखा कहा गया है।

157. निम्नलिखित में से किस वर्ष में, बैंकिंग विनियमन, 1949 में से 'जम्मू एवं कश्मीर राज्य को छोड़कर' शब्द हटा दिया गया?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) 1950 (b) 1955
(c) 1956 (d) 1952

Ans. (c) 1956

- बैंकिंग विनिमय अधिनियम, 1949 भारत में एक कानून है, जो भारत की सभी बैंकिंग कंपनियों को नियंत्रित करता है।
- यह 16 मार्च, 1949 को बैंकिंग कंपनी एक्ट के रूप में लागू हुआ था।
- यह 1 मार्च, 1966 से बैंकिंग विनिमय अधिनियम, 1949 में परिवर्तित हो गया।
- यह अधिनियम 1956 से जम्मू-कश्मीर में लागू हुआ।
- वर्ष 1965 में इसे सहकारी बैंकों पर लागू करने तथा अन्य बदलाव के लिए इसमें संशोधन किया गया।

158. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, विश्व में उभरते ग्रीन बॉन्ड बाजार के रूप में भारत का स्थान निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) पहला (b) तीसरा
(c) दूसरा (d) चौथा

Ans. (c) दूसरा

- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, भारत 10.3 बिलियन डॉलर के लेनदेन के साथ ग्रीन बॉन्ड के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है।
- आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि चीन के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा उभरता हुआ ग्रीन बॉन्ड बाजार है।
- भारत में निजी क्षेत्र में अपने सबसे ज्यादा ग्रीन बॉन्ड जारी किए हैं।

159. केंद्रीय बैंक द्वारा, मुद्रा आपूर्ति बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प अपनाया जाता है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) यह करों को कम करता है।
(b) यह अधिक नकदी रखने को प्रोत्साहन देता है।
(c) यह खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदता है।
(d) यह सरकार के व्यय में वृद्धि करता है।

Ans. (c) यह खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदता है।

- केन्द्रीय बैंक मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाने के लिए खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीदता है, इससे बाजार में धन की आपूर्ति में बढ़ोत्तरी होती है।
- केन्द्रीय बैंक मुद्रा आपूर्ति को कम करने के लिए खुले बाजार में बॉन्ड बेचता है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत का केन्द्रीय बैंक है।
- RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 में हुई।

160. NEFT वह प्रणाली है जिसमें किसी विशेष समय तक प्राप्त लेनदेन को समूह (बैच) में संसाधित किया जाता है। NEFT का पूर्ण रूप क्या है?
(a) National Electronic Funds Transaction (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांजैक्शन)
(b) National Electronic Funds Transfer (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर)
(c) National Economic Funds Transaction (नेशनल इकोनॉमिक फंड्स ट्रांजैक्शन)
(d) National Economic Financial Transfers (नेशनल इकोनॉमिक फाइनेंशियल ट्रांसफर्स)

Ans. (b) National Electronic Funds Transfer (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर)

- NEFT - National Electronic Funds Transfer
- यह एक इलेक्ट्रानिक भुगतान प्रणाली है, जिसके तहत एक बैंक से दूसरे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर किये जा सकते हैं।
- NEFT, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित की जाती है।
- NEFT से पैसे ट्रांसफर करने की कोई न्यूनतम या अधिकतम सीमा नहीं है।

- RBI ने NEFT प्रणाली की शुरुआत वर्ष 2005 में की।

161. भारतीय बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?
(a) 1998 (b) 1994
(c) 2001 (d) 1996

Ans. (a) 1998

- किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत वर्ष 1998 में हुई थी।
- बजट 2018-19 में सरकार ने मत्स्यपालन और पशुपालन करने वाले किसानों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की।
- यह योजना राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) द्वारा आर.वी. गुप्ता समिति की सिफारिशों पर तैयार की गयी थी।

162. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष 2018 में महात्मा गाँधी की (नई) श्रृंखला में जारी दस रूपए के मूल्यवर्ग वाले बैंक नोटों का आधार रंग निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) स्लेटी (b) चमकदार पीला
(c) चमकदार नीला (d) चॉकलेटी भूरा

Ans. (d) चॉकलेटी भूरा

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा जारी 10 रूपये के नोट का आधार का रंग चॉकलेटी भूरा है।
- 10 रुपये के नोट पर कोणार्क सूर्य मंदिर का चित्र अंकित है।
- 20 रुपये के नोट का रंग हरा पीला होता है, जिस पर एलोरा की गुफाओं का चित्र है।
- 50 रूपये के नोट का रंग फ्लोरोसेंट नीला, तथा पत्थर से बना हम्पी का रथ वाला चित्र है।
- 100 रुपये के नोट का रंग लेवेंडर तथा रानी की वाव का चित्र अंकित होता है।
- 200 रुपये के नोट का रंग चमकीला पीला होता है, जिस पर साँची का स्तूप का चित्र है।
- 500 रुपये के नोट का रंग स्टोन ग्रे, चित्र लाल किला।

163. भारत सरकार द्वारा बैंकों, डाकघरों, सी. एस. सी. (कॉमन सर्विस सेंटर), आदि जैसे सभी सेवा प्रदाताओं में से किसी भी वित्तीय सेवा संपर्क बिंदु का पता लगाने के लिए नागरिक अभिकेंद्रित एक प्लेटफार्म प्रदान करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा मोबाइल ऐप्लिकेशन विकसित किया गया है?
(a) जन धन दर्शक (Jan Dhan Darshak)
(b) उमंग (UMANG)
(c) मदद (MADAD)
(d) डिजी लॉकर (Digi Locker)

Ans. (a) जन धन दर्शक (Jan Dhan Darshak)

- जन धन दर्शक, यह ऐप्लिकेशन देश में किसी दिये गये स्थान पर वित्तीय सेवा टच प्वांइट का पता लगाने हेतु आम लोगों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है।
- यह ऐप, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र ने संयुक्त रूप से वित्तीय समावेशन पहल के रूप में विकसित किया है।

164. निम्नलिखित में से किसने अक्टूबर 2020 में एच.डी.एफ.सी. बैंक के प्रबंध निदेशक का पद त्याग दिया?
(a) राकेश शर्मा (b) रजनीश कुमार
(c) आदित्य पुरी (d) ए.एस. राजीव

Ans. (c) आदित्य पुरी

- आदित्य पुरी ने अक्टूबर 2020 में HDFC बैंक के प्रबंध निदेशक के पद से त्यागपत्र दे दिया।
- HDFC बैंक के नये प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन है।
- HDFC का पूर्णरूप - Housing Development Finance Corporation
- HDFC बैंक सम्पत्ति के मामले में भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है।

165. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लीड बैंक योजना की शुरुआत किस वर्ष में की गई थी?
(a) 1964 (b) 1973
(c) 1969 (d) 1975

Ans. (c) 1969

- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लीड बैंक योजना की शुरुआत वर्ष 1969 में की गयी।
- गाडगिल अध्ययन समूह तथा बैंकर्स समिति दोनों की सिफारिश के आधार पर इसकी स्थापना हुई।
- जिला ऋण योजनाओं की तैयारी और उनके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए वर्ष 1979 में एक अग्रणी बैंक अधिकारी (एलबीओ) को नियुक्त किया गया था, जिसे अब अग्रणी जिला प्रबंधक के रूप में नामित किया गया है।

166. भारतीय बैंक नोटों पर निम्नलिखित में से कौन सा उपबंध अंकित होता है?
(a) मैं विस्तार करने का वचन देता हूँ।
(b) मैं बात करने का वचन देता हूँ।
(c) मैं भारत की मुद्रा हूँ।
(d) मैं भुगतान करने का वचन देता हूँ।

Ans. (d) मैं भुगतान करने का वचन देता हूँ।

- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 में हुई।
- भारतीय बैंक नोटों पर लिखा होता है- "मैं धारक को भुगतान करने का वचन देता हूँ।"
- नोट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं।
- नोटों पर रिज़र्व बैंक के गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं।
- 1 रुपये के नोट पर वित्त मंत्री (वित्त मंत्रालय) के हस्ताक्षर होते हैं।

167. भारतीय रिज़र्व बैंक की प्रस्तावना के अनुसार, आर.बी.आई. (RBI) में .....से अधिक डिप्टी गवर्नर नहीं हो सकते हैं।
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) एक (b) चार
(c) दो (d) तीन

Ans. (b) चार

- रिज़र्व बैंक के कामकाज की देखरेख केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा की जाती है, जिसकी नियुक्ति RBI अधिनियम के तहत भारत सरकार द्वारा की जाती है।
- RBI में 1 गर्वनर तथा अधिकतम 4 उप-गवर्नर होते हैं।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के तहत RBI की स्थापना की गई।
- 26वें RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा है, जिन्होंने शक्तिकान्त दास का स्थान लिया है।

168. आर.बी.आई. (RBI) का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष में किया गया था?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) 1971 (b) 1956
(c) 1935 (d) 1949

Ans. (d) 1949

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी, 1949 को किया गया।
- RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत हुई थी।
- इसकी शुरुआती पूँजी 5 करोड़ रुपये थी।
- RBI के पहले गवर्नर ओसबोर्न स्मिथ थे।
- सी.डी. देशमुख RBI के पहले भारतीय गवर्नर थे।
- RBI की स्थापना हिल्टन यंग समिति की सिफारिश पर हुई थी।

169. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee) में कुल कितने सदस्य होते हैं?
(D.P. Const. 3 Dec. 2020)
(a) पाँच (b) चार
(c) सात (d) छह

Ans. (d) छह

- RBI की मौद्रिक नीति समिति में 6 सदस्य होते हैं।
- इसमें 3 सदस्य RBI के तथा 3 सदस्य भारत सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।

- RBI के 3 सदस्यों में गवर्नर, डिप्टी गवर्नर तथा केन्द्रीय बोर्ड द्वारा नामित एक अधिकारी होते हैं।
- इस समिति की बैठक वर्ष में 4 बार होती है।
- इसका गठन वर्ष 2016 में किया गया।

170. आरबीआई (RBI) अधिनियम, 1934 की .... अनुसूची के अंतर्गत शामिल बैंकों को 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक' कहा जाता है।

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) चौथी (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) पहली

Ans. (b) दूसरी

- RBI अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल बैंको को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक कहा जाता है।
- इसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक तथा अनुसूचित सहकारी बैंक शामिल हैं।
- RBI केवल उन बैंको को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का दर्जा देता है जो अधिनियम की धारा 42(6)(ए) के तहत तय मानदंडों को पूरा करते हैं।

171. सिबिल (CIBIL) के संक्षिप्त नाम से जाना जाने वाला अभिकरण (एजेंसी) निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) बीमा क्षेत्र (b) बैंकिंग क्षेत्र
(c) शर्करा क्षेत्र (d) वाहन क्षेत्र

Ans. (b) बैंकिंग क्षेत्र

- CIBIL, क्रेडिट इंफॉर्मेशन ब्यूरो इंडिया लिमिटेड के क्रेडिट से जुड़ा संगठन है।
- CIBIL भारत के नागरिकों और कारोबारियों के क्रेडिट का डाटाबेस रखता है।
- CIBIL स्कोर 300 से 900 के बीच तीन अंको का नंबर होता है।
- CIBIL की शुरूआत वर्ष 2000 से हुई।
- CIBIL का पूरा नाम- क्रेडिट इंफार्मेशन ब्यूरो लिमिटेड।

172. भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रबंधन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड भारतीय
(b) भारतीय बैंक संघ
(c) भारतीय रिज़र्व बैंक
(d) केन्द्रीय वित्त मंत्रालय

Ans. (c) भारतीय रिज़र्व बैंक

- अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रबन्धन भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा किया जाता है।
- RBI बैंक नोटों के निर्गम को विनियमित करता है और रिज़र्व बनाये रखता है।
- RBI विदेशी मुद्रा बाजार को विनियमित और प्रबंधित करता है।
- RBI आर्थिक और मौद्रिक नीति से जुड़े मामलों पर सरकार को सलाह देता है।
- RBI देश की मौद्रिक और ऋण प्रणाली का संचालन करता है।

173. जिस दर पर किसी देश का केन्द्रीय बैंक अपने क्षेत्र में वाणिज्यिक बैंकों से धन उधार लेता है, उसे निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) रिवर्स रेपो दर
(b) द्वितीयक ऋण दर
(c) रेपो दर
(d) प्राथमिक ऋण दर

Ans. (a) रिवर्स रेपो दर

- रिवर्स रेपो दर वह ब्याज दर होती है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंको से धन उधार लेता है।
- यह मौद्रिक नीति का एक साधन है, जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था में तरलता और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। रिवर्स रेपो दर बाजार में मौजूद अतिरिक्त तरलता को कम करने का एक तरीका है, इससे निवेशकों की उधार लेने की क्षमता कम हो जाती है।

174. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक का वर्ष 1949 में राष्ट्रीयकरण किया गया।
(b) रिज़र्व बैंक ने अप्रैल, 1947 तक पाकिस्तान के केन्द्रीय बैंक के रूप में कार्य किया।
(c) भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना हिल्टन यंग आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर की गई थी।
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1 अप्रैल, 1935 को अपना प्रचालन आरंभ किया।

Ans. (b) रिज़र्व बैंक ने अप्रैल, 1947 तक पाकिस्तान के केन्द्रीय बैंक के रूप में कार्य किया।

- रिज़र्व बैंक ने अप्रैल, 1947 तक बर्मा (म्याँमार) के केन्द्रीय बैंक के रूप में कार्य किया था ना कि पाकिस्तान के केन्द्रीय बैंक के रूप में।
- RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 में हुई थी।
- RBI का राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी, 1949 में हुआ।
- RBI के पहले भारतीय गवर्नर सर सी. डी. देशमुख (वर्ष 1943) थे।

175. बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा ..... भारत में निगमित किसी बैंकिंग कंपनी को अपने बोर्ड में किसी ऐसे व्यक्ति को निदेशक नियुक्त करने से निषिद्ध करती है, जो किसी अन्य बैंकिंग कंपनी का निदेशक हो।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) 16 (b) 18
(c) 15 (d) 17

Ans. (a) 16

- बैंकिंग विनिमय अधिनियम, 1949 की धारा 16 के अनुसार, भारत में निगमित किसी भी बैंकिंग कम्पनी के बोर्ड में किसी ऐसे व्यक्ति को निदेशक नियुक्त नहीं किया जा सकता जो किसी दूसरी बैंकिंग कम्पनी का निदेशक हो।

176. अगस्त 2020 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत में बैंक की चेक संख्या में ..... अंक होते हैं।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) सात (b) पाँच
(c) छह (d) आठ

Ans. (c) छह

- भारत में बैंक चैक पर लिखा जाने वाला नंबर 6 अंकों का होता है।
- यह चैक की पहचान के लिए उपयोग किया जाता है, यह चैक पर नीचे की ओर बायीं तरफ होता है।
- चैक पर लिखे गये नंबरों में से एक MICR कोड होता है, यह 9 अंकों का होता है।
- MICR कोड के पहले तीन अंक शहर का कोड, अगले तीन अंक बैंक का कोड तथा आखिरी तीन अंक शाखा कोड को दर्शाते हैं।

177. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था में तरलता और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित में से किस मौद्रिक नीति साधन का उपयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2020)

(a) वैधानिक तरलता अनुपात
(b) आरक्षित नकदी निधि अनुपात
(c) पुनः खरीद दर
(d) उत्क्रमपुनः खरीद दर रिवर्स रेपो रेट

Ans. (a) वैधानिक तरलता अनुपात

- आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) एक मौद्रिक नीति साधन है जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था में तरलता और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- रिवर्स रेपो रेट बाजार में तरलता को कम करने का एक तरीका है, इससे निवेशकों की उधार लेने की क्षमता कम होती है।

178. RTGS में लेनदेन (ट्रांजेक्शन) को RTGS व्यावसायिक घंटों के दौरान ट्रांजेक्शन-दर-ट्रांजेक्शन के आधार पर निरंतर संसाधित किया जाता है। RTGS का पूर्ण रूप क्या है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2020)

(a) रैपिड ट्रांसफर ग्रॉस सेटलमेंट
(b) रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट
(c) रेपिड ट्रांजेक्शंस गवर्नमेंट सेटलमेंट
(d) रियल ट्रांजेक्शंस ग्रॉस सेटलमेंट

Ans. (b) रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट

- RTGS का पूर्णरूप- Real Time Gross settlement
- यह एक बैंकिंग प्रणाली है जिसके द्वारा बैंकों के बीच बिना किसी देरी के या ब्याज के तुरंत पैसे ट्रांसफर किये जा सकते है।
- RTGS के द्वारा, धन हस्तांतरण का लेन-देन कानूनी रूप से समर्थित होता है।
- RTGS की शुरुआत भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2004 में की थी।

179. ..... कुल जमाओं (Deposits) का वह निश्चित प्रतिशत होता है, जो बैंकों को केन्द्रीय बैंक के पास रखना होता है।

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) सांविधिक तरलता अनुपात
(b) पुनः खरीद दर
(c) प्रत्यावर्ती पुनः खरीद दर
(d) नकद आरक्षित अनुपात

Ans. (d) नकद आरक्षित अनुपात

- नकद आरक्षित अनुपात (Cash Reserve Ratio-CRR) बैंकों की कुल जमा राशि का वह प्रतिशत भाग होता है, जिसे उन्हें RBI के पास रखना होता है।
- CRR बैंकिंग क्षेत्र में जोखिम कम करने का एक उपाय है।
- CRR रेट बढ़ने से वाणिज्यिक बैंको को अपने डिपॉजिट का ज्यादा हिस्सा कैश रिज़र्व के रूप में रखना पड़ता है।
- CRR को कम करने पर बैंको के पास ऋण बाँटने के लिए धन बढ़ जाता है वर्तमान में (दिसंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार) CRR की दर 4% है।

180. सितंबर 2020 में, निम्नलिखित में से किसे 1 अक्टूबर, 2020 से तीन वर्षों की अवधि के लिए केरल स्थित दक्षिण भारतीय बैंक के एम. डी. और सी.ई.ओ. के रूप में नियुक्त किया गया था?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) फैजाद भरूची (b) मुरली रामकृष्णन
(c) राणा कपूर (d) रोमेश सोबती

Ans. (b) मुरली रामकृष्णन

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1 अक्टूबर, 2020 में मुरली रामकृष्णन को दक्षिण भारतीय बैंक का MD व CEO नियुक्त किया था।
- रामकृष्णन वर्ष 2020 को ICICI बैंक से राजनीतिक परियोजना समूह में वरिष्ठ महाप्रबंधक के रूप में सेवानिवृत हुए थे।
- उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर, 2023 से तीन वर्ष की अवधि के लिये इस बैंक के MD एवं CEO के रूप में पी.आर. शेषाद्रि को नियुक्त किया गया है।

181. .....में विमुद्रीकरण भारत सरकार द्वारा की गई एक नई पहल थी।

(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) नवंबर, 2016 (b) अक्टूबर, 2018
(c) जनवरी, 2017 (d) दिसंबर, 2015

Ans. (a) नवंबर, 2016

- 8 नवंबर, 2016 को भारत सरकार ने ₹500 और ₹1000 के नोटों के विमुद्रीकरण की घोषणा की थी।
- भारत में अब तक तीन बार विमुद्रीकरण (नोटबंदी) किया गया है-
  1. वर्ष 1946 में ₹1000 तथा ₹10000 के नोट बंद किए गये।
  2. वर्ष 1978 मे ₹1000 तथा ₹5000 एवं ₹10000 के नोट बंद किए गये।
  3. वर्ष 2016 मे ₹500 तथा ₹1000 के नोट बंद किए गये।
- इस नोटबंदी का उद्देश्य काले धन पर लगाम लगाना था।

182. पैन (PAN) ..... अंकीय एक अद्वितीय अक्षरांकीय संख्या होती है, जिसे आयकर विभाग द्वारा जारी किया जाता है।

(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 8

Ans. (a) 10

- PAN– Permanent Account Number
- इस पर 10 अंको का अल्फान्यूमेरिक नंबर होता है।
- इसमें पहले 5 अक्षर अंग्रेजी के होते हैं, इसके बाद 4 गणितीय अंक होते हैं तथा आखिर में एक अक्षर होता है।
- पैन कार्ड, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जारी करता है।

183. भारत ने किस वर्ष अंतरिम अवधि के लिए दोहरी विनिमय दर को अपनाया?

(D.P. Const. 14 Dec. 2023)

(a) 1992 में (b) 1996 में
(c) 1990 में (d) 1994 में

Ans. (a) 1992 में

- भारत सरकार ने वर्ष 1992 में उदारीग्त विनिमय दर प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की थी। दोहरी विनिमय दर प्रणाली में एक मुद्रा के लिए अलग-अलग लेन-देन पर अलग-अलग विनिमय दरें लागू होती हैं।
- दोहरी विनिमय प्रणाली को लागू करने का उद्देश्य मुद्रा प्रबन्धन तथा देश के आर्थिक हितों की रक्षा करना होता है।

184. जब सरकार मुद्रा की आपूर्ति में वृद्धि करना चाहती है, तो वह:

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) सरकारी बॉन्ड बेचती है।
(b) आरक्षित नकदी निधि अनुपात में वृद्धि करती है।
(c) सांविधिक चलनिधि अनुपात में वृद्धि करती है।
(d) सरकारी बॉण्ड खरीदती है।

Ans. (d) सरकारी बॉण्ड खरीदती है।

- सरकार जब मुद्रा आपूर्ति बढ़ाना चाहती है, तो वह बाजार से सरकारी प्रतिभूतियों की खरीदारी करती है।
- मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि से ब्याज दरें कम होती है।
- मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने का काम RBI करता है।

185. वस्तु विनिमय प्रणाली (बार्टर सिस्टम) से आप क्या समझते हैं?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) कोई खरीद या बिक्री नहीं
(b) वस्तु के बदले वस्तु की खरीद और बिक्री
(c) मुद्रा के बदले वस्तु की खरीद
(d) मुद्रा के बदले वस्तु की बिक्री

Ans. (b) वस्तु के बदले वस्तु की खरीद और बिक्री

- दो या दो से ज्यादा लोगों के बीच पैसों के बिना वस्तुओं या सेवाओं का आदान-प्रदान करने का तरीका वस्तु विनिमय कहलाता है।
- वस्तु विनिमय प्रणाली को बार्टरिंग भी कहा जाता है।

186. सूक्ष्म वित्त (Microfinance) की अवधारणा सर्वप्रथम किसने दी?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) अन्ना हजारे (b) मेधा पाटकर
(c) इला भट्ट (d) मोहम्मद यूनुस

Ans. (d) मोहम्मद यूनुस

- माइक्रोफाइनेंस शब्द वर्ष 1970 के दशक में बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के विकास के दौरान गढ़ा गया।
- मोहम्मद यूनुस ने इसकी अवधारणा प्रस्तुत की।

✪ माइक्रोफाइनेंस का अर्थ- कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को दी जाने वाली वित्तीय सेवाओं से हैं, जिन्हें आमतौर पर पारंपरिक बैंकिंग से बाहर रखा जाता है।

187. मुद्रा की छपाई के माध्यम से केन्द्रीय बैंक द्वारा जुटाए गए राजस्व को ..... कहा जाता है।

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) राजकोषीय बैलेंस (Fiscal Balance)
(b) खजाना (Treasury)
(c) टंकण प्रलाभ (Seigniorage)
(d) लाभ (Profit)

Ans. (c) टंकण प्रलाभ (Seigniorage)

✪ सिग्नोरेज (टंकण प्रलाभ) के जरिए किसी धन का मूल्य, उसे बनाने की लागत से ज्यादा होता है तो इस प्रकार सरकार को आर्थिक लाभ होता है।
✪ सिग्नोरेज में मुद्रा के उत्पादन पर होने वाले लाभ या हानि का आकलन शामिल हैं।
✪ उदाहरण के लिए यदि ₹500 के नोट की छपाई में ₹2 की लागत आती है, तो नोट के उत्पादन पर ₹498 का मुनाफा होगा। बैंक यह मुनाफा नोट को प्रचलन में लाकर कमाते हैं।

188. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक धन के तरल रूप (नकदी रूप) का उदाहरण है?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) बॉन्ड
(b) मुद्रा नोट
(c) सावधि जमा प्राप्ति
(d) राष्ट्रीय बचत जमा

Ans. (b) मुद्रा नोट

✪ मुद्रा सबसे अधिक तरल होती है, क्योंकि इसे जब चाहे तब उपयोग कर सकते है।
✪ बैंक खाते में जमा नकदी को बैंक हस्तांतरण या एटीएम से निकालकर जल्दी और आसानी से उपयोग किया जा सकता है।

189. निम्नलिखित में से कौन-सा, केन्द्रीय बैंक (Central Bank) का कार्य नहीं है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) सरकार के लिए वित्तीय सेवाएँ
(b) जनता के लिए बैंकिंग सुविधाएँ
(c) सरकार को ऋण देना
(d) वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देना

Ans. (b) जनता के लिए बैंकिंग सुविधाएँ

✪ जनता के लिए बैंकिंग सुविधाएँ उपलब्ध कराना केन्द्रीय बैंक का कार्य नहीं है।
✪ भारत का केन्द्रीय बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) है।
✪ RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 में हुई।

केन्द्रीय बैंक के कार्य-
- मुद्रास्फीति और बेरोजगारी पर नियंत्रण रखना।
- मुद्रा जारी करना, मुद्रा को नष्ट करना।
- सरकार के बैंक के रूप में कार्य करना।
- वाणिज्यिक बैंको को ऋण देना।
- मौद्रिक नीति को नियंत्रित करता है।

190. भारत में एक सूक्ष्मवित्त संस्था, सेवा (SEWA) बैंक की स्थापना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(i) सेवा (SEWA) बैंक की स्थापना वर्ष 1974 में हुई थी।
(ii) सेवा (SEWA) बैंक की स्थापना गुजरात में हुई थी।
(iii) सेवा (SEWA) बैंक की स्थापना स्वरोजगार महिला संघ द्वारा की गई थी।

सही उत्तर का चयन करें।
(a) केवल (ii) सत्य है
(b) (i) (ii), और (iii) सत्य
(c) केवल (i) सत्य है।
(d) केवल (iii) सत्य है।

Ans. (b) (i), (ii) और (iii) सत्य

✪ भारत में सेवा (SEWA) बैंक की स्थापना के संबंध में उपर्युक्त तीनों कथन सत्य हैं।
✪ SEWA बैंक की स्थापना का उद्देश्य स्वरोजगार, महिलाओं को वित्तीय सेवाएँ मुहैया कराना था।
✪ इसकी स्थापना वर्ष 1974 में अहमदाबाद (गुजरात) में हुई।
✪ SEWA- Self Employed Women's Association.

191. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राधिकरण औपचारिक ऋण स्रोतों की कार्यप्रणाली का पर्यवेक्षण करता है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) वित्त मंत्रालय
(d) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

Ans. (b) भारतीय रिज़र्व बैंक

✪ भारत में, भारतीय रिज़र्व बैंक ऋण के औपचारिक स्रोतों के कामकाज की निगरानी करता है।
✪ रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 में हुई।
✪ ऋण के औपचारिक स्रोतों में बैंक और सहकारी समितियाँ जैसे वित्तीय संस्थान शामिल हैं।

192. तरल संपत्ति से निवल मांग और समय देयताओं (एन.डी.टी.एल./NDTL) के अनुपात को किस नाम से जाना जाता है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) रेपो दर
(b) आरक्षित नकदी निधि अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(d) बैंक दर

Ans. (c) वैधानिक तरलता अनुपात

✪ वैधानिक तरलता अनुपात (SLR), तरल सम्पत्ति का अनुपात है, जिसे सभी वाणिज्यिक बैंकों को अपनी कुल माँग जमा और समय देयताओं का एक निश्चित प्रतिशत नकद, सोना तथा प्रतिभूतियों के रूप में रखना होता है।
✪ SLR भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति का भाग है।

193. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक किस श्रेणी के बैंकों में आते हैं?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) सहकारी बैंक (b) वाणिज्यिक बैंक
(c) लघु वित्त बैंक (d) पेमेंट्स बैंक

Ans. (b) वाणिज्यिक बैंक

✪ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) की स्थापना नरसिम्हम समिति की सिफारिशों पर हुई।
✪ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको की श्रेणी में आते हैं।
✪ ये भारत के सरकारी स्वामित्व वाले बैंक है जो देश के विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय स्तर पर काम करते हैं।
✪ इन बैंकों में भारत सरकार 50%, प्रायोजक बैंकों 35% तथा राज्यों की हिस्सेदारी 15% होती हैं।
✪ पहला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 'प्रथमा ग्रामीण बैंक' है, जिसकी स्थापना 2 अक्टूबर, 1975 में हुई।

194. मुद्रा आपूर्ति के निम्नलिखित उपायों में से किस उपाय को 'समाज के कुल मौद्रिक संसाधनों' के रूप में भी जाना जाता है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) M3 (b) M1
(c) M4 (d) M2

Ans. (a) M3

✪ मुद्रा आपूर्ति के उपायों में से M3 को समग्र मौद्रिक संसाधनों के रूप में भी जाना जाता है।
✪ M3 मुद्रा आपूर्ति की एक माप होती है, इसमें M1 के सभी घटक तथा बैंकिंग प्रणाली के पास समय (मियादी) जमा राशियाँ शामिल होती हैं।
✪ M3 को **'व्यापक मुद्रा'** भी कहा जाता है।

195. ई-बैंकिंग सेवाओं के संदर्भ में IMPS का पूर्ण रूप क्या है?

(D.P. Const. 11 Dec. 2023)

(a) Immediate Paid Service (इमिडिएट पेड सर्विस)
(b) Instant Payment Service (इंस्टेंट पेमेंट सर्विस)

(c) Immediate Payment Solution (इमिडिएट पेमेंट सॉल्यूशन)
(d) Immediate Payment Service (इमिडिएट पेमेंट सर्विस)

Ans. (d) Immediate Payment Service (इमिडिएट पेमेंट सर्विस)

- इमिडिएट पेमेंट सर्विस, भारत में एक तत्काल भुगतान अंतर-बैंक इलेक्ट्रानिक धन ट्रांसफर प्रणाली है।
- इसकी शुरुआत 22 नवंबर, 2010 में हुई।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) इस प्रणाली का संचालनकर्ता है।

196. निम्न में से कौन-सी एक दुर्लभ मुद्रा नहीं है?
(a) कुवैती दीनार (b) अमेरिकी डॉलर
(c) यूरोपियन यूरो (d) कनेडियन डॉलर

Ans. (a) कुवैती दीनार

- दुर्लभ मुद्रा: वह मुद्रा जिसकी मांग अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अधिक हो और पूर्ति कम हो, तो वह मुद्रा दुर्लभ मुद्रा होती है।
- **कुवैत:**
- राजधानी- कुवैत सिटी
- मुद्रा- कुवैती दीनार
- महाद्वीप- एशिया महाद्वीप

197. वित्तीय सहायता ..... द्वारा नियंत्रित की जाती है।
(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) औद्योगिक बैंक
(d) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Ans. (b) भारतीय रिज़र्व बैंक

- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना वर्ष 1935 में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत की गई थी। RBI ने 1 अप्रैल, 1935 को अपना परिचालन शुरू किया था।
- राष्ट्रीयकरण - 1 जनवरी, 1949
- मुख्यालय - मुम्बई
- वर्तमान गवर्नर - संजय मल्होत्रा (26वें गवर्नर)

198. 'SLR' का पूर्णरूप है-
(a) स्टैट्यूटरी लिमिटेड रेश्यो
(b) स्टैंडर्ड लिक्विडिटी रेश्यो
(c) स्टैट्यूटरी लिक्विडिटी रेश्यो
(d) सिक्योरिटी लिक्विडिटी रेश्यो

Ans. (c) स्टैट्यूटरी लिक्विडिटी रेश्यो

- स्टैट्यूटरी लिक्विडिटी रेश्यो जिसका अर्थ होता है- वैधानिक तरलता अनुपात। इसके अंतर्गत व्यापारिक बैंकों को अपनी कुल जमा का एक निश्चित प्रतिशत स्वर्ण, नकद तथा अल्पकालीन सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में अपने पास रखना अनिवार्य होता है।

199. एक मुद्रा की अन्य मुद्रा की तुलना में मूल्य को ..... कहा जाता है।
(a) शुल्क
(b) सीमा शुल्क
(c) अंतर्राष्ट्रीय बैलेंस शीट
(d) विदेशी मुद्रा विनिमय दर

Ans. (d) विदेशी मुद्रा विनिमय दर

- सामान्यत: दो देशों की मुद्राओं के विनिमय अनुपात को विदेशी मुद्रा विनिमय दर अथवा विनिमय दर कहा जाता है।
- वास्तव में जिस दर पर एक देश की मुद्रा दूसरे देश की मुद्रा में परिवर्तित की जाती है, उसे विनिमय दर कहते है अर्थात् यह दर एक करेंसी में दूसरी करेंसी की कीमत होती है।

200. निम्नलिखित में से कौन-सा SIDBI का सही पूर्ण रूप है?
(a) स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड डोमेस्टिक बैंक ऑफ इंडिया
(b) स्मॉल इंटर डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया
(c) स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया
(d) स्मॉल इंडियन डेवलपमेंट बैंक फोर इंडस्ट्री

Ans. (c) स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया

- स्थापना - 2 अप्रैल, 1990
- मुख्यालय - लखनऊ
- वर्तमान अध्यक्ष - मनोज मित्तल

201. यदि सरकार अपने बांड्स की खरीददारी उनकी परिपक्वता अवधि से पूर्व ही शुरू कर देती है (पूर्ण परिपक्व राशि पर), इस स्थिति में अर्थव्यवस्था में संचारित मुद्रा क्या कहलाएगी?
(a) हीटेड मुद्रा (b) सस्ती मुद्रा
(c) सुलभ मुद्रा (d) महंगी मुद्रा

Ans. (b) सस्ती मुद्रा

- सस्ती मुद्रा का अर्थ कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना होता है। सस्ती मुद्रा नीति RBI की वह मौद्रिक नीति है जिसमें ऋण और अग्रिम कम ब्याज दर के साथ अधिक आसान शर्तों पर उपलब्ध कराये जाते हैं।

202. वर्ष 1969 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?
(a) 8 (b) 15
(c) 14 (d) 10

Ans. (c) 14

- भारत में 19 जुलाई, 1969 को 14 बड़े व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया और 15 अप्रैल, 1980 को सरकार ने 6 और अतिरिक्त बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया।
- भारत में बैंको की कार्य प्रणाली बैंकिंग अधिनियम, 1949 द्वारा विनियमित की जाती है।
- वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कुल संख्या 12 है।

203. BHIM का पूर्ण रूप क्या है?
(a) भारत इनीशिएटिव फॉर मनी
(b) भारत इंटरमीडिएट फॉर मनी
(c) भारत इमीडिएट फॉर मनी
(d) भारत इंटरफेस फॉर मनी

Ans. (d) भारत इंटरफेस फॉर मनी

- BHIM का पूर्ण रूप **'भारत इंटरफेस फॉर मनी'** है। यह भारत सरकार के उपक्रम भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा शुरू किया गया है तथा इसका शुभारम्भ 30 दिसम्बर, 2016 में किया गया।
- भारत की BHIM UPI भुगतान प्रणाली को अपनाने वाला प्रथम देश भूटान है।

204. 'ईपीएफ' का पूर्णरूप क्या है?
(a) एम्प्लाइज प्रोविडेंट फण्ड
(b) एम्प्लाइज प्रायोरिटी फण्ड
(c) एम्प्लाइज पर्सनल फण्ड
(d) एम्प्लाइज प्रोविडेंट फाइनेंस

Ans. (a) एम्प्लाइज प्रोविडेंट फण्ड

- कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) एक रिटायरमेंट प्लान है, जिसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा प्रबंधित किया जाता है।
- EPF योजना में कर्मचारी और उसका नियोक्ता कंपनी में प्रत्येक महीने बराबर राशि का योगदान करते हैं, जो मूल वेतन और महँगाई भत्ते का 12% होता है।
- कंपनी के योगदान का 8.33% हिस्सा कर्मचारी पेंशन योजना (EPS) के लिए जाता है।

205. BPLR का पूरा नाम है :
(a) बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट
(b) बिलो पावर्टी लेंडिंग रेट
(c) बिलो पावर्टी लाइन रेशियो
(d) बेस प्राइम लेंडिंग रेट

Ans. (a) बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट

- BPLR का प्रयोग वाणिज्यिक बैंक अपने ग्राहकों को उधार देने में करते हैं। बैंक इन दरों का निर्धारण स्वयं करते हैं।

206. वह दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक अन्य बैंकों से ऋण लेता है, क्या कहलाती है।
(a) तरलता दर (b) एक्सचेंज दर
(c) रिवर्स रेपो दर (d) रेपो दर

Ans. (c) रिवर्स रेपो दर

- वह दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक अन्य बैंको से ऋण लेता है, रिवर्स रेपो दर कहलाती है।

✪ **एक्सचेंज दर:** किसी एक देश की करेंसी/ या किसी दूसरे देश की करेंसी या इकोनॉमिक जोन की करेंसी की तुलना में वैल्यू को एक्सचेंज दर कहते हैं।

✪ **रेपो दर:** वह दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक-अन्य वाणिज्यिक बैंकों को धन उधार देता है, रेपो दर कहलाती है।

207. वित्तीय क्षेत्र विकास परिषद् (FSDC) की स्थापना निम्न में से किसको प्रतिस्थापित करने के लिए हुई?
(a) ट्रेड मार्केट पर उच्च स्तरीय कमेटी
(b) एकीग्त वित्तीय एजेंसी
(c) वित्तीय सुधार एजेंसी
(d) पूंजी बाजार पर उच्च स्तरीय कमेटी

Ans. (d) पूंजी बाजार पर उच्च स्तरीय कमेटी

✪ वित्तीय क्षेत्र विकास परिषद का गठन वर्ष 2010 में किया गया था। यह एक शीर्ष स्तर का गैर-सांविधिक निकाय है, जिसका अध्यक्ष केन्द्रीय वित्त मंत्री होता है।

✪ यह वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने, अंतर-नियामक समन्वय को बढ़ाने और वित्तीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए तंत्र को मजबूत और संस्थागत बनाने के लिए स्थापित किया गया था।

208. जिस दर पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को ऋण प्रदान करता है, उसे बदलकर यह धन को प्रभावित कर सकता है। इस दर को ..... कहा जाता है।
(a) वेतन दर (b) शेयर की कीमत
(c) बैंक दर (d) ब्याज की दर

Ans. (c) बैंक दर

✪ **बैंक दर :-** ऐसी दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) वाणिज्यिक बैंकों को दीर्घकालीन ऋण प्रदान करता है।

✪ बैंक दर व्यापारिक बैंकों द्वारा दिए जाने वाले उधार पर ब्याज दर की न्यूनतम सीमा का निर्धारण करता है।

209. गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) एक लोन या एडवांस है जो ..... की अवधि के लिए मूल या ब्याज भुगतान पर ओवरड्यू रहता है।
(a) 30 दिन (b) 120 दिन
(c) 60 दिन (d) 90 दिन

Ans. (d) 90 दिन

✪ गैर-निष्पादित संपत्ति (NPA) एक लोन या एडवांस है जो 90 दिन की अवधि के लिए मूल या ब्याज भुगतान पर ओवरड्यू रहता है।

210. भारत में पहली कागजी मुद्रा कब आरंभ हुई थी?
(a) 1880 (b) 1601
(c) 1861 (d) 1542

Ans. (c) 1861

✪ भारत में सबसे पुरानी कागजी मुद्रा जनरल बैंक ऑफ बंगाल एंड बिहार (1773-1775) और बैंक ऑफ हिन्दुस्तान (1770-1832) द्वारा जारी की गयी थी।

✪ वर्ष 1861 में, कागजी मुद्रा अधिनियम ब्रिटिश सरकार द्वारा अधिनियमित किया गया था जिसके द्वारा भारत सरकार को कागजी मुद्रा बनाने और जारी करने का अधिकार दिया गया था।

211. "एनपीसीआई" का विस्तार क्या है?
(a) भारत का नाममात्र का भुगतान निगम
(b) भारतीय राष्ट्रीय सार्वजनिक निगम
(c) भारत का राष्ट्रीय भुगतान निगम
(d) राष्ट्रीय भुगतान निगम उद्योग

Ans. (c) भारत का राष्ट्रीय भुगतान निगम

✪ भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित एक निगम है, जिसे भारत में विभिन्न खुदरा भुगतान प्रणालियों के लिए एकमात्र संस्था के रूप में स्थापित किया गया है।

✪ इसकी स्थापना वर्ष 2008 में हुई और यह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत पंजीग्त एक गैर-लाभकारी संगठन है।

212. ओपन एंडेड और क्लोज एंडेड स्कीम ..... में उपयोग की जाने वाली शर्तें हैं।
(a) म्यूचुअल फंड (b) चिट कंपनियाँ
(c) एनबीएफसी (d) बीमा कंपनियाँ

Ans. (a) म्यूचुअल फंड

✪ ओपन एंडेड और क्लोज एंडेड स्कीम म्यूचुअल फंड में उपयोग की जाने वाली शर्त है।

✪ ओपन-एंडेड फंड ऐसी योजनाएँ है, जो निवेशकों को लगातार अलग-अलग यूनिट ऑफर करती हैं।

✪ क्लोज-एंडेड फंड म्यूचुअल फंड हैं, जो सीमित समय के लिए निवेशकों को नई इकाइयाँ प्रदान करते हैं।

213. ..... एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि होती है जो वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के साथ रिज़र्व के रूप में रखनी होती है।
(a) आरक्षित नकदी निधि अनुपात (Cash Reserve Ratio)
(b) खुला बाजार कार्रवाई (Open Market Operation)
(c) सांविधिक चल निधि अनुपात
(d) बैंक दर

Ans. (a) आरक्षित नकदी निधि अनुपात (Cash Reserve Ratio)

✪ आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि होती है, जो वाणिज्यिक बैंको को केन्द्रीय बैंक के साथ रिज़र्व के रूप में रखनी होती है।

214. CRR का पूर्णरूप है-
(a) Cash Reserve Report
(b) Cash Reserve Ratio
(c) Casual Reserve Ratio
(d) Counter Reserve Ratio

Ans. (b) Cash Reserve Ratio

✪ कैश रिज़र्व रेशियो (CRR) बैंक के कुल मांग एवं निवल देयता (NDTL) का एक निश्चित प्रतिशत है, जिसे रिज़र्व बैंक के पास अनिवार्य रूप से रखने की आवश्यकता होती है।

215. बैंकिंग क्षेत्र में EDD का पूर्ण रूप क्या है?
(a) एक्सटेंडेड ड्यू डिलीजेंस
(b) एन्हेंस्ड डिपॉजिट डिलीजेंस
(c) एक्सटेंडेड डिपॉजिट डिलीजेंस
(d) एन्हेंस्ड ड्यू डिलीजेंस

Ans. (d) एन्हेंस्ड ड्यू डिलीजेंस

✪ बैंकिंग क्षेत्र में EDD का पूर्ण रूप (Enhanced Due Diligence) होता है।

216. निम्न में से अंतिम ऋणदाता कौन होता है?
(a) भारत के प्रधानमंत्री
(b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) संसद

Ans. (b) भारतीय रिज़र्व बैंक

✪ बैंको के लिए एक बैंकर के रूप में, रिज़र्व बैंक अंतिम ऋणदाता के रूप में भी कार्य करता है।
✪ भारतीय रिज़र्व बैंक
✪ स्थापना - 1 अप्रैल, 1935
✪ मुख्यालय - मुम्बई
✪ राष्ट्रीयकरण - 1 जनवरी, 1949
✪ वर्तमान गवर्नर - संजय मल्होत्रा

217. भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना..... की गई थी।
(a) 1858 (b) 1909
(c) 1935 (d) 1919

Ans. (c) 1935

✪ स्थापना - 1 अप्रैल, 1935
✪ मुख्यालय - मुम्बई (महाराष्ट्र)
✪ राष्ट्रीयकरण - 1 जनवरी, 1949
✪ स्थापना हेतु गठित समिति - हिल्टन यंग कमीशन

218. भारत का आधिकारिक आवास मूल्य सूचकांक (HPI) किसके द्वारा निर्धारित किया जाता है?
(a) LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(b) राष्ट्रीय आवास बैंक
(c) भारतीय रिज़र्व बैंक
(d) श्रम ब्यूरो

Ans. (b) राष्ट्रीय आवास बैंक

- भारत का आधिकारिक आवास मूल्य सूचकांक (HPI) राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) द्वारा निर्धारित किया जाता है।

219. छोटे और भुगतान बैंको की स्थापना के लिए न्यूनतम कितनी पूंजी की आवश्यकता होती है?
(a) 25 करोड़ (b) 50 करोड़
(c) 250 करोड़ (d) 100 करोड़

Ans. (d) 100 करोड़

- छोटे और भुगतान बैंको की स्थापना के लिए न्यूनतम 100 करोड़ रुपये की पूंजी की आवश्यकता होती हैं।

220. मानक मुद्रा के संदर्भ में अंकित मूल्य बराबर होता है-
(a) आंतरिक मूल्य (b) कस्टम मूल्य
(c) बाह्य मूल्य (d) टोकन मूल्य

Ans. (a) आंतरिक मूल्य

- आंतरिक मूल्य, एक कंपनी, स्टॉक, करेंसी या मूल विश्लेषण के आधार पर प्रोडक्ट की अपेक्षित या गणना की गई वैल्यू है।
- किसी भी स्टॉक का आंतरिक मूल्य उसका वास्तविक मूल्य होता है।

221. भारत में केंद्र सरकार की ओर से मुद्रा नोट ..... द्वारा जारी किये जाते हैं।
(a) इंडियन बैंक
(b) सभी केंद्रीकृत बैंक
(c) भारतीय स्टेट बैंक
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

Ans. (d) भारतीय रिज़र्व बैंक

- भारत में केंद्रीय सरकार की तरफ से करेंसी नोट जारी करने का अधिकार भारतीय रिज़र्व बैंक के पास है।

222. भारत में पहली बार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक..... ..... में खोले गये।
(a) 1975 (b) 1960
(c) 1955 (d) 1950

Ans. (a) 1975

- स्थापना - 2 अक्टूबर, 1975
- संस्थापक - डॉ. मोहम्मद यूनुस

223. केंद्रीय बजट वर्ष 2020-21 के अनुसार, वर्ष 2020-21 हेतु निम्नलिखित में से कृषि ऋण का लक्ष्य कितना रखा गया था?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) ₹10 लाख करोड़
(b) ₹18 लाख करोड़
(c) ₹12 लाख करोड़
(d) ₹15 लाख करोड़

Ans. (d) ₹15 लाख करोड़

- वर्ष 2020-21 के लिए 15 लाख करोड़ रुपये का कृषि ऋण का लक्ष्य रखा गया था।
- बजट वर्ष 2024-25 में कृषि एवं उससे संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

224. केंद्रीय बजट वर्ष 2020-21 में निम्नलिखित में से किस संस्थान की स्थापना को प्रस्तावित किया गया है?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) भारतीय कला एवं वास्तुकला संस्थान
(b) राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त संरक्षण संस्थान
(c) राष्ट्रीय विरासत प्रबंधन संस्थान
(d) भारतीय विरासत एवं संरक्षण संस्थान

Ans. (d) भारतीय विरासत एवं संरक्षण संस्थान

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए बजट पेश करते हुए भारतीय विरासत एवं संरक्षण संस्थान की स्थापना की घोषणा की।
- जुलाई, 2021 में केंद्र सरकार द्वारा नोएडा (उ. प्र.) में भारतीय विरासत संस्थान (Indian Institute of Heritage) को स्थापित करने की घोषणा की गई।

225. केंद्रीय बजट वर्ष 2020-21 के अनुसार, भारत विश्व की ..... सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) चौथी (b) छठी
(c) सातवीं (d) पाँचवीं

Ans. (d) पाँचवीं

- भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत वर्ष 2030 तक जर्मनी और जापान को छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जायेगा।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व का 7वां सबसे बड़ा देश है।
- भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुँच गयी है।

226. राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम (FRBM Act) संसद द्वारा कब पारित किया गया था?
(D.P. Const. 11 Dec. 2020)
(a) 2003 (b) 2004
(c) 2006 (d) 2007

Ans. (a) 2003

- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम वर्ष 2003 में भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक कानून है जो राजकोषीय घाटे को कम कर राजकोषीय अनुशासन सुनिश्चित करता है।
- यह अधिनियम 5 जुलाई, 2004 में लागू हुआ।
- केंद्र सरकार ने इस कानून की नए सिरे से समीक्षा करने के लिए एन.के. सिंह के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था।

227. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, 2024-2025 तक $5 ट्रिलियन जीडीपी (GDP) प्राप्त करने के लिए भारत को बुनियादी ढांचे पर ₹..... (लगभग) व्यय करने होंगे।
(a) 200 लाख करोड़
(b) 50 लाख करोड़
(c) 100 लाख करोड़
(d) 150 लाख करोड़

Ans. (c) 100 लाख करोड़

- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर GDP प्राप्त करने के लिए बुनियादी ढ़ाँचे पर 100 लाख करोड़ रुपये खर्च करने होंगें।
- आर्थिक समीक्षा 2024 के अनुसार, वर्ष 2024-25 में भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

228. केंद्रीय बजट 2020-21 में 'विवाद से विश्वास' योजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु निर्दिष्ट की गई?
(a) प्रत्यक्ष कर
(b) केंद्रीय उत्पाद शुल्क
(c) माल एवं सेवा कर
(d) औपचारिक क्षेत्र में ऋणों का पुनर्गठन

Ans. (a) प्रत्यक्ष कर

- विवाद से विश्वास योजना भारत सरकार द्वारा लंबित प्रत्यक्ष कर विवादों को समाप्त करने का एक प्रयास है।
- प्रत्यक्ष कर विवादों को विभिन्न अपीलीय मंचों के माध्यम से समाधान हेतु प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास अधिनियम (Direct Tax Vivad se Vishwas Act) को मार्च, 2020 में लागू किया गया था।
- इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी।

229. केन्द्रीय बजट 2020 की घोषणा के अनुसार, जमा बीमा और साख गारंटी निगम जमा बीमा कवर प्रति जमाकर्ता ..... से बढ़ाकर ₹5 लाख करने की अनुमति दी गई है।
(a) 2 लाख (b) 3 लाख
(c) 1 लाख (d) 50 हजार

Ans. (c) 1 लाख

- केंद्रीय बजट 2020 के अनुसार, जमा बीमा और साख गारंटी निगम (DICGC) को जमाकर्ता के लिए जमा राशि बीमा का दायरा ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख कर दिया गया।
- DICGC सभी तरह की जमा राशियों जैसे- बचत, सावधि, आवर्ती आदि का बीमा करता है।

230. बजट वर्ष 2020-21 के अनुसार, 'उड़ान' योजना के अंतर्गत 2024 तक निम्नलिखित में से कितने हवाई अड्डे स्थापित किए जाएंगे?

(a) 75 (b) 100
(c) 50 (d) 150

Ans. (b) 100

- बजट 2020-21 के अनुसार, उड़ान योजना के तहत वर्ष 2024 तक 100 हवाई अड्डे स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया।
- उडान 1.0 के तहत, 36 नए हवाई अड्डों को चालू किया गया था।
- उड़ान 2.0 के तहत, 73 कम सेवा वाले हवाई अड्डों को जोड़ा गया।
- उड़ान 3.0 के तहत, पर्यटन मार्गो को जोड़ा गया था।
- उड़ान 4.0 के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, पहाडी राज्यों और द्वीपों को बढ़ावा दिया गया था।

231. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, मुंबई में किसी संपत्ति का पंजीकरण करने में ..... दिन का समय लगता है।

(a) 49 (b) 9
(c) 68 (d) 3.5

Ans. (c) 68

- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, मुम्बई में सम्पत्ति दर्ज करने के लिए 68 दिनों का समय लगता है।
- दिल्ली में संपत्ति पंजीकरण करने में 49 दिनों का समय लगता है।
- संपत्ति पंजीकरण में शामिल निम्न चरण-संपत्ति मूल्प का अनुमान स्टांप पेपर तैयार करना, दस्तावेज जमा करना आदि।

232. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों के दौरान भारत में पशुधन क्षेत्र में ..... की चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर (सी.ए.जी.आर./CAGR) से बढ़ोत्तरी हो रही है।

(a) 8.2% (b) 4.4%
(c) 7.9% (d) 5.3%

Ans. (c) 7.9%

- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार पिछले 5 वर्षों में भारत में पशुधन क्षेत्र में वार्षिक विकास दर में 7.9% की बढ़ोत्तरी रही।
- पशुधन क्षेत्र में सुधार के लिए केन्द्र और राज्य सरकार राष्ट्रीय पशुधन मिशन चला रही है।
- भारत में लगभग 70% आबादी कृषि और पशुपालन पर निर्भर है।
- छोटे और सीमांत किसानों के पास कुल कृषि भूमि का 30% हिस्सा है।

233. केंद्रीय बजट वर्ष 2020-21 के अनुसार ई-वाणिज्य लेनदेनों पर ..... की दर से टीडीएस/TOsQ गाया जाता है।

(a) 1% (b) 0.25%
(c) 3% (d) 2.5%

Ans. (a) 1%

- बजट 2020-21 के अनुसार, ई-कॉमर्स लेनदेन पर 1% की दर से TOsQ लगाया गया।
- ऐसा कदम इस तरह के प्लेटफार्म पर विक्रेताओं पर बोझ बढ़ा सकता है।
- सरकार का उद्देश्य करदाता का आधार बढ़ाना तथा अंतत: करों को एकत्र करना है, जिसके फलस्वरूप अर्थव्यवस्था का विकास समग्र रूप से हो सके।

234. केंद्रीय बजट वर्ष 2020-2021 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा महत्वाकांक्षी भारत का एक घटक नहीं है?

(a) शिक्षा और कौशल
(b) कृषि, सिंचाई एवं ग्राम विकास
(c) पड़ोसी देशों के साथ अच्छे कूटनयिक संबंध
(d) कल्याण, जल एवं स्वच्छता

Ans. (c) पड़ोसी देशों के साथ अच्छे कूटनयिक संबंध

- **एस्पिरेशनल इंडिया के तीन घटक है-**
  - कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास, इसके अतिरिक्त कल्याण, जल और स्वच्छता,
  - शिक्षा और कौशल को भी शामिल किया गया।

235. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, भारत विश्व में ..... सबसे बड़ा उभरता हुआ ग्रीन बॉन्ड बाजार बन गया है।

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) चौथा (b) पाँचवा
(c) तीसरा (d) दूसरा

Ans. (d) दूसरा

- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, भारत दुनिया में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा उभरता हुआ ग्रीन बॉन्ड मार्केट है।
- भारत में ग्रीन बॉन्ड को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (USAID) ने समर्थन दिया था।
- भारत, एशिया-प्रशान्त क्षेत्र में हरित, सामाजिक, संधारणीयता से जुड़े और संक्रमण बॉन्ड जारी करने वाला छठा सबसे बड़ा देश है।

236. केन्द्रीय बजट वर्ष 2020-21 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी 2025 तक भारत से उन्मूलित हो जाएगी?

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) एड्स (b) डेंगू
(c) क्षय (d) हेपेटाइटिस-A

Ans. (c) क्षय

- बजट वर्ष 2020-21 के अनुसार भारत वर्ष 2025 तक टीबी (क्षय रोग) से मुक्त हो जायेगा।
- टीबी या क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया से होता है।
- यह बैक्टीरिया हवा के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।
- टीबी के इलाज के लिए डॉट्स (डायरेक्टली ऑब्जर्व्ड थेरेपी शॉर्ट कोर्स) पद्धत्ति का इस्तेमाल किया जाता है।
- टीबी फैफड़ों को प्रभावित करता है।

237. निम्नलिखित में से कौन-सा किसी देश की राजकोषीय नीति (fiscal policy) का भाग नहीं होता है?

(D.P. Const. 07 Dec. 2020)

(a) कर नीति
(b) अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति
(c) निवेश या विनिवेश रणनीतियाँ
(d) ऋण या अधिशेष प्रबंधन

Ans. (b) अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति

- अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति, किसी देश की राजकोषीय नीति का हिस्सा नही होती है।
- राजकोषीय नीति सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिए कराधान, सार्वजनिक व्यय और उधार के जरिए की जाने वाली नीतियाँ होती है।
- **राजकोषीय नीति के उद्देश्य-**
  1. खपत नियंत्रण
  2. निवेश की दर बढ़ाना
  3. बुनियादी ढाँचा विकास
  4. भारत में राजकोषीय नीति वित्त मंत्रालय बनाता है।

238. केन्द्रीय बजट वर्ष 2020-21 में घोषित 'किसान रेल' योजना के अधीन उद्घाटन ट्रेन चली थी।

(D.P. Const. 07 Dec. 2020)

(a) बिहार और तेलंगाना
(b) कर्नाटक और महाराष्ट्र
(c) महाराष्ट्र और बिहार
(d) छत्तीसगढ़ और कर्नाटक

Ans. (c) महाराष्ट्र और बिहार

- केन्द्रीय बजट वर्ष 2020-21 में घोषित किसान रेल, महाराष्ट्र और बिहार के बीच चली थी।
- भारतीय रेलवे ने देवलाली (महाराष्ट्र) से दानापुर (बिहार) तक पहली किसान रेल शुरू की।
- प्रशीतित डिब्बों वाली इन ट्रेनों में कम समय में सब्जियों, फलों जैसे कृषि उत्पादों को बाजार में लाने में मदद मिलेगी।

239. आर्थिक सर्वेक्षण में आर्थिकी को भोजन की थाली से संबंधित करने के प्रयास में 'थालीनॉमिक्स' की अवधारणा प्रस्तुत की गई थी।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) 2019-20 (b) 2016-17
(c) 2018-19 (d) 2017-18

Ans. (a) 2019-20

- थालीनॉमिक्स भारत में भोजन की थाली का अर्थशास्त्र है, अर्थात् यह भारत में एक व्यक्ति द्वारा एक थाली हेतु किये जाने वाले भुगतान को मापने का प्रयास है।
- यह अवधारणा वर्ष 2019-20 में प्रस्तुत की गयी।
- वर्ष 2019-20 के आर्थिक सर्वेक्षण में पाया गया कि वर्ष 2006-07 की तुलना में वेज थाली 29% अधिक सस्ती हो गई जबकि गैर वेज-थाली 18% अधिक सस्ती हो गयी।

240. केन्द्रीय बजट वर्ष 2020-21 में घोषित 'किसान रेल' योजना के अंतर्गत प्रथम रेल परिवहन सेवा .....को प्रारंभ हुई।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) 5 जून, 2020
(b) 7 अगस्त, 2020
(c) 1 मई, 2020
(d) 3 जुलाई, 2020

Ans. (b) 7 अगस्त, 2020

- किसान रेल योजना की घोषणा बजट वर्ष 2020 में की गई।
- रेलवे ने 7 अगस्त, 2020 से खराब होने वाली वस्तुओं के परिवहन के लिए अपनी किसान रेल सेवा शुरू की।
- सब्जियों और फलों को ले जाने वाली ऐसी पहली ट्रेन महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक चलाई गई।
- यह ट्रेन सार्वजनिक और निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रणाली के माध्यम से चलती है।

241. केन्द्रीय बजट वर्ष 2020 में घोषित नई आयकर व्यवस्था के अनुसार, ₹5 लाख से ₹7.5 लाख के बीच कर योग्य आय हेतु कर की दर घटाकर निम्नलिखित में से कितनी कर दी गई है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) 20% (b) 15%
(c) 5% (d) 10%

Ans. (d) 10%

- केन्द्रीय बजट वर्ष 2020 में आयकर की दर को 20% से घटाकर 10% कर दिया गया।
- बजट वर्ष 2025 के अनुसार, नया इनकम टैक्स स्लैब निम्न प्रकार है-

इनकम (लाख में)	टैक्स दर
4 तक	Nil
4 से 8	5%
8 से 12	10%
12 से 16	15%
16 से 20	20%
20 से 24	25%
24 से अधिक	30%

242. केन्द्रीय बजट वर्ष 2020 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस कर को समाप्त कर दिया गया है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) प्रतिभूति लेनदेन कर
(b) लाभांश वितरण कर
(c) प्रतिभूतियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर
(d) कॉर्पोरेट कर

Ans. (b) लाभांश वितरण कर

- केन्द्रीय बजट 2020 के अनुसार, लाभांश वितरण कर को समाप्त कर दिया है।
- यह एक ऐसा कर है जो कंपनियों द्वारा अपने लाभ में से अपने शेयरधारकों के बीच वितरित लाभांश पर लगाया जाता है।

243. भारत में, निम्नलिखित में से कौन-सा बजट का एक प्रकार नहीं है?

(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) अधिशेष (b) संतुलित
(c) आरक्षित (d) घाटा

Ans. (c) आरक्षित

- आरक्षित, बजट का प्रकार नहीं है।
- संविधान के अनुच्छेद 112 में वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) का वर्णन है।
- यह सरकार के वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च) का ब्यौरा होता है। बजट प्रत्येक वर्ष 1 फरवरी को वित्त मंत्री द्वारा संसद मे पेश किया जाता है।
- **बजट के प्रकार-**
  - संतुलित बजट
  - अधिशेष बजट
  - घाटे का बजट

244. एलईआरएमएस (LERMS) की नीति की घोषणा किस बजट में की गई थी?

(D.P. Const. 14 Dec. 2023)

(a) 1995-96 (b) 1992-93
(c) 1990-91 (d) 1991-92

Ans. (b) 1992-93

- उदारीग्त विनिमय दर प्रबंधन प्रणाली (LERMS) नीति की घोषणा वर्ष 1992-93 में की गयी, जो विदेशी मुद्रा बाजार के उदारीकरण को बढ़ावा देती है।
- इसकी घोषणा मनमोहन सिंह (वित्तमंत्री) ने की।

245. पूँजी बाजार ..... निधियों का बाजार है।

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) अल्पावधि
(b) दीर्घकालिक
(c) केवल मध्यावधि
(d) अल्पावधि और दीर्घकालिक दोनों

Ans. (b) दीर्घकालिक

- पूँजी बाजार, वह बाजार है जहाँ कंपनियाँ और सरकारें निवेशकों को स्टॉक और बॉन्ड बेचकर दीर्घकालिक फंडिंग जुटा सकती है।
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) इन प्रतिभूतियों को खरीदने और बेचने के लिए एक मंच प्रदान करके सुविधा प्रदान करता है।
- NSE की स्थापना वर्ष 1992 में हुई थी।

246. निम्नलिखित में से कौन सरकारी बजट नहीं है?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) घाटे का बजट (b) अधिशेष बजट
(c) सर्किल बजट (d) संतुलित बजट

Ans. (c) सर्किल बजट

- सर्किल बजट, सरकारी बजट का प्रकार नहीं है।
- सरकारी बजट के प्रकार हैं-
  - संतुलित बजट
  - अधिशेष बजट
  - घाटे का बजट
- घाटे के बजट को तीन प्रकारों में बाँटा गया है-
  - राजस्व घाटा
  - राजकोषीय घाटा
  - प्राथमिक घाटा
- सरकारी बजट के दो घटक हैं-
  - पूँजीगत बजट
  - राजस्व बजट
- अनुच्छेद 112 में वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) का उल्लेख है। बजट वित्तमंत्री द्वारा लोकसभा में पेश किया जाता है।

247. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रेडिट की शर्तों के अंतर्गत नहीं आता है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) अभिलेखन की आवश्यकता
(b) पुनर्भुगतान का प्रकार

(c) ब्याज दर
(d) सांगठनिक पदानुक्रम

Ans. (d) सांगठनिक पदानुक्रम

- सांगठनिक पदानुक्रम क्रेडिट की शर्तों में शामिल नहीं होती है।
- क्रेडिट शर्तों का मतलब है कि ग्राहकों को सामान या सेवाओं के भुगतान के लिए कितने समय का अवसर दिया जाता है।
- पैसे न होने पर, क्रेडिट कार्ड से भी भुगतान किया जा सकता है।

248. 2020-21 के बजट में, कॉरपोरेट बॉन्ड के लिए विदेशी संविभाग निवेशकों [फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टर्स (एफ.पी.आई./FPI)] की सीमा को बढ़ाकर बकाया स्टॉक का कितने प्रतिशत कर दिया गया है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) 15% (b) 12%
(c) 14% (d) 10%

Ans. (a) 15%

- वर्ष 2020-21 के बजट में कॉरपोरेट बॉन्ड के तहत विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की सीमा को कॉरपोरेट बॉन्ड के बकाया स्टॉक का 15% तक बढ़ाया गया।
- FPI, किसी देश के पूँजी खाते का हिस्सा होता है तथा इसे भुगतान संतुलन (BOP) मे दिखाया जाता है।
- FPI को "**हॉट मनी**" कहा जाता है।
- FPI के उद्देश्य - पोर्टफोलियो विविधीकरण, उच्चतर रिटर्न, तरलता बनाए रखना तथा घरेलू जोखिमों से बचाव।

249. निम्नलिखित में से क्या, भारत की राजकोषीय नीति का एक भाग नहीं है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) मौद्रिक नीति
(b) निवेश रणनीतियाँ
(c) सब्सिडी
(d) कल्याणकारी व्यय

Ans. (a) मौद्रिक नीति

- मौद्रिक नीति, भारत की राजकोषीय नीति का हिस्सा नहीं है।
- राजकोषीय नीति में सरकार कराधान और खर्च से जुड़े फैसले लेती है।
- मौद्रिक नीति के अंतर्गत केन्द्रीय बैंक धन की आपूर्ति और ब्याज दरों को नियंत्रित करता है।
- ब्याज दरें राजकोषीय नीति का हिस्सा नहीं होती, इन्हें केन्द्रीय बैंक, मौद्रिक नीति के तहत नियंत्रित करता है।

250. निम्नलिखित में से किस वर्ष में, भारत में पहली बार बजट प्रणाली शुरू की गई थी?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) 1867 (b) 1860
(c) 1897 (d) 1890

Ans. (b) 1860

- भारत में पहली बार बजट 7 अप्रैल, 1860 को पेश किया गया।
- भारत का पहला बजट जैम्स विल्सन ने पेश किया।
- स्वतंत्र भारत का पहला बजट 26 नवंबर, 1947 को पेश किया गया।
- संविधान में कही भी बजट शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है। अनुच्छेद 112 में इसे वार्षिक वित्तीय विवरण नाम से जाना जाता है
- स्वतंत्र भारत का पहला बजट वित्त मंत्री आर के षणमुखम चेट्टी ने पेश किया।

251. संसद के समक्ष भारत का वार्षिक बजट कौन प्रस्तुत करता है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) गृह मंत्री
(b) वित्त मंत्री
(c) प्रधानमंत्री
(d) लोकसभा के अध्यक्ष

Ans. (b) वित्त मंत्री

- केन्द्रीय वित्तमंत्री लोकसभा में वार्षिक बजट पेश करते है।
- सरकार का बजट एक वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के मद-वार इच्छित/अपेक्षित राजस्व और प्रत्याशित व्यय का सारांश है।
- सरकार का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है।

252. भारत का केन्द्रीय बजट अगले वित्तीय वर्ष के लिए तैयार किया जाता है जो

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) अप्रैल से मार्च तक
(b) फरवरी से जनवरी तक
(c) जनवरी से दिसंबर तक
(d) जून से मई तक

Ans. (a) अप्रैल से मार्च तक

- भारत सरकार का वित्त वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है।
- केन्द्रीय बजट भी इसी अवधि के लिए तैयार किया जाता है।
- भारत में बजट तैयार करने की जिम्मेदारी वित्त मंत्रालय के पास होती है।
- बजट हमेशा लोकसभा में ही प्रस्तुत किया जाता है, जो प्रत्येक वर्ष 1 फरवरी को पेश किया जाता है।
- वर्ष 2017-18 से रेल बजट को आम बजट में शामिल किया गया है।

253. भारतीय अर्थव्यवस्था की राजकोषीय नीति के संदर्भ में, आर्थिक उत्पादन (आउटपुट) में से निविष्टि (इनपुट) घटाने पर निम्नलिखित में से क्या प्राप्त होता है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) जी.डी.पी. (GDP)
(b) जी.वी.ए. (GVA)
(c) एस.एन.ए. (SNA)
(d) एन.वी.ए. (NVA)

Ans. (b) जी.वी.ए. (GVA)

- GVA (सकल मूल्य वर्धित), किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य होता है।
- यह उत्पादन का कुल मूल्य होता है, जिसमें उत्पादन में लगी मध्यवर्ती लागत शामिल नहीं होती है।
- GVA, सकल घरेलू उत्पाद की गणना करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।
- GVA, उत्पादन के मूल्य में से मध्यवर्ती उपयोग को घटाकर निकाला जाता है।

254. भारतीय अर्थव्यवस्था की राजकोषीय नीति के संदर्भ में, संक्षिप्त शब्द 'GFCF' का पूर्ण रूप निम्नलिखित में से कौन सा है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) Gross Fixed Capital Formation (ग्रॉस फिक्स्ड केपिटल फॉर्मेशन)
(b) General Financial Corporate Function (जनरल फाइनेंशियल कॉर्पोरेट फंक्शन)
(c) GooosQ, Freight, Cartage and Farming (गुड्स, फ्रेट, कार्टेज एंड फार्मिंग)
(d) Gross Fiscal Core Fund (ग्रॉस फिस्कल कोर फंड)

Ans. (a) Gross Fixed Capital Formation (ग्रॉस फिक्स्ड केपिटल फॉर्मेशन)

- GFCF का पूर्ण रूप - Gross Fixed Capital Formation (सकल स्थायी पूँजी निर्माण)।
- सभी पंजीकृत और गैर-पंजीकृत विनिर्माण इकाइयों में तैयार पूंजीगत वस्तुओं तथा विदेश से आयातित पूंजीगत वस्तुओं के मूल्य को भी GFCF में शामिल किया जाता है।

255. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार विश्व स्तर पर बनाई गई नई फर्मों की संख्या के मामले में भारत का विश्व में कौन सा स्थान है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) चौथा (b) पहला
(c) तीसरा (d) दूसरा

Ans. (c) तीसरा

- आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2020-21 का मुख्य विषय -जीवन और आजीविका की बचत और V- आकार की रिकवरी था।
- आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, वैश्विक स्तर पर बनाई गयी नई कंपनियों की संख्या के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है।
- भारत का आर्थिक सर्वेक्षण वित्त मंत्रालय का आर्थिक मामलों का विभाग करवाता है।

256. आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार, भारत के शीर्ष पाँच व्यापारिक साझेदार संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और ..... बने हुए हैं।

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(A) सऊदी अरब (B) हांगकांग
(C) सिंगापुर (C) श्रीलंका
(a) B और C दोनों
(b) A और B दोनों
(c) C और D दोनों
(d) A और D दोनों

Ans. (b) A और B दोनों

- आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार, भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदार ये हैं-
- संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, साऊदी अरब और हांगकांग है।
- भारत का आर्थिक सर्वेक्षण, वित्त मंत्रालय का एक वार्षिक दस्तावेज है, यह सर्वेक्षण केन्द्रीय बजट से ठीक पहले संसद में पेश किया जाता है।

257. निम्नलिखित में से कौन-सी नीतियाँ व्यापक रूप से भारत सरकार के वार्षिक वित्तीय विवरण द्वारा प्रकाशित की जाती है?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) राजकोषीय नीति
(b) जनसंख्या नीति
(c) मौद्रिक नीति
(d) औद्योगिक नीति

Ans. (a) राजकोषीय नीति

- भारत सरकार के वार्षिक वित्तीय विवरण में आम तौर पर ये नीतियाँ प्रकाशित की जाती हैं- कर राजस्व, गैर-कर राजस्व, राजकोषीय नीति पूंजीगत प्राप्तियाँ।
- संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार वित्त मंत्री संसद में बजट पेश करते हैं।
- संविधान मे कहीं भी बजट शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है।
- वार्षिक वित्तीय विवरण तीन भागों में बँटा होता है, संचित निधि, आकस्मिकता निधि तथा सार्वजनिक खाता।

258. उत्पादन या वितरण द्वारा मूल्यवर्धन के प्रत्येक चरण में एकत्रित कर _____ के रूप में जाना जाता है।

(a) उन्नत कर (b) अप्रत्यक्ष कर
(c) प्रत्यक्ष कर (d) मूल्य वर्धित कर

Ans. (d) मूल्य वर्धित कर

- मूल्य वर्धित कर एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है। यह माल की बिक्री पर विक्रेता द्वारा वसूला जाता है, एवं शासन को जमा किया जाता है।

259. सामान्य कर परिवर्जन रोधी नियम (GAAR) का प्रस्ताव पहली बार पारित किया गया।

(a) प्रत्यक्ष कर संहिता 2010
(b) GST संशोधन
(c) FFSLRC
(d) FSDC अनुशंसा

Ans. (a) प्रत्यक्ष कर संहिता 2010

- जनरल एंटी-अवॉयडेंस रूल (**गार**) 1 अप्रैल, 2017 को लागू हुआ था।
- गार करों की चोरी और कालेधन की रोकथाम के लिए बनाया गया एक प्रमुख कानून है।
- गार को लागू करने के पीछे सरकार का उदेश्य यह है कि जो भी विदेशी कंपनी भारत में निवेश करें, वह भारत में तय नियमों के अनुसार ही कार्य करें।

260. निम्नलिखित में से किस समिति को 'चालू अर्थव्यवस्था समिति' कहा जाता है?

(a) सार्वजनिक लेखा समिति
(b) सार्वजनिक उपक्रम समिति
(c) आचार समिति
(d) अनुमान समिति

Ans. (d) अनुमान समिति

- अनुमान समिति अथवा प्राक्कलन समिति संसद के माध्यम से सरकार द्वारा प्राप्त किए गए धन के व्ययों के अनुमान की जाँच-पड़ताल करती है।
- यह स्थायी मितव्ययिता समिति के रूप में कार्य करती है और यह समिति अपनी आलोचना या सुझाव द्वारा सरकारी फिजूल खर्ची पर रोक लगाने का काम करती है।

261. करदाताओं पर उनकी संवहनीयता अनुसार लगने वाला 'प्रो-पुअर' (गरीबों के हित में) कर कौन-सा है?

(a) आनुपातिक कराधान
(b) प्रतिकूल कराधान
(c) प्रगतिशील कराधान
(d) अप्रत्यक्ष कराधान

Ans. (c) प्रगतिशील कराधान

- प्रगतिशील कर एक ऐसी कर प्रणाली है, जिसमें आय में वृद्धि के साथ कर की दर में भी वृद्धि होती है।
- संक्षेप में, यह एक कर प्रणाली है, जिसमें आय में वृद्धि के साथ व्यक्ति की क्षमता के भुगतान पर निर्भर करती है, अर्थात् अधिक आय वाले करदाताओं से अधिक कर तथा कम आय वाले करदाताओं से कम **कर** वसूल किया जाता है। इसलिए करदाताओं को उनकी आय के स्तर के आधार पर विभाजित किया जाता है।

262. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ..... है?

(a) कानून क्षेत्र में सुधार
(b) आर्थिक एकीकरण
(c) राज्यों के लिए कर अवमूल्यन
(d) सरकारी खर्च में वृद्धि

Ans. (b) आर्थिक एकीकरण

- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (FRBM Act), प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में पारित किया गया।

263. आयात पर लगे कर को ..... कहा जाता है.

(a) टैरिफ (b) बिक्री कर
(c) आयकर (d) सीमा शुल्क

Ans. (a) टैरिफ

- **टैरिफ:-** आयात पर लगने वाले कर को टैरिफ कहते हैं।

264. उत्पाद शुल्क किस सरकारी विभाग से संबंधित है?

(a) राजस्व (b) कृषि
(c) रक्षा (d) स्वास्थ्य

Ans. (a) राजस्व

- उत्पाद शुल्क एक अप्रत्यक्ष कर हैं, जो भारत सरकार के राजस्व विभाग द्वारा वसूला जाता है।
- यह कर भारत सरकार द्वारा भारत में विनिर्माण की जाने वाली उन वस्तुओं पर लगाया जाता है, जो घरेलू खपत के लिए प्रयोग की जाती हैं।
- वर्तमान में उत्पाद शुल्क वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में शामिल कर लिया गया है। GST कर एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है।

265. उदार विनिमय दर प्रबंधन प्रणाली (LERMS) का विघटन कब हुआ?

(a) मार्च, 1995 (b) मार्च, 1993
(c) मार्च, 1994 (d) मार्च, 1996

Ans. (b) मार्च, 1993

- भारत सरकार ने मार्च, 1992 में उदारीग्त विनिमय दर प्रबंधन प्रणाली (एलईआरएमएस) की शुरुआत की।
- वर्ष 1992 के बजट में मार्च की शुरुआत में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा इसकी शुरूआत की गई थी, लेकिन इसका विघटन मार्च, 1993 में कर दिया गया।
- विनिमय दर एक देश की मुद्रा बनाम दूसरे देश या आर्थिक क्षेत्र की मुद्रा का मूल्य होता है।

266. निम्नलिखित में कौन-सा सरकार के लिए राजस्व व्यय नहीं है?
(a) सब्सिडी (b) ब्याज भुगतान
(c) रक्षा व्यय (d) कर संग्रह

Ans. (d) कर संग्रह

- विभिन्न सरकारी विभागों तथा सेवाओं पर खर्च, ब्याज भुगतान, सब्सिडी पर व्यय, रक्षा व्यय आदि को राजस्व व्यय कहा जाता है।
- राजस्व व्यय न तो परिसंपत्तियों के निर्माण में मदद करते हैं और न ही किसी व्यवसाय की देनदारियों को कम करते हैं।

267. निम्नलिखित में से कौन-सा अप्रत्यक्ष कर नहीं है?
(a) सीमा शुल्क (b) निगम कर
(c) उत्पाद शुल्क (d) सेवा कर

Ans. (b) निगम कर

- निगम कर एक प्रत्यक्ष कर है, जो किसी कंपनी की शुद्ध आय या कंपनी के संचालन से प्राप्त लाभ पर लगाया जाता है।
- अप्रत्यक्ष कर एक प्रकार का वह कर है, जो सरकार द्वारा एक मध्यस्थ से वसूला जाता है और सीधे सरकार को हस्तांतरित नहीं किया जाता है।

जैसे: सेवा कर, बिक्री कर, जीएसटी, उत्पाद शुल्क, स्टाम्प मनोरंजन कर, मूल्यवर्धित कर, सीमा शुल्क, टोल टैक्स और चुंगी कर।

268. बजट घाटे की अवधारणाओं में प्राथमिक घाटे का अर्थ क्या है?
(a) राजकोषीय घाटे और ब्याज भुगतान के बीच अंतर
(b) कुल राजस्व व्यय और कुल राजस्व के बीच का अंतर
(c) कुल व्यय और कुल राजस्व प्राप्तियों के योग के बीच का अंतर
(d) कुल व्यय और बिना उधार के कुल राजस्व के बीच का अंतर

Ans. (a) राजकोषीय घाटे और ब्याज भुगतान के बीच अंतर

- प्राथमिक घाटे को चालू वित्त वर्ष के राजकोषीय घाटे और पिछले उधारों पर ब्याज भुगतान के बीच के अंतर के रूप में जाना जाता है।
- यह ब्याज को छोड़कर सरकार की उधार आवश्यकताओं को दर्शाता है।

269. निम्नलिखित में से कौन-सा अप्रत्यक्ष कर है?
(a) वस्तु एवं सेवा कर
(b) आयकर
(c) न्यूनतम वैकल्पिक कर
(d) कॉर्पोरेट कर

Ans. (a) वस्तु एवं सेवा कर

- **अप्रत्यक्ष कर :** वस्तुओं या सेवाओं को खरीदने के बाद उपभोक्ताओं द्वारा दिया जाने वाला कर अप्रत्यक्ष कर कहलाता है।
- **उदाहरण :** GST, सेवा कर, बिक्री कर आदि है।
- **प्रत्यक्ष कर :** प्रत्यक्ष करों में ऐसे कर शामिल होते हैं जिनका भुगतान व्यक्ति सीधे सरकार को करते हैं। ये कर व्यक्तिगत रूप से किसी व्यक्ति पर लगाए जाते हैं।

270. स्टॉक एक्सचेंज का एक पंजीग्त सदस्य जो अपने ग्राहक की ओर से शेयर/प्रतिभूति खरीदता है या बेचता है और सौदे के सकल मूल्य पर कमीशन लेता है, कहलाता है–
(a) अपस्फीति (b) कमीशन ब्रोकर
(c) मुद्रास्फीति (d) रोजगार

Ans. (b) कमीशन ब्रोकर

- शेयर बाजार के संदर्भ में एक ब्रोकर एक व्यक्ति है, जो शेयरों की बिक्री या खरीद करने के लिए तैयार है। इन लेनदेन को करने के लिए, ब्रोकर एक शुल्क लेता है, जिसे कमीशन या ब्रोकरेज के रूप में भी जाना जाता है।

271. 'IPPB' का पूर्णरूप क्या है?
(A) India Post Payments Bank
(B) India Postal Payment Bank
(C) India Personal Payments Bank
(D) International Post Payments Bank

Ans. (a) India Post Payments Bank

- **भारतीय डाक भुगतान बैंक**
- स्थापना – 1 सितंबर, 2018
- मुख्यालय – नई दिल्ली
- उद्योग – बैंकिंग

272. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के द्वारा भारत में जी.एस.टी. (GST) परिषद की स्थापना की गई?

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) 103वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2016
(b) 104वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2016
(c) 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2016
(d) 101वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2016

Ans. (d) 101वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2016

- GST परिषद को वर्ष 2016 में 101वें संविधान संशोधन के द्वारा स्थापित किया गया।
- GST परिषद को संविधान के अनुच्छेद 279A(1) के तहत गठित किया गया है।
- वित्त मंत्री GST परिषद के अध्यक्ष होते हैं।
- 1 जुलाई, 2017 को GST प्रणाली भारत में लागू हुई।
- GST लागू करने वाला पहला राज्य असम था।
- उल्लेखनीय है कि GST अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है।

273. 30 जून, 2020 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में निम्नलिखित में से किस उत्पाद को जी.एस.टी. (GST) के दायरे से बाहर रखा गया है?

(D.P. Const. 2 Dec. 2020)

(a) वातानुकूलक (ए.सी.) और प्रशीतक (रेफ्रिजरेटर्स)
(b) दंत मंजन और साबुन
(c) जीवनरक्षक औषधियाँ
(d) मानव उपभोग हेतु मदिरा (ऐल्कोहॉल)

Ans. (d) मानव उपभोग हेतु मदिरा (ऐल्कोहॉल)

- जून 2020 की स्थिति के अनुसार, शराब को मानव उपयोग हेतु GST के दायरे से बाहर रखा है।
- पेट्रोलियम, शराब, बिजली और रियल एस्टेट को GST में शामिल नहीं किया गया हैं।
- GST स्लैब 5%, 12%, 18% तथा 28%।
- भारत में GST 1 जुलाई, 2017 को लागू हुई।
- GST एक एकीग्त अप्रत्यक्ष कर है।
- अनुच्छेद 279(A)में GST परिषद का वर्णन है।
- इसे 101वें संविधान संशोधन अधिनियम 2016 के तहत सम्मिलित किया गया है।

274. वस्तु एवं सेवा कर परिषद का सचिवालय कहाँ स्थित है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) चंडीगढ (b) मुंबई
(c) कोलकाता (d) नई दिल्ली

Ans. (d) नई दिल्ली

- संविधान के अनुच्छेद 279A(1) में GST परिषद का उल्लेख है।
- GST परिषद में 33 सदस्य शामिल हैं।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री GST परिषद के अध्यक्ष होते हैं।

- GST परिषद के पहले अध्यक्ष अरुण जेटली थे।
- भारत में GST की शुरुआत 1 जुलाई, 2017 में हुई।
- GST लागू करने वाला प्रथम राज्य असम तथा अंतिम राज्य जम्मू-कश्मीर है।
- भारत का GST मॉडल कनाडा के GST मॉडल पर आधारित है।
- GST लागू करने वाला पहला देश फ्रांस है।

275. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) अन्तरराज्यीय वस्तुओं और सेवाओं के लेनदेन पर एकीग्त जीएसटी लगाया जाएगा।
(b) विशेष महत्व के घोषित सामान की अवधारणा समाप्त कर दी गई।
(c) राजस्व के नुकसान के लिए राज्यों को पाँच साल के लिए मुआवजा मिलेगा।
(d) जीएसटी, वैट (VAT) विधि द्वारा एकत्र किया जाएगा।

Ans. (b) विशेष महत्व के घोषित सामान की अवधारणा समाप्त कर दी गई।

- वस्तु एवं सेवा कर (GST) के अंतर्गत विशेष महत्व के घोषित सामान की अवधारणा समाप्त कर दी गई।
- GST भारत में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर लागू एक अप्रत्यक्ष कर है।
- 1 जुलाई, 2017 को भारत सरकार ने संविधान के 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 को अपनाते हुए वस्तु एवं सेवा कर को लागू किया।
- GST ने केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए वर्तमान विभिन्न अप्रत्यक्ष करों को समाप्त कर दिया।

276. जीएसटी (GST) भारत में अधिरोपित एक अप्रत्यक्ष कर है। GST का पूर्ण रूप ..... है।
(a) वस्तु और सरचार्ज कर
(b) वस्तु एवं सेवा कर
(c) सामान्य सेवा कर
(d) सामान्य कर संरचना

Ans. (b) वस्तु एवं सेवा कर

- वस्तु एवं सेवा कर (GooosQ and Services Tax) एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है, जिसे 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 द्वारा संविधान में शामिल किया गया था। यह 1 जुलाई, 2017 को लागू हुआ।
- विश्व में सर्वप्रथम फ्रांस ने वर्ष 1954 में GST लागू किया गया था।
- GST लागू करने वाला भारत का प्रथम राज्य असम है।

277. भारत सरकार के आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-20 के दौरान चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ.डी.आई./FDI) लगभग ..... मिलियन का था।
(a) $164 (b) $245
(c) $357 (d) $270

Ans. (a) $164

- वर्ष 2019-20 के दौरान अप्रैल, 2020 से सरकार को 120 रुपये से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के प्रस्ताव प्राप्त हुए।
- चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 164 मिलियन डॉलर का था।

278. ..... में, भुगतान के बकाये के संकट को हल करने के उपाय के रूप में, भारतीय रुपये को विदेशी मुद्राओं के विरुद्ध अवमूल्यित किया गया था।

(D.P. Const. 17 Dec. 2023)
(a) 1991 (b) 1971
(c) 1961 (d) 1981

Ans. (a) 1991

- मुद्रा अवमूल्यन का अर्थ है– अस्थायी विनिमय दर प्रणाली में मुद्रा के मूल्य में गिरावट आना।
- सरकारें व्यापार असंतुलन से निपटने के लिए अवमूल्यन का इस्तेमाल करती हैं।
- भारत में अब तक तीन बार मुद्रा का अवमूल्यन हो चुका है।
- वर्ष 1949 में पहली बार मुद्रा का अवमूल्यन हुआ था।
- वर्ष 1966 में दूसरी बार (पाकिस्तान युद्ध के कारण)।
- वर्ष 1991 में तीसरी बार (आर्थिक संकट के कारण)।

279. वैश्वीकरण के संदर्भ में FDI एक महत्वपूर्ण शब्द है। FDI में I का क्या अर्थ है?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)
(a) Investment (इन्वेस्टमेंट)
(b) International (इंटरनेशनल)
(c) Investor (इंवेस्टर)
(d) Interest (इंट्रेस्ट)

Ans. (a) Investment (इन्वेस्टमेंट)

- FDI का पूर्णरूप- Foreign Direct Investment.
- भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) करने में मॉरिशस और सिंगापुर सबसे आगे है।
- FDI बाहरी पूँजी का एक स्रोत प्रदान करता है, जिसका उपयोग मेजबान देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए किया जा सकता है।

280. विदेशी विनिमय बाजार में वह स्थिति क्या कहलाती है जब घरेलू मुद्रा का मूल्य विदेशी मुद्रा की तुलना में गिरने लगता है?
(a) अवमूल्यन (b) लागत वृद्धि
(c) पुनर्मूल्यन (d) ऋणशोधन

Ans. (a) अवमूल्यन

- **अवमूल्यन:** जब किसी देश के द्वारा मुद्रा की विनिमय दर अन्य देशों की मुद्राओं से कम कर दी जाए ताकि निवेश को बढ़ावा मिल सके, तो उसे अवमूल्यन कहते हैं।

281. FERA का पूर्ण रूप क्या है?
(a) फॉरेन एक्सपोर्ट रिवैल्युएशन एक्ट
(b) फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट
(c) फंड्स एक्सचेंज रिसोर्सेज एक्ट
(d) फाइनेंस एंड एक्सपोर्ट रेगुलेशन एसोसिएशन

Ans. (b) फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट

- वर्ष 1973 में फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट (FERA) पारित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विदेशी मुद्रा का सदुपयोग सुनिश्चित करना था।
- यह कानून देश के विकास में बाधक बन गया था, इसलिए वर्ष 1999 में इसे फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (FEMA) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया।

282. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति पूंजी खाता परिवर्तनीयता से संबंधित है?
(a) रंगराजन समिति
(b) एस.एस. तारापोर समिति
(c) वाई. वी. रेड्डी समिति
(d) उर्जित पटेल समिति

Ans. (b) एस.एस. तारापोर समिति

- **एस.एस. तारापोर समिति**- पूंजी खाता परिवर्तनीयता
- **रंगराजन समिति**-गरीबी मापन पद्धति की समीक्षा
- **वाई. वी. रेड्डी समिति**-कम बचत पर ब्याज दर का पुनर्गठन
- **उर्जित पटेल समिति**-मौद्रिक नीति समिति की स्थापना

283. सरकार द्वारा सरकारी प्रतिबंधों और बाधाओं को हटाया जाना कहलाता है-
(a) उदारीकरण (b) निजीकरण
(c) आधुनिकीकरण (d) औद्योगिकीकरण

Ans. (a) उदारीकरण

- उदारीकरण का अर्थ सरकारी नियंत्रण में ढील देना या उन्हें हटा देना है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले।
- उदारीकरण में वे सारी क्रियाएँ सम्मिलित है, जिसके द्वारा किसी देश के आर्थिक विकास में

बाँधा पहुँचाने वाली आर्थिक नीतियों, नियमों, प्रशासनिक नियंत्रणो, प्रक्रियाओं आदि को समाप्त किया जाता है या उनमें शिथिलता दी जाती है।

284. एशियाई विकास बैंक (ADB) के सदस्य देशों की संख्या क्या है?
(a) 103 (b) 94
(c) 78 (d) 69

Ans. (d) 69

- एशियाई विकास बैंक की स्थापना - 1966
- मुख्यालय - मनीला (फिलीपींस)
- सदस्य देशों की संख्या - 69
- एशियाई विकास बैंक एक अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त संस्थान है, जिसका उद्देश्य अपने विकासशील सदस्य देशों को गरीबी कम करने तथा जीवन गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है।
- भारत एशियाई विकास बैंक का संस्थापक सदस्य था।

285. भारत ने किस वित्तीय वर्ष में आईएमएफ (IMF) के साथ विस्तारित निधि सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए?
(a) 2011 – 12 (b) 1981 – 82
(c) 1991 – 92 (d) 2001 – 02

Ans. (b) 1981 – 82

- भारत ने वित्त वर्ष 1981-1982 में IMF के साथ विस्तारित निधि सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।
- IMF की इस व्यवस्था की शुरूआत 9 नवंबर, 1981 में हुई थी और समाप्ति 01 मई, 1984 को हुई। भारत ने विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.9 बिलियन का उधार लिया।

286. अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक को लोकप्रिय रूप में ..... के नाम से जाना जाता है।
(a) डब्ल्यू. टी. ओ
(b) विश्व बैंक
(c) विश्व आर्थिक मंच
(d) आई.एम.एफ

Ans. (b) विश्व बैंक

- पुनर्निर्माण और विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) विश्व बैंक द्वारा प्रशासित एक विकास बैंक है।
- IBRD देशों की गरीबी को कम करने और सतत् विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय उत्पाद और नीतिगत सलाह प्रदान करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक 189 सदस्य देशों के स्वामित्व वाला एक सहकारी बैंक है।
- **विश्व बैंक**
  - स्थापना - जुलाई, 1944
  - मुख्यालय - वाशिंगटन DC (USA)
  - वर्तमान अध्यक्ष - अजय बंगा (14वें अध्यक्ष)

287. विश्व व्यापार संगठन (WTO) द्वारा एक ..... स्थापित किए जाने की उम्मीद है।
(a) कल्याण आधारित व्यापार व्यवस्था
(b) क्षेत्रीय आधारित व्यापार व्यवस्था
(c) नियम आधारित व्यापार व्यवस्था
(d) लाभ आधारित व्यापार व्यवस्था

Ans. (c) नियम आधारित व्यापार व्यवस्था

- WTO – World Trade Organization
- स्थापना - 1 जनवरी, 1995
- मुख्यालय - जिनेवा (स्विटरजरलैण्ड)
- सदस्य देश - 166
- वर्तमान अध्यक्ष - नगोजी ओकोंजो-इबेला

288. विश्व मुद्राओं के विनिमय को विनियमित करने की विधि ..... द्वारा शुरू की गयी।
(a) विश्व आर्थिक मंच
(b) विश्व बैंक
(c) संयुक्त राष्ट्र
(d) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

Ans. (d) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

- विश्व मुद्राओं में विनिमय को विनियमित करने की विधि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा शुरू की गयी।
- IMF की स्थापना - जुलाई, 1944, ब्रेटन वुड्स, न्यू हैम्पशायर (USA)
- मुख्यालय - वॉशिंगटन डी.सी (अमेरिका)
- सदस्य देश - 191
- वर्तमान महानिदेशक - क्रिस्टालिना जॉर्जीवा

289. राष्ट्रीय पेंशन योजना में पंजीकरण के लिए अधिकतम आयु कितने वर्ष है?
(a) 62 (b) 65
(c) 58 (d) 70

Ans. (b) 65

- राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) में जुड़ने के लिए आयु सीमा में बदलाव किये गए। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने राष्ट्रीय पेंशन योजना में जुड़ने की उम्र 60 वर्ष से बढाकर 65 वर्ष कर दी है।

290. निम्न में से कौन-सी सरकारी योजना दुर्घटना बीमा के लिए है?
(a) मेक इन इंडिया
(b) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
(c) अटल पेंशन योजना
(d) प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)

Ans. (d) प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)

- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की शुरुआत 9 मई, 2015 को की गई थी।
- इस योजना के तहत धारक को ₹2 लाख रुपये का दुर्घटना जीवन बीमा दिया जाएगा। साथ ही आंशिक नुकसान पर ₹1 लाख का बीमा दिया जाएगा। इस बीमा राशि के लिए धारक को केवल ₹20 प्रति वर्ष की राशि प्रीमियम के तौर पर देनी होगी।

291. वर्तमान में केंद्रीय योजना "सांसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना" (एमपीएलडी) के तहत मिलने वाली राशि कितनी है (रुपये में)?
(a) 5 लाख (b) 10 लाख
(c) 5 करोड़ (d) 2 करोड़

Ans. (c) 5 करोड़

- **सांसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना** की शुरूआत 23 दिसंबर, 1993 में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव द्वारा की गई थी।
- इस योजना के तहत सांसदों को ऐसा तंत्र उपलब्ध करवाया या करवाने की कोशिश की जा रही थी, कि वे स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुसार स्थाई समुदाय पर परिसंपत्तियों के निर्माण और सामुदायिक ढाँचा सहित, उन्हें बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लायक बन सकें।

292. पीडीएस (PDS) योजना को लक्षित पीडीएस (PDS) के रूप में पुनर्गठित किया गया-
(a) 1997 में (b) 1996 में
(c) 1998 में (d) 1999 में

Ans. (a) 1997 में

- सार्वजनिक वितरण योजना (PDS) (Public Distribution System) भारत की सार्वजनिक राशन प्रणाली है, जिसे उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा प्रशासित किया जाता है।

293. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (NREP) की शुरूआत की गयी थी-
(a) 1990 में (b) 1982 में
(c) 1980 में (d) 1952 में

Ans. (c) 1980 में

- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (NREP) की शुरुआत वर्ष 1980 में की गयी थी।

294. प्रधानमंत्री जन धन योजना कब शुरू की गई थी?

(a) 15 अगस्त, 2015
(b) 15 अगस्त, 2014
(c) 28 अगस्त, 2014
(d) 28 अगस्त, 2015

Ans. (c) 28 अगस्त, 2014

- प्रधानमंत्री जन-धन योजना वित्तीय समावेशन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में बचत, प्रेषण, ऋण, जमा खाता, बीमा पेंशन वित्तीय सेवाओं को प्रभावी ढंग से सभी तक पहुँचाना है।
- इस योजना की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2014 को की थी तथा इसका शुभारम्भ 28 अगस्त, 2014 से सम्पूर्ण देश में लागू किया गया।

295. WTO के अनुसार "वस्तु एवं सेवाओं, पूंजी एवं श्रम-शक्ति का देश की सीमाओं के पार अप्रतिबंधित आवाजाही" के द्वारा पूरे विश्व में अर्थव्यवस्था की गति कहलाती है-

(a) वैश्वीकरण (b) आधुनिकीकरण
(c) निजीकरण (d) उदारीकरण

Ans. (a) वैश्वीकरण

- वैश्वीकरण का अर्थ है - वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का परस्पर जुड़ाव। इसकी प्रमुख विशेषता में विश्व के विभिन्न देशों के लोगों, कंपनियों और सरकारों के मध्य आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक संबंध और परस्पर निर्भरता शामिल हैं।

296. ए.आई.आई.बी. (AIIB) एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका मिशन एशिया में सामाजिक और आर्थिक परिणामों को बेहतर बनाना है। ए.आई.आई.बी. (AIIB) का पूर्ण रूप क्या है?

(a) एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्रियल बैंक (Asian Infrastructure Industrial Bank)
(b) एशियन इन्वेस्टमेंट इंडस्ट्रियल बैंक (Asian Investment Industrial Bank)
(c) अफ्रीकन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (African Infrastructure Investment Bank)
(d) एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (Asian Infrastructure Investment Bank)

Ans. (d) एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (Asian Infrastructure Investment Bank)

- एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक, एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।
- इसका उद्देश्य एशिया में सामाजिक और आर्थिक परिणामों को बेहतर बनाना है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2016 में हुई।
- इसका मुख्यालय बीजिंग में है।
- अध्यक्ष - चीनी बैंकर जिन लिकुन

297. निम्नलिखित में से किसे सितंबर, 2019 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कार्यकारी बोर्ड द्वारा आई.एम.एफ. (IMF) का प्रबंध निदेशक चुना गया?

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) डेविड लिप्टन
(b) क्रिस्टालिना जॉर्जीवा
(c) गीता गोपीनाथ
(d) अबेबे एमरो सेलासी

Ans. (b) क्रिस्टालिना जॉर्जीवा

- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की प्रबंधक निदेशक किस्टालिना जॉर्जीवा है।
- उन्हें 1 अक्टूबर, 2024 से शुरू होने वाले दूसरे पाँच साल के कार्यकाल के लिए पुनः चुना गया है।
- IMF की स्थापना- जुलाई, 1944
- IMF का मुख्यालय- वाशिंगटन डी.सी.
- IMF के सदस्य देश- 191
- कार्य- वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहन देना तथा दुनियाभर में गरीबी को कम करने के लिए काम करना।

298. जून 2020 में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारतीय अर्थव्यवस्था में .....% संकुचन का अनुमान व्यक्त किया था।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) 63.2 (b) 8.50
(c) 2.25 (d) 4.50

Ans. (d) 4.50

- IMF का पूर्ण रूप- International Monetary Fund (अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष)
- जून, 2020 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारतीय अर्थव्यवस्था में -4.5% की दर से संकुचन का अनुमान व्यक्त किया था।
- IMF के अनुमान के अनुसार, भारत की वृद्धि दर वर्ष 2025 तथा 2026 दोनों के लिए 6.5% पर मजबूत रहेगी।
- ध्यातव्य है कि विश्व बैंक ने अपनी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के जनवरी 2025 संस्करण में अनुमान लगाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026 और 2027 दोनों में ही 6.7% की स्थिर दर से बढ़ेगी।

299. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, मानक स्थापित करने वाले निकाय के रूप में ..... नाम का एक नया राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र स्थापित किया जाएगा।

(D.P. Const. 9 Dec. 2020)

(a) प्रकाश (b) प्रखर
(c) परख (d) प्रज्ञा

Ans. (c) परख

- छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन के लिए मानक निर्धारक निकाय के रूप में परख (PARAKH) नाम का एक नया राष्ट्रीय आंकलन केन्द्र National Assessment Center की स्थापना की जायेगी।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सतत विकास लक्ष्य-4 (2030) के अनुरूप है।
- इस नीति के अंतर्गत 3-6 वर्ष के बीच के सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित करना प्रमुख विशेषता है।

300. प्रतिभूतियों में निवेशकों के हितों की रक्षा करने और प्रतिभूति बाजार को बढ़ावा देने तथा विनियमित करने के लिए भारत सरकार द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी?

(a) 1988 में (b) 1999 में
(c) 1985 में (d) 1992 में

Ans. (a) 1988 में

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना 12 अप्रैल, 1988 में हुई।
- SEBI अधिनियम, 1992 के तहत इसे सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया।
- SEBI का मुख्यालय - मुम्बई
- नई दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई तथा अहमदाबाद में इसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं।

301. भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक परिवार को निम्नलिखित में से कितना वार्षिक स्वास्थ्य कवर दिया जाता है?

(D.P. Const. 3 Dec. 2020)

(a) ₹2 लाख (b) ₹3 लाख
(c) ₹5 लाख (d) ₹4 लाख

Ans. (c) ₹5 लाख

- आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 23 सितंबर, 2018 में हुई।
- इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक पात्र परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का केशलेस स्वास्थ्य कवर मिलता है।
- इस योजना का शुभारंभ झारखण्ड की राजधानी राँची से किया गया।

302. भारत में, देश की विदेशी मुद्रा के भंडार का संरक्षक निम्नलिखित में से कौन होता है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक
(b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) केन्द्रीय वित्त मंत्रालय
(d) केन्द्रीय मंत्रिमंडल

Ans. (a) भारतीय रिज़र्व बैंक

- भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार के संरक्षक एवं प्रबंधक के रूप में कार्य करता है।
- किसी भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल तत्व-स्वर्ण भंडार, विदेशी परिसंपत्तियाँ, IMF के पास रिज़र्व ट्रेंच तथा विशेष आहरण अधिकार।

303. भारत की दशकीय जनगणना, किस जनगणना अधिनियम के तहत की जाती है?

(D.P. Const. 17 Dec. 2023)

(a) जनगणना अधिनियम 1955
(b) जनगणना अधिनियम 2010
(c) जनगणना अधिनियम 1948
(d) जनगणना अधिनियम 2001

Ans. (c) जनगणना अधिनियम 1948

- भारत की दशकीय जनगणना, जनगणना अधिनियम वर्ष 1948 के तहत की जाती है।
- भारत में पहली बार जनगणना वर्ष 1872 में हुई।
- भारत में पहली नियमित जनगणना वर्ष 1881 में हुई।
- 2011 की जनगणना भारत की 15वीं जनगणना थी।
- 2011 की जनगणना में पहली बार बायोमेट्रिक जानकारी एकत्र की गयी।
- 2011 की जनगणना का नारा 'हमारी जनगणना, हमारा भविष्य' था। भारत में जनगणना का काम भारत के महारजिस्ट्रार तथा जनगणना आयुक्त का कार्यालय करता है; यह गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

304. SEBI में 'E' से क्या तात्पर्य है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) एक्सचेंज (Exchange)
(b) इलेक्ट्रॉनिक (Electronic)
(c) इलेक्ट्रॉनिकली (Electronically)
(d) एनर्जी (Energy)

Ans. (a) एक्सचेंज (Exchange)

- SEBI का पूर्ण रूप- Securities and Exchange Board of India (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड)
- SEBI में E का अर्थ है- Exchange
- स्थापना- 12 अप्रैल, 1988
- मुख्यालय - मुम्बई
- कार्य- प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा करना।
- अध्यक्ष- माधवी पुरी बुच

305. मुद्रा (MUDRA) योजना के तहत ऋण की अधिकतम सीमा क्या है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) ₹5 लाख (b) ₹50,000
(c) ₹10 लाख (d) ₹1 लाख

Ans. (c) ₹10 लाख

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण की अधिकतम सीमा 10 लाख थी , लेकिन केन्द्रीय बजट 2024-25 में इसे बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया।
- पीएमएमवाई (PMMY) की शिशु, किशोर, तरूण तथा तरूण प्लस ऋण की अधिकतम राशि इस प्रकार है-
- शिशु ऋण ₹50,000
- किशोर ऋण- ₹50 हजार से ₹5 लाख
- तरूण ऋण- ₹5 लाख ₹20 लाख
- तरूण प्लस - ₹10 लाख से ₹20 लाख
- मुद्रा योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई।

306. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति- 2000 के अनुसार, जनसंख्या में स्थिरता प्राप्त करने का लक्षित वर्ष क्या है?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) 2065 (b) 2045
(c) 2070 (d) 2050

Ans. (b) 2045

- राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार, वर्ष 2045 तक जनसंख्या में स्थिरता प्राप्त करने का लक्ष्य है।
- इस नीति का उद्देश्य जनसंख्या की कुल प्रजनकता को प्रतिस्थापन स्तर 2 बच्चे प्रति जोड़े तक लाना है।

307. स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (GMS) भारत सरकार द्वारा ..... में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, कोई भी अपने सोने को जी.एम.एस. (GMS) खाते में किसी भी रूप में जमा कर सकता है और सोने की कीमत बढ़ने के साथ ब्याज अर्जित कर सकता है।

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) 2015 (b) 2005
(c) 2010 (d) 2020

Ans. (a) 2015

- स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (GMS) को भारत सरकार ने नवंबर, 2015 में शुरू किया।
- इस योजना के तहत सोने को किसी भी रूप में जमा किया जा सकता है तथा सोने की कीमत बढ़ने के साथ ब्याज भी मिलता है। इसके तहत अल्पावधि (1-3 वर्ष), मध्यम अवधि (5-7 वर्ष) और दीर्घकालिक अवधि (12-15 वर्ष) में सोना स्वीकार किए जाते हैं।
- इस योजना के जरिए सरकार ने सोने के आयात पर निर्भरता कम करने का उद्देश्य रखा।

308. 11 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे?

(a) सी. रंगराजन
(b) ए. एम. खुसरो
(c) डॉ. विजय एल. केलकर
(d) डॉ. वाई.वी. रेड्डी

Ans. (b) ए. एम. खुसरो

- संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत वित्त आयोग के गठन का प्रावधान है।
- वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति के द्वारा प्रत्येक पाँचवें वर्ष की समाप्ति पर या उससे पहले, जिसे राष्ट्रपति आवश्यक समझे, आदेश के तहत किया जाता है।
- प्रथम वित्त आयोग वर्ष 1951 में स्थापित किया गया था। प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष के. सी. नियोगी थे।
- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष - अरविंद पनगढ़िया।

309. भारतीय अर्थशास्त्र संस्थान कहाँ स्थित है?

(a) कोलकाता (b) रायपुर
(c) हैदराबाद (d) मुंबई

Ans. (c) हैदराबाद

- भारतीय अर्थशास्त्र संस्थान का मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है।

310. 'सिडबी' का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(a) चेन्नई (b) कोलकाता
(c) लखनऊ (d) मुंबई

Ans. (c) लखनऊ

- सिडबी : लघु उद्योग एवं विकास बैंक (Small Industries Development Bank of India)
- स्थापना - 2 अप्रैल, 1990
- मुख्यालय - लखनऊ

311. 'एन इंक्वायरी इन टू द नेचर एंड कॉजेज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक किसने लिखी है?

(a) पॉल सैमुएलसन (b) एडम स्मिथ
(c) अल्फ्रेड मार्शल (d) जे. एम. केन्र्स

Ans. (b) एडम स्मिथ

- 'एन इंक्वायरी इन टू द नेचर एंड कॉजेज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक एडम स्मिथ ने लिखी।

✪ वे एक स्कॉटिश अर्थशास्त्री और दार्शनिक थे, जो स्कॉटिश ज्ञानोदय के दौरान राजनीतिक अर्थव्यवस्था और प्रमुख व्यक्ति की सोच में अग्रणी थे।

✪ उन्हें **'अर्थशास्त्र का पिता'** या **'पूँजीवाद के पिता'** के रूप में भी जाना जाता है।

312. वित्तीय वर्ष को बदल कर जनवरी से दिसंबर तक करने वाला पहला भारतीय राज्य कौन-सा है?11
(a) आंध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु
(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

Ans. (c) मध्य प्रदेश

✪ मध्य प्रदेश सरकार ने काफी समय से चले आ रहे वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च की परम्परा को समाप्त कर नया वित्त वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसम्बर कर दिया है।

✪ इस प्रकार मध्य प्रदेश नया वित्त वर्ष अपनाने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।

✪ इस प्रक्रिया के समय मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान थे।

313. 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे?
(a) डॉ. विजय एल. केलकर
(b) डॉ. वाई. वी. रेड्डी
(c) श्री सी. रंगराजन
(d) श्री एन. के. सिंह

Ans. (a) डॉ. विजय एल. केलकर

✪ 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. विजय एल. केलकर थे।

✪ वित्त आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत किया जाता है। यह एक संवैधानिक निकाय है।

✪ प्रथम वित्त आयोग का गठन वर्ष 1951 में किया गया था। प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष के.सी. नियोगी थे।

✪ वर्तमान में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया है।

314. आपदा प्रबंधन विधेयक/अधिनियम पास हुआ-
(a) 2000 में (b) 1995 में
(c) 2005 में (d) 2010 में

Ans. (c) 2005 में

✪ आपदा प्रबंधन विधेयक/अधिनियम वर्ष 2005 में पास हुआ था।

✪ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 को राज्यसभा द्वारा 28 नवंबर तथा लोकसभा द्वारा 12 दिसंबर में पारित किया गया।

✪ इस अधिनियम को 23 दिसम्बर में भारत के राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई।

315. निम्न में से किसके अनुसार अर्थव्यवस्था में आवश्यक वस्तुओं का कुल मूल्य हमेशा आपूर्ति के कुल मूल्य के बराबर होता है?
(a) टेलर नियम (b) वालरस का नियम
(c) वेबलेन प्रभाव (d) से का नियम

Ans. (b) वालरस का नियम

✪ **वालरस का नियम**- एक बाजार में अतिरिक्त आपूर्ति के अस्तित्व को दूसरे बाजार में अतिरिक्त मांग से मेल खाना चाहिए ताकि दोनों कारक संतुलित हो।

316. 'वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक के लेखक है।
(a) संयुक्त राष्ट्र (b) समुएल्सन
(c) एडम स्मिथ (d) लियोनल रॉबिन्स

Ans. (c) एडम स्मिथ

✪ 'वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक के लेखक एडम स्मिथ है। एडम स्थिम को अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है।

317. 'राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग' कहाँ है?
(a) हैदराबाद (b) चेन्नई
(c) नई दिल्ली (d) मुंबई

Ans. (c) नई दिल्ली

✪ राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की स्थापना वर्ष 1988 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत की गई थी।

✪ राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का मुख्यालय **नई दिल्ली** में स्थित है।

318. 2001-2011 में भारत की जनसंख्या वृद्धि दर दर ..... थी।
(a) 17.64% (b) 25%
(c) 10.70% (d) 15%

Ans. (a) 17.64%

✪ 2001–2011 में भारत की जनसंख्या वृद्धि दर दर 17.64% थी।

✪ उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश अर्थशास्त्री माल्थस द्वारा अपने लेख 'प्रिंसपल ऑफ पॉपुलेशन में किया गया, इसमें जनसंख्या वृद्धि तथा इसके प्रभावों की व्याख्या की गई है।

319. निम्न में से किसका यह मानना है कि अर्थशास्त्र जीवन के सामान्य व्यवसायों में मानव व्यवहार का अध्ययन है?
(a) रॉबिन (b) कार्ल मार्क्स
(c) एडम स्मिथ (d) अल्फ्रेड मार्शल

Ans. (d) अल्फ्रेड मार्शल

✪ अर्थशास्त्र जीवन के सामान्य व्यवसायों में मानव व्यवहार का अध्ययन है यह कथन अल्फ्रेड मार्शल का है।

✪ **'प्रिंसिपल्स ऑफ इक्नॉमिक्स'** नामक पुस्तक के लेखक अल्फ्रेड मार्शल है।

320. 1986 में बने कानून, COPRA का पूरा नाम क्या है?
(a) पार्षद विशेषाधिकार अधिनियम
(b) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम
(c) पार्षद संरक्षण अधिनियम
(d) ग्राहक विशेषाधिकार अधिनियम

Ans. (b) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

✪ (COPRA :- Consumer Protection Act)

✪ यह एक्ट प्रत्येक उपभोक्ता को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अपनी शिकायत को उपभोक्ता फोरम में रखने का अधिकार प्रदान करता है।

321. तुलनात्मक लागत का सिद्धांत दिया था-
(a) डेविड रिकार्डो ने
(b) कार्ल मार्क्स ने
(c) एडम स्मिथ ने
(d) वेबर ने

Ans. (a) डेविड रिकार्डो ने

✪ तुलनात्मक लागत का सिद्धांत डेविड रिकार्डो ने दिया था। तुलनात्मक लागत का सिद्धांत विभिन्न देशों में समान वस्तुओं की उत्पादन लागत में अंतर पर आधारित है।

✪ श्रम के भौगोलिक विभाजन और उत्पादन में विशेषज्ञता के कारण उत्पादन लागत विभिन्न देशों में भिन्न होती है।

322. 'पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण' (PFRDA) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) कोलकाता (b) मुंबई
(c) हैदराबाद (d) नई दिल्ली

Ans. (d) नई दिल्ली

पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण
✪ स्थापना - 23 अगस्त, 2003
✪ मुख्यालय - नई दिल्ली
✪ प्रकार - नियामक संस्था
✪ उद्योग - पेंशन

323. समयावधि के अनुसार प्रो. मार्शल ने बाजारों का वर्गीकरण कितने भागों में किया है?
(a) छः वर्ग (b) तीन वर्ग
(c) चार वर्ग (d) पाँच वर्ग

Ans. (c) चार वर्ग

✪ समयावधि के अनुसार प्रो. मार्शल ने बाजारों का वर्गीकरण चार भागों में किया है। इनमें पूर्ण प्रतियोगिता, अल्पाधिकार बाजार, एकाधिकार बाजार और एकाधिकार प्रतियोगिता शामिल हैं।

324. किसी वस्तु के उत्पादन के लिए किसी कंपनी द्वारा किया गया खर्च कहलाता है–
(a) सामाजिक लागत (b) वस्तु लागत
(c) व्यक्तिगत लागत (d) सामग्री लागत

Ans. (c) व्यक्तिगत लागत

✪ किसी वस्तु के उत्पादन के लिए किसी कंपनी द्वारा किया गया खर्च व्यक्तिगत लागत कहलाता है।

325. भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (NLRMP) की शुरूआत निम्न से किस वर्ष की गयी थी?
(a) 2010 (b) 2015
(c) 2008 (d) 2012

Ans. (c) 2008

✪ देश में भूमि अभिलेख प्रबन्धन प्रणाली में आधुनिकीकरण के लिए भूमि संसाधन विभाग द्वारा 21 अगस्त, 2008 से राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (LNRMP) की शुरूआत की गई।

✪ LNRMP में उप-पंजीयक के कार्यालयों को कम्प्यूटरीग्त करने तथा पंजीकरण और भूमि अभिलेख अनुरक्षण प्रणालियों को समेकन का प्रस्ताव किया गया है।

326. अर्थशास्त्र के क्षेत्र में, रिस्क को कम करने के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी वस्तु को किस रूप में जाना जाता है?
(a) हिन्ड्रन्स (b) पॉलिसी
(c) बैड डेब्ट (d) इश्योरेंस

Ans. (d) इश्योरेंस

✪ अर्थशास्त्र के क्षेत्र में, रिस्क को कम करने के लिए उपयोग की जानें वाली किसी भी वस्तु को इश्योरेंस के रूप में जाना जाता है।

5 सामान्य विज्ञान

भौतिक विज्ञान

1. किस मौलिक भौतिक मात्रा की एसआई इकाई को 2019 से प्लैंक स्थिरांक माप द्वारा निर्धारित नया माप मिलेगा?

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) लंबाई (b) समय
(c) द्रव्यमान (d) दीप्ति तीव्रता

Ans. (c) द्रव्यमान

✪ द्रव्यमान को किसी वस्तु में मौजूद पदार्थ की मात्रा के माप के रूप में कहा जा सकता है। द्रव्यमान की SI इकाई किलोग्राम (kg) है।

2. मापन यंत्र द्वारा मापा जा सकने वाला लघुत्तम मान क्या कहलाता है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) आपेक्षिक गणना (b) न्यूनतम गणना
(c) अल्पतमांक (d) निरपेक्ष गणना

Ans. (c) अल्पतमांक

✪ किसी मापक यंत्र द्वारा मापी जा सकने वाली न्यूनतम माप को उस मापक यंत्र का अल्पतमांक कहते हैं।

3. .....की विमा, $[MLT^{-2}]$ है।

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) गतिज घर्षण, आवेग और संवेग
(b) बल, आवेग और संवेग
(c) बल, आवेग और स्थैतिक घर्षण
(d) बल, गतिक घर्षण और स्थैतिक घर्षण

Ans. (d) बल, गतिक घर्षण और स्थैतिक घर्षण

भौतिक राशि	विमा	SI मात्रक
क्षेत्रफल	$[L^2]$	मी.^{2}
कार्य	$[ML^2T^{-2}]$	जूल या न्यूटन मी.
गुप्त ऊष्मा	$[L^2T^{-2}]$	जूल/किग्रा.
पृष्ठ तनाव	$[MT^{-2}]$	न्यूटन/मी.
शक्ति	$[ML^2T^{-3}]$	जूल/से. या वॉट
जड़त्व आघूर्ण	$[ML^2]$	किग्रा.-मी.^{2}

4. द्रव्यमान घनत्व का आयाम है।

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) $[ML^{-3}T^0]$ (b) $[M^0LT^{-1}]$
(c) $[M^0L^3T^{-1}]$ (d) $[ML^3T^0]$

Ans. (a) $[ML^{-3}T^0]$

भौतिक राशि	विमा	SI मात्रक
आयतन	$[L^3]$	मी.^{3}
चाल	$[MT^{-1}]$	मी/से.
वेग	$[MT^{-1}]$	मी/से.
दाब	$[ML^{-1}T^{-2}]$	पास्कल या न्यूटन/मी.^{2}
गतिज ऊर्जा	$[ML^2T^{-2}]$	जूल
शक्ति	$[ML^2T^{-3}]$	जूल/से. या वॉट
जड़त्व आघूर्ण	$[ML^2]$	किग्रा.-मी.^{2}

5. कार्य की SI इकाई है।

(a) जूल (b) पास्कल
(c) हेनरी (d) न्यूटन

Ans. (a) जूल

✪ किसी पिण्ड पर किया गया कार्य उस पर लगे बल के परिणाम और उसके द्वारा बल की दिशा में तय किये गये विस्थापन से परिभाषित होता है।
कार्य (W) = बल (F) × विस्थापन (S)
कार्य का SI मात्रक न्यूटन × मीटर या जूल होता है।

6. प्रतिरोधकता की विमा ..... होती है।

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) $[ML^2T^3A^{-2}]$ (b) $[ML^2T^{-2}A^{-2}]$
(c) $[ML^3T^{-2}A^{-2}]$ (d) $[ML^3T^{-3}A^{-2}]$

Ans. (d) $[ML^3T^{-3}A^{-2}]$

✪ **प्रतिरोधकता:** प्रतिरोधकता चालक का वह गुण है जो उनके माध्यम से प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा के प्रवाह का विरोध करता है और पदार्थ की आकृति और आकार से स्वतंत्र होता है लेकिन पदार्थ की प्रकृति और तापमान पर निर्भर करता है, प्रतिरोधकता कहलाता है।
✪ प्रतिरोधकता की इकाई ओम-मीटर है।
✪ इसकी विमा $[ML^3T^{-3}A^{-2}]$ होती है।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा, मूलभूत या मूल मात्रक नहीं है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) लंबाई (b) आयतन
(c) द्रव्यमान (d) समय

Ans. (b) आयतन

भौतिक राशि	मात्रक
लंबाई	मीटर
द्रव्यमान	किलोग्राम
समय	सेकण्ड
आयतन	मीटर^3
बल	न्यूटन
चाल	मी./से.
शक्ति	वॉट
विद्युत प्रतिरोध	ओम
ताप	केल्विन
विभवांतर	वोल्ट

8. निम्नलिखित में से कौन-सी मूल राशियाँ हैं?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) समय और चाल
(b) द्रव्यमान और आयतन
(c) लंबाई और क्षेत्रफल
(d) लंबाई और समय

Ans. (d) लंबाई और समय

✪ किसी भौतिक राशि को व्यक्त करने के लिए कुछ ऐसे मानकों का प्रयोग किया जाता है, जो अन्य मानकों से स्वतंत्र होते हैं, मूल मात्रक कहलाते हैं; **जैसे**- लंबाई, समय और द्रव्यमान के मात्रक क्रमशः मीटर, सेकण्ड और किलोग्राम (मूल इकाई) हैं।

9. अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली (SI) के अनुसार, आयाम की इकाई है।

(a) सेकण्ड (b) हर्ट्ज
(c) मीटर (d) फैराडे

Ans. (c) मीटर

✪ आयाम अपने संतुलन (Equilibrium) की अवस्था से अधिकतम विस्थापन है, इसलिए आयाम (अधिकतम विस्थापन) का मात्रक मीटर है।

10. निम्न में से कौन-सी ऊर्जा की Sl इकाई है?

(D.P. AWO/TPO 28 Nov. 2020)

(a) किलो वॉट (b) जूल
(c) हॉर्स पावर (d) न्यूटन

Ans. (b) जूल

✪ 1 हॉर्स पावर, करीब 746 वॉट के बराबर होता है।

राशि	मात्रक
ऊर्जा	जूल
बल	किग्रा-(मी/से^{2}) या न्यूटन
विद्युत शक्ति	वॉट

11. घनत्व की SI इकाई क्या है?
(a) kg/m^2 (b) kg/m^3
(c) kgm (d) kg^2/m^3

Ans. (b) kg/m^3

- किसी पदार्थ के इकाई आयतन (Volume) में निहित द्रव्यमान (Mass) को उस पदार्थ का घनत्व कहा जाता है।
- इसे ρ (रो) से निरूपित करते हैं।
- घनत्व (ρ) = M (द्रव्यमान)/V (आयतन)
- इसका मात्रक किलोग्राम/मीटर^3 अर्थात Kg/m^3 है।

12. तापमान का एस. आई. (SI) मात्रक निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(D.P. AWO/TPO 2 Dec. 2020)

(a) डिग्री सेल्सियस (b) डिग्री फारेनहाइट
(c) केल्विन (d) केन्डेला

Ans. (c) केल्विन

- ताप का SI मात्रक केल्विन होता है।
- –40° पर सेल्सियस और फॉरेनहाइट पैमाने का पाठ्यांक समान होता है।

13. 'पारसेक' निम्नलिखित में से किसका मात्रक है?

(D.P. AWO/TPO 3 Dec. 2020)

(a) लंबाई (b) ऊर्जा
(c) द्रव्यमान (d) समय

Ans. (a) लंबाई

- पारसेक, लंबाई की एक इकाई है और इसका इस्तेमाल खगोल विज्ञान में दूरी मापने के लिए किया जाता है।
- इसका प्रतीक pc होता है।
- 1 पारसेक = 3.08×10^{16} मीटर।

14. निम्न में से किन राशियों के मात्रक समान हैं?
(a) वेग और विस्थापन (b) गति और त्वरण
(c) गति और वेग (d) वेग और त्वरण

Ans. (c) गति और वेग

- वेग का मात्रक - मीटर/सेकण्ड
- विस्थापन का मात्रक - मीटर
- गति का मात्रक - मीटर/सेकण्ड
- त्वरण का मात्रक - मीटर/सेकण्ड^2

15. केंडेला निम्नलिखित में से किस आधार राशि की SI इकाई (SI Unit) है?

(D.P. AWO/TPO 11 Dec. 2020)

(a) लंबाई (b) द्रव्यमान
(c) दीप्त तीव्रता (d) तापमान

Ans. (c) दीप्त तीव्रता

- दीप्त तीव्रता का SI मात्रक कैंडेला है।
- प्रकाश स्रोत से किसी खास दिशा में, इकाई घन कोण में निकलने वाली तरंग-दैर्ध्य धारित शक्ति को दीप्त तीव्रता कहते हैं।

16. घन मीटर (m^3) किसकी एस. आई. (SI) व्युत्पन्न मात्रक यानी इकाई है?

(D.P. AWO/TPO 15 Dec. 2020)

(a) द्रव्यमान (b) बल
(c) आयतन (d) कार्य

Ans. (c) आयतन

राशि	मात्रक
लंबाई	मीटर
समय	सेकण्ड
ताप	केल्विन
द्रव्यमान	किलोग्राम
ज्योति तीव्रता	कैंडेला
पदार्थ की मात्रा	मोल

17. संवेग में परिमित परिवर्तन उत्पन्न करने हेतु, कुछ समयावधि के लिए कार्य करने वाला बल (Force) क्या कहलाता है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) जड़त्व (b) दाब
(c) चाल (d) आवेग

Ans. (d) आवेग

- बल तथा समय के गुणनफल को आवेग कहते हैं **अर्थात्** आवेग = बल × समय
- इसका मात्रक किग्रा-मी/से. या न्यूटन-सेकंड होता है।
- यह एक सदिश राशि है।

18. प्रति इकाई समय में किसी वस्तु के वेग परिवर्तन को कहा जाता है।
(a) कोणीय विस्थापन (b) त्वरण
(c) कोणीय गति (d) विस्थापन

Ans. (b) त्वरण

- किसी वस्तु के वेग में परिवर्तन की दर को त्वरण (Acceleration) कहते हैं।
- इसका मात्रक मीटर/सेकण्ड^2 होता है।

19. गति के दूसरे नियम में F = ma होता है। यहाँ F का अर्थ क्या है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) पिंड पर आंतरिक बल
(b) पिंड पर शुद्ध (नेट) बाह्य बल
(c) पिंड पर शुद्ध (नेट) आंतरिक बल
(d) पिंड पर बाह्य बल

Ans. (b) पिंड पर शुद्ध (नेट) बाह्य बल

- **न्यूटन के गति का द्वितीय नियम:** इस नियमानुसार, किसी वस्तु पर आरोपित बल उस वस्तु के संवेग में परिवर्तन की दर के अनुक्रमानुपाती होता है।

बल (F)∝ संवेग में परिवर्तन की दर $\left(\frac{\Delta P}{\Delta t}\right)$

$$F = \frac{\Delta P}{\Delta t} \Rightarrow \frac{m\Delta v}{\Delta t}\left[\because a = \frac{\Delta v}{\Delta t}\right]$$

अत: F = m × a

उदाहरण:

1. एक क्रिकेट खिलाड़ी तेजी से आती हुई गेंद को पकड़ते समय अपने हाथों को पीछे की ओर खींचता है।
2. वाहन में यात्रियों को झटकों से बचाने हेतु शॉक एब्जॉर्बर का प्रयोग होता है।

नोट: न्यूटन की गति के द्वितीय नियम से बल का सूत्र प्राप्त होता है।

20. क्रीम से मक्खन अलग करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जाता है?
(a) अपकेन्द्रीकरण (b) अनुमापन
(c) निस्यन्दन (d) सम्मिश्रण

Ans (a) अपकेन्द्रीकरण

- क्रीम से मक्खन अलग करने की विधि अपकेन्द्रीकरण विधि है।
- इसके अनुसार, वृत्तीय गति करते पिण्ड पर अभिकेन्द्र बल के अतिरिक्त एक जड़त्वीय बल भी कार्य करता है जिसे अपकेन्द्र बल कहते है।
- अपकेन्द्र बल, अभिकेन्द्र बल के विपरीत बाहर की तरफ लगता है। अपकेन्द्र बल परिमाण में अभिकेन्द्र बल के बराबर होता है।

21. त्वरण ज्ञात करने का सूत्र है।
(a) वेग × समय (b) समय / वेग
(c) कार्य / समय (d) वेग / समय

Ans. (d) वेग / समय

- वेग परिवर्तन की दर को त्वरण (Acceleration) कहते हैं।
  त्वरण = वेग/समय
- त्वरण का SI मात्रक मीटर/सेकण्ड^2 है।

22. आवेग (I) क्या है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) I = P × A (b) I = mv
(c) I = ma (d) I = F × Δt

Ans. (d) I = F × Δt

- किसी वस्तु का आवेग उस वस्तु पर लगने वाले बल तथा वह समय अंतराल जिसमें वह बल पिंड पर आरोपित हो रहा हो अर्थात् बल तथा समय के गुणनफल को वस्तु का आवेग कहते हैं।
  आवेग (I) = बल (F) × समयान्तराल (Δt)

23. यदि किसी पिंड पर शुद्ध (नेट) बाह्य बल शून्य है, तो क्या होगा?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) इसका त्वरण शून्य होगा (गति के पहले नियम के अनुसार)
(b) इसका त्वरण शून्येतर होगा (गति के तीसरे नियम के अनुसार)
(c) इसका वेग शून्य होगा (गति के दूसरे नियम के अनुसार)
(d) इसका वेग शून्येतर होगा (गति के पहले नियम के अनुसार)

Ans. (a) इसका त्वरण शून्य होगा (गति के पहले नियम के अनुसार)

- यदि किसी पिंड पर लगने वाला नेट बाहरी बल शून्य है, तो उसका त्वरण शून्य होगा।

न्यूटन के गति का प्रथम नियम/जड़त्व का नियम: इस नियमानुसार, यदि कोई वस्तु विराम अवस्था में हैं, तो वह विराम अवस्था में ही रहेगी; यदि कोई वस्तु गति की अवस्था में हैं, तो वह गति की अवस्था में ही रहेगी जब तक उस पर कोई बाह्य बल न लगाया जाए।

उदाहरण:

1. रुकी हुई बस के अचानक चलने पर उसमें बैठे यात्री पीछे की ओर झुक जाते हैं।
2. चलती हुई बस के अचानक ठहर जाने पर उसमें बैठे यात्री आगे की ओर झुक जाते हैं।

24. न्यूटन के दूसरे गति के नियम के अनुसार, किसी वस्तु पर कार्य करने वाले बल का मान ..... और ..... के गुणनफल द्वारा प्राप्त किया जाता है।
(a) सामग्री, विस्थापन
(b) गति, त्वरण
(c) सामग्री, त्वरण
(d) सामग्री, गति

Ans. (c) सामग्री, त्वरण

- न्यूटन का गति का द्वितीय नियम किसी भी पिंड की संवेग परिवर्तन की दर लगाये गये बल के समानुपाती होती है और उसकी (संवेग परिवर्तन की) दिशा वही होती है जो बल की है।

$F = mv - mu / t$
$F = m (v - u) / t$
$F = ma$

जहाँ, F = बल, m = द्रव्यमान, a = त्वरण को दर्शाता है।

25. संवेग में नियत परिवर्तन के लिए थोड़े समय के लिए कार्यरत एक बाहरी बल कहलाता है।
(a) तनाव बल (b) प्रायोगिक बल
(c) घर्षण बल (d) आवेगी बल

Ans. (d) आवेगी बल

- संवेग में नियत परिवर्तन के लिये बहुत कम समय के लिये कार्यरत एक बाहरी बल आवेगी बल कहलाता है।
- इसका SI मात्रक न्यूटन सेकण्ड या किग्रा-मीटर/सेकण्ड होता है।

26. किसी पिंड के द्रव्यमान और वेग का गुणनफल कहलाता है।
(a) आवेग (b) अभिकेन्द्रीय त्वरण
(c) संवेग (d) जड़त्व

Ans. (c) संवेग

- किसी वस्तु के द्रव्यमान और वेग के गुणनफल को उस वस्तु का संवेग कहते है।
- इसका SI मात्रक किलोग्राम-मीटर/सेकण्ड होता है। यह सदिश राशि है।
- संवेग (P) = द्रव्यमान (m) × वेग (v)

27. न्यूटन के गति के द्वितीय नियम के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गलत है?
(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)
(a) द्वितीय नियम में, F = 0 का अर्थ है a = 0
(b) गति का द्वितीय नियम एक स्थानीय संबंध है जिसका अर्थ है कि समय के किसी निश्चित क्षण पर समष्टि में किसी बिंदु पर लगा बल "F" उसी क्षण उसी बिंदु पर 'a' से संबंधित होता है।
(c) गति का द्वितीय नियम [F = ma] एक एकल बिंदु कारण पर लागू होता है।
(d) गति का द्वितीय नियम, एक अदिश नियम है।

Ans. (d) गति का द्वितीय नियम, एक अदिश नियम है।

- गति का द्वितीय नियम एक परिमाणात्मक नियम है।
- गति के द्वितीय नियमानुसार- "किसी वस्तु पर आरोपित बल उस वस्तु के संवेग में परिवर्तन की दर के अनुक्रमानुपाती होता है।"

28. किसी वस्तु को केंद्र से बाहर की ओर झुकाने अथवा धकेलने के लिए कार्य करने वाला छद्म बल कहलाता है?
(a) धारा बल (b) अभिकेन्द्रीय बल
(c) अपकेन्द्रीय बल (d) घर्षण बल

Ans. (c) अपकेन्द्रीय बल

- किसी वस्तु को केन्द्र से बाहर की ओर झुकाने अथवा धकेलने के लिये कार्य करने वाला बल अपकेन्द्रीय बल कहलाता है।
- अपकेन्द्र बल, अभिकेन्द्र बल के विपरीत बाहर की ओर लगता है।
- अपकेन्द्र बल परिमाण में अभिकेन्द्र बल के बराबर होता है।

उदाहरण-

- वॉशिंग मशीन का कार्य।
- दूध से मक्खन निकालना।
- कार में बैठे हुये व्यक्ति का कार के अचानक दाहिनीं तरफ मुड़ने पर बाईं ओर कार की खिड़की से टकरा जाना।
- गोल घूमने वाले झूले पर बैठने पर हैंडिल को न पकड़ने पर बाहर की तरफ गिरना।

29. किसी वस्तु के द्रव्यमान (m) और उसके वेग (v) के गुणनफल को क्या कहते हैं?
(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)
(a) त्वरण (b) संवेग
(c) बल (d) विस्थापन

Ans. (b) संवेग

- किसी गतिमान वस्तु के द्रव्यमान (m) एवं उसके वेग (v) के गुणनफल को उस वस्तु का संवेग (p) कहते हैं।
- संवेग (p) = द्रव्यमान (m) × वेग (v)
- संवेग एक सदिश राशि है तथा इसकी S.I. इकाई किलोग्राम-मीटर/सेकण्ड है।

30. यात्रा की कुल दूरी को कुल लिए गए समय से विभाजित करने पर क्या प्राप्त होता है?
(a) औसत गति (b) औसत विस्थापन
(c) औसत वेग (d) औसत त्वरण

Ans. (a) औसत गति

- वस्तु द्वारा तय की गई कुल दूरी को कुल समय से विभाजित करने पर वस्तु की औसत गति (Average Speed) प्राप्त होती है। यह एक अदिश राशि है।
- इसका SI मात्रक मीटर/सेकण्ड है।

31. किसी पिंड के संवेग में परिवर्तन की दर बल की दिशा में लगाए गए असंतुलित बल के समानुपाती होती है। इसे किस रूप में जाना जाता है?
(D.P. AWO/TPO 24 Nov. 2023)
(a) गति का द्वितीय नियम
(b) जड़त्व का नियम
(c) गति का प्रथम नियम
(d) गति का तृतीय नियम

Ans. (a) गति का द्वितीय नियम

- **न्यूटन का द्वितीय गति का नियम**- इस नियमानुसार किसी वस्तु के संवेग परिवर्तन की दर उस पर आरोपित बल के समानुपाती होती है और इस बल की दिशा वस्तु पर आरोपित बल के अनुदिश होती है।

$F = ma$

32. स्लाइडिंग घर्षण स्थैतिक घर्षण से/के ..... होता है।
(a) जितना ही (b) लम्बवत्
(c) अधिक (d) कम

Ans. (d) कम

- स्लाइडिंग घर्षण, स्थैतिक घर्षण से कम होता है।
- इनका क्रम इस प्रकार है-
स्थैतिक घर्षण > स्लाइडिंग घर्षण > रोलिंग घर्षण

33. सीधी रेखा के सापेक्ष वस्तुओं की गति को क्या कहा जाता है?
(a) एकसमान गति (b) अनुप्रस्थ गति
(c) विस्थापन गति (d) सरल रेखीय गति

Ans. (d) सरल रेखीय गति

- किसी वस्तु की एक सरल रेखा के सापेक्ष गति को सरल रेखीय गति/रेखीय गति कहते हैं।
- सरल रेखीय गति के उदाहरण बंदूक से निकली गोली की गति, लिफ्ट की गति आदि।

34. सी-सॉ में किस सरल मशीन का उपयोग किया जाता है?
(D.P. AWO/TPO 8 Dec. 2020)
(a) उत्तोलक (b) घिरनी
(c) पहिया और धुरी (d) फन्नी

Ans. (a) उत्तोलक

- **उत्तोलक:** यह सबसे बुनियादी मशीन है जो कम से कम प्रयास के साथ कुछ काम करने के लिए प्रयोग की जाती है।
- सी-सॉ प्रथम श्रेणी उत्तोलक का उदाहरण है।
- **प्रथम श्रेणी के उत्तोलक:** इस वर्ग के उत्तोलक में आलम्ब, आयास और भार के बीच स्थित होता है। इस प्रकार के उत्तोलकों में यांत्रिक लाभ एक से कम एक या एक से अधिक हो सकता है।
उदाहरण: कैंची, प्लास, सी-सॉ आदि।

35. पृथ्वी के घूर्णन के कारण उत्पन्न आभासी बल को कहा जाता है।
(a) गतिज बल (b) कोरिओलिस बल
(c) दाब प्रवण बल (d) गुरुत्वाकर्षण बल

Ans. (b) कोरिओलिस बल

- कोरिओलिस बल एक आभासी बल है जो पृथ्वी के घूर्णन के कारण उत्पन्न होता है। वस्तुत: पृथ्वी के विभिन्न अक्षांशों में परिधि का आकार तथा केन्द्र से दूरी के कारण पृथ्वी की घूर्णन गति भिन्न-भिन्न होती है। इस गति की भिन्नता के कारण कोई भी गतिमान वस्तु जो एक अक्षांश से दूसरे अक्षांश की ओर गतिमान होती है। उस पर यह बल कार्य करने लगता है।

36. जब कोई पिंड दूसरे पिंड की सतह पर लुढ़कता है, तो इसकी गति के प्रतिरोध को किस नाम से जाना जाता है?
(D.P. AWO/TPO 8 Dec. 2020)
(a) खींचना (ड्रैग)
(b) द्रव (फ्लूइड) घर्षण
(c) सर्पी (स्लाइडिंग) घर्षण
(d) लुढ़कन (रोलिंग) घर्षण

Ans. (d) लुढ़कन (रोलिंग) घर्षण

- **लोटनिक घर्षण बल (Rolling Frictional Force):-** जब कोई वस्तु किसी सतह पर लुढ़कती है, तो वस्तु तथा उस सतह के बीच लगने वाला बल 'लोटनिक घर्षण बल' कहलाता है। इसका मान सबसे कम होता है। उदाहरण: कार का चलना, पहिए की गति आदि।
- घर्षण बल की दिशा सदैव वस्तु पर कार्यरत् बल की दिशा के विपरीत होती है।
- **घर्षण बल तीन प्रकार का होता है-**
(i) स्थैतिक घर्षण बल
(ii) सर्पी घर्षण बल
(iii) लोटनिक घर्षण बल

37. एक रॉकेट किस सिद्धान्त पर काम करता है?
(a) गतिशक्ति का संरक्षण
(b) कूलॉम का नियम
(c) न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण का नियम
(d) केपलर का नियम

Ans. (a) गतिशक्ति का संरक्षण

- रॉकेट गतिशक्ति के सिद्धान्त/संवेग संरक्षण के सिद्धान्त पर कार्य करता है।
- इस सिद्धान्त के अनुसार, यदि दो या दो से अधिक वस्तुओं के निकाय पर कोई बाह्य बल कार्य न करे तो निकाय का सम्पूर्ण संवेग नियत रहता है। इसे संवेग संरक्षण का सिद्धान्त कहते हैं।

38. जब एक गतिशील पिण्ड की गति दोगुनी हो जाती है, तो उसकी गतिज ऊर्जा में क्या परिवर्तन होता है?
(a) एक समान रहती है
(b) चौगुनी हो जाती है
(c) तिगुनी हो जाती है
(d) दोगुनी हो जाती है

Ans. (b) चौगुनी हो जाती है

$KE_1 = \frac{1}{2} \times (mv)^2$

गति को दोगुना करने पर नयी चाल $v' = 2v$

नई गतिज ऊर्जा $KE_2 = \frac{1}{2} m (v')^2$

$= \frac{1}{2} m.4v^2$

$KE_1 = 4.KE_2$

- अत: गतिमान पिंड की गति दोगुनी हो जाने पर उसकी गतिज ऊर्जा चौगुनी हो जाती है।

39. जब किसी वस्तु को एक निश्चित ऊँचाई से स्वतंत्र रूप से छोड़ा जाता है, तो उसकी ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(a) ऊर्जा में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
(b) ऊर्जा में कमी होती है।
(c) संभावित ऊर्जा घटती है और गतिज ऊर्जा बढ़ती है।
(d) संभावित ऊर्जा बढ़ती है।

Ans. (c) संभावित ऊर्जा घटती है और गतिज ऊर्जा बढ़ती है।

- गुरुत्वाकर्षण बल (Gravitational Force) के कारण वस्तु का वेग (v) नीचे की ओर गिरने पर बढ़ता है। इसलिये वस्तु की गतिज ऊर्जा भी बढ़ जाती है तथा जब ऊँचाई घटती है तो स्थितिज ऊर्जा भी घटेगी।
अत: विकल्प (c) संभावित ऊर्जा घटती है और गतिज ऊर्जा बढ़ती है सही उत्तर है।

40. निम्नलिखित में से कौन-सी मात्रा को जूल (J) में व्यक्त किया जाता है?
(a) कार्य और जड़ता
(b) कार्य और ऊर्जा
(c) वेग और विस्थापन
(d) जड़ता और ऊर्जा

Ans. (b) कार्य और ऊर्जा

- कार्य (W) = बल (F) × विस्थापन (S)
- कार्य का मात्रक = जूल
- $1J = 1N \times 1m$

41. पृथ्वी की आंतरिक गर्मी से प्राप्त ऊर्जा को कहा जाता है।
(a) स्थितिज ऊर्जा (b) सौर ऊर्जा
(c) गतिज ऊर्जा (d) भू-तापीय ऊर्जा

Ans (d) भू-तापीय ऊर्जा

- पृथ्वी के आंतरिक भाग में मौजूद ऊष्मा या तापीय ऊर्जा है जो बिजली उत्पन्न करने के लिए और प्रत्यक्ष ताप के लिये भी ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोत के रूप में कार्य करती है, भू-तापीय ऊर्जा कहलाती है।

42. काम करने अथवा ऊर्जा स्थानांतरण की दर को क्या कहा जाता है?
(a) जूल (b) बल
(c) शक्ति (d) गति

Ans. (c) शक्ति

- कार्य करने की दर को शक्ति (power) कहते हैं। कोई व्यक्ति इकाई समय में कितना कार्य करता है, उस इकाई समय में किया गया कार्य (w) व समय (t) हैं तो व्यक्ति की शक्ति का मान होगा-
- शक्ति (power) = कार्य (w) / समय (t)
- शक्ति (power) की SI unit वॉट होती है।
- 1 अश्व शक्ति (H.P.) = 746 वॉट

43. किसी वस्तु की गतिज ऊर्जा में परिवर्तन वस्तु पर किए गए कुल कार्य के बराबर होता है। यह कथन संबंधित है?
(a) यांत्रिक ऊर्जा के संरक्षण से
(b) भिन्न बलों द्वारा किए गए कार्य से
(c) कार्य ऊर्जा प्रमेय से
(d) ऊर्जा संरक्षण के सिद्धांत से

Ans. (c) कार्य ऊर्जा प्रमेय से

- कार्य-ऊर्जा प्रमेय के अनुसार, जब किसी पिंड पर कोई बल लगाया जाता है तो बल के द्वारा किया गया कार्य (W), पिण्ड की गतिज ऊर्जा (KE) में होने वाले परिवर्तन के बराबर होता है।

44. किसी वस्तु की गतिज ऊर्जा और स्थितिज ऊर्जा का योग कहलाता है?
(a) कुल रासायनिक ऊर्जा
(b) कुल यांत्रिक ऊर्जा
(c) कुल गुरुत्वाकर्षी ऊर्जा
(d) कुल नाभिकीय ऊर्जा

Ans. (b) कुल यांत्रिक ऊर्जा

- किसी यांत्रिक प्रणाली के किसी अवयव में निहित स्थितिज ऊर्जा (Potential Energy) और गतिज ऊर्जा (Kinetic Energy) के योग को यांत्रिक ऊर्जा कहते हैं।
- यांत्रिक ऊर्जा = गतिज ऊर्जा + स्थितिज ऊर्जा

45. कार्य करने की दर कहलाती है?
(a) विभव (b) बल
(c) शक्ति (d) विद्युत धारा

Ans. (c) शक्ति

- कार्य करने की दर शक्ति (Power) कहलाती है। इसका मात्रक 'वॉट' है।
- 1 किलो-वॉट = 1000 वॉट

46. पिण्ड की कौन-सी ऊर्जा अपनी स्थिति या क्षेत्र के कारण काम करने की क्षमता विकसित करती है?
(a) अपकेन्द्रीय ऊर्जा
(b) संश्लेषित ऊर्जा
(c) स्थितिज ऊर्जा
(d) गतिज ऊर्जा

Ans. (c) स्थितिज ऊर्जा

- पिण्ड की स्थितिज ऊर्जा (Potential Energy) अपनी स्थिति या क्षेत्र के कारण काम करने की क्षमता विकसित करती है। इसे U से प्रदर्शित करते हैं। यह एक अदिश राशि है।

47. किसी वस्तु में इसकी गति के कारण रहने वाली ऊर्जा निम्न में से कौन-सी है?
(a) विद्युत-स्थैतिक ऊर्जा
(b) रासायनिक ऊर्जा
(c) गुरुत्वाकर्षण ऊर्जा
(d) गतिज ऊर्जा

Ans. (d) गतिज ऊर्जा

- किसी वस्तु में इसकी गति के कारण रहने वाली ऊर्जा गतिज ऊर्जा कहलाती है।
  गतिज ऊर्जा (KE) = $1/2\ mv^2$
  जहाँ, m = द्रव्यमान तथा v = वेग

48. एक कृत्रिम उपग्रह पृथ्वी के चारों ओर वृत्तीय कक्षा में घूमते हैं, कौन-सा मात्रक नियत रहता है?

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) रेखीय वेग
(b) कोणीय गति
(c) कोणीय विस्थापन
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (b) कोणीय गति

- वृत्तीय मार्ग पर गति करते हुए पिण्ड के कोणीय विस्थापन की परिवर्तन दर को उस कण का कोणीय वेग कहते हैं। इसे ओमेगा (ω) से दर्शाते हैं।
- कोणीय वेग एक सदिश राशि है।
- कोणीय वेग का मात्रक रेडियन/सेकंड होता है। इसकी विमा $[T^{-1}]$ होती है।

49. किसी वस्तु पर गुरुत्वाकर्षण द्वारा आरोपित बल क्या कहलाता है?
(a) विस्थापन (b) भार
(c) द्रव्यमान (d) वेग

Ans. (b) भार

- किसी वस्तु पर गुरुत्वाकर्षण द्वारा आरोपित बल 'भार' कहलाता है क्योंकि पृथ्वी का 'गुरुत्वाकर्षण बल' प्रत्येक वस्तु को अपने केन्द्र की ओर खींचता है। अत: जिस बल से पृथ्वी किसी वस्तु को अपनी ओर खींचती है, उसे 'भार' कहते हैं।
- भार का सूत्र (w) = mg
- भार की SI Unit = न्यूटन (N)

50. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) जब दो चुंबको के उत्तरी ध्रुवों या दक्षिणी ध्रुवों को एक साथ पास लाया जाता है तो एक प्रतिकर्षी बल उत्पन्न होता है।
(b) यदि एक दंड चुंबक को दो भागों में विभाजित किया जाता है, तो हमें प्रबल गुणों वाले दो समान दंड चुंबक प्राप्त होते हैं।
(c) जब एक दंड चुंबक को स्वतंत्र रूप से लटकाया जाता है, तो यह उत्तर-दक्षिण दिशा की ओर इंगित करता है।
(d) पृथ्वी एक चुंबक की भांति व्यवहार करती है जिसका चुंबकीय क्षेत्र लगभग भौगोलिक दक्षिण से उत्तर की ओर होता है।

Ans. (b) यदि एक दंड चुंबक को दो भागों में विभाजित किया जाता है, तो हमें प्रबल गुणों वाले दो समान दंड चुंबक प्राप्त होते हैं।

चुंबक दो प्रकार के होते हैं-
1. प्राकृतिक चुंबक 2. कृत्रिम चुंबक

- प्राकृतिक चुंबक लोहे के ऑक्साइड (Fe_3O_4) होते हैं; **जैसे**- मैग्नेटाइट।
- कृत्रिम चुंबक में प्राकृतिक चुंबक की अपेक्षा अधिक आकर्षण शक्ति होती है; **जैसे**- नाल चुंबक, छड़ चुंबक आदि।
- कृत्रिम चुंबक दो प्रकार की होती हैं- (i) स्थायी चुंबक (ii) अस्थायी चुंबक
- स्थायी चुंबक के निर्माण के लिए एल्युमीनियम, निकेल और कोबाल्ट का उपयोग किया जाता है।

51. गुरुत्वाकर्षण का सार्वभौमिक सिद्धांत किसने दिया?
(a) अल्बर्ट आइंस्टाइन
(b) आइजैक असिमोव
(c) जे. केप्लर
(d) आइजैक न्यूटन

Ans. (d) आइजैक न्यूटन

- 'गुरुत्वाकर्षण का नियम' आइजैक न्यूटन ने दिया है।
- न्यूटन के सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण (Gravitational) के नियम में कहा गया है कि एक कण ब्रह्माण्ड में प्रत्येक दूसरे कण को बल के साथ आकर्षित करता है, जोकि उनके द्रव्यमान के गुणनफल का समानुपातिक होता है व उनके केन्द्रों के बीच की दूरी के वर्ग का व्युत्क्रमानुपाती होता है।

52. एक समान घनत्व के खोखले गोले के कारण उसके अन्दर स्थित किसी बिन्दु द्रव्यमान पर आकर्षण बल होता है।

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) शून्य
(b) गुरुत्व स्थिरांक के बराबर
(c) गुरुत्व स्थिरांक से कम
(d) गुरुत्व स्थिरांक से अधिक

Ans. (a) शून्य

- एक समान घनत्व के खोखले गोले के अंदर स्थित किसी बिंदु द्रव्यमान पर आकर्षण बल शून्य होता है क्योंकि गोले के सभी दिशाओं में बल एक-दूसरे को रद्द कर देते हैं।

53. कौन-सा नियम कहता है कि ब्रह्मांड में प्रत्येक पिंड हर दूसरे पिंड को एक बल से आकर्षित करता है जो उनके द्रव्यमानों के गुणनफल के अनुक्रमानुपाती और उनके बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है?

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) केप्लर का ग्रहों की गति का नियम
(b) सार्वत्रिक आकर्षण का नियम

(c) न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण का नियम
(d) पार्थिव गुरुत्वाकर्षण का नियम

Ans. (c) न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण का नियम

- **गुरुत्वाकर्षण बल:** यह एक आकर्षण बल है, जो द्रव्यमान युक्त सभी वस्तुओं के मध्य कार्य करता है।
- सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ही सौर मण्डल के सभी ग्रह अपनी निश्चित कक्षा में सूर्य के चारों ओर परिक्रमण करते हैं।
- इस बल के कारण ही वायुमण्डल पृथ्वी से बंधा हुआ है।

54. $F = G m_1 m_2/r^2$ में G का मान क्या है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) 6.672×10^{-11} N m² kg^{-2}
(b) 6.672×10^{-11} N kg^{-2}
(c) 6.672×10^{-11}N m²
(d) 6.672×10^{-11} N

Ans. (a) 6.672×10^{-11} N m² kg^{-2}

- **न्यूटन का सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियम:-** इस नियम के अनुसार, ब्रह्माण्ड में प्रत्येक कण अन्य कण को उस बल से आकर्षित करता है जो उनके द्रव्यमानों के गुणनफल के समानुपाती तथा उनकी बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

इस प्रकार सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण समीकरण-

$F = Gm_1m_2/r^2$

जहाँ, G सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियतांक है।

- G का मान 6.672×10^{-11} Nm²kg^{-2} है।

55. केप्लर के नियम निम्नलिखित में से किसके द्वारा संकलित डेटा से निष्कर्षित किए गए थे?

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) न्यूटन
(b) टाइको ब्राहे
(c) मैक्सवेल
(d) निकोलस कोपरनिकस

Ans. (b) टाइको ब्राहे

- जोहान्स केप्लर ने ग्रहों को गति के संबंध में तीन नियम दिए।

कक्षाओं का नियम - प्रत्येक ग्रह सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय कक्षा में चक्कर लगाता है।

क्षेत्रीय वेग का नियम - ग्रह और सूर्य को मिलाने वाली रेखा समान समय में समान क्षेत्रफल को तय करती है।

परिक्रमण काल का नियम - किसी ग्रह द्वारा सूर्य का एक पूरा चक्कर लगाने में लगा समय का वर्ग उस कक्षा के अर्द्ध प्रमुख अक्ष के घन के समानुपाती होता है।

$T^2 \propto r^3$

56. 'द लिटिल बैलेंस' पुस्तक में तुला का उपयोग करके पदार्थों के विशिष्ट गुरुत्व (Specific Gravity) को ज्ञात करने की आर्किमिडीज की विधि का वर्णन किसने किया था?

(D.P. AWO/TPO 16 Nov. 2023)

(a) अल्बर्ट आइंस्टीन (b) गैलीलियो गैलिली
(c) डैनियल बर्नोली (d) माइकल फैराडे

Ans. (b) गैलीलियो गैलिली

- गैलीलियो गैलिली की प्रथम वैज्ञानिक पुस्तक 'द लिटिल बैलेंस' थी। इसमें उन्होंने एक तुला द्वारा पदार्थों के आपेक्षिक घनत्व अथवा विशिष्ट गुरुत्व प्राप्त करने की आर्किमिडीज की विधि का वर्णन किया था।
- अल्बर्ट आइंस्टीन ने सापेक्षता का सिद्धांत और द्रव्यमान ऊर्जा समीकरण प्रतिपादित किया था।

57. किसी ग्रह या चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल से मुक्त होकर कक्षा में प्रवेश करने के लिए किसी वस्तु को जिस गति से यात्रा करनी चाहिए उसे कहते हैं।

(D.P. AWO/TPO 8 Dec. 2020)

(a) पलायन वेग (b) परिवर्तनशील वेग
(c) टर्मिनल वेग (d) स्थिर वेग

Ans. (a) पलायन वेग

- पलायन वेग वह न्यूनतम वेग है, जिससे किसी पिंड को ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकने पर वह पृथ्वी के गुरुत्वीय क्षेत्र से बाहर निकल जाता है और पृथ्वी पर कभी वापस नहीं लौटता है। पलायन वेग से फेंकने के लिए पिण्ड को दी गई गतिज ऊर्जा 'पलायन ऊर्जा' कहलाती है।
- पृथ्वी की सतह पर पलायन वेग का मान 11.2 km/sec होता है।
- चन्द्रमा की सतह पर पलायन वेग का मान 2.38 km/sec होता है।

यदि पृथ्वी का द्रव्यमान = Me
पृथ्वी की त्रिज्या = Re
तो पलायन वेग, $Ve = \sqrt{(2GMe/Re)}$
जहाँ, G गुरुत्वाकर्षण स्थिरांक है।
स्पष्ट है कि पलायन वेग पिण्ड के द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता है।

58. लैक्टोमीटर की कार्यप्रणाली निम्नलिखित में से किस पर आधारित होती है?

(D.P. AWO/TPO 3 Dec. 2020)

(a) मेंडल का सिद्धांत
(b) आर्किमिडीज का सिद्धांत
(c) न्यूटन का नियम
(d) बॉयल का नियम

Ans. (b) आर्किमिडीज का सिद्धांत

- लैक्टोमीटर, आर्किमिडीज के सिद्धांत पर काम करता है।
- आर्किमिडीज का सिद्धांत: यदि किसी ठोस वस्तु को द्रव में पूर्णत: अथवा आंशिक रूप से डुबोते हैं तो डुबोई ठोस वस्तु के भार में कमी प्रतीत होती है। ठोस वस्तु के भार में यह कमी उसके द्वारा विस्थापित द्रव के भार के बराबर होती है।
- उत्प्लावन बल (उत्क्षेप बल) ठोस = वस्तु के भार में आभासी कमी = विस्थापित द्रव का भार।

आर्किमिडीज के सिद्धांत पर आधारित उपकरण:-
(i) लैक्टोमीटर
(ii) हाइड्रोमीटर
(iii) जहाजों और पनडुब्बियों की डिजाइनिंग

59. निम्नलिखित में से कौन कैपीलेरी एक्शन (सूक्ष्म नलिका प्रभाव) का एक उदाहरण नहीं है?

(D.P. Const. 07 Dec. 2017)

(a) स्ट्रॉ (घास) में पानी का ऊपर बढ़ना
(b) अश्रु नलिका के माध्यम से आंसू
(c) साबुन के बुलबुले का निर्माण
(d) ब्लोटिंग कागज द्वारा स्याही का अवशोषण

Ans. (c) साबुन के बुलबुले का निर्माण

- साबुन के बुलबुले का निर्माण कैपीलेरी एक्शन (सूक्ष्म नलिका प्रभाव) का एक उदाहरण नहीं है जबकि यह पृष्ठ तनाव की घटना है। जबकि स्ट्रॉ (घास) में पानी का ऊपर बढ़ना, अश्रु नलिका के माध्यम से आंसू कैपीलेरी एक्शन का उदाहरण है।

60. पानी के जहाजों और पनडुब्बियों को डिजाइन करने में निम्नलिखित में से किन नियमों/सिद्धांतों का उपयोग किया जाता है?

(a) आर्किमिडीज सिद्धांत
(b) स्टीफन नियम
(c) अम्ल विरोधाभास सिद्धांत
(d) पाउली अपवर्जन सिद्धांत

Ans. (a) आर्किमिडीज सिद्धांत

- आर्किमिडीज के सिद्धान्त के अनुसार, जब किसी वस्तु को पूरी तरह या आंशिक रूप से एक द्रव में डुबोया जाता है तो उस पर ऊपर की ओर से एक बल कार्य करता है, जो उस वस्तु के द्वारा हटाए गए जल के भार के बराबर होता है।
- जब जहाज को समुद्र में सैर के लिए लाया जाता है तो जहाज का भार उसके द्वारा हटाए गये जल के भार के बराबर नहीं हो तो वह जहाज पानी में डूब सकता है। इसलिए जहाज को कुछ इस तरह विशेष डिजाइन किया जाता है कि जहाज के भार की तुलना में उसके द्वारा हटाए गए जल का भार अधिक हो। इस तरह

जल द्वारा जहाज पर ऊपर की ओर एक बल लगता है जिससे जल के ऊपर जहाज तैरता रहता है। अत: यह आर्किमिडीज के सिद्धान्त पर आधारित है।

61. निम्नलिखित में से कौन-सा तरल वाष्पीकरण की दर को कम करता है?
(a) तापमान में वृद्धि
(b) आर्द्रता में कमी
(c) सतह क्षेत्रफल में कमी
(d) वायु गति में वृद्धि
Ans. (c) सतह क्षेत्रफल में कमी

✪ **वाष्पीकरण (Vaporization):** यह वह प्रक्रिया है जिसमें तापमान द्वारा जल, गैसीय अवस्था में परिवर्तित होता है। यह प्रक्रिया ओसांक अवस्था को छोड़कर प्रत्येक तापमान व स्थान पर होती है।
✪ वाष्पीकरण को प्रभावित करने वाले कारक:
(1) तापमान- तापमान बढ़ने पर वाष्पीकरण की दर बढ़ती है और तापमान घटने पर घटती है।
(2) आर्द्रता- आर्द्रता बढ़ने पर वाष्पीकरण की दर घटती है और आर्द्रता घटने पर बढ़ती है।
(3) सतह क्षेत्र- सतह क्षेत्र बढ़ने पर वाष्पीकरण की दर बढ़ती है और घटने पर घटती है।
(4) वायु की गति- वायु की गति बढ़ने पर वाष्पीकरण की दर बढ़ती है और घटने पर घटती है।

62. पानी की बूँदों के रूप में नमी के स्रावित होने को कहा जाता है।
(a) आर्द्रता (b) पाला
(c) वृष्टि (d) कोहरा
Ans. (c) वृष्टि

✪ जल की बूँदों व हिम खण्डों के नीचे गिरने की प्रक्रिया को वृष्टि कहते हैं। जब यह जल की बूँदों के रूप में होती है,तो इसे जल वृष्टि कहते हैं।

63. हाइड्रोलिक तनाव और उससे संबंधित आयतनिक तनाव के अनुपात को कहा जाता है।
(a) संपीड्यता
(b) आयतन प्रत्यास्थता मापांक
(c) अर्द्ध मापांक
(d) समतुल्यता
Ans. (b) आयतन प्रत्यास्थता मापांक

✪ प्रत्यास्थता की सीमा में आयतन प्रतिबल तथा आयतन विकृति के अनुपात को ही आयतन प्रत्यास्थता मापांक/गुणांक (Bulk Modulus of Elasticity) कहते हैं।
✪ इसका मात्रक न्यूटन/मीटर^2 होता है।

64. दबाव का सूत्र क्या है?
(a) द्रव्यमान/क्षेत्रफल (b) बल/क्षेत्रफल
(c) बल/द्रव्यमान (d) बल/समय
Ans. (b) बल/क्षेत्रफल

✪ किसी सतह के इकाई क्षेत्रफल पर लम्बवत् लगने वाला बल, दबाव (Pressure) कहलाता है।
✪ दाब (P) = बल (Force) / क्षेत्रफल (Area)
✪ दाब एक अदिश राशि है।
✪ इसका SI मात्रक न्यूटन/मीटर^2 या पास्कल (Pa) है।

65. तनाव (Stress) ज्ञात करने का सूत्र है।
(a) बल/क्षेत्रफल (b) बल/द्रव्यमान
(c) बल/समय (d) द्रव्यमान/क्षेत्रफल
Ans. (a) बल/क्षेत्रफल

✪ **तनाव**- प्रतिबल को प्रति इकाई क्षेत्रफल पर लगने वाले आंतरिक बल को तनाव कहते हैं।
✪ तनाव ज्ञात करने का सूत्र:
तनाव = बल/क्षेत्रफल

66. इनमें से कौन-सी विद्युत चुम्बकीय तरंग है?
(D.P. Const. 07 Dec. 2017)
(a) अवरक्त किरणें (b) अल्ट्रासोनिक तरंग
(c) ध्वनि तरंग (d) कैथोड किरणें
Ans. (a) अवरक्त किरणें

✪ अवरक्त किरणों की खोज विलियम हर्शेल (1800) ने की थी।
✪ ये मानव आँख के लिए अदृश्य हैं।
✪ सूर्य की रोशनी की गर्मी अवरक्त किरणों के कारण होती है।
✪ सूर्य के अवरक्त किरण के कारण सौर कुकर गर्म होता है।
✪ गर्म वस्तुएँ अवरक्त किरणें उत्सर्जित करती हैं।
✪ इनका उपयोग पौधघरों में पौधों को गर्म रखने में, कुहरे में फोटोग्राफी करने में, टी.वी. के रिमोट कंट्रोल में किया जाता है।

67. सूर्य के किस किरण के कारण सौर कुकर गर्म होता है?
(D.P. Const. 08 Dec. 2017)
(a) अल्ट्रा वायलेट
(b) अवरक्त
(c) इन्फ्रा वायलेट
(d) कोई विकल्प सही नहीं है
Ans. (b) अवरक्त

✪ इस प्रश्न की व्याख्या के लिए प्रश्न संख्या 66 देखें।

68. पुनरावर्ती परावर्तन के कारण ध्वनि की प्रबलता कहलाती है।
(a) स्वरमान (b) प्रतिध्वनि
(c) अनुनाद (d) अनुकम्पन
Ans. (b) प्रतिध्वनि

✪ पुनरावर्ती परावर्तन के कारण ध्वनि की प्रबलता प्रतिध्वनि कहलाती है।

69. ध्वनि की गुणवत्ता इसकी ..... द्वारा निर्धारित की जाती है।
(a) लहर की लंबाई (b) वेव अवधि
(c) फ्रिक्वेंसी (d) आयाम
Ans. (c) फ्रिक्वेंसी

✪ ध्वनि तरंग द्वारा 1 सेकण्ड में पूरे किए गए चक्रों की संख्या को उसकी आवृत्ति के रूप में जाना जाता है।
✪ 1 सेकण्ड में तरंग द्वारा उत्पन्न कम्पनों की संख्या को तरंग की आवृत्ति (Frequency) भी कहते हैं।
आवृत्ति (f) की SI इकाई 'हर्ट्ज' है। 1 आवृति (f) = 1/T जहाँ, T = आवर्त्तकाल

70. ध्वनि ..... से नहीं गुजर सकती।
(a) ग्रेनाइट (b) आसुत जल
(c) निर्वात (d) हीलियम गैस
Ans. (c) निर्वात

✪ निर्वात् में वायुमण्डल नहीं होने के कारण निर्वात् में कोई माध्यम उपस्थित नहीं होता है। अत: निर्वात् में ध्वनि की चाल शून्य होती है।

71. माध्यम के तापमान को बढ़ाने पर ध्वनि की गति ..... जाती है।
(a) अप्रभावित (b) घट
(c) शून्य (d) बढ़
Ans. (d) बढ़

✪ माध्यम के तापमान में वृद्धि के साथ ध्वनि की गति बढ़ती है क्योंकि उच्च तापमान पर अणुओं में अधिक ऊर्जा होती है। वे तीव्र गति से कम्पन करते हैं। तीव्र गति से आणविक कम्पन की वजह से ध्वनि तरंगों की गति तीव्र हो जाती है।

72. एकल आवृत्ति की ध्वनि कहलाती है।
(a) नोट (b) टोन
(c) व्हाइट नॉइज (d) पिंक नॉइज
Ans. (b) टोन

✪ एकल आवृत्ति की ध्वनि टोन (Tone) कहलाती है।
✪ आवृत्तियों के मिश्रण (संयोजन) से उत्पन्न ध्वनि नोट कहलाती है।

73. दोलन की घटना में, प्रति सेकण्ड दोलनों की संख्या को कहा जाता है।
(a) समय-सीमा (b) आयाम
(c) आवृत्ति (d) तरंगदैर्ध्य
Ans. (c) आवृत्ति

✪ दोलन गति-किसी वस्तु का बार-बार, इधर-उधर गति करना कम्पन कहलाता है। इस गति को दोलन गति कहते हैं।

✪ **आवृत्ति:** प्रति सेकण्ड होने वाले दोलनों की संख्या को दोलन की आवृत्ति कहते हैं। इसका मात्रक हर्ट्ज (Hz) है।

74. $\Delta Q = \Delta U + \Delta W$ के लिए समीकरण है।

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) ऊष्मागतिकी के शून्य कोटि नियम
(b) ऊष्मागतिकी के द्वितीय नियम
(c) ऊष्मागतिकी के तृतीय नियम
(d) ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम

Ans. (d) ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम

✪ **ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम:-** किसी निकाय द्वारा अवशोषित ऊष्मा (ΔQ) वातावरण के विरुद्ध निकाय के द्वारा किए कार्य (ΔW) और उसकी आन्तरिक ऊर्जा (ΔU) में वृद्धि के योग के बराबर होती है।

$\Delta Q = \Delta U + \Delta W$

जहाँ, ΔQ = ऊष्मा का परिणाम
ΔU = यांत्रिक ऊर्जा
ΔW = किया गया कार्य

75 ताप के स्थानांतरण को किस उपकरण से मापा जाता है?

(a) हाइड्रोमीटर (b) मैनोमीटर
(c) कैलोरीमीटर (d) गैल्वोनोमीटर

Ans. (c) कैलोरीमीटर

✪ कैलोरीमीटर एक वैज्ञानिक उपकरण है जो ऊष्मामिति में सहायक है। इसका उपयोग रासायनिक अभिक्रियाओं की ऊष्मा मापने या भौतिक परिवर्तनों की ऊष्मा मापने या ऊष्मा धारिता मापने के लिये किया जाता है।

76. किस प्रक्रिया में सिस्टम अपने बाह्य वातावरण से निरपेक्ष रहता है जिससे अवशोषित या उत्सर्जित ऊष्मा का मान शून्य होता है?

(a) रुद्धोष्म प्रक्रम
(b) चक्रीय प्रक्रम
(c) समआयतनिक प्रक्रम
(d) समदाबी प्रक्रम

Ans. (a) रुद्धोष्म प्रक्रम

✪ रुद्धोष्म प्रक्रिया में (System) निकाय अपने बाह्य वातावरण से निरपेक्ष रहता है जिससे अवशोषित या उत्सर्जित ऊष्मा का मान शून्य होता है अर्थात् इस निकाय तथा घिराव के बीच किसी प्रकार से ऊष्मा का विनिमय संभव नहीं होता है तो इसे रुद्धोष्म प्रक्रम कहते हैं। इस प्रकार के प्रक्रम में $d = 0$ होता है।

77. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऊष्मागतिकी के शून्य कोटि नियम से संबंधित नहीं है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) वह नियम 1931 में प्रतिपादित किया गया था।
(b) यह नियम स्पष्ट रूप से सुझाव देता है कि जब दो निकाय A और B तापीय साम्य में होते हैं तो भौतिक राशि अवश्य होनी चाहिए जिसका दोनों के लिए मान समान हो।
(c) यह नियम कहता है कि, 'दो निकाय जो तीसरे निकाय के साथ पृथक् रूप से तापीय साम्य में हैं, एक-दूसरे के साथ तापीय साम्य में होते हैं।'
(d) इस नियम का प्रतिपादन आर. एच. फाउलर ने किया।

Ans. (c) यह नियम कहता है कि, 'दो निकाय जो तीसरे निकाय के साथ पृथक् रूप से तापीय साम्य में हैं, एक-दूसरे के साथ तापीय साम्य में होते हैं।'

ऊष्मागतिकी के शून्य कोटि नियमानुसार:

✪ यदि कोई दो निकाय किसी तीसरे निकाय के साथ अलग-अलग रूप से तापीय साम्य में हैं तो वे परस्पर तापीय साम्य होते हैं।

78. तापमान को किसी विशिष्ट डिग्री तक रिकॉर्ड करने के लिए प्रयुक्त होने वाला उपकरण कहलाता है।

(a) थर्मोस्टेट (b) थर्मामीटर
(c) पाइरोमीटर (d) थर्मोकपल

Ans. (a) थर्मोस्टेट

✪ **थर्मोस्टेट**- किसी भी डिवाइस या सिस्टम में तापमान को नियंत्रित करने के लिए।
✪ **थर्मामीटर**- ताप मापने के लिए।
✪ **पाइरोमीटर**- उच्च ताप मापने में।

79. ..... जल के त्रिक बिंदु के ऊष्मागतिक गतिशील ताप का 1/273.16 अंश (भाग) है।

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) फारेनहाइट (b) कैन्डेला
(c) सेल्सियस (d) केल्विन

Ans. (d) केल्विन

✪ केल्विन, ऊष्मागतिक तापमान की इकाई पानी के त्रिक बिंदु के ऊष्मागतिक तापमान का 1/273.16 अंश है।
✪ **पानी का त्रिक बिंदु:** जिस तापमान पर कोई पदार्थ तरल, ठोस और गैसीय अवस्था में साम्यावस्था में मौजूद हो सकता है, उसे पानी का त्रिक बिंदु कहा जाता है।
✪ शुद्ध जल का त्रिक बिंदु 0.01°C (273.16K, 32.01°F) और पारा के 4.58 mm (611.2Pa) पर होता है।

80. निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग अवशोषित या विकसित ऊष्मा को मापने के लिए किया जाता है?

(D.P. AWO/TPO 1 Dec. 2020)

(a) कैलोरीमीटर (b) सीलोमीटर
(c) पायरोमीटर (d) क्लिनोमीटर

Ans. (a) कैलोरीमीटर

उपकरण	उपयोग
अल्टीमीटर	उड़ते हुए विमान की ऊँचाई मापने में
डायनेमोमीटर	इंजन के बलाघूर्ण और शक्ति को मापने में
पायरोमीटर	उच्च तापों को मापने में
क्लिनोमीटर	गुरुत्वाकर्षण की दिशा के संबंध में किसी वस्तु के ढलान उन्नयन या अवनमन के कोणों को मापने के लिए

81. निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु ऊष्मागतिकी के सिद्धांत पर कार्य करती है?

(D.P. AWO/TPO 10 Dec. 2020)

(a) कार की बेल्ट
(b) अलार्म घड़ी
(c) बॉल पेन
(d) स्टीम आयरन

Ans. (d) स्टीम आयरन

✪ स्टीम आयरन ऊष्मागतिकी के सिद्धांत पर कार्य करती है जिसमें भाप की उष्मीय ऊर्जा तापीय ऊर्जा में परिवर्तित होती है।

82. अधिकांश अपवर्तित प्रकाश किरणें आँखों में कहाँ से प्रवेश करती हैं?

(D.P. AWO/TPO 9 Nov. 2020)

(a) कॉर्निया की बाहरी सतह से
(b) कॉर्निया की भीतरी सतह से
(c) रेटिना की बाहरी सतह से
(d) आइरिस की बाहरी सतह से

Ans. (a) कॉर्निया की बाहरी सतह से

✪ जब किसी वस्तु से निकलने वाली प्रकाश किरणें मानव नेत्र पर पड़ती हैं, तब मानव नेत्र में प्रवेश करने वाली अधिकांश प्रकाश किरणों का अपवर्तन कॉर्निया की बाहरी सतह पर होता है। जिससे वस्तु का वास्तविक एवं उल्टा प्रतिबिम्ब मानव नेत्र के रेटिना पर बनता है जिसे संवेदी तन्त्रिकाओं द्वारा मानव मस्तिष्क को भेज दिया जाता है और मस्तिष्क उस वस्तु को सीधा देखता है।

83. ..... वाला व्यक्ति पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकता है लेकिन दूर की वस्तुओं को स्पष्ट नहीं देख सकता है।

(a) मोतियाबिंद (b) प्रेसबायोपिया
(c) हाइपरमेट्रोपिया (d) मायोपिया

Ans. (d) मायोपिया

✪ निकट दृष्टि दोष को दृष्टि भाषा में मायोपिया (Myopia) कहते है। इसमें दूर की चीजों

को स्पष्ट रूप से देखने में समस्या आती है। मायोपिया में आंख की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिबिम्ब रेटिना पर बनने के बजाय थोड़ा आगे बनता है।

- दूर दृष्टि दोष या हाइपरमेट्रोपिया ऐसा दृष्टि दोष है, जिसमें व्यक्ति निकट स्थित वस्तुओं को स्पष्ट नहीं देख पाता है परंतु दूर स्थित वस्तुओं को स्पष्ट देख सकता है। इस दोष के निवारण के लिए उत्तल लेंस का उपयोग किया जाता है।

84 दाँतों के डॉक्टर द्वारा दाँतों को प्रकाश में जाँचने के लिये किस प्रकार के शीशे का उपयोग किया जाता है?

(a) चपटा (प्लेन) (b) प्लानो कॉन्वेक्स
(c) उत्तल (d) अवतल

Ans. (d) अवतल

- **समतल दर्पण:** जब किसी समतल सतह के किसी एक पृष्ठ पर प्रकाश डाला जाता है तो उसका दूसरा पृष्ठ परावर्तक हो जाता है, यह समतल दर्पण कहलाता है।
- **उत्तल दर्पण:** यह वह गोलीय दर्पण है जिसका परावर्तक पृष्ठ बाहर की ओर वक्रित होता है, उत्तल दर्पण कहलाता है।
- **अवतल दर्पण:** यह वह गोलीय दर्पण होता है जिसमें प्रकाश का परावर्तन वक्र सतह अवतल सतह पर होता है। अवतल दर्पण का प्रयोग मुख्य रूप से टॉर्च, सर्च लाइट तथा गाड़ियों के हेड लाईट व दाँतों के डॉक्टर द्वारा भी किया जाता है, इससे रोगी के दाँतों की छवि बड़ी दिखाई देती है तथा अवतल दर्पण कुछ प्रकाश को अपवर्तित करते हुए दंत चिकित्सक के लिए मुँह के दृश्य को बढ़ाता है।

85. प्रकाश तरंग का सिद्धांत किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया?

(a) पॉल डिरॉक
(b) रॉबर्ट ए. मिल्लिकन
(c) क्रिस्टियान ह्यूजेन्स
(d) होमी जहाँगीर भाभा

Ans. (c) क्रिस्टियान ह्यूजेन्स

- डच भौतिक विज्ञानी क्रिस्टियान ह्यूजेन्स का मानना था कि प्रकाश तरंगों से बना होता है। तरंगें प्रसार की दिशा के लम्बवत् ऊपर और नीचे कम्पन करती हैं तथा तरंग प्रसार की एक कल्पना को प्रतिपादित करती हैं।
- यह 'ह्यूजेन्स सिद्धान्त' के रूप में जाना जाता है।
- इस सिद्धान्त को ह्यूजेन्स ने वर्ष 1678 ई. में प्रस्तावित किया था।
- प्रकाश का कण सिद्धांत न्यूटन ने दिया था।

86. नेत्र लेंस किसी बिंब का रेटिना पर किस प्रकार का प्रतिबिंब बनाता है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) कोई प्रतिबिंब नहीं
(b) वास्तविक और अपारदर्शी प्रतिबिंब
(c) उल्टा और आभासी प्रतिबिंब
(d) उल्टा और वास्तविक प्रतिबिंब

Ans. (d) उल्टा और वास्तविक प्रतिबिंब

- किसी वस्तु से चलने वाली प्रकाश किरणें कॉर्निया से गुजरने के बाद लेंस पर आपतित होती हैं तथा इससे अपवर्तित होकर कांचाभ द्रव से होती हुई रेटिना पर पड़ती हैं, जहाँ पर वस्तु का उल्टा एवं वास्तविक प्रतिबिंब बनता है।
- मानव नेत्र की रचना एवं कार्यप्रणाली एक फोटोग्राफिक कैमरे के समान होती है। कैमरे में एक फोटोग्राफिक फिल्म लगी होती है, जिस पर वस्तु का प्रतिबिंब बनता है। मानव नेत्र में यहीं काम 'दृष्टिपटल' (Retina) द्वारा होता है।

87. बर्फ का अपवर्तक सूचकांक क्या है?

(a) 0 (b) 0.5
(c) 1.1 (d) 1.31

Ans. (d) 1.31

द्रव्यात्मक माध्यम	अपवर्तनांक
वायु	1.0003
बर्फ	1.31
जल	1.33
ऐल्कोहॉल	1.36
किरोसिन	1.44
बेंजीन	1.50
क्राउन काँच	1.52
रूबी	1.71
नीलम	1.77
हीरा	2.42

88. सेंधा नमक का अपवर्तनांक क्या है?

(a) 0.89 (b) 1.15
(c) 1.54 (d) 2.36

Ans. (c) 1.54

- सेंधा नमक का अपवर्तनांक = 1.54
- बेंजीन का अपवर्तनांक = 1.50
- बर्फ का अपवर्तनांक = 1.31
- मिट्टी के तेल का अपवर्तनांक = 1.44

89. प्रकाश किरण के रंगीन घटक के बैंड को इसका ..... कहते है।

(a) फ्रीक्वेंसी (b) बैंडविड्थ
(c) वेवलेंथ (d) स्पेक्ट्रम

Ans. (d) स्पेक्ट्रम

- प्रकाश किरण के रंगीन घटक के बैंड को इसका स्पेक्ट्रम (Spectrum) कहते हैं। जब श्वेत प्रकाश प्रिज्म (Prism) में से होकर गुजरता है तो वह भिन्न-भिन्न रंगों के नियमित क्रम में बँट जाता है।
- स्पेक्ट्रम के रंग

  लाल - R
  नारंगी - O
  पीला - Y
  हरा - G
  नीला - B
  इंडिगो - I (जामुनी)
  बैंगनी - V

90. साफ आकाश नीला क्यों दिखाई देता है?

(a) प्रकाश के हस्तक्षेप के कारण
(b) प्रकाश के अपवर्तन के कारण
(c) प्रकाश के परावर्तन के कारण
(d) प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण

Ans. (d) प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण

- साफ आकाश के नीला दिखाई देने का कारण प्रकाश का प्रकीर्णन (Scattering of Light) है।
- इसके अनुसार जब प्रकाश किरणें धूल आदि के सूक्ष्म कणों जो वायुमण्डल में सदैव उपस्थित रहते है। इनसे टकराती है, तो ये विभिन्न दिशाओं में फैल जाती है। यह प्रकाश का प्रकीर्णन कहलाता है।
- लाल रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे कम होता है तथा बैंगनी रंग के प्रकाश का प्रकीर्णन सबसे अधिक होता है।

91. मानव आँख में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करता है।

(a) प्यूपिल (b) रेटिना
(c) आइरिस (d) कॉर्निया

Ans. (c) आइरिस

- आइरिस, आँख के सामने रंगीन ऊतक जिसके केंद्र में पुतली होती है। यह आँख में कम या ज्यादा रोशनी देने के लिए पुतली के आकार (Size) को नियन्त्रित करने में मदद करती है।
- इसका प्रमुख कार्य पुतली के व्यास को परिवर्तित करना है। आइरिस आँख को रंग प्रदान करती है।

92. दिए गए किन्हीं दो माध्यमों में एक माध्यम का आपतित कोण दूसरे माध्यम के अपवर्तित कोण के 90° होने पर वह कहलाएगा।

(a) क्रांतिक कोण (b) आपतन कोण
(c) दर्पण कोण (d) सामान्य कोण

Ans. (a) क्रांतिक कोण

- जब कोई प्रकाश किरण सघन माध्यम से विरल माध्यम में जाती हैं तब सघन माध्यम में आपतन कोण का वह मान जिसके लिए अपवर्तन कोण 90° होता है। वह क्रांतिक कोण कहलाता है।

93. पारदर्शी वस्तु जिसके द्वारा हम वस्तु को .....।
(D.P. Const. 06 Dec 2017)
(a) बिल्कुल नहीं देख सकते हैं।
(b) स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।
(c) देख सकते हैं, लेकिन बहुत स्पष्ट रूप से नहीं
(d) कोई विकल्प सही नहीं है।
Ans. (b) स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

- **पारदर्शी**- जिन वस्तुओं से प्रकाश आसानी से गुजर जाता है, उन्हें पारदर्शी वस्तुएँ कहते हैं। **जैसे**- काँच, पानी, हवा आदि।
- **अपारदर्शी**- जिन पदार्थों में से अन्य वस्तुओं को नहीं देखा जा सकता है उन्हें अपारदर्शी वस्तुएँ कहते हैं, **जैसे**- लकड़ी का बॉक्स, धातु का पात्र, पत्थर की स्लेट आदि।
- **पारभासी**- ऐसे पदार्थ जिनसे अन्य वस्तुओं को देखा तो जा सकता है, परंतु बहुत स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सकता, पारभासी कहलाते हैं, **जैसे**- तैलीय कागज, घर्षित काँच आदि।

94. प्रकाश में TIR का पूर्णरूप क्या है?
(a) Total Internal Radiation
(b) Total Internal Reflection
(c) Total Intellectual Reflection
(d) Total Internal Reduction
Ans. (b) Total Internal Reflection

- TIR- Total Internal Reflection (पूर्ण आंतरिक परावर्तन)

95. ऑस्टिगमैटिज्म को ठीक करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार के लेंस का इस्तेमाल किया जाता है?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) अवतल लेंस (b) उत्तल लेंस
(c) बायफोकल लेंस (d) सिलेंडरिकल
Ans. (d) सिलेंडरिकल

- ऑस्टिगमैटिज्म या दृष्टिवैषम्य, आँखों में होने वाली एक समस्या है। यह कॉर्निया के आकार में अनियमतिताओं के कारण होता है। इस दोष के निवारण के लिए सिलेंडरिकल लेंस का उपयोग किया जाता है।

96. प्रिज्म के माध्यम से पारित होने पर कौन-से रंग का प्रकाश अधिकतम विचलन दिखाता है?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) बैंगनी (b) लाल
(c) हरा (d) पीला
Ans. (a) बैंगनी

- जब श्वेत प्रकाश किरण का वर्ण-विक्षेपण एक प्रिज्म के माध्यम से होता है तो अधिकतम विचलन बैंगनी रंग का तथा न्यूनतम विचलन लाल रंग का होता है।

97. मिरर ऑब्जेक्टिव वाले टेलीस्कोप कहलाते हैं।
(a) परावर्तक टेलीस्कोप
(b) दर्पण टेलीस्कोप
(c) अपवर्तक टेलीस्कोप
(d) ऑब्जेक्टिव टेलीस्कोप
Ans. (a) परावर्तक टेलीस्कोप

- यह वह प्रकाशीय यन्त्र है जिसके द्वारा दूर स्थित वस्तुओं का चमकीला प्रतिबिम्ब प्राप्त करने के लिये अभिदृश्यक लेंस के स्थान पर बड़े द्वारक का अवतल दर्पण प्रयोग करते हैं, जिससे वस्तु से आने वाले प्रकाश की अधिक मात्रा एकत्रित की जा सकें ये मिरर ऑब्जेक्टिव टेलीस्कोप या परावर्तक टेलीस्कोप कहलाते हैं।

98. किस प्रकाशिक (ऑप्टिकल) घटना के कारण ग्रहण होते हैं?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) अपवर्तन
(b) प्रतिबिंब
(c) विवर्तन
(d) कोई विकल्प सही नहीं है
Ans. (d) कोई विकल्प सही नहीं है

- ग्रहण एक प्रकाशिक घटना नहीं है बल्कि एक खगोलीय घटना है यह तब होता है जब कोई खगोलीय पिण्ड किसी दूसरे खगोलीय पिण्ड की छाया में आ जाता है। ग्रहण दो तरह के होते हैं- सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण।

99. एक समतल दर्पण द्वारा बनाई गई छवियाँ जिन्हें स्क्रीन पर प्राप्त नहीं किया जा सकता, क्या कहलाती हैं?
(D.P. Const. 07 Dec 2017)
(a) वास्तविक (रियल)
(b) आभासी (वर्चुअल)
(c) काल्पनिक (इमैजनेरी)
(d) प्रतिरूप (डुप्लीकेट)
Ans. (b) आभासी (वर्चुअल)

- समतल दर्पण द्वारा प्राप्त प्रतिबिंब सदैव आभासी और सीधा होता है। इसके द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब का आकार मूल वस्तु के आकार का होता हैं। इसे पार्श्व-परिवर्तित प्रतिबिम्ब कहते हैं।

100. निम्नलिखित में से किसका पूर्ण अपवर्तनांक 1 के निकटतम होता है?
(D.P. AWO/TPO 16 Nov. 2023)
(a) अल्कोहल
(b) पानी
(c) वायु
(d) मिट्टी का तेल/केरोसीन
Ans. (c) वायु

- कुछ माध्यमों के अपवर्तनांक और क्रांतिक कोण

माध्यम	अपवर्तनांक	क्रांतिक कोण
पानी	1.33	48.75°
क्राउन काँच	1.52	41.14°
फ्लिंट काँच	1.62	37.31°
हीरा	2.42	24.41°
वायु	1.0003	-

101. समतल दर्पण में बनने वाला प्रतिबिंब ..... होता है।
(D.P. AWO/TPO 3 Dec. 2020)
(a) पार्श्विक उल्टा (b) धुंधला और उल्टा
(c) आवर्धित (d) ह्रासित
Ans. (a) पार्श्विक उल्टा

- समतल दर्पण का प्रतिबिम्ब आभासी तथा पार्श्व उल्टा होता है।
- समतल दर्पण द्वारा बने प्रतिबिम्ब का आकार मूल वस्तु के आकार के बराबर होता है।
- समतल दर्पण के सामने रखी हुई वस्तु के प्रतिबिम्ब में वस्तु का दायाँ भाग बायीं ओर तथा बायाँ भाग दायीं ओर दिखाई पड़ता है इसे पार्श्व-परिवर्तित प्रतिबिम्ब कहते हैं।

102. मानव नेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(D.P. AWO/TPO 3 Dec. 2020)
(a) नेत्र का लेंस रेटिना पर प्रकाश केंद्रित करता है।
(b) पुतली परितारिका को नियंत्रित करती है
(c) श्रवण तंत्रिका मस्तिष्क को संकेत संप्रेषित करती है।
(d) रेटिना की परिधि में शंकु की अपेक्षा शलाका कोशिकाएँ कम होती है।
Ans. (a) नेत्र का लेंस रेटिना पर प्रकाश केंद्रित करता है।

- अभिनेत्र लेंस सदैव रेटिना पर किसी वस्तु का उल्टा तथा वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है। रेटिना एक कोमल सूक्ष्म झिल्ली होती है जिसमें बहुत अधिक प्रकाश-सुग्राही कोशिकाएँ होती हैं। प्रकाश डालने पर प्रकाश-सुग्राही कोशिकाएँ सक्रिय हो जाती हैं तथा विद्युत सिग्नल उत्पन्न करती हैं। ये सिग्नल दृक् तंत्रिकाओं द्वारा मस्तिष्क तक पहुँच जाते हैं।

103. विशिष्ट सापेक्षता सिद्धांत के अनुसार. निम्नलिखित में से क्या सापेक्ष नहीं है?
(D.P. AWO/TPO 9 Dec. 2020)
(a) किसी वस्तु की लंबाई
(b) प्रकाश का वेग
(c) दो परिघटनाओं के बीच समयांतराल
(d) समकालीनता

Ans. (b) प्रकाश का वेग

- विशिष्ट सापेक्षता सिद्धांत के अनुसार प्रकाश का वेग सापेक्ष नहीं होता है। विशिष्ट सापेक्षता सिद्धांत अल्बर्ट आइंस्टीन ने प्रतिपादित किया था।
- इस सिद्धांत के अनुसार द्रव्यमान और ऊर्जा एक दूसरे से स्वतंत्र नहीं है बल्कि एक दूसरे से संबंधित भौतिक इकाई है तथा प्रत्येक वस्तु में उसके द्रव्यमान के कारण एक ऊर्जा होती है।
- $E = mc^2$

जहाँ, c = प्रकाश की गति
m = किसी वस्तु का सापेक्ष द्रव्यमान
E = ऊर्जा

104. एक गोलीय दर्पण में, ध्रुव से प्रमुख फोकस की दूरी को किस नाम से जाना जाता है?

(D.P. AWO/TPO 15 Dec. 2020)

(a) वस्तु दूरी (b) चित्र दूरी
(c) ध्रुवीय दूरी (d) फोकल लंबाई

Ans. (d) फोकल लंबाई

- किसी लेंस की फोकल लंबाई के व्युत्क्रम को उस लेंस की शक्ति कहा जाता है। यह लेंस की अभिसारी या अपसारी शक्ति को मापता है।
- अवतल लेंस की फोकस लंबाई ऋणात्मक होती है इसलिए इसकी शक्ति भी ऋणात्मक होती है।
- उत्तल लेंस की फोकस लंबाई धनात्मक होती है इसलिए इसकी शक्ति भी धनात्मक होती है।

105. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व ठोस अवस्था वाले उपकरणों के लिए अर्द्धचालक में डोपिंग एजेंट के रूप में प्रयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 11 Dec. 2020)

(a) नाइट्रोजन (b) आर्सेनिक
(c) लिथियम (d) निऑन

Ans. (b) आर्सेनिक

- डोपिंग प्रक्रिया के तहत, किसी भी अशुद्धता को जानबूझकर अर्द्धचालक में इसकी विद्युत चालकता को बढ़ाने के उद्देश्य से जोड़ा जाता है सबसे अधिक प्रयोग किये जाने वाले प्रमुख अर्द्धचालक सिलिकॉन व जर्मेनियम।
- आर्सेनिक का परमाणु क्रमांक 33 और परमाणु भार 74.91 है आर्सेनिक, आवर्त सारणी के आवर्त-4 एवं वर्ग-15 में स्थित है।
- **उपयोग:** ट्रांजिस्टर के निर्माण के लिए सिलिकॉन एवं जर्मेनियम में कुछ मात्रा में आर्सेनिक भी मिलाया जाता है।
- आर्सेनिक का मुख्य उपयोग सीसे (Lead) की मिश्रधातुओं के निर्माण में होता है।
- आर्सेनिक के एक यौगिक गैलियम आर्सेनाइड (Gallium Arsenide) का प्रयोग LED के निर्माण में किया जाता है।

106. शक्ति (Power) ज्ञात करने का सूत्र है।

(a) कार्य/समय (b) समय/क्षेत्रफल
(c) कार्य × समय (d) समय/कार्य

Ans. (a) कार्य/समय

- किसी व्यक्ति द्वारा किसी समय में किए गये कार्य का मान शक्ति (power) कहलाता है।
- माना कोई व्यक्ति 't' समय में 'w' कार्य करता है तो उस व्यक्ति की शक्ति का मान-

  शक्ति (power) = कार्य (w) / समय (t)
- शक्ति का मात्रक वॉट (watt) है।

107. एक विद्युत रूम हीटर की कुण्डली (कॉइल) को कहा जाता है।

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) तंतु (फिलामेंट) (b) पर्ण (फॉयल)
(c) एलिमेंट (d) स्प्रिंग

Ans. (c) एलिमेंट

- विद्युत रूम हीटर की कुंडली (कॉइल) को हीटिंग एलिमेंट कहते हैं। यह तार की कुंडली होती है। यह विद्युत ऊर्जा को ऊष्मीय ऊर्जा में बदलता है। यह नाइक्रोम (80% निकेल + 20% क्रोमियम) से बनी होती है।

108. किसी चालक का प्रतिरोध R किस पर निर्भर नहीं करता है?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) दाब
(b) विभवांतर
(c) चालक के पदार्थ
(d) चालक का आयाम

Ans. (a) दाब

किसी चालक का प्रतिरोध निम्न पर निर्भर करता है-

- **चालक की लंबाई पर-** लंबाई ज्यादा होने पर प्रतिरोध ज्यादा होता है।
- **अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल पर-** अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल जितना अधिक होगा प्रतिरोध उतना ही कम होगा।
- पदार्थ की प्रकृति पर।

109. ओम का नियम किस वर्ष आविष्कृत हुआ था?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) 1858 (b) 1848
(c) 1828 (d) 1838

Ans. (c) 1828

- **ओम का नियम:** किसी धातु के तार में प्रवाहित होने वाली विद्युत धारा उस तार के सिरों के बीच विभवांतर के अनुक्रमानुपाती होती है।
- दूसरे शब्दों में- $V \propto I$
- $V = IR$ (नियतांक)

जहाँ, R एक नियतांक है जिसे तार का प्रतिरोध कहते हैं।

110. धारा प्रति इकाई क्षेत्रफल (धारा के लंबवत लिया गया), I/A, को .....कहा जाता है।

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) आपेक्षिक घनत्व (b) धारा घनत्व
(c) प्रतिरोधकता (d) चालकता

Ans. (b) धारा घनत्व

- किसी चालक में किसी बिन्दु के परित: प्रति एकांक क्षेत्रफल से अभिलम्बवत् गुजरने वाली धारा को उस बिन्दु पर धारा घनत्व कहते हैं। इसे j से प्रदर्शित करते हैं। इसका मात्रक A/m^2 है।
- यदि किसी चालक में धारा (I), चालक के अनुप्रस्थ क्षेत्रफल (A) पर एकसमान रूप से वितरित हो तो इस क्षेत्रफल के किसी बिन्दु पर धारा घनत्व (j) = I /A

111. चालकता, प्रतिरोधकता से किस प्रकार संबंधित है?

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) प्रतिरोधकता, चालकता से सदैव अधिक होती है।
(b) चालकता और प्रतिरोधकता का गुणनफल सदैव शून्य होता है।
(c) प्रतिरोधकता, चालकता के समान होती है।
(d) चालकता, प्रतिरोधकता के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

Ans. (d) चालकता, प्रतिरोधकता के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

- चालक पदार्थ की प्रतिरोधकता के व्युत्क्रम को चालकता कहते हैं इसे सिग्मा (σ) से प्रदर्शित करते हैं।
- चालकता = 1/प्रतिरोधकता
- चालकता का SI मात्रक ओम$^{-1}$ (Ω^{-1}) या सिमेन मी$^{-1}$ (S-m^{-1}) होता है।

112. विद्युत में के.सी.एल. का पूर्ण रूप क्या है?

(a) किरचॉफ का चालकता नियम
(b) किरचॉफ का कनवर्टर नियम
(c) किरचॉफ का सर्किट नियम
(d) किरचॉफ का धारा नियम

Ans. (d) किरचॉफ का धारा नियम

- (किरचॉफ का धारा का नियम) Kirchhoff's Current Law & KCL कहते हैं।

113. चुंबकीय क्षेत्र के माध्यम से विद्युत प्रवाह के उत्पादन की प्रक्रिया को ..... कहा जाता है।

(a) विद्युतीकरण (b) विद्युत चुम्बकीय प्रेरण
(c) धैर्य (d) परवलयिक

Ans. (b) विद्युत चुम्बकीय प्रेरण

- किसी चालक को किसी परिवर्ती चुम्बकीय क्षेत्र में रखने पर उस चालक के सिरों के

बीच विद्युत वाहक बल उत्पन्न होता है। इसे विद्युत चुम्बकीय प्रेरण (Electromagnetic Induction) कहते हैं।

114. सीमा, विद्युत परिपथ को चालू करती है और जल पीने के लिए चली जाती है। वह 2 मिनट बाद वापस आती है और देखती है कि परिपथ में 2.5 A की धारा प्रवाहित हो रही है। परिपथ से प्रवाहित शुद्ध आवेश ज्ञात कीजिए।

(D.P. AWO/TPO 16 Nov. 2023)

(a) 300 C (b) 1.25 C
(c) 0.0833 C (d) 4.5 C

Ans. (a) 300 C

परिपथ में प्रवाहित विद्युत धारा (I) = 2.5A
समय (t) = 2 मिनट = 2 × 60 = 120 सेकण्ड
परिपथ में प्रवाहित शुद्ध आवेश (Q) = ?

$$Q = It$$
$$Q = 2.5 \times 120$$
$$= 300C$$

115. विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र द्वारा त्वरण के अंतर्गत विद्युत आवेशित कणों को ..... के रूप में प्रेषित किया जाता है।

(a) विद्युत चुंबकीय आवृत्ति
(b) विद्युत चुंबकीय विकिरण
(c) विद्युत चुंबकीय आयाम
(d) विद्युत चुंबकीय प्रेरण

Ans. (b) विद्युत चुंबकीय विकिरण

✪ विद्युत आवेशित कणों को त्वरित करने पर एकान्तर विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होते हैं। ये तरंगों के रूप में संचरण करते हैं। इन्हें विद्युत चुंबकीय विकिरण कहते हैं।

116. बिजली के फेस सिग्नल अथवा आवृत्ति को बिना बदले प्राथमिक परिपथ से द्वितीय परिपथ में ले जाने के लिए विद्युत स्थैतिक डिवाइस का उपयोग किया जाता है।

(a) ट्रांसफॉर्मर (b) जेनरेटर
(c) ट्रांजिस्टर (d) रेक्टिफायर

Ans. (a) ट्रांसफॉर्मर

✪ सर्वप्रथम ट्रांसफॉर्मर (Transformer) का अविष्कार माइकल फैराडे (Michael Faraday) ने वर्ष 1831 ई. में किया था। यह एक ऐसी युक्ति (Device) है, जो प्रत्यावर्ती धारा (AC Current) के वोल्टेज को कम तथा अधिक कर सकता है। एक परिपथ से दूसरे परिपथ में स्थान्तरित कर सकता है।

✪ **सिद्धान्त:** ट्रांसफॉर्मर अन्योन्य प्रेरक सिद्धान्त पर कार्य करता है अर्थात जब किसी कुंडली में धारा प्रवाहित होती है तो उसके पास किसी दूसरी कुंडली में फ्लक्स में परिवर्तन के कारण एक वैद्युत वाहक बल उत्पन्न होता है।

117. इलेक्ट्रोड और इलेक्ट्रोलाइट के बीच विकसित होने वाले विभवान्तर को क्या कहा जाता है?

(a) डायोड विभव
(b) मानक इलेक्ट्रोड विभव
(c) इलेक्ट्रोड विभव
(d) विद्युत विभव

Ans. (c) इलेक्ट्रोड विभव

✪ जब किसी धातु की छड़ को उसी धातु के लवण के विलयन मे डूबाते है तो धातु की छड़ विलयन के सापेक्ष धनावेशित या ऋणावेशित हो जाती है। इसके उपरान्त धातु और विलयन के स्पर्श तल एक विभवान्तर स्थापित हो जाता है जिसे धातु का इलेक्ट्रोड विभव कहते है।

✪ ये दो प्रकार के होते हैं-
1. ऑक्सीकरण इलेक्ट्रोड विभव
2. अपचयन इलेक्ट्रोड विभव

118. विद्युत वाहक बल को मापने के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(D.P. AWO/TPO 2 Dec. 2020)

(a) पोलारीमीटर (b) पोटेंशियोमीटर
(c) पोटोमीटर (d) प्लेटोमीटर

Ans. (b) पोटेंशियोमीटर

✪ पोटेंशियोमीटर- विद्युत वाहक बल को मापने के लिए।

✪ पोलारीमीटर- प्रकाश किरणों और नमूनों के ध्रुवीकरण गुणों को निर्धारित करने के लिए।

✪ पोटोमीटर- पत्तीदार पौधों द्वारा पानी अवशोषण की दर को मापने के लिए।

119. भारत में, विद्युत ऊर्जा की वाणिज्यिक इकाई किलो-वॉट घंटा (kWh) है। (1kWh = ?)

(a) 100000 J (b) 3600000 J
(c) 1000 J (d) 3600 J

Ans. (b) 3600000 J

✪ विद्युत ऊर्जा की वह मात्रा, जो परिपथ में 1 किलो-वॉट की विद्युत शक्ति की उपस्थिति में एक घंटे में व्यय होती है, 1 किलो-वॉट घण्टा कहलाती है।

✪ 1 किलो-वॉट घण्टा = 3.6×10^6 जूल(J)

✪ 1 किलो-वॉट = 1000 वॉट

✪ 1 किलो-वॉट घण्टा = 3600000 जूल

120. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(D.P. AWO/TPO 8 Dec. 2020)

(a) विद्युत धारा का एसआई मात्रक ऐम्पियर होता है।
(b) प्रदीप्ति तीव्रता का एसआई मात्रक ऐम्पियर होता है।
(c) राशि का एसआई मात्रक ऐम्पियर होता है।
(d) तापमान का एसआई मात्रक ऐम्पियर होता है।

Ans. (a) विद्युत धारा का एसआई मात्रक ऐम्पियर होता है।

✪ विद्युत धारा एक अदिश राशि है। विद्युत धारा का SI मात्रक ऐम्पियर होता है।

✪ विद्युत धारा - भिन्न-भिन्न विभव की वस्तुओं को यदि किसी धातु की तार में जोड़ दिया जाए तो आवेश एक वस्तु से दूसरी वस्तु में प्रवाहित होने लगता है। किसी चालक में आवेश के इसी प्रवाह को 'विद्युत धारा' कहते हैं।

✪ विद्युत धारा उच्च विभव से निम्न विभव की ओर प्रवाहित होती है।

121. अनियमित प्रतिरोध के मापन के लिए निम्न में से किस परिपथ का उपयोग किया जाता है?

(a) ब्रिज रेक्टीफायर (b) जेनर डायोड
(c) व्हीटस्टोन ब्रिज (d) ट्रांजिस्टर

Ans. (c) व्हीटस्टोन ब्रिज

✪ व्हीटस्टोन सेतु (Wheatstone Bridge) का प्रयोग तुलना विधि से प्रतिरोध मापन के लिये किया जाता है। एक व्हीटस्टोन सेतु चार प्रतिरोधों की एक विशेष व्यवस्था है। इसका उपयोग अनियमित प्रतिरोध ज्ञात करने के लिये करते हैं। इसके अलावा यदि व्हीटस्टोन सेतु संतुलित है, तो गैल्वनोमीटर के माध्यम से कोई धारा प्रवाहित नहीं होती है अर्थात् व्हीटस्टोन सेतु शून्य विक्षेपण के सिद्धान्त पर कार्य करता है अर्थात् इसके प्रतिरोधों का अनुपात बराबर है यानि गैल्वनोमीटर के माध्यम से कोई भी प्रवाह नहीं होता है।

122. ..... उस सहजता की माप है, जिस पर एक विद्युत आवेश या ऊष्मा किसी पदार्थ से होकर गुजर सकती है।

(D.P. AWO/TPO 15 Dec. 2020)

(a) प्रवाहकत्त्व (b) तापावरोधन
(c) प्रतिरोधकता (d) विद्युत

Ans. (a) प्रवाहकत्त्व

✪ **प्रवाहकत्त्व**- किसी पदार्थ में धारा कितनी आसानी से प्रवाहित हो सकती है, यह मापता है।

✪ प्रवाहकत्त्व को सीमेंस प्रति मीटर में मापा जाता है।

123. किसी वस्तु के आवेश वाहक होने अथवा नहीं होने का पता लगाने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(a) इलेक्ट्रोस्कोप (b) पेरीस्कोप
(c) इंडोस्कोप (d) कैलेडीस्कोप

Ans. (a) इलेक्ट्रोस्कोप

✪ किसी वस्तु के आवेश वाहक होने अथवा नहीं होने का पता लगाने के लिये इलेक्ट्रोस्कोप (Electroscope) का उपयोग करते हैं। यह

एक ऐसी युक्ति (Device) है, जो किसी पदार्थ या वस्तु में विद्युत आवेश की उपस्थित का पता लगाती है।

- पदार्थ में दो प्रकार के आवेश होते हैं-
  1. धनात्मक आवेश
  2. ऋणात्मक आवेश

124. p-n जंक्शन के निर्माण के समय कौन-सी दो महत्वपूर्ण क्रियाएँ संपन्न होती हैं?
(a) डिप्लेशन और ड्रिफ्ट
(b) डोपिंग और ड्रिफ्ट
(c) डिफ्यूजन और ड्रिफ्ट
(d) डिप्लेशन और डोपिंग

Ans. (c) डिफ्यूजन और ड्रिफ्ट

- p-n सन्धि (junction) के निर्माण में दो महत्वपूर्ण घटना घटित होती है-
  (i) विसरण (Diffusion)
  (ii) अपवाह (Drift)

125. विद्युत क्षेत्र का मान किसके बराबर होता है?
(a) विद्युत गति (b) विद्युत चालकता
(c) विद्युत द्विध्रुव (d) विद्युत फ्लक्स

Ans. (d) विद्युत फ्लक्स

- विद्युत क्षेत्र का मान विद्युत फ्लक्स के बराबर होता है क्योंकि किसी विद्युत क्षेत्र में स्थित किसी तल से अभिलम्बवत् गुजरने वाली विद्युत बल रेखाओं की कुल संख्या विद्युत फ्लक्स कहलाती है।
- विद्युत फ्लक्स को फाई (ϕ) से प्रदर्शित करते हैं। यह एक अदिश राशि है।
- इसका SI मात्रक $N\text{-}m^2/C$ (न्यूटन-मीटर^2/कूलॉम) होता है।

126. नियत विभव वाला एक ऐसा तल है जिसके प्रत्येक बिंदु पर विभव का मान नियत होता है।
(a) सांख्यिक विभव तल
(b) बहु-विभव तल
(c) सम-संख्य तल
(d) सम-विभव तल

Ans. (d) सम-विभव तल

- सम-विभव तल से तात्पर्य विद्युत क्षेत्र में स्थित उस पृष्ठ से होता है जिसके प्रत्येक बिंदु पर विभव का मान सदैव नियत होता है, ऐसा पृष्ठ सम-विभव तल कहलाता है।

127. निम्नलिखित में से कौन-सा केप्लर का नियम इस प्रेक्षणी यह सूर्य के निकट होने की तुलना में दूर होने पर धीमी गति से चलते दिखाई देते हैं?

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) गुरुत्वाकर्षण का नियम
(b) कक्षाओं का नियम
(c) क्षेत्रफल का नियम
(d) परिक्रमण काल का नियम

Ans. (c) क्षेत्रफल का नियम

- केप्लर के द्वितीय नियम को क्षेत्रफल की चाल का नियम भी कहते हैं।
- **केप्लर का द्वितीय नियम:** किसी भी ग्रह को सूर्य से मिलाने वाली रेखा समान समय में समान क्षेत्रफल तय करती है अर्थात् ग्रह के क्षेत्रफल के लिए चाल नियत रहती है।
- केप्लर का द्वितीय नियम "कोणीय संवेग संरक्षण नियम" पर आधारित है।

128. वे पदार्थ जिनमें बाह्य चुंबकीय क्षेत्र के प्रबल से दुर्बल भाग में जाने की प्रवृत्ति होती है..... कहलाते हैं-

(D.P. AWO/TPO 27 Oct. 2022)

(a) अनुचुंबकीय (b) एकलचुंबकीय
(c) लौहचुंबकीय (d) प्रतिचुंबकीय

Ans. (d) प्रतिचुंबकीय

- वे पदार्थ जो आरोपित चुंबकीय क्षेत्र की दिशा से विपरीत दिशा में दुर्बल रूप से चुंबकित हो जाते है, प्रतिचुंबकीय पदार्थ कहलाते हैं, **उदाहरण:-** सोना, चाँदी, पारा, जल, सोडियम क्लोराइड आदि।
- प्रतिचुंबकीय पदार्थ की चुंबकीय प्रवृत्ति कम तथा ऋणात्मक होती है।
- ये पदार्थ एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में कमजोर चुंबकीय क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं।

129. कौन-सा चुंबक कक्षीय तापमान पर लंबी अवधि के लिए लौह-चुंबकीय गुण को बरकरार रखता है?
(a) स्थायी चुंबक (b) ध्रुव चुंबक
(c) विषम चुंबक (d) अस्थायी चुंबक

Ans. (a) स्थायी चुंबक

- स्थायी चुंबक कक्षीय तापमान पर लम्बी अवधि के लिये लौह-चुंबकीय गुण को बरकरार रखता है।
- ये कमरे के तापमान पर अपने लौह-चुंबकीय गुणों को दीर्घ काल के लिये बनाये रखते हैं।
- यह चुंबक विभिन्न प्रकार की धातुओं के मिश्रण कोबाल्ट, कार्बन, लोहा, निकिल आदि के द्वारा बनाई जाती है।

130. पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के अवयवों (elements) की संख्या कितनी है?

(D.P. AWO/TPO 28 Oct. 2022)

(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) पाँच

Ans. (b) तीन

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के तीन अवयव होते हैं:
1. दिक्पात का कोण
2. नति कोण
3. पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक।

131. चुंबकीय क्षेत्र की ओर किसी वस्तु को आकर्षित किए जाने के बजाय इसे प्रतिकर्षित किए जाने की परिघटना को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

(D.P. AWO/TPO 11 Dec. 2020)

(a) अलैस प्रभाव (b) माइसनर प्रभाव
(c) बार्नम प्रभाव (d) सिस प्रभाव

Ans. (b) माइसनर प्रभाव

- जब कोई पदार्थ अपने क्रांतिक ताप से नीचे आकर अतिचालक अवस्था को प्राप्त होता है तो इसके अन्दर चुम्बकीय क्षेत्र शून्य हो जाता है। इसे माइसनर प्रभाव (Meissner effect) कहते हैं। इस परिघटना की खोज जर्मनी के भौतिकशास्त्री वाल्थर माइसनर ने की थी।

132. निम्न में से कौन से पदार्थ बाह्य चुम्बकीय क्षेत्रों में रखने पर अति चुम्बकीय हो जाते हैं?
(a) लौह चुम्बकीय पदार्थ
(b) अनुचुम्बकीय पदार्थ
(c) विद्युत चुम्बकीय पदार्थ
(d) द्वि-चुम्बकीय पदार्थ

Ans. (a) लौह चुम्बकीय पदार्थ

- वे पदार्थ जो चुम्बकीय क्षेत्र मे रखने पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा में प्रबल रूप से चुम्बकीय हो जाते हैं, लौह चुम्बकीय पदार्थ कहलाते हैं।
  जैसे- लोहा, इस्पात, कोबाल्ट तथा निकेल आदि।

133. हवा या गैस की नमी मापने वाला पहला ज्ञात उपकरण कौन-सा है, जिसे लियोनार्डो दा विंची ने 1400 के आसपास बनाया था?

(D.P. AWO/TPO 22 Nov. 2020)

(a) ट्रांसमिसोमीटर (b) हाइग्रोमीटर
(c) डिस्ड्रोमीटर (d) स्लिंग साइक्रोमीटर

Ans. (b) हाइग्रोमीटर

यन्त्र	आविष्कारक
हाइग्रोमीटर	लियोनार्डो दा विंची
ट्रांसफॉर्मर	फैराडे
भाप-इंजन	जेम्स-वॉट
साइक्लोट्रॉन	लॉरेन्स
ग्रामोफोन	एडिसन
दूरबीन	गैलीलियो

134. वातावरण की सापेक्ष आर्द्रता को मापने का एक उपकरण है।

(D.P. AWO/TPO 27 Nov. 2020)

(a) बैरोमीटर (b) हाइड्रोमीटर
(c) एनीमोमीटर (d) हाइग्रोमीटर

Ans. (d) हाइग्रोमीटर

उपकरण	उपयोग
हाइग्रोमीटर	सापेक्ष आर्द्रता मापने हेतु
बैरोमीटर	वायुमंडलीय दबाव को मापने के लिए
हाइड्रोमीटर	किसी तरल पदार्थ के घनत्व या विशिष्ट गुरुत्व को मापने के लिए
एनीमोमीटर	हवा की गति मापने के लिए
ओडोमीटर	वाहनों द्वारा तय की गई दूरी को मापने के लिए
साइक्लोट्रॉन	आवेशित कण को त्वरित करने वाला यंत्र
ऑडियोफोन	सुनने में सहायता के लिए कान में लगाया जाने वाला उपकरण
वॉटमीटर	विद्युत् शक्ति मापने का यंत्र
वोल्टमीटर	दो बिन्दुओं की आवेश भिन्नता को मापने वाला यंत्र

135. निम्नलिखित में से कौन, विशिष्ट ताप पर हवा द्वारा जल वाष्प को धारण कर सकने की मात्रा की तुलना में हवा द्वारा धारित जल वाष्प का मापन है?

(D.P. AWO/TPO 16 Dec. 2020)

(a) विशिष्ट आर्द्रता (b) निरपेक्ष आर्द्रता
(c) सापेक्ष आर्द्रता (d) ओसांक

Ans. (c) सापेक्ष आर्द्रता

- वायुमण्डल में जलवाष्प की उपस्थिति को ही आर्द्रता कहते हैं। निश्चित तापमान पर वायुमंडल में मौजूद नमी का प्रतिशत उसकी पूरी क्षमता के मुकाबले सापेक्ष आर्द्रता कहलाता है।
- वायु की आर्द्रता क्षमता ताप के समानुपाती होती है अर्थात् वायु की आर्द्रता क्षमता बढ़ने के साथ ताप भी बढ़ जाता है।

136. एक्स-रे की खोज किसने की?

(a) जोहान विल्हेम रिटर
(b) विल्हेम कॉनराड रोएंटजन
(c) एंटोनी हेनरी बेकुरल
(d) आइजैक न्यूटन

Ans. (b) विल्हेम कॉनराड रोएंटजन

- एक्स-रे (X-ray) की खोज प्रोफेसर विल्हेम कॉनराड रोएंटजन ने की थी। इन्होंने अपने प्रयोग में इसे प्राप्त किया था।
- X-ray की खोज के लिए वर्ष 1901 ई. में इन्हें भौतिकी के क्षेत्र में प्रथम नोबेल पुरस्कार की प्राप्ति हुई।

137. निम्न में से कौन-सा उपकरण पास्कल के नियम पर आधारित है?

(a) बैटरी (b) हाइड्रोलिक लिफ्ट
(c) मोटर (d) उत्तोलक

Ans. (b) हाइड्रोलिक लिफ्ट

- पास्कल का नियम किसी बर्तन में रखे द्रव के किसी भाग पर लगाया गया बाहरी बल बिना क्षय हुए संपूर्ण द्रव पर सभी दिशाओं में समान रूप से संचारित होता है।
- इस नियम के अनुसार, द्रव के किसी एक बिंदु (Point) पर आरोपित बल (Force) अन्य सभी बिंदुओं पर समान रूप से संचारित करके कम क्षेत्रफल (Area) वाले भाग पर अधिक दाब (Pressure) आरोपित किया जा सकता है। द्रव चालित लिफ्ट का प्रयोग भारी वस्तुओं जैसे- ट्रक, मोटरगाड़ी, कार आदि को ऊपर उठाने में किया जाता है।

138. गुर्दे में निर्मित छोटी पथरी को बारीक कणों में तोड़ने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

(a) इन्फ्रासाउंड
(b) अल्ट्रासाउंड
(c) इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स
(d) अल्ट्रावायलेट रेज

Ans. (b) अल्ट्रासाउंड

- गुर्दे में निर्मित छोटी पथरी को बारीक कणों में तोड़ने के लिए अल्ट्रासाउंड विधि का उपयोग किया जाता है।

139. द्रव के सापेक्ष घनत्व को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(a) हाइग्रोमीटर (b) हाइड्रोमीटर
(c) फैथोमीटर (d) वेंटुरीमीटर

Ans. (b) हाइड्रोमीटर

- **हाइड्रोमीटर**- द्रव के सापेक्ष घनत्व को मापने के लिये।
- **फैदोमीटर**- समुद्र की गहराई मापने के लिये।
- **आर्द्रतामापी**- सापेक्ष आर्द्रता मापने के लिये।
- **बैरोमीटर**- वायुमंडलीय दाब मापने के लिये।

140. विकिरण को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(a) वोल्टमीटर (b) गीजर मुलर काउंटर
(c) अमीटर (d) स्पैक्ट्रोमीटर

Ans. (b) गीजर मुलर काउंटर

- (Voltmeter) वोल्टमीटर-विभवान्तर मापन के लिये।
- (Ammeter) अमीटर-विद्युत धारा को मापने के लिये।
- (Geiger Muller Counter) गीजर मुलर काउंटर -विकिरण को मापने के लिए।
- (Spectrometer) स्पैक्ट्रोमीटर-प्रकाश के विक्षेपण की घटना का अध्ययन करने के लिए।

141. किसी भी भौतिक संकेत को विद्युत संकेत में बदलने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(a) सेंसर (b) एम्पलीफायर
(c) पुनरावर्तक (d) ट्रांसड्यूसर

Ans (d) ट्रांसड्यूसर

- ट्रांसड्यूसर एक प्रकार की ऐसी युक्ति है जो एक प्रकार की ऊर्जा को दूसरे प्रकार की ऊर्जा में बदलती है।
- यह भौतिक संकेत को विद्युत संकेत में बदलने का कार्य करती है।

142. 'सोनार' का विस्तार क्या है?

(a) ध्वनि तटस्थता और रेंजिंग
(b) ध्वनि वस्तु नेविगेशन और विकिरण
(c) ध्वनि नेविगेशन और रेंजिंग
(d) ध्वनि वस्तु नेविगेशन और रेंजिंग

Ans. (c) ध्वनि नेविगेशन और रेंजिंग

- सोनार (Sonar) एक तकनीक (Technique) है जो नौ-चालन, जल के अंदर संचार करने तथा जल के अंदर या सतह पर वस्तुओं का पता लगाने के लिये ध्वनि संचरण का प्रयोग करती है।
- SONAR- Sound Navigation and Ranging (ध्वनि नेविगेशन और रेंजिंग)

143. बिग-बैंग सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था?

(a) थॉमस गोल्ड (b) जॉर्ज लेमैत्रे
(c) हैरी हेस (d) अल्फर्ड वेगेनर

Ans. (b) जॉर्ज लेमैत्रे

- जॉर्ज लेमैत्रे (1927) ने ही ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति के संदर्भ में एक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था जिसे बिग-बैंग सिद्धांत कहा जाता है। Big Bang Theory के द्वारा ही ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति और ब्रह्माण्ड के विस्तार की परिकल्पना हुई थी।

144. तरल माध्यम में किसी वस्तु की घूर्णन गति की घटना का निरीक्षण ..... द्वारा किया जा सकता है।

(a) सापेक्ष प्रभाव (b) चुम्बकीय प्रभाव
(c) स्पिन प्रभाव (d) मैग्नस प्रभाव

Ans (d) मैग्नस प्रभाव

- तरल माध्यम में किसी वस्तु की घूर्णन गति की घटना का निरीक्षण मैग्नस प्रभाव द्वारा किया जाता है। इस प्रभाव के अनुसार, यदि कोई बेलनाकार वस्तु किसी तरल में डूबकर चक्रण कर रही हो तो तरल तथा चक्रण (Spining) कर रही वस्तु के बीच आपेक्षिक गति होने पर उस वस्तु के किनारे पर एक बल उत्पन्न होता है।

145. असंपीडित तरलों की प्रवाह गति को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(a) वेंटुरीमीटर (b) ट्रांसड्यूसर
(c) एनीमोमीटर (d) थर्मोकपल

Ans. (a) वेंटुरीमीटर

- असंपीडित तरलों के प्रवाह की गति मापने के लिये वेंटुरीमीटर (Venturimeter) का उपयोग किया जाता है।
- यह बरनौली प्रमेय (Bernoulli Theorem) पर आधारित एक उपकरण है। इसे पाइप या नली में द्रव के प्रवाह की दर को मापने में उपयोग करते हैं।

रसायन विज्ञान

146. पदार्थ के घटक अणुओं की गतिज ऊर्जा निम्न के लिए न्यूनतम है-

(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) द्रव अवस्था (b) प्लाज्मा अवस्था
(c) ठोस अवस्था (d) गैस अवस्था

Ans. (c) ठोस अवस्था

पदार्थ की अवस्थाएँ:

- **ठोस अवस्था:** निश्चित द्रव्यमान, आयतन और आकृति रखते हैं, **जैसे**- लकड़ी, मेज, पेन, किताब आदि। इनके बीच आकर्षण बल अधिक होता है।
- **द्रव अवस्था:** आयतन निश्चित परंतु आकर अनिश्चित होता है, जैसे- दूध, पानी, तेल आदि।
- इनमें आकर्षण बल ठोस अवस्था की अपेक्षा कमजोर होता है।
- **गैस अवस्था:** आकार और आयतन दोनों अनिश्चित होते हैं, जैसे- वायु, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन आदि इनमें आकर्षण बल ठोस एवं द्रव पदार्थ दोनों की अपेक्षा कमजोर होता है।

  नोट: गैसीय पदार्थ को जिस पात्र में रख दिया जाता है वह उसी का आकार, आयतन ग्रहण कर लेता है।

147. किसी ठोस के गलनांक को किस प्रकार परिभाषित किया जाता है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) वह अधिकतम तापमान जिस पर वायुमंडलीय दाब पर ठोस पिघलकर द्रव बन जाता है
(b) वह न्यूनतम तापमान जिस पर वायुमंडलीय दाब पर ठोस पिघलकर द्रव बन जाता है
(c) वह न्यूनतम तापमान जिस पर कम दाब पर ठोस पिघलकर द्रव बन जाता है
(d) वह न्यूनतम तापमान जिस पर उच्च दाब पर ठोस पिघलकर द्रव बन जाता है

Ans. (b) वह न्यूनतम तापमान जिस पर वायुमंडलीय दाब पर ठोस पिघलकर द्रव बन जाता है

- विभिन्न कारकों के प्रभाव में पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन
- ठोस से द्रव - गलन
- द्रव से गैस - वाष्पीकरण
- ठोस से गैस - ऊर्ध्वपातन
- गैस से ठोस - निक्षेपण
- द्रव से ठोस - जमना
- गैस से द्रव - संघनन

148. ऊष्मा ऊर्जा के अनुप्रयोग से बर्फ-टुकड़े के परमाणु कंपन करने लगते हैं। एक बिंदु पर, परमाणुओं में इतनी अधिक ऊर्जा होती है कि वे अपनी स्थिर स्थिति से अलग हो जाते हैं और स्थिर संरचना खो देते हैं। इसे हम जल निर्माण के रूप में देख सकते हैं। इस विशेष बिंदु को क्या कहा जाता है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) क्वथनांक (b) गलनांक
(c) अपघटन ताप (d) मृदुकरणांक

Ans. (b) गलनांक

- **गलनांक:** साधारण वायुमंडल के दाब पर वह तापमान जिस पर ठोस पिघलकर द्रव बन जाता है।

  नोट: ठोस का गलनांक अधिक होने पर ठोस कणों के मध्य आकर्षण बल भी अधिक होता है साधारण वायुमंडल के ताप पर बर्फ का गलनांक 0 डिग्री सेल्सियस होता है।
- **क्वथनांक:** साधारण वायुमंडल के दाब पर वह तापमान जिस पर कोई द्रव उबलना शुरू कर देता है।
- सामान्य ताप पर जल का क्वथनांक 100°C होता है।

149. क्वथनांक से नीचे किसी भी तापमान में द्रव को परिवर्तित करने की प्रवृत्ति को क्या कहा जाता है?

(a) वाष्पीकरण (b) सवाना
(c) संक्षेपण (d) समेकन

Ans. (a) वाष्पीकरण

- वह प्रक्रिया जिसमें तापमान द्वारा जल, गैसीय अवस्था में परिवर्तित होता है, वाष्पीकरण कहलाता है।
- जल का बिना क्वथनांक बिन्दु पर आये ही वाष्पित होना। जल की सतह पर जल के कण आस-पास की सतह से तापीय ऊष्मा प्राप्त कर इतनी गतिज ऊर्जा प्राप्त कर लेते हैं, कि जल के अन्य कणों के आकर्षण बल से मुक्त हो जाते हैं तथा वाष्प में बदल जाते हैं, यह प्रक्रिया वाष्पन कहलाती है।

150. निम्न में से कौन एक प्राश्लिष (एरोसोल) प्रकार का कोलाइड है?

(a) बटर (b) मिट्टी
(c) कोहरा (d) प्यूमिस

Ans. (c) कोहरा

- कोहरा प्राश्लिष (एरोसोल) प्रकार का एक कोलाइड होता है।
- कोलाइड्स वे पदार्थ होते है, जिनमें एक पदार्थ दूसरे में समान रूप से प्रक्षेपित होता है, जिस पदार्थ को फैलाया जाता है।
- कोलाइड को वर्गीकरण करने की एक सामान्य विधि है।
- कोलाइड्स प्रकारों में सोल, इमल्शन, फोम व एयरोसोल शामिल है।
- कोलाइडल विलयन परिक्षिप्त प्रावस्था और परिक्षेपण माध्यम से बनता है। ''जो कम अनुपात में होता है उसे परिक्षिप्त प्रावस्था और जो अधिक मात्रा में होता है उसे परिक्षेपण माध्यम कहते हैं।

परिक्षिप्त प्रावस्था	परिक्षेपण माध्यम	प्रकार	उदाहरण
द्रव	गैस	ऐरोसोल	बादल, कोहरा
ठोस	गैस	ऐरोसोल	धुआँ
ठोस	ठोस	ठोस सोल	दूधिया काँच, रंगीन पत्थर
द्रव	ठोस	जैल	जेली, मक्खन, पनीर
गैस	ठोस	फोम	रबड़, स्पंज
द्रव	द्रव	इमल्शन	दूध
ठोस	द्रव	सोल	कीचड़, मैगनेशिया- मिल्क
गैस	द्रव	फोम	शेविंग क्रीम

151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

A. सभी वस्तुएँ, गैस में परिवर्तित होने से पहले ठोस से द्रव में परिवर्तित होती हैं।
B. वाष्पन वह प्रक्रिया है, जिससे ठोस पदार्थ, गैस में परिवर्तित हो सकते हैं।

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) A और B, दोनों सत्य है
(b) A असत्य है, लेकिन B सत्य है
(c) A और B, दोनों असत्य है
(d) A सत्य है, लेकिन B असत्य है

Ans. (c) A और B, दोनों असत्य है

- कुछ पदार्थ ठोस से सीधे गैस में परिवर्तित होते है; **जैसे**- आयोडीन, अमोनियम क्लोराइड, नैफ्थेलीन, कपूर आदि।
- वाष्पन वह प्रक्रिया है, जिसमें द्रव पदार्थ, गैस में परिवर्तित हो जाता है।

152. विलयनों से शुद्ध ठोसों को उनके क्रिस्टलों के रूप में पृथक करने की विधि कहलाती है।

(a) विसरण (b) संघनन
(c) उर्ध्वपातन (d) क्रिस्टलीकरण

Ans. (d) क्रिस्टलीकरण

✪ किसी विलयन या गलित धातु में से प्राकृतिक या कृत्रिम विधि से ठोस क्रिस्टल बनाने की प्रक्रिया को क्रिस्टल या क्रिस्टलीकरण (Crystallization) कहते हैं।

153. वाष्पीकरण की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(D.P. Const. 01 Feb 2020)

(a) तरल अवस्था गैसीय अवस्था में बदल जाती है।
(b) ठोस अवस्था तरल अवस्था में बदल जाती है।
(c) तरल अवस्था ठोस अवस्था में बदल जाती है।
(d) गैसीय अवस्था तरल अवस्था में बदल जाती है।

Ans. (a) तरल अवस्था गैसीय अवस्था में बदल जाती है।

वाष्पन	क्वथन
यह द्रव के प्रत्येक ताप पर होता है।	यह द्रव के एक निश्चित ताप पर ही सम्भव होता है।
यह एक धीमी प्रक्रिया है।	यह एक तीव्र प्रक्रिया है।
यह द्रव की ऊपरी सतह से होता है।	यह सम्पूर्ण द्रव में एक साथ होता है।
यह सतही क्षेत्र, वायु की गति तथा तापमान वृद्धि पर बढ़ जाता है।	यह अशुद्धि मिलाने पर ही परिवर्तित होता है। शेष दशाओं में यह स्थिर रहता है।

154. प्लाज्मा अवस्था में ..... अधिक उत्तेजित और अधिक ऊर्जावान कण होते हैं।

(a) आयनीकृत गैसें
(b) सुपरकूल (अधिक ठंडक गैसें)
(c) आयनीकृत तरल पदार्थ
(d) सुपरहिटेड (अधिक तप्त) ठोस

Ans. (a) आयनीकृत गैसें

✪ प्लाज्मा अवस्था में कण अत्यधिक ऊर्जा वाले और अधिक उत्तेजित होते हैं। ये कण आयनीकृत गैसों के रूप में होते हैं।
✪ प्लाज्मा अवस्था पदार्थ की चौथी अवस्था है।

155. बोस-आइंस्टीन द्रव (संघनक) को ..... की गैस को सामान्य वायु को अति निम्न परम ताप पर लगभग एक हजार घनत्व तक ठंडा करके बनाया जाता है।

(a) अति निम्न घनत्व (b) अति उच्च घनत्व
(c) उच्च ताप (d) उच्च आर्द्रता

Ans. (a) अति निम्न घनत्व

✪ बोस-आइंस्टीन (Bose-Eiensteen Condenset-BEC) पदार्थ की एक ऐसी अवस्था है जो तब बनती है जब बहुत कम घनत्व/निम्न घनत्व वाले बोसॉन की गैस को परमशून्य (–273.15°C या –459.67°F) के करीब के तापमान (Temperature) पर ठंडा किया जाता है। ऐसे में बोसॉन का एक बड़ा भाग सबसे कम कवाण्टम स्थिति पर होते हैं। निम्न घनत्व वाली गैस को बहुत कम ताप पर ठण्डा करके (BEC) बनाते हैं।
✪ वर्ष (1924-1925) ई. में अल्बर्ट आइंस्टीन व सत्येंद्र नाथ बोस ने इस सिद्धान्त को दिया था।

156. वाष्प का तरल (जल) में परिवर्तन, कौन-सी भौतिक क्रिया कहलाती है?

(a) उर्ध्वपातन (b) संघनन
(c) अवक्षेपण (d) वाष्पन

Ans. (b) संघनन

✪ जब वाष्प का तरल (जल) में परिवर्तन होता है, तो इस प्रक्रिया को संघनन कहते हैं।
✪ निम्नलिखित अवस्थाओं में संघनन की प्रक्रिया होती है-
✪ जब हवा का तापमान ओशांक पर पहुँच जाता है। इस स्थिति में आयतन स्थिर (Constant) रहता है।
✪ जब पानी का आयतन व तापमान दोनों कम हो जाते है।
✪ वाष्पीकरण के दौरान जब हवा में नमी की मात्रा बढ़ने लगती है।
✪ इस प्रक्रिया के बाद वायुमण्डल में मौजूद पानी की भाप या नमी इनमें से किसी एक का रूप ले लेती है।
जैसे- ओस, धुंध, बादल आदि।

157. गैसों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(D.P. Const. 2 Dec 2020)

(a) गैसों का निश्चित आयतन होता है लेकिन कोई निश्चित आकार नहीं होता है।
(b) गैसों की निश्चित मात्रा और निश्चित आकार होता है।
(c) गैसों का निश्चित आकार होता है लेकिन कोई निश्चित आयतन नहीं होता है।
(d) गैसों का न तो निश्चित आयतन होता है और न ही निश्चित आकार होता है।

Ans. (d) गैसों का न तो निश्चित आयतन होता है और न ही निश्चित आकार होता है।

गुण	ठोस	द्रव	गैस
आयतन	निश्चित होता है।	निश्चित होता है।	अनिश्चित होता है।
आकार	निश्चित होता है।	अनिश्चित होता है।	अनिश्चित होता है।
घनत्व	द्रव तथा गैसों से बहुत अधिक	गैस से अधिक लेकिन ठोस से कम	ठोस तथा द्रव से कम
बहने का गुण	बहते नहीं है	ऊपर से नीचे की ओर बहते हैं।	चारों दिशाओं में बहते हैं।
अणुओं की स्थिति	बहुत पास पास होते हैं।	बहुत पास पास नहीं होते हैं।	बहुत दूर दूर होते है।
संपीड्यता	इनकी संपीड्यता नगण्य होती है।	बहुत कम होती है।	सर्वाधिक होती है।
दृढ़ता	इनकी दृढ़ता सर्वाधिक होती है।	इनकी दृढ़ता बहुत कम होती है।	इनकी दृढ़ता नगण्य होती है।

158. ठोसों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(D.P. Const. 9 Dec 2020)

(a) किसी ठोस का आकार और आकृति निश्चित होते हैं, जो स्वत: परिवर्तित नहीं होते।
(b) किसी ठोस को गर्म किए जाने पर, उसके कणों की तापीय ऊर्जा कम हो जाती है जिससे यह द्रव में परिवर्तित हो जाता है।
(c) किसी ठोस के संघटक कणों के बीच लगने वाला अंतराअणुक बल बहुत प्रबल होता है जो अणुओं को स्थिर स्थितियों में बनाए रखता है।
(d) ठोसों में, संघटक कण एक दूसरे के बहुत निकट उपस्थित होते हैं।

Ans. (b) किसी ठोस को गर्म किए जाने पर, उसके कणों की तापीय ऊर्जा कम हो जाती है जिससे यह द्रव में परिवर्तित हो जाता है।

1. किसी ठोस का आकार और आकृति निश्चित होते हैं, जो स्वत: परिवर्तित नहीं होते।
2. किसी ठोस के संघटक कणों के बीच लगने वाला अंतराअणुक बल बहुत प्रबल होता है जो अणुओं को स्थिर स्थितियों में बनाए रखता है।
3. ठोसों में, संघटक कण एक दूसरे के बहुत निकट उपस्थित होते हैं।

✪ कथन (b) असत्य है क्योंकि जब किसी ठोस को गर्म किया जाता है, तो उसका तापमान बढ़ता है और उसके कणों की गतिज ऊर्जा भी बढ़ती है. जिससे यह द्रव में परिवर्तित हो जाता है।

159. जब पानी में नमक डाला जाता है तो इसके क्वथनांक पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

(D.P. Const. 16 Dec 2020)

(a) इसमें वृद्धि होगी
(b) यह स्थिर रहेगा
(c) यह पहले बढ़ेगा फिर घटेगा
(d) इसमें कमी आएगी

Ans. (a) इसमें वृद्धि होगी

- किसी विलायक का क्वथनांक वह तापमान होता है, जिस पर विलायक का वाष्प दाब वायुमण्डलीय दाब के बराबर हो जाता है।
- जब नमक वाले पानी को 100°C पर गर्म किया जाता है, तो नमक के अणु अधिक आकर्षण बलों के कारण पानी के अणुओं का वाष्पीकरण कठिन बना देते हैं, इसलिए वाष्पीकरण होने के लिए उच्च तापमान की आवश्यकता होती है।
- इसीलिए पानी में नमक डालने पर क्वथनांक बढ़ जाता है।

160. इलेक्ट्रॉन की खोज कब की गई थी?

(D.P. AWO/TPO 11 Dec. 2020)

(a) 1897 (b) 1898
(c) 1895 (d) 1896

Ans. (a) 1897

खोज	खोजकर्ता
इलेक्ट्रॉन (1897)	जे.जे. थॉमसन
न्यूट्रॉन (1932)	जेम्स चैडविक
प्रोटॉन (1886)	गोल्डस्टीन
पॉजिट्रॉन (1932)	एंडरसन
परमाणु (1808)	जॉन डाल्टन

161. समभारिक को निम्नलिखित में से किस रूप से परिभाषित किया जाता है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) एक ही तत्व के परमाणु जिनकी परमाणु संख्याएँ समान होती है लेकिन द्रव्यमान संख्याएँ भिन्न होती हैं
(b) विभिन्न तत्वों के परमाणु जिनकी द्रव्यमान संख्याएँ समान होती है लेकिन परमाणु संख्याएँ भिन्न होती हैं
(c) एक ही तत्व के परमाणु जिनकी न्यूट्रॉन संख्याएँ समान होती है लेकिन परमाणु संख्याएँ भिन्न होती हैं
(d) एक ही तत्व के परमाणु जिनकी परमाणु संख्याएँ भिन्न होती है और प्रोटॉन संख्याएँ भी भिन्न होती हैं

Ans. (b) विभिन्न तत्वों के परमाणु जिनकी द्रव्यमान संख्याएँ समान होती है लेकिन परमाणु संख्याएँ भिन्न होती हैं

- समभारिक के नाभिक मे प्रोटॉन की संख्या भिन्न-भिन्न होती है

समभारिक के गुण:

(a) समभारिकों के अधिकांश भौतिक गुण एक-दूसरे से भिन्न होते हैं।
(b) समभारिकों के रासायनिक गुण एक-दूसरे से सर्वथा भिन्न होते हैं।

- समस्थानिक एक ही तत्व के वे परमाणु है जिनकी परमाणु संख्याएँ सामान परंतु द्रव्यमान संख्याएँ भिन्न होती हैं।
- हाइड्रोजन के तीन समस्थानिक होते हैं, जैसे- प्रोटियम ($_1H^1$), ड्यूटेरियम ($_1H^2$), ट्राइटियम ($_1H^3$)

162. एक परमाणु के नाभिक में मौजूद मौलिक कण होते है।

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन (b) इलेक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन
(c) न्यूट्रॉन, प्रोटॉन (d) कोई विकल्प सही

Ans. (c) न्यूट्रॉन, प्रोटॉन

- एक परमाणु के नाभिक में मौजूद मौलिक कण प्रोटॉन और न्यूट्रॉन हैं।
- प्रोटोन की खोज ई. गोल्डस्टीन ने की थी।
- प्रोटॉन धनात्मक रूप से आवेशित होते हैं जबकि न्यूट्रॉन उदासीन होते हैं।
- न्यूट्रॉन की खोज वर्ष 1932 में जेम्स चैडविक ने की थी।
- न्यूट्रॉन का द्रव्यमान 1.67495×10^{-27}kg होता है।

163. न्यूट्रॉन की खोज किसके द्वारा की गयी?

(a) ई.ओ. लॉरेंस (b) नील्स बोर
(c) जेम्स चैडविक (d) एस.एन. बोस

Ans. (c) जेम्स चैडविक

- न्यूट्रॉन की खोज जेम्स चैडविक (James Chadwick) ने वर्ष 1932 में की। न्यूट्रॉन एक आवेश रहित कण है। जो परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन के साथ पाये जाते हैं। इसे n से दर्शाया जाता है।
- चैडविक ने बेरिलियम की एक बहुत पतली शीट पर α कणों की बमबारी की थी। तब बेरिलियम से एक प्रकार की किरण निकलती है। जेम्स चैडविक ने इस किरण के अध्ययन के फलस्वरूप बताया कि ये किरणें विद्युत उदासीन कणों से मिलकर बनी हुई है। न्यूट्रॉन का द्रव्यमान 1.67×10^{-27} kg होता है।

164. परमाणु की संरचना पर काम के लिए वर्ष 1922 ई. में किसको नोबेल पुरस्कार दिया गया था?

(a) अर्नेस्ट रदरफोर्ड (b) जेम्स चैडविक
(c) नील्स बोहर (d) जे.जे. थॉमसन

Ans. (c) नील्स बोहर

- वर्ष 1922 ई. में नील्स बोहर को परमाणु की संरचना पर उनके शोध और योगदान के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

165. किसी परमाणु के बाह्यतम कोश में उपस्थित इलेक्ट्रॉन क्या कहलाते हैं?

(a) उत्तेजक इलेक्ट्रॉन्स
(b) संयोजी इलेक्ट्रॉन्स
(c) स्थायी इलेक्ट्रॉन्स
(d) बमबारी किये जाने वाले इलेक्ट्रॉन

Ans. (b) संयोजी इलेक्ट्रॉन्स

- एक रासायनिक बन्ध बनाने के लिए एक तत्व के परमाणु की संयोजन क्षमता को इसकी संयोजकता कहते हैं।
- किसी परमाणु की बाह्यतम इलेक्ट्रॉन कक्षा को संयोजी कक्षा कहा जाता है। किसी परमाणु के बाह्यतम कोश में उपस्थित इलेक्ट्रॉनों को संयोजी इलेक्ट्रॉन कहते हैं।
- एक परमाणु के संयोजी इलेक्ट्रॉन एक रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेते हैं, क्योंकि इनके पास सभी आंतरिक इलेक्ट्रॉनों की तुलना में अधिक ऊर्जा होती है।

166. अवपरमाणुक कण प्रोटॉन (Subatomic Particle Proton) की खोज किसने की थी?

(a) ई. गोल्डस्टीन (b) जेम्स चैडविक
(c) नील्स बोहर (d) जे.जे. थॉमसन

Ans. (a) ई. गोल्डस्टीन

- प्रोटॉन की खोज गोल्डस्टीन ने की थी।
- प्रोटॉन का नामकरण रदरफोर्ड ने किया था।
- प्रोटॉन पर $+1.6 \times 10^{-19}$C धनावेश होता है।

167. समान आणविक सूत्र लेकिन भिन्न संरचना वाले दो यौगिकों को कहा जाता है।

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) समस्थानिक
(b) अपररूप
(c) संरचनात्मक समावयव
(d) संयोजकता

Ans. (c) संरचनात्मक समावयव

- जब दो या दो से अधिक यौगिकों का आणविक सूत्र एक जैसा होता है, लेकिन उनका संरचनात्मक सूत्र अलग-अलग होता है, तो इसे संरचनात्मक समावयवता कहते हैं।
- संरचनात्मक समावयवता को और अधिक उप-भागों में विभाजित किया गया है-
- शृंखला समावयवता, कार्यात्मक समूह समावयवता, रिंग-चेन समावयवता आदि।

168. निम्नलिखित तत्व-समूह पर विचार कीजिए।

(D.P. Const. 03 Dec 2023)

A. $_{6}C^{12}$ और $_{6}C^{14}$
B. $_{8}O^{16}$ और $_{8}O^{18}$
C. $_{16}S^{40}$ और $_{17}Cl^{40}$
D. $_{6}C^{14}$ और $_{7}N^{14}$

दिए गए समूहों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा अभिनिर्धारण सही है?

(a) समस्थानिक: C और D, समभारिक: A और B
(b) समस्थानिक: A और B, समभारिक: C और D
(c) समस्थानिक: A और C, समभारिक: B और D
(d) समस्थानिक: A और D, समभारिक: B और C

Ans. (b) समस्थानिक: A और B, समभारिक: C और D

- एक ही तत्व के वे परमाणु जिनकी परमाणु संख्या समान होती है परन्तु द्रव्यमान संख्या अलग-अलग होती है **समस्थानिक** कहलाते हैं। **जैसे**- प्रोटियम ($_{1}H^{1}$), ड्यूटेरियम ($_{1}H^{2}$), ट्राइटियम ($_{1}H^{3}$)
- जिन तत्वों के परमाणुओं का द्रव्यमान समान परन्तु परमाणु संख्या अलग-अगल होती है उन्हे **समभारिक** कहते हैं। **जैसे**- $_{18}Ar^{40}$, $_{19}K^{40}$

169. बोर-बरी पद्धति के अनुसार, एक परमाणु के बाह्यतम कोश में अधिकतम कितने इलेक्ट्रॉन हो सकते हैं।

(a) अधिकतम 2 इलेक्ट्रॉन
(b) अधिकतम 4 इलेक्ट्रॉन
(c) अधिकतम 8 इलेक्ट्रॉन
(d) अधिकतम 12 इलेक्ट्रॉन

Ans. (c) अधिकतम 8 इलेक्ट्रॉन

- बोर-बरी पद्धति के अनुसार, परमाणु में इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर विभिन्न कोशों में व्यवस्थित होते हैं और इलेक्ट्रॉन सबसे पहले उस कोश पर कब्जा करते हैं, जो नाभिक के सबसे निकट होता है। क्योंकि इसकी ऊर्जा सबसे कम होती है।
- पहले कोश को K-shell कहा जाता है, जिसमें दो इलेक्ट्रॉन आ सकते हैं।
- दूसरे कोश को L-shell कहते है, जिसमें 8 इलेक्ट्रॉन आ सकते हैं।
- तीसरे कोश को M-shell कहा जाता है, इसमें कुल 18 इलेक्ट्रॉन आ सकते हैं।
- किसी कोश में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या $2n^2$ होगी (पाउली के अपवर्जन नियम से)। परन्तु बाह्यतम कोश में अधिकतम 8 इलेक्ट्रॉन होंगे।

170. तत्व की सबसे छोटी इकाई होती है।

(a) परमाणु (b) पॉलीमर
(c) समस्थानिक (d) अणु

Ans. (a) परमाणु

- परमाणु किसी भी पदार्थ की सबसे छोटी ईकाई होती है, जिसमें रासायनिक तत्व के गुण होते हैं। सभी ठोस, तरल गैस व प्लाज्मा परमाणुओं से बने होते हैं।

171. प्रोटियम, ड्यूटेरियम और ट्राइटियम क्या हैं?

(D.P. Const. 01 Feb 2020)

(a) समस्थानिक (आइसोटोप्स)
(b) समावयवी (आइसोमर्स)
(c) समभारिक (आइसोबार्स)
(d) सम-आयतनिक (आइसोकर्स)

Ans. (a) समस्थानिक (आइसोटोप्स)

- प्रोटियम, ड्यूटेरियम और ट्राइटियम हाइड्रोजन के तीन समस्थानिक हैं।
- प्रोटियम के नाभिक में कोई न्यूट्रॉन नहीं होता है।
- ड्यूटेरियम को भारी हाइड्रोजन भी कहा जाता है।
- ट्रिटियम एक रेडियोधर्मी समस्थानिक है।

172. मीथेन अणु में कितने परमाणु होते हैं?

(D.P. Const. 7 Dec 2020)

(a) 5 (b) 3
(c) 2 (d) 4

Ans. (a) 5

- मीथेन का सूत्र- CH_4
- मीथेन अणु में एक कार्बन का परमाणु चार हाइड्रोजन के परमाणु होते हैं अत: मिथेन में कुल 5 परमाणु होते हैं।
- मीथेन का परमाणु द्रव्यमान 16 होता है।

173. कार्बन डाइऑक्साइड अणु में कार्बन के परमाणुओं तथा ऑक्सीजन के परमाणुओं के द्रव्यमानों का अनुपात कितना होता है?

(a) 1:8 (b) 3:8
(c) 4:3 (d) 8:1

Ans. (b) 3:8

- CO_2 में कार्बन (C) का द्रव्यमान 12 gm (कार्बन का एक अणु है)
- CO_2 में ऑक्सीजन (O) का द्रव्यमान = 2 × 16 = 32 gm (O, के दो अणु हैं) उनके द्रव्यमानों के अनुपात = 12:32 = 3:8

174. मैग्नीशियम का संयोजी इलेक्ट्रॉन निम्नलिखित में से किस कक्षक में होता है?

(D.P. Const. 14 Dec 2020)

(a) M कक्षक (b) N कक्षक
(c) L कक्षक (d) K कक्षक

Ans. (a) M कक्षक

- मैग्नीशियम का संयोजी इलेक्ट्रॉन M कक्षक में होता है। मैग्नीशियम (Mg) परमाणु की संयोजकता 2 है।
- मैग्नीशियम का परमाणु क्रमांक- 12
- मैग्नीशियम का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2$, $2s^2$, $2p^6$, $3s^2$ है। प्रत्येक शेल में इलेक्ट्रॉनों की एक निश्चित संख्या होती हैं।

175. पदार्थ का मूल रूप जिसे रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा सरल पदार्थों में नहीं तोड़ा जा सकता है, कहलाता है।

(a) तत्व (b) आइसोटोन
(c) बहुलक (d) आइसोटोप

Ans. (a) तत्व

- तत्व किसी पदार्थ का वह मूल रूप है, जिसे रासायनिक अभिक्रियाओं/प्रतिक्रियाओं के द्वारा और अधिक सरल तत्वों में नहीं तोड़ा जा सकता है।
  जैसे- सोना Au, चाँदी Ag, लोहा Fe आदि।

176. इनमें से कौन-सा विकल्प हवा की धूल के कारण प्रकाश के फैलाव की घटना को उजागर करता है?

(a) टिंडल प्रभाव (b) गोली प्रभाव
(c) सीबेक प्रभाव (d) रमन प्रभाव

Ans. (a) टिंडल प्रभाव

- जब प्रकाश किसी कोलॉइडी विलयन (Colloidal Solution) माध्यम से होकर गुजरता है तो प्रकाश का प्रकीर्णन होता है तथा प्रकाश का मार्ग दिखाई देने लगता है। प्रकाश की इस घटना को टिंडल प्रभाव कहा जाता है।

177. किस प्रकार की रासायनिक अभिक्रिया में एक अधिक क्रियाशील धातु एक कम क्रियाशील धातु की जगह ले सकता है?

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) विस्थापन (b) निराकरण
(c) पृथक्करण (d) रेडॉक्स

Ans. (a) विस्थापन

- जब कोई तत्व दूसरे तत्व को उसके विलयन से विस्थापित कर देता है, तो ऐसी रासायनिक अभिक्रिया विस्थापन अभिक्रिया कहलाती है।

178. चूने के पानी में कार्बन डाइऑक्साइड गैस को प्रवाहित करने पर बनने वाले अवक्षेप की पहचान कीजिए।

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) कैल्शियम ऑक्साइड
(b) सोडियम ऑक्साइड
(c) जिंक कार्बोनेट
(d) कैल्शियम कार्बोनेट

Ans. (d) कैल्शियम कार्बोनेट

✪ चूने के पानी में कार्बन डाइऑक्साइड गैस प्रवाहित करने पर कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) का सफेद अवक्षेप बनता है यह अवक्षेप दूधिया दिखाई देता है।

$$Ca(OH)_2 + CO_2 \longrightarrow CaCO_3$$

कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड — कार्बन डाइऑक्साइड — कैल्शियम कार्बोनेट

उपयोग:- संगमरमर के रूप में भवन निर्माण में, कागज उद्योग आदि में।

179. नाइट्रिल और ईस्टर के अपचयन द्वारा एल्डिहाइड उत्पादन किस अभिक्रिया द्वारा किया जाता है?
(a) आइकिलेशन अभिक्रिया
(b) इटार्ड अभिक्रिया
(c) रोजेनमुंड अपचयन
(d) स्टीफेन अभिक्रिया

Ans. (d) स्टीफेन अभिक्रिया

✪ एल्केन नाइट्राइल के ईथरीय विलयन में हाइड्रोजन क्लोराइड तथा स्टैनस कलोराइड डालते है, तो पहले इमाइन प्राप्त होता है। फिर एल्डिहाइड का उत्पादन करने के लिए हाइड्रोलिसिस किया जाता है, इस प्रक्रिया को स्टीफेन अभिक्रिया या स्टीफेन रिडक्शन कहते हैं।

180. कौन-सा पदार्थ रासायनिक अभिक्रिया की दर को बदलता है और अभिक्रिया के दौरान रासायनिक रूप से अलग रहता है।
(a) अभिकारक (b) विलायक
(c) उत्प्रेरक (d) अवक्षेप

Ans. (c) उत्प्रेरक

✪ वे रासायनिक पदार्थ जो अभिक्रिया की दर को परिवर्तित कर देते हैं परंतु स्वयं अभिक्रिया के अन्त में रासायनिक रूप से अपरिवर्तित रहते हैं उत्प्रेरक कहलाते हैं तथा यह प्रक्रिया उत्प्रेरण कहलाती हैं।
✪ उत्प्रेरक तीन प्रकार के होते हैं-
धनात्मक उत्प्रेरक
ऋणात्मक उत्प्रेरक
स्वत: उत्प्रेरक

181. वह रासायनिक अभिक्रिया जिसमें कोई पदार्थ ऑक्सीजन से अभिक्रिया करके ऊष्मा उत्पन्न करता है, कहलाती है?
(a) दहन (b) ऑक्सीकरण
(c) विखंडन (d) श्वसन

Ans. (a) दहन

✪ वह प्रक्रिया जिसमें पदार्थ वायु या ऑक्सीकारक द्वारा जलता है, दहन कहलाती है।
✪ दहन एक उष्माक्षेपी अभिक्रिया (Exothermic Reaction) है। इस प्रक्रिया में पदार्थ, ऑक्सीजन (O_2) से अभिक्रिया करके ऊष्मा उत्पन्न करता है।

182. हाइड्रोजन से नाइट्रोजन की अभिक्रिया कराकर अमोनिया प्राप्त करने की विधि क्या कहलाती है?
(a) हैबर विधि (b) कैलगन की विधि
(c) ऊष्माक्षेपी विधि (d) ऊष्माशोषी विधि

And (a) हैबर विधि

✪ **हैबर विधि:** इस विधि में शुद्ध नाइट्रोजन (N) तथा हाइड्रोजन (H_2) के 1:3 अनुपात के मिश्रण को गर्म किया जाता है, तो अमोनिया प्राप्त होती है। $N_2 + 3H_2 \rightarrow 2NH_3$
✪ यह एक ऊष्माक्षेपी उत्क्रमणीय अभिक्रिया है।

183. निम्नलिखित में से कौन-सा द्विविस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है?
(D.P. Const. 29 Nov. 2023)
(a) $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$
(b) $2Pb(NO_3)_2(s) + Heat \rightarrow 2PbO(s) + 4NO_2(g) + O_2(g)$
(c) $ZnO + C \rightarrow Zn + CO$
(d) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

Ans. (d) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

✪ जब बेरियम क्लोराइड विलयन को सोडियम सल्फेट विलयन में डाला जाता है, तो सोडियम क्लोराइड विलयन के साथ बेरियम सल्फेट का सफेद विलयन बनता है।

$$BaCl_2 + Na_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2NaCl$$

बेरियम क्लोराइड — सोडियम सल्फेट — बेरियम सल्फेट (सफेद अवक्षेप)

✪ द्वि विस्थापन अभिक्रिया में, आयनों की अदला-बदली होती है।

184. सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) बेकिंग सोडा (b) वाशिंग सोडा
(c) जिप्सम (d) प्लास्टर ऑफ पेरिस

Ans. (a) बेकिंग सोडा

✪ **बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम सोडियम बाइकार्बोनेट या सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट है और इसका रासायनिक सूत्र $NaHCO_3$ है।
✪ इसे मीठा सोडा या 'खाने का सोडा' भी कहा जाता है।
✪ इसका इस्तेमाल भोजन में स्वाद बढ़ाने में किया जाता है।
✪ **वाशिंग सोडा:** वाशिंग सोडा का रासायनिक सूत्र $Na_2CO_3.10H_2O$ है। इसे सोडियम कार्बोनेट डेकाहाइड्रेट भी कहा जाता है इसका उपयोग कागज, कपड़ा, साबुन, और डिटर्जेंट उद्योगों में किया जाता है।
✪ **जिप्सम:**-जिप्सम एक सफेद या भूरे रंग का नरम सल्फेट खनिज है इसका रासायनिक नाम कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट और रासायनिक सूत्र $CaSO_4.2H_2O$ है। इसका उपयोग कृषि में, खाद्य पदार्थों आदि में किया जाता है।
✪ **प्लास्टर ऑफ पेरिस:** प्लास्टर ऑफ पेरिस निर्जलित जिप्सम है, जो प्राय: श्वेत चूर्ण के रूप में मिलता है। यदि विशुद्ध जिप्सम को 120°C से 190°C तक गर्म किया जाये, तो इसमें से जलांश का तीन चौथाई भाग निकल जाता है और परिणामी पदार्थ प्लास्टर ऑफ पेरिस कहलाता है।
✪ इसका उपयोग टूटी हड्डियों को ठीक करने में प्लास्टर कास्ट बनाने आदि में किया जाता है।

185. हाइड्रोजन आयन स्वतंत्र रूप में नहीं रह सकते, लेकिन ये जल के अणु के साथ मिलकर रह सकते है निम्नलिखित में से कौन-सा हाइड्रोजन आयन दिखाने का सही तरीका है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) H_2SO_4 (b) H_2
(c) HO^- (d) H_3O^+

Ans. (d) H_3O^+

✪ हाइड्रोजन आयन स्वतंत्र रूप में नहीं रह सकते हैं परन्तु ये जल के अणुओं के साथ मिलकर रह सकते हैं। इसलिए हाइड्रोजन आयन को सदैव $H^+(aq)$ या हाइड्रोनियम आयन (H_3O^+) से प्रदर्शित करना चाहिए।

$$H^+ + H_2O \rightarrow H_3O^+$$

186. निम्नलिखित में से कौन-सा लैक्टिक एसिड का प्राकृतिक स्रोत है?
(a) टमाटर (b) आलू
(c) चींटी डंक (d) दूध

Ans. (d) दूध

✪ लैक्टिक एसिड का प्राकृतिक स्रोत दूध है। लैक्टिक एसिड एक कार्बनिक अम्ल है जो तब बनता है जब कुछ खाद्य पदार्थ किण्वन की प्रक्रिया से गुजरते हैं। यह अक्सर मसालेदार खाद्य पदार्थों, किण्वित सोया उत्पादों, दूध, दही आदि में पाया जाता है।

कुछ प्राकृतिक अम्ल व उनके स्रोत

✪ एसीटिक अम्ल → सिरका
✪ सिट्रिक अम्ल → सन्तरा
✪ टार्टरिक अम्ल → इमली
✪ ऑक्सेलिक अम्ल → टमाटर
✪ लैक्टिक अम्ल → दूध, दही
✪ सिट्रिक अम्ल → नींबू
✪ फॉर्मिक अम्ल → चींटी का डंक

187. एसिटिक अम्ल (CH_3COOH) का आयनीकरण नियतांक कितना है?

(a) 1.34×10^{-5} (b) 1.74×10^{-5}
(c) 2.74×10^{-5} (d) 3.74×10^{-5}

Ans. (b) 1.74×10^{-5}

✪ एसिटिक अम्ल (CH_3COOH) का आयनीकरण नियतांक 1.74×10^{-5} है।

188. फॉर्मिक अम्ल (HCOOH) का आयनीकरण नियतांक कितना है?
(a) 1.2×10 (b) 1.6×10
(c) 1.4×10 (d) 1.8×10^{-4}

Ans. (d) 1.8×10^{-4}

✪ फॉर्मिक अम्ल (HCOOH) का आयनीकरण नियंताक 1.8×10^{-4} है।

189. कौन-सा एक जैविक अम्ल नहीं है?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) नाइट्रिक अम्ल (b) एसिटिक अम्ल
(c) मैलिक अम्ल (d) सिट्रिक अम्ल

Ans. (a) नाइट्रिक अम्ल

✪ नाइट्रिक अम्ल एक मजबूत अम्लीय यौगिक है, जिसका रासायनिक सूत्र HNO_3 होता है। यह एक प्रबल ऑक्सीकारक अम्ल है।
✪ उपयोग: उर्वरकों के लिए अमोनियम नाइट्रेट बनाने तथा विस्फोटक (नाइट्रोग्लिसरीन, ट्राइनाइट्रोटॉलुइन) एवं पायरों तकनीक में प्रयुक्त होने वाले अन्य कार्बनिक नाइट्रेटों के उत्पादन में किया जाता है।

190. अम्लीय वर्षा तब होगी जब वर्षा जल का पी. एच. इससे कम होगा।
(a) 5.6 (b) 5.7
(c) 5.8 (d) 5.9

Ans. (a) 5.6

✪ वर्षा का पानी जब अम्ल के साथ धरातल पर पहुँचता है, तो इसे अम्ल वर्षा कहते हैं।
✪ शुद्ध जल का pH स्तर 7 होता है।
✪ अम्लीय वर्षा का pH मान 5.6 से कम होता है।

191. अम्लीय वर्षा _____ pH (पी.एच.) वाले अवक्षेपण को संदर्भित करता है।
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) 5 तथा 5.5 के मध्य
(b) 7 से अधिक
(c) 7 के बराबर
(d) इनमें से कोई नहीं

Ans. (a) 5 तथा 5.5 के मध्य

पदार्थ	pH मान
मिल्क ऑफ मैग्नीशिया	10-10.5
गाजर का रस	6-7
कोल्ड ड्रिंक्स	2.5-3.5
सिरका	2.2-3.4
ब्लैक कॉफी	4.5-5.5

192. निम्नलिखित में से दही बनने की प्रक्रिया के बारे में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(D.P. Const. 24 Nov. 2023)
कथन 1. दूध में मौजूद बैक्टीरिया लैक्टोज को लैक्टिक अम्ल में विघटित कर देता है।
कथन 2. लैक्टिक अम्ल का उत्पादन दूध के pH को कम कर देता है, इसका दही बनाने के लिए स्कंदन करता है।
कथन 3. दही और योगर्ट पर्यायवाची हैं और उनकी बनावट और स्वाद बिल्कुल एक जैसा है।
(a) केवल कथन 1 सही है
(b) सभी कथन 1, 2 और 3 सही हैं
(c) केवल कथन 3 सही है
(d) केवल कथन 1 और 2 सही हैं


Ans. (d) केवल कथन 1 और 2 सही हैं

✪ दही बनाने में लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया शामिल होते हैं। दही का pH मान 4.5 से 5.5 के बीच होता है। वहीं, ताजा दूध का pH मान 6 होता है।

पदार्थ	pH मान
सिरका	2.2 – 3.4
दूध	6.4 – 6.6
लार (भोजन से पहले)	6.2 – 7.4
लार (भोजन के बाद)	5.5 – 6
मानव मूत्र	5.5 – 7.5
मानव रक्त	7.3 – 7.5
नींबू	2.2 – 2.4
ब्लैक कॉफी	4.5 – 5.5

193. ऑक्जेलिक अम्ल का IUPAC नाम क्या है?
(a) ब्यूटेनोइक अम्ल
(b) मेथेनोइक अम्ल
(c) एथेनेडीओइक अम्ल
(d) हेक्सेनेडीओइक अम्ल

Ans. (c) एथेनेडीओइक अम्ल



$HO_2C\text{-}CO_2H$ या $C_2H_2O_4$
IUPAC Name → Ethanedioic Acid
(एथेनेडीओइक अम्ल)
अन्य नाम-
(i) वुड ब्लीच
(ii) ऑक्जेलिक अम्ल

194. बेकिंग सोडा का सूत्र क्या है?
(a) $NaHCO_2$ (b) Na_2CO
(c) Na_2CO_2 (d) $NaHCO_3$

Ans. (d) $NaHCO_3$

✪ सोडियम बाई कार्बोनेट ($NaHCO_3$) एक कार्बनिक यौगिक है। इसे 'Baking Soda' या मीठा सोड़ा या खाने का सोड़ा भी कहते हैं।
✪ इसका IUPAC नाम सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट है।
✪ इसका उपयोग खाद्य पदार्थों में प्रतिअम्लों के रूप में, सोड़ा युक्त पेय पदार्थ के रूप में होता है।

195. इनमें से कौन-सा एक ऑक्जेलिक एसिड का प्राकृतिक स्रोत है?
(a) दूध
(b) टमाटर
(c) नींबू
(d) चींटी का डंक (एन्ट स्टिंग)

Ans. (b) टमाटर

✪ टमाटर ऑक्जेलिक एसिड का प्राकृतिक स्त्रोत है।
✪ दूध लैक्टिक एसिड का स्रोत है।
✪ नींबू सिट्रिक एसिड का स्रोत है।
✪ चींटी के डंक में फॉर्मिक एसिड पाया जाता है।

196. प्लास्टर ऑफ पेरिस के लिए सूत्र क्या है?
(a) $Ca\ SO_2.1/2H_2O$
(b) $Ca_2SO_4.1/2H_2O$
(c) $CaSO_4.1/2H_2O$
(d) $CaSO_4$

Ans. (c) $CaSO_4.1/2H_2O$

✪ प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक नाम कैल्शियम सल्फेट हेमी-हाइड्रेट है।
✪ इसका रासायनिक सूत्र $CaSO_4.1/2\ H_2O$ है।
✪ प्लास्टर आफ पेरिस तुरन्त जमने वाला जिप्सम प्लास्टर है। जो एक महीन पाउडर (कैल्शियम सल्फेट हाइड्रेट) से बना होता है। जो गीला होने और सूखने दिये जाने पर कठोर हो जाता है।

197. काँच, साबुन और कागज उद्योग में निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है?
(a) सोडियम कार्बोनेट
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) मिल्क ऑफ मैग्नेशिया
(d) पोटैशियम नाइट्रेट

Ans. (a) सोडियम कार्बोनेट

✪ सोडियम कार्बोनेट एक अकार्बनिक यौगिक है, जिसका रासायनिक सूत्र (Na_2CO_3) है। इसे 'धावन सोडा' या 'धोने का सोडा' (Washing Soda / Soda Ash / Soda Crystals) भी कहते हैं। यह एक सामान्य लवण है। इसका जलीय घोल क्षारीय होता है। इसलिये इसका उपयोग कपड़े धोने के लिये किया जाता है।

198. मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड के लिए रासायनिक सूत्र क्या है?

(a) MgOH (b) $Mg(OH)_2$
(c) MgOH (d) Mg_2OH

Ans. (b) $Mg(OH)_2$

✪ मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड एक अकार्बनिक यौगिक है, जिसका रासायनिक सूत्र $Mg(OH)_2$ है। इसे 'मिल्क ऑफ मैग्नीशिया' कहते है। क्योंकि यह जल में घुलकर दूध जैसा दिखने लगता है। इसका उपयोग पेट की Acidity को दूर करने में किया जाता है।

1. $MgCl_2 + Ca(OH)_2 \rightarrow Mg(OH)_2 + CaCl_2$
2. $MgCl_2 + CaO.MgO + 2H_2O \rightarrow 2Mg(OH)_2 + CaCl_2$

199. निम्नलिखित में से कौन एसिटिक एसिड का एक प्राकृतिक स्रोत है?

(a) नारंगी (b) नींबू
(c) सिरका (d) इमली

Ans. (c) सिरका

✪ सिरका, एसिटिक एसिड का एक प्राकृतिक स्त्रोत है।

चींटी का डंक – फॉर्मिक अम्ल
नींबू – सिट्रिक एसिड
सिरका – एसिटिक एसिड
इमली – टार्टरिक एसिड

200. प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक नाम है-

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट
(b) कैल्शियम हाइड्रोजन हेमीहाइड्रेट
(c) कैल्शियम सल्फेट सेमीहाइड्रेट
(d) कैल्शियम हाइड्रोजन सेमीहाइड्रेट

Ans. (a) कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट

✪ कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट का रासायनिक सूत्र-($CaSO_4.1/2H_2O$) है।

✪ जिप्सम ($CaSO_4.2H_2O$) को 373K पर गर्म किया जाता है तो कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट बनता है जिसे साधारण भाषा में प्लास्टर ऑफ पेरिस कहते हैं।

✪ $CaSO_4.2H_2O \xrightarrow{373K} CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O + 3/2\ H_2O$

✪ प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग चिकित्सा तथा अग्निरोधक सुरक्षा प्रणाली के साथ-साथ वास्तुकला एवं सजावट में भी किया जाता है।

रासायनिक नाम	रासायनिक सूत्र	साधारण नाम
कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट	$CaSO_4.1/2H_2O$	प्लास्टर ऑफ़ पेरिस
सोडियम बाइकार्बोनेट	$NaHCO_3$	खाने का सोडा
फेरस सल्फेट	$FeSO_4.7H_2O$	हरा कसीस
ड्यूटेरियम ऑक्साइड	D_2O	भारी जल
ट्राइक्लोरोमिथेन	$CHCl_3$	क्लोरोफॉर्म
कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट	$CaSO_4.2H_2O$	जिप्सम
नाइट्रस ऑक्साइड	N_2O	लॉफिग गैस
पोटैशियम एल्युमीनियम सल्फेट	$K_2SO_4Al_2(SO_4)_3.24\ H_2O$	फिटकरी
ठोस कार्बन डाइऑक्साइड	CO_2	शुष्क बर्फ

201. बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम क्या है?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) कैल्शियम हाइड्रोजन बाईकार्बोनेट $(CaHCO_3)_2$
(b) सोडियम साइट्रेट $(Na_3C_6H_5O_7)$
(c) सोडियम कार्बोनेट (Na_2CO_3)
(d) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट $(NaHCO_3)$

Ans. (d) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट $(NaHCO_3)$

✪ सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट $(NaHCO_3)$ को सोडियम बाइकार्बोनेट के नाम से भी जाना जाता है इसका उपयोग सोड़ा- ऐसिड अग्निशामको में ,बेकिंग सोडा, केक और अन्य भोज्य पदार्थों में किया जाता है।

✪ सोडियम कार्बोनेट (Na_2CO_3):- इसे धावन सोडा/वांशिग सोडा या सोडा क्रिस्टल के नाम से भी जाना जाता है।

✪ इसका उपयोग जल की स्थाई कठोरता दूर करने, पेंट निर्माण में तथा वस्त्र उद्योग में अभिकर्मक के रूप में किया जाता है।

202. सोडियम कार्बोनेट का उपयोग किया जाता है।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) अनेक रासायनिक उद्योगों में ऑक्सीकारक कर्मक के रूप में
(b) पेयजल को कीटाणुरहित बनाने के लिए
(c) जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिए
(d) कपड़ा उद्योग में कपास और लिनेन के विरंजन के लिए

Ans. (c) जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिए

✪ सोडियम कार्बोनेट $(Na_2CO_3.10H_2O)$ को धावन सोडा या वाशिंग सोडा के नाम से भी जाना जाता है।

✪ सोडियम कार्बोनेट का उपयोग जल की स्थायी कठोरता को दूर करने ,पेट्रोलियम को शुद्ध करने तथा कास्टिक सोडा बनाने में किया जाता है।

203. निम्नलिखित में से कौन-सा मान अम्लीय विलयन का पी.एच. (pH) निरूपित करता है?

(D.P. Const. 2 Dec 2020)

(a) 9 (b) 12
(c) 2 (d) 8

Ans. (c) 2

✪ pH मान के आधार पर विलयन की प्रकृति

pH	विलयन की प्रकृति
10.5 से 14 के मध्य	प्रबल क्षार
7 से 10.5 के मध्य	दुर्बल क्षार
7	उदासीन विलयन
3.5 से 7 के मध्य	दुर्बल अम्ल
0 से 3.5 के मध्य	प्रबल अम्ल

204. बेकिंग सोडा का घोल निम्नलिखित में से किस संकेतक के साथ हरा रंग देता है?

(D.P. Const. 2 Dec 2020)

(a) मिथाइल ऑरेंज (b) हल्दी
(c) फिनॉल्फथेलिन (d) चाइना रोज

Ans. (d) चाइना रोज

✪ बेकिंग सोडा का घोल, चाइना रोज संकेतक के साथ हरा रंग देता है। चाइना रोज, क्षार की मौजूदगी में हरा हो जाता है।

सूचक	अम्लीय माध्यम	क्षारीय माध्यम
मेथिल ऑरेंज	लाल	पीला
लिटमस	लाल	नीला
फीनॉल्फथेलिन	रंगहीन	गुलाबी

205. अंगूर में प्रमुख रूप से निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल पाया जाता है?

(D.P. Const. 2 Dec 2020)

(a) ऑक्जेलिक अम्ल
(b) लैक्टिक अम्ल
(c) टार्टरिक अम्ल
(d) एस्कॉर्बिक अम्ल

Ans. (c) टार्टरिक अम्ल

प्राकृतिक रूप में पाया जाने वाले प्रमुख अम्ल:-

स्त्रोत	अम्ल
नींबू, संतरा	सिट्रिक अम्ल $(C_6H_8O_7)$
सिरका	एसीटिक अम्ल (CH_3COOH)
चींटी, मधुमक्खी और बिच्छु के डंक में	फॉर्मिक अम्ल/मेथेनोइक अम्ल (HCOOH)
टमाटर, पालक	ऑक्जेलिक अम्ल $(C_2H_2O_4)$
सेब, नाशपाती, केला	मैलिक अम्ल $(C_4H_6O_5)$

अंगूर, इमली, अनानास	टार्टरिक अम्ल ($C_4H_6O_6$)
दूध (खट्टा), दही	लैक्टिक अम्ल ($C_3H_6O_3$)
आँवला, पपीता	एस्कॉर्बिक अम्ल ($C_6H_8O_6$)

206. एक्वा-रेजिया के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(D.P. Const. 10 Dec 2020)

(a) एक्वा-रेजिया नाइट्रोहाइड्रोक्लोरिक अम्ल का एक विलयन होता है।
(b) एक्वा-रेजिया को कार्बनिक यौगिकों के साथ मिलाने पर विस्फोट हो सकता है।
(c) एक्वा-रेजिया विलयन बहुत ऊर्जायुक्त और विस्फोट संभाव्यता वाला होता है।
(d) इसके पारंपरिक विलयन में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और नाइट्रिक अम्ल का क्रमशः 3:2 का मिश्रण होता है।

Ans. (d) इसके पारंपरिक विलयन में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और नाइट्रिक अम्ल का क्रमशः 3:2 का मिश्रण होता है।

- एक्वा-रेजिया नाइट्रो हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का एक विलियन है।
- एक्वा-रेजिया या अम्लराज एक मजबूत अम्ल है जिसे हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) और नाइट्रिक अम्ल (HNO_3) को 3:1 में मिलाकर बनाया जाता है।
- यह सोना और प्लेटिनम को भी गला सकता है।

207. बिच्छू के डंक में निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल पाया जाता है?

(D.P. Const. 11 Dec 2020)

(a) ऑक्सेलिक अम्ल
(b) मेथेनोइक अम्ल
(c) सिट्रिक अम्ल
(d) ऐसिटिक अम्ल

Ans. (b) मेथेनोइक अम्ल

- बिच्छू के डंक में मेथेनोइक अम्ल पाया जाता है जिसको फॉर्मिक अम्ल (HCOOH) के नाम से भी जाना जाता है।

208. मिट्टी के pH को मिलाकर बढ़ाया जा सकता है।

(D.P. Const. 11 Dec 2020)

(a) सीमेन्ट मिश्रक (b) यूरिया
(c) चूना पत्थर (d) रेत

Ans. (c) चूना पत्थर

- मृदा के pH बढ़ाने के लिए सामान्यतः चूना पत्थर को अम्लीय मृदा मे मिलाया जाता है। यह मृदा की अम्लीयता को कम करने के साथ-साथ मृदा को पोषक तत्व भी प्रदान करता है।

209. निम्नलिखित में से कौन-सा रसोई उत्पाद मधुमक्खी के डंक को बेअसर करने में मदद करेगा?

(D.P. Const. 14 Dec 2020)

(a) नमक (b) काली मिर्च
(c) नींबू का रस (d) बेकिंग सोडा

Ans. (d) बेकिंग सोडा

- चूंकि मधुमक्खी के डंक का विष अम्लीय होता है, इसलिए इसे सोडा या अन्य क्षारों के बाइकार्बोनेट से बेअसर किया जा सकता है, जिससे असुविधा कम हो जाती है।

210. किस नियम में कहा गया है कि सभी गैसों के समान आयतन में, दाब व ताप की समान अवस्था के अंतर्गत अणुओं की संख्या समान होती है?

(D.P. Const. 16 Dec 2020)

(a) आवोगाद्रो का नियम
(b) चार्ल्स का नियम
(c) फैराडे का नियम
(d) बॉयल का नियम

Ans. (a) आवोगाद्रो का नियम

- **आवोगाद्रो के नियमानुसार:-** समान ताप और दाब पर सभी गैसों के समान आयतनों में अणुओं की संख्या समान होती है। [$V \propto N$]
- **चार्ल्स के नियमानुसार:-** स्थिर दाब पर किसी गैस के निश्चित मात्रा का आयतन उसके परम ताप का अनुक्रमानुपाती होता है। [$V \propto T$]
- **बॉयल के नियमानुसार:-** स्थिर ताप पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का आयतन उसके दाब का व्युत्क्रमानुपाती होता है। [$V \propto 1/P$]

211. एटीएम, गैस द्वारा प्रयोग में लाये गए ..... को मापने की एक इकाई है।

(a) दबाव (b) तापमान
(c) विकिरण (d) संवहन

Ans. (a) दबाव

- दबाव; बल प्रति इकाई क्षेत्र कहलाता है, इसे (P) से प्रदर्शित करते हैं।
- दाब का SI मात्रक पास्कल (Pa) है। P=F/A
  1 atm = 1.013×10^5 पास्कल
  atm – atmospheric pressure at sea level (समुद्र स्तर पर वायुमण्डलीय दबाव)

212. निम्नलिखित में से कौन-सी एक उत्कृष्ट गैस नहीं है?

(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) आर्गन (Ar) (b) नियॉन (Ne)
(c) हीलियम (He) (d) नाइट्रोजन (N)

Ans. (d) नाइट्रोजन (N)

आर्गन (Ar)	परमाणु क्र.-18 द्रव्यमान सं.-40	**खोज:** एल रैले और रैमजे **उपयोग:** विद्युत बल्ब में गैस के रूप में
हीलियम (He)	परमाणु क्र.- 2 द्रव्यमान सं.- 4	**खोज:** जोसेफ नॉर्मन लॉकयर ने पियरे जेनसेन के साथ **उपयोग:** गोताखोरी में, गुब्बारों और वायुयानों के टायरों में नोट: यह हल्की तथा अज्वलनशील गैस है।
निऑन (Ne)	परमाणु क्र.-10 द्रव्यमान सं.-20	**खोज:** रैमजे तथा ट्रैवर्ज **उपयोग:** इसका विसर्जन ट्यूब तथा प्रदीप्त बल्बों में विज्ञापन हेतु किया जाता है।
क्रिप्टॉन (Kr)	परमाणु क्र.- 36 द्रव्यमान सं.- 84	**खोज:** विलियम रैमजे और ट्रैवर्ज **उपयोग:** एयरपोर्ट रनवे और अप्रोच लाइट में किया जाता है।
रेडॉन (Rn)	परमाणु क्र.- 86 द्रव्यमान सं.- 222	**खोज:** डॉर्न **उपयोग:** इसका उपयोग कैंसर के उपचार में किया जाता है।
जीनॉन (Xe)	परमाणु क्र.- 54 द्रव्यमान सं.- 131	**खोज:** ट्रैवर्ज और रैमजे **उपयोग:** उच्च तीव्रता फोटोग्राफी फ्लैश ट्यूब में किया जाता है।

213. बोरॉन तत्व का परमाणु क्रमांक कितना है?

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

Ans. (a) 5

- बोरॉन तत्व का परमाणु क्रमांक 5 है।
- बोरॉन तत्व में 3 संयोजी इलेक्ट्रान होते हैं।
- बोरॉन समूह आवर्त सारणी के वर्ग 13 में स्थित रासायनिक तत्व है। जिसके अंतर्गत अन्य तत्व बोरॉन (B), एल्युमीनियम (Al), गैलियम (Ga), इंडियम (In), थैलियम (Tl) आदि भी आते हैं।

214. एल्युमीनियम तत्व का परमाणु क्रमांक कितना है?

(a) 13 (b) 15
(c) 17 (d) 19

Ans. (a) 13

- एल्युमीनियम एक रासायनिक तत्व (Chemical Element) है।
- जिसका प्रतीक Al तथा परमाणु क्रमांक 13 है। एल्युमीनियम का परमाणु भार 26.98 μ है।
- एल्युमीनियम का प्रयोग मूर्ति, बर्तन, कार, पावर लाइन भोजन व दवाइयों की पैकेजिंग, कम्प्यूटर, विमान आदि में होता है।

215. सल्फर के लिए प्रतीक क्या है?
(a) Sp (b) S
(c) Sn (d) Sb

Ans. (b) S

- सल्फर का प्रतीक S है।
- सल्फर (S) या गंधक एक रासायनिक तत्व है।
  परमाणु संख्या = 16
  परमाणु भार = 32.1
- यह आवर्त सारणी में ऑक्सीजन (O) के समूह में आता है। यह एक चमकीला, पीला क्रिस्टलीय ठोस है।

216. गैलियम तत्व का परमाणु क्रमांक कितना है?
(a) 31 (b) 34
(c) 44 (d) 45

Ans. (a) 31

- गैलियम (Gallium) एक रासायनिक तत्व है। इसका प्रतीक (Ga) है।
- यह तत्व प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाला शुद्ध पदार्थ है। जो एक ही प्रकार के परमाणुओं से मिलकर बना है।
- परमाणु क्रमांक - 31
- परमाणु भार - 69.723 μ
- गैलियम एक नरम चाँदी की तरह सफेद धातु है, जो मानक तापमान व दाब पर तरल रूप में पाई जाती है।

217. हाइड्रोजन का परमाणु क्रमांक क्या है?
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

Ans. (b) 1

- हाइड्रोजन (H) का परमाणु क्रमांक 1 है।
- परमाणु द्रव्यमान को परमाणु के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या के योग के रूप में परिभाषित करते हैं।
- (परमाणु द्रव्यमान = प्रोटॉनों की कुल संख्या + न्यूट्रॉनों की कुल संख्या)
- हाइड्रोजन के नाभिक में कोई न्यूट्रॉन नहीं होता है।
- हाइड्रोजन आवर्त सारणी का पहला तत्व है।

218. हीलियम की परमाणु संख्या क्या है?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Ans. (b) 2

- हीलियम (He) की परमाणु संख्या 2 है।
- हीलियम ब्रह्माण्ड में प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला दूसरा तत्व है।
- हीलियम रंगहीन, गंधहीन तथा स्वादहीन होता है।
- हीलियम का उपयोग गुब्बारें और ब्लींप आदि को फुलाने में करते हैं।
- He का परमाणु द्रव्यमान 4.002602u होता है।

219. फॉस्फोरस के लिए प्रतीक क्या है?
(a) Ph (b) Pr
(c) H (d) P

Ans. (d) P

- फॉस्फोरस (P) दो प्रमुख रूप में पाया जाता है। (सफेद फॉस्फोरस व लाल फॉस्फोरस)
- लाल फॉस्फोरस का उपयोग दिया सलाई के निर्माण में किया जाता है।

220. इंडियम तत्व की परमाणु संख्या कितनी है?
(a) 36 (b) 44
(c) 49 (d) 54

Ans. (c) 49

- इंडियम तत्व का रासायनिक संकेत In है। इसका परमाणु क्रमांक 49 है।
- यह मुलायम, सहज गलनीय, रजत श्वेत धातु है, जो प्रकृति में मुक्त अवस्था में नही पायी जाती है।
- यह जस्ते के शोधन में प्राप्त सीसा इंडियम का प्रमुख स्त्रोत है।
- इसका उपयोग मिश्रधातु के रूप में आभूषणों में, दर्पण बनाने में, दंत व्यवसाय में तथा परमाणु रिएक्टरों में न्यूट्रॉन का प्रवाह मापने में किया जाता है।

221. मेंडलीफ की आवर्त सारणी में क्षैतिज पंक्तियों को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?
(D.P. Const. 11 Dec 2020)
(a) आवर्त (b) उपसमूह
(c) श्रेणीकरण (d) समूह

Ans. (a) आवर्त

- मेंडलीफ के आवर्त नियमानुसार 'तत्वों के गुण उनके परमाणु भारों के आवर्ती फलन होते हैं।'
- मेंडलीफ ने आवर्त नियम के आधार पर तत्वों को आवर्त सारणी में व्यवस्थित किया।
- मेंडलीफ की आवर्त सारणी में 7 आवर्त और 9 वर्ग हैं।
- इनके समय तक ज्ञात तत्वों की संख्या 63 थी तथा अक्रिय गैसों की खोज नहीं हो पायी थी।
- समान गुणधर्म वाले तत्व समान समूह में रखे गए।
- नये तत्वों की भविष्यवाणी की गयी।
- आवर्त सारणी में हाइड्रोजन का स्थान विवादित था।
- समस्थानिकों (Isotopes) के लिए कोई स्थान नहीं था।

222. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विद्युत ऋणात्मक (इलेक्ट्रोनिगेटिव) तत्व है?
(D.P. Const. 07 Dec 2017)
(a) लिथियम (b) सोडियम
(c) मैग्नीशियम (d) फ्लोरीन

Ans. (d) फ्लोरीन

- फ्लोरीन (Fluorine) एक रासायनिक तत्व है, जिसका प्रतीक F और परमाणु संख्या 9 है। यह आवर्त सारणी के हैलोजन समूह (Group 17) का सबसे हल्का और सबसे अधिक अभिक्रियाशील तत्व है।
- यह कमरे के तापमान पर पीले-हरे रंग की गैस के रूप में पाया जाता है। यह सबसे अधिक विद्युत ऋणात्मक तत्व है।

223. रेडॉन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(D.P. Const. 15 Dec 2020)
(a) रेडॉन गैस का रंग हरा होता है।
(b) रेडॉन एक प्राकृतिक रूप से घटित रेडियोधर्मी गैस है।
(c) रेडॉन के कारण फेफड़ों का कैंसर हो सकता है।
(d) रेडॉन गैस अक्रिय होती है।

Ans. (a) रेडॉन गैस का रंग हरा होता है।

- रेडॉन एक अक्रिय गैस है जिसे आवर्त सारणी के शून्य वर्ग (18) में रखा गया है।
- यह एक रेडियोसक्रिय तत्व है इसका उपयोग रेडियोथैरेपी के रूप में कैंसर रोग के इलाज में किया जाता है।

224. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) बहुमूल्य धातु - प्लैटिनम
(b) अलौह धातु - जिंक
(c) अधातु - लेड
(d) लौह धातु - लोहा

Ans. (c) अधातु - लेड

- जो तत्व धातुओं की भाँति व्यवहार नहीं करते अधातु कहलाते हैं आवर्त सारणी में सभी अधातु तत्वों को दायीं ओर रखा गया है।
  उदाहरण- हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, क्लोरीन इत्यादि।

✪ ब्रोमीन द्रव अवस्था में पाए जाने वाली एकमात्र अधातु है।
✪ जबकि लेड (Pb) एक धातु है। यह एक सर्वाधिक स्थाई तत्व है।

225. सोडियम धातु को केरोसीन में क्यों संरक्षित किया जाता है?
(a) सोडियम वायु में अदृश्य होती है।
(b) सोडियम की गंध अत्यधिक तीक्ष्ण होती है।
(c) ऑक्सीजन और जल के साथ उसकी तीव्र अभिक्रिया से बचाने के लिए।
(d) सोडियम केरोसीन से ही निकाला जाता है।

Ans. (c) ऑक्सीजन और जल के साथ उसकी तीव्र अभिक्रिया से बचाने के लिए।

✪ सोडियम बहुत अभिक्रियाशील धातु है। यह हवा के साथ-साथ पानी के साथ भी विस्फोटक के रूप में कार्य करती है। इस प्रकार से ये धातु खुला रखने पर आग पकड़ लेती है। इस कारण सोडियम धातु को मिट्टी के तेल में डूबा कर रखा जाता है।
✪ सोडियम एक रासायनिक तत्व है, जिसका प्रतीक Na व परमाणु संख्या 11 है।
✪ यह एक नर्म, चाँदी की तरह सफेद, अत्यधिक अभिक्रियाशील धातु है।
✪ सोडियम एक क्षार धातु है, जो आवर्त सारणी के समूह 1 में स्थित है।

226. आसुत जल विद्युत का होता है।
(a) सुचालक (b) अतिचालक
(c) कुचालक (d) अर्द्ध-चालक

Ans. (c) कुचालक

✪ कुचालक में खनिज लवणों की थोड़ी सी मात्रा प्राकृतिक रूप से विद्यमान होती है। इसलिये जल; विद्युत का सुचालक होता है, तथा आसुत जल लवणों से मुक्त होने के कारण विद्युत का कुचालक होता है।

227. हीटर का मूल तत्व किस पदार्थ का बना होता है?
(a) नाइक्रोम (b) इस्पात
(c) टाइटेनियम (d) लोहा

Ans. (a) नाइक्रोम

✪ **नाइक्रोम:** नाइक्रोम का उपयोग इलेक्ट्रिक हीटिंग तत्व के रूप में किया जाता है, जो एक मिश्र धातु है। जिसमें 80% निकल और 20% क्रोमियम होता है। इसका गलनांक उच्च प्रतिरोध के साथ 1400°C होता है। जो इस तत्व को हीटिंग के रूप में प्रयोग करने के लिये सबसे अच्छा बनाता है।

228. निम्नलिखित में से कौन गैलेना के नाम से भी जाना जाता है?
(D.P. Const. 05 Dec 2017)
(a) लेड सल्फेट (b) लेड ऑक्साइड
(c) लेड सल्फाइड (d) कैल्शियम सल्फेट

Ans. (c) लेड सल्फाइड

✪ गैलेना, सीसा खनिज का एक प्रकार का अयस्क है जिसका रासायनिक नाम लेड सल्फाइड है। गैलेना का रासायनिक सूत्र PbS है।

229. हाइड्रोजन के स्थान पर गुब्बारे में इस्तेमाल किया जाता है।
(D.P. Const. 06 Dec 2017)
(a) नाइट्रोजन (b) हीलियम
(c) नियॉन (d) आर्गन

Ans. (b) हीलियम

✪ हाइड्रोजन गैस अधिक ज्वलनशील गैस है तथा वायु में ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके विस्फोटक के रूप में अभिक्रिया करती है। इसलिए गुब्बारे में हाइड्रोजन के स्थान पर हीलियम गैस का उपयोग किया जाता है।

230. सामान्यतः ..... के ऑक्साइड प्रकृति में अम्लीय होते हैं।
(D.P. Const. 06 Dec 2017)
(a) धातु
(b) अधातु
(c) धातु तथा अधातु
(d) ना तो धातु ना ही अधातु

Ans. (b) अधातु

✪ **अधातुः** वे पदार्थ जिनमें धात्विक गुणों का अभाव होता है, अधातु कहलाते हैं।
जैसे- हाइड्रोजन, सल्फर, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन आदि।

अधातुओं के सामान्य गुणः-
✪ अधातुएँ सामान्य रूप से चमकदार नहीं होती हैं परंतु आयोडीन अधातु होते हुए भी चमकदार होती है।
✪ अधातुएँ के गलनांक व क्वथनांक निम्न होते हैं। अपवाद हीरा तथा ग्रेफाइट।
✪ अधातुएँ विद्युत की कुचालक होती हैं परन्तु ग्रेफाइट विद्युत् का सुचालक है।
✪ अधातु के ऑक्साइड अम्लीय प्रकृति के होते हैं।

231. वायुमंडलीय ऑक्सीजन से संपर्क को रोकने के लिए फॉस्फोरस को, निम्नलिखित में से किसमें संग्रहित किया जाता है?
(D.P. Const. 06 Dec 2017)
(a) कैरोसिन
(b) पेट्रोलियम
(c) जल
(d) अम्लराज (ऐक्वा रेजिया)

Ans. (c) जल

✪ वायुमंडलीय ऑक्सीजन से संपर्क को रोकने के लिए फॉस्फोरस को पानी में रखा जाता है फॉस्फोरस एक बहुत ही क्रियाशील तत्व है यह हवा के संपर्क में आने पर तुरंत आग पकड़ लेता है। इसीलिए फॉस्फोरस को पानी में रखा जाता है।

232. पृथ्वी के वायुमंडल में सबसे प्रचुर मात्रा में निष्क्रिय गैस कौन-सी है?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) हीलियम (b) निऑन
(c) आर्गन (d) जेनॉन

Ans. (c) आर्गन

✪ आर्गन की खोज एल रैले और रैमजे ने सन् 1894 में वायु से की थी। इसकी परमाणु संख्या 18 तथा द्रव्यमान संख्या 40 है। यह पृथ्वी पर वायुमंडल में सबसे प्रचुर मात्रा में पायी जाने वाली अक्रिय गैस है। इसका उपयोग वैद्युत बल्ब में किया जाता है।

233. सबसे नरम धातु _____ है
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) प्लैटिनम (b) चांदी
(c) लोहा (d) सोना

Ans. (d) सोना

✪ सोना (Au) नरम, चमकीली पीली, धात्विक चमक वाली धातु है।
✪ इसका परमाणु क्रमांक 79 तथा द्रव्यमान संख्या 197 है।
✪ सोना प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाया जाता है। इसको कैल्वेराइट और सिल्वेनाइट अयस्कों से प्राप्त किया जाता है।

234. निम्नलिखित गैसों में से कौन-सी पानी में घुलनशील है?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) कार्बन डाइऑक्साइड
(b) क्लोरीन
(c) हाइड्रोजन सल्फाइड
(d) अमोनिया

Ans. (d) अमोनिया

✪ अमोनिया का रासायनिक सूत्र NH_3 होता है।
✪ यह रंगहीन, तीक्ष्ण गन्ध वाली क्षारीय गैस है। यह जल में अधिक घुलनशील है। यह लाल लिटमस को नीला कर देती है। इसको सूघने से आंखों में आँसू आ जाते हैं। ऑक्सीजन की अधिकता में यह पीली लौ के साथ जलती है।

235. ओजोन अणु का आणविक द्रव्यमान कितना होता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 48 (b) 16
(c) 32 (d) 18

Ans. (a) 48

- चूँकि ओजोन (O_3) गैस के अणु में ऑक्सीजन के तीन परमाणु होते हैं।
- ऑक्सीजन का आणविक भार = 16
  अतः ओजोन का आणविक भार = 16 × 3 = 48 u

236. विद्युत के उपयोग के द्वारा किसी अन्य पदार्थ पर किसी वांछित धातु की परत चढ़ाने की प्रक्रिया को कहा जाता है।

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) विद्युत-अपघटन
(b) विद्युत लेपन
(c) प्रकाश उत्प्रेरण
(d) फोटोइलेक्ट्रोकेमिकल

Ans. (b) विद्युत लेपन

- विद्युत धारा द्वारा, धातुओं पर अन्य वांछित धातु का लेपन करने की विधि को विद्युतलेपन (Electroplating) कहते हैं। प्रायः लोहे की वस्तुओं को संक्षरण से बचाने तथा चमक के लिए लोहे पर ताँबे, निकेल अथवा क्रोमियम का लेपन किया जाता है।

237. गैलेना, केल्कोपाइराइट और मॉलिब्डेनाइट किस खनिज समूह से संबंधित हैं?

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) फॉस्फाइड (b) सल्फाइड
(c) ऑक्साइड (d) हैलाइड

Ans. (b) सल्फाइड

धातु	अयस्क
लेड	गैलेना
पारा	सिनेबार
निकेल	मिलेराइट
यूरेनियम	पिंच ब्लैड
पोटैशियम	कार्नेलाइट

238. निम्नलिखित में से कौन-सी सबसे अधिक अभिक्रियाशील धातु है?

(D.P. Const. 02 Dec 2023)

(a) जिंक (b) मरकरी
(c) मैग्नीशियम (d) लेड

Ans. (c) मैग्नीशियम

- मैग्नीशियम का रासायनिक संकेत Mg है तथा परमाणु संख्या-12, परमाणु द्रव्यमान-24 है।
- यह क्षारीय मृदा धातु का द्वितीय सदस्य है तथा आवर्त सारणी में समूह-2 में स्थित तत्व है।
- मैग्नीशियम धातु का निष्कर्षण मुख्यतः कार्नलाइट ($KCl.MgCl_2.6H_2O$) अयस्क से किया जाता है।
- **उपयोग:**-फ्लैशलाइट रिबन बनाने में, फोटोग्राफी में, मिश्र धातुओं के निर्माण में इत्यादि।

239. निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु विद्युत का संचालन करती है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2020)

(a) ब्रोमीन (b) ग्रेफाइट
(c) लोडिन (d) क्रिप्टन

Ans. (b) ग्रेफाइट

- ग्रेफाइट एकमात्र अधातु है जो विद्युत का संचालन करती है। यह कार्बन का एक अपररूप है।
- यह मुलायम होता है इसका आपेक्षिक घनत्व 2.25 होता है।
- इसका उपयोग परमाणु रिएक्टर में, शुष्क सेलों और विद्युत अपघटन क्रियाओं, में, पेंसिल तथा रंग बनाने आदि में किया जाता है।

240. ब्रह्मांड में पाई जाने वाली सबसे प्रचुर और सबसे हल्की गैस निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(D.P. Const. 01 Dec 2020)

(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) हाइड्रोजन (d) कार्बन डाइऑक्साइड

Ans. (c) हाइड्रोजन

- हाइड्रोजन आवर्त सारणी का प्रथम तत्व है यह अन्य सभी तत्वों से हल्का होता है इसका परमाणु द्रव्यमान 1.008 होता है। यह s-ब्लॉक का तत्व है इसकी खोज 1766 ई. में हेनरी कैवेंडिस ने की थी।
- हाइड्रोजन का उपयोग:- हैबर विधि से अमोनिया उत्पादन में, वनस्पति घी के निर्माण में, गैसोलिन के उत्पादन में।
- द्रव हाइड्रोजन रॉकेट ईंधन के रूप में प्रयुक्त होती है।

241. हवा में जलाए जाने पर मैग्नीशियम की पट्टी चमकदार. ज्वाला के साथ जलती है।

(D.P. Const. 7 Dec 2020)

(a) नीली (b) हरी
(c) सफेद (d) लाल

Ans. (c) सफेद

- मैग्नीशियम (Mg) परमाणु की संयोजकता+2 है।
- मैग्नीशियम का परमाणु क्रमांक 12 है।
- यह वायु में जलाए जाने पर चमकदार सफेद ज्वाला के साथ जलती है।
- यह जलने के पश्चात् मैग्नीशियम ऑक्साइड (MgO) का निर्माण करता है।

242. निम्नलिखित में से कौन सी धातु अभिक्रिया श्रृंखला के शीर्ष से संबंधित नहीं है?

(D.P. Const. 9 Dec 2020)

(a) लेड (b) सोडियम
(c) ऐल्युमिनियम (d) मैगनीशियम

Ans. (a) लेड

- एक प्रतिक्रियाशील धातु वह है जो इलेक्ट्रॉनों को छोड़ने के लिए अन्य तत्वों के साथ आसानी से प्रतिक्रिया करता है कुछ धातुओं का प्रतिक्रियाशीलता अवरोही क्रम इस प्रकार है-

K	पोटैशियम	सबसे अधिक अभिक्रियाशील
Na	सोडियम	
Ca	कैल्शियम	
Mg	मैग्नीशियम	
Al	ऐल्युमीनियम	घटती अभिक्रियाशीलता
Zn	जिंक	
Fe	आयरन	
Pb	लेड	
[H]	हाइड्रोजन	
Cu	कॉपर (ताँबा)	
Hg	मर्करी (पारद)	
Ag	सिल्वर	
Au	गोल्ड	सबसे कम अभिक्रियाशील

243. निम्नलिखित में से क्या एक अर्धचालक है?

(D.P. Const. 9 Dec 2020)

(a) पारा (b) जर्मेनियम
(c) निकिल (d) एल्युमिनियम

Ans. (b) जर्मेनियम

- वर्ष 1869 में मेण्डलीफ ने ईकासिलिकॉन (Ekasilicon) के रूप में जर्मेनियम तत्व एवं इसके कुछ गुणधर्मों की भविष्यवाणी की थी।
- जर्मेनियम को Ge से प्रदर्शित किया जाता है यह एक उत्तम अर्द्धचालक है।
- आवर्त सारणी में यह आवर्त-4 एवं वर्ग-14 में स्थित है इसका परमाणु क्रमांक 32 तथा परमाणु द्रव्यमान 72.64 होता है।
- इसका उपयोग ट्रांजिस्टर बनाने में और फोटोइलेक्ट्रिक सेल में किया जाता है।
- सोलर सेल में जर्मेनियम, सीजियम आदि का उपयोग किया जाता है।

244. निम्नलिखित में से कौन सी धातु सर्वोच्च चालकता वाली धातु है?

(D.P. Const. 14 Dec 2020)

(a) इस्पात (b) एल्युमीनियम
(c) चाँदी (d) लोहा

Ans. (c) चाँदी

- सिल्वर (चाँदी) d-ब्लॉक (संक्रमण तत्त्व) में स्थित धातु है, सिल्वर की चालकता सबसे ज्यादा होती है।
- चाँदी का रासायनिक चिह्न-Ag है इसकी परमाणु संख्या-47 और द्रव्यमान संख्या-108 है।

- यह एक मुलायम, चमकीली श्वेतवर्णीय एवं निम्न अभिक्रियाशील धातु है।
- इसका उपयोग आभूषण, बर्तन ,सिक्के इत्यादि बनाने में किया जाता है।

245. बेकुरल, जो एक विघटन प्रति सेकंड (dps) के बराबर है, को किस प्रतीक द्वारा दर्शाया जाता है?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) BI (b) Bc
(c) Br (d) Bq

Ans. (d) Bq

- बेकुरल (प्रतीक-Bq) रेडियोधर्मिता की SI इकाई है। बेकुरल (Becquerel) जो एक विघटन प्रति सेकंड (dps) के बराबर है, को Bq के प्रतीक से दर्शाया जाता है। इसे नाभिक क्षय के रूप में परिभाषित किया जाता है।

246. निम्नलिखित में से किसके उत्सर्जन से समभारिक का निर्माण होता है?

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) X-ray (एक्स-रे)
(b) Gamma ray (गामा किरण)
(c) Beta ray (बीटा किरण)
(d) Alpha ray (अल्फा किरण)

Ans. (c) Beta ray (बीटा किरण)

- **समभारिक:** भिन्न-भिन्न तत्वों के ऐसे परमाणु, जिनकी द्रव्यमान संख्या समान किंतु परमाणु संख्याएँ अलग-अलग होती हैं समभारिक कहलाते हैं। **जैसे-** $_{18}Ar^{40}$, $_{20}Ca^{40}$
- बीटा कण के उत्सर्जन से समभारिकों का निर्माण होता है।

247. परमाणु प्रतिक्रिया जिसमें एक भारी नाभिक लगभग बराबर द्रव्यमान के दो नाभिक में विभाजित होता है, क्या कहलाता है?

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) फास्ट ब्रीडिंग
(b) नियंत्रित ब्रीडिंग
(c) नाभिकीय विखंडन
(d) नाभिकीय संलयन

Ans. (c) नाभिकीय विखंडन

- जब किसी भारी नाभिक पर न्यूट्रॉनों की बमबारी की जाती है तो वह नाभिक लगभग दो बराबर नाभिकों में टूट जाता है। इसके साथ ही बहुत अधिक ऊर्जा मुक्त होती है। इस प्रकार भारी नाभिकों के टूटने की प्रक्रिया नाभिकीय विखंडन कहलाती है।
- परमाणु बम नाभिकीय विखंडन के सिद्धांत पर कार्य करता है।

248. लैक्टिक अम्ल जीवाणु द्वारा उत्पादित एस्टरेस (Esterases) द्वारा उत्प्रेरित एथिल एस्टर के निर्माण के कारण डेयरी उत्पादों में कौन-सा असामान्य स्वाद महसूस किया जाता है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) कड़वा स्वाद (b) बासी स्वाद
(c) फल का स्वाद (d) मछली जैसा स्वाद

Ans. (c) फल का स्वाद

- एस्टर कार्बनिक यौगिकों का एक समूह है जो कार्बोक्सिलिक अम्ल और एल्कोहॉल के बीच अभिक्रिया के परिणामस्वरूप बनता है।
- इनका सामान्य सूत्र RCOOR' होता है।
- इनमें अक्सर मीठी गंध आती है।

249. कार्बन के द्वारा अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ सहसंयोजक बंधन बनाने की विशेषता क्या कहलाती है?

(a) इलेक्ट्रोनेशन (b) आयनीकरण
(c) इलेक्ट्रोलिसिस (d) शृंखलन

Ans. (d) शृंखलन

- कार्बन के द्वारा अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ सहसंयोजक बंधन बनाने की विशेषता शृंखलन कहलाती है।
- रासायनिक आबंध एक रासायनिक यौगिक को जन्म देने के लिए दो या दो से अधिक परमाणुओं, अणुओं या आयनों के बीच एक रासायनिक आबंध का निर्माण करता है।
- कार्बन अधात्विक और सह संयोजक आबंध बनाता है।
- सह संयोजक आबंध वह आबंध है, जो परमाणुओं के बीच इलेक्ट्रॉन जोड़े के साझे के बाद बनता है।
- तीन प्रमुख प्रकार के सह संयोजक आबंध है; जो एकल, डबल व ट्रिपल आबंध है।
- कार्बन परमाणु 4 एकल आबंध बना सकता है।

250. कार्बनिक यौगिकों में बॉन्ड की लंबाई और बॉन्ड की ताप धारिता को निम्न में से क्या प्राभावित करता है?

(a) परिक्रमण (b) संक्रमण
(c) संकरण (d) क्रिस्टलीकरण

Ans. (c) संकरण

- **संकरण:** किसी परमाणु की तुलनीय ऊर्जा के परमाण्विक कक्षकों के परस्पर मिलकर समान ऊर्जा की उतनी ही संख्या में नवीन समतुल्य कक्षकों के बनने की प्रक्रिया को संकरण कहते हैं।
- **संकरण के प्रकार:-**

$sp, sp^2, sp^3, sp^3d, sp^3d^2$

251. कार्बनिक यौगिकों में अचक्रीय या खुली शृंखला वाले यौगिकों को ..... भी कहा जाता है।

(a) एलिफैटिक यौगिक
(b) विषमचक्रीय यौगिक
(c) सुगंधित यौगिक
(d) समचक्री यौगिक

Ans. (a) एलिफैटिक यौगिक

- कार्बनिक रसायन में एलिफैटिक यौगिक (Aliphatic Compound) हाइड्रोकार्बन यौगिकों की दो श्रेणियों में से एक है। दूसरी श्रेणी में एरोमैटिक यौगिक होते हैं।

इन दोनों श्रेणियों में निम्न अंतर है-

- एरोमैटिक यौगिको में परमाणुओं की किसी शृंखला का एक स्थाई चक्र सम्मिलित होता है। जैसे- बेंजीन।
- ऐलिफैटिक यौगिकों में या तो ऐसा कोई चक्र नहीं होता है या वह उस यौगिक के मुख्य भाग का स्थाई हिस्सा नहीं होता है। ब्यूटेन ऐलिफैटिक यौगिकों का उदाहरण है। क्योंकि इसमें बिना किसी चक्र वाली कार्बन परमाणुओं की शृंखला होती है।

252. निम्न में से किस रसायन में फल की सुगंध आती है?

(a) फॉर्मल्डिहाइड (b) थिओसिटोन
(c) एस्टर (d) मेथेनॉल

Ans. (c) एस्टर

- एस्टर का निर्माण कार्बनिक अम्ल के साथ एल्कोहल की प्रतिक्रिया से होता है।
- कार्बोक्जिलिक एसिड से प्राप्त एस्टर सबसे आम है। एस्टर में मीठे फलों जैसी महक होती है। क्योंकि फलों को उनकी सुगन्ध एस्टर से प्राप्त होती है। एक एस्टर की सुगन्ध तब उत्पन्न होती है, जब एल्कोहल एक कार्बोक्जिलिक समूह (O_2 परमाणुओं के साथ कार्बन बंधित हो) के साथ जुड़ जाता है।
- रसायन में, एस्टर एक एसिड (कार्बनिक या अकार्बनिक) से प्राप्त एक रासायनिक यौगिक है, जिसमें कम-से-कम हाइड्रॉक्सिल समूह (OH) को एल्काइल समूह (-O-) द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है।

253. निम्नलिखित में से किसको 'वुड स्पिरिट' कहा जाता है?

(a) इथेनॉल (b) फिनॉल
(c) मेथेनॉल (d) ब्यूटेनॉल

Ans. (c) मेथेनॉल

- मेथेनॉल (Methanol) एक कार्बनिक यौगिक है। इसका अणुसूत्र CH_3OH है। इसे 'मेथिल एल्कोहल', 'काष्ठ एल्कोहाल', 'Wood Spirit' भी कहते हैं।
- यह लकड़ी के भंजक आसवन से प्राप्त होता है। इसलिये इसे 'Wood Spirit' कहते हैं।

254. क्लोरोएथीन का सामान्य नाम क्या है?

(a) मेथेलीन क्लोराइड (b) विनाइल क्लोराइड
(c) क्लोरोफॉर्म (d) कार्बन टेट्राक्लोराइड

Ans. (b) विनाइल क्लोराइड

- क्लोरोएथीन को विनाइल क्लोराइड भी कहते है।
- इसका अणु सूत्र CH_3CH_2Cl है।
- यह रंगहीन यौगिक है।
- यह एक औद्योगिक रसायन है। जो पॉली विनाइल क्लोराइड (PVC) नामक बहुलक (Polymer) उत्पादन में प्रयोग किया जाता है।

255. संयुग्मित डिकेटोन बेंजेक्यूनोन के निर्माण के लिए फिनॉल किस अम्ल के साथ ऑक्सीकृत होता है?

(a) सल्फ्यूरिक अम्ल (b) क्रोमिक अम्ल
(c) बेंजोइक अम्ल (d) कार्बोक्जिलिक अम्ल

Ans. (b) क्रोमिक अम्ल

- क्रोमिक अम्ल संयुग्मित डिकेटोन बेंजेक्यूनोन के निर्माण के लिये फिनॉल क्रोमिक अम्ल के साथ ऑक्सीकृत होता है।

256. पारदर्शी साबुन बनाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) इथेनॉल (b) सोडियम क्लोराइड
(c) रोजिन (d) सोडियम कार्बोनेट

Ans. (a) इथेनॉल

- पारदर्शी साबुन बनाने के लिए इथेनॉल का प्रयोग किया जाता है। इथेनॉल तेल-एथिल एस्टर चरण में उत्प्रेरक घुलनशीलता को बढ़ाता है। इस प्रकार इथेनॉल के कारण साबुनीकरण की प्रक्रिया तीव्र हो जाती है।

257. किसी कार्बन यौगिक को जलाए जाने पर एक साफ लौ उत्पन्न होती है, यह इंगित करता है कि यह ..... है।

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) संतृप्त हाइड्रोकार्बन यौगिक
(b) असंतृप्त हाइड्रोकार्बन यौगिक
(c) नाइट्रोजन युक्त यौगिक
(d) सल्फर युक्त यौगिक

Ans. (a) संतृप्त हाइड्रोकार्बन यौगिक

- संतृप्त हाइड्रोकार्बन यौगिक वे हाइड्रोकार्बन यौगिक होते हैं जिनमें कार्बन-कार्बन के मध्य एकल बंध पाया जाता है।

ये दो प्रकार के होते हैं-

- **एल्केन:-** एल्केन यौगिकों में, विभिन्न कार्बन परमाणु एक दूसरे से एकल आबन्धों द्वारा जुड़कर कार्बन परमाणुओं की खुली श्रृंखला बनाते हैं। ऐल्केनों का सामान्य सूत्र C_nH_{2n+2} होता है। मेथेन इस परिवार का प्रथम सदस्य है।
- **साइक्लोऐल्केन:-** साइक्लोऐल्केनों में कार्बन परमाणु बन्द श्रृंखला या वलय बनाते हैं। इनका सामान्य सूत्र C_nH_{2n} है।

258. कार्बोनेटेड पेय पदार्थों में होता है।

(D.P. Const. 03 Dec 2023)

(a) N_2 (b) O_2
(c) CH_4 (d) CO_2

Ans. (d) CO_2

- कार्बोनेटेड पेय पदार्थों में कार्बन डाइऑक्साइड होता है। कार्बन डाइऑक्साइड को पेय पदार्थ में घोलने की प्रक्रिया प्राकृतिक या कृत्रिम तरीके से हो सकती है।
- मीथेन (CH_4) को मार्श गैस के नाम से भी जाना जाता है।
- यह एल्केन श्रेणी का प्रथम सदस्य है।
- मीथेन का उपयोग ऊष्मा और प्रकाश के लिए ईंधन के रूप में तथा कार्बनिक रसायन बनाने के लिए किया जाता है।

259. 'अनिश्चितता का सिद्धांत' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?

(a) वर्नर हाइजेनबर्ग (b) आर.ए. मिल्लिकन
(c) एस.एन. बोस (d) आइजैक न्यूटन

Ans. (a) वर्नर हाइजेनबर्ग

- द्रव्य और विकिरण के दोहरे व्यवहार के फलस्वरूप भौतिक वैज्ञानिक वर्नर हाइजेनबर्ग ने वर्ष 1927 में एक सिद्धान्त प्रस्तुत किया जिसे हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धान्त (Heisenberg Uncertainty Principle) कहते हैं।

260. पेंसिल में कार्बन का कौन-सा रूप इस्तेमाल किया जाता है?

(D.P. Const. 10 Dec 2020)

(a) लॉन्सलाइट (b) बकमिनस्टर फुलरीन
(c) ग्रेफाइट (d) फ्लोराइड

Ans. (c) ग्रेफाइट

- ग्रेफाइट कार्बन का सर्वाधिक स्थायी अपररूप है।
- यह विद्युत का सुचालक होता है।
- यह कागज पर रगड़ने से काला निशान छोड़ देता है। इस कारण इसे काला सीसा भी कहा जाता है।
- पेंसिल तथा रंग बनाने में, नाभिकीय रिएक्टर में मंदक के रूप आदि में किया जाता है।

261. वनस्पति तेलों का हाइड्रोजनीकरण द्वारा उत्प्रेरित होता है।

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

(a) Cu (b) Ni
(c) Fe (d) Al

Ans. (b) Ni

- निकेल (Ni) या पैलेडियम उत्प्रेरक की उपस्थिति में गर्म वनस्पति तेलों के साथ हाइड्रोजन वसा बनाती है। यह क्रिया तेलों का हाइड्रोजनीकरण कहलाता है।
- हाइड्रोजीनीकरण द्वारा असंतृप्त हाइड्रोकार्बन को संतृप्त हाइड्रोकार्बन में परिवर्तित करते हैं।

262. निम्नलिखित में से कौन-सा ताप दृढ़ प्लास्टिक है?

(D.P. Const. 2 Dec 2020)

(a) बैकेलाइट (b) बायोप्लास्टिक
(c) बैगास (d) माइकोटेक्चर

Ans. (a) बैकेलाइट

- यह एक थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है, जिसका निर्माण फीनॉल और फॉर्मेल्डिहाइड के संघनन अभिक्रिया द्वारा किया जाता है
- ताप के प्रभाव के आधार पर प्लास्टिक दो प्रकार की होती हैं-
- **थर्मोप्लास्टिक:** यह गर्म करने पर मुलायम तथा ठंडा करने पर पुन: कठोर हो जाती है।
- **उदाहरण:** पॉलिथीन, पॉलिस्टीइरीन, PVC इत्यादि।
- **थर्मोसेटिंग प्लास्टिक:** गरम करने पर मुलायम हो जाती है जिससे इच्छानुसार आकार दिया जा सकता है किंतु पुन: गर्म करने पर ये मुलायम नहीं होती हैं।

  उदाहरण: बैकेलाइट और मेलामाइन।

263. पॉलिथीन तथा पीवीसी के कुछ उदाहरण हैं।

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) थर्मोसेटिंग प्लास्टिक
(b) थर्मोप्लास्टिक
(c) ऐक्रेलिक
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (b) थर्मोप्लास्टिक

- ऐसी प्लास्टिक जिन्हें बार-बार गर्म करके विभिन्न आकृतियों में ढाला जा सकता है थर्मोप्लास्टिक कहलाते हैं।
- प्रमुख थर्मोप्लास्टिक एवं उनके उपयोग; पॉलीथीन (पॉलीएथिलीन)- पाइप, कुर्सी, मेज, थैले, बोतल, खिलौनों के निर्माण में।
- पॉलीस्टाइरीन-खाना रखने वाले कंटेनरों, खाने की प्लेटों, रेडियो एवं टी. वी. केबिनेट आदि के निर्माण में।

264. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लकड़ी की लुगदी पर रासायनिक प्रतिक्रियाओं द्वारा बनाया गया फाइबर है?

(a) पॉलिएस्टर (b) नायलॉन
(c) बैग (d) रेयॉन

Ans. (d) रेयॉन

- रेयॉन एक मानव निर्मित पुनर्जीवित सेल्यूलोज फाइबर है। यह मुख्य रूप से लकड़ी की लुगदी, शुद्ध सेल्युलोज से निर्मित होता है।
- **नायलॉन:-** यह मानव द्वारा निर्मित प्रथम पूर्ण रूप से संश्लेषित रेशा है। इसका निर्माण कोयले, जल तथा वायु से किया गया था। इसका उपयोग वस्त्र निर्माण, टूथब्रुश के शूक

(रेशे) पैरासूट आदि के निर्माण में किया जाता है।

265. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लोकप्रिय पॉलिएस्टर है, जिसका बोतल और बर्तन बनाने के लिए उपयोग किया जाता है?
(a) लैड
(b) नायलॉन
(c) ऐक्रेलिक
(d) पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट

Ans. (d) पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट

- पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट (PET) व्यापक रूप से उत्पादित एक प्लास्टिक है।
- पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट अच्छी सतह, उच्च शक्ति, लचीलेपन और रासायनिक प्रतिरोध के कारण बोतलों, कंटेनरों, बक्से व बर्तन जैसी पैकेजिंग सामग्री बनाने के लिये प्रयोग किया जाता है।

266. निम्नलिखित में से क्या टेट्राफ्लोरोएथेन (Tetrafluoroethene) को मुक्त मौलिक या परसल्फेट उत्प्रेरक के साथ उच्च दबाव पर गर्म करने पर निर्मित होता है?
(a) पॉलिएस्टर (b) नायलॉन
(c) टेफलॉन (d) रेयॉन

Ans. (c) टेफलॉन

- पॉली टेट्राफ्लोरो एथिलीन (PTFE), जिसे टेफलॉन के रूप में जाना जाता है, चार सामग्रियों से बना है- फ्लोरा स्पार, हाइड्रोफ्लोरिक एसिड, क्लोरेफॉर्म और पानी, जो 1094-1652°F (590-900°C) के बीच गर्म करके (Chemical Reaction) रासायनिक अभिक्रिया कक्ष में संयोजित होते हैं।

267. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे कमजोर विद्युत चालक है?
(a) बैकेलाइट (b) पीतल
(c) हीरा (d) तरल हीलियम

Ans. (a) बैकेलाइट

- इनमें से बैकेलाइट सबसे कमजोर विद्युत चालक है।
- बैकेलाइट एक थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है। यह ऊष्मा और विद्युत का कुचालक है, इसलिए इसका उपयोग बिजली के स्विच (Switch) और प्लग (Plug) बनाने के लिए किया जाता है।

268. निम्नलिखित में से कौन-से बहुलक (Polymer) का विद्युत स्विच बनाने में उपयोग किया जाता है?
(a) बैकेलाइट (b) फिनोल
(c) एपॉक्सी रेजिन (d) पॉलिथीन

Ans. (a) बैकेलाइट

- बैकेलाइट एक थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है। यह ऊष्मा और विद्युत का कुचालक है, इसलिए इसका उपयोग बिजली के स्विच (Switch) और प्लग (Plug) बनाने के लिए किया जाता है।

269. रसोई के बर्तनों पर नॉन-स्टिक कोटिंग के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक विशेष प्लास्टिक उपयुक्त होता है?
(a) बैकेलाइट (b) टेफलॉन
(c) फिनॉल (d) पॉलिथीन

Ans. (b) टेफलॉन

- टेफलॉन टेट्रा फ्लुओरो एथिलीन का संक्षिप्त रूप है, जिसे PTFE के नाम से जाना जाता है।
- इसका उपयोग रसोई में प्रयोग होने वाले नॉन स्टिक कुक वेयर, पैन बनाने के लिए किया जाता है। इसमें नॉन स्टिक गुण होते हैं।
- यह एक कृत्रिम बहुलक (Polymer) है।

270. ईंधन के कैलोरी मान का मात्रक निम्नलिखित में से किस रूप में व्यक्त किया जाता है?
D.P. AWO/TPO 1 Dec. 2020)
(a) kJ/kg (b) माइक्रॉन
(c) psi (d) mmHg

Ans. (a) kJ/kg

- ईंधन के कैलोरी मान को किलोजूल प्रति किलोग्राम (kJ/kg) में व्यक्त किया जाता है। इसे ऊष्मीय शक्ति भी कहा जाता है।
- माइक्रोन, लंबाई मापने की एक इकाई है। यह एक मीटर के दस लाखवें हिस्से के बराबर होती है इसे माइक्रोमीटर या म्यू भी कहा जाता है इसका प्रतीक μm होता है।

271. कौन-से हाइड्रोकार्बन एलपीजी के मुख्य घटक हैं?
(D.P. Const. 05 Dec 2017)
(a) मीथेन और इथेन (b) प्रोपेन और ब्यूटेन
(c) पेंटेन और बेंजीन (d) केवल मीथेन

Ans. (b) प्रोपेन और ब्यूटेन

- द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) हल्के हाइड्रोकार्बन यौगिको ब्यूटेन और प्रोपेन दोनों का मिश्रण होता है। कमरे के तापमान पर, दोनों गैसें रंगहीन और गंधहीन होती हैं।
- इसमें दुर्गन्ध के लिए एथिल मरकैप्टन नामक यौगिक मिलाते हैं।
- प्राकृतिक गैस: यह हल्के हाइड्रोकार्बनों से मिलकर बनती है। इसमें सामान्यत: मेथेन, एथेन, प्रोपेन, ब्यूटेन, आइसो ब्यूटेन तथा पेंटेन पाए जाते हैं।

272. निम्नलिखित में से कौन कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन का मिश्रण है?
(D.P. Const. 06 Dec 2017)
(a) कोल गैस (b) निर्माता गैस
(c) जल गैस (d) गोवर गैस

Ans. (c) जल गैस

- जल गैस, कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन का मिश्रण है। इसे ब्लू वाटर गैस भी कहा जाता है। यह नीले रंग की गैस है जिसका उपयोग कार्बनिक रसायनों के औद्योगिक संश्लेषण में, और वेल्डिंग आदि में किया जाता है।
- हाइड्रोजन गैस बनाने में भी किया जाता है।

273. पेट्रोलियम ..... का एक मिश्रण है।
(D.P. Const. 07 Dec 2017)
(a) हाइड्रोकार्बन (b) लवण
(c) पॉलिमर (d) तत्वों

Ans. (a) हाइड्रोकार्बन

- पेट्रोलियम विभिन्न हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण है जिसका ऊष्मीय मान बहुत उच्च होता है।
- पेट्रोलियम उत्पादों में परिवहन ईंधन, सड़क तेल, उर्वरक, प्लास्टिक संश्लेषण और कीटनाशक शामिल हैं।

274. जल गैस इनमें से किसका संयोजन है?
(D.P. Const. 07 Dec 2017)
(a) CO और H_2O (b) CO_2 और CO
(c) CO और H_2 (d) CO_2 और H_2

Ans. (c) CO और H_2

- जल गैस एक ईंधन गैस है जिसमें CO और H_2 जैसी गैसें होती है।
- इसे ब्लू वाटर गैस भी कहते हैं।
- इसका उपयोग अमोनिया संश्लेषण के लिए हाइड्रोजन प्राप्त करने में किया जाता है।

275. निम्नलिखित में से कौन-सा ईंधन तत्व नहीं है?
(D.P. Const. 08 Dec 2017)
(a) यूरेनियम (b) थोरियम
(c) रेडियम (d) हीलियम

Ans. (d) हीलियम

- हीलियम का संकेत He है इसका परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान क्रमश: 2 और 4 है यह एक अक्रिय गैस है जो सबसे हल्की होती हैं। इसका उपयोग गुब्बारे में किया जाता है।

276. कोयला, पेट्रोलियम और मिट्टी का तेल किसके उदाहरण हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) अक्षय संसाधन (b) स्वच्छ ऊर्जा संसाधन
(c) जीवाश्म ईंधन (d) कोयला ईंधन

Ans. (c) जीवाश्म ईंधन

- जीवाश्म ईंधन, कार्बनयुक्त ईंधन होते हैं यह, लाखों साल पहले सजीवों के मृत अवशेषों से बने होते हैं।

277. ..... को अपेक्षाकृत कम ऊष्मा वाली सामग्री के कारण कोयले के निम्नतम श्रेणी के भूरे रंग वाले कोयले के रूप में भी जाना जाता है।

(D.P. Const. 7 Dec 2020)

(a) लिग्नाइट (b) पीट
(c) बिटुमेन (d) एन्थ्रेसाइट

Ans. (b) पीट

✪ **कोयले की प्रमुख किस्म:-**

कोयले की किस्म	कार्बन की मात्रा
एन्थ्रेसाइट	यह कोयले की सबसे अच्छी किस्म है, इसमें करीब 80-95 प्रतिशत कार्बन होता है। इसका रंग काला या स्टील ग्रे होता है। यह कठोर और भंगुर होता है।
बिटुमेन	इसमें 40 से 80 प्रतिशत कार्बन होता है यह ठोस, सघन और भंगुर होता है। यह लिग्नाइट से बेहतर गुणवत्ता का होता है,लेकिन एन्थ्रेसाइट से कम गुणवत्ता का होता है।
लिग्नाइट	कोयले की एक श्रेणी है जिसे भूरा कोयला भी कहा जाता है। यह एक गहरे भूरे काले रंग का ज्वलनशील खनिज है। इसमें कार्बन की मात्रा करीब 40-75% होती है।
पीट	इसमें कार्बन की मात्रा 40-60 प्रतिशत होती है। पीट में पानी की मात्रा ज्यादा और कार्बन की मात्रा कम होती है।

278. निम्नलिखित में से ऊर्जा का एक गैर-नवीकरणीय स्रोत कौन-सा है?

(D.P. Const. 7 Dec 2020)

(a) सौर ऊर्जा (b) पवन ऊर्जा
(c) जीवाश्म ईंधन (d) जल विद्युत

Ans. (c) जीवाश्म ईंधन

✪ मृत जीवों के लाखों वर्ष पुराने अवशेषों से विभिन्न जैवकीय एवं भू-जैवकीय प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित ईंधन, जीवांश्म ईंधन कहलाते हैं। कोयला एवं पेट्रॉलियम जीवाश्म ईंधन के उदाहरण हैं।

✪ कोयला जीवाश्म ईंधन है, जो अवसादी चट्टानों के रूप में पाया जाता है। कोयला हाइड्रोकार्बन का ही एक रूप है।

✪ **पेट्रोलियम (Petroleum)-** पृथ्वी सतह के नीचे पाए जाने वाले गैसीय या द्रवीय हाइड्रोकार्बनों को सामान्यत: पेट्रोलियम कहते हैं।

279. समुद्री नमक, पराग, राख, धुआँ, कालिख और महीन मिट्टी किससे संबंधित हैं?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) गैसें (b) उल्काएँ
(c) जल वाष्प (d) धूल के कण

Ans. (d) धूल के कण

✪ समुद्री नमक, पराग, राख, धुआँ, कालिख और महीन मिट्टी, ये सभी धूल के कणों से संबंधित है। धूल के कण और नमक के कण हाइग्रोस्कोपिक नाभिक के रूप में काम करते है। इनके चारों ओर पानी जल वाष्प में बदलकर बादल बनाता है।

280. हल्दी पाउडर में किसकी मिलावट होती है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) मैग्नीशियम क्लोराइड
(b) जिंक कार्बोनेट
(c) लेड क्रोमेट
(d) सिलिकॉन ऑक्साइड

Ans. (c) लेड क्रोमेट

✪ हल्दी में लेड क्रोमेट ($PbCrO_4$), हल्दी की रंगत को बेहतर बनाने और इसे अधिक पीला और चमकदार दिखाने के लिए मिलाया जाता है। हल्दी में करक्यूमिन नामक रसायन होता है, जो शरीर में हड्डी की चोट के कारण उत्पन्न सूजन को कम कर सकता है।

पदार्थ	उपयोग
मैग्नीशियम कलोराइड ($MgCl_2$)	भोजन और पेय पदार्थों में मैग्नीशियम को समृद्ध करने के लिए।
जिंक कार्बोनेट ($ZnCO_3$)	त्वचा की समस्याओं के इलाज में।
सिलिकॉन ऑक्साइड (SiO_2)	काँच बनाने में, गिलास, पेय की बोतलों आदि में।

281. सोडियम नाइट्रेट का रासायनिक सूत्र क्या है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) $NaNO_3$ (b) $NaNO_2$
(c) $NaNO_4$ (d) $NaNH_3$

Ans. (a) $NaNO_3$

✪ सोडियम नाइट्रेट ($NaNO_3$) एक रासायनिक यौगिक है।

✪ यह एक मजबूत ऑक्सीकरण एजेंट है।

इसका उपयोग:

✪ उर्वरक, खाद्य परिरक्षक, विस्फोटक आदि के रूप में किया जाता है।

✪ चिली साल्टपीटर जो सोडियम नाइट्रेट है, आमतौर पर प्राकृतिक रूप से चिली और पेरू में पाया जाता है।

282. निम्नलिखित में से किसे व्यापक रूप से आधुनिक रसायन विज्ञान का जनक माना जाता है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2020)

(a) अल्फ्रेड नोबेल (b) एंटोनी लेवोजियर
(c) रॉबर्ट बन्सन (d) विल्हम रोन्टजेन

Ans. (b) एंटोनी लेवोजियर

✪ आधुनिक रसायन विज्ञान के जनक एंटोनी लेवोजियर (1743-1794) को माना जाता है। लेवोजियर ने कई महत्वपूर्ण खोजे की।

(i) दहन में ऑक्सीजन की भूमिका को स्पष्ट रूप से दिखाया।

(ii) उन्होंने रासायनिक पदार्थों के नामकरण की आधुनिक प्रणाली विकसित की।

(iii) उन्होंने द्रव्यमान संरक्षण के नियम की खोज की।

283. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(D.P. Const. 3 Dec 2020)

(a) ओजोन ऑक्सीजन के दो परमाणुओं द्वारा बना एक अणु है।
(b) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) वायुमंडलीय ओजोन में कमी हेतु उत्तरदायी है।
(c) ओजोन का कवच सूर्य से आने वाले पराबैंगनी (UV) विकिरण से पृथ्वी की सतह की रक्षा करता है।
(d) ओजोन एक घातक विष होता है।

Ans. (a) ओजोन ऑक्सीजन के दो परमाणुओं द्वारा बना एक अणु है।

✪ ओजोन ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से मिलकर बनने वाली गैस है जो वायुमंडल में बहुत कम मात्रा में पाई जाती है। इसका रासायनिक सूत्र O_3 है।

✪ यह ऑक्सीजन का अपररूप है ओजोन वायुमंडल के समताप मंडल में एक रक्षात्मक परत के रूप में पाई जाती है, जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी विकरण का अवशोषण करती है ओजोन गैस प्रबल ऑक्सीकारक अपचायक है।

✪ इसका उपयोग वनस्पति तेलों में ,कृत्रिम रेशों के निर्माण में तथा जल के रोगाणुओं को नष्ट करने आदि में किया जाता है।

284. 60 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम सांद्रता ..... युक्त पानी को आमतौर पर सौम्य माना जाता है।

(D.P. Const. 7 Dec 2020)

(a) कैल्शियम कार्बोनेट
(b) पोटैशियम बाइकार्बोनेट
(c) पोटैशियम कार्बोनेट
(d) सोडियम कार्बोनेट

Ans. (a) कैल्शियम कार्बोनेट

✪ **कैल्शियम कार्बोनेट:-** यह प्रकृति में चुने के पत्थर, संगमरमर, खड़िया के रूप में पाया जाता है।

✪ इसका उपयोग दंत मंजन, पाउडर तथा पेस्ट बनाने में किया जाता है यह दीवारों पर सफेदी करने के काम आता है इसका उपयोग सीमेंट उद्योग में भी होता है।

285. नाइट्रस ऑक्साइड एक रंगहीन और गंधहीन पदार्थ है, जिसे ..... के नाम से भी जाना जाता है।

(D.P. Const. 7 Dec 2020)

(a) गुब्बारे (बैलून) की गैस
(b) आँसू (टियर) गैस
(c) हास्य (लाफिंग) गैस
(d) निद्रा (स्लीपिंग) गैस

Ans. (c) हास्य (लाफिंग) गैस

✪ नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) की खोज का श्रेय प्रीस्टले (Pristley) को प्राप्त है। यह एक रंगहीन, अज्वलनशील गैस है जिसकी गंध तथा स्वाद हल्का मीठा होता है।

✪ यह एक ग्रीन हाउस गैस है।

✪ इसका उपयोग एनेस्थेसिया (निश्चेतक) के रूप में किया जाता है।

286. विद्युत् नियंत्रित विज्ञापन के साइनबोर्ड्स की विषय-वस्तु की रात में पठनीयता सक्षम रखने के लिए उसमें निम्नलिखित में से किस गैस का प्रयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 9 Dec 2020)

(a) क्रिप्टॉन (b) हीलियम
(c) नाइट्रोजन (d) नियॉन

Ans. (d) नियॉन

✪ नियॉन एक रासायनिक तत्व है,इसका रासायनिक संकेत Ne है, इसका परमाणु क्रमांक 10 है।

✪ इसे आवर्त सारणी के 18वें समूह में रखा गया है यह एक रंगहीन, गंधहीन, निष्क्रिय गैस है।

✪ नियॉन का सबसे ज्यादा उपयोग विज्ञापन के लिए सर्वव्यापी साइन बोर्ड बनाने में होता है।

✪ इसका उपयोग फ्लोरोसेंट, सोडियम वाष्प और स्ट्रोब लैंप में भी किया जाता है।

287. पानी को कठोर बनाने वाले दो प्रमुख खनिज कौन-से हैं?

(D.P. Const. 16 Dec 2020)

(a) मैग्नीशियम और कैल्शियम
(b) जिप्सम और मैंगनीज
(c) आयरन और सल्फर
(d) सोडियम और पोटैशियम

Ans. (a) मैग्नीशियम और कैल्शियम

✪ मैग्नीशियम (Mg) की परमाणु संख्या 12 तथा द्रव्यमान संख्या 24 है यह आवर्त सारणी के समूह 2, आवर्त 3 तथा s-ब्लॉक में स्थित तत्व है।

✪ मैग्नीशियम धातु का निष्कर्षण मुख्यत: कार्नालाइट ($KCl.MgCl_2.6H_2O$) अयस्क से किया जाता है। यह आघातवर्धनीय और तन्य धातु है।

✪ कैल्शियम का परमाणु संख्या 20 तथा द्रव्यमान संख्या 40 है यह आवर्त सारणी के समहु-2, आवर्त-4 तथा s-ब्लॉक का तत्व है। यह विद्युत का सुचालक होता है।

288. विमानों की ऊंचाई माप करने के लिए कौन-सा यंत्र उपयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) एक्टिनोमीटर (b) सीलोमीटर
(c) एक्सेलेरोमीटर (d) अल्टीमीटर

Ans. (d) अल्टीमीटर

✪ **अल्टीमीटर**- ऊँचाई मापने में।

✪ **एक्टिनोमीटर**- विकिरण की ताप शक्ति को मापने में।

✪ **सीलोमीटर**- बादलों की ऊंचाई और वायुमंडल में ऊर्ध्वाधर दृश्यता को मापने के लिए।

✪ **एक्सेलेरोमीटर**- कंपन के त्वरण मापने के लिए।

289. सोडा लाईम इनमें से किसका मिश्रण है?

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) PbOH + CaO
(b) NaOH + CaO
(c) Na_2CO_3 + CaO
(d) $CaCO_3$ + NaOH

Ans. (b) NaOH + CaO

✪ सोडा लाइम, सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) और कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) का मिश्रण होता है। इसका रासायनिक सूत्र $CaHNaO_2$ होता है।

✪ इसका उपयोग नमी और गैसों को अवशोषित करने में, गैस मास्क में किया जाता है।

290. रेफ्रिजरेटर (प्रशीतक), वातानुकूलक (एसी) तथा एरोसोल स्प्रे में उपयोग किए जाने वाले कौन से रसायन वायु प्रदूषक बनते हैं।

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) सल्फर डाइऑक्साइड
(b) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
(c) क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(d) मीथेन

Ans. (c) क्लोरोफ्लोरो कार्बन

✪ क्लोरोफ्लोरो कार्बन (CFC) एक प्रकार का रासायनिक यौगिक है जो कार्बन, क्लोरीन, और फ्लोरीन के तत्वों से बना होता है। इसे मुख्यत: प्रशीतक (Refrigerants) एरोसोल स्प्रे (aerosol sprays) और अन्य औद्योगिक उपयोगों में प्रयोग किया जाता है।

✪ ये सामान्यत: गंधहीन और रंगहीन होते हैं।

✪ सामान्य परिस्थितियों में ये रासायनिक रूप से स्थिर होते हैं।

291. हरा थोथा का रासायनिक नाम क्या है?

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) फेरस सल्फेट (b) फेरिक ऑक्साइड
(c) फेरिक फॉस्फेट (d) फेरिक हाइड्रॉक्साइड

Ans. (a) फेरस सल्फेट

रासायनिक नाम	रासायनिक सूत्र	सामान्य नाम
फेरस सल्फेट	$FeSO_4.7H_2O$	हरा थोथा
कॉपर सल्फेट	$CuSO_4.5H_2O$	नीला कसीस (थोथा)
कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट	$CaSO_4.1/2H_2O$	प्लास्टर ऑफ पेरिस
अमोनियम क्लोराइड	NH_4Cl	नौसादर
जिंक सल्फाइड	ZnS	ब्लैक जिंक
जिंक सल्फेट	$ZnSO_4.7H_2O$	सफेद थोथा
मरक्यूरिक सल्फाइड	HgS	सिंदूर (सिनेबार)

292. लाल मिट्टी का लाल रंग किसके कारण होता है?

(a) फेरिक ऑक्साइड
(b) फॉस्फोरस ऑक्साइड
(c) सिलिकॉन ऑक्साइड
(d) पोटेशियम ऑक्साइड

Ans. (a) फेरिक ऑक्साइड

✪ फेरिक ऑक्साइड (Fe_2O_3) के कारण मिट्टी का रंग लाल दिखाई देता है। यह प्रकृति में खनिज हेमेटाइट के रूप में पाया जाता है।

293. किण्वन प्रक्रिया की खोज किसने की?

(a) रॉबर्ट कोच (b) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(c) एडवर्ड जेनर (d) लुई पाश्चर

Ans. (d) लुई पाश्चर

✪ किण्वन एक रासायनिक परिवर्तन है; जिसका उपयोग रोटी, शराब, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों को बनाने में किया जाता है।

✪ लुई पाश्चर ने बताया कि गर्मी किण्वन के कारण बनने वाले रोगाणुओं को मार देती है। इस खोज के कारण उन्होंने भोजन में हानिकारक रोगाणुओं को नष्ट करने की एक प्रक्रिया का आविष्कार किया। इस प्रक्रिया को पाश्चुरीकरण कहते है।

294. निम्नलिखित में से कौन-सा 'द्रव में ठोस' प्रकार के विलयन का एक उदाहरण है?
(a) सिरका (b) काँसा
(c) पीतल (d) आयोडीन टिंक्चर

Ans. (d) आयोडीन टिंक्चर

- आयोडीन टिंक्चर, एल्कोहॉल तथा जल में आयोडीन का 2-3% विलयन है इसलिए इसे 'द्रव में ठोस' का विलयन कहते हैं।
- इसका उपयोग घाव को साफ करने और जीवाणु रहित करने में क्योंकि यह एक प्रभावी प्रतिरोधी (ऐन्टीसेप्टिक) है।
- इसका रंग गहरा भूरा होता है।

295. पॉलीपेप्टाइड से एमिनो अम्ल बनने की बहुलीकरण प्रक्रिया को कौन प्रदर्शित करता है?
(a) ट्रांसलेशन (b) ट्रांसक्रिप्शन
(c) एमिनोसाईलेसन (d) रेगुलेशन

Ans. (a) ट्रांसलेशन

- ट्रांसलेशन पॉलीपेप्टाइड से एमीनो अम्ल बनने की बहुलीकरण प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है।

296. मीथेन के लिए सूत्र क्या है?
(a) CH_4 (b) MH_2
(c) M_2H_4 (d) C_2H

Ans. (a) CH_4

- मीथेन का रासायनिक सूत्र CH_4 है।
- यह एल्केन श्रेणी का प्रथम सदस्य है।
- यह रंगहीन व गन्धहीन गैस है। जो ईंधन के रूप में उपयोग की जाती है।
- यह प्राकृतिक गैस का मुख्य घटक है।
- इसे 'भारी गैस' या 'मिथाइल हाइड्राइड' के रूप में भी जानते हैं।

297. पानी के कितने ग्राम से 1 मोल (6.022×10^{23}) पानी के अणु बनते है।
(a) 12 ग्राम (b) 18 ग्राम
(c) 20 ग्राम (d) 24 ग्राम

Ans. (b) 18 ग्राम

- जल में 2 हाइड्रोजन परमाणु 1 ऑक्सीजन परमाणु होता है।
- 1 हाइड्रोजन परमाणु का भार/द्रव्यमान = 1 gm
- 2 हाइड्रोजन परमाणु का भार = 2 gm
- 1 ऑक्सीजन परमाणु का भार = 16 gm

अतः 1 मोल H_2O का भार = 2 + 16 = 18 gm

जीव विज्ञान

298. ..... चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो गुर्दे के अध्ययन से संबंधित है।
(a) न्यूरॉलजी (b) पैथॉलजी
(c) नेफ्रोलॉजी (d) डर्मेटोलॉजी

Ans. (c) नेफ्रोलॉजी

- नेफ्रोलॉजी चिकित्सा विज्ञान में गुर्दे (Kidney) के अध्ययन को कहते हैं।
- नेफ्रोलॉजी में गुर्दे और उनके कार्यों के अध्ययन के साथ-साथ गुर्दे की बिमारियों के उपचार से सम्बन्धित है। इसमें किडनी का इलाज, किडनी का स्वास्थ्य और संरक्षण व किडनी के लिये बेहतर दवाओं से लेकर आहार और किडनी प्रत्यारोपण तक शामिल हैं।
- नेफ्रॉन गुर्दे की क्रियात्मक इकाई है।

299. घास के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है।
(a) इथियोपिया (b) एग्रोस्टोलॉजी
(c) पोमोलॉजी (d) ओस्टियोंलॉजी

Ans. (b) एग्रोस्टोलॉजी

- एग्रोस्टोलॉजी घास के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते हैं।

300. सूक्ष्मजैविकी का जनक कौन है?
(a) हिप्पोक्रिट्स
(b) आर. मिश्र
(c) एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक
(d) एस.आर. कश्यप

Ans. (c) एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक

- एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक को सूक्ष्मजैविकी का जनक माना जाता है।
- एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक ने पौधे की शारीरिक रचना की नींव रखी और पशु के प्रजनन का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया।
- एंटोनी वॉन ल्यूवेन्हॉक नीदरलैंड के डेल्फट में पैदा हुये एक सूक्ष्मदर्शी और जीव विज्ञानी थे। इन्हें बैक्टीरिया की खोज के लिए भी जाना जाता है। इन्होंने वर्ष 1676 में सूक्ष्म जीवों के साथ प्रयोग किया तथा उनका अवलोकन किया।

नोट- सूक्ष्म जीवों के अध्ययन को माइक्रोबायोलॉजी के रूप में जाना जाता है।

301. चिकित्सा विज्ञान के जनक कौन है?
(a) हिप्पोक्रेट्स (b) आर्किमिडीज
(c) अरस्तु (d) विलियम हार्वे

Ans. (a) हिप्पोक्रेट्स

- हिप्पोक्रेट्स को 'चिकित्सा शास्त्र' का जनक माना जाता है। यह एक यूनानी चिकित्सक थे, हिप्पोक्रेटस सिद्धान्त ने यह प्रतिपादित किया कि चार हास्य असन्तुलित होने पर बीमारी से पीड़ित होते है। चार द्रव्यों में काला पित्त, पीला पित्त, रक्त और कफ होता है।
- विलियम हार्वे ने रक्त परिसंचरण की खोज की।
- अरस्तू को 'जंतु विज्ञान का पिता' कहा जाता है।

302. मकड़ी के अध्ययन को क्या कहते हैं?
(a) कृषि विज्ञान (b) प्राणी आचार विज्ञान
(c) पुष्प विज्ञान (d) मर्कटक विज्ञान

Ans. (d) मर्कटक विज्ञान

- मकड़ी के अध्ययन को मर्कटक विज्ञान (आरक्नोलॉजी) कहते हैं।
- मकड़ी, आर्थ्रोपोडा संघ में आती है।

303. रेशम फाइबर के उत्पादन के लिए रेशम कीड़े के पालन को के रूप में जाना जाता है।
(a) एपीकल्चर (b) अर्बोरीकल्चर
(c) सिल्वीकल्चर (d) सेरीकल्चर

Ans. (d) सेरीकल्चर

- रेशम का उत्पादन, रेशम के कीट द्वारा किया जाता है। इसे सेरीकल्चर (Sericulture) कहते हैं।
- **एपीकल्चर**- मधुमक्खियों के पालन के लिए
- **अर्बोरीकल्चर**- वृक्ष उत्पादन संबंधी विज्ञान की शाखा

304. सामान्यतः जलीय अकशेरुकी जीवों में पाए जाने वाले संतुलन के युग्मित अंग कौन-से हैं, जो आमतौर पर संवेदी रोमों वाले द्रव से भरी पुटिका होते हैं?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) रेडुला (b) स्टेटोसिस्ट
(c) नेफ्रिडिया (d) फेरिंक्स

Ans. (b) स्टेटोसिस्ट

- स्टेटोसिस्ट एक संतुलन संवेदी रिसेप्टर है जो कुछ जलीय अकशेरुकी में मौजूद होता है।
- **नेफिरडिया**- अकशेरुकी जीवों का एक अंग है। जो शरीर से चयापचय अपशिष्ट पदार्थ को हटाता है। यह कशेरुकी जीवों के वृक्कों के समान काम करता है। नेफिरडिया, दो तरह के होते हैं- मेटानेफिरडिया, प्रोटोनेफिरडिया।
- फेरिंक्स (ग्रसनी) यह गले का एक हिस्सा है जो मुंह को ग्रासनली और नाक को स्वरयंत्र से जोड़ता है।
- ग्रसनी को ट्रेकिया से जोड़ने वाली संरचना लैरिंक्स होती है, जिसे वॉयस बॉक्स भी कहा जाता है।

305. कीटों में गैसों के आदान-प्रदान के लिए वायु नली के संजाल को क्या कहते हैं?

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) श्वांसनली (ट्रेकिआ)
(b) श्वासरंध्र (स्पाइरकल)
(c) श्वसनी (ब्रांकाई)
(d) नलिका (ट्यूब)

Ans. (a) श्वांसनली (ट्रेकिआ)

- श्वांसनली (ट्रेकिआ) मनुष्य के श्वसन तंत्र का एक प्रमुख अंग है। इसे आमतौर पर विंडपाइप

भी कहा जाता है। यह गले में स्थित एक लंबी और लचीली नली है, जो वायु को गले से फेफड़ों तक पहुंचाने का कार्य करती है।
- यह लगभग 10-12 सेमी लंबी और 2 सेमी चौड़ी होती है। श्वांसनली में 'सी' आकार की उपास्थियों (कार्टिलेज) की छल्लेदार संरचना होती है।

306. प्लेटीहेल्मिन्थीज में पाचन तंत्र में कितने छिद्र होते हैं?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) अनिश्चित (b) दो
(c) एक (d) तीन

Ans. (c) एक

- प्लेटीहेल्मिन्थीज जीवों को सामान्यत: चपटे कृमि (Flatworms) भी कहा जाता है।
- इनमें अपूर्ण पाचन तंत्र पाया जाता है।
- इनमें उत्सर्जन ज्वाला कोशिकाओं द्वारा होता है।
- प्लेटीहेल्मिन्थीज संघ को विभिन्न वर्गों में विभाजित किया गया है। टर्बेलरिया, ट्रेमेटोडा, सेस्टोडा, मोनोजेनिया।

संघ के प्रमुख जीव-

- टीनिया (फीताकृमि), फैसियोला (पर्णकृमि)

नोट:- प्लेनैरिया में पुनरुदभवन की असीम क्षमता होती है। यह ताजे जल में पाया जाता है।

307. फाइलम सीलेन्टरेटा का आधुनिक नाम क्या है?

(a) निडारिया (b) नीमाटो
(c) एनिलिडा (d) प्लेटीहेल्मिन्थीज

Ans. (a) निडारिया

- निडारिया, फाइलम सीलेन्टरेटा का आधुनिक नाम है।
- निडारिया नाम इनकी दंश कोशिका नाइडोब्लास्ट से बना है।

308. निम्नलिखित में से कौन एक उभयचर प्राणी नहीं है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) कछुआ (b) मेंढक
(c) टोड (d) सैलामेंडर

Ans. (a) कछुआ

- उभयचर जीव जल और थल दोनों पर निवास करते हैं।
- इनका शरीर सिर तथा धड़ में विभाजित होता है ये जीव फेफड़ों, गलफड़ों तथा त्वचा के माध्यम से श्वसन करते हैं। ये असमतापी जीव होते हैं। ये अंडे देते हैं।
- उभयचरों का हृदय तीन कक्षकों (दो आलिंद और एक निलय)में बटाँ होता है।

309. पेरीप्लेनेटा अमेरीकाना का साधारण नाम क्या है?

(a) अमेरिकन मेंढक
(b) अमेरिकन कॉकरोच
(c) अमेरिकन फ्लैटवर्म
(d) अमेरिकन केंचुआ

Ans. (b) अमेरिकन कॉकरोच

- अमेरिकन कॉकरोच, पेरीप्लेनेटा अमेरीकाना का साधारण नाम है।

310. दूसरा सबसे बड़ा प्राणी संघ कौन-सा है?

(a) मोलस्का (b) आर्थोपोडा
(c) ऐस्केलमिन्थीज (d) एनेलिडा

Ans. (a) मोलस्का

संघ मोलस्का:
- इनका शरीर तीन भागों में बँटा होता है। सिर, अंतरंग ककुद और पाद।
- इनमें श्वसन गिल्स या टिनीडिया द्वारा होता है।
- उत्सर्जन वृक्कों द्वारा होता है।

उदाहरण- घोंघा, सीपी आदि।

नोट- घोंघा अपने जीवनकाल के दौरान अपना लिंग बदल सकता है।

311. वे जानवर जिनकी कोशिकाएँ बाह्य और आतंरिक झिल्ली के बीच भ्रूण परत में व्यवस्थित रहती हैं, कहलाते हैं।

(a) मोनोब्लास्टिक जानवर
(b) डाईप्लोब्लास्टिक जानवर
(c) सिमेट्रिकल जानवर
(d) ट्रिपलोब्लास्टिक जानवर

Ans. (b) डाईप्लोब्लास्टिक जानवर

- वे जानवर जिनकी कोशिकाएँ बाह्य और आंतरिक झिल्ली के बीच भ्रूण परत में व्यवस्थित रहती हैं। ये डाईप्लोब्लास्टिक जानवर (Animals) कहलाते हैं।
- इन जानवरों में एंडोडर्म, एक्टोडर्म और मेसोडर्म नामक तीन भ्रूणीय परतें मौजूद होती है। कुछ जन्तुओं में कोशिकाएँ दो भ्रूणीय परतों (ट्रिपलोब्लास्टिक जानवर) में व्यवस्थित होती हैं। इन जन्तु को डिप्लोब्लास्टिक जन्तु कहते हैं। डिप्लोब्लास्टिक जानवरों में मेस्ड अनुपस्थित होता है। फाइलम निडारिया और केटेनो फोरा में शामिल जानवर डिप्लोब्लास्टिक जानवर है।

312. किसी जीव को केन्द्रीय अक्ष से एक समतल द्वारा विभाजित करने पर वह जीव दो समरूप भागों में बँट जाता है, यह कहलाता है।

(a) एकलसममिति
(b) असममिति
(c) रेडियल सममिति
(d) द्विभागीय सममिति

Ans. (c) रेडियल सममिति

- किसी जीव को केन्द्रीय अक्ष से एक समतल द्वारा विभाजित करने पर वह जीव दो समरूपों में बँट जाता है। यह रेडियल सममिति (Radial Symmetry) कहलाती है।
- इस प्रकार की सममिति में जीव शरीर को किसी भी मध्य, लंब, अक्ष द्वारा दो समरूपों में विभाजित करते हैं, **जैसे**- सीलेन्ट्रेटा, इकाइनोडर्मेटा प्राणियों में।

313. निम्नलिखित में से वर्गिकीय पदानुक्रम का आरोही क्रम में सही विन्यास चुनिए।

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) Genus Species Family Order Class Phylum Kingdom
(b) Genus Species Family Class Order Phylum Kingdom
(c) Species Genus Family Order Class Phylum Kingdom
(d) Species Genus Family Order Phylum Class Kingdom

Ans. (c) Species Genus Family Order Class Phylum Kingdom

- Species = प्रजाति
- Genus = वंश
- Family = कुल
- Order = गण
- Class = वर्ग
- Phylum = संघ
- Kingdom = जगत

नोट:- पादप वर्ग के लिए Phylum के स्थान पर Division शब्द का उपयोग किया जाता है।

314. हुकवर्म नामक नेमाटोड परजीवी किस वंश से संबंधित है, जो आमतौर पर संक्रमित मिट्टी से फैलता है?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) हिरुडिनेरिया (b) फेसिओला
(c) एंसिलोस्टोमा (d) फेरेटिमा

Ans. (c) एंसिलोस्टोमा

- **निमेटोडा संघ:-** इन प्राणियों का शरीर अनुप्रस्थ काट में गोलाकार होता है, अत: इन्हें गोलकृमि (Round Worm) कहते हैं।
- ये द्विपार्श्व सममिति, त्रिकोरकी तथा कूटप्रगुही प्राणी होते हैं।
- इनका शरीर संगठन अंगतंत्र स्तर का है। आहार नाल पूर्ण होती है। उत्सर्जन नाल शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को उत्सर्जन रंध्र के द्वारा बाहर निकालती है।
- सामान्यत: इन्हें बीमारी फैलाने वाले परजीवी के रूप में जाना जाता है।

315. गॉरगोनिया वेंटालिना (Gorgonia ventalina) खारे पानी के किस अकशेरूकी का वैज्ञानिक नाम है?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) कॉमन समुद्री फैन (b) समुद्री कर्कटी
(c) समुद्री ऐनीमोन (d) समुद्री अर्चिन

Ans. (a) कॉमन समुद्री फैन

- गॉरगोनिया वेंटालिना, जिसे आम समुद्री पंखा और बैंगनी समुद्री पंखा भी कहा जाता है , समुद्री पंखे की एक प्रजाति है, जो गॉरगोनिया परिवार का एक ऑक्टोकोरल है।

316. जीवाणु निम्नलिखित में से किस जगत के एकमात्र सदस्य हैं?

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) पादप (b) प्रोटिस्टा
(c) मोनेरा (d) एनिमेलिया

Ans. (c) मोनेरा

जगत	कोशकीय संघटन	जनन	सदस्य
मोनेरा	एककोशकीय, कोशिका अंगक अनुपस्थित	अलैंगिक जनन (विखण्डन द्वारा)	नीले-हरे शैवाल, जीवाणु
प्रोटिस्टा	एक कोशकीय, सुकेन्द्रकीय, समस्त कोशिका अंगक उपस्थित	अलैंगिक व लैंगिक	प्रोटोजोआ
फंजाई	बहुकोशकीय, सुकेन्द्रकीय	अलैंगिक व लैंगिक	कवक
प्लांटी	बहुकोशकीय	अलैंगिक व लैंगिक	पादप
ऐनिमेलिया	कोशिका अंगक उपस्थित, प्लास्ट्डिस अनुपस्थित	मुख्यत: लैंगिक	जन्तु

317. प्रोटोजोआ शब्द की रचना द्वारा की गयी थी।

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) चार्ल्स डार्विन (b) लैमार्क
(c) रॉबर्ट ग्रांट (d) गोल्डफस

Ans. (d) गोल्डफस

- प्रोटोजोआ नाम सर्वप्रथम गोल्डफस ने 1818 में दिया। प्रोटोजोआ एक कोशिकीय परपोषी होते हैं उनके प्रमुख चार समूह होते हैं।
- सभी प्रोटोजोआ परपोषी होते हैं।

इनको चार समूहों में बाँटा जा सकता है-

1.**अमीबीय प्रोटोजोआ:-** ये अपने शिकार को कूटपादों की सहायता से पकड़ते हैं; **जैसे-** एंटअमीबा।

2. **कशाभी प्रोटोजोआ:-** ये निद्रालु रोग का कारण बनते हैं; **जैसे-** ट्रिपैनोसोमा।

3. **पक्ष्माभी प्रोटोजोआ:-** ये गति करने वाले जीवधारी हैं; **जैसे:** पैरामीशियम

4. **स्पोरोजोआ:-** इसमें मलेरिया परजीवी प्लाजमोडियम आता है।

नोट:- अमीबा में 'स्यूडोपिडिया' पाये जाते हैं।

318. ..... लकड़ी में छिद्र करने वाला शिपवर्म है।

(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) पटेला (b) काइटन
(c) टेरिडो (d) यूमैक्स

Ans. (c) टेरिडो

- शिपवर्म को आमतौर पर 'टेरिडो वर्म' के रूप में जाना जाता है। उन्हें समुद्र के दीमक के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि वे समुद्र के पानी में डूबी हुई लकड़ी में छेद करते हैं।
- टेरेडो नेवेलिस एक समुद्री बाइवल्व मोलस्क है जो टेरेडिनिडे परिवार से संबंधित है, इसे नेवल वर्म भी कहा जाता है, यह कीड़ों में खारे पानी के क्लैम की एक प्रजाति है।

319. निम्नलिखित में से किसे कोशिका का पावर हाउस कहा जाता है?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) राइबोसोम (b) केंद्रक
(c) माइटोकॉण्ड्रिया (d) कोशिका द्रव्य

Ans. (c) माइटोकॉण्ड्रिया

- माइटोकॉण्ड्रिया की खोज कोलिकर नामक वैज्ञानिक ने 1857 ई. में की थी। इसका नामकरण बैण्डा ने किया था।
- जंतु एवं पादप कोशिकाओं में उपस्थित संरचना

नाम	संयोजन	कार्य
प्लाज्मा झिल्ली	प्रोटीन के साथ फॉस्फोलिपिड का दोहरा स्तर	कोशिका को आकार प्रदान करता है।
माइटोकॉण्ड्रिया	अंत: झिल्ली एवं बाह्य झिल्ली	वायवीय कोशिकीय श्वसन, कोशिका का ऊर्जा घर
राइबोसोम	झिल्ली रहित	प्रोटीन संश्लेषण
कोशिका द्रव्य	इसमें स्टार्च एवं ग्लाइकोजन आदि युक्त जलीय पदार्थ होते हैं।	कोशिकांग के लिए माध्यम प्रदान करना
गॉल्जी उपकरण	नलिका एवं पुटिकाएं होती हैं।	प्रोटीन और लिपिड को पैक और संसाधित करना

320. निम्नलिखित में से कौन-सा भाग कोशिका अंगक के बिजली घर के रूप में कार्य करता है।

(a) राइबोसोम (b) साइटोप्लाज्म
(c) लाइसोसोम (d) माइटोकॉण्ड्रिया

Ans. (d)माइटोकॉण्ड्रिया

- माइटोकॉण्ड्रिया कोशिका का वह अंग है जिसे कोशिका का बिजली घर भी कहा जाता है। इसमें कोशिकीय श्वसन होता है इसकी खोज कोलिकर ने 1857 में की थी।
- माइटोकॉण्ड्रिया A.T.P. का संश्लेषण, परिवहन व A.T.P. भण्डारण (Storage) करता है। ये तीन कार्य माइटोकॉण्ड्रिया में होने के कारण माइटोकॉण्ड्रिया को कोशिका का पावर हाउस/ कोशिका शक्तिगृह कहते हैं।

321. निम्नलिखित में से कौन एक एकल कोशिका का उदाहरण है जो अपना आकार बदल सकता है?

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) अमीबा (b) यूग्लीना
(c) पैरामीशियम (d) यीस्ट (खमीर)

Ans. (a) अमीबा

- अमीबा एक एकल कोशिका वाला जीव है जिसे केवल माइक्रोस्कोप से देखा जा सकता है। अमीबा का वैज्ञानिक नाम 'अमीबा प्रोटीस' है।
- अमीबा अपना भोजन एन्डोसाइटोसिस क्रिया द्वारा प्राप्त करता है।
- अमीबा में स्यूडोपोडिया पाये जाते हैं।
- **प्रजनन:** अलैंगिक जैसे- द्विविभाजन
- **भोजन:** फेगोसाइटोसिस प्रक्रिया के माध्यम से ग्रहण करता है।

322. कोशिका के नाभिक की खोज किसने की थी?

(a) रॉबर्ट हुक
(b) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(c) एंटनी वॉन ल्युवेनहॉक
(d) रॉबर्ट ब्राउन

Ans. (d) रॉबर्ट ब्राउन

- 1831 में रॉबर्ट ब्राउन ने कोशिका में केन्द्रक की खोज की थी। केंद्रक यूकैरियोटिक कोशिकाओं में मौजूद एक झिल्ली-बद्ध अंग है। यूकैरियोट्स में, RBC में कोई नाभिक नहीं होता है।

323. कोशिका के सूत्री विभाजन के पश्चात् जनन कोशिका की तुलना में संतति कोशिका में .... बचते हैं।

(a) दोगुने (b) बराबर
(c) कम (d) अधिक

Ans. (b) बराबर

- कोशिका के सूत्री विभाजन के पश्चात् जनन कोशिका की तुलना में संतति कोशिका में बराबर गुणसूत्र बचते हैं। सूत्री विभाजन में एक कोशिका दो कोशिकाओं में विभाजित होती है। जितनी गुणसूत्र (Chromosome) संख्या कोशिका की होती है। उतनी ही गुणसूत्र संख्या संतति कोशिका (Daughter cell) की होती है।

नोट: सूत्री विभाजन केवल कायिक कोशिकाओं में पाया जाता है।

324. निम्नलिखित में से कौन-सा डी.एन.ए. का कार्यात्मक भाग है?
(a) अन्तर्द्रव्यी जालिका
(b) लाइसोसोम
(c) वंशाणु
(d) गॉल्गी उपकरण

Ans. (c) वंशाणु

- वंशाणु डी.एन.ए. का कार्यात्मक भाग है।
- DNA का पूरा नाम डी-ऑक्सीराइबो न्यूक्लिक अम्ल होता है।
- इसकी खोज वाटसन एवं क्रिक ने की थी। इस उपलब्धि के लिए इनको 1962 में इन्हें नोबल पुरस्कार मिला था।

325. निम्न में से किसमें झिल्ली से बंधे कोशिका अंगक (मेमब्रेन-बाउंड सेल ओर्गनेल्स) नहीं होते हैं?
(a) यूकैरियोटिक
(b) प्रोकैरियोटिक
(c) प्रोकैरियोटिक और यूकैरियोटिक
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) प्रोकैरियोटिक

- प्रोकैरियोटिक कोशिका में झिल्ली से बंधे कोशिका अंगक (Mebrane Bound Cell Organals) नहीं होते हैं।
- प्रोकैरियोटिक कोशिका वह होती है जिनमें कोशिका में केन्द्रक सुसंगठित नहीं होता है तथा केन्द्रक झिल्ली भी अनुपस्थित होती है। इसमें कोशिकांग झिल्ली द्वारा परिबद्ध नहीं होते हैं, जैसे- नीले हरे शैवाल, जीवाणु आदि।

326. कोशिका में राइबोसोम की खोज किसने की?
(a) डी. इवानोवस्की (b) स्टीफेंस हाल्स
(c) जॉर्ज पैलेड (d) एलेक जाफरी

Ans. (c) जॉर्ज पैलेड

- राइबोसोम की खोज 1953 में रोमानिया के जीव वैज्ञानिक जॉर्ज पैलेड ने की थी। उन्होंने इस खोज के लिये इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी का प्रयोग किया था। जिसके लिये उन्हें नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

327. इंटेसटिनल म्युकोसल इपीथेलियम में कौन-सी कोशिका म्युकस को स्त्रावित करती है?
(a) गार्ड कोशिका (b) गॉब्लेट कोशिका
(c) रक्त कोशिका (d) काइम कोशिका

Ans. (b) गॉब्लेट कोशिका

- इंटेसटिनल म्युकोसल इपीथेलियम में गॉब्लेट कोशिका म्युकस (Mucus) का स्त्रावण करती है। गॉब्लेट कोशिकाएँ एक ग्रंथिल, परिवधि उपकला ऊतक है। जिसका प्रमुख कार्य म्यूकस या श्लेष्मा उत्पन्न करना है। गॉब्लेट कोशिकाएँ आंत्रिय एवं श्वसन प्रणाली में पाई जाती है।
- इनके द्वारा स्त्रावित म्यूकस विभिन्न प्रकार की रासायनिक विकृति तथा श्वसन प्रणाली के बाहर से आने वाले सूक्ष्म जीवों एवं पर्टिकुलेट मेंटर (Perticulate Mentor) को छानने का काम करती है।

328. माइटोकॉण्ड्रिया के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(D.P. Const. 1 Dec. 2023)
(a) एटीपी (ATP) उत्पन्न करने वाली रासायनिक अभिक्रियाएँ, माइटोकॉण्ड्रिया के गहराई से मुड़े हुए सतह क्षेत्र द्वारा बढ़ जाती हैं।
(b) माइटोकॉण्ड्रिया में दो झिल्लीदार आवरण होते हैं।
(c) माइटोकॉण्ड्रिया अपना प्रोटीन स्वयं बनाने में सक्षम नहीं होते हैं।
(d) शरीर एटीपी (ATP) में संग्रहीत ऊर्जा का उपयोग नए रासायनिक यौगिक बनाने और यांत्रिक कार्यों के लिए करता है।

Ans. (c) माइटोकॉण्ड्रिया अपना प्रोटीन स्वयं बनाने में सक्षम नहीं होते हैं।

- माइटोकॉण्ड्रिया की खोज कोलिकर नामक वैज्ञानिक ने 1857 ई. में की थी।
- जंतु एवं पादप कोशिकाओं में उपस्थित संरचना

काशिकांग	संयोजन	कार्य
प्लाज्मा झिल्ली	प्रोटीन के साथ फॉस्फोलिपिड का दोहरा स्तर	कोशिका को आकार प्रदान करता है।
माइटोकॉण्ड्रिया	अंत: झिल्ली एवं बाह्य झिल्ली	वायवीय कोशिकीय श्वसन, कोशिका का ऊर्जा घर
कोशिका द्रव्य	इसमें स्टार्च एवं ग्लाइकोजन आदि युक्त जलीय पदार्थ होते हैं।	कोशिकांग के लिए माध्यम प्रदान करना

329. यूकैरियोटिक कोशिका निम्नलिखित में से किस जगत में नहीं पायी जाती है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) प्रॉटिस्टा (b) एनिमेलिया
(c) कवक (d) मोनेरा

Ans. (d) मोनेरा

- मोनेरा जगत में सभी प्रोकैरियोटिक तथा एककोशिकीय जीवों को रखा गया है; जैसे- जीवाणु, माइकोप्लाज्मा आदि।
- कवक बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक जीव हैं जो अपना भोजन सड़े गले मृत कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त करते हैं, **उदाहरण**- पेनिसीलिएम, एसपरजिलस, राइजोपस आदि।
- प्रोटिस्टा जगत के अंतर्गत एककोशिकीय यूकैरियोटिक जीव आते हैं ये अलैंगिक और लैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं, **जैसे**- अमीबा, यूग्लीना, शैवाल आदि।

330. कोशिकीय अंगकों और सतह स्थलाकृति प्रतिबिंबन के लिए कोशिका जैविकी शोध में किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अदीप्त क्षेत्र सूक्ष्मदर्शिकी
(b) अवस्था विपर्यासी सूक्ष्मदर्शिकी
(c) प्रतिदीप्ति सूक्ष्मदर्शिकी
(d) क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शिकी

Ans. (d) क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शिकी

- कोशिकीय अंगकों और सतह स्थलाकृति प्रतिबिंबन के लिए कोशिका जैविकी शोध में क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शिकी का उपयोग किया जाता है।

331. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में जंतु कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में केंद्रकीय आवरण के पास बैरल के आकार के अंगकों का युग्म स्थित होता है, जो कोशिका विभाजन के दौरान गठित 'समसूत्री तर्क' को अभिविन्यास प्रदान करता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) तारक केंद्र (b) आधार काय
(c) कशाभ (d) तारककाय

Ans. (a) तारक केंद्र

- तारक केंद्र, कोशिका जीवविज्ञान में एक बेलनाकार कोशिकांग है। यह मुख्य रूप से ट्यूबिलिन नामक प्रोटीन से बना होता है।
- यह जंतु कोशिका में पाया जाता है। यह केंद्रक के समीप होता है। कुछ कवक या शैवाल में भी यह पाया जाता है।

तारक केंद्र के कार्य:-

1. तारक केंद्र जंतु कोशिका के विभाजन के समय तर्क के दोनों ध्रुव तथा एस्टर बनाते हैं।
2. कशाभों की आधार कणिकाएँ भी तारक केंद्र की बनी होती हैं।

332. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे बड़ा द्वि-झिल्ली बद्ध अंगक है, जिसमें कोशिका की सभी आनुवंशिक जानकारी होती है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2023)
(a) नाभिक (b) लाइसोसोम
(c) पेरोक्सीसोम्स (d) राइबोसोम

Ans. (a) नाभिक

- नाभिक कोशिका का एक अहम अंग है नाभिक में डीएनए होता है, जो जीव के लक्षणों को कोड करता है और सभी जैविक कार्यों को नियंत्रित करता है।
- राइबोसोम- यह प्रोटीन और RNA का बना होता है। यह प्रोटीन संश्लेषण में सहायक होता है।
- इसे कोशिका की प्रोटीन फैक्ट्री भी कहा जाता है।

333. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कोशिका चक्र के बारे में सही नहीं है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) M एक अर्द्धसूत्री विभाजन प्रावस्था है।
(b) DNA प्रतिकृति S चक्र में होती है।
(c) कोशिका चक्र का सही क्रम G1, S, G2, M है।
(d) G2 में, प्रावस्था कोशिका विभाजित होने के लिए तैयारी करती है।

Ans. (a) M एक अर्द्धसूत्री विभाजन प्रावस्था है।

कोशिका विभाजन तीन प्रकार का होता है:-
1. समसूत्री विभाजन
2. अर्द्धसूत्री विभाजन
3.असूत्री विभाजन

- अर्द्धसूत्री विभाजन-I के पूर्वप्रावस्था-I में 5 उप-अवस्थाएँ हैं।
- **लेप्टोटीन**- गुणसूत्र पतले एवं खुले रेशे जैसी संरचना में दिखाई देते हैं। इस अवस्था के दौरान गुणसूत्रों का आपस में युग्मन प्रारंभ हो जाता है।
- **जाइगोटीन**- समजात गुणसूत्रों का युग्म बनता है, इसे सूत्रयुग्मन कहते हैं।
- **पैकीटीन**- गुणसूत्र टूटकर चतुर्सयोजन स्तर प्रदर्शित करते हैं।
- **डिप्लोटीन**- इसमें विभाजन सूत्रकेंद्र से शुरू होता है लेकिन समजात गुणसूत्र एकाधिक बिंदुओं पर जुड़े रहते हैं।
- **डायकाइनेसिस**- ध्रुवीकरण लगभग पूर्ण हो जाता है।

334. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, जन्तु कोशिकाओं में नहीं पाया जाता है?

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) माइटोकॉण्ड्रिया (b) गॉल्जी सम्मिश्र
(c) प्लास्टिड (d) अंतर्द्रव्यी जालिका

Ans. (c) प्लास्टिड

- प्लास्टिड (लवक) के मुख्यत: तीन प्रकारों का तुलनात्मक वर्णन निम्न प्रकार है-

हरित लवक/ हरे रंग के लवक	अवर्णी लवक/रंगहीन लवक	वर्णी लवक/ रंगीन लवक
इसमें क्लोरोफिल तथा कैरोटीनॉयड वर्णक होते हैं। ये प्रकाश संश्लेषण में सहायक होते हैं।	ये वर्णहीन लवक होते हैं। इनमें पोषक पदार्थ संग्रहित होते हैं।	ये रंगीन लवक होते हैं। ये फूलों के रंगों, फलों के पकने, पतझड़ के पत्तों तथा गाजर जैसे कुछ जड़ों के रंग के लिए जिम्मेदार हैं।

335. कोशिका से राइबोसोम को अलग करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) आसवन
(b) क्रोमैटोग्राफी
(c) अल्ट्रासेंट्रीफ्यूगेशन
(d) निस्पंदन

Ans. (c) अल्ट्रासेंट्रीफ्यूगेशन

- कोशिका से राइबोसोम को अलग करने के लिए अल्ट्रासेंट्रीफ्यूगेशन विधि का इस्तेमाल किया जाता है।
- राइबोसोम जटिल संरचना वाले सूक्ष्म कण है जो प्रोकैरियोटिक तथा यूकैरियोटिक दोनों प्रकार की कोशिकाओं में पाए जाते हैं।
- राइबोसोम प्रोटीन और RNA से मिलकर बना होता है।
- राइबोसोम को सामान्यत: **प्रोटीन फैक्ट्री** भी कहा जाता है।

336. पादप कोशिकाओं में रिक्तिकाएँ कोशिका के आयतन का कितना प्रतिशत भाग घेर सकती हैं?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) 90 (b) 60
(c) 20 (d) 40

Ans. (a) 90

- एक परिपक्व पौधे की कोशिका में, कोशिका की मात्रा का 90 प्रतिशत हिस्सा एक ही रिक्तिका द्वारा लिया जा सकता है; अपरिपक्व कोशिकाओं में आमतौर पर कई छोटी रिक्तिकाएँ होती हैं।
- यह एकल झिल्ली से घिरी होती है जिसे **टोनोप्लास्ट** कहते हैं।
- यह कोशिका को स्फीति व दृढ़ता प्रदान करती है।

337. कोशिका संरचना के अध्ययन को कहा जाता है।

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) एनाटॉमी (b) मॉर्फोलॉजी
(c) साइटोलॉजी (d) माइकोलॉजी

Ans. (c) साइटोलॉजी

- **विज्ञान की प्रमुख शाखाएँ-**

शाखा	अध्ययन
एपीकल्चर	मधुमक्खियों के पालन का अध्ययन
ओलेरीकल्चर	सब्जियों की कृषि का अध्ययन
एंटोमोलॉजी	कीट-पतंगों का अध्ययन
फ्लोरीकल्चर	फूलों की कृषि का अध्ययन
माइकोलॉजी	फफूंद/कवक सम्बन्धित विषयों का अध्ययन
मॉर्फोलॉजी	जीव एवं भौतिक जगत की आकारिकी का अध्ययन
एनाटॉमी	जीवों की शारीरिक संरचना और उनके अंगों का अध्ययन

338. 1952 में अमेरिकी आण्विक जीवविज्ञानी जोशुआ लेडरबर्ग (Joshua Lederberg) द्वारा जीवाणु कोशिकाओं में निम्नलिखित में से क्या पहली बार किया गया था जिसे उन्होंने प्लाज्मिड नाम दिया था?

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) संपुटिका (b) प्लाज्मिड
(c) कोशिका द्रव्य (d) पाइली

Ans. (b) प्लाज्मिड

- प्लाज्मिड शब्द को लैडरबर्ग द्वारा 1952 में रिंग की तरह स्व-प्रतिकृति अतिरिक्त क्रोमोसोमल डबल स्ट्रैंडर्ड DNA के लिए प्रस्तुत किया गया था जो प्रोकैरियोटिक साइटोप्लाज्म में पाया जा सकता है।
- प्लाज्मिड को अक्सर मिनीक्रोमोसोम कहा जाता है।

प्लाज्मिड के गुण
1. ये जीवाणु गुणसूत्र को अलग से दोहराते हैं।
2. ये जीवाणु गुणसूत्र के कुछ जीनों को उठा सकते हैं और स्थानांतरित कर सकते हैं।
3. ये एपिसोम के रूप में कार्य करते हैं और जीवाणु गुणसूत्र में विपरीत रूप से एकीकृत होते हैं।

339. कोशिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) कोशिका का पावरहाउस प्लास्टिड होता है।
(b) जीवाणु कोशिका में सेल्यूलोज होता है।
(c) कोशिका की कोशिका झिल्ली कठोर और सख्त होती है।
(d) कोशिका जीवन की क्रियात्मक इकाई है।

Ans. (d) कोशिका जीवन की क्रियात्मक इकाई है।

- कोशिका जीवित जीवों की आधारभूत संरचनात्मक तथा प्रक्रियात्मक इकाई है।
- कोशिकाओं को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है प्रोकैरियोटिक और यूकैरियोटिक

प्रोकैरियोटिक कोशिका

- ये प्रारंम्भिक कोशिकाएँ होती हैं।
- इनमें अविकसित केंद्रक होता है।
- इनमें केंद्र झिल्ली तथा केंद्रिका अनुपस्थित होता हैं।
- इनके डीएनए में हिस्टोन नहीं होता है।
- इनमें राइबोसोम 70s प्रकार का होता है।
- इनकी कोशिकाएँ सामान्यत: छोटी होती है।
- इनमें कोशिका विभाजन विखंडन अथवा मुकुलन द्वारा होता है।

यूकैरियोटिक कोशिका

- ये विकसित कोशिकाएँ होती हैं।
- इनमें केंद्रक झिल्ली तथा केंद्रिका उपस्थित होती है।
- इनमें केंद्रक डीएनए हिस्टोन से जुड़ा होता है।
- इनमें राइबोसोम 80s प्रकार का होता है।
- इनमें समसूत्री और अर्द्धसूत्री कोशिका विभाजन होता है।

340. कोशिका केंद्रक की खोज द्वारा की गई थी।

(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) रुडोल्फ विरचो (Rudolf Virchow)
(b) रॉबर्ट ब्राउन (Robert Brown)
(c) मैथियास श्लेडेन (Matthias Schleiden)
(d) रॉबर्ट हुक (Robert Hook)

Ans. (b) रॉबर्ट ब्राउन (Robert Brown)

- कोशिकीय अंग और उनके खोजकर्ता

कोशिकीय अंग	खोजकर्ता	वर्ष
कोशिका	रॉबर्ट हुक	1665
जीवित कोशिका	ल्यूवेनहॉक	1674
केंद्रक	रॉबर्ट ब्राउन	1831
माइटोकॉण्ड्रिया	अल्बर्ट वॉन कोलिकर	1857
गॉल्जी बॉडी	केमिलो गॉल्जी	1898
राइबोसोम	पैलेड	1953

341. ऊतकों के अध्ययन को कहा जाता है।

(a) वर्गीकरण (b) स्पर्मोलॉजी
(c) ऊतक विज्ञान (d) नेत्र विज्ञान

Ans. (c) ऊतक विज्ञान

- ऊतकों के अध्ययन को ऊतक विज्ञान (हिस्टोलॉजी) कहते हैं।
- ऊतक (tissue) कोशिकाओं का एक समूह है जिनकी संरचना और कार्य समान होते हैं।

342. ऊपरी और निचले एपीडर्मी के बीच पाए जाने वाले ऊतक कहलाते हैं?

(a) मेसोफिल (b) पिथ
(c) वस्कुलर बंडल (d) स्टोमैटा

Ans. (a) मेसोफिल

- मेसोफिल, ऊपरी व निचले एपिडर्मी के बीच पाये जाने वाला ऊतक है। यह पर्ण मध्योत्तक पत्ती की दो एपिडर्मल कोशिका परतों के बीच स्थित आंतरिक जमीनी ऊतक है। यह दो प्रकार के ऊतकों से मिलकर बना है।

343. मानव शरीर में पाया जाने वाला कौन-सा ऊतक सबसे कठोर और अस्थिमय ऊतक कहलाता है?

(a) उपास्थि (b) कोलेजन
(c) अस्थि (d) उपकला ऊतक

Ans. (c) अस्थि

- मानव शरीर में पाया जाने वाला सबसे कठोर ऊतक व अस्थिमय ऊतक 'अस्थि ऊतक' कहलाता है।
- यह शरीर को आकार व सहारा प्रदान करता है। साथ ही शरीर के कुछ अंगों को सुरक्षा प्रदान करता है।
- खोपड़ी की नितंबस्थि और कनपटी की हड्डी मानव शरीर की सबसे मजबूत हड्डी है।
- अस्थि ऊतकों में मज्जा, अन्तस्थिकला और पेरिओस्टियम, तन्त्रिकायें, रक्त वाहिकायें व उपास्थि शामिल हैं।
- वयस्क मानव शरीर में 206 अस्थियाँ होती हैं।

344. जीव विज्ञान की वह कौन-सी शाखा है जिसके तहत ऊतकों का अध्ययन किया जाता है?

(a) ऊतक विज्ञान
(b) टिश्यूलॉजी
(c) शरीर रचना विज्ञान
(d) विकृति विज्ञान

Ans. (a) ऊतक विज्ञान

- जीव विज्ञान की वह शाखा जिसके तहत ऊतकों का अध्ययन किया जाता है, ऊतक विज्ञान या हिस्टोलॉजी कहलाती है।

345. ..... पौधों में मिट्टी से जल तथा पोषक तत्वों के परिवहन के लिए पाइप की तरह नलिकाएँ हैं।

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) अधिचर्म
(b) संवहनी ऊतक
(c) विभज्योतकी (मेरिस्टेमेटिक) ऊतक
(d) कोलेनकाइमा

Ans. (b) संवहनी ऊतक

- संवहनी ऊतक, पौधों में पानी और खनिज पदार्थों के परिवहन के लिए जिम्मेदार होता है।
- संवहनी प्रणाली में प्रमुख ऊतक दो प्रकार के होते हैं- जाइलम और फ्लोएम।
- जाइलम का प्रमुख कार्य जड़ों द्वारा अवशोषित जल तथा खनिज लवणों को पौधे के विभिन्न भागों तक पहुँचाना है।
- फ्लोएम का मुख्य कार्य पौधे के हरे भागों में निर्मित भोज्य पदार्थों को दूसरे भागों तक पहुँचाना है।

346. पत्तियों की सतह पर मौजूद रंध्र (स्टोमेटा) किस प्रक्रिया द्वारा पानी का वाष्पीकरण करता है?

(D.P. Const. 07 Dec 2017)

(a) प्रकाश संश्लेषण (b) वाष्पोत्सर्जन
(c) परिवहन (d) वाष्पीकरण

Ans. (b) वाष्पोत्सर्जन

- वाष्पोत्सर्जन (Transpiration) एक जैविक प्रक्रिया है, जिसमें पौधे अपने पत्तों और तनों की सतह से पानी को वाष्प के रूप में वायुमंडल में छोड़ते हैं। यह प्रक्रिया मुख्य रूप से पत्तियों के रंध्र (stomata) के माध्यम से होती है।
- **वाष्पोत्सर्जन के प्रकार:**
  1. स्टोमेटल वाष्पोत्सर्जन: रंध्रों के माध्यम से होने वाला वाष्पोत्सर्जन।
  2. क्यूटिक्युलर वाष्पोत्सर्जन: पत्तों की क्यूटिकल (मोम जैसे परत) से पानी का वाष्पीकरण।

347. रैफलेसिया अर्नोल्डी किस बात के लिए प्रसिद्ध है?

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) यह पादप जगत का सबसे लंबा पौधा है
(b) पादप जगत में इसकी सबसे बड़ी पत्तियाँ हैं
(c) इसका तना (ट्रंक) सबसे मोटा होता है
(d) पादप जगत में इसका सबसे बड़ा पुष्प है

Ans. (d) पादप जगत में इसका सबसे बड़ा पुष्प है

- वंश रैफलेसिया, जिसमें विशाल फूलों वाली किस्में हैं, जो हॉटस्पॉट की उल्लेखनीय पौधों की प्रजातियों में से एक है। रैफलेसिया अर्नोल्डी इनमें से एक है जो दुनिया का सबसे बड़ा फूल है।

348. परागकणों की बाह्य परत एक्सीन निम्न में से किसकी बनी होती है, जो एक अत्यधिक प्रतिरोधी कार्बनिक पदार्थ है।

(a) माइक्रोपोलेनिन (b) इनटाइन
(c) स्पोरोपोलेनिन (d) माइक्रोस्पोर टेट्रेड

Ans. (c) स्पोरोपोलेनिन

- स्पोरोपोलेनिन रासायनिक रूप से एक निष्क्रिय जैविक बहुलक (Polymer) है।
- यह पौधों के बीजाणुओं और परागकणों की कठोर बाहरी दीवारों का एक प्रमुख घटक है। यह मिट्टी और तलछट में संरक्षित रहता है।

349. स्वपोषी ..... का स्थिरीकरण कर सकते हैं।

(D.P. Const. 15 Nov. 2023)

(a) ऑक्सीजन
(b) मेथेन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड

Ans. (c) कार्बन डाइऑक्साइड

✪ स्वपोषी जीव कार्बन डाइऑक्साइड को स्थिर कर सकते हैं, स्वपोषी जीव, वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अपने मुख्य कार्बन स्रोत के रूप में लेते हैं और इसे कार्बनिक यौगिकों में बदलते है। इस प्रक्रिया को कार्बन डाइऑक्साइड फिक्सेशन कहते हैं।
✪ 'स्वपोषी जीवों में पौधे, कुछ बैक्टीरिया, शैवाल और प्लवक शामिल हैं।
✪ स्वपोषी जीवों की ऊर्जा और कार्बन की जरूरतें प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया से पूरी होती हैं।

350. पौधों में तने और जड़ों का आकार किस ऊतक के कारण बढ़ता है?
(a) शीर्षस्थ विभाज्योतक
(b) अंतरीय अभिज्योतक
(c) पश्च अभिज्योतक
(d) मृदूतक
Ans. (a) शीर्षस्थ विभाज्योतक

✪ पादप ऊतक दो प्रकार के होते हैं-
1. विभाज्योतक 2. स्थाई ऊतक
✪ विभाज्योतक तीन प्रकार के होते हैं-
(i) शीर्ष विभाज्योतक
(ii) पार्श्व विभाज्योतक
(iii) अन्तर्वेशी विभाज्योतक
(i) **शीर्ष विभाज्योतक (एपिकल मेरिस्टेम):** यह ऊतक पादप के शीर्ष भाग तने और जड़ों की कोशिकाओं में पाया जाता है।
✪ यह ऊतक पौधे की 'प्राथमिक वृद्धि' के लिये उपयोगी होता है। इस ऊतक का निर्माण प्राथमिक विभज्योतिकी (Primary Meristem) के द्वारा होता है।

351. ..... एपीडर्मी कोशिकाओं में पायी जाने वाली वे एककोशिकीय लम्बी आकृतियाँ हैं जो मिट्टी से जल एवं खनिजों का अवशोषण करती हैं।
(a) मूलरोम (b) रक्षी कोशिकाएँ
(c) स्टोमैटा (d) उपचर्म
Ans. (a) मूलरोम

✪ मूलरोम जड़ की बाह्य त्वचा (Epiblema) पर अति वृद्धि के रूप में पैदा होते हैं। मूलरोम जड़ की एपीब्लेमा की जिन कोशिकाओं से पैदा होते हैं उन कोशिकाओं को ट्राइकोब्लास्ट (Trichoblast) कहते हैं। मूलरोम मृदा से जल व खनिज अवशोषण का कार्य करते हैं।

352. जीवों की वह घटना क्या है जिसमें मादा जननकोष गर्भाधान के बिना नए जीव बनाने के लिए विकसित होता है?
(a) जेनोगेमी (b) पार्थिनोजेनेसिस
(c) मोनोगेमी (d) सिंगेमी
Ans. (b) पार्थिनोजेनेसिस

✪ पार्थिनोजेनेसिस वह घटना है जिसमें मादा जननकोष गर्भाधान के बिना नए जीव बनाने के लिए विकसित होता है। अनिषेकजनन (Parthenagenesis) प्रजनन की वह प्रक्रिया है जिससे अण्ड (Ovum) या मादा युग्म निषेचन के बिना ही भ्रूण तथा नये पादपों का विकास हो जाता है।
उदाहरण- शहद की मक्खियाँ, चीटियाँ, पक्षी आदि शामिल है।

353. पत्तियों के एपिडर्मिस में पायी जाने वाली वे संरचनाएँ है। जो वाष्पोत्सर्जन और गैसीय अंतरण की प्रक्रिया को नियंत्रित करती हैं।
(a) स्ट्रीएटेड (b) विली
(c) स्टोमेटा (d) क्रोमैटिन
Ans. (c) स्टोमेटा

✪ स्टोमेटा (रंध्र) एक छोटा छिद्र है। ये वे संरचनाएँ है जो पत्तियों के एपिडर्मिस में पायी जाती है तथा वाष्पोत्सर्जन और गैसीय अंतरण की प्रक्रिया को नियन्त्रित करती है।
✪ यह ज्यादातर पौधों की पत्तियों के नीचे की सतह पर पाये जाते हैं। स्टोमेटा दो सॉसेज के आकार की गार्ड कोशिकाओं के आंतरिक दबाव के जबाव में खुलता व बन्द होता है। इससे जब CO_2 का स्तर सामान्य से कम होता है तो गार्ड कोशिकाएँ कठोर हो जाती है और स्टोमेटा बंद हो जाता है।
कार्य:
✪ CO_2 ग्रहण करने की अनुमति देने के लिये।
✪ वाष्पीकरण के कारण पानी की हानि को सीमित करने के लिए।

354. तने अथवा शाखाओं पर पत्तियों की व्यवस्था कहलाती है।
(a) स्पिनोटैक्सी (b) पल्मोटैक्सी
(c) टेंड्रोटैक्सी (d) फाइलोटैक्सी
Ans. (d) फाइलोटैक्सी

✪ तने अथवा शाखा पर पत्तियों के क्रमबद्ध ढंग से लगने की प्रक्रिया को पर्णविन्यास कहते हैं।
✪ यह तीन प्रकार का होता है-
(i) एकांतर प्रकार- गुड़हल, सरसों और सूर्यमुखी के पौधे की पत्तियों में यह क्रम पाया जाता है।
(ii) सम्मुख प्रकार- कोलोट्रोपिस (आक) और अमरूद के पौधे की पत्तियों में यह क्रम पाया जाता है।
(iii) चक्करदार प्रकार- एल्सटोनिआ (डेविल-ट्री) के पौधे की पत्तियों में यह क्रम पाया जाता है।

355. पौधों में अंडाशय के भीतर अंडाणुओं की व्यवस्था को क्या कहा जाता है?
(a) पुष्पदल विन्यास (b) अपरान्यास
(c) युग्मक जनन (d) युग्मज जनन
Ans. (b) अपरान्यास

✪ पौधों में अंडाशय के भीतर अंडाणुओं की व्यवस्था अपरान्यास कहलाती है।

356. एंजियोस्पर्म में, अपने बीज में एक से अधिक भ्रूण पैदा करने की घटना को ..... कहा जाता है।
(a) न्यूक्लियरएम्ब् र्योनी
(b) मोनोएम्ब्र्योनी
(c) पोल्येम्ब्र्योनी
(d) डाईएम्ब्र्योनि
Ans. (c) पोल्येम्ब्र्योनी

✪ एंजियोस्पर्म में, अपने बीज में एक से अधिक भ्रूण पैदा करने की घटना को 'पोल्येम्ब्र्योनी' कहते हैं।
✪ पोल्येम्ब्र्योनी (Polyembryony) के निम्न कारण होते हैं।
1. भ्रूण में एक से अधिक अंडों का विकास तथा निषेचन होना।
2. ओव्यूल (बीजाण्ड) में बहुत सी भ्रूण थैलियाँ (Embryo sac) पैदा होना।
3. सिनर्जिड तथा एन्टीपोडल से भ्रूण का विकास होना।
4. सिनर्जिड तथा एन्टीपोडल कोषा ओव्यूल से वनस्पतिक भ्रूणों का पैदा होना।

357. फूलों का मादा प्रजनन अंग निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) मोनोएसियम (b) जेसियम
(c) जायांग (d) पुंकेसर
Ans. (c) जायांग

✪ पादप पौधों में भी नर और मादा जनन अंग होते हैं।
✪ पौधों के ये जनन अंग पुष्पों और फलों के भीतर पाये जाने वाले बीजों में पाये जाते हैं। पुष्प का नर अंग 'पुंकेसर' और मादा अंग 'जायांग' कहलाता है।

358. द्वितीयक जाइलम के हल्के रंग वाले बाह्य क्षेत्र को और अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(a) सैपवुड (b) हार्टवुड
(c) स्प्रिंगवुड (d) लेटवुड
Ans. (a) सैपवुड

✪ द्वितीयक जाइलम के हल्के रंग वाले बाह्य क्षेत्र को सैपवुड (Sapwood) नाम से जाना जाता है।
✪ सैपवुड पेड़ों की द्वितीयक लकड़ी की बाहरी, जीवित पर्त है जो पेड़ के सिर तक पानी और खनिजों के परिवहन से जुड़ी हुई है। इन्हें अल्बर्नम भी कहा जाता है।

359. अंडाशय के समीप स्थित नली (फनल) के आकार का भाग क्या कहलाता है?
(a) वायुकोष्ठिका (b) स्तन ग्रंथि
(c) अंडवाहिनी (d) गर्भाशय ग्रीवा
Ans. (a) वायुकोष्ठिका

✪ अंडाशय के समीप स्थित नली (फनल) के आकार का भाग वायु कोष्ठिका (Infundibulum) कहलाता है। यह फैलोपियन नलिका (Tube) का अण्डाशय के निकट का वह भाग है जो कीप (Cone) / फनल के आकार का होता है।

360. आम तौर पर द्विबीजपत्री पौधों की पत्तियों में किस प्रकार की शिरा रचना पाई जाती है?
(a) छिलके वाली शिरा रचना
(b) डंठल वाली शिरा रचना
(c) जाल वाली शिरा रचना
(d) समान्तर शिरा रचना
Ans. (c) जाल वाली शिरा रचना

✪ आमतौर पर द्विबीजपत्री पौधों की पत्तियों में 'जाल वाली शिरा' रचना पायी जाती है। द्वि बीजपत्री पौधे वे होते हैं जिनके भ्रूण बीज में दो बीज पत्र होते हैं। जैसे- चना, मटर, सेम प्रमुख द्विबीजपत्री पौधे हैं।

361. पौधों में दिन और रात के प्रति पायी जाने वाली संवेदना का गुण कहलाता है।
(a) फोटोपीरियडिज्म (b) फोटोवेनेशन
(c) वर्नलाइजेशन (d) वेनेशन
Ans. (a) फोटोपीरियडिज्म

✪ पौधों में दिन-रात के प्रति संवेदन का गुण फोटोपीरियडिज्म कहलाता है। पौधों में पुष्पन की क्रिया के लिये दिन की एक निश्चित लम्बाई की आवश्यकता होती है। पुष्पन की क्रिया के लिये आवश्यक प्रकाश की समयावधि या दिन और रात की आपेक्षित समयावधि जो कि पुष्पन की क्रिया में उपयोगी है। उसे दीप्ति काल (Photoperiod) कहा जाता है।

362. निम्नलिखित में से कौन-सी वनस्पति जगत की सबसे प्रमुख वनस्पति है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) टेरिडोफाइट (b) एंजियोस्पर्म
(c) जिम्नोस्पर्म (d) ब्रायोफाइटा
Ans. (b) एंजियोस्पर्म

✪ जिन पौधों के बीज फलों के अंदर ढके होते हैं उन्हें एंजियोस्पर्म (आवृतबीजी) कहते हैं।

आवृतबीजी पौधों के प्रकार:-

एकबीजपत्री	द्विबीजपत्री
इनके बीज में केवल एक बीजपत्र उपस्थित होता है।	इनके बीज में द्विबीजपत्र उपस्थित होता है।
इनकी पत्तियों में समानांतर शिरा विन्यास होता है।	इनकी पत्तियों में जालिकावत शिरा विन्यास होता है।
इनके पुष्पों के भाग तीन या तीन के गुणांक में होते हैं।	इनके पुष्पों के भाग चार या पांच के गुणांक में होते हैं।
इनकी जड़े रेशेदार होती हैं।	इनकी जड़े मुसला होती हैं।
उदाहरण- मक्का ,धान गेहूं, प्याज, नारियल आदि।	**उदाहरण**- आलू , सूर्यमुखी, नीम, मटर आदि।

363. पादप जगत के उभयचर हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) कवक (b) शैवाल
(c) टेरिडोफाइट्स (d) ब्रायोफाइट्स
Ans. (d) ब्रायोफाइट्स

ब्रायोफाइटा
✪ ब्रायोफाइटा में मॉस तथा लिवरवर्ट आते हैं।
✪ ये नमी तथा छायादार क्षेत्रों पाये जाते हैं।
✪ इनमें संवहन ऊतक जाइलम और फ्लोएम का पूर्णत: अभाव होता है।
✪ ये वनस्पति जगत के उभयचर कहलाते हैं।
उदाहरण- मॉस, लिवरवर्ट, हॉर्नवर्ट

टेरिडोफाइटा
✪ टेरिडोफाइटा बीज रहित संवहन पादप हैं।
✪ टेरिडोफाइटा बीज रहित संवहन पादप हैं।
✪ ये नमी युक्त स्थानों पर पाये जाते हैं।
✪ इनमें जाइलम तथा फ्लोएम युक्त संवहन बण्डल पाए जाते हैं।
✪ इनका शरीर जड़, तने तथा पत्तियों में विभाजित होता है।
✪ इनमें पीढ़ी एकान्तरण पाया जाता है।
उदाहरण- सिलेजिनैला, साल्विनिया, मार्सिलिया, आदि।

364. पादपों में, कौन-सा हॉर्मोन कोशिकाओं की लंबाई बढ़ाने में मदद करता है?
(D.P. Const. 22 Nov. 2023)
(a) साइटोकाइनिन (b) ऑक्सिन
(c) जैसमोनेट (d) एथीलिन
Ans. (b) ऑक्सिन

✪ पादप हॉर्मोन, पादपों की जैविक क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। ये प्रमुख रुप से पाँच प्रकार के होते हैं- (1) ऑक्सिन (2) जिबरेलिन (3) साइटोकाइनिन (4) एब्सिसिक एसिड (5) एथीलिन

पादप हार्मोन	कार्य
ऑक्सिन	पौधों की वृद्धि को प्रेरित करना, फलों के गिरने, अनिषेक फलन, फलों के विलगन को समय से पहले होने से रोकता है।
जिबरेलिन	इस हॉर्मोन से बौनी प्रजाति के पौधों की लम्बाई में वृद्धि होती है यह बीज रहित फल उत्पादन में भी सहायक होता है।
साइटोकाइनिन	कोशिका विभाजन को प्रेरित करता है।
एब्सिसिक एसिड	यह पौधों को ठंड, सूखा जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने में मदद करता है।
एथीलिन	यह एकमात्र गैसीय हॉर्मोन है जो फलों को पकाने में मदद करता है।

365. प्लास्टिड (plastid) से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(D.P. Const. 23 Nov. 2023)
(a) क्रोमोप्लास्ट, पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए जिम्मेदार होते हैं।
(b) ल्यूकोप्लास्ट, सफेद या रंगहीन प्लास्टिड होते हैं।
(c) ल्यूकोप्लास्ट, मुख्य रूप से वे अंगक होते हैं, जिनमें स्टार्च, तेल और प्रोटीन कणिकाओं जैसे पदार्थ जमा होते हैं।
(d) प्लास्टिड का अपना डीएनए (DNA) और राइबोसोम नहीं होता है।
Ans. (d) प्लास्टिड का अपना डीएनए (DNA) और राइबोसोम नहीं होता है।

✪ प्लास्टिड केवल पादप कोशिकाओं में पाए जाते है।
✪ प्लास्टिड की भीतरी रचना में बहुत सी झिल्ली वाली परतें होती हैं जो स्ट्रोमा में स्थित होती हैं।
✪ प्लास्टिड तीन प्रकार के होते हैं-
(i) **क्रोमोप्लास्ट**- ये रंगीन प्लास्टिड हैं जैसे-लाल, पीला आदि।
(ii) **ल्यूकोप्लास्ट**- ये श्वेत तथा रंगहीन प्लास्टिड होते हैं।
(iii) **क्लोरोप्लास्ट**- इसमें क्लोरोफिल (हरे रंग) वर्णक होता है, ये प्रकाश संश्लेषण में सहायक होते हैं।

प्लास्टिड का कार्य है:-
✪ फूलों तथा फलों को रंग प्रदान करना।
✪ प्रकाश संश्लेषण में सहायता करना।
✪ पोषक तत्वों को संग्रहित करना।

366. प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान निम्नलिखित चरणों के सही क्रम का चयन कीजिए।

(D.P. Const. 28 Nov. 2023)

i. क्लोरोफिल प्रकाश ऊर्जा को अवशोषित करने में सहायता करता है।
ii. प्रकाश ऊर्जा, रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है और जल का अणु ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं में विभाजित हो जाता है।
iii. कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बोहाइड्रेट में रूपांतरित हो जाती है।

सही कथन का चयन करें-

(a) ये सदैव i > ii > iii के क्रम में क्रमिक रूप से घटित होते हैं।
(b) चरण i पहले आता है और चरण ii एवं iii अगले चरण में एक साथ घटित होते हैं।
(c) चरण i एवं चरण ii सदैव एक साथ घटित होते हैं और चरण iii किसी भी अन्य समय घटित हो सकता है।
(d) इन चरणों का एक के बाद एक तुरंत घटित होना आवश्यक नहीं है।

Ans. (a) ये सदैव i > ii > iii के क्रम में क्रमिक रूप से घटित होते हैं।

- प्रकाश संश्लेषण एक जैविक क्रिया है। जिसके द्वारा पौधे, शैवाल और कुछ बैक्टीरिया सूर्य के प्रकाश, जल, कार्बन डाइऑक्साइड और क्लोरोफिल का उपयोग करके अपना भोजन तैयार करते हैं।
- पौधे सूर्य की 1% ऊर्जा को ही ग्रहण करते हैं।
- पौधे अपना भोजन स्टार्च के रूप में संचित करते हैं।

$$6CO_2 + 6H_2O \xrightarrow[\text{सूर्य का प्रकाश}]{\text{क्लोरोफिल}} \underset{\text{ग्लूकोज}}{C_6H_{12}O_6} + 6O_2$$

367. निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना कार्बोहाइड्रेट का संग्रहण करती है?

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) इलायोप्लास्ट (b) एमाइलोप्लास्ट
(c) एल्यूरोप्लास्ट (d) क्लोरोप्लास्ट

Ans. (b) एमाइलोप्लास्ट

- **एमाइलोप्लास्ट** स्टार्च (कार्बोहाइड्रेट) का भंडारण करता है यह बड़े आकार का अवर्णी एवं रंगहीन लवक है।
- **इलायोप्लास्ट** वसा को संचित करता है।
- **प्रोटीनोप्लास्ट** प्रोटीन को संचित करता है।

368. निम्नलिखित में से कौन-सा मिट्टी बांधने के लिए उपयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) ब्रायोफाइट्स (b) टेरिडोफाइट्स
(c) शैवाल (d) कवक

Ans. (b) टेरिडोफाइट्स

- टेरिडोफाइट्स संवहनी, अपुष्पी पादप हैं जो बिजाणु के माध्यम से प्रजनन करते हैं।
- इनमें पुष्प और बीज न होने के कारण इन्हें क्रिप्टोगैम में शामिल किया गया है।

टेरिडोफाइट्स के प्रमुख लक्षण:-

- मुख्य पादप बीजाणुभिद होते हैं साथ ही जड़, तना तथा पत्तियों मे बंटे होते हैं।
- पौधें बीजाणु जनक होते हैं एवं जनन प्रक्रिया बीजाणु द्वारा होती है।
- संवहनी ऊतक (जाइलम तथा फ्लोएम) पादप शरीर में उपस्थित होते हैं।

369. लाल शैवाल के वर्ग का सामान्य नाम क्या है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) रोडोफाइसी (b) क्लोरोफाइसी
(c) जैंथोफाइसी (d) फियोफाइसी

Ans. (a) रोडोफाइसी

शैवाल का प्रकार	सामान्य नाम	कोशिका भित्ति	उदाहरण
क्लोरोफाइसी	हरे-शैवाल	सेल्युलोज	क्लैमाइडोमोनास युलोथ्रिकस
फियोफाइसी	भूरे शैवाल	सेल्युलोज तथा एलजिन	फ्यूकस, लैमिनेरिया
रोडोफाइसी	लाल शैवाल	सेल्युलोज	जिलेडियम, पोराफाइरा

370. निम्नलिखित में से कौन-सा टेरिडोफाइटा का एक उदाहरण है?

(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) फ्यूनेरिया (b) सैल्वीनिया
(c) स्फेग्नम (d) पॉलीट्राइकम

Ans. (b) सैल्वीनिया

- सैल्वीनिया एक जलीय फर्न है यह टेरिडोफाइट है और विषमबीजाणुक पौधा है।
- टेरिडोफाइटा शब्द हेकेल द्वारा दिया गया।
- टेरिडोफाइटा समूह के पौधे नमी छायादार स्थानों एवं पहाड़ों पर अधिक पाये जाते हैं।

371. फाइलम एंजियोस्पर्म (Phylum Angiosperms) के बारे में दिए गए कथनों में से कौन-से सही हैं?

(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

A. एंजियोस्पर्म गैर-संवहनी पौधे हैं जिनमें तने, जड़ें और पत्तियाँ होती हैं।
B. एंजियोस्पर्म के बीज अनावृत्त होते हैं।
C. पृथ्वी पर अधिकांश पौधे इससे संबंधित होते हैं।
D. बीज पौधे के अंगों के अंदर विकसित होते हैं और फल बनाते हैं।

(a) केवल A और C
(b) केवल A, B और C
(c) केवल B, C और D
(d) केवल C और D

Ans. (d) केवल C और D

- ऐसे पादप जिनके बीज फलों के भीतर स्थित होते हैं। आवृत्तबीजी कहलाते हैं इन्हें पुष्पीय पादप भी कहा जाता है।
- इनमें पुष्प ही प्रजनन अंग का कार्य करते हैं।
- यह वनस्पति जगत के सर्वाधिक विकसित पादप हैं जो जड़, तना, पत्ती, फल, फूल आदि सभी पादप संरचनाओं से युक्त होते हैं।

372. व्यापक रूप से वितरित तैरते जलीय पादपों की एक प्रजाति का नाम बताइए, जो अब तक ज्ञात सबसे छोटा एकबीजपत्री पादप है और इसमें अधिकतम कुल प्रोटीन मात्रा पाई जाती है।

(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) अजोला (Azolla)
(b) जल कुंभी (Water Hyacinth)
(c) पिस्टिया (Pistia)
(d) वोल्फिया (Wolffia)

Ans. (d) वोल्फिया (Wolffia)

- वोल्फिया जलीय पौधों की प्रजाति है इनमें सबसे छोटे फूल वाले पौधे शामिल हैं।
- इन्हें सामान्यतः रुटलेस या डकवीड कहा जाता है।
- यह एक संभावित उच्च प्रोटोन पशुधन खाद्य स्रोत है।

373. पादपप्लवक (फाइटोप्लांकटन) होते हैं।

(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के द्वितीयक उपभोक्ता
(b) तालाब पारिस्थितिकी तंत्र के तृतीयक उपभोक्ता
(c) झील पारिस्थितिकी तंत्र के प्राथमिक उपभोक्ता
(d) तालाब पारिस्थितिकी तंत्र में उत्पादक

Ans. (d) तालाब पारिस्थितिकी तंत्र में उत्पादक

- पादप प्लवक बहुत छोटे जलीय पौधे होते हैं जो तालाब, नदी, सागर और झील में जल की सतह पर मुक्त रूप से तैरते रहते हैं।
- इनमें क्लोरोफिल पाया जाता है, जिससे ये प्रकाश संश्लेषण कर सकते हैं।
- ये खाद्य-शृंखला में प्राथमिक स्तर पर होते हैं तथा जलजीवों के लिए मुख्य भोजन स्रोत हैं।

374. रोडोफाइसी कुल के किस जीनस में शाखाओं की एक खड़ी शृंखला होती है और एककोशिकीय मूलाभासों के माध्यम से अधःस्तर से जुड़ा एक तंतुल शयान खंड होता है?

(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) डिक्टिओटा (Dictyota)
(b) पॉलीसाइफोनिया (Polysiphonia)
(c) लैमिनेरिया (Laminaria)
(d) सारगैसम (Sargassum)

Ans. (b) पॉलीसाइफोनिया (Polysiphonia)

- रोडोफाइसी लाल शैवाल हैं। इनका लाल रंग लाल वर्णक R-फाइकोएरिथ्रिन के कारण होता है।
- इनमें क्लोरोफिल a, d पाया जाता है।
- ये समुद्र के गरम क्षेत्र में अधिक पाये जाते हैं।
- ये अपना भोजन फ्लोरिडियन स्टार्च के रूप में संचित करते हैं। उदाहरण- पॉलीसाइफोनिया, ग्रेसिलेरिया और जिलेडियम आदि।

375. विटामिन A के बारे में दिए गए कथनों में से कौन-से सही हैं?

कथन A: बीटा-कैरोटीन विटामिन A का पूर्ववर्ती (precursor) है।

कथन B: पत्तेदार हरी सब्जियाँ और पीले फल विटामिन A के अच्छे स्रोत हैं।

(D.P. Const. 16 Nov. 2023)

(a) न तो कथन A और न ही कथन B
(b) A और B दोनों कथन
(c) केवल कथन B
(d) केवल कथन A

Ans. (b) A और B दोनों कथन

- बीटा-कैरोटीन, कैरोटीनॉयड नामक रंगीन पिगमेंट का हिस्सा है यह कई फलों और सब्जियों में पाया जाता है।
- गाजर का लाल रंग **बीटा-कैरोटीन** के कारण होता है।
- सेब का लाल रंग **एंथोसायनिन** के कारण होता है।
- **कैरोटीन**- यह नारंगी रंग का वर्णक है जो प्रकाश संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

376. निम्नलिखित में से कौन-सा भोजन का एक मुख्य अकार्बनिक स्रोत है?

(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) अनाज (b) माँस
(c) जल (d) सब्जियाँ

Ans. (c) जल

- जल एक ध्रुवीय अकार्बनिक यौगिक है।
- मानव शरीर का ज्यादातर हिस्सा पानी से बना होता है। आमतौर पर, यह शरीर का करीब 60% हिस्सा होता है।

377. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज हमारे शरीर में सबसे प्रचुर मात्रा में है?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) फॉस्फरोस (b) कैल्शियम
(c) कॉपर (d) आयरन

Ans. (b) कैल्शियम

- कैल्शियम (Ca), हमारे शरीर में सबसे ज्यादा मात्रा में पाया जाने वाला खनिज है, यह शरीर के कुल वजन का करीब 1.5 से 2% होता है।
- यह हड्डियों और दाँतों के निर्माण में मदद करता है।
- कैल्शियम रक्त के थक्के जमने, मांसपेशियों के संकुचन, तंत्रिका आवेग संचरण, हृदय की कार्यप्रणाली आदि के लिए भी आवश्यक है। इसकी कमी से हड्डियाँ विकृत हो जाती हैं।

नोट: कैल्शियम पौधों के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व है।

378. जीवित प्राणियों में रासायनिक बॉण्ड्स के रूप में ऊर्जा के भंडार पाये जाते हैं, ऊर्जा के यह रसायन कहलाते हैं।

(a) मेटाबॉलिज्म
(b) डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल
(c) एडीनोसिन ट्राइ फॉस्फेट
(d) राइबोन्यूक्लिक अम्ल

Ans. (c) एडीनोसिन ट्राइ फॉस्फेट

- जीवित प्राणियों में रासायनिक बॉण्ड्स के रूप में ऊर्जा के भण्डार पाये जाते हैं। ये ऊर्जा के रसायन एडीनोसिन ट्राइ फॉस्फेट (A.T.P.) कहलाते है। इसमें उचित कार्य को बनाए रखने के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है।
- A.T.P. कोशिकाओं को ऊर्जा देने का कार्य करता है।

379. विटामिन B_3 का रासायनिक नाम है।

(a) बायोटिन (b) राइबोफ्लेविन
(c) नियासिन (d) थाइमीन

Ans. (c) नियासिन

- विटामिन B_3 का रासायनिक नाम नियासिन है।

विटामिन	रासायनिक नाम
विटामिन-A	रेटिनॉल
विटामिन-B_1	थाइमीन
विटामिन-C	एस्कॉर्बिक अम्ल

380. हरे पालक में प्रचुर मात्रा में होता है।

(D.P. Const. 05 Dec 2017)

(a) विटामिन A
(b) विटामिन B
(c) विटामिन C
(d) सभी विकल्प सही हैं

Ans. (d) सभी विकल्प सही हैं

- विटामिन A का रासायनिक नाम रेटिनॉल है इसकी कमी से रतौंधी रोग हो जाता है।
- विटामिन B और C जल में घुलनशील है।
- विटामिन A, D, E और K वसा में घुलनशील है।

381. निम्नलिखित में से कौन-सा रक्त प्रोटीन प्लाज्मा में पानी की मात्रा को नियंत्रित करता है?

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) एल्बुमिन
(b) ग्लोबुलिन
(c) फिबुलिन
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (a) एल्बुमिन

- रक्त प्लाज्मा में एल्बुमिन प्रोटीन मौजूद होता है, जो पानी की मात्रा को नियंत्रित करता हैं।
- अंडे का सफेद भाग एल्बुमिन का बना होता है।
- एल्बुमिन जल में घुलनशील होती है।

382. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?

(a) कैल्सिफेरॉल (b) एस्कॉर्बिक एसिड
(c) टोकोफेरॉल (d) फिलोक्विनॉन

Ans. (c) टोकोफेरॉल

- विटामिन E का रासायनिक नाम टोकोफेरॉल है।
- विटामिन A का रासायनिक नाम रेटिनॉल है।
- विटामिन C का रासायनिक नाम एस्कार्बिक अम्ल है।
- विटामिन D का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल है।
- विटामिन K का रासायनिक नाम फिलोक्विनॉन है।

383. कार्बोहाइड्रेट शरीर में _____ के रूप में संग्रहित होता है।

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) ग्लाइकोजन (b) शर्करा
(c) स्टार्च (d) सुक्रोज

Ans. (a) ग्लाइकोजन

- कार्बोहाइड्रेट शरीर में ग्लाइकोजन के रूप में संग्रहित होता है।
- कार्बोहाइड्रेट को ग्लाइकोजन के रूप में यकृत और मांसपेशियों में संग्रहित किया जाता है।
- मांसपेशियों की गतिविधि के लिए भी ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है।

384. भोजन में ऐसे यौगिक क्या कहलाते हैं जो लाभकारी आँत सूक्ष्मजीवों की वृद्धि या सक्रियता को प्रेरित करते हैं?

(D.P. Const. 22 Nov. 2023)

(a) पोस्टबायोटिक (b) अबायोटिक
(c) एंटीबायोटिक (d) प्रीबायोटिक

Ans. (d) प्रीबायोटिक

- प्रीबायोटिक जीवित सूक्ष्मजीव होते हैं जो पर्याप्त मात्रा में लेने पर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं उदाहरण- पनीर जैसे डेयरी उत्पाद, जैतून, सौंफ, और अचार जैसी संरक्षित सब्जियाँ आदि।
- एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल जीवाणु संक्रमणों के इलाज के लिए किया जाता है।

385. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आड़ू रस प्यूरी में पाया जाने वाला सबसे आम सैकेराइड है, जिसका लगभग 55% से 80% हिस्सा शर्करा अंश है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) रैफिनोस (b) गैलेक्टोज
(c) सुक्रोज (d) ओलिगोफ्रुक्टोज

Ans. (c) सुक्रोज

- सुक्रोज एक डाइसैकेराइड अणु है। यह दो मोनोसैकेराइड, एक ग्लूकोज और एक फ्रुक्टोज से मिलकर बना होता है।
- यह पौधों में कार्बन के परिवहन में मदद करता है और ऊर्जा के भंडारण के रूप में भी कार्य करता है। इसे आसानी से फ्रुक्टोज और ग्लूकोज में तोड़ा जा सकता है जिसका उपयोग एटीपी उत्पादन के लिए किया जाता है।

386. टेबल शुगर (Table Sugar) में अधिकतर क्या शामिल होता है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) ग्लूकोज (b) सुक्रोज
(c) फ्रक्टोज (d) माल्टोज

Ans. (b) सुक्रोज

- टेबल शुगर को सुक्रोज कहते हैं। यह एक डाइसैकेराइड है, जो ग्लूकोज और फ्रुक्टोज से मिलकर बना होता है, टेबल शुगर, सफेद रंग की चीनी होती है। इसका रासायनिक सूत्र $C_{12}H_{22}O_{11}$ है।

387. निम्नलिखित में से कौन-सा भोजन आयरन से भरपूर नहीं है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) मटर (b) पालक
(c) लाल माँस (d) नींबू

Ans. (d) नींबू

- नींबू में सिट्रिक अम्ल होता है।
- नींबू के रस का pH औसतन 2.3 होता है, जो बहुत ज्यादा अम्लीय होता है।
- सिट्रिक अम्ल कार्बनिक अम्ल होता है।
- नींबू में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है। इसके अलावा, इसमें पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम, ताँबा, फॉस्फोरस और क्लोरीन जैसे तत्व भी होते हैं।

388. शरीर में जब ग्लूकोज उपलब्ध नहीं होता है तब निम्नलिखित में से किसका उपयोग ऊर्जा के स्रोत के रूप में किया जा सकता है?

(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) लैक्टिक अम्ल (b) वसीय अम्ल
(c) कार्बोनिक अम्ल (d) अमीनो अम्ल

Ans. (b) वसीय अम्ल

पोषक तत्व	कार्य
कार्बोहाइड्रेट	शरीर को ऊर्जा प्रदान करना।
प्रोटीन	शरीर में ऊतकों और कोशिका की मरम्मत करना।
वसा	ऊर्जा का भंडारण और शरीर को ऊष्मा प्रदान करना।
विटामिन और खनिज	शरीर की रोगों से रक्षा करना।
फाइबर	पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाना।
जल	शरीर के तापमान को नियंत्रित करना।

389. डेक्सट्रोज को सामान्य रूप में किस नाम से जाना जाता है?

(a) ग्लूकोज (b) फ्रक्टोज
(c) सेल्यूलोज (d) सुक्रोज

Ans. (a) ग्लूकोज

- डेक्सट्रोज (Dextrose) एक स्टेराइल solution है जिसे हमारे शरीर में शिरा के माध्यम से इंजेक्ट किया जाता है। यह हमारे शरीर को विभिन्न मात्रा में शर्करा युक्त तरल पदार्थ प्रदान करता है। जब हम पर्याप्त तरल पीने में असमर्थ होते हैं। डेक्सट्रोज को सामान्य रूप से ग्लूकोज (Glucose) भी कहते हैं।

390. कौन-सा पदार्थ कैल्शियम, विटामिन D और विटामिन B_{12} से भरपूर है?

(D.P. Const. 3 Dec. 2023)

(a) गाय का दूध
(b) गहरे हरे पत्ते वाली सब्जियाँ
(c) सोया दूध
(d) अंडे

Ans. (c) सोया दूध

विटामिन	रासायनिक नाम	स्रोत	कमी से होने वाले रोग
विटामिन A	रेटिनॉल	गाजर, दूध, लीवर	रतौंधी, जेरोफ्थैल्मिया
विटामिन B_1	थायमिन	गेंहू, दूध, सब्जी	बेरी- बेरी
विटामिन B_2	राइबो-फ्लेविन	अंडा, गेंहू, मटर	किलोसिस
विटामिन B_3	नियासिन	यकृत, मटर	पेलाग्रा
विटामिन B_9	फोलिक अम्ल	यीस्ट	रक्तक्षीणता, नवजात शिशुओं में तंत्रिका ट्यूब दोष
विटामिन B_{12}	सायनोको-बालमिन	यकृत, मक्का	मेरुदंड का कमजोर होना
विटामिन C	एस्कॉर्बिक अम्ल	खट्टे फल	स्कर्वी

391. हमारे शरीर का कौन-सा अंग पाचन के लिए उत्तरदायी है?

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) हृदय (b) आमाशय ग्रंथियाँ
(c) वृक्क (d) हाथ

Ans. (b) आमाशय ग्रंथियाँ

- आमाशय में जठर ग्रंथियों में मुख्य रूप से तीन प्रकार की कोशिकाएँ पाई जाती हैं।
  1. मुख्य कोशिकाएँ जो प्रोएंजाइम पेप्सिनोजेन का स्राव करती हैं।
  2. श्लेषमा ग्रीवा कोशिकाएँ जो म्यूकस का स्राव करती हैं।
  3. ऑक्सिन्टिक कोशिकाएँ जो हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) और नैज कारक स्रावित करती हैं।

392. कौन सी धमनी मानव शरीर में ऑक्सीजन-युक्त रक्त का परिवहन नहीं करती है?

(D.P. Const. 05 Dec 2017)

(a) कॉर्डियक आर्टरी (b) रेनल आर्टरी
(c) हिपैटिक आर्टरी (d) पल्मोनरी आर्टरी

Ans. (d) पल्मोनरी आर्टरी

- फुफ्फुस धमनी (pulmonary artery) वह धमनी है जो हृदय के दाहिने भाग से वि-ऑक्सीकृत (deoxygenated) रक्त को फुफ्फुस (फेफड़ों) में ले जाती है।
- धमनियों (Arteries) के प्रमुख बिंदु:- रुधिर को हृदय से विभिन्न अंगों में ले जाती हैं।
- फेफड़ों में जाने वाली फुफ्फुसीय धमनियों (Pulmonary Arteries) के अतिरिक्त इनमें शुद्ध रक्त प्रवाहित होता है।
- धमनियाँ शरीर में काफी गहराई में स्थित होती हैं।

393. ऑक्सीजन युक्त हवा को शरीर में लेने की प्रक्रिया कहलाती है।

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) प्रश्वसन (b) नि:श्वसन
(c) प्रवर्तन (d) अन्वेषण

Ans. (a) प्रश्वसन

- श्वसन एक जैव रासायनिक प्रक्रिया है।
- साँस लेते समय नाक से हवा को अंदर खींचना प्रश्वसन कहलाता है साँस लेते समय नाक से हवा को बाहर निकालने की क्रिया को नि:श्वास कहते हैं।

394. मानव की आवाज का उत्पादन ..... में कंपन के कारण होता है।

(a) श्वासनली (b) स्वर-रज्जु
(c) फेफड़ों (d) नासिका

Ans. (b) स्वर-रज्जु

- मानव की आवाज का उत्पादन स्वर-रज्जु में कंपन के कारण होता है। स्वर-रज्जु जिन्हें आवाज के तार या वोकल कार्ड भी कहते हैं।
- मनुष्यों और कुछ अन्य जीवों में गले के भीतर स्थित स्वर ग्रन्थि (लैरिंक्स) के अन्दर मौजूद (म्यूकस मेम्ब्रेन) होती है। जिनके कप-कपाने से जीव बोल पाते हैं।
- स्वर ग्रन्थि और उसके भीतरी अंग, जैसे स्वर-रज्जु (Vocal Cords) स्वर ग्रन्थि या स्वर यन्त्र मनुष्यों और अन्य स्तनधारी जीवों के गले में मौजूद एक ग्रन्थि होती है। जिसके उपयोग से व्यक्ति/जीव भिन्न-भिन्न प्रकार की ध्वनियाँ बोल पाते हैं।

395. पिट्यूटरी ग्रंथि से जुड़ी है।
(a) ग्लूकोमा (b) फेफड़े
(c) मस्तिष्क (d) अग्न्याशय

Ans. (c) मस्तिष्क

- पिट्यूटरी (पीयूष)ग्रंथि को मास्टर ग्रंथि भी कहते हैं। क्योंकि यह अंत: स्रावी ग्रंथियों पर कंट्रोल (नियंत्रण) रखती है।
- यह ग्रंथि हाइपोथैलेमस द्वारा नियंत्रित की जाती है जो पिट्यूटरी ग्रंथि से एक पतली नाजुक संवहनी संबंध द्वारा जुड़ा होता है। जिसे पिट्यूटरी आधार कहते हैं।
- यह ग्रंथि अग्र भाग और पश्च भाग दोनों से हॉर्मोन स्त्रावित करती है।
- पीयूष ग्रंथि के अग्र भाग से वृद्धि हॉर्मोन, लैक्टोसेनिक हॉर्मोन, स्रावित होते हैं।
- पीयूष ग्रंथि के पश्च भाग से वेसो प्रेसिन और ऑक्सीटोसिन हॉर्मोन स्रावित होते हैं।
- पीयूष ग्रंथि सेला टर्सिका नामक अस्थि गुहा में स्थित होती है।

396. गलगण्ड ..... ग्रंथि का एक रोग है।
(a) पिट्यूटरी (b) अग्नाशय
(c) अधिवृक्क (d) थाइरॉइड

Ans. (d) थाइरॉइड

- थाइरॉइड ग्रंथि का रोग गलगण्ड (Goitre) है।
- गलगण्ड या घेंघा के रोग में थाइरॉइड ग्रंथि का आकार बढ़ने लगता है तथा इसमें सूजन आने लगती है। इसका प्रमुख कारण आयोडीन की कमी है। इस रोग में थाइरॉइड ग्रंथि की कार्य क्षमता कम या ज्यादा बढ़ जाती है या फिर सामान्य भी रह सकती है।

397. निम्नलिखित में से कौन एक अंत: स्त्रावी ग्रंथि है?
(a) पीयूष ग्रंथि (b) लार ग्रंथि
(c) स्वेद ग्रंथि (d) वसा ग्रंथि

Ans. (a) पीयूष ग्रंथि

- पीयूष ग्रंथि, अंत: स्त्रावी ग्रंथि है।
- अंत: स्त्रावी ग्रंथियां, उन ग्रंथियों को कहते हैं जो अपने हॉर्मोन को सीधे रक्त में छोड़ते हैं क्योंकि अंत: स्रावी ग्रंथियां नलिका विहीन होती हैं। रक्त द्वारा हॉर्मोन शरीर (Body) के विभिन्न भागों में पहुँचता है।
- प्रमुख अंत:स्त्रावी ग्रन्थियां निम्न हैं-

अन्त: स्रावी ग्रंथि	हॉर्मोन
पीयूष (पिट्यूटरी) ग्रंथि	वृद्धि हॉर्मोन
अधिवृक्क (एड्रिनल) ग्रंथि	कोर्टिसोल हॉर्मोन
अवटु (थाइरॉइड) ग्रंथि	थायरोक्सिन (T4), ट्राईआयोडोथायोनिन (T3) और कैल्सीटोनिन
पिनियल ग्रंथि	मेलाटोनिन हॉर्मोन
हाइपोथैलेमस ग्रंथि	मोचक हॉर्मोन

398. थायरॉइड ग्रंथि क्या स्त्रावित करती है?
(a) मैलेनोसाइट उत्तेजक हॉर्मोन
(b) कैल्सीटोनिन
(c) ऑक्सीटोसिन
(d) वैसोप्रेसिन

Ans. (b) कैल्सीटोनिन

- कैल्सीटोनिन एक हॉर्मोन है जो 32 अमीनो एसिड अवशेषों से मिलकर बना है। जो कैल्सीटोनिन पैरा फॉलिक्युलर परा (पुटकीय) कोशिकाओं या थॉयराइड ग्रन्थि की कोशिकाओं द्वारा स्त्रावित होता है।

399. मानव शरीर में निम्नलिखित में से कौन-सा भाग रक्त से अपशिष्ट पदार्थ को छानता है?
(a) फेफड़े (b) गुर्दे
(c) आंत (d) हृदय

Ans. (b) गुर्दे

- गुर्दे, (Kidney) मानव शरीर का वह भाग है जो रक्त से अपशिष्ट पदार्थों को छानता है। किडनी शरीर में अनावश्यक द्रव्यों और पदार्थों को मूत्र द्वारा दूर कर खून का शुद्धीकरण करती हैं और शरीर में क्षार एवं अम्ल का सन्तुलन कर रक्त में इनकी उचित मात्रा बना कर रखती हैं। इस प्रकार Kidney शरीर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखती है।

किडनी के कार्य-

- खून का शुद्धीकरण।
- अपशिष्ट उत्पादों को निकालना।
- शरीर में पानी का सन्तुलन बनाये रखना।
- अम्ल व क्षार का सन्तुलन बनाये रखना।
- खून के (Pressure) दाब पर नियन्त्रण।
- रक्त कणों के उत्पादन में सहायता करना।

400. श्वसन एक प्रक्रिया है जिसमें जीव ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कम ऊर्जा मुक्त करते हैं।
(a) परपोषित (b) स्वपोषी
(c) ऑक्सीय (d) अनॉक्सी

Ans. (d) अनॉक्सी

- अनॉक्सी श्वसन- यह श्वसन की वह क्रिया है जिसमें कार्बनिक पदार्थों का अपूर्ण ऑक्सीकरण स्वतन्त्र ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में होता है और CO_2 व इथाइल एल्कोहॉल या लैक्टिक एसिड का निर्माण होता है तथा ऊर्जा मुक्त होती है।

401. श्वसन ऑक्सीजन की सहायता से ऊर्जा उत्पादन की एक प्रक्रिया है।
(a) वायवीय (b) स्वपोषी
(c) अवायवीय (d) परपोषित

Ans. (a) वायवीय

- वायवीय (एरोबिक) श्वसन ऑक्सीजन की सहायता से ऊर्जा उत्पादन की एक प्रक्रिया है।
- वायवीय श्वसन एक जैविक प्रक्रिया है जिसमें भोजन, ऑक्सीजन की उपस्थिति में ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है।
- वायवीय श्वसन का रासायनिक समीकरण निम्न है-
- $(C_6H_{12}O_6) + 6\ (O_2) \rightarrow 6\ (CO_2) + 6\ (H_2O) + 673\ (ATP)$

402. निम्न में से कौन-सा अंग आयनों को नियंत्रित कर रक्त प्लाज्मा को अत्याधिक अम्लीय अथवा क्षारीय होने से बचाता है?
(a) उदर (b) वृक्क
(c) पित्ताशय (d) आंत

Ans. (b) वृक्क

- किडनी (वृक्क) आयनों को नियन्त्रित कर रक्त प्लाज्मा को अत्यधिक अम्लीय अथवा क्षारीय होने से बचाता है। किडनी का मुख्य कार्य खून को शुद्ध करना और शरीर में पानी एवं क्षार का संतुलन कर के मूत्र बनाना है। शरीर से मूत्र निकालने का कार्य मूत्र वाहिनी, मूत्राशय और मूत्र नलिका द्वारा होता है। स्त्री व पुरुष दोनों के शरीर में सामान्यत: दो किडनी होती हैं।

403. यदि किडनी ठीक से कार्य नहीं कर रही है तो उसमें यूरिया की अतिरिक्त मात्रा इकट्ठी हो जाती है, यह स्थिति कहलाती है।
(a) स्तवक वृक्कशोध
(b) गुर्दा खराब हो जाना
(c) गुर्दे की पथरी
(d) यूरीमिया

Ans. (d) यूरीमिया

- यदि किडनी ठीक से कार्य नहीं कर रही है तो उसमें यूरिया की अतिरिक्त मात्रा इकट्ठी हो

जाती है। यह यूरीमिया कहलाती है। यह एक खतरनाक स्थिति है जिसमें रोगी की किडनी के कार्य में कमी से जुड़े अपशिष्ट उत्पाद आपके रक्त में मूत्र और अपशिष्ट उत्पाद संचय के प्रभावों को संदर्भित करता है। यह पूरे शरीर को प्रभावित कर देता है जिसमें किडनी ठीक से कार्य नहीं कर पाती है तथा यूरिया की अधिकता के कारण प्रभावित होती है। इस रोग को यूरीमिया कहते हैं।

404. शुद्ध मणिभीय (क्रिस्टलीय) रूप में पृथक पहला किण्वक (एंजाइम) कौन-सा था?

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) केटालेज
(b) यूरीज
(c) लाइपेज
(d) कोई विकल्प सही नहीं है

Ans. (b) यूरीज

- शुद्ध क्रिस्टलीय रूप में पृथक होने वाला पहला एंजाइम यूरीज था।
- यह एंजाइम यूरिया के हाइड्रोलिसिस को उप्रेरित करता है। जिससे अमोनिया एवं कार्बन डाई ऑक्साइड का निर्माण होता है।

405. अधिवृक्क ग्रंथि क्या स्त्रावित करती है?

(a) थाइरॉक्सिन (b) एस्ट्रोजन
(c) कोर्टिसॉल (d) THS

Ans. (c) कोर्टिसॉल

- कोर्टिसॉल (Cortisol) स्टेरॉयड हॉर्मोन्स में से एक है, एड्रेनल ग्लैण्ड द्वारा इस हॉर्मोन (Hormone) का निर्माण होता है। शरीर की अधिकांश कोशिकाओं में कोर्टिसॉल रिसेप्टर्स होते हैं। इस हॉर्मोन का स्रावन हाइपोथैलेमस, पिट्यूटरी ग्रन्थि व एड्रेनल ग्लैण्ड द्वारा नियन्त्रित किया जाता है।

406. पश्च पीयूष ग्रंथि क्या स्त्रावित करती है?

(a) प्रोजेस्टेरोन (b) एस्ट्रोजन
(c) मेलाटोनिन (d) ऑक्सीटोसिन

Ans. (d) ऑक्सीटोसिन

- पश्च पीयूष ग्रंथि का पश्च जिसे न्यूरो हाइपोफिसिस (पर्सिनर्वोसा) कहा जाता है। यह ऑक्सीटोसिन छोड़ता है। ऑक्सीटोसिन को हाइपोथैलेमस द्वारा संश्लेषित किया जाता है और इसे अक्षीय रूप से न्यूरो हाइपोफिसिस में ले जाया जाता है।
- ऑक्सीटोसिन हमारे शरीर की चिकनी पेशियों पर कार्य तथा उनके संकुचन को उत्तेजित करता है। महिलाओं में बच्चे के जन्म के समय गर्भाशय के एक जोरदार संकुचन और स्तन ग्रन्थि से दूध के निकलने को उत्तेजित करता है। इस कारण इसे जन्म हॉर्मोन भी कहा जाता है।

407. शीर्षग्रंथि क्या स्त्रावित करती है?

(a) एंड्रोजन (b) मेलाटोनिन
(c) ग्लूकोजन (d) इंसुलिन

Ans. (b) मेलाटोनिन

- शीर्ष ग्रंथी या पीनियल ग्लैण्ड (Pineal Gland) मनुष्य के पृष्ठवंश मस्तिष्क में स्थित एक छोटी-सी अन्त: स्त्रावी ग्रन्थि है जो मेलाटोनिन को स्त्रावित करती है, जागने-सोने व मौसमी गतिविधियों का नियमन करने वाला हार्मोन है।

408. हीमोग्लोबिन के निर्माण के लिए निम्नलिखित में से किसकी आवश्यकता होती है?

(D.P. Const. 21 Nov. 2023)

(a) Ca (b) Cu
(c) P (d) Fe

Ans. (d) Fe

- हीमोग्लोबिन के निर्माण के लिए आयरन एक जरूरी खनिज है। यह लाल रक्त कोशिकाओं का एक हिस्सा होता है। इसका प्रमुख कार्य ऑक्सीजन का परिवहन करना है।

409. निम्नलिखित में से किसे एंजाइम के रूप में जाना जाता है?

(D.P. Const. 2 Dec. 2023)

(a) ग्राही (b) शारीरिक गतिविधि
(c) क्रियाधार (d) जैविक उत्प्रेरक

Ans. (d) जैविक उत्प्रेरक

ग्रंथि	एंजाइम	पोषक पदार्थ
लार	टायलिन	मण्ड (स्टार्च)
आमाशयी रस	रेनिन पेप्सिन	केसीन प्रोटीन
अग्नाशय रस	एमाइलेज लाइपेज ट्रिप्सिन	स्टार्च वसा प्रोटीन
आंत्र रस	माल्टेज सुक्रेज इरेप्सिन लाइपेज	माल्टोज सुक्रोज प्रोटीन वसा

नोट-
i लार में लाइसोजाइम पाया जाता है जो बैक्टीरिया को नष्ट करता है।
ii रेनिन मुख्यत: शिशुओं में पाया जाता है।

410. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन पाचक एंजाइम, छोटी आँत में स्रावित होता है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) पित्तरस (b) लाइपेज
(c) ट्रिप्सिन (d) पाचक रस

Ans. (c) ट्रिप्सिन

- ट्रिप्सिन एक प्रोटीन को पचाने वाला एंजाइम है जो प्रोटीन को सरल पदार्थों में तोड़ता है।
- छोटी आँत में भोजन का पूर्ण पाचन होता है।
- छोटी आँत में स्रावित होने वाले पाचक हॉर्मोन- लैक्टोज, सुक्रेज, माल्टेज

डाइपेप्टाइड $\xrightarrow{\text{डाइपेप्टिडेजेज}}$ एमीनो अम्ल
माल्टोज $\xrightarrow{\text{माल्टेज}}$ ग्लुकोज + ग्लुकोज
लैक्टोज $\xrightarrow{\text{लैक्टेज}}$ ग्लुकोज + गैलेक्टोज
सुक्रोज $\xrightarrow{\text{सुक्रेज}}$ ग्लुकोज + फ्रक्टोज
डाई व मोनोग्लिसराइडड $\xrightarrow{\text{लाइपेज}}$ वसीय अम्ल + ग्लेसेरोल

411. निम्नलिखित में से कौन सी ग्रंथि, है जो मानवों में शारीरिक विकास को विनियमित करने वाला हॉर्मोन स्रावित करती है?

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) बाल्यग्रंथि (थाइमस)
(b) पराअवटु (पैराथाइरॉइड)
(c) पीयूष (पिट्यूटरी)
(d) अधिवृक्क (एड्रीनल)

Ans. (c) पीयूष (पिट्यूटरी)

अन्त:स्रावी ग्रंथि	हॉर्मोन
पियूष ग्रंथि	वृद्धि हॉर्मोन
थायरॉइड ग्रंथि	थायरॉक्सिन हॉर्मोन
पैराथायरॉइड ग्रंथि	पैराथॉर्मोन हॉर्मोन
अधिवृक्क ग्रंथि	एड्रेनालिन
पीनियल ग्रंथि	मेलाटोनिन

412. बेरी-बेरी की कमी से होता है।

(D.P. Const. 24 Nov. 2023)

(a) नियासिन (b) थायमीन
(c) राइबोफ्लेविन (d) सायनोकोबालेमिन

Ans. (b) थायमीन

विटामिन	रासायनिक नाम	कमी से उत्पन्न रोग	प्रमुख स्त्रोत
विटामिन A	रेटिनॉल	रतौंधी, शारीरिक वृद्धि रोग, दृष्टिबाधक रोग	तेल, दूध, घी, मक्खन, गाजर
विटामिन B_1	थायमीन	बेरी-बेरी	खमीर, अंकुरित, गेहूं, माँस, अण्डा
विटामिन B_2	राइबोफ्लेविन	किलोसिस	दूध, माँस, पत्तेदार सब्जियाँ
विटामिन B_{12}	सायनोकोबालेमिन	अरक्तता	माँस, मछली, दूध
विटामिन C	एस्कॉर्बिक अम्ल	स्कर्वी	खट्टे एवं रसदार फल

विटामिन D	कैल्सिफेरॉल	रिकेट्स	सूर्य का प्रकाश, मछली का तेल
विटामिन E	टोकोफेरॉल	जनन शक्ति में कमी	अनाज, सोयाबीन
विटामिन K	फाइलोक्विनोन	रक्त का थक्का न बनना	हरी सब्जियाँ टमाटर, पनीर

413. क्षय रोग किसके कारण होता है?
(a) प्रोटोजोआ (b) कवक
(c) वायरस (d) बैक्टीरिया

Ans. (d) बैक्टीरिया

- टी.बी. एक संक्रामक बीमारी है जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण होती है। इस बीमारी का प्रभाव फेफड़ों पर सबसे अधिक पड़ता है।
- यह बीमारी हवा के द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है।

414. हेपेटाइटिस का परिणाम है।
(a) रक्त सम्बन्धिति बीमारी
(b) यकृत की सूजन
(c) हड्डी की बीमारी
(d) गुर्दे की बीमारी

Ans. (b) यकृत की सूजन

- हेपेटाइटिस का परिणाम यकृत की सूजन है। हेपेटाइटिस एक बीमारी है जो यकृत की सूजन का कारण बनती है और इसे नुकसान पहुँचाती है। अगर यह अनियन्त्रित होता है, तो यह यकृत की विफलता या यकृत कैंसर का कारण बन सकता है, जो घातक हो सकता है।
- हेपेटाइटिस कई प्रकार के होते हैं- ए, बी, सी और ई

415. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग बैक्टीरिया द्वारा नहीं होता है?
(a) हेपेटाइटिस-A (b) आँत्र ज्वर
(c) तपेदिक (d) हैजा

Ans. (a) हेपेटाइटिस-A

- हेपेटाइटिस-A विषाणु (Virus) द्वारा होता है।
- आँत्र ज्वर (टायफायड) जीवाणु (Bacteria) द्वारा होता है।
- तपेदिक (T.B.) जीवाणु (Bacteria) द्वारा होता है।
- हैजा (कॉलेरा) जीवाणु (Bacteria) द्वारा होता है।

416. बैक्टीरिया द्वारा होने वाला रोग निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) हेपेटाइटिस-ए (b) पोलियो
(c) चिकन पॉक्स (d) टाइफाइड

Ans. (d) टाइफाइड

- टाइफाइड, बैक्टीरिया द्वारा होने वाला रोग है।
- बैक्टीरिया से होने वाली कुछ प्रमुख बिमारियाँ निम्न है- मेनिनन्जाइटिस, निमोनिया, टी.बी., कॉलेरा, फूड-पॉइजनिंग आदि।

417. कौन-सी बीमारी त्वचा पिगमेंट के विकास का कारण बनती है?
(a) फेनेलकैटेनिगौआ
(b) अल्बिनिजम
(c) हायरलिप
(d) सिकल सेल और मिया

Ans. (b)अल्बिनिजम

- अल्बिनिजम (वर्णकहीनता), त्वचा पिगमेंट के विकास का कारण बनती है।
- अल्बिनिजम त्वचा रंजकता का एक विकार है जो सभी जातियों व दुनिया भर के लोगों में होता है। यह कई दुर्लभ आनुवांशिक विकारों के कारण होता है। इसमें त्वचा के हाइपोपिगमेंटेशन मेलानिन की असामान्य रूप से कम मात्रा पैदा करने के अलावा, कम दृष्टि वाली आँखों को भी प्रभावित करता है।
- अल्बिनिजम से पीड़ित लोगों को सनबर्न (Sunburn) और त्वचा कैंसर होने का खतरा रहता है। तेज धूप के कुछ मिनट भी गम्भीर सनबर्न का कारण बन सकते हैं।

418. अधिरक्तस्राव एक आनुवंशिक रोग है जिसके कारण होता है।
(a) संधिवात
(b) रूधिरवर्णिका की कमी
(c) अंधापन
(d) रक्त का आंतचन न होना

Ans. (d) रक्त का आंतचन न होना

- रक्त का आंतचन न होना, अर्थात यह एक ऐसा आनुवंशिक विकार (Genetic Disorder) है जिसमें रक्त का थक्का सामान्य रूप से नहीं बनता है।
- जब खून ठीक से नहीं जम पाता है, तो चोट लगने के बाद शरीर के बाहर या अंदर बहुत ज्यादा खून बहता है। इसे हीमोफीलिया (अधि रक्तस्त्राव) भी कहते हैं।

419. सामान्य जुकाम के उपचार के लिए दिया जाने वाला विटामिन है।
(a) विटामिन D (b) विटामिन B
(c) विटामिन C (d) विटामिन K

Ans. (c) विटामिन C

- विटामिन C का उपयोग सामान्य सर्दी (जुकाम) के उपचार के लिये किया जाता है।
- इसका रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक अम्ल है इसका सर्वोत्तम स्रोत आँवला है।

420. एंटीबायोटिक युक्त क्लोरीन जो सूक्ष्मजीवों युक्त मिट्टी द्वारा उत्पादित होता है और जो टाइफाइड बुखार के इलाज के लिए प्रभावी है, उसका नाम क्या है?
(a) क्लोरोक्विन (b) क्लोरैम्फेनिकोल
(c) क्लोरोजिन (d) क्लोरोएथेनोल

Ans. (b) क्लोरैम्फेनिकोल

- क्लोरैम्फैनिकोल एंटीबायोटिक युक्त क्लोरीन होते हैं जिसका उपयोग कई गंभीर बैक्टीरियल संक्रमणों के इलाज के लिये किया जाता है। यह नेत्र श्लेष्मा शोध के उपचार हेतु आंखों में मरहम के रूप में भी प्रयोग होता है। इससे मेनिन्जाइटिस, हैजा, प्लेग और टाइफाइड बुखार का इलाज करते हैं। इसका प्रयोग मुँह या इंजेक्शन के द्वारा किया जाता है। जब कोई अन्य एन्टीबायोटिक प्रभावी तरीके से काम नहीं करता। इस संक्रमण के कारण बैक्टीरिया (Bacteria) की वृद्धि के साथ कार्य करता है।

421. एक अतिरिक्त गुणसूत्र 21 की उपस्थिति के कारण होने वाले विकार का नाम क्या है?
(a) क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम
(b) डाउन सिंड्रोम
(c) डार्विन सिंड्रोम
(d) टर्नर सिंड्रोम

Ans. (b) डाउन सिंड्रोम

- एक अतिरिक्त गुणसूत्र 21 की उपस्थिति के कारण होने वाला विकार डाउन सिंड्रोम है। इस विकार से व्यक्ति के शारीरिक विकास और बौद्धिक विकास में देरी होती है। डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक विकार है जो 21वें अतिरिक्त गुणसूत्र के कारण होता है।
- डाउन सिंड्रोम तीन प्रकार के होते है।
  1. ट्रिसोमो 21
  2. ट्रांसलोकेशन डाउन सिंड्रोम
  3. मोजेक डाउन सिंड्रोम
- इसके लक्षण छोटा सिर, चपटा चेहरा, छोटी गर्दन की पैदाइशी बीमारी, निकली हुई जीभ, जन्मजात हृदय रोग आदि।

422. कट अथवा चोट के स्थान पर कुछ समय के बाद थक्का अथवा कॉगलम (लाल भूरे रंग का मैल) जम जाता है। यह तंतुओं का एक जाल होता है।
(a) लिम्फ (b) विली
(c) फाईब्रिन्स (d) प्लेटलेट्स

Ans. (c) फाईब्रिन्स

- कट या चोट के स्थान पर कुछ समय के बाद थक्का या कॉगलम (लाल भूरे रंग का मैल) जम जाता है। यह फाइब्रिन्स/फाइब्रिनोजेन (Fibrinogen) की सहायता से होता है। फाइब्रिनोजेन ग्लाईको प्रोटीन के रूप में वर्गीकृत एक प्रोटीन का प्रकार है। यह लीवर (यकृत)

द्वारा निर्मित होता है। यह रक्त क्लॉट के निर्माण में सहायता करता है। यदि व्यक्ति को चोट लग जाती है तो ब्लीडिंग होती है। फिर फाइब्रिनोजेन घुलनशील हो जाती है।

423. बी-लिम्फोसाइट्स हमारे रक्त में रोगाणुओं से लड़ने के लिए एक प्रोटीन रक्षी परत का उत्पादन करते हैं। इन प्रोटीनों को कहा जाता है।
(a) हैवी चौन (b) पैथोजन
(c) एंटीबॉडीज (d) लाइट चौन

Ans. (c) एंटीबॉडीज

- बी-लिम्फोसाइट्स हमारे रक्त में रोगाणुओं से लड़ने के लिये एक प्रोटीन रक्षी परत का उत्पादन करता है।
- इन प्रोटीन को एंटीबॉडीज (Antibodies) कहा जाता है ये कोशिकाएँ शरीर में एंटीबॉडीज (Antibodies) के निर्माण के लिए सहायक होती है।

424. यूरिक अम्ल के ठोस कणों के जमाव के कारण हुई जोड़ों में सूजन को कहा जाता है।
(a) वातरक्त (गाउट)
(b) अपतानिका
(c) ऑस्टीयोपोरोसिस
(d) गठिया (अर्थराइटिस)

Ans. (a) वातरक्त (गाउट)

- वातरक्त (गाउट) एक प्रकार का गठिया (आर्थराइटिस) है जिसमें दर्द तथा सूजन आती है। गाउट का निर्माण जोड़ों में एक पदार्थ से बने क्रिस्टल के निर्माण के कारण होता है। जिसे यूरिक एसिड कहा जाता है। यह पैर के अंगूठे से शुरू होता है। इसके कारण त्वचा में गांठे भी बन जाती है।

425. पेचिश तथा मलेरिया जैसी बीमारियाँ किसके द्वारा होती हैं?

(D.P. Const. 06 Dec 2017)

(a) विषाणु
(b) जीवाणु
(c) एककोशी (प्रोटोजोआ)
(d) कवक

Ans. (c) एककोशी (प्रोटोजोआ)

- एककोशी (प्रोटोजोआ) द्वारा होने वाले रोग-

परजीवी	रोग	कारक
एण्ट अमीबा हिस्टोलिटिका	पेचिश	दूषित जल या भोजन
प्लाज्मोडियम	मलेरिया	मच्छर
लीशमैनिया	काला अजार	रेत मक्खियाँ
ट्रिपैनोसोमा	अफ्रीकी निद्रा रोग	सी-सी मक्खी
एन्टअमीबा जिन्जीवैलिस	पायरिया	-

426. किड्नी स्टोन (गुर्दे की पथरी) मुख्य रूप से किसका बना होता है?

(D.P. Const. 08 Dec 2017)

(a) सोडियम क्लोराइड
(b) सिलिकेट
(c) कैल्शियम ऑक्सलेट
(d) कैल्शियम बाईकार्बोनेट

Ans. (c) कैल्शियम ऑक्सलेट

- किडनी में स्टोन (पथरी) कैल्शियम ऑक्सलेट,यूरिक अम्ल (Uric Acid), तथा कैल्शियम फॉस्फेट (Calcium phosphate) के कारण बनती है।
- मनुष्य के वृक्क सेम के बीज की आकृति के गहरे भूरे लाल रंग के होते हैं। प्रत्येक वृक्क में लगभग 10 लाख सूक्ष्म एवं लम्बी व कुंडलित नलिकाएँ पाई जाती हैं, जिसे नेफ्रॉन कहते हैं।
- किडनी की क्रियात्मक इकाई नेफ्रॉन है।

427. टाइफाइड के कारण होता है।

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) विषाणु (b) प्रोटोजोआ
(c) कवक (d) जीवाणु

Ans. (d) जीवाणु

जीवाणुओं द्वारा होने वाले मानवीय रोग:-

रोग का नाम	जीवाणु का नाम	प्रभावित अंग
टिटनेस/ धनुष्टंकार	क्लॉस्ट्रीडियम टेटेनी	तंत्रिका तंत्र
हैजा	विब्रियो कॉलेरी	आँत
टायफॉइड	साल्मोनेला टाइफी	आँत
क्षय रोग/तपेदिक	माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस	फेफड़े
डिप्थीरिया	कोरीने बैक्टीरियम डिप्थीरीया	श्वसन नली

428. दाँतों की अनियमित वृद्धि विटामिन ..... की कमी के कारण होती है।

(D.P. Const. 30 Nov. 2023)

(a) A (b) B
(c) K (d) D

Ans. (d) D

- विटामिन डी कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है, जो मजबूत दाँतों और हड्डियों के विकास और रखरखाव के लिए आवश्यक है।
- विटामिन डी का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल है इसकी कमी से मानव में रिकेट्स (बच्चों में) ऑस्टोमलेशिया (व्यस्कों में) नामक बीमारी हो जाती है।

429. जीका वायरस रोग मुख्य रूप से ..... द्वारा संक्रमित वायरस के कारण होता है।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) कृंतक (रोडेंट) (b) कुत्ते
(c) एडीज मच्छर (d) यूरेनोटीनिया मच्छर

Ans. (c) एडीज मच्छर

- **विषाणु जनित रोग-** (HIV) एड्स, चेचक, चिकनपॉक्स, इन्फ्लुएंजा (फ्लू), मीजल्स आदि।
- **जीवाणु जनित रोग-** टी.बी. कुष्ठ रोग, टायफाइड आदि।
- **प्रोटोजोआ जनित रोग-** मलेरिया, पायरिया, अमीबियासिस आदि।
- **कवक जनित रोग-** दाद, एथलीट फुट, गंजापन आदि

430. नेफ्राइटिस एक चिकित्सा स्थिति है जो ..... को प्रभावित करती है।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) वृक्क (किडनी)
(b) मांसपेशियों का जोड़ (मसल जॉइंट्स)
(c) हृदय (हार्ट)
(d) मस्तिष्क (ब्रेन)

Ans. (a) वृक्क (किडनी)

- किडनी (वृक्क) रक्त से अपशिष्ट पदार्थ को अलग करती है।
- यह शरीर में पानी, सोडियम, पोटैशियम एवं अन्य इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखती है।
- कैल्शियम ऑक्सलेट किडनी में पथरी का कारण बनता है।

431. निम्नलिखित में से किस अवस्था में सोडियम की कमी हो सकती है?

(D.P. Const. 28 Nov. 2020)

(a) दस्त (डायरिया)
(b) मनोभ्रंश (डिमेंशिया)
(c) निम्न रक्त-चाप (हाइपोटेंशन)
(d) उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन)

Ans. (c) निम्न रक्त-चाप (हाइपोटेंशन)

खनिज तत्व	कमी से होने वाले रोग
सोडियम	हाइपोटेंशन (निम्न रक्त चाप)
लौह	एनीमिया
पोटैशियम	मांसपेशियों में कमजोरी, दिल की धड़कन अनियमित होना
मैग्नीशियम	मांसपेशियों में एठन
आयोडीन	घेंघा
जिंक	प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होना

432. निम्नलिखित में से किस सूक्ष्मजीव को सजीव और निर्जीव के बीच की कड़ी माना जाता है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2020)

(a) कवक (b) जीवाणु
(c) विषाणु (d) शैवाल

Ans. (c) विषाणु

✪ **विषाणु जनित रोग-**

रोग	रोग कारक	लक्षण
पोलियो	पोलियो वायरस	हाथ-पैर कार्य करना बंद कर देते हैं।
छोटी माता	वैरिओलो वायरस	सिरदर्द, शरीर पर चकते एवं फफोले पड़ना, उल्टी, थकान आदि।
रेबीज	रैब्डो वायरस	तंत्रिका तंत्र
एड्स	ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV)	व्यक्ति का प्रतिरक्षा तंत्र अत्यधिक क्षीण जो जाता है।

433. अनुवांशिकी के नियम का अन्वेषण किसने किया था?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन
(b) अल्बर्ट आइंस्टीन
(c) जे.जे. थॉमस
(d) ग्रेगर जॉन मेंडल

Ans. (d) ग्रेगर जॉन मेंडल

✪ जीव के ऐसे लक्षण जो पीढ़ी दर पीढ़ी रूप से प्रसारित होते हैं उन्हें वंशानुगत या अनुवांशिक लक्षण कहते हैं।
✪ उन्होंने मटर के पौधों पर किए गए प्रयोगों से अनुवांशिकी के नियमों की खोज की थी।
✪ ग्रेगर जॉन मेंडल को आधुनिक अनुवांशिकी का पिता कहा जाता है।
✪ चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन ने जीवों के विकास के संबंध में अपने सिद्धांतों को प्राकृतिक चयन द्वारा दि ओरिजन ऑफ स्पीशीज नामक पुस्तक में प्रकाशित किया।

434. निम्नलिखित में से किस खनिज के अभाव के कारण ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है?
(D.P. Const. 8 Dec 2020)
(a) सोडियम (b) लौह
(c) कैल्शियम (d) फ्लोराइड़

Ans. (c) कैल्शियम

✪ कैल्शियम की परमाणु संख्या 20 तथा परमाणु द्रव्यमान 40 होता है।
✪ कैल्शियम (Ca); कार्बोनेट, सल्फेट, फास्फेट, फ्लोराइड आदि यौगिकों के रूप में प्रकृति में पाया जाता है कैल्शियम हड्डी, अण्डे के छिलके एवं शंख का मुख्य अवयव है।
✪ कैल्शियम धातु का निष्कर्षण द्रवित कैल्शियम क्लोराड के विद्युत अपघटन से किया जाता है।

435. महिलाओं में पाये जाने वाले लिंगी गुणसूत्र कौन-से हैं?
(a) XY
(b) YY
(c) XX
(d) उपरोक्त में से कोई नही

Ans. (c) XX

✪ XX लिंगी गुणसूत्र महिलाओं में पाये जाते हैं। मनुष्य में लिंग निर्धारण तन्त्र XY प्रकार है।
✪ मनुष्य में 23 जोड़े या 46 गुणसूत्र होते हैं।
✪ गुणसूत्रों के 22 जोड़े नर व मादा दोनों में समान होते हैं जिन्हें अलिंग (ऑटोसोम) गुणसूत्र कहते हैं।
✪ 23वीं जोड़ी दोनों लिंगों में भिन्न होती है और इसे ही लिंग गुणसूत्र के नाम से जानते हैं।
नोट- स्त्री में XX लिंग गुणसूत्र होते हैं परन्तु पुरुषों में XY लिंग गुणसूत्र पाये जाते हैं।

436. कुत्ते में गुणसूत्र की संख्या कितनी होती है?
(a) 23 जोड़ी (b) 12 जोड़ी
(c) 32 जोड़ी (d) 39 जोड़ी

Ans. (d) 39 जोड़ी

✪ कुत्ते में गुणसूत्र - 39 जोड़ी
✪ कबूतर में गुणसूत्र - 40 जोड़ी
✪ मनुष्य में गुणसूत्र - 23 जोड़ी
✪ घोड़े में गुणसूत्र - 32 जोड़ी

437. ब्रीडिंग की वह कौन-सी प्रक्रिया है जिसके द्वारा उच्च विटामिन अथवा प्रोटीन और अत्यधिक वसा वाली फसलें उगाई जाती हैं?
(a) टिश्यू कल्चर
(b) इन्ब्रीडिंग
(c) बायो फोर्टीफिकेसन
(d) इंटरस्पेसिफिक हाईब्रीडाईजेशन

Ans. (c) बायो फोर्टीफिकेसन

✪ बायो फोर्टीफिकेसन प्रक्रिया के द्वारा उच्च विटामिन और अत्यधिक वसा वाली फसलें उगाई जाती हैं। जिसमें पौधे प्रजनन (Breeding) के जरिए फसलों में कुछ पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ा दी जाती है। इसे बायो फोर्टीफिकेसन कहते हैं।

438. डी.एन.ए. में से एक से आर.एन.ए. पर आनुवांशिक जानकारी की प्रतिलिपि बनने की प्रक्रिया को कहा जाता है।
(a) प्रतिलेखन (b) ट्रांसकोपिंग
(c) परिवर्तन (d) अनुवाद

Ans. (a) प्रतिलेखन

✪ डी.एन.ए. में से एक से आर.एन.ए. पर 1 आनुवांशिक जानकारी की प्रतिलिपि बनाने की प्रक्रिया को 'प्रतिलेखन' कहते हैं।
✪ प्रतिलेखन जीन अभिव्यक्ति में पहला कदम जिसमें D.N.A. के किसी एक भाग को R.N.A. पॉलीमेरेज एंजाइम के द्वारा R.N.A. में कॉपी करते हैं। प्रतिलेखन के समय एक R.N.A. पॉलीमरेज एक D.N.A. स्ट्रेण्ड उत्पन्न करता है। जिसे Primary प्रतिलेख कहा जाता है।

439. निम्न में से किस विधि में पुनर्योगज DNA को जंतु कोशिकाओं के नाभिक में सीधे प्रविष्ट किया जाता है?
(a) इन्सर्शनल इनैक्टिवेशन
(b) माइक्रो इंजेक्शन
(c) बायो मॉडिफिकेशन
(d) जीन स्पाइक

Ans. (b) माइक्रो इंजेक्शन

✪ माइक्रो इंजेक्शन पुनर्योगज विधि द्वारा DNA की जन्तु कोशिकाओं के नाभिक में सीधे प्रविष्ट किया जाता है।
✪ इस विधि में पुनर्योगज DNA को सूक्ष्म इंजेक्शन (Micro injection) के द्वारा उसके केन्द्रक के निकट अन्त: स्थापित करते हैं। माइक्रो इंजेक्शन का प्रमुख उपयोग क्लोनिंग में, जीव विज्ञान एवं विषाणुओं के अध्ययन में और पुरुष सब फर्टिलिटी के इलाज हेतु भी किया जा सकता है।

440. निष्क्रिय पौधों और जानवरों का कार्बनिक नाइट्रोजन का अपघटन अमोनिया में होने को ..... कहा जाता है।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अमोनीकरण
(b) नाइट्रीकरण
(c) नाइट्रोजन स्थिरीकरण
(d) नाइट्रेट स्वांगीकरण

Ans. (a) अमोनीकरण

✪ अमोनीकरण नाइट्रोजन चक्र के चरण को संदर्भित करता है जहाँ कार्बनिक पदार्थों के अपघटन के दौरान कुछ अमोनीकरण जीवाणु, कार्बनिक नाइट्रोजन को अकार्बनिक रूपों जैसे अमोनिया या अमोनियम आयनों में परिवर्तित करते हैं।
✪ नाइट्रोजन स्थिरीकरण एक आवश्यक जैविक प्रक्रिया है और नाइट्रोजन चक्र की प्रारंभिक अवस्था है।
✪ नाइट्रीकरण अमोनियम आयनों को नाइट्रेट्स या नाइट्राइट्स में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है।

441. निम्नलिखित में से किसने जैविक वर्गीकरण की द्विनाम नामावली की शुरुआत की?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) जॉन रे (b) चार्ल्स डार्विन
(c) लिनियस (d) अरस्तू

Ans. (c) लिनियस

✪ लिनियस को आधुनिक वर्गीकरण का जनक माना जाता है। उन्होंने द्विपद नामकरण प्रणाली

की शुरुआत की इस प्रणाली के मुताबिक, हर प्रजाति को दो शब्दों से पहचाना जाता है। पहला शब्द वंश, दूसरा शब्द जाति।

✪ जैसे:- मैंगीफेरा इंडिका (आम) में मैंगीफेरा वंशनाम है। जबकि इंडिका एक विशिष्ट स्पीशीज अथवा जाति संकेत पद है।

442. मनुष्य के नाखून के बने होते हैं।

(D.P. Const. 05 Dec 2017)

(a) पिग्मेंट (b) इलास्टिन
(c) एल्युमिन (d) कैरेटिन

Ans. (d) कैरेटिन

✪ मानव नाखून कैरेटिन से बने होते हैं। कैरेटिन एक प्रकार का प्रोटीन है जो नाखूनों, बालों का निर्माण करता है।

443. दंत स्वास्थ्य से संबंधित, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) शरीर का सबसे कठोर पदार्थ, दाँत का इनेमल (enamel), जो कैल्शियम हाइड्रॉक्सीपैटाइट से बना होता है।

(b) मुँह में मौजूद बैक्टीरिया, खाने के बाद मुँह में बचे शर्करा और खाद्य कणों को तोड़कर, अम्ल उत्पन्न करते हैं।

(c) टूथपेस्ट, जो आम तौर पर अम्लीय होता है, दाँतों की सड़न को रोकता है।

(d) जब मुँह का पीएच (pH) 5.5 से कम हो जाता है, तो दाँतों में सड़न लगनी शुरू हो जाती है।

Ans. (c) टूथपेस्ट, जो आम तौर पर अम्लीय होता है, दाँतों की सड़न को रोकता है।

✪ इनेमल कैल्शियम फॉस्फेट का बना होता है। यह मानव शरीर का सबसे कठोर पदार्थ है।

✪ इनेमल का मृदुकरण तब प्रारंभ होता है जब जीवाणु शर्करा पर क्रिया करके अम्ल का निर्माण करते हैं।

444. निम्नलिखित में से कौन-सा घरेलू मक्खी का जैविक नाम है?

(D.P. Const. 23 Nov. 2023)

(a) पोएसी
(b) प्राइमेटा
(c) मस्का डोमेस्टिका
(d) ट्रिटिकम ऐस्टिवम

Ans. (c) मस्का डोमेस्टिका

जीव का नाम	वैज्ञानिक नाम
मेंढक	राना टिग्रिना
कुत्ता	कैनिस फैमिलियर्स
तेंदुआ	पैंथेरा पार्डस
तितली	रोपालोसेरा
बकरी	कैप्रा एगेग्रस हिरकस
भैंस	बुबलस बुबलिस
मनुष्य	होमो सेपियंस

445. निम्नलिखित में से कौन-सा कॉलम-A का कॉलम-B के साथ सही मिलान है?

कॉलम-A(अपमिश्रक)	कॉलम-B (खाद्य सामग्री)
i. पपीते के बीज	a. हल्दी
ii. आर्जीमोन के बीज	b. दुग्ध
iii. डिटर्जेंट	c. सरसों का तेल
iv. पीला ऐनिलीन रंजक	d. काली मिर्च

(D.P. Const. 29 Nov. 2023)

(a) i-c, ii-d, iii-a, iv-b
(b) i-c, ii-d, iii-b, iv-a
(c) i-c, ii-a, iii-b, iv-d
(d) i-d, ii-c, iii-b, iv-a

Ans. (d) i-d, ii-c, iii-b, iv-a

कॉलम-A (अपमिश्रक)	कॉलम-B (खाद्य सामग्री)
i. पपीते के बीज	a. काली मिर्च
ii. आर्जीमोन के बीज	b. सरसों का तेल
iii. डिटर्जेंट	c. दुग्ध
iv. पीला ऐनिलीन रंजक	d. हल्दी

446. शरीर का रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(D.P. Const. 1 Dec. 2023)

(a) स्टेथोस्कोप
(b) स्फिग्मोमैनोमीटर
(c) थर्मामीटर
(d) हार्ट रेट मॉनिटर

Ans. (b) स्फिग्मोमैनोमीटर

उपकरण	अनुप्रयोग
स्टेथोस्कोप	दिल की धड़कन, सांस लेने और शरीर की अन्य आवाज़ों को सुनने के लिए
स्फिग्मोमैनोमीटर	शरीर का रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने के लिए
थर्मामीटर	शरीर का तापमान मापने के लिए
हार्ट रेट मॉनिटर	हृदय की गतिविधि को ट्रैक करने के लिए।

447. ग्लूकोमीटर का उपयोग आमतौर पर ..... रोगी द्वारा मॉनिटर के रूप में किया जाता है।

(D.P. Const. 27 Nov. 2020)

(a) प्रसूति (अब्स्टेट्रिक)
(b) स्नायविक
(c) यकृतशोथ-बी
(d) अल्प रक्त शर्करा (हाइपोग्लाइसीमिया)

Ans. (d) अल्प रक्त शर्करा (हाइपोग्लाइसीमिया)

✪ ग्लूकोमीटर का उपयोग रक्त में ग्लूकोज की मात्रा मापने के लिए किया जाता है।

कुछ चिकित्सीय उपकरण और उनके उपयोग

चिकित्सीय उपकरण	उपयोग
स्टेथोस्कोप (Stethoscope)	हृदय और फेफड़ों की ध्वनियों को सुनने के लिए।
थर्मामीटर (Thermometer)	शरीर का तापमान मापने के लिए।
रक्तचापमापी (Sphygmomanometer)	रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने के लिए।
ऑक्सीमीटर (Pulse Oximeter)	रक्त में ऑक्सीजन का स्तर और हृदय गति मापने के लिए।
इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG)	हृदय की विद्युत गतिविधि रिकॉर्ड करने के लिए।
अल्ट्रासाउंड (Ultrasound)	शरीर के आंतरिक अंगों की संरचना देखने के लिए।
एक्स-रे मशीन (X-ray Machine)	हड्डियों और आंतरिक अंगों की छवि प्राप्त करने के लिए।
एमआरआई स्कैनर (MRI Scanner)	शरीर के आंतरिक अंगों और ऊतकों की विस्तृत छवि प्राप्त करने के लिए।
सीटी स्कैनर (CT Scanner)	शरीर के आंतरिक अंगों की त्रि-आयामी छवि बनाने के लिए।
एंडोस्कोप (Endoscope)	शरीर के आंतरिक अंगों का निरीक्षण करने के लिए।
ग्लूकोमीटर (Glucometer)	रक्त में ग्लूकोज (शुगर) का स्तर मापने के लिए

448. इनमें से कौन-सा एंटीबायोटिक नहीं है?

(a) इरीथ्रोमाइसीन (b) टेट्रासाइक्लिन
(c) स्ट्रेप्टोमाइसिन (d) पैरासिटामोल

Ans. (d) पैरासिटामोल

✪ पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक नहीं है।

✪ एंटीबायोटिक ऐसे रासायनिक पदार्थ हैं जो सूक्ष्म जीवाणुओं द्वारा उत्पन्न होते हैं तथा अन्य सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने में सक्षम होते हैं, प्रतिजैविक कहलाते हैं।

उदाहरण: पेनीसिलिन, स्ट्रेप्टोमाइसिन, टेट्रासायक्लिन इरीथ्रोमाइसिन आदि।

449. वह खाद्य शृंखला जिसमें पहला स्तर पौधों के साथ उत्पादक के रूप में शुरू होता है और अंतिम स्तर पर के रूप में मांसाहारी उपभोक्ता के साथ समाप्त होता है कहलाता है-

(a) डेट्राइटस खाद्य शृंखला
(b) प्रोड्यूसर खाद्य शृंखला

(c) ग्रेजिंग खाद्य शृंखला
(d) डीकंपोजर खाद्य शृंखला

Ans. (c) ग्रेजिंग खाद्य शृंखला

✪ वह खाद्य शृंखला जिसमें पहला स्तर पौधों के साथ उत्पादक के रूप में शुरू होता है और अंतिम स्तर के रूप में मांसाहारी उपभोक्ता के साथ समाप्त होता है। वह ग्रेजिंग खाद्य शृंखला कहलाती है।

उदाहरण- घास, टिड्डा, पक्षीगण, बाज आदि।

450. अंग प्रत्यारोपण रोगियों में इम्यूनोस्पप्रेसिव एजेंट के रूप में कौन-सा जैवसक्रिय अणु प्रयोग किया जाता है?

(a) स्टेटिन (b) स्ट्रेप्टोकाइनेस
(c) एसीटोबैक्टर (d) साइक्लोस्पोरिन

Ans. (d) साइक्लोस्पोरिन

✪ अंग प्रत्यारोपण रोगियों में इम्यूनोस्प्रेसिव एजेंट के रूप में साइकलोस्पोरिन जैव सक्रिय अणु का प्रयोग करते हैं। यह एक कैटसीनुरिन अवरोधक है, जिसका उपयोग इम्यूनोस प्रेसेन्ट दवा के रूप में किया जाता है।

451. दांत की ऊपरी चमकदार सतह क्या कहलाती है?

(a) दंतधातु (b) इनेमल
(c) जीभ (d) मज्जा गुहा

Ans. (b) इनेमल

✪ दांतों की सबसे बाहरी चमकदार परत इनेमल की बनी होती है। इसमें मानव शरीर का सबसे कठोर ऊतक पाया जाता है। यह दांतों के दैनिक प्रयोग, काटने, चीरने तथा फाड़ने आदि के लिये बहुत उपयोगी होती है।

✪ इनेमल को दन्त वल्क भी कहते हैं।

6 स्टेटिक जी.के.

1. अलार्मेल वल्ली और रुक्मिणी देवी अरुंडेल भारतीय नृत्य की निम्नलिखित में से किस शैली से जुड़ी हैं?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) कथकली (b) कुचिपुड़ी
(c) कथक (d) भरतनाट्यम

Ans. (d) भरतनाट्यम

- भरतनाट्यम भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख रूप है, जिसकी उत्पत्ति तमिलनाडु में हुई थी।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य	उद्गम राज्य
कथक	उत्तर प्रदेश
कुचिपुड़ी	आंध्र प्रदेश
कथकली	केरल

- रुक्मिणी देवी अरुंडेल को पद्म भूषण पुरस्कार (वर्ष 1956) तथा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1957) प्राप्त हुए।

2. शोभना नारायण निम्न में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) भरतनाट्यम (b) कथक
(c) मोहिनीअट्टम (d) कथकली

Ans. (b) कथक

प्रसिद्ध भारतीय नृत्य एवं उनसे संबंधित नृतक-
- **कथक:** शोभना नारायण, बिरजू महाराज, लच्छू महाराज, अच्छन महाराज आदि।
- **भरतनाट्यम:** पद्मा सुब्रह्मण्यम, यामिनी कृष्णमूर्ति, मृणालिनी एवं मल्लिका साराभाई, लीला सैमसन, टी. बालासरस्वती आदि।
- **मोहिनीअट्टम:** जयप्रभा मेनन, कलामंडलम कल्याणिकुट्टी अम्मा, गोपिका वर्मा आदि।
- **कथकली:** कुंचू कुरूप, गोपीनाथ कृष्णन, शांता राव एवं कलामंडलम रमनकुट्टी नायर आदि।

3. पंडित राम दयाल शर्मा को 2022 में नौटंकी, स्वांग, भगत .... और रसिया रूपों के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) खोरिया (b) फाग
(c) रासलीला (d) मटकी

Ans. (c) रासलीला

- पंडित राम दयाल शर्मा भरतपुर (राजस्थान) के प्रमुख नौटंकी कलाकार हैं।
- पंडित राम दयाल शर्मा को संगीत नाटक अकादमी का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।
- फाग एवं खोरिया हरियाणा राज्य के प्रसिद्ध लोक नृत्य हैं।
- खोरिया लोक नृत्य विवाह के अवसर पर महिलाओं द्वारा किया जाता है।

4. 'झाली' कौन-से भारतीय राज्य का लोक नृत्य है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**
(a) बिहार (b) हिमाचल प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (b) हिमाचल प्रदेश

राज्य	लोकनृत्य
हिमाचल प्रदेश	नाटी, गद्दी, पंगवाली, झमाकड़ा
बिहार	जटा-जटिन, बिदेसिया, पंवरिया
मध्य प्रदेश	जवारा, मटकी, माच
उत्तर प्रदेश	रासलीला, नौटंकी
राजस्थान	घूमर, गणगौर, कालबेलिया

5. हम्पी के विठ्ठल मंदिर में ..... स्तंभ हैं जो संगीत स्वर उत्पन्न करते हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 75 (b) 56
(c) 49 (d) 63

Ans. (b) 56

- कर्नाटक के हम्पी में स्थित विजया विठ्ठल मंदिर में 56 नक्काशीदार स्तंभ हैं, जो मधुर संगीत स्वर उत्पन्न करते हैं।
- मंदिर का निर्माण 15वीं शताब्दी में देवराय द्वितीय ने करवाया था।
- विठ्ठल मंदिर का निर्माण वास्तु कला की द्रविड़ शैली में किया गया है।

6. निम्नलिखित में से किस नृत्यांगना ने प्रसिद्ध बैलेरीना अन्ना पावलोवा (Anna Pavlova) के अनुरोध पर बैले सीखा?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) यामिनी कृष्णमूर्ति
(b) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(c) सितारा देवी
(d) सोनल मानसिंह

Ans. (b) रुक्मिणी देवी अरुंडेल

नर्तक एवं उनसे जुड़े नृत्य-
- रुक्मिणी देवी अरुंडेल-भरतनाट्यम
- यामिनी कृष्णमूर्ति-भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी
- सोनल मानसिंह-ओडिसी, भरतनाट्यम
- सितारा देवी-कथक

7. निम्नलिखित में से कौन कथक से संबंधित है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) नाहिद सिद्दीकी
(b) वी सत्यनारायण शर्मा
(c) अनोखेलाल मिश्रा
(d) कलामंडलम कृष्णन नायर

Ans. (a) नाहिद सिद्दीकी

- नाहिद सिद्दीकी एक प्रसिद्ध कथक नर्तक हैं।
- इन्हें वर्ष 2017 में मिलापफेस्ट के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- कथक के अन्य प्रसिद्ध कलाकार-बिरजू महाराज, प. मुन्ना शुक्ला, भारती गुप्ता, सितारा देवी, अच्छन महाराज।

8. साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता माया खुटेगांवकर एक प्रसिद्ध ..... नृत्यांगना हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) सुग्गी (b) लावणी
(c) बिहू (d) घूमर

Ans. (b) लावणी

- लावणी महाराष्ट्र का प्रसिद्ध लोक नृत्य है।
- महाराष्ट्र के प्रसिद्ध लोक नृत्य- कोली, तमाशा, धनगरी गजा, पोवाड़ा, लेजिम नृत्य, डिंडी नृत्य आदि।
- बिहू- असम
- घूमर- राजस्थान
- सुग्गी- कर्नाटक

9. निम्न में से कौन-सा बिहार का एक प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) झिझिया (b) महारास
(c) खेल गोपाल (d) नागा नृत्य

Ans. (a) झिझिया

- झिझिया नृत्य अश्विन (सितंबर-अक्टूबर) माह में मनाया जाने वाला बिहार का एक प्रसिद्ध

लोक नृत्य है। इसे बिहार का 'गरबा' भी कहा जाता है।

- यह नृत्य विशेष रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है।
- यह नृत्य नवरात्रि उत्सव के दौरान किया जाता है जो हिंदू देवी दुर्गा के तीन रूपों (पार्वती, लक्ष्मी एवं सरस्वती) की पूजा के लिए समर्पित है।
- **बिहार के अन्य लोक नृत्य**- जटा-जटिन, कजरी, धोबिया, समा-चकेवा, बिदेसिया।

10. विलासिनी नाट्यम का प्रसिद्ध कलाकार निम्नलिखित में से कौन है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) लीला सैमसन (b) गिरिजा देवी
(c) स्वप्नसुंदरी (d) अदिति मंगलदास

Ans. (c) स्वप्नसुंदरी

- स्वप्नसुंदरी, विलासिनी नाट्यम से जुड़ी प्रसिद्ध कलाकार हैं, इनका जन्म चेन्नई (तमिलनाडु) में हुआ था।
- 'विलासिनी नाट्यम' एक पारंपरिक नृत्य है, जिसकी उत्पत्ति आंध्र प्रदेश में हुई थी।
- स्वप्नसुंदरी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2003 में पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ।

11. संगीत नाटक अकादमी प्रख्यात कलाकारों को फेलोशिप देती है। सोनल मानसिंह ने इसे ओडिसी नृत्य के लिए प्राप्त किया, यह किस राज्य का एकनृत्य रूप है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) ओडिशा (b) आंध प्रदेश
(c) केरल (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (a) ओडिशा

- ओडिसी नृत्य भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।
- ओडिसी नृत्य में कृष्ण और राधा की कथाओं को दर्शाया जाता है।

सोनल मानसिंह को प्राप्त पुरस्कार-
- वर्ष 1992 में पद्म भूषण
- वर्ष 2003 में पद्म विभूषण
- वर्ष 1987 में संगीत नाटक अकादमी
- वर्ष 2018 में संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप
- नवंबर 2019 में लाइफ टाइम अचीवमेंट

12. राज्यसभा सदस्य सोनल मानसिंह ..... और भरतनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना हैं।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) कथकली (b) कथक
(c) मोहिनीअट्टम (d) ओडिसी

Ans. (d) ओडिसी

नृत्य एवं उनसे जुड़े प्रमुख नर्तक-
- **कथकली** - गोपीनाथ, कोट्टकल शिवरामन, हरिप्रिया नंबूदिरी
- **कथक** - सितारा देवी, बिरजू महाराज, लच्छू महाराज
- **ओडिसी** - केलुचरण महापात्रा, इंद्राणी रहमान, झेलम परांजपे
- **मोहिनीअट्टम** - जयप्रभा मेनन, कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा, सुनंदा नायर

13. संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम..... के प्रसिद्ध नर्तक थे।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) कुचिपुड़ी (b) मोहिनीअट्टम
(c) भरतनाट्यम (d) कथकली

Ans. (a) कुचिपुड़ी

- गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम का जन्म अक्टूबर, 1929 को आंध्र प्रदेश में हुआ था।
- इन्होंने वर्ष 1963 में कुचिपुड़ी कला अकादमी (मद्रास) की स्थापना की थी।
- गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम को प्राप्त पुरस्कार- पद्म भूषण - 1998
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कालिदास पुरस्कार एवं तमिलनाडु सरकार द्वारा कलैममणि पुरस्कार प्राप्त हुए।

14. उस्ताद लताफत हुसैन खान ..... से संबंधित हैं। **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**
(a) पटियाला घराने (b) किराना घराने
(c) आगरा घराने (d) ग्वालियर घराने

Ans. (c) आगरा घराने

संगीत घराने	प्रसिद्ध कलाकार
आगरा घराना	उस्ताद लताफत हुसैन खान, उस्ताद फैयाज खाँ, विलायत हुसैन खाँ
पटियाला घराना	बड़े गुलाम अली खाँ, अमानत अली खाँ
ग्वालियर घराना	वासुदेव जोशी, बाबा दीक्षित
किराना घराने	अब्दुल करीम खाँ, अब्दुल वहीद खाँ

15. भरतनाट्यम की उत्पत्ति निम्न में से किस राज्य से हुई है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) महाराष्ट्र (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) तेलंगाना

Ans. (c) तमिलनाडु

शास्त्रीय नृत्य	उत्पत्ति राज्य
भरतनाट्यम	तमिलनाडु
कुचिपुड़ी	आंध्र प्रदेश
ओडिसी	ओडिशा
मोहिनीअट्टम	केरल
कथकली	केरल
कथक	उत्तर प्रदेश
मणिपुरी	मणिपुर
सत्रिया	असम

16. दक्षिण भारत के निम्नलिखित में से किस नृत्य को मयूर नृत्य कहा जाता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) पडायनी (b) मयिलअट्टम
(c) कुम्मी (d) गरदी

Ans. (b) मयिलअट्टम

- मयिलअट्टम केरल तथा तमिलनाडु का एक लोकनृत्य है, यह नृत्य थाई पोंगल के फसल उत्सव के दौरान किया जाता है।
- इस नृत्य में नर्तक मोर पंख पहनकर मोर की तरह स्वांग करते हैं। इसलिए इसे मयूर नृत्य भी कहा जाता है।

17. राम सहाय पांडे को बुंदेलखंड क्षेत्र से नृत्य रूप 'राई' को बढ़ावा देने के लिए पद्म श्री प्राप्त हुआ। यह नृत्य शैली किस राज्य से संबंधित है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
(c) बिहार (d) छत्तीसगढ़

Ans. (a) मध्य प्रदेश

- राई नृत्य, बुंदेलखंड का एक पारंपरिक लोक नृत्य है। यह नृत्य शौर्य और श्रृंगार को दर्शाता है।
- मध्यप्रदेश के सागर जिले के राम सहाय पांडे को राई नृत्य को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2022 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

18. मल्लिका साराभाई निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की एक कुशल नर्तकी हैं?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) ओडिसी और कुचिपुड़ी
(b) कथकली और ओडिसी
(c) भरतनाट्यम और ओडिसी
(d) कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम

Ans. (d) कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम

- मल्लिका साराभाई भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की विश्व प्रसिद्ध नृत्यांगना हैं।
- वह दिवंगत नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई और अंतरिक्ष वैज्ञानिक विक्रम साराभाई की बेटी हैं।
- मल्लिका ने पीटर ब्रूक के नाटक महाभारत में द्रौपदी की भूमिका निभाई थी।
- इन्हें वर्ष 2010 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

19. होजागिरी निम्न में से किस राज्य की एक प्रसिद्ध नृत्य शैली है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) पंजाब (b) त्रिपुरा
(c) असम (d) झारखंड

Ans. (b) त्रिपुरा

राज्य	लोकनृत्य
त्रिपुरा	होजागिरी, गरिया
पंजाब	भांगड़ा, गिद्दा
असम	बिहू, अंकियानाट
झारखण्ड	फगुआ, सरहुल

20. वर्ष 2019 में पद्म श्री से सम्मानित नर्तकी नटराज एक भारतीय ..... नृत्यांगना हैं।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) भरतनाट्यम (b) कथक
(c) कथकली (d) ओडिसी

Ans. (a) भरतनाट्यम

- वर्ष 2019 में, नर्तकी नटराज पद्म श्री पाने वाली पहली ट्रांसजेंडर बनी, यह शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की कलाकार है।

नर्तकी नटराज को प्राप्त पुरस्कार-

- वर्ष 2007 में तमिलनाडु सरकार का कलैमामणि पुरस्कार।
- वर्ष 2011 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
- वर्ष 2016 में पेरियार मणिअम्मई विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट की उपाधि।

21. योद्धाओं की जीत का जश्न मनाने के लिए घोड़े मोदनी नृत्य भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में किया जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) पश्चिम बंगाल (b) तमिलनाडु
(c) कर्नाटक (d) गोवा

Ans. (d) गोवा

- घोड़ेमोदनी उत्तरी गोता में किया जाने वाला एक लोकप्रिय नृत्य है।
- यह नृत्य गोवा में पुर्तगालियों पर मराठा शासकों की जीत की याद में किया जाता है।
- इस नृत्य के दौरान, नर्तक लड़ाई का दिखावा करते हुए तलवारों को इस तरह से लहराते हैं जैसे कि वे आपने दुश्मन (शत्रु) पर वार कर रहे हों।

22. निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली उत्तर-पूर्व भारत के वैष्णव मठों से संबंधित है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) ओडिसी (b) कुचिपुड़ी
(c) मोहिनीअट्टम (d) सत्रिया

Ans. (d) सत्रिया

शास्त्रीय नृत्य	राज्य	संबंधित तथ्य
सत्रिया	असम	उत्तर-पूर्वी भारत के वैष्णव मठों से संबंधित
ओडिसी	ओडिशा	सबसे पुराने और जीवित शास्त्रीय नृत्यों में से एक
कुचिपुड़ी	आंध्र प्रदेश	कृष्ण लीला की प्रस्तुति
मोहिनीअट्टम	केरल	एकल महिला द्वारा प्रस्तुत नृत्य

23. मणिपुरी नृत्य में प्राय: निम्नलिखित में से किस हिंदू देवता या देवी के जीवन दृश्यों का वर्णन किया जाता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) भगवान हनुमान (b) भगवान कृष्ण
(c) भगवान राम (d) देवी दुर्गा

Ans. (b) भगवान कृष्ण

- मणिपुरी नृत्य में भगवान कृष्ण और राधा की रासलीला को दिखाया जाता है।
- मणिपुरी नृत्य के दो भाग जागोई और चोलोम होते हैं, जो संस्कृत साहित्य में वर्णित लास्य और तांडव तत्त्वों के अनुरूप हैं।
- मणिपुरी लोकनृत्य के प्रसिद्ध कलाकार राजकुमार सिंघाजीत सिंह, दर्शना झावेरी, गुरु विपिन सिंह, चारू सिजा माथुर आदि।

24. निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध 'सत्रिया' नर्तकी है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सोनल मानसिंह
(b) शरोदी सैकिया
(c) मल्लिका साराभाई
(d) अलुना काबुईनी

Ans. (b) शरोदी सैकिया

शास्त्रीय नृत्य	संबंधित कलाकार
सत्रिया	शरोदी सैकिया, जतिन गोस्वामी
भरतनाट्यम	अलारमेल वल्ली, यामिनी कृष्णमूर्ति, सोनल मानसिंह, मृणालिनी साराभाई
कथकली	गोपीनाथन, टी.के. चंदू पणिक्कर
मणिपुरी	गुरु विपिन सिंह, अलुना काबुईनी

25. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा प्रह्लाद निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की प्रसिद्ध नृत्यांगना है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) ओडिसी (b) कुचिपुड़ी
(c) भरतनाट्यम (d) कथक

Ans. (c) भरतनाट्यम

- प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रतिभा प्रह्लाद एक नृतक, लेखक एवं कोरियोग्राफर है।
- भरतनाट्यम, तमिलनाडु का शास्त्रीय नृत्य है।
- कथक, उत्तर भारत का शास्त्रीय नृत्य है।
- ओडिसी, ओडिशा तथा कुचिपुडी, आंध्र प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य है।
- भरतनाट्यम से संबंधित अन्य कलाकार यामिनी कृष्णमूर्ति, मृणालिनी साराभाई, सोनल मानसिह, वैजयंतीमाला आदि।

26. भारती विट्ठल, मुख्यत: एक पुरस्कार विजेता ..... नृत्यांगना हैं।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) भरतनाट्यम (b) कथकली
(c) कुचिपुड़ी (d) मोहिनीअट्टम

Ans. (c) कुचिपुड़ी

- भारती विट्ठल, भारतीय शास्त्रीय नृत्य कुचिपुड़ी से जुड़ी है।
- अन्य कुचिपुड़ी नृत्य कलाकार - राजा रेड्डी, राधा रेड्डी, अपर्णा सतीसन, शोभा नायडू, इंद्राणी रहमान आदि।

27. कावड़ी अट्टम भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य का एक प्रमुख लोक नृत्य है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) तमिलनाडु (b) सिक्किम
(c) केरल (d) कर्नाटक

Ans. (a) तमिलनाडु

- तमिलनाडु के अन्य लोक नृत्य- भरतनाट्यम, कराकाट्टम, देवराट्टम, मायिल अट्टम, पुलैयाट्टम।
- केरल के प्रसिद्ध नृत्य मोहिनीअट्टम, कथकली, ओट्टम थुल्लल, थैय्यम।
- कर्नाटक के प्रसिद्ध नृत्य - यक्षगान, डोलू कुनिथा, तोगालू गोम्बेयाटा, कमसाले, वीरगासे।

28. वैजयंती काशी कौन-सी भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की उन्नायक हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम
(c) ओडिसी (d) मोहिनीअट्टम

Ans. (a) कुचिपुड़ी

शास्त्रीय नृत्य	संबंधित कलाकार
कुचिपुड़ी	वैजयंती काशी, अपर्णा सतीसन, कौशल्या रेड्डी
मोहिनीअट्टम	गोपिका वर्मा, पल्लवी कृष्णन

29. निम्नलिखित में से कौन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित भरतनाट्यम नर्तक/नृत्यांगना हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सुनंदा नायर (b) एम. सैलजा
(c) कुमकुम धर (d) जयलक्ष्मी ईश्वर

Ans. (d) जयलक्ष्मी ईश्वर

- जयलक्ष्मी ईश्वर को भरतनाट्यम में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2021 प्रदान किया गया।
- भरतनाट्यम के अंतर्गत सामान्यत: हिंदू पौराणिक कथाओं की कहानियों को दर्शाया जाता है और यह मुख्यत: महिला नर्तकियों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

30. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भक्ति लोक नृत्य 'गम्भीरा' से संबंधित है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) राजस्थान (b) पश्चिम बंगाल
(c) बिहार (d) ओडिशा

Ans. (b) पश्चिम बंगाल

- गम्भीरा लोक नृत्य मार्च-अप्रैल के महीने में विशेष रूप से चादक त्योहार के दौरान किया जाता है, और यह उत्तर बंगाल में विशेष रूप से मालदा जिले में बहुत लोकप्रिय है।
- गंभीरा, धाली और जात्रा पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध नृत्य रूप हैं।

31. फुगड़ी नृत्य आमतौर पर निम्न में से किस त्योहार के दौरान किया जाता है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) गणेश चतुर्थी (b) दीपावली
(c) होली (d) नवरात्रि

Ans. (a) गणेश चतुर्थी

- फुगड़ी, कोंकण क्षेत्र में महिलाओं द्वारा किया जाने वाला गोवा और महाराष्ट्र का एक लोकनृत्य है।
- यह एक पारंपरिक लोकनृत्य है जो गणेश चतुर्थी के दौरान भाद्रपद माह में किया जाता है।

32. नोंगक्रेम और लाहो निम्नलिखित में से किस राज्य के लोकप्रिय नृत्य हैं?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) मेघालय (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) मणिपुर (d) असम

Ans. (a) मेघालय

राज्य	लोकनृत्य
मेघालय	नोंगक्रेम, बेहदींखलम
मिजोरम	खुल्लम, चेलम
नागालैंड	रेंगमा, आलूयट्ट्, चांगसांग
मणिपुर	थांग-टा, लाई हरोबा
असम	बागुरुम्बा, कानोई

33. निम्नलिखित में से कौन अहमदाबाद में दर्पण एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के संस्थापक और निर्देशक थे, जो छात्रों को नृत्य, नाटक, संगीत और कठपुतली में प्रशिक्षित करता है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) मृणालिनी साराभाई
(b) शोभना नारायण
(c) सोनल मानसिंह
(d) पद्मा सुब्रह्मण्यम

Ans. (a) मृणालिनी साराभाई

- वर्ष 1948 में मृणालिनी साराभाई ने अहमदाबाद में एक अकादमी की शुरुआत की जिसका नाम उन्होंने 'दर्पण एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स' रखा।
- इन्हें वर्ष 1965 में पद्मश्री तथा वर्ष 1992 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

34. किस भारतीय नृत्य में महारी नृत्य शैली होती है? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**
(a) ओडिसी (b) मोहिनीअट्टम
(c) कथक (d) कथकली

Ans. (a) ओडिसी

- ओडिशा के दो सबसे प्रसिद्ध नृत्य रूप गोटीपुआ और ओडिसी की उत्पत्ति लगभग 1000 वर्ष पुराने महारी नृत्य से हुई है।
- ओडिसी नृत्य मुख्यत: 'महारियों' द्वारा किया जाता है और इसे जैन राजा खारवेल का संरक्षण प्राप्त था।
- ओडिसी नृत्य के दौरान नृत्यांगनाएँ अपने शरीर से जटिल 'ज्यामितीय पैटर्न' बनाती हैं इसलिए इसे 'सचल मूर्ति' के रूप में जाना जाता है।

35. केलुचरण महापात्र को किस शास्त्रीय नृत्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) ओडिसी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

Ans. (a) ओडिसी

- प्रसिद्ध ओडिसी कलाकार केलुचरण महापात्र को प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान-
- पद्मश्री पुरस्कार (वर्ष 1974)
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1966)
- पद्म भूषण पुरस्कार (वर्ष 1988)
- पद्म विभूषण पुरस्कार (वर्ष 2000)
- ओडिसी नृत्य ओडिशा का शास्त्रीय नृत्य है।

36. झारखंड का हुंटा नृत्य कौन-से आदिवासी समूह से संबंधित है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) कोल (b) उराँव
(c) संथाल (d) मुण्डा

Ans. (c) संथाल

- झारखंड का हुंटा नृत्य संथाल जनजाति से संबंधित है।
- यह जनजाति झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में निवास करती है तथा कृषि, औद्योगिक श्रम, खनन एवं उत्पादन जैसे कार्यों में शामिल हैं।
- संथाली भाषा आठवीं अनुसूची में अनुसूचित भाषाओं की सूची में शामिल है।

37. निम्न में से कौन-सा नृत्य आमतौर पर ओडिशा में किया जाता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) ग्रिडा नृत्य (b) चक्यार कुथु
(c) रासलीला (d) घुमुरा

Ans. (d) घुमुरा

- घुमुरा, ओडिशा के कालाहांडी जिले का प्रसिद्ध लोक नृत्य है।
- ओडिशा के अन्य प्रमुख लोक नृत्य- दलखाई, कीसाबादी, पाइका, रंगबती, चैती घोड़ा।
- रासलीला - उत्तर प्रदेश
- चाक्यार कुथु - केरल
- ग्रिडा नृत्य - मध्य प्रदेश

38. धनगर निम्नलिखित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में से किसका पूजा नृत्य है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) गोवा (b) बिहार
(c) चंडीगढ़ (d) पुडुचेरी

Ans. (a) गोवा

- धनगर नृत्य एक पारंपरिक लोक नृत्य है जिसकी उत्पत्ति गोवा के धनगर समुदाय से हुई है।
- इस नृत्य शैली का प्रदर्शन मुख्य रूप से वार्षिक धनगर मेले के दौरान किया जाता है, जो जनवरी अथवा फरवरी माह में मनाया जाता है।
- गोवा के प्रमुख लोक नृत्य- तरंगमेल, लैम्पडांस, शिग्मो, धालो।

39. चाम नृत्य, जो कि भारत का प्रसिद्ध लोक नृत्य है, निम्नलिखित में से किस अन्य देश में भी मनाया जाता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) श्रीलंका (b) चीन
(c) भूटान (d) म्यांमार

Ans. (c) भूटान

- भूटान का लोक नृत्य चाम नृत्य है। यह तिब्बती बौद्ध धर्म से जुड़ा हुआ है। यह नृत्य भूटान के वार्षिक त्योहार त्शेचु के दौरान किया जाता है।
- चाम नृत्य एक विस्तृत मुखौटा और वेशभूषा वाला नृत्य है, जो पूरे लद्दाख (भारत) में विशेष अवसरों पर किया जाता है।
- सबरागामुवा नृत्य श्रीलंका में प्रचलित एक विशिष्ट नृत्य शैली है।

40. पारंपरिक रंगमंच कला 'माच' निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)

(a) केरल (b) असम
(c) कर्नाटक (d) मध्य प्रदेश

Ans. (d) मध्य प्रदेश

- पारंपरिक रंगमंच कला 'माच' मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र से संबंधित है।
- माना जाता है कि माच की शुरुआत गोपालजी गुरु ने की थी।
- माच की धुनों को रंगत के नाम से जाना जाता है।

41. पद्म श्री 2022 पुरस्कार से सम्मानित राम सहाय पांडे मध्य प्रदेश के बेदिया समुदाय के निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) बधाई (b) रावला
(c) राई (d) कर्मा

Ans. (c) राई

- पद्मश्री पुरस्कार 2022 से सम्मानित राम सहाय पांडे मध्य प्रदेश के बेड़िया समुदाय की राई नृत्य शैली से संबंधित है।
- यह नृत्य पुरुष नर्तकों द्वारा महिला भेष में ढ़ोल और नगाड़ों के साथ किया जाता है।

42. गोटीपुआ लोक नृत्य शैली निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) बिहार (b) ओडिशा
(c) छत्तीसगढ़ (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (b) ओडिशा

- गोटीपुआ, ओडिशा का एक प्रमुख लोक नृत्य है। महिलाओं की वेशभूषा में युवा लड़कों द्वारा किया जाने वाला एक मंत्रमुग्ध करने वाला लोक नृत्य है।
- इस नृत्य में नर्तक पारंपरिक पोशाक पहनते हैं जिसे 'कंचुला' कहा जाता है।

43. गरबा, निम्नलिखित में से किस राज्य का एक प्रसिद्ध लोक नृत्य है? यह नृत्य देवी दुर्गा के नौ रूपों को सम्मान प्रदान करने के लिए नवरात्रि महोत्सव के दौरान किया जाता है। **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) उत्तर प्रदेश (b) हरियाणा
(c) गुजरात (d) राजस्थान

Ans. (c) गुजरात

- उत्तर प्रदेश के प्रमुख लोक नृत्य- चरकुला, रासलीला, रामलीला, ख्याल, नौटंकी, दादरा और नटवरी आदि।
- हरियाणा के प्रमुख लोकनृत्य- धमाल, गुग्गा, धमान, फाग नृत्य, डफ, लूर नृत्य।
- राजस्थान के प्रमुख लोक नृत्य - घूमर, तेराताली, गणगौर, कालबेलिया, भवई, कच्ची घोड़ी आदि।

44. यूनेस्को द्वारा चिह्नित छाऊ (छऊ) नृत्य के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सी छाऊ (छऊ) नृत्य की एक शैली नहीं है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) मयूरभंज छाऊ (छऊ)
(b) सेरैकेल्ला छाऊ (छऊ)
(c) पुरुलिया छाऊ (छऊ)
(d) कच्छ छाऊ (छऊ)

Ans. (d) कच्छ छाऊ (छऊ)

- छाऊ नृत्य पूर्वी भारत के पुरुषों द्वारा किया जाने वाला एक पारंपरिक नृत्य है, जो रामायण और महाभारत सहित महाकाव्यों के प्रकरण का अभिनय करता है।
- छाऊ नृत्य को उसके प्रदर्शन के आधार पर तीन प्रभागों में वर्गीकृत किया जा सकता है- ओडिशा का मयूरभंज छाऊ, झारखंड का सराईकेला छाऊ, और बंगाल का पुरुलिया छाऊ।

45. निम्नलिखित में से किस राज्य में पोनंग लोक नृत्य प्रचलित है? **(D.P. Const. 02 Dec. 2020)**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) सिक्किम
(c) असम (d) मणिपुर

Ans. (a) अरुणाचल प्रदेश

राज्य	लोक नृत्य
अरुणाचल प्रदेश	पासी कोंगकी, बार्डो छम, पोपिर, वांचो।
सिक्किम	चू-फाट डांस, सिकमारी, सिंघी छम या स्नो लायन डांस।
असम	बिहू, बिछुआ, नटपूजा, ओजापाली।
मणिपुर	पुंग चोलोम, नूपा, राखाल।

46. प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका गिरिजा देवी, हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की किस शैली की प्रवर्तक थी? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) तराना (b) ध्रुपद
(c) ठुमरी (d) खयाल

Ans. (c) ठुमरी

- ठुमरी भारतीय संगीत की एक गायन शैली है। ठुमरी से संबंधित प्रमुख व्यक्ति- महादेव प्रसाद मिश्रा, सिद्देश्वरी देवी, रसूलन बाई और छन्नूलाल मिश्रा।
- 'ध्रुपद', 'धमर', 'होरी', 'ख्याल', 'टप्पा', 'चतुरंग', 'रससागर', 'तराना', 'सरगम' और 'ठुमरी' जैसी हिंदुस्तानी संगीत में गायन की दस मुख्य शैलियाँ हैं।
- मेवाती घराना अपनी विशिष्ट गायन शैली, विशेष रूप से तराना शैली के लिए जाना जाता है।
- पंडित रतन मोहन शर्मा ने भारत और विदेशों में व्यापक रूप से प्रदर्शन किया है अर्थात् तराना गायन की कला को बढ़ावा दिया है।

47. निम्नलिखित में से किस राज्य का एक प्रसिद्ध लोक नृत्य दुमहल है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) उत्तराखंड (b) जम्मू और कश्मीर
(c) छत्तीसगढ़ (d) मध्य प्रदेश

Ans. (b) जम्मू और कश्मीर

राज्य	लोक नृत्य
उत्तराखंड	भोटिया नृत्य, रम्माण
छत्तीसगढ़	राउत नाचा, पंडवानी
मध्य प्रदेश	मटकी नृत्य, जवारा नृत्य, नौरता
मिजोरम	चेराव, खुल्लम, चेलम

48. प्रसिद्ध नृत्यांगना रंजना गौहर निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) कथक (b) कुचिपुड़ी
(c) ओडिसी (d) भरतनाट्यम

Ans. (c) ओडिसी

नृत्य शैली	संबंधित व्यक्ति
कथक	बिरजू महाराज, नलिनी अस्थाना, सितारा देवी आदि।
कुचिपुड़ी	यामिनी कृष्णमूर्ति, लक्ष्मी नारायण शास्त्री, राजा रेड्डी, वेदांतम सत्यनारायण आदि।
ओडिसी	इलियाना सिटारिस्टी , सोनल मान सिंह, किरण सहगल आदि।
भरतनाट्यम	उर्मिला सत्यनारायण, सोनल मान सिंह, यामिनी कृष्णमूर्ति, एम.के.सरोजा आदि।

49. 'मंडूक शब्दम' निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली का एक मूलतत्व है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) कुचिपुड़ी (b) मोहिनीअट्टम
(c) ओडिसी (d) सत्रिया

Ans. (a) कुचिपुड़ी

- मोहिनीअट्टम के प्रमुख सिद्धांत हैं- लास्य, त्रिसामा, अभिनय,मुद्रा,ताल और लय।
- मोहिनीअट्टम केरल का एक शास्त्रीय नृत्य है।
- 'ओडिसी नृत्य' रूप जल का प्रतिनिधित्व करता है।
- सत्रीया असम का शास्त्रीय नृत्य रूप है।
- सत्रीया लोक नृत्य, मार्शल आर्ट और शास्त्रीय भारतीय नृत्य रूपों का एक संयोजन है।

50. निम्नलिखित में से किसे 1997 में संगीत के लिए जापान आर्ट एसोसिएशन का प्रीमियम इंपीरियल पुरस्कार मिला? **(D.P. Const. 17 Nov. 2023)**

(a) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ
(b) उस्ताद अल्लारखा खाँ
(c) पंडित शिव कुमार शर्मा
(d) पंडित रविशंकर

Ans. (d) पंडित रविशंकर

- पंडित रविशंकर एक भारतीय सितार वादक और संगीतकार थे।

पंडित रविशंकर शंकर को प्राप्त अन्य पुरस्कार-

- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1962)
- पद्म भूषण पुरस्कार (वर्ष 1967)
- पद्म विभूषण पुरस्कार (वर्ष 1981)
- भारत रत्न पुरस्कार (वर्ष 1999)
- रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (वर्ष 1992)

51. सोनल मानसिंह को किस प्रकार के नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) कुचिपुड़ी (b) मोहिनीअट्टम
(c) मणिपुरी (d) ओडिसी

Ans. (d) ओडिसी

- सोनल मानसिंह को वर्ष 1987 में ओडिसी नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सोनल मानसिंह को प्राप्त अन्य पुरस्कार-

- वर्ष 1992 - पद्म भूषण पुरस्कार
- वर्ष 2003 - पद्म विभूषण पुरस्कार
- वर्ष 2018 - राष्ट्रपति द्वारा सोनल मानसिंह को राज्यसभा के सदस्य के रूप में नामित किया गया।

52. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित ..... की माधुरी बर्थवाल एक प्रसिद्ध लोक गायिका हैं। वह आकाशवाणी की पहली महिला संगीतकार थीं।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) उत्तराखंड (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (c) उत्तराखंड

- माधुरी बर्थवाल अपने मनु लोक सांस्कृतिक धरोहर संवर्धन संस्थान के द्वारा उत्तराखंड की महिलाओं को उत्तराखंड लोक संगीत की शिक्षा देती है।
- माधुरी बर्थवाल को वर्ष 2019 में 'नारी शक्ति सम्मान' तथा वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- माधुरी बर्थवाल ऑल इंडिया रेडियो में संगीतकार बनने वाली पहली महिला है।

53. नानजियम्मा को मलयालम फिल्म अय्यप्पनम कोशियुम के गीत कलक्कथा सदना के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) 2021 (b) 2018
(c) 2019 (d) 2020

Ans. (d) 2020

- अय्यप्पनम कोशियुम फिल्म के लिए के. आर. सचिदानंदन सची के नाम से प्रसिद्ध को मरणोपरांत सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्राप्त हुआ था।
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की स्थापना वर्ष 1954 को हुई थी।
- नानजियम्मा एक महिला पार्श्व गायिका है, जिन्हें वर्ष 2020 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

54. कलामंडलम कल्याणिकुट्टी अम्मा को किस प्रकार के नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) कथकली (b) कुचिपुड़ी
(c) मोहिनीअट्टम (d) कथक

Ans. (c) मोहिनीअट्टम

- कलामंडलम कल्याणिकुट्टी अम्मा केरल राज्य से मोहिनीअट्टम नृत्य शैली की प्रसिद्ध नर्तकी है।
- अन्य प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम कलाकार-सुनंदा नायर, पल्लवी कृष्णन, जयप्रभा मेनन, गोपिका वर्मा तथा आदि।

55. राजा रेड्डी निम्न में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) कथक (b) भरतनाट्यम
(c) कथकली (d) कुचिपुड़ी

Ans. (d) कुचिपुड़ी

- राजा रेड्डी ने राधा रेड्डी के साथ मिलकर नई दिल्ली में कुचिपुड़ी नृत्य के तरंगिनी संस्थान की शुरुआत की।
- कुचिपुड़ी आंध्र प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य शैली है।
- राजा और राधा रेड्डी को वर्ष 1984 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार तथा वर्ष 2000 में पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुए।

56. पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित कुमारी कमला ..... की प्रसिद्ध नृत्यांगना हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) ओडिसी (b) मोहिनीअट्टम
(c) भरतनाट्यम (d) सत्रिया

Ans. (c) भरतनाट्यम

- भरतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना कुमारी कमला को वर्ष 1970 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

भरतनाट्यम नृत्य में पद्म भूषण प्राप्त करने वाले अन्य कलाकार-

- यामिनी कृष्णमूर्ति (वर्ष 2001)
- पद्म सुब्रह्मण्यम (वर्ष 2003)
- अलार्मेल वल्ली (वर्ष 2004)
- रुक्मिणी अरुंडेल (वर्ष 1956)
- तंजौर बालासरस्वती (वर्ष 1957)

57. वर्ष 2022 में, अर्जुन सिंह धुर्वे को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) कथक (b) छऊ
(c) भरतनाट्यम (d) बैगा जनजाति नृत्य

Ans. (d) बैगा जनजाति नृत्य

- मध्य प्रदेश के रहने वाले अर्जुन सिंह धुर्वे, बैगा लोकगीत एवं नृत्य को लोकप्रिय बनाने के लिए जाने जाते हैं।
- बैगा नृत्य शैली बैगा जनजाति से संबंधित है, यह जनजाति ओडिशा, झारखंड तथा छत्तीसगढ़ राज्यों में निवास करती है।
- भरतनाट्यम - तमिलनाडु
- कथक-उत्तर भारत
- छऊ-झारखंड, पं. बंगाल एवं ओडिशा

58. एशिया के नोबेल पुरस्कार माने जाने वाले रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित होने वाला/वाली पहला/पहली भारतीय संगीतकार कौन था/थी?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी
(b) पंडित रविशंकर
(c) पंडित कुमार गंधर्व
(d) लता मंगेशकर

Ans. (a) एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी

- एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार वर्ष 1974 को प्राप्त हुआ।
- ये रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय संगीतकार है।

एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी को प्राप्त हुए अन्य पुरस्कार-

- पद्म भूषण पुरस्कार वर्ष - 1954
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार वर्ष - 1956
- संगीत कलानिधि पुरस्कार - वर्ष 1968
- पद्म विभूषण पुरस्कार-वर्ष - 1975
- भारत रत्न पुरस्कार वर्ष - 1998

59. श्रीमती बिनो देवी को किस प्रकार के नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) घूमर (b) कथकली
(c) सत्रिया (d) मणिपुरी

Ans. (d) मणिपुरी

- मणिपुरी नृत्य के लिए श्रीमती बिनो देवी को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 में पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।

60. निम्नलिखित में से किस भरतनाट्यम नर्तक ने 2021 में प्रतिष्ठित नाट्य कलानिधि पुरस्कार प्राप्त किया?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) गुरु बिपिन सिंह (b) पंडित बिरजू महाराज
(c) पद्मा सुब्रह्मण्यम (d) चित्रा विश्वेश्वरन

Ans. (d) चित्रा विश्वेश्वरन

- भरतनाट्यम कलाकार चित्रा विश्वेश्वरन ने वर्ष 2021 में प्रसिद्ध नाट्य कलानिधि पुरस्कार जीता।
- भरतनाट्यम एकल स्त्री नृत्य है, जिसमें शारीरिक क्रियाओं को तीन भागों में बांटा जाता है–समभंग, अभंग और त्रिभंग।

61. अजीता श्रीवास्तव ..... की एक प्रसिद्ध लोक गायिका हैं और उन्हें 2022 में पद्म श्री प्राप्त हुआ था।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) उत्तर प्रदेश (b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र (d) मध्य प्रदेश

Ans. (a) उत्तर प्रदेश

- अजीता श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश के 'कजरी लोकगीतों' को लोकप्रिय बनाने के लिये जाना जाता है।
- इन्हें वर्ष 2022 में पद्मश्री तथा वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया गया था।
- ध्यातव्य है कि 17 अगस्त, 2024 को 70 वर्ष की आयु में इनका निधन हो गया।

62. आर. मुथुकन्नमल को 2022 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। निम्नलिखित में से कौन-सा उनका योगदान है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) भारत की नीली क्रांति को शक्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना
(b) ओडिशा के गरीब और पिछड़े समुदायों के साथ काम करना
(c) भरतनाट्यम की प्रारंभिक नृत्य शैली का संरक्षक होना
(d) भारतीय समाज के अध्ययन में विशेषज्ञता

Ans. (c) भरतनाट्यम की प्रारंभिक नृत्य शैली का संरक्षक होना

- आर. मुथुकन्नमल को वर्ष 2022 में भरतनाट्यम की प्रारंभिक नृत्य शैली के संरक्षण के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- आर. मुथुकन्नमल एक 'सधिर' नृत्यांगना है।

63. उस भारतीय व्यक्तित्व की पहचान करें जिसे मोहिनीअट्टम में उसके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) बिजय कुमार जेना
(b) थोकचोम इबेमुबी देवी
(c) भुवन कुमार
(d) नीना प्रसाद

Ans. (d) नीना प्रसाद

- मोहिनीअट्टम की प्रसिद्ध कलाकार नीना प्रसाद को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2021 से सम्मानित किया गया।
- इन्हें वर्ष 2015 में नीता चूड़ामणि पुरस्कार दिया गया।

64. शंभू महाराज को किस प्रकार के नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप प्रदान की गई? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**
(a) कथक (b) कुचिपुड़ी
(c) भरतनाट्यम (d) मणिपुरी

Ans. (a) कथक

- शंभू महाराज कथक शास्त्रीय नृत्य में भाव अंग (भावनात्मक भाग) के एक प्रसिद्ध प्रतिपादक थे।
- शंभू महाराज लखनऊ घराने से संबंधित है।
- शंभू महाराज को वर्ष 1967 में संगीत नाटक अकादमी का सर्वोच्च पुरस्कार, संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप और वर्ष 1956 में पद्मश्री प्राप्त हुआ।

65. गीता महालिक ने किस प्रकार के नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) कथकली (b) ओडिसी
(c) भरतनाट्यम (d) कुचिपुड़ी

Ans. (b) ओडिसी

- गीता महालिक भारत में ओडिसी शास्त्रीय नृत्य की प्रतिष्ठित कलाकार हैं।
- उन्हें ओडिसी नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2009 से सम्मानित किया गया है।

66. सुनयना हजारीलाल ने किस शास्त्रीय नृत्य के लिए पद्म श्री प्राप्त किया?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) ओडिसी (b) भरतनाट्यम
(c) कथकली (d) कथक

Ans. (d) कथक

- कथक शास्त्रीय नृत्य की नृत्यांगना सुनयना हजारीलाल को वर्ष 2011 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 2003 में इन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा वर्ष 2015 में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गयां

67. 2016 में यामिनी कृष्णमूर्ति को शास्त्रीय नृत्य के किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी
(b) भरतनाट्यम और ओडिसी
(c) भरतनाट्यम और मणिपुरी
(d) भरतनाट्यम और कथक

Ans. (a) भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी

- यामिनी कृष्णमूर्ति भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य की प्रसिद्ध नर्तकी थी, जिन्हें कुचिपुड़ी डांस स्टाइल में 'मशाल वाहक' के रूप में जाना जाता था।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में इन्हें भरतनाट्यम एवं कुचिपुड़ी में उत्कृष्ट योगदान के लिये पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, इन्हें वर्ष 1968 में पद्मश्री तथा वर्ष 2001 में पद्म भूषण पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

68. निम्नलिखित में से किसने यूनाइटेड नेशन्स मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द इयर पुरस्कार (2019) प्राप्त किया?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) तारिका नाथ (b) माधवी थम्पी
(c) नीरजा भट्ट (d) सुमन गवानी

Ans. (d) सुमन गवानी

- मेजर सुमन गवानी, एक भारतीय अधिकारी है, जिन्होंने दक्षिण सूडान मिशन, UNMISS में शांति सैनिक के रूप में काम किया। शांति अभियान विभाग (DPO) के अंतर्गत सैन्य मामलों के कार्यालय द्वारा 2016 में बनाया गया, मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द इयर अवार्ड एक ऐसे सैन्य शांतिरक्षक को सम्मानित करता है जिसने शांति अभियानों में लैंगिक दृष्टिकोण को अच्छे तरीके से एकीकृत किया हो।
- वर्ष 2019 का यह अवार्ड मेजर सुमन गवानी (भारत) और कमांडर कार्ला मोटेंइरो डी कास्त्रो अरुजो (ब्राजील) को सयुक्त रूप से प्राप्त हुआ।
- यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड पाने वाली कुछ महिलाएँ: मेजर राधिका सेन (2023), कैप्टन सेसिलिया एर्जुआ (2022)।

69. लोकप्रिय लोकनृत्य 'लावणी' में निम्नलिखित में से किस तालवाद्य यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) जाइलोफोन (b) ढोलक
(c) पियानो (d) स्ले घंटी

Ans. (b) ढोलक

- लावणी महाराष्ट्र का प्रसिद्ध लोकनृत्य है।
- यह नृत्य मुख्य रूप से नौ गज लंबी साड़ी पहनी हुई महिलाओं द्वारा किया जाता है।
- महाराष्ट्र के अन्य लोकनृत्य- तमाशा, कोली तथा धनगरी गाजा।

70. निम्नलिखित में से कौन कालबेलिया नृत्य शैली का प्रसिद्ध कलाकार है?
(D.P. Const. 17 Apr. 2023)
(a) मिनाती मिश्रा (b) गुलाबो सपेरा
(c) गीता महालिक (d) वैजयंती काशी

Ans. (b) गुलाबो सपेरा

- गुलाबो सपेरा को वर्ष 2016 में कालबेलिया नृत्य के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- कालबेलिया राजस्थान की एक जनजाति है, जिसके नाम पर यह लोकनृत्य प्रसिद्ध है।
- वर्ष 2010 में कालबेलिया नृत्य को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में शामिल किया गया।

71. पंडित एस. बल्लेश भजंत्री एक कलाकार हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) सरोद (b) शहनाई
(c) सितार (d) संतूर

Ans. (b) शहनाई

- पंडित एस. बल्लेश भजंत्री एक लोकप्रिय भारतीय शास्त्रीय हिंदुस्तानी शहनाई वादक है।
- उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के बाद शहनाई वादन में पद्मश्री (वर्ष 2022) पाने वाले एस. बल्लेश भजंत्री दूसरे शास्त्रीय संगीतकार बन गए।
- अन्य शहनाई वादक- बागेश्वरी कमर, अनंत लाल, उस्ताद बिस्मिल्ला खान, अली अहमद हुसैन खान, लोकेश आनंद आदि।

72. शकूर खान निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से जुड़े है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) वायोलिन (b) सारंगी
(c) शहनाई (d) रुद्र वीणा

Ans. (b) सारंगी

- प्रसिद्ध सारंगी वादक शकूर खान को भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- **अन्य सारंगी वादक**- पंडित राम नारायण, उस्ताद सुल्तान खान, बुन्दू खान, साबिर खान आदि।
- **शहनाई वादक**- उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ, एस बलेश, अनंत लाल आदि।
- **रुद्र वीणा वादक**- असद अली खान, बन्दे अली खान, वजीर खान आदि।

73. पुदुकोट्टई दक्षिणमूर्ति पिल्लई एक प्रसिद्ध ..... वादक हैं।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) बाँसुरी (b) गिटार
(c) मेज (d) कंजीरा

Ans. (d) कंजीरा

वाद्ययंत्र	प्रसिद्ध कलाकार
कंजीरा	पुदुकोट्टई दक्षिणमूर्ति पिल्लई, जी. हरिशंकर
बांसुरी	पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, पन्नालाल घोष

74. के.वी. प्रसाद और एस.वी. राजाराव दोनों निम्नलिखित में से किस तालवाद्य यंत्र से जुड़े हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) तबला (b) घटम
(c) मृदंगम (d) कंजीरा

Ans. (c) मृदंगम

वाद्य यंत्र एवं उनके वादक-
- **मृदंगम**- पालघाट मणि अय्यर, रामानंद वी. राघवन, कराईकुडी आर मणि आदि।
- **तबला**- जाकिर हुसैन, उस्ताद अल्ला रक्खा, किशन महाराज आदि।
- **घटम**- टी. एच. विनायकराम, ई. एम. सुब्रमण्यम आदि।

75. निम्नलिखित में से किस कलाकार का संबंध वाद्य यंत्र पखावज से नहीं है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) गोपाल दास
(b) पंडित किशन महाराज
(c) अयोध्या प्रसाद
(d) तोताराम शर्मा

Ans. (b) पंडित किशन महाराज

वाद्य-यंत्र	संबंधित कलाकार
पखावज	गोपाल दास, अयोध्या प्रसाद, तोताराम शर्मा।
तबला	पंडित किशन महाराज, संदीप दास, जाकिर हुसैन, अल्ला रक्खा खा।

76. पंडित अयोध्या प्रसाद ..... से जुड़े हैं।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) गिटार (b) बाँसुरी
(c) पखावज (d) वीणा

Ans. (c) पखावज

प्रसिद्ध कलाकार	संबंधित वाद्ययंत्र
पंडित अयोध्या प्रसाद	पखावज
उस्ताद असद अली खान	वीणा
रघुनाथ सेठ, हरिप्रसाद चौरासिया	बाँसुरी
पंडित ब्रजभूषण काबरा	गिटार

77. विलायत खान निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र को बजाने के लिए जाने जाते हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) संतूर (b) सितार
(c) सरोद (d) वायलिन

Ans. (b) सितार

वाद्ययंत्र एवं उनसे जुडे वादक-
- **सितार**- विलायत खां, पंडित रविशंकर, निखिल बनर्जी, बंदे हसन, राजीव जनार्दन आदि।
- **वायलिन**- टी. एन. कृष्णन, विष्णु गोविंद जोग, एन. राजन एवं संगीता राजन आदि।
- **संतूर**- शिवकुमार, भजन सोपोरी आदि।
- **सरोद**- अमजद अली खा, जरीन शर्मा (दारुवाला), अली अकबर खां, राजीव तारानाथ आदि।

78. उस्ताद अल्ला रक्खा, साबिर खान, पंडित किशन महाराज और पंडित ज्ञान प्रकाश घोष का किस वाद्य यंत्र से संबंध हैं?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) शहनाई (b) मृदंगम
(c) वायलिन (d) तबला

Ans. (d) तबला

प्रमुख कलाकार	संबंधित वाद्ययंत्र
पं. शिव कुमार शर्मा, पं. भजन सोपोरी	संतूर
उस्ताद बिस्मिल्ला खान	शहनाई
टी. एन. कृष्णन	वायलिन

79. अनंथा आर. कृष्णन एक प्रसिद्ध ..... वादक हैं।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) सितार (b) संतूर
(c) बाँसुरी (d) मृदंगम

Ans. (d) मृदंगम

प्रमुख कलाकार	संबंधित वाद्ययंत्र
अनंथा आर. कृष्णन	मृँदगम
बिस्मिल्ला खान	शहनाई
हरिप्रसाद चौरसिया	बाँसुरी
ई.एम. सुब्रह्मण्यम	घटम

80. पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ..... के विश्व प्रसिद्ध प्रतिपादक हैं।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) सरोद (b) तबला
(c) बाँसुरी (d) सितार

Ans. (c) बाँसुरी

प्रसिद्ध कलाकार	संबंधित वाद्ययंत्र
पंडित हरिप्रसाद चौरसिया	बाँसुरी
उस्ताद जाकिर हुसैन	तबला

विलायत खान	सितार
अली अकबर खान	सरोद

81. नादस्वरन वाद्य-यंत्र द्वारा बजाया जाता है।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) के.वी. प्रसाद
(b) तोताराम शर्मा
(c) शेख चिन्ना मौलाना
(d) पन्नालाल घोष

Ans. (c) शेख चिन्ना मौलाना

- शेख चिन्ना मौलाना कर्नाटक परंपरा के एक महान नादस्वरम वादक थे।
- इन्हें वर्ष 1998 में मद्रास संगीत अकादमी की संगीता कलानिधि से सम्मानित किया गया।
- तोताराम शर्मा एक प्रसिद्ध पखावज वादक और पन्नालाल घोष प्रसिद्ध बाँसुरी वादक हैं।

82. संगीतकार सिक्किल माला चंद्रशेखर का संबंध निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र से है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2020)
(a) तानपूरा (b) बाँसुरी
(c) तबला (d) स्वरमंडल

Ans. (b) बाँसुरी

वादक	वाद्ययंत्र
तानपूरा	पं. भीमसेन जोशी
बाँसुरी	हरिप्रसाद चौरसिया, पन्नालाल घोष, राजेंद्र प्रसन्ना, राजेंद्र कुलकर्णी।
तबला	अल्ला रक्खा खाँ, पं. किशन महाराज, आनंद गोपाल बंद्योपाध्याय।
वीणा	एस. बालाचंद्रन, जयंती कुमारेश।

83. निम्नलिखित में से किसे तबला उस्ताद के रूप में जाना जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) उस्ताद अमजद अली खान
(b) उस्ताद जाकिर हुसैन
(c) गुलाम अली
(d) उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ

Ans. (b) उस्ताद जाकिर हुसैन

- उस्ताद जाकिर हुसैन को तबला उस्ताद के रूप में जाना जाता है। विदित हो कि दिसंबर 2024 को 73 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।
- उन्होंने चार सैमी अवॉर्ड जीते, जिनमें वर्ष 2024 के 66वें ग्रेमी अवॉर्ड के तीन अवॉर्ड भी शामिल हैं। उन्हें पद्म श्री (वर्ष 1988), पद्म भूषण (वर्ष 2002) और पद्म विभूषण (वर्ष 2023) से भी सम्मानित किया गया।

नोट:- उस्ताद जाकिर हुसैन को वर्ष 1990 में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

84. तोताराम शर्मा, पंडित अयोध्या प्रसाद, गोपालदास और बाबू राम शंकर पागलदास निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध वादक है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) पखावज (b) सरोद
(c) सारंगी (d) मृदंगम

Ans. (a) पखावज

प्रसिद्ध वाद्य यंत्र एवं उनके वादक-:
- **पखावज** - तोताराम शर्मा, पंडित अयोध्या प्रसाद, गोपालदास, बाबु राम शंकर, पागलदास आदि।
- **सरोद** - उस्ताद अमजद अली खान, अयान अली खाँ, राजीव तारानाथ आदि।
- **सारंगी** - उस्ताद शकूर खान, पंडित रामनारायण
- **मृदंगम** - रामनाद वी. राघवन, टी.वी गोपाल कृष्णन आदि।

85. संदीप दास निम्नलिखित में से किस ताल वाद्ययंत्र को बजाने के लिए प्रसिद्ध हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) कंजीरा (b) तबला
(c) पखावज (d) घटम

Ans. (b) तबला

वाद्ययंत्र	संबंधित कलाकार
तबला	संदीप दास
सारंगी	पं. राम नारायण, शकूर खान
बाँसुरी	रघुनाथ सेठ

86. निम्नलिखित में से कौन मृदंगम वाद्ययंत्र से जुड़े है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) पालघाट मणि अय्यर
(b) हरि प्रसाद चौरसिया
(c) जरीन एस. शर्मा
(d) अली अकबर खान

Ans. (a) पालघाट मणि अय्यर

वाद्ययंत्र	संबंधित कलाकार
मृदंगम	पालघाट मणि अय्यर, रामनंद वी. राघवन
घटम	टी. एच. विनायकराम
सरोद	अमजद अली खान (सरोद सम्राट)

87. विख्यात सिंधी सारंगी वादक लाखा खां किस राज्य के निवासी हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) उत्तराखंड (d) राजस्थान

Ans. (d) राजस्थान

- विख्यात सिंधी सारंगी वादक, लाखा खाँ जोधपुर राजस्थान के निवासी है।
- वर्ष 2021 में इन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

88. मुराद अली एक प्रसिद्ध ..... वादक हैं।
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) गिटार (b) सारंगी
(c) तबला (d) बाँसुरी

Ans. (b) सारंगी

वाद्ययंत्र	प्रमुख कलाकार
सारंगी	मुराद अली, पं. गोपाल मिश्रा
तबला	अल्ला रक्खा खाँ, फैय्याज खाँ

89. प्रख्यात संगीतकार अरविंद पारिख निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) सितार (b) मृदंगम
(c) शहनाई (d) सरोद

Ans. (a) सितार

वाद्ययंत्र	प्रमुख कलाकार
सितार	स्मिता नागदेव,पंडित रविशंकर, विलायत खान, अनुष्का शंकर, शाहिद परवेज आदि।
मृदंगम	रामनाद वी. राघवन , उमयालपुरम के. शिवरामन, टी.वी. गोपालकृष्णन आदि।
शहनाई	उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, एस बल्लेश, अनंत लाल, अली अहमद हुसैन खान, लोकेश आनंद आदि।
सरोद	जरीन शर्मा, अमजद अली खान आदि।

90. प्रख्यात संगीतकार पंडित किशन महाराज निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से संबंधित थे? **(D.P. Const. 02 Dec. 2020)**
(a) मृदंगम (b) संतूर
(c) रुद्रवीणा (d) तबला

Ans. (d) तबला

- किशन महाराज बनारस घराने से संबंधित थे।

पुरस्कार
- पद्मश्री-1973
- पद्म विभूषण-2002
- संगीत नाटक अकादमी-1984

91. सरहुल त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?
(D.P. Const. 02 Dec. 2020)
(a) छत्तीसगढ़ (b) गुजरात
(c) झारखंड (d) असम

Ans. (c) झारखंड

राज्य	त्योहार/उत्सव
छत्तीसगढ़	भोरमदेव महोत्सव
	मड़ई त्योहार
	गौरी-गौरा विवाह उत्सव
गुजरात	रण उत्सव
	मोढेरा नृत्य महोत्सव
	सप्तक संगीत महोत्सव

झारखंड	सरहुल त्योहार
	सोहराई त्योहार
	टुसु पर्व
असम	बिहू त्योहार
	बैशागु त्योहार

92. संगीतकार तुलसीदास बोरकर का संबंध निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र से है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) शहनाई (b) बाँसुरी
(c) तबला (d) हारमोनियम

Ans. (d) हारमोनियम

वादक	वाद्ययंत्र
बाँसुरी	हरिप्रसाद चौरसिया, पन्नालाल घोष, राजेंद्र प्रसन्ना, राजेंद्र कुलकर्णी आदि।
तबला	अल्ला रक्खा खाँ, पं. किशन महाराज, आनंद गोपाल बंद्योपाध्याय आदि।
तानपूरा	पं. भीमसेन जोशी, विक्रम घोष आदि।

93. वांगला किस भारतीय राज्य का एक लोकप्रिय फसल उत्सव है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) पश्चिम बंगाल (d) मेघालय

Ans. (d) मेघालय

- वांगला उत्सव मेघालय में गारो समुदाय के लोगों द्वारा उर्वरता के सूर्य देवता, सालजोंग के सम्मान में मनाया जाता है।
- मेघालय के अन्य उत्सव- शादसुक म्यंसिएम, नोंगक्रेम, चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल।

94. निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार मुख्य रूप से पारसी समुदाय द्वारा मनाया जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) सोंगकान (b) नवरोज
(c) दीपावली (d) मिलाद-उन-नबी

Ans. (b) नवरोज

- पारसी समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार नवरोज है, जिसे फारसी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।
- अग्नि मंदिर पारसी धर्म का प्रमुख धार्मिक स्थल है।

95. कजली (कजरी) तीज भारत के किस राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) गोवा (b) महाराष्ट्र
(c) राजस्थान (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (c) राजस्थान

भारतीय सांस्कृतिक उत्सव	राज्य
कजली (कजरी), गणगौर	राजस्थान
माजुली उत्सव, अंबुबाची	असम
सरहुल, सोहराई	झारखण्ड
छठ पूजा, समा-चकेवा उत्सव	बिहार
खजुराहो महोत्सव	मध्य प्रदेश

96. रथ सप्तमी का सांस्कृतिक उत्सव मुख्य रूप से भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) बिहार
(c) आंध्र प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (c) आंध्र प्रदेश

- माघ शुक्ल सप्तमी को रथ सप्तमी का त्योहार भी कहा जाता है।
- यह त्योहार सूर्य देव को समर्पित है।
- आंध्र प्रदेश के प्रमुख त्योहार उगादी, विशाखा उत्सव, लेपाक्षी महोत्सव, पेडा पाडुगा (मकर सक्रांति) आदि।

97. नलवाड़ी मेला किस भारतीय राज्य में आयोजित किया जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) उत्तर प्रदेश (b) पंजाब
(c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (d) हिमाचल प्रदेश

- नलवाड़ी मेला, हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर शहर में लगने वाला एक वार्षिक पशु मेला है।
- यह मेला लगभग 5 दिनों तक चलता है।
- बिहार के सोनपुर में एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला लगता है।
- बटेश्वर मेला - आगरा, उत्तर प्रदेश।

98. किस पूर्वोत्तर राज्य द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख रूप से अहिया विंटर फेस्टिवल आयोजित किया जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सिक्किम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) त्रिपुरा (d) मेघालय

Ans. (d) मेघालय

राज्य	त्योहार
मेघालय	अहिया विंटर फेस्टिवल, वांगला महोत्सव
मिजोरम	चापचार कुट
नागालैंड	हॉर्नबिल त्योहार
केरल	ओणम
ओडिशा	नुआखाई

99. कोलायत उत्सव भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
(c) झारखंड (d) बिहार

Ans. (b) राजस्थान

- कोलायत उत्सव राजस्थान राज्य के बीकानेर जिले में कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।
- राजस्थान राज्य के अन्य उत्सव गणगौर, बूंदी उत्सव, मरु महोत्सव, हाथी उत्सव, मत्स्य महोत्सव, चंद्रभागा उत्सव, उर्स महोत्सव आदि।

100. द्रिक पंचांग के अनुसार महाशिवरात्रि कब मनाई जाती है?**(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**
(a) चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकम
(b) आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
(c) माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
(d) फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी

Ans. (c) माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी

- द्रिक पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि प्रत्येक वर्ष फाल्गुन (माघ) महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। वर्ष 2024 में महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई गई थी।
- महाशिवरात्रि को शिव-गौरी के विवाहोत्सव के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है, कि इस दिन भगवान शिव ने वैराग्य छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया और माता पार्वती से विवाह किया था।

101. निम्नलिखित में में से कौन-सा सांस्कृतिक उत्सव उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) ताज महोत्सव
(b) हम्पी नृत्य उत्सव
(c) नट्यांजलि उत्सव
(d) निशागंधी उत्सव

Ans. (a) ताज महोत्सव

प्रमुख सांस्कृतिक उत्सव	आयोजन-कर्ता
ताज महोत्सव	उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग
हम्पी नृत्य उत्सव	कर्नाटक पर्यटन विभाग
नट्यांजलि उत्सव	तमिलनाडु पर्यटन विभाग
निशागंधी उत्सव	केरल पर्यटन विभाग

102. निम्नलिखित में से कौन-सा सांस्कृतिक त्योहार झारखंड के आदिवासी समुदाय द्वारा मनाया जाता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) सोहराई (b) हरेली
(c) साओ जोआओ (d) उगादी

Ans. (a) सोहराई

- सोहराई त्योहार, झारखंड की संथाल जनजाति का सबसे बड़ा पशु त्योहार है, जो दीपावली से एक दिन पहले मनाया जाता है।

- हरेली – छत्तीसगढ़
- उगादी – आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना
- साओ जोआओ–गोवा

103. हिमाचल प्रदेश में हिडिम्बा देवी के सम्मान में निम्नलिखित में से कौन-सा उत्सव मनाया जाता है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) शोराई महोत्सव (b) बिसुआ महोत्सव
(c) डोंगरी महोत्सव (d) माघी महोत्सव

Ans. (c) डोंगरी महोत्सव

प्रमुख उत्सव	संबंधित तथ्य
डोंगरी महोत्सव	हिमाचल प्रदेश में हिडिम्बा देवी के सम्मान में
माघी महोत्सव	पंजाब में मुक्तसर की लड़ाई के दौरान (वर्ष 1705) मारे गए चालीस सिख योद्धाओं की याद में मनाया जाता है।
वांचुवा महोत्सव	असम में यह उत्सव तिवा आदिवासियों द्वारा अपनी अच्छी फसल को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।
बिसुवा महोत्सव	बिहार में रबी फसल उत्पादन से संबंधित त्योहार है।
सोहराई महोत्सव	यह झारखंड का एक फसल उत्सव है, जिसे पशु उत्सव भी कहा जाता है। यह फसल कटने के बाद मनाया जाता है।

104. 'पारो त्शेचु' के नाम से जाना जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार किस देश से संबंधित है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) भूटान (b) थाईलैंड
(c) बर्मा (d) जापान

Ans. (a) भूटान

देश	प्रसिद्ध त्योहार
भूटान	पारो त्शेचु
जापान	क्योटो गिओन मात्सुरी जियोन मत्सुरी फेस्टिवल
थाईलैंड	सोंगक्रान (थाई नव वर्ष), लोई क्रथॉन्ग

105. विजयादशमी को ..... के नाम से भी जाना जाता है। **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) दिवाली (b) गणेश चतुर्थी
(c) दशहरा (d) होली

Ans. (c) दशहरा

- विजयादशमी को दशहरा के नाम से भी जाना जाता है। यह देश भर में मनाया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।
- यह नवरात्रि के समापन का प्रतीक है, जो देवी दुर्गा को समर्पित नौ रातों का उत्सव है।
- इस उत्सव में घरों और सार्वजनिक स्थलों को रोशनी, फूलों और रंगोली से सजाया जाता है।

106. साकेवा एक धार्मिक त्योहार है जो ..... के किरात खंबू राई समुदाय द्वारा मनाया जाता है। **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) मध्य प्रदेश (b) झारखंड
(c) पंजाब (d) सिक्किम

Ans. (d) सिक्किम

- साकेवा नामक धार्मिक त्योहार सिक्किम में किरात खम्बू राई समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है।
- इसे भूमि पूजा या चंडी पूजा भी कहा जाता है।
- नौ दिनों तक चलने वाला यह त्योहार हिंदू महीने वैसाख की पूर्णिमा से शुरू होता है, जो अप्रैल और मई के बीच आता है।

107. निम्नलिखित में से कौन-सी राज्य सरकार हर साल सूरजकुंड मेले का आयोजन करती है? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) जम्मू (b) हरियाणा
(c) झारखंड (d) पंजाब

Ans. (b) हरियाणा

राज्य	प्रमुख उत्सव/मेला
हरियाणा	सूरजकुंड मेला
मध्य प्रदेश	खजुराहो नृत्य महोत्सव
गोवा	शिगमो मेला
गुजरात	कच्छ रण उत्सव
झारखण्ड	करम उत्सव
राजस्थान	पुष्कर मेला

108. गोवा के मांडो उत्सव में किस प्रकार की कला का प्रदर्शन किया जाता है? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) स्पोर्ट्स (b) संगीत
(c) चित्रकारी (d) साहित्य

Ans. (b) संगीत

- गोवा के मांडो उत्सव में संगीत का प्रदर्शन किया जाता है।
- मांडो और डुलपोड उत्सव गोवा की विरासत हैं। मांडो एक धीमा प्रेम गीत है जिसके बाद डुलपोड आता है, जो समाज पर व्यंग्य है।

109. पुष्करालु त्योहार किस भारतीय राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) तमिलनाडु (b) आंध्र प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) केरल

Ans. (b) आंध्र प्रदेश

- पुष्करालु त्योहार आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है।
- 12 दिन का यह त्योहार महाकुंभ की तर्ज पर ही होता है।

110. भगवान शिव को समर्पित नवाला का धन्यवाद महोत्सव मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश के किस शहर में मनाया जाता है? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) कांगड़ा (b) शिमला
(c) चम्बा (d) धर्मशाला

Ans. (a) कांगड़ा

- नवाला का धन्यवाद महोत्सव मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा शहर में मनाया जाता है।
- यह विशेष त्योहार भगवान शिव को समर्पित है।

111. किस राज्य के जोड़े में होली को डोला पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) पश्चिम बंगाल और ओडिशा
(b) महाराष्ट्र और गुजरात
(c) नागालैंड और सिक्किम
(d) राजस्थान और पंजाब

Ans. (a) पश्चिम बंगाल और ओडिशा

- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में होली को डोला पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है।
- पूर्वी भारत में डोला पूर्णिमा को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

112. भारत में रामनवमी का त्योहार कब मनाया जाता है? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) पौष मास की नवमी तिथि
(b) चैत्र मास की नवमी तिथि
(c) माघ मास की नवमी तिथि
(d) अश्विन मास की नवमी तिथि

Ans. (b) चैत्र मास की नवमी तिथि

- भारत में रामनवमी का त्योहार चैत्र मास की नवमी तिथि को मनाया जाता है।
- यह त्योहार भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

113. 'लोटिया' नामक गीतों का संबंध पारंपरिक रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य से है? **(D.P. Const. 27 Nov. 2020)**

(a) मेघालय (b) राजस्थान
(c) महाराष्ट्र (d) तेलंगाना

Ans. (d) तेलंगाना

- लोटिया त्योहार के दौरान चैत्र मास में गाया जाता है।
- पोवाड़ा और लावणी महाराष्ट्र के दो सबसे प्रसिद्ध लोकगीत हैं।

114. 'पावल कुट' नामक जनजातीय पर्व पारंपरिक रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) ओड़िशा (b) सिक्किम
(c) मिजोरम (d) राजस्थान

Ans. (c) मिजोरम

राज्य	प्रमुख त्योहार/ उत्सव/ पर्व
ओडिशा	नुआखाई ,कोणार्क नृत्य महोत्सव, कलिंग , बालियात्रा ,राजा पर्व ,रथ यात्रा (जगन्नाथ)
सिक्किम	सागा दावा ,
मिजोरम	चापचर कुट, पावल कुट, मीम कुट आदि।
राजस्थान	गणगौर उत्सव, बूंदी उत्सव, मरु महोत्सव, हाथी उत्सव, मत्स्य महोत्सव आदि।

115. 'मड़ई' नामक जनजातीय पर्व पारंपरिक रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) तमिलनाडु (b) छत्तीसगढ़
(c) त्रिपुरा (d) हिमाचल प्रदेश

Ans. (b) छत्तीसगढ़

- छत्तीसगढ़ के अन्य पर्व/ उत्सव - हरेली, बस्तर दशहरा (देवी दुर्गा को समर्पित), गोंचा, गौरी-गौरा विवाह उत्सव, भोजली, छेर-छेरा, राजिम कुम्भ, भोरमदेव महोत्सव आदि।
- हिमाचल प्रदेश के त्योहार- हलदा , साजो, गोची, हालोग उत्सव, डोंगरी उत्सव आदि।
- त्रिपुरा- खर्ची पूजा उत्सव, बीजू (चकमा समुदाय का पारंपरिक नववर्ष), केर पूजा, होजागिरी, गरिया पूजा, पिलक त्योहार, नीरमहल उत्सव आदि।

116. 'येमशे' नामक जनजातीय पर्व पारंपरिक रूप से.....से संबंधित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) झारखंड
(b) गुजरात
(c) नागालैंड
(d) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

Ans. (c) नागालैंड

- येमशे नागालैंड की पोचुरी जनजाति का प्रमुख त्योहार है।
- गुजरात में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में नवरात्रि, कच्छ का रण, जन्माष्टमी, उत्तरायण या मकर संक्रांति और डांगी दरबार शामिल हैं।

117. भारत की निम्नलिखित जनजातियों में से कौन-सी जनजाति बाणेश्वर त्योहार मनाती है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) भील (b) मलाई
(c) बैगा (d) गोंड

Ans. (a) भील

- बाणेश्वर त्योहार, भील जनजाति (राजस्थान) द्वारा मनाया जाता है।
- बैगा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड प्रदेशों में पायी जाने वाली जनजाति है।
- ददरिया नृत्य दशहरा के अवसर पर बैगा जनजाति द्वारा किया जाता है।
- गोंड जनजाति द्वारा मनाए जाने वाले क्षेत्रीय त्योहार दशहरा, नागपंचमी, पोला आदि हैं।

118. पतंगोत्सव मकर संक्रांति पर मनाया जाने वाला प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय त्योहार है, जिसे निम्नलिखित में से किस शहर में मनाया जाता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) गुरुग्राम (b) अमृतसर
(c) पटना (d) अहमदाबाद

Ans. (d) अहमदाबाद

- मकर संक्रांति को उत्तरायण, तिल संक्रांति या माघ संक्रांति भी कहा जाता है।
- इस दिन गुजरात राज्य में अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव मनाया जाता है।
- बिहार (पटना) - छठ पूजा
- पंजाब (अमृतसर)- बैसाखी ,लोहड़ी ,गुरु नानक जयंती।

119. चापचर कुट त्योहार निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) सिक्किम (b) त्रिपुरा
(c) मिजोरम (d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. (c) मिजोरम

- चापचर कुट मिजोरम का एक त्योहार है

अरुणाचल प्रदेश के कुछ प्रमुख त्योहार-

- मोपिन, बूरी बूट, लोकु, पोंगटू महोत्सव है।

त्रिपुरा के कुछ प्रमुख त्योहार-

- दुर्गा पूजा, खर्ची पूजा, गरिया पूजा, नीरमहल महोत्सव आदि।

120. 'विशु' निम्नलिखित में से किस राज्य के प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) केरल (b) ओडिशा
(c) तमिलनाडु (d) असम

Ans. (a) केरल

- विशु त्योहार, केरल राज्य में मनाया जाता है। यह त्योहार मलयालम नववर्ष का प्रतीक है, इस त्योहार को प्रकाश का त्योहार भी कहा जाता है।

121. मेघालय का लोकप्रिय फसल कटाई त्योहार निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) हम्पी (b) वांगला
(c) लोसर (d) चापचर कुट

Ans. (b) वांगला

- वांगला महोत्सव (मेघालय) सूर्य देवता सालजोंग को समर्पित एक फसल उत्सव है।
- लोसर, तिब्बती नव वर्ष है। यह तिब्बती बौद्ध धर्म का त्योहार है।
- हम्पी उत्सव एक रंगीन सांस्कृतिक उत्सव है जो गौरवशाली विजयनगर साम्राज्य के लोकाचार और भव्यता का प्रदर्शन करता है। कर्नाटक सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह त्योहार दो से तीन दिनों तक बहुत ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

122. ईसा मसीह के पुनर्जीवित हो उठने के प्रति विश्वास के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा पर्व मनाया जाता है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) क्रिसमस (b) ईस्टर
(c) गुड फ्राईडे (d) हैलोवीन

Ans. (b) ईस्टर

- हैलोवीन प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाने वाला पर्व है।
- क्रिसमस हर साल 25 दिसंबर को ईसा मसीह के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है।
- गुड फ्राइडे वाले दिन यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था।

123. पंग ल्हाबसोल का पर्व प्रमुख रूप से संपूर्ण..... .....में मनाया जाता है।
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) सिक्किम (b) असम
(c) नागालैंड (d) त्रिपुरा

Ans. (a) सिक्किम

- भारतीय राज्य, सिक्किम निवासी पंग ल्हाबसोल उत्सव मनाते हैं। कंचनजंगा पर्वत पर सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पांग ल्हाबसोल उत्सव मनाया जाता है।

124. नीलगिरी की टोडा जनजाति का एक सबसे महत्वपूर्ण त्योहार निम्नलिखित में से कौन सा है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**
(a) बाणेश्वर (b) मोधवेटा
(c) करमा (d) लोसर

Ans. (b) मोधवेटा

- मोधवेटा महोत्सव टोडा जनजाति का सबसे महत्वपूर्ण महोत्सव है। यह वार्षिक उत्सव दिसंबर के अंतिम रविवार या जनवरी के पहले रविवार को मनाया जाता है।

✪ लोसर त्योहार, महायान बौद्ध मोनपा जनजाति के लोग मनाते हैं।

125. पवित्र शहर वाराणसी की पृष्ठभूमि में रचित 'काशी का अस्सी' के रचनाकार ..... हैं।
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) काशीनाथ सिंह (b) कमलेश्वर
(c) केदार नाथ सिंह (d) अमृता प्रीतम

Ans. (a) काशीनाथ सिंह

✪ **'काशी का अस्सी'**, काशीनाथ सिंह द्वारा वर्ष 2004 में लिखित एक हिंदी उपन्यास है।
✪ वर्ष 2011 में काशीनाथ सिंह को 'रेहन पर रग्घू' (उपन्यास) के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

126. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'फास्टिंग, फीस्टिंग' नामक एक परिवार की कहानी पर आधारित उपन्यास लिखा गया था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) किरण देसाई (b) अनीता देसाई
(c) अरविंद अडिगा (d) अरुंधति रॉय

Ans. (b) अनीता देसाई

✪ 'फास्टिंग, फीस्टिंग' नामक पुस्तक की लेखिका अनीता देसाई है।
✪ वर्ष 1999 में उपन्यास 'फास्टिंग, फीस्टिंग' को बुकर पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इसमें लेखिका ने एक ऐसे भारतीय परिवार की कहानी वर्णित की, जो कि पश्चिमी प्रभाव के बावजूद भी पूर्वी परंपराओं से बंधा हुआ है।

127. निम्नलिखित में से किसने 'द ऑटोबायोग्राफी ऑफ एन अननोन इंडियन' लिखी है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) नीरद सी. चौधरी
(b) प्रकाश टंडन
(c) बी. आर. अम्बेडकर
(d) स्वामी राम

Ans. (a) नीरद सी. चौधरी

✪ नीरद सी. चौधरी ने वर्ष 1951 में 'द ऑटोबायोग्राफी ऑफ एन अननोन इंडियन' नामक आत्मकथा लिखी थी।
✪ डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुस्तकें- 'रुपये की समस्या' तथा 'जाति का विनाश'।
✪ प्रकाश टंडन द्वारा लिखी गई पुस्तक- पंजाबी सेंचुरी।

128. 'इंडिया विन्स फ्रीडम' पुस्तक के लेखक हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(c) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(d) महात्मा गांधी

Ans. (b) मौलाना अबुल कलाम आजाद

✪ मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को इनके सम्मान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है।
✪ इन्हें वर्ष 1992 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

129. 'पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' शीर्षक पुस्तक के लेखक कौन थे?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) दादाभाई नौरोजी
(b) सुभाष चंद्र बोस
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल
(d) महात्मा गांधी

Ans. (a) दादाभाई नौरोजी

✪ दादाभाई नौरोजी को 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है।
✪ दादाभाई नौरोजी ने इस पुस्तक में सबसे पहले धन के निष्कासन का सिद्धांत प्रतिपादित किया।
✪ वर्ष 1901 में पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया नामक पुस्तक प्रकाशित हुई।

130. प्रसिद्ध आत्मकथा 'बीकमिंग' ('Becoming') किसने लिखी है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) आंद्रे अगासी (b) जॉनी मार्टिन मार्र
(c) स्टेफी ग्राफ (d) मिशेल ओबामा

Ans. (d) मिशेल ओबामा

✪ **'बीकमिंग'** पुस्तक की लेखिका अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा है।
✪ यह किताब 24 भाषाओं में प्रकाशित की गई थी।
✪ इसका प्रकाशन वर्ष 2018 में किया गया था।

131. नाटक 'मृच्छकटिकम्' की रचना किसने की थी?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) अतुल (b) भांस
(c) कालिदास (d) शूद्रक

Ans. (d) शूद्रक

लेखक एवं उनकी प्रसिद्ध रचनाएँ-
✪ **कालिदास:** अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम्
✪ **भास:** स्वप्नवासवदत्तम्, चारुदत्त, प्रतिज्ञायौगंधरायण, पंचरात्र

132. जाति व्यवस्था को दर्शाते हुए 'अनटचेबल (Untouchable)' की रचना किसने की थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) आर.के.नारायण (b) जय रतन
(c) विक्रम सेठ (d) मुल्क राज आनंद

Ans. (d) मुल्क राज आनंद

✪ जाति व्यवस्था में भेदभाव को दर्शाती पुस्तक, अनटचेबल वर्ष 1935 में प्रकाशित हुई।
✪ मुल्कराज आनंद को वर्ष 1968 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ।
✪ वर्ष 1971 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।
✪ मुल्क राज आनंद की अन्य पुस्तकें- द प्राइवेट लाइफ ऑफ एन इंडियन प्रिंस, कुली, द विलेज, एक्रोस द ब्लैक वाटर्स आदि।

133. निम्नलिखित में से किसने 'कामायनी' की रचना की है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) सुमित्रानंदन पंत (b) अमृता प्रीतम
(c) जयशंकर प्रसाद (d) महादेवी वर्मा

Ans. (c) जयशंकर प्रसाद

कवि एवं उनकी प्रमुख कृतियाँ-
✪ **सुमित्रानंदन पंत** - पल्लव, चिदंबरा, ग्राम्या आदि।
✪ **महादेवी वर्मा** - यामा, नीरजा, नीहार, सांध्यगीत
✪ **अमृता प्रीतम** - पिंजर, रसीदी टिकट
जयशंकर प्रसाद की अन्य रचनाएँ - तितली, झरना, आँसू, लहर, अजातशत्रु, प्रेम पथिक, स्कंदगुप्त, जन्मेजय का नागयज तथा ध्रुवस्वामिनी।
✪ जयशंकर प्रसाद को 'कामायनी' रचना के लिए 'मंगलाप्रसाद' पारितोषिक सम्मान प्राप्त हुआ था।

134. 'माई कंट्री माई लाइफ' भारत के निम्नलिखित में से किस पूर्व उप-प्रधानमंत्री की आत्मकथा है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) मोरारजी देसाई
(b) जगजीवन राम
(c) लालकृष्ण आडवाणी
(d) वल्लभ भाई पटेल

Ans. (c) लालकृष्ण आडवाणी

✪ 'माई कंट्री माई लाइफ' पुस्तक वर्ष 2008 में प्रकाशित हुई।
✪ सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री थे।
✪ लाल कृष्ण आडवाणी वर्ष 2002 से 2004 तक भारत के उप-प्रधानमंत्री रहे थे।

135. 'कादंबरी' कृति के लेखक कौन हैं?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) भास (b) विल्हाद
(c) आर्यभट्ट (d) बाणभट्ट

Ans. (d) बाणभट्ट

- बाणभट्ट की रचनाएँ- कादंबरी, हर्षचरित
- बाणभट्ट, राजा हर्षवर्धन का दरबारी कवि था।
- 'आर्यभटीयम्' संस्कृत भाषा में लिखी गणित की प्रसिद्ध पुस्तक है, जिसकी रचना आर्यभट्ट द्वारा की गई।

136. 'द टेस्ट ऑफ माई लाइफ: फ्रॉम क्रिकेट टू कैंसर एंड बैक' किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर की आत्मकथा है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) युवराज सिंह (b) सुरेश रैना
(c) आकाश चोपड़ा (d) रॉबिन उथप्पा

Ans. (a) युवराज सिंह

- युवराज सिंह भारत के प्रसिद्ध बाएं हाथ के बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज है।
- युवराज सिंह वर्ष 2011 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में 'मैन ऑफ द सीरीज' रहे थे।
- युवराज सिंह ने टी-20 विश्वकप 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 6 छक्के लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

137. अंग्रेजी उपन्यास 'लिटिल वुमन' निम्नलिखित में से किस लेखक ने लिखा था?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) जॉर्ज एलियट (b) लुइसा में अल्कॉट
(c) एंथोनी ट्रोलोप (d) हरमन मेलविल

Ans. (b) लुइसा में अल्कॉट

- 'लिटिल वुमन' उपन्यास के लेखक लुइसा में अल्कॉट है।
- इस पुस्तक में अमेरिका गृह युद्ध के समय चार बेटियों की कहानी का वर्णन है।

अन्य लेखक एवं उनकी पुस्तक-

- 'टाइपी' - हरमन मेलविल
- 'द वार्डन' - एंथोनी ट्रोलोप
- 'सीन्स ऑफ क्लेरिकल लाइफ' - जॉर्ज इलियट

138. निम्नलिखित में से किस लेखक ने प्रसिद्ध उपन्यास 'गुलिवर्स ट्रेवल्स' (Gulliver's Travels) लिखा है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) ऑस्कर वाइल्ड (b) रस्किन बॉन्ड
(c) जोनाथन स्विफ्ट (d) सैमुअल रिचर्डसन

Ans. (c) जोनाथन स्विफ्ट

- 'गुलिवर्स ट्रेवल्स' उपन्यास को इन्डो-आयरिश लेखक जोनाथन स्विफ्ट ने लिखा हैं।
- जोनाथन स्विफ्ट की अन्य पुस्तक 'ए मॉडेस्ट प्रपोजल' है।
- रस्किन बॉन्ड की रचनाएँ- द ब्लू अम्ब्रेला, रोड्स टू मसूरी, चेरी ट्री।

139. बादशाह नामा के लेखक कौन थे?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अबुल फजल
(b) बैरम खान
(c) सादुल्लाह खान
(d) अब्दुल हमीद लाहौरी

Ans. (d) अब्दुल हमीद लाहौरी

- अब्दुल हमीद लाहौरी- बादशाहनामा
- अबुल फजल-अकबरनामा
- अब्दुल हमीद लाहौरी के गुरु अबुल फजल थे।

140. 'राग दरबारी' के लेखक कौन थे?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) श्रीलाल शुक्ल
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) हरिवंश राय बच्चन
(d) धर्मवीर भारती

Ans. (a) श्रीलाल शुक्ल

- राग दरबारी उपन्यास के लेखक श्रीलाल शुक्ल है। श्रीलाल शुक्ल की अन्य रचनाएँ- सूनी घाटी का सूरज, आदमी का जहर, कुछ जमीन पर कुछ हवा में, विश्रामपुर का संत तथा जहालत के पचास साल आदि।
- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' परिमल, गीतिका, अनामिका तथा बेला।
- धर्मवीर भारती -सूरज का सातवाँ घोड़ा, गुनाहों का देवता।
- हरिवंश राय बच्चन - मधुशाला, मधुकलश, दो चट्टानें।

141. 'हू मूव्ड माई इंटरेस्ट रेट' डी. सुब्बाराव की आत्मकथा है जो एक ..... थे।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) व्यवसायी (b) राजनीतिक नेता
(c) बैंकर (d) पत्रकार

Ans. (c) बैंकर

- डी. सुब्बाराव भारतीय रिजर्व बैंक के 22वें गवर्नर थे।
- RBI के प्रथम गवर्नर- सर ओसबोर्न स्मिथ
- RBI के प्रथम भारतीय गवर्नर-सीडी. देशमुख
- वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा हैं।

142. दि ग्रेट गैट्सबी (The Great Gatsby) निम्नलिखित में से किस लेखक द्वारा लिखित एक अंग्रेजी उपन्यास है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) ऑस्कर वाइल्ड
(b) डी. एच. लॉरेंस
(c) अर्नेस्ट हेमिंग्वे
(d) एफ. स्कॉट फिट्जगेराल्ड

Ans. (d) एफ. स्कॉट फिट्जगेराल्ड

- 'द ग्रेट गैट्सबी' वर्ष 1925 में लिखित अंग्रेजी उपन्यास अमेरिका के प्रसिद्ध लेखक एफ. स्कॉट फिट्जगेराल्ड का है।

एफ. स्कॉट फिट्जगेराल्ड की अन्य पुस्तकें-

- दिस साइड ऑफ पैराडाइज, टेंडर इज द नाइट आदि।

143. निम्नलिखित उपन्यासकारों में से किसने 'मिडनाइट्स चिल्ड्रन' लिखा था?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) शशि थरूर (b) वीएस नायपॉल
(c) विक्रम सेठ (d) सलमान रुश्दी

Ans. (d) सलमान रुश्दी

लेखक एवं उनके द्वारा लिखित उपन्यास / पुस्तकें-

- **सलमान रुश्दी**- द सैटेनिक वर्सेज, द ग्राउंड बिनीथ हर फीट, शालीमार द क्लाउन, मिडनाइट्स चिल्ड्रन आदि।
- वी.एस. नायपॉल-इन ए फ्री स्टेट, मैजिक सीड्स, ए हाउस फॉर मिस्टर विश्वास आदि।
- **विक्रम सेठ**- ए सूटेबल बॉय, द गोल्डन गेट, टू लाइवस, बीस्टली टेल्स फ्राम हियर एंड देयर आदि।
- **शशि थरूर**- अन एरा ऑफ डार्कनेस, व्हाई आई एम ए हिंदू आदि।

144. बहुचर्चित अंग्रेजी उपन्यास 'एलिस'ज एडवेंचर्स इन वंडरलैंड निम्नलिखित में से किस लेखक ने लिखा था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) मैरी शेली (b) एडगर ऐलन पो
(c) लुईस केरोल (d) हरमन मेलविल

Ans. (c) लुईस केरोल

- वर्ष 1865 के प्रसिद्ध उपन्यास 'एलिस एडवेंचर्स' इन वंडरलैंड को लुईस कैरोल द्वारा लिखा गया था।

145. निम्नलिखित में से किस भारतीय ओलंपियन ने 'प्लेइंग टू विन' शीर्षक की आत्मकथा लिखी है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) अभिनव बिंद्रा (b) लवलीन बोरगोहेन
(c) कर्णम मल्लेश्वरी (d) साइना नेहवाल

Ans. (d) साइना नेहवाल

प्रमुख खिलाड़ी	आत्मकथा	संबंधित खेल
साइना नेहवाल	प्लेइंग टू विन	बैडमिंटन
अभिनव बिंद्रा	ए शॉट एट हिस्ट्री	निशानेबाजी
सचिन तेंदुलकर	प्लेइंग इट माई वे	क्रिकेट
सुनील गावस्कर	सनी डेज	क्रिकेट

146. प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय महाकाव्य 'शिलप्पादिकारम' मूल रूप से ..... भाषा में लिखा गया था।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) मलयालम (b) तमिल
(c) तेलुगू (d) संस्कृत
Ans. (b) तमिल

- शिलप्पादिकारम तमिल साहित्य का प्रमुख महाकाव्य है, जिसकी रचना लगभग 1800 वर्ष पूर्व इलांगो आदिगल द्वारा की गई थी।
- इसके अलावा, मणिमेखले 'सीतलेसत्तनार' द्वारा लिखा गया अन्य तमिल महाकाव्य हैं। यह दोनों तमिल महाकाव्य संगम वंश और राज्य व्यवस्था के बारे में जानकारी भी प्रदान करते हैं।

147. हिंदी उपन्यास 'इंद्रजाल' के लेखक कौन हैं?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) रामधारी सिंह दिनकर
(b) नामवर सिंह
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) हरिवंशराय बच्चन
Ans. (c) जयशंकर प्रसाद

प्रसिद्ध उपन्यास	लेखक
इंद्रजाल	जयशंकर प्रसाद
गोदान	मुंशी प्रेमचंद
गुनाहों का देवता	धर्मवीर भारती

148. मीन काम्फ (Mein Kampf) को निम्नलिखित में से किस राजनेता द्वारा लिखा गया है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) हिरोहितो (b) बेनिटो मुसोलिनी
(c) क्लीमेंट एटली (d) एडोल्फ हिटलर
Ans. (d) एडोल्फ हिटलर

- मीन काम्फ, जर्मनी के पूर्व चांसलर एडोल्फ हिटलर की आत्मकथा है।

149. आत्मकथा 'लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम' ..... द्वारा लिखी गई है।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) बी. आर. अम्बेडकर
(b) रविंद्रनाथ टैगोर
(c) एम. के. गांधी
(d) नेल्सन मंडेला
Ans. (d) नेल्सन मंडेला

प्रमुख विद्वान	आत्मकथा
बी.आर अम्बेडकर	वेटिंग फॉर अ वीजा
नेल्सन मंडेला	लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम
एम.के. गांधी	माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ

150. बुद्धचरित के लेखक अश्वघोष किस कुषाण राजा के दरबार के दार्शनिक थे?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) कडफिसेस (b) हुविष्का
(c) कनिष्क प्रथम (d) वासुदेव प्रथम
Ans. (c) कनिष्क प्रथम

- अश्वघोष कुषाण शासक कनिष्क प्रथम के दरबार के दार्शनिक थे।
- इनके द्वारा बुद्धचरित की रचना की गई, जो भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित एक महाकाव्य है।

151. निम्नलिखित में से किस भारतीय खिलाड़ी ने 'ऐस अगेंस्ट ऑड्स' शीर्षक से आत्मकथा लिखी है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मारिया शारापोवा (b) सानिया मिर्जा
(c) मोनिका सेलेस (d) साइना नेहवाल
Ans. (b) सानिया मिर्जा

प्रसिद्ध खिलाड़ी	आत्मकथा
सानिया मिर्जा	ऐस अगेंस्ट ऑड्स
साइना नेहवाल	प्लेइंग टू विन
मारिया शारापोवा	अनस्टांपेबल: माई लाइफ सो फार

152. एक प्रसिद्ध उपन्यास 'गोदान' ..... द्वारा लिखा गया था।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) हरिवंशराय बच्चन
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) मुंशी प्रेमचंद
Ans. (d) मुंशी प्रेमचंद

प्रसिद्ध लेखक	रचनाएँ
मुंशी प्रेमचंद	गोदान, सेवासदन, कफन, पूस की रात
सूर्यकांत त्रिपाठी निराला	परिमल, अनामिका, गीतिका
जयशंकर प्रसाद	कामायनी, कानन-कुसुम, झरना, आँसू, लहर
हरिवंशराय बच्चन	मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश निशा, निमंत्रण

153. 'व्हाइ आई एम एन एथीस्ट' निम्नलिखित क्रांतिकारियों में से किसकी आत्मकथा है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) चंद्रशेखर आजाद
(b) भगत सिंह
(c) रामप्रसाद बिस्मिल
(d) सूर्यकांत सेन
Ans. (b) भगत सिंह

- 'मैं नास्तिक क्यों हूँ' लेख भगत सिंह ने जेल में रहते हुए लिखा था।
- यह लेख 27 सितम्बर, 1931 को लाहौर के अखबार 'द पीपल' में प्रकाशित हुआ।

154. निम्नलिखित में से किस क्रिकेटर ने 'सिक्स मशीन' शीर्षक से एक आत्मकथा लिखी है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) क्रिस गेल (b) एडम गिलक्रिस्ट
(c) जैक्स केलिस (d) ब्रेंडन मैकुलम
Ans. (a) क्रिस गेल

प्रसिद्ध क्रिकेटर	आत्मकथा
क्रिस गेल	सिक्स मशीन
एडम गिलक्रिस्ट	टू कलर्स: माई लाइफ
सुनील गावस्कर	सनी डेज़
सचिन तेंदुलकर	प्लेइंग इट माय वे

155. सनी डेज: एन ऑटोबायोग्राफी निम्नलिखित में से किस भारतीय क्रिकेटर ने लिखी है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) सुनील गावस्कर (b) राहुल द्रविड़
(c) कपिल देव (d) मोहिंदर अमरनाथ
Ans. (a) सुनील गावस्कर

प्रसिद्ध क्रिकेटर	आत्मकथा
सुनील गावस्कर	सनी डेज
मोहिंदर अमरनाथ	फियरलेस
राहुल द्रविड़	द नाइस गाइ हू फिनिश्ड फर्स्ट
कपिल देव	स्ट्रेट फ्रॉम द हार्ट

156. 'हाफ गर्लफ्रेंड एंड वन इंडियन गर्ल' के लेखक कौन हैं?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) किरण देसाई (b) चेतन भगत
(c) अमित चौधरी (d) जीत थायिल
Ans. (b) चेतन भगत

प्रसिद्ध लेखक	पुस्तकें
चेतन भगत	द गर्ल इन रूम, वन अरेंज्ड मैरिज मर्डर
किरण देसाई	हल्लाबलू इन द ग्वावा ऑर्चर्ड, हानि की विरासत

157. निम्नलिखित में से किस अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी ने 'ओपन: एन ऑटोबायोग्राफी' लिखी है? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**
(a) पीट सम्प्रास (b) इवान लेंडली
(c) आंद्रे अगासी (d) रॉड लेवेर
Ans. (c) आंद्रे अगासी

- आंद्रे अगासी एक अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी हैं।

158. 'प्लेइंग इट माय वे: माई ऑटोबायोग्राफी' निम्नलिखित क्रिकेटरों में से किसके द्वारा लिखी गई पुस्तक है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) राहुल द्रविड़ (b) सचिन तेंदुलकर
(c) विराट कोहली (d) कपिल देव

Ans. (b) सचिन तेंदुलकर

प्रसिद्ध खिलाड़ी	आत्मकथा
सचिन तेंदुलकर	प्लेइंग इट माय वे: माई ऑटोबायोग्राफी
कपिल देव	स्ट्रेट फ्रॉम द हार्ट
राहुल द्रविड	द नाइस गॉई हू फिनिश्ड फर्स्ट

159. इम्परफेक्ट किस भारतीय क्रिकेटर की आत्मकथा है? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**
(a) संजय मांजरेकर (b) सुनील गावस्कर
(c) रवि शास्त्री (d) कपिल देव

Ans. (a) संजय मांजरेकर

प्रसिद्ध क्रिकेटर	आत्मकथा
संजय मांजरेकर	इम्परफेक्ट
सुनील गावस्कर	सनी डेज
रवि शास्त्री	स्टारगेजिंग: द प्लेयर्स इन माई लाईफ
कपिल देव	स्ट्रेट फ्राम द हार्ट

160. प्रसिद्ध कृति 'शिशुपाल वध' के लेखक कौन थे? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**
(a) माघ (b) भट्टी
(c) जयदेव (d) भारवि

Ans. (a) माघ

प्रसिद्ध कृति	लेखक
शिशुपाल वध	माघ
मुद्राराक्षस	विशाखदत्त
स्वप्नवासवदत्तम	भास
मालविकाग्निमित्रम्	कालिदास
गीत गोविंद	जयदेव
किरातार्जुनीयम्	भारवि

161. 'वर्ण परिचय' नामक पुस्तक निम्नलिखित में से किसने लिखी है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) देवेंद्रनाथ टैगोर (b) रबींद्रनाथ टैगोर
(c) राममोहन राय (d) ईश्वरचंद्र विद्यासागर

Ans. (d) ईश्वरचंद्र विद्यासागर

- ईश्वर चंद्र विद्यासागर के प्रयासों से 1856 ई. में विधवा-पुनर्विवाह कानून पारित हुआ। इन्होंने अपने इकलौते पुत्र का विवाह एक विधवा से ही किया।
- राममोहन राय ने अपनी पहली किताब तुहफत-उल-मुवाहिदीन फारसी भाषा में लिखी थी।

162. लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट.....की पुस्तक श्रृंखला में एक काल्पनिक चरित्र है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) जे. के. रोलिंग
(b) रोल्ड डाहल
(c) आर. एल. स्टाइन
(d) रस्किन बॉण्ड

Ans. (a) जे. के. रोलिंग

- लॉर्ड वोल्डेमॉर्ट, जे.के. राउलिंग की हैरी पॉटर किताबों में आने वाला एक काल्पनिक किरदार है। वह पहली बार वर्ष 1997 में आई किताब हैरी पॉटर एंड द फिलोस्फर स्टोन में दिखाई दिया था।
- रस्किन बांड "इट्स ए वंडरफुल लाइफ" के लेखक हैं।

163. काल्पनिक कस्बा 'मालगुडी'..... द्वारा लिखित कहानियों में वर्णित किया गया था।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) सुधा मूर्ति
(b) मुंशी प्रेमचंद
(c) आर. के. नारायण
(d) रस्किन बॉण्ड

Ans. (c) आर. के. नारायण

आर. के नारायण की अन्य पुस्तकें-
- द डार्क रूम
- द गाइड
- द वर्ल्ड ऑफ नागराज
- सुधा मूर्ति एक लेखिका और एक सक्रिय भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं।
- महाश्वेता सुधा मूर्ति का कन्नड़ उपन्यास है।
- मुंशी प्रेमचंद- गोदान, कर्मभूमि, गबन, मानसरोवर, निर्मला उनके कुछ उपन्यास हैं।

164. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक एम. के. गांधी द्वारा नहीं लिखी गई है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) नेचर क्योर
(b) गोल्डन थ्रेसहोल्ड
(c) इंडियन होम रूल
(d) इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स

Ans. (b) गोल्डन थ्रेसहोल्ड

- सरोजिनी नायडू ने तीन संग्रह, द गोल्डन थ्रेशोल्ड (1905), द बर्ड ऑफ टाइम (1912) और द ब्रोकन विंग (1917) में प्रकाशित अपनी कविताओं में भारत की प्रशंसा की।

165. 'द शैडो लाइन्स' नाम की पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) अमीष त्रिपाठी (b) अमिताभ घोष
(c) अरुंधति रॉय (d) रवीश कुमार

Ans. (b) अमिताभ घोष

अमिताभ घोष की अन्य पुस्तकें-
- शीश महल
- बन्दूकद्वीप
- अग्नि वर्षा
- रवीश कुमार की पुस्तकें - इश्क में शहर होना, द फ्री वॉइस: ऑन डेमोक्रेसी, कल्चर एंड द नेशन ,बोलना ही है लोकतंत्र।
- अमीश त्रिपाठी की पहली पुस्तक 'द इम्मोर्टल्स ऑफ मेलुहा' है।
- अरुंधति रॉय - द मिनिस्ट्री ऑफ अटमोस्ट हैप्पीनेस

166. निम्नलिखित में से किसने नाट्यकला नाट्य शास्त्र का प्रथम भारतीय महाकाव्य लिखा था?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) भरत मुनि (b) अभिनवगुप्त
(c) वाल्मीकि (d) वेदव्यास

Ans. (a) भरत मुनि

- भारत के आठ मान्यता प्राप्त शास्त्रीय नृत्य

राज्य	शास्त्रीय नृत्य
तमिलनाडु	भरतनाट्यम
केरल	कथकली
केरल	मोहिनीअट्टम
उत्तर प्रदेश	कथक
ओडिशा	ओडिसी
मणिपुर	मणिपुरी
आंध्र प्रदेश	कुचिपुड़ी
असम	सत्रिया

167. 'सिद्धान्त शिरोमणि' नामक प्राचीन ग्रंथ निम्नलिखित में से किसने लिखा है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) ब्रह्मगुप्त (b) आर्यभट्ट
(c) भास्कराचार्य (d) महावीराचार्य

Ans. (c) भास्कराचार्य

- सिद्धांत शिरोमणि नाम का प्राचीन ग्रंथ भारतीय गणितज्ञ भास्कराचार्य ने लिखा था। यह ग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखा गया है।
- इसे चार भागों में विभाजित किया गया है, अर्थात् लीलावती, बीजगणित, गणिताध्याय और गोलाध्याय।
- आर्यभट्ट का प्रमुख ग्रंथ 'आर्यभटीय' है।
- ब्रह्मगुप्त का प्रमुख ग्रंथ 'ब्रह्मस्फुटसिद्धांत' है।

168. अबुल फजल द्वारा लिखा गया 'अकबर नामा' कितनी पुस्तकों में विभाजित है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)

(a) दो (b) तीन
(c) पाँच (d) चार

Ans. (b) तीन

- अबुल फजल इब्न मुबारक, मुगल बादशाह अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक थे। वे एक लेखक, इतिहासकार, और राजनीतिज्ञ थे।
- अबुल फजल ने अकबरनामा को तीन पुस्तकों में विभाजित किया, जिनमें से पहली दो वृत्तांत हैं और तीसरी किताब आइन-ए-अकबरी है।
- अकबरनामा फारसी भाषा में लिखा गया है।

169. 'रामचरितमानस' महाकाव्य के रचयिता निम्नलिखित में से कौन है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) वेदव्यास (b) भरतमुनि
(c) तुलसीदास (d) वाल्मीकि

Ans. (c) तुलसीदास

- महर्षि वेदव्यास ने महाभारत महाकाव्य लिखा था।
- भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र नामक ग्रंथ लिखा।
- महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य लिखा था।

170. 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' नामक उपन्यास निम्नलिखित में से किसने लिखा था?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) मेरी रॉय (b) सलमान रुश्दी
(c) अरुंधति रॉय (d) अमनिका बत्रा

Ans. (c) अरुंधति रॉय

लेखक	पुस्तक/उपन्यास
सलमान रुश्दी	शालिमार दी क्लाउन, द सैटेनिक वर्सेज, मिडनाइट्स चिल्ड्रन
पॉल बेट्टी	द सेलआउट
विक्रम सेठ	ए सूटेबल ब्वॉय, द गोल्डन गेट, एन इक्वल म्यूजिक
शोभा डे	शोभा: नेवर ए डल डे

171. 'अंधेर नगरी चौपट राजा' नामक नाटक निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखा गया है?
(D.P. Const. 01 Dec. 2020)
(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(d) मैथिलीशरण गुप्त

Ans. (c) भारतेंदु हरिश्चंद्र

- भारतेंदु हरिश्चंद्र के अन्य नाटक- भारत दुर्दशा, सत्य हरिश्चंद्र, नील देवी आदि।
- मैथिलीशरण गुप्त के प्रमुख नाटक-जयद्रथ वध, साकेत, पंचवटी, यशोधरा, द्वापर, नहुष, विष्णुप्रिया आदि है।
- सरस्वती का संपादन महावीर प्रसाद द्विवेदी ने वर्ष 1903 से 1920 तक किया।

172. 'द आर्ट ऑफ लिविंग - ए गाइड टू कंटेंटमेंट, जॉय एंड फुलफिलमेंट' पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?
(D.P. Const. 02 Dec. 2020)
(a) दलाई लामा
(b) एन. आर. नारायण मूर्ति
(c) किरण बेदी
(d) तेनजिन गीशे टेथॉन्ग

Ans. (a) दलाई लामा

लेखक	पुस्तक
किरण बेदी	इट्स ऑलवेस पॉसिबल, क्रिएटिंग लीडरशिप, ऐज आई सी।
जसवंत सिंह	डिफेंडिंग इंडिया, जिन्ना: इंडिया पार्टीशन, इंडिपेंडेंस
शशि थरूर	वाइ आई एम ए हिंदू, पैक्स इंडिका
एम.जे.अकबर	नेहरू: द मेकिंग ऑफ इंडिया

173. वी आर डिसप्लेस्ड: माई जर्नी एंड स्टोरीज फ्रॉम रिफ्यूजी गर्ल्स अराउंड द वर्ल्ड' नाम की पुस्तक की लेखिका कौन हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) मेडलीन अलब्राइट
(b) ग्रेटा थनबर्ग
(c) मलाला युसुफ़ज़ई
(d) तसलीमा नसरीन

Ans. (c) मलाला युसुफ़ज़ई

लेखक	पुस्तक
ग्रेटा थनबर्ग	द क्लाइमेट बुक, स्कूल स्ट्राइक
तसलीमा नसरीन	लज्जा, औरत के हक में, बेशरम

174. सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' गीत के लेखक कौन हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) रवींद्रनाथ टैगोर (b) मोहम्मद इकबाल
(c) भगत सिंह (d) चंद्रशेखर आजाद

Ans. (b) मोहम्मद इकबाल

- भारत के राष्ट्रीय गीत **'वंदे मातरम'** की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी।
- रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रगान **'जन गण मन'** समेत कई गीत लिखे थे। इसके अलावा, उन्होंने बांग्लादेश के राष्ट्रगान **'आमार सोनार बांग्ला'**।

175. 'क्लोज टू द बोन' नामक पुस्तक के लेखक/लेखिका कौन हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) शिल्पा शेट्टी (b) ऋषि कपूर
(c) युवराज सिंह (d) लिसा रे

Ans. (d) लिसा रे

लेखक	पुस्तकें
शिल्पा शेट्टी	'द डायरी ऑफ अ डोमेस्टिक दीवा'
ऋषि कपूर	खुल्लम खुल्ला
युवराज सिंह	द टेस्ट ऑफ माय लाइफ
सचिन तेंदुलकर	प्लेइंग इट माय वे
ट्विंकल खन्ना	द लीजेंड ऑफ लक्ष्मी प्रसाद
दिलीप कुमार	द सब्सटेंस एंड द शैडो

176. निम्नलिखित में से किसने 'मज्म-उल-बहरीन' नामक पुस्तक का लेखन किया है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) मुतामिद खान (b) दारा शिकोह
(c) औरंगजेब (d) शाहजहाँ

Ans. (b) दारा शिकोह

- दारा शिकोह मुगल सम्राट शाहजहाँ का पुत्र था इसकी माता का नाम मुमताज महल था इसने 52 उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद करवाया जिन्हें "शिर्र-ए-अकबर" कहा जाता है।

177. "द फायर बर्न्स ब्लू" करुण केशव और_____ द्वारा लिखित भारत में महिला क्रिकेट का विस्तृत, बहुअपेक्षित इतिहास है।
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) सिद्धांत पटनायक (b) भावना बालकृष्णन
(c) गौतम भट्टाचार्य (d) रोहित बृजनाथ

Ans. (a) सिद्धांत पटनायक

- 'द फायर बर्न्स ब्लू : ए हिस्ट्री ऑफ वुमेंस क्रिकेट' नामक एक किताब में भारतीय महिला क्रिकेट की कहानी को दर्शाया गया।
- भारतीय महिला क्रिकेटर मिथाली राज ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार (2021) जीता है।
- भावना बालकृष्णन पेशे से एक भारतीय एंकर, क्रिकेट कमेंटेटर हैं।

178. निम्नलिखित में से किस पुस्तक का लेखन ई. एम. फोस्टर (E-M- Forster) ने किया है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) ए पैसेज टु इंडिया
(b) दि अदर साइड ऑफ साइलेंस
(c) द हंग्री टाइड
(d) ट्रेन टु पाकिस्तान

Ans. (a) ए पैसेज टु इंडिया

लेखक/ लेखिका	पुस्तक
उर्वशी बुटालिया	दि अदर साइड ऑफ साइलेंस

अमिताव घोष	द हंग्री टाइड
खुशवंत सिंह	ट्रेन टु पाकिस्तान
यास्मीन खान	द सेप्फ्रोन टेल्स

179. भारत ने ओलंपिक में हॉकी में अपना आखिरी स्वर्ण पदक कब जीता था?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) 1968 में (b) 1972 में
(c) 1980 में (d) 1976 में

Ans. (c) 1980 में

- भारत अब तक हॉकी ओलंपिक में आठ बार स्वर्ण पदक जीत चुका है। (वर्ष 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, 1980)
- भारत ने हॉकी में पहला स्वर्ण पदक वर्ष 1928 में जीता था।
- भारत ने हॉकी में पिछला स्वर्ण पदक वर्ष 1980 में मॉस्को ओलंपिक में जीता था।
- भारत ने वर्ष 2024 में पुरुष हॉकी कांस्य पदक जीता।

180. भारतीय बास्केटबॉल महासंघ की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) 1947 में (b) 1950 में
(c) 1920 में (d) 1951 में

Ans. (b) 1950 में

- भारतीय बास्केटबॉल की स्थापना 1950 में हुई।
- भारत की राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल टीम वर्ष 1936 में FIBA की सदस्य बनी।
- एक बास्केटबॉल टीम में 5 खिलाड़ी होते हैं। बास्केटबॉल आयताकार मैदान पर खेला जाता है।

181. वर्ष 2017 में निम्न में से किस देश ने अंडर-17 फुटबॉल विश्वकप की मेजबानी की थी?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) थाईलैंड
(b) भारत
(c) संयुक्त अरब अमीरात
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

Ans. (b) भारत

- वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी भारत ने की थी।
- यह टूर्नामेंट भारत के शहरों नई दिल्ली, गुवाहाटी, मुंबई, गोवा, कोच्चि और कोलकाता में आयोजित किया गया था।
- इस टूर्नामेंट का शुभंकर 'खेलेओ' था।
- इंग्लैंड ने स्पेन को हराकर पहली बार अंडर-17 विश्व कप जीता।

182. 2020 में, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का पहला संस्करण किस राज्य में आयोजित किया गया था?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) असम (b) कर्नाटक
(c) हरियाणा (d) ओडिशा

Ans. (d) ओडिशा

- फरवरी 2020 को ओडिशा के भुवनेश्वर शहर में पहली बार इन खेलों का आयोजन हुआ।
- खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2020 की विजेता पंजाब यूनिवर्सिटी रही थी।
- खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) 2024 का आयोजन गुवाहाटी (असम) में अयोजित हुआ था।
- इन खेलों को भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले और खेल मंत्रालय, विश्वविद्यालय संघ, भारतीय ओलंपिक संघ तथा राष्ट्रीय खेल महासंघ मिलकर आयोजित करते हैं।

183. निम्नलिखित में से कौन-सी/सा ट्रॉफी/कप क्रिकेट से संबंधित है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) संतोष ट्रॉफी (b) दिलीप ट्रॉफी
(c) डूरंड कप (d) थॉमस कप

Ans. (b) दिलीप ट्रॉफी

प्रमुख ट्रॉफी एवं खेल-
- क्रिकेट- दिलीप ट्रॉफी, बार्डर गावस्कर ट्रॉफी, विजय हज़ारे ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी, ICC चैंपियंस ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी, आदि।
- फुटबॉल- डुरंड कप, संतोष ट्रॉफी, फीफा वर्ल्ड कप।
- बैडमिंटन- थॉमस कप, उबेर कप, सुदीरमन कप आदि।
- हॉकी- रंगास्वामी ट्रॉफी, बेटन कप, आगा खान कप, ध्यानचंद ट्रॉफी आदि।

184. सूर्यकुमार यादव निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) मुक्केबाजी (b) क्रिकेट
(c) कुश्ती (d) फुटबॉल

Ans. (b) क्रिकेट

- वर्तमान में सूर्यकुमार यादव भारतीय क्रिकेट T-20 टीम के कप्तान हैं।
- इंडियन प्रीमियर लीग में सूर्य कुमार यादव मुंबई इंडियंस टीम से खेलते है।

185. टेनिस कोर्ट की लंबाई. होती है।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 70 ft (b) 80 ft
(c) 78 ft (d) 73 ft

Ans. (c) 78 ft

- टेनिस कोर्ट की लंबाई = 78 ft (23.77 मीटर)
- टेनिस कोर्ट की चौड़ाई = 27 ft (8.23 मीटर)
- डबल्स मैचों के लिए टेनिस कोर्ट की चौड़ाई 36 ft (10.97 मीटर)
- लॉन टेनिस की प्रसिद्ध प्रतियोगिताएँ - विंबलडन, यूएस ओपन, फ्रेंच ओपन एवं ऑस्ट्रेलियन ओपन आदि।

186. स्वतंत्रता के बाद, पहले राष्ट्रीय खेल निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) दिल्ली (b) लखनऊ
(c) कोलकाता (d) बॉम्बे

Ans. (b) लखनऊ

- भारत के पहले राष्ट्रीय खेल वर्ष 1940 को बंबई (मुंबई) में आयोजित किए गए थे।
- वर्ष 1948 को स्वतंत्रता के बाद प्रथम बार राष्ट्रीय खेल लखनऊ में आयोजित हुए।
- 37वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी गोवा राज्य द्वारा की गई।
- 38वें राष्ट्रीय खेल वर्ष 2025 में उत्तराखंड में होंगे।

187. वर्ष 2022 में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किसने किया था?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) किरण रिजिजू
(b) नरेंद्र मोदी
(c) निशीथ प्रमाणिक
(d) अनुराग ठाकुर

Ans. (b) नरेंद्र मोदी

- वर्ष 2022 को गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया।
- 36वें राष्ट्रीय खेलों में 61 स्वर्ण, 35 रजत और 32 कांस्य पदक जीतकर सर्विसेज की टीम प्रथम स्थान पर रही।
- 36वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर 'सावज' था।

188. निम्नलिखित में से किस देश ने 2022 तीसरी नेत्रहीन क्रिकेट विश्व कप टी-20 चैंपियनशिप जीती?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) श्रीलंका (b) भारत
(c) पाकिस्तान (d) बांग्लादेश

Ans. (b) भारत

- भारत ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को हराकर तीसरी बार दृष्टिबाधित टी-20 विश्व ट्रॉफी अपने नाम की है।
- इससे पहले भारत ने वर्ष 2012 व 2017 के खिताब भी अपने नाम किए थे।

189. बास्केटबॉल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) प्रत्येक टीम 11 खिलाड़ियों से बनी होती है, जिसमें किसी भी समय केवल 7 को ही कोर्ट में जाने की अनुमति होती है।

(b) प्रत्येक टीम 11 खिलाड़ियों से बनी होती है, जिसमें किसी भी समय केवल 4 को ही कोर्ट में जाने की अनुमति होती है।
(c) प्रत्येक टीम 12 खिलाड़ियों से बनी होती है, जिसमें किसी भी समय केवल 5 को ही कोर्ट में जाने की अनुमति होती है।
(d) प्रत्येक टीम 12 खिलाडियों से बनी होती है, जिसमें किसी भी समय कोर्ट में केवल 8 को अनुमति दी जाती है।

Ans. (c) प्रत्येक टीम 12 खिलाड़ियों से बनी होती है, जिसमें किसी भी समय केवल 5 को ही कोर्ट में जाने की अनुमति होती है।

- बास्केटबॉल खेल में कोर्ट पर दोनों टीमों में सक्रिय खिलाडियों की संख्या 5-5 होती है।
- अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल फेडरेशन (FIBA) के अनुसार बास्केटबॉल कोर्ट की लंबाई 28 मीटर और चौड़ाई 15 मीटर होती है।
- बास्केटबॉल कोर्ट का आकार आयताकार होता है।

190. खिलाड़ी और उससे संबंधित खेल का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) योगेश कथुनिया - डिस्कस थ्रो
(b) निषाद कुमार - ऊँची कूद
(c) भाविना पटेल - पैरा शूटिंग
(d) एल वाई सुहास - पैरा बैडमिंटन

Ans. (c) भाविना पटेल - पैरा शूटिंग

- भाविना पटेल टोक्यो ओलंपिक 2020 में पैरा टेबल टेनिस खेल में रजत पदक जीता था।
- भाविना पटेल ने राष्ट्रमंडल खेल वर्ष 2022 में स्वर्ण पदक जीता।
- एल. वाई. सुहास ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में बैडमिंटन में रजत पदक जीता था

191. बेल्जियम ने पुरुषों का अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन हॉकी (FIH) 2018 विश्व कप जीता, जो ..... में आयोजित किया गया था।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) भारत (b) जर्मनी
(c) बेल्जियम (d) ऑस्ट्रेलिया

Ans. (a) भारत

- पुरुषों का अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन हॉकी 2018 की मेजबानी भारत ने की थी।
- इस विश्व कप का फाइनल मैच बेल्जियम और नीदरलैंड के बीच ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में हुआ, जिसका विजेता बेल्जियम रहा था।
- भारत ने केवल एक बार वर्ष 1975 में हॉकी विश्वकप जीता था।

192. निम्नलिखित में से कौन-सा 37वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) भीमा (b) ऑली
(c) मोगा (d) सावज

Ans. (c) मोगा

- 37वें राष्ट्रीय खेल 26 अक्टूबर से 9 नवंबर, 2023 तक गोवा में आयोजित हुए थे।
- इसका शुभंकर 'मोगा' एक वन भैसा को बनाया गया था।
- 37वें राष्ट्रीय खेलों का आदर्श वाक्य 'गेट सेट गोवा' था।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन-उत्तराखंड (28 जनवरी से 14 फरवरी)
- 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर-मोनाल (28 जनवरी से 14 फरवरी)

193. क्रिकेट में 'लेफ्ट आर्म लेग स्पिन' को... के रूप में जाना जाता है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) लेग स्पिन (b) ऑर्थोडॉक्स स्पिन
(c) ऑफ स्पिन (d) चाइनामैन बॉल

Ans. (d) चाइनामैन बॉल

- चाइनामैन गेंदबाजी को लेफ्ट-आर्म अनऑर्थोडक्स स्पिन या लेफ्ट-आर्म स्पिन भी कहते हैं।
- कुलदीप यादव टीम इंडिया का एकमात्र चाइनामैन गेंदबाज हैं।

194. SAFF चैंपियनशिप 2023 के आयोजन की मेजबानी किस शहर ने की थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) मैंगलोर (b) गुलबर्ग
(c) मैसूर (d) बैंगलुरु

Ans. (d) बैंगलुरु

- वर्ष 2023 की दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ की मेजबानी बैंगलुरु, कर्नाटक ने की थी।
- इस चैंपियनशिप में भारत ने फाइनल मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट के द्वारा कुवैत को हराकर 9वीं बार खिताब अपने नाम किया।
- SAFF की स्थापना वर्ष 1997 में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और मालदीव ने मिलकर की थी।
- मुख्यालय - ढाका, बांग्लादेश

195. 'मिन्टोनेट (Mintonette)' निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) हैंडबॉल (b) क्रिकेट
(c) वालीबॉल (d) बास्केटबॉल

Ans. (c) वालीबॉल

- वॉलीबॉल का पुराना नाम मिन्टोनेट था।
- वॉलीबॉल श्रीलंका का राष्ट्रीय खेल है।
- वॉलीबॉल की प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होते हैं।
- वॉलीबॉल की उत्पत्ति अमेरिका से मानी जाती है।

196. एक पारंपरिक खेल यूबी लक्पी किस राज्य में खेला जाता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) झारखंड (b) मणिपुर
(c) हिमाचल प्रदेश (d) अरुणाचल प्रदेश

Ans. (b) मणिपुर

- आधुनिक रग्बी खेल से संबंधित यूबी लक्पी पारंपरिक खेल मणिपुर राज्य से संबंधित है।

मणिपुर राज्य के अन्य पारंपरिक खेल-

- सागोल कांगजेई (मणिपुरी पोलो)
- हियांग तन्नाबा (नाव दौड़)
- मुकना (मणिपुरी कुश्ती)
- थांग-ता और सरित सरक (मणिपुरी मार्शल आर्ट)

197. निम्नलिखित में से कौन-सा/सी खिलाड़ी बिलियर्ड्स से संबंधित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) गीत सेठी
(b) पुष्पेंद्र कुमार गर्ग
(c) नमेइरक्पम कंजरानी
(d) होमी मोतीवाला

Ans. (a) गीत सेठी

- गीत सेठी ने वर्ष 1982 में भारतीय बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती थी।
- गीत श्रीराम सेट्टी को वर्ष 1986 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- गीत सेठी 1992-93 के लिए भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार, मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित।
- वर्ष 1986 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित।

198. फुटबॉल 2027 एशियाई कप की मेजबानी द्वारा की जाएगी।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) जापान (b) भारत
(c) बांग्लादेश (d) सऊदी अरब

Ans. (d) सऊदी अरब

- वर्ष 2027 का एशिया कप फुटबाल टूर्नामेंट सऊदी अरब में आयोजित किया जाएगा।
- AFC एशियन कप की स्थापना वर्ष 1956 में हुई थी।
- इस प्रतियोगिता को AFC (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) द्वारा कराया जाता है।

199. निम्नलिखित में से किस राज्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे संस्करण की मेजबानी की?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)

(a) कर्नाटक (b) हरियाणा
(c) तेलंगाना (d) असम

Ans. (b) हरियाणा

- चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 का आयोजन 4 जून से 13 जून, 2022 के दौरान हरियाणा में आयोजित किया गया।
- इस खेल के शुभंकर जया (काला हिरण) और विजय (बाघ) थे तथा हरियाणा के शुभंकर का नाम धाकड़ था।
- इसके अंतर्गत 5 पारंपरिक खेल (गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता, मल्लखंब और योगासन) भी शामिल किए गए।
- ध्यातव्य है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का छठा संस्करण 19 जनवरी से 31 जनवरी, 2024 तक तमिलनाडु के चार शहरों (चेन्नई, त्रिची, मदुरै और कोयंबटूर) में आयोजित किया गया।
- यह पहली बार था जब खेलो इंडिया यूथ गेम दक्षिण भारत में आयोजित किए गए थे।
- तमिलनाडु के पारंपरिक खेल सिलंबम को खेलो इंडिया यूथ गेम्स को पहली बार डेमो खेल के रूप में पेश किया गया।

200. 'प्यादा' निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) टेनिस (b) बैडमिंटन
(c) शतरंज (d) क्रिकेट

Ans. (c) शतरंज

- प्यादे का संबंध शतरंज खेल से है।
- विश्व शतरंज दिवस प्रतिवर्ष 20 जुलाई को मनाया जाता है, इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना वर्ष 1924 में पेरिस में की गई थी।
- यह एक प्राचीन खेल है जिसकी स्थापना भारत में 6-7वीं शताब्दी के दौरान चतुरंग खेल के रूप में हुई थी।
- शतरंज के बोर्ड पर 64 वर्ग होते हैं।
- अखिल भारतीय शतरंज संघ (AICF) की स्थापना वर्ष 1951 में हुई।

201. टोक्यो ओलंपिक 2021 में भारत के लिए पहला पदक किसने जीता? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) मीराबाई चानू (b) पीवी सिंधु
(c) मैरी कॉम (d) लवलीना बोरगोहेन

Ans. (a) मीराबाई चानू

- टोक्यो ओलंपिक 2021 में मीराबाई चानू ने महिलाओं की 49 किग्रा. भारोत्तोलन में रजत पदक जीता, जो भारत के लिए इस ओलंपिक में पहला पदक था।
- इस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- उल्लेखनीय है कि रवि कुमार दहिया ने पुरुषों की 57 किग्रा. फ्रीस्टाइल कुश्ती में रजत पदक, बजरंग पुनिया ने पुरुषों की 65 किग्रा. फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक, लवलीना बोरगोहेन ने महिला वेल्टरवेट मुक्केबाजी में कांस्य पदक, पीवी सिंधु ने महिला एकल बैडमिंटन में कांस्य पदक तथा पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।

202. IBA महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप-2023 की मेजबानी किस देश ने की? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) पाकिस्तान (b) श्रीलंका
(c) बांग्लादेश (d) भारत

Ans. (d) भारत

- IBA महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप-2023 (13वां संस्करण) का आयोजन भारत की राजधानी नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- चार भारतीय महिला मुक्केबाजों (स्वीटी बूरा, नीतू घंघास, निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन) ने अलग-अलग श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीता।

203. भारत में, ... में यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन (YMCA) ने पहली बार बास्केटबॉल की शुरुआत की थी। **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) कोलकाता (b) मुंबई
(c) रांची (d) जमशेदपुर

Ans. (a) कोलकाता

- यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन की स्थापना 6 जून, 1844 को लंदन में हुई थी।

204. वॉलीबॉल के खेल में 'लिबेरो' एक ..... होता है। **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) स्मैशिंग विशेषज्ञ
(b) विशेषज्ञ डिफेंसिव खिलाड़ी
(c) विशेषज्ञ अटैकिंग खिलाड़ी
(d) ब्लॉकिंग विशेषज्ञ

Ans. (b) विशेषज्ञ डिफेंसिव खिलाड़ी

- वर्ष 1998 में, वॉलीबॉल के गोल में एक नई पोजीशन शुरू की गई, जिसे लिबेरो कहा जाता है। इतालवी में लिबेरो का मतलब 'फ्री' होता है, यह एक विशेष रक्षात्मक खिलाड़ी होता है, जो हमेशा पीछे की पंक्ति में रहता है।
- ध्यातव्य है कि वॉलीबॉल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी वॉलीबॉल) की स्थापना वर्ष 1947 में पेरिस में हुई थी और वर्ष 1964 के टोक्यो ओलंपिक में इसे शामिल कर लिया गया।

205. दो फीफा (FIFA) फुटबॉल विश्व कपों के बीच ..... का अंतराल होता है। **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) 5 वर्ष (b) 3 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 4 वर्ष

Ans. (d) 4 वर्ष

- फीफा फुटबॉल विश्व कप प्रतियोगिता प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित की जाती है। पहला फीफा विश्व कप वर्ष 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था, जिसे उरुग्वे ने जीता।
- उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना ने कतर में आयोजित फीफा विश्व कप, 2022 फ्राँस को हराकर जीता था।
- फीफा विश्व कप, 2026 की मेजबानी अमेरिका, कनाडा तथा मैक्सिको मिलकर करेंगे तथा इसमें कुल 104 मैच खेले जायेंगे जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी।
- फेडरेशन इंटरनेशनल द फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) का मुख्यालय ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में स्थित है। इसकी स्थापना 21 मई, 1904 को पेरिस, फ्रांस में की गई थी।

206. कबड्डी के खेल में, प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) 6 (b) 5
(c) 7 (d) 8

Ans. (c) 7

- कबड्डी खेल में, खेल शुरू होने पर प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी होते हैं।
- कबड्डी के खेल में कुल 40 मिनट होते हैं
- फुटबॉल की प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं।
- क्रिकेट में प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं।

207. कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स का पहला संस्करण वर्ष ..... में आयोजित किया गया था। **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) 2008 (b) 2011
(c) 2004 (d) 2000

Ans. (d) 2000

- कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स का पहला संस्करण वर्ष 2000 में एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड में आयोजित किया गया था।
- वर्ष 2008 में भारत ने इन खेलों की मेजबानी की थी।

208. निम्नलिखित में से कौन भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के पहले अध्यक्ष थे? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) डॉ. ए.जी. नोहरेन
(b) राजा भालेंद्र सिंह
(c) महाराजा भूपिंदर सिह
(d) सर दोराबजी टाटा

Ans. (d) सर दोराबजी टाटा

- भारत में खेलों के विकास और संस्थागतकरण को गति देने के लिए वर्ष 1927 में भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) का गठन किया गया, जिसके संस्थापक अध्यक्ष सर दोराबजी टाटा और सचिव डॉ. ए.जी. नोहरेन थे।
- वर्ष 1927 में ही भारतीय ओलंपिक संघ को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई।
- ध्यातव्य है कि भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व एंग्लो इंडियन नॉर्मन प्रिचर्ड ने किया था।

209. भारत ने पहली बार एशियाई खेलों की मेजबानी कब की थी?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 1954 (b) 1951
(c) 1962 (d) 1990

Ans. (b) 1951

- भारत एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला पहला देश है। वर्ष 1951 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था।
- वर्ष 1951 के एशियाई खेल के सभी इवेंट मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित किए गए थे।
- भारत ने दो बार (वर्ष 1951 तथा वर्ष 1982) एशियाई खेलों की मेजबानी की है। वर्ष 2026, वर्ष 2030 और वर्ष 2034 के एशियाई खेलों की मेजबानी क्रमशः आइची-नागोया (जापान), दोहा (कतर) और रियाद (सऊदी अरब) द्वारा की जाएगी।

210. मैग्नस कार्लसन ..... के एक अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी हैं।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) नॉर्वे (b) जर्मनी
(c) रूस (d) फ्रांस

Ans. (a) नॉर्वे

- वर्तमान में भारत के डी. गुकेश विश्व शतरंज चैंपियन हैं।
- उन्होंने 12 दिसंबर, 2024 को फाइनल में चीन के डिंग लिरेन को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

211. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2023 में पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब
(c) हरियाणा (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (a) महाराष्ट्र

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2023 की पदक तालिका में महाराष्ट्र कुल 158 पदक (57) स्वर्ण, (48) रजत तथा (53) कांस्य पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि तमिलनाडु और हरियाणा क्रमशः 98 पदक (38 स्वर्ण, 21 रजत, 39 कांस्य) और 103 पदक (35 स्वर्ण, 22 रजत, 46 कांस्य) जीतकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- इन खेलों का शुभंकर वीरमंगई है। वेलु नचियार, जिन्हें 'वीरमंगई' के नाम से जाना जाता है, वे भारत में ब्रिटिश औपनिवेशक सत्ता के विरुद्ध लड़ने वाली पहली रानी थी।

212. फुटबॉल खिलाड़ी चुन्नी गोस्वामी, जिनका अप्रैल 2020 में निधन हो गया, वे राष्ट्रीय स्तर के भूतपूर्व ..... भी थे।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) तैराक
(b) निशानेबाज
(c) क्रिकेट खिलाड़ी
(d) गोल्फ खिलाड़ी

Ans. (c) क्रिकेट खिलाड़ी

- चुन्नी गोस्वामी एक भारतीय फुटबॉलर और प्रथम श्रेणी क्रिकेटर थे।
- भारतीय फुटबॉल के दिग्गज चुन्नी गोस्वामी, जिन्होंने बैंकॉक में 1962 के एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।
- विभाग ने उनके 82वें जन्मदिन (15 जनवरी, 2020) पर एक डाक टिकट जारी किया।
- 1962 बेस्ट स्ट्राइकर ऑफ एशिया अवार्ड
- 1963 अर्जुन पुरस्कार
- 1983 पद्म श्री पुरस्कार
- 2005 मोहन बागान रत्न

213. महिला राष्ट्रीय खेल महोत्सव किस वर्ष में शुरू किया गया था?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 1975 में (b) 1974 में
(c) 1976 में (d) 1970 में

Ans. (a) 1975 में

- महिला राष्ट्रीय खेल महोत्सव वर्ष 1975 में शुरू किया गया था।

214. प्रथम पैरा एशियाड की मेजबानी निम्नलिखित में से किस देश ने की थी?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) दक्षिण कोरिया (b) भारत
(c) चीन (d) जापान

Ans. (c) चीन

- पहला एशियाई पैरा खेल चीन के ग्वांगझू में वर्ष 2010 में आयोजित किया गया था।
- भारत ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझरोऊ में एशियन पैरा गेम्स, 2023 में 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 111 पदक जीते।
- भारत एशियन पैरा गेम्स 2023 में मेजबान देश चीन, ईरान, जापान और रिपब्लिक ऑफ कोरिया के बाद पाँचवें स्थान पर रहा। इसमें चीन ने 214 स्वर्ण सहित कुल 521 पदक जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

215. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी बार ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक कब जीता था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) 1980 (b) 1996
(c) 2012 (d) 2008

Ans. (a) 1980

- जुलाई, 1980 को मास्को ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता था।
- भारतीय हॉकी टीम ने फाइनल मैच में स्पेन को 4-3 से हराकर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं, जिनमें से छह लगातार (वर्ष 1928- वर्ष 1956 तक) तथा दो अन्य स्वर्ण पदक टोक्यो 1964 और मॉस्को 1980 में जीते।

216. निम्नलिखित में से कौन 1983 के विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) दिलीप वेंगसरकर
(b) कपिल देव
(c) मोहिंदर अमरनाथ
(d) सुनील गावस्कर

Ans. (b) कपिल देव

- भारतीय क्रिकेट टीम ने वर्ष 1983 में पहली बार एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीता, जिसमें भारतीय कप्तान कपिल देव थे।
- भारत ने इसके फाइनल में वेस्टइंडीज को हराया था।
- ध्यातव्य है कि भारत ने दूसरा वनडे विश्व कप वर्ष 2011 में श्रीलंका को हराकर जीता था। इसमें भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी थे।

217. एफआईएच (FIH) एशिया कप पुरुष हॉकी 2022 की मेजबानी ..... द्वारा की गई थी।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) इंडोनेशिया (d) जापान

Ans. (c) इंडोनेशिया

- एफआईएच (FIH) एशिया कप पुरुष हॉकी, 2022 की मेजबानी इंडोनेशिया ने की।

- ध्यातव्य है कि बेल्जियम और नीदरलैंड वर्ष 2026 में पुरुष एवं महिला एफआईएच हॉकी विश्वकप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

218. तीन सेकंड नियम किस खेल में लागू किया जाता है? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) कबड्डी (b) बैडमिंटन
(c) खो-खो (d) बास्केटबॉल

Ans. (d) बास्केटबॉल

- बास्केटबॉल में समय से संबंधित मुख्यत: चार नियम हैं, जो इस खेल को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए बनाए गए हैं।
- इन नियमों में 24 सेकंड नियम, 8 सेकंड नियम, 5 सेकंड नियम और 3 सेकंड नियम शामिल हैं।

219. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय संगठन शतरंज का शासी निकाय है? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) FIFA (b) IOC
(c) FIDE (d) ICC

Ans. (c) FIDE

- FIDE अंतर्राष्ट्रीय संगठन शतरंज का शासी निकाय है, जो सभी शतरंज प्रतियोगिताओं का संचालन करता है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1924 में पेरिस में की गई, जिसका मुख्यालय लुसाने में है।
- इसे वर्ष 1999 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा वैश्विक खेल संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।

220. यू.एस. (यूनाइटेड स्टेट्स) का राष्ट्रीय खेल कौन-सा है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) टेनिस (b) बेसबॉल
(c) बास्केटबॉल (d) गोल्फ

Ans. (b) बेसबॉल

- टेबल टेनिस- चीन का राष्ट्रीय खेल है।
- गोल्फ- स्कॉटलैंड का राष्ट्रीय खेल है
- क्रिकेट- इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों देशों का राष्ट्रीय खेल है।
- बैडमिंटन- इंडोनेशिया का राष्ट्रीय खेल है।
- फुटबॉल- फ्रांस, जर्मनी, इटली, और इजराइल का राष्ट्रीय खेल है।

221. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कब किया गया? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) 2019 में (b) 2020 में
(c) 2022 में (d) 2021 में

Ans. (d) 2021 में

- वर्ष 2021 में राजीव गांधी खेलरत्न पुरस्कार का नाम परिवर्तित कर मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार कर दिया गया।
- इस पुरस्कार के अंतर्गत ₹25 लाख की राशि प्रदान की जाती है।

222. प्रत्येक कबड्डी मैच की देखरेख के लिए कितने अधिकारी होते हैं? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) 6 (b) 2
(c) 5 (d) 3

Ans. (a) 6

- प्रत्येक कबड्डी मैच की देखरेख के लिए 6 अधिकारी होते हैं।
- भारत का पारंपरिक खेल कबड्डी दुनिया का सबसे पुराना खेल है, जिसका इतिहास लगभग 4000 वर्ष पुराना है।
- बर्लिन ओलंपिक 1936 में कबड्डी को प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया था।

223. 3000m स्टीपलचेज रेस में कुल कितने जंप होते हैं? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) 33 (b) 34
(c) 36 (d) 35

Ans. (d) 35

- 3000m स्टीपलचेज रेस में कुल 35 जंप जिसमें 28 स्थिर बाधाएँ तथा 7 वाटर जंप होते हैं।
- यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिलाएँ दोनों के लिये हैं।

224. बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम ..... में स्थित है। **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखंड
(c) ओडिशा (d) हरियाणा

Ans. (c) ओडिशा

प्रमुख स्टेडियम	राज्य
बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम	राउरकेला (ओडिशा)
ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम	कानपुर (उत्तर प्रदेश)
नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम	अहमदाबाद (गुजरात)
बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम	राँची (झारखण्ड)

225. भारतीय वॉलीबॉल संघ की स्थापना किस वर्ष में की गई थी? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) 1948 में (b) 1950 में
(c) 1949 में (d) 1951 में

Ans. (d) 1951 में

- भारतीय वॉलीबॉल संघ का गठन वर्ष 1951 में हुआ था। इसकी पहली बैठक लुधियाना (पंजाब) में आयोजित की गई थी।
- वॉलीबॉल की पहली चैंपियनशिप वर्ष 1936 में लाहौर (अब पाकिस्तान) में आयोजित की गई थी।

226. इंडियन सुपर लीग (ISL) का पहला संस्करण निम्नलिखित में से किस वर्ष आयोजित किया गया था? **(D.P. Const. 16 Nov. 2023)**

(a) 2016 (b) 2013
(c) 2015 (d) 2014

Ans. (d) 2014

- इंडियन सुपर लीग (ISL) की शुरुआत 12 अक्टूबर, 2014 को हुई थी।
- इसे अक्टूबर 2019 में FIFA और AFC (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) द्वारा भारत की शीर्ष स्तरीय घरेलू लीग के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी।

227. किसी भी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच में अतिरिक्त समय के लिए कुल विनियमन समय अवधि [रेगुलेशन टाइम (मिनट में)] कितनी होती है? **(D.P. Const. 27 Nov. 2020)**

(a) 100 (b) 120
(c) 90 (d) 150

Ans. (b) 120

- अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच में निर्धारित समय 90 मिनट का होता है। हालाँकि, अगर मैच बराबरी पर रहता है, तो अतिरिक्त समय के तौर पर 30 मिनट और खेले जाते हैं। इस तरह, कुल मैच समय 120 मिनट का हो जाता है।
- पेरिस 2024 ओलंपिक में महिला फुटबॉल में स्वर्ण पदक अमेरिका की महिला राष्ट्रीय टीम (यूएसडब्ल्यूएनटी) को मिला था।

228. नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेल किस वर्ष में आयोजित किए गए थे? **(D.P. Const. 27 Nov. 2020)**

(a) 2012 (b) 2006
(c) 2018 (d) 2010

Ans. (d) 2010

- राष्ट्रमंडल खेल एक अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिता है, जिसमें राष्ट्रमंडल देशों के खिलाड़ी शामिल होते हैं।
- पहली बार इसका आयोजन वर्ष 1930 में कनाडा के ओंटारियो प्रांत के हैमिल्टन में हुआ था।
- वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर ने की थी।
- वर्ष 2026 में राष्ट्रमंडल खेलों का 23वाँ संस्करण 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक स्कॉटलैंड में आयोजित किया जाएगा।

229. भारत में हर साल राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) 19 सितंबर (b) 29 सितंबर
(c) 19 अगस्त (d) 29 अगस्त

Ans. (d) 29 अगस्त

दिनांक	दिवस
23 जून	अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस
20 जुलाई	अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस
5 जुलाई	विश्व बैडमिंटन दिवस
25 मई	विश्व फुटबॉल दिवस

230. राष्ट्रमंडल खेलों के 2018 संस्करण की मेजबानी किसने की थी?
(D.P. Const. 02 Dec. 2020)
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूनाइटेड किंगडम
(c) पाकिस्तान (d) भारत

Ans. (a) ऑस्ट्रेलिया

- ऑस्ट्रेलिया ने पाँच बार यानी वर्ष 1938, 1962, 1982, 2006 तथा वर्ष 2018 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है।
- 2022 राष्ट्रमंडल खेल (आधिकारिक तौर पर, राष्ट्रमंडल खेलों के रूप में जाना जाता है) बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित किया गया।
- राष्ट्रमंडल खेलों का 23वाँ संस्करण 2026, में स्कॉटलैंड में आयोजित किया जाएगा।

231. क्रिकेट खिलाड़ी शिमरॉन हेटमायर कहाँ के हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) न्यूजीलैंड
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) वेस्टइंडीज

Ans. (d) वेस्टइंडीज

देश	खिलाड़ी नाम
ऑस्ट्रेलिया	कैमरून ग्रीन
	शेन वार्न(2022 में निधन)
	मैथ्यू हेडन
	स्टीव वॉ
न्यूजीलैंड	मार्टिन गुप्टिल
	टॉम लाथम
	केन विलियमसन
दक्षिण अफ्रीका	जैक्स कालिस
	हाशिम आमला
वेस्टइंडीज	कोर्टनी वॉल्श, ब्रायन लारा

232. निम्नलिखित में से कौन एक पैरा एथलीट है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) दीपा करमाकर (b) दीपा मलिक
(c) दुती चंद (d) पूजा ढांडा

Ans. (b) दीपा मलिक

- दीपा मलिक पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला है।
- दीपा ने वर्ष 2016 के रियो पैरालंपिक खेलों में महिलाओं के शॉट पुट F53 इवेंट में रजत पदक जीता था।

233. निम्नलिखित में से कौन राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले पहले व्यक्ति हैं?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) सुनील छेत्री
(b) विराट कोहली
(c) विश्वनाथन आनंद
(d) ध्यानचंद

Ans. (c) विश्वनाथन आनंद

- राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, भारत में खेलों के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान हैं।
- इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1991-92 में की गई थी।
- वर्तमान में इस पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया है।
- इस पुरस्कार में विजेता को 25 लाख रुपये की राशि और एक पदक दिया जाता है।

234. खाशाबा दादासाहेब जाधव किस ओलंपिक में भारत के लिए व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 1936 बर्लिन ओलंपिक
(b) 1952 हेलसिंकी ओलंपिक
(c) 1972 म्यूनिख ओलंपिक
(d) 1948 लंदन ओलंपिक

Ans. (b) 1952 हेलसिंकी ओलंपिक

- खाशाबा दादासाहेब जाधव (केडी जाधव) ने वर्ष 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में भारत के लिए कुश्ती में कांस्य पदक जीता था।
- केडी जाधव को वर्ष 2000 में मरणोपरांत अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

235. बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने निम्नलिखित में से किन वर्षों में ओलंपिक पदक जीता था?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 2016 और 2020
(b) 2004 और 2008
(c) 2008 और 2012
(d) 2012 और 2020

Ans. (a) 2016 और 2020

- बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने रियो ओलंपिक वर्ष 2016 में रजत पदक तथा टोक्यो ओलंपिक वर्ष 2020 में कांस्य पदक जीता था।

पी.वी. सिंधु को प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान-

- अर्जुन पुरस्कार (वर्ष 2013)
- पद्मश्री पुरस्कार (वर्ष 2015)
- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार (वर्ष 2016)
- पद्म भूषण पुरस्कार (वर्ष 2020)

236. ओलंपिक में स्विमिंग पूल का आवश्यक (मानक) आकार क्या होता है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 50 m × 25 m (b) 25 m × 15 m
(c) 50 m × 30 m (d) 60 m × 60 m

Ans. (a) 50 m × 25 m

- ओलंपिक में स्विमिंग पूल का मानक आकार: 50 मीटर लंबाई तथा 25 मीटर चौड़ाई।
- FINA के नियमानुसार तैराकी में विश्व चैंपियनशिप के लिए 8 लेन और ओलंपिक के लिए 10 लेन की आवश्यकता होती है।
- तैराकी में सबसे ज्यादा ओलंपिक पदक अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स ने जीते हैं।

237. दीपा करमाकर ने जिम्नास्टिक में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कब जीता?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 2018 में (b) 2016 में
(c) 2015 में (d) 2017 में

Ans. (b) 2016 में

- दीपा करमाकर ओलंपिक में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय जिमनास्टिक खिलाड़ी है।

दीपा करमाकर को प्राप्त पुरस्कार-

- मेजर ध्यानचंद खेल-रत्न पुरस्कार- (वर्ष 2016)
- अर्जुन पुरस्कार- (वर्ष 2015)
- पद्म श्री पुरस्कार- (वर्ष 2017)

238. दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनीं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) मेरी कॉम (b) कर्णम मल्लेश्वरी
(c) पीवी सिंधु (d) साइना नेहवाल

Ans. (c) पीवी सिंधु

- पीवी सिंधु दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने रियो 2016 में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था।
- इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2019 में विश्व चैंपियनशिप का खिताब भी हासिल किया था।

239. अगस्त 2020 में निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित किया गया था?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) दीपा मलिक (b) बजरंग पूनिया
(c) मनिका बत्रा (d) विराट कोहली

Ans. (c) मनिका बत्रा

- मनिका बत्रा को वर्ष 2020 राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (अब मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार) से सम्मानित किया गया था। मनिका बत्रा भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं।
- क्रिकेटर विराट कोहली को वर्ष 2018 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (अब मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार) मिला था।

✪ दीपा मलिक को वर्ष 2019 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह पैरा ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

240 खो-खो मैदान की माप कितनी होनी चाहिए? **(D.P. Const. 20 Nov. 2023)**

(a) 27 × 16 m (b) 28 × 15 m
(c) 29 × 16 m (d) 30 × 15 m

Ans. (a) 27 × 16 m

✪ खो-खो के मैदान आयताकार होते हैं, जिनकी लंबाई 27 मीटर व चौड़ाई 16 मीटर होती है।
✪ खो-खो टीम में 12 खिलाडी होते हैं, परन्तु मैदान पर 9 ही खिलाड़ी खेलते हैं।

241 निम्नलिखित में से कौन सा खेल पुरस्कार चार वर्षों तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है? **(D.P. Const. 28 Nov. 2020)**

(a) द्रोणाचार्य पुरस्कार
(b) अर्जुन पुरस्कार
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी
(d) ध्यानचंद पुरस्कार

Ans. (b) अर्जुन पुरस्कार

✪ अर्जुन पुरस्कार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाता है और इसे वर्ष 1961 में शुरू किया गया था।
✪ वर्ष 1985 में शुरू किया गया द्रोणाचार्य पुरस्कार खेल और खेल में उत्कृष्ट कोचों को प्रदान किया जाता है।
✪ ध्यानचंद पुरस्कार पहली बार 2002 में उन खिलाड़ियों को दिया गया था, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेलों में योगदान दिया है और सक्रिय खेल करियर से रिटायरमेंट के बाद भी खेल को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखा है।

242. विशेष भृगुवंशी को अगस्त 2020 में अर्जुन पुरस्कार मिला है। वह निम्नलिखित में से किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं? **(D.P. Const. 28 Nov. 2020)**

(a) बैडमिंटन (b) मुक्केबाजी
(c) फुटबॉल (d) बास्केटबॉल

Ans. (d) बास्केटबॉल

✪ भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों साइना नेहवाल, साई प्रणीत, किदांबी श्रीकांत, और पुलेला गोपीचंद को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।
✪ बैडमिंटन में अर्जुन पुरस्कार पाने वाली पहली महिला मीना शाह थीं।
✪ पी.के. बनर्जी अर्जुन पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी थे।
✪ 1961 में, पी.के. बनर्जी को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

243. टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव निम्नलिखित में से किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) फ्रांस (b) जर्मनी
(c) स्विट्जरलैंड (d) अमेरिका (USA)

Ans. (b) जर्मनी

देश	टेनिस खिलाड़ी
अमेरिका	सेरेना विलियम्स, पीट, सैम्प्रास
फ्रांस	रेने लैकोस्टे
स्विट्जरलैंड	रोजर फेडरर
सर्बिया	नोवाक जोकोविच
स्पेन	राफेल नडाल

244. अमेरिकी ओपन 2020 का पुरुष एकल का फाइनल निम्नलिखित में से किसने जीता था? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) स्टेफानोस सिटिपास
(b) अलेक्जेंडर ज्वेरेव
(c) डेनियल मेदवेदेव
(d) डोमिनिक थिएम

Ans. (d) डोमिनिक थिएम

✪ डोमिनिक थिएम ने यू.एस. ओपन 2020 में अपना पहला पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम जीता।
✪ इन्होंने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर खिताब जीता। ये ऑस्ट्रियाई टेनिस खिलाड़ी हैं।

245. खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन देने के लिए सक्षम करने हेतु लगातार उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले कोचों को सम्मानित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा खेल पुरस्कार दिया जाता है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) राजीव गांधी खेल रत्न
(b) ध्यानचंद
(c) अर्जुन
(d) द्रोणाचार्य

Ans. (d) द्रोणाचार्य

✪ राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। यह पुरस्कार युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाता है। वर्ष 2021 में इसका नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया।
✪ अर्जुन पुरस्कार, खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा खेल पुरस्कार है। इसकी शुरुआत वर्ष 1961 में हुई थी।

246. विजय स्तम्भ निम्न में से किस शासक ने बनवाया था? **(D.P. Const. 21 Nov. 2023)**

(a) महाराणा प्रताप (b) राणा कुम्भा
(c) दुर्गा दास राठौर (d) पृथ्वी राज चौहान

Ans. (b) राणा कुम्भा

✪ राजस्थान के चित्तौडगढ़ में स्थित विजय स्तंभ का निर्माण 1448 ई. में महाराणा कुंभा ने गुजरात शासक महमूद खिलजी को हराने के उपलक्ष्य में करवाया था।
✪ इसको कीर्ति स्तंभ भी कहा जाता है।
✪ राणा कुंभा व माण्डू के सुल्तान महमूद खिलजी के मध्य तीन युद्ध हुए-
1. सारंगपुर का युद्ध (1437)
2. मांडलगढ़ का युद्ध
3. बनास का युद्ध

247. अगस्त 2020 में, प्रमुख भारतीय लोक गायिका अर्चना महंत का निधन हो गया था, वह निम्नलिखित में से किस राज्य से थीं? **(D.P. Const. 28 Nov. 2020)**

(a) बिहार (b) असम
(c) सिक्किम (d) उत्तराखंड

Ans. (b) असम

✪ अर्चना महंत असम की लोक गायिका थी।
✪ इनके पति खनेग महंत (लोकगायक) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता थे।
✪ इन्हें वर्ष 2010 में असम सरकार द्वारा शिल्पी पुरस्कार प्रदान किया गया।

248. डेविड केपेल इंग्लैंड के प्रसिद्ध खेल व्यक्तित्व हैं जिनका सितंबर 2020 में निधन हो गया था। वह निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित थे? **(D.P. Const. 28 Nov. 2020)**

(a) टेनिस (b) क्रिकेट
(c) गोल्फ (d) बेसबॉल

Ans. (b) क्रिकेट

✪ डेविड केपेल, पूर्व क्रिकेट ऑलराउंडर जिन्होंने 1987-1990 तक इंग्लैंड के लिए 15 टेस्ट और 23 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिनका सितंबर 2020 में निधन हो गया।
✪ पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी और भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच अंशुमन गायकवाड़ का 31 जुलाई 2024 को निधन हो गया।

249. निम्नलिखित में से कौन भारतीय सेना की प्रथम महिला लेफ्टिनेंट जनरल है? **(D.P. Const. 28 Nov. 2020)**

(a) प्रिया झिंगन (b) मिताली मधुमिता
(c) पुनीता अरोड़ा (d) माधुरी कानिटकर

Ans. (c) पुनीता अरोड़ा

✪ लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. माधुरी कानिटकर को महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, नासिक की (जुलाई 2021 में)नई कुलपति नियुक्त किया गया है।

- भारतीय सेना में शामिल होने वाली पहली महिला मेजर प्रिया झिंगन थी।
- भारतीय सेना के मेडिकल कोर की लेफ्टिनेंट जनरल पुनीता अरोड़ा ने 1 सितंबर, 2004 को सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज पुणे के कमांडेंट के रूप में पदभार संभाला। वह भारतीय सेना की पहली महिला लेफ्टिनेंट जनरल है।

250. निम्नलिखित में से किसने मिल्खा सिंह को 'फ्लाइंग सिख' का खिताब दिया था?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) जनरल याह्या खान
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) लाल बहादुर शास्त्री
(d) जनरल अयूब खान

Ans. (d) जनरल अयूब खान

- मिल्खा सिंह को 'द फ्लाइंग सिख' के रूप में जाना जाता है। यह उपनाम उन्हें पाकिस्तान में अब्दुल खालिक को हराने के बाद पाकिस्तान के जनरल अयूब खान ने दिया था।
- इनके अलावा मेजर ध्यानचंद को 'हॉकी जादूगर' और 'द मैजिशियन' के नाम से जाना जाता है।
- सचिन तेंदुलकर को 'मास्टर ब्लास्टर' के नाम से जाना जाता है।

251. निम्नलिखित में से किसे 'सीमांत गाँधी' के नाम से जाना जाता है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) भगत सिंह
(b) खान अब्दुल गफ्फार खान
(c) चंद्रशेखर आजाद
(d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (b) खान अब्दुल गफ्फार खान

- लाल कुर्ती आन्दोलन भारत में पश्चिमोत्तर सीमान्त प्रान्त में खान अब्दुल गफ्फार खान द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समर्थन में खुदाई खिदमतगार आंदोलन चलाया गया।

252. भारतीय सेना के इतिहास में 'फील्ड मार्शल' का सर्वोच्च पद धारण करने का श्रेय निम्नलिखित में से किसे है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)
(a) के.वी. कृष्णा राव
(b) एस. रायचौधरी
(c) के. एम. करियप्पा
(d) दीपक कपूर

Ans. (c) के. एम. करियप्पा

- फील्ड मार्शल के.एम.करियप्पा को 15 जनवरी, 1986 को भारतीय सेना का दूसरा फील्ड मार्शल बनाया गया था। इससे पहले, सैम मानेकशॉ को 1 जनवरी, 1973 को भारत का पहला फील्ड मार्शल बनाया गया था।

253. प्रसिद्ध नृत्य व्यक्तित्व राजर्षि भाग्य चंद्र को निम्न में से किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) निंगथौ चिंग थांग खोम्बा
(b) भास
(c) भरत मुनि
(d) रीवा प्रसाद द्विवेदी

Ans. (a) निंगथौ चिंग थांग खोम्बा

- राजर्षि भाग्य चंद्र को मणिपुरी रास लीला नृत्य के आविष्कार करने के लिए जाना जाता है।
- इन्हें मणिपुर राज्य में वैष्णववाद फैलाने का श्रेय भी दिया जाता है।

254. मदन सिंह चौहान, जिन्हें गुरुजी के नाम से भी जाना जाता है ..... के एक लोक और सूफी गायक हैं।
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) उत्तराखंड (b) हरियाणा
(c) छत्तीसगढ़ (d) झारखंड

Ans. (c) छत्तीसगढ़

- गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ के सूफी और गजल गायक मदन सिंह चौहान को वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।

255. निम्नलिखित में से किसने तानसेन को मियाँ की उपाधि दी थी?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) शाहजहाँ (b) बाबर
(c) अकबर (d) हुमायूं

Ans. (c) अकबर

- तानसेन का वास्तविक नाम 'रामतनु पांडे' था। ये अकबर के नवरत्नों में से एक थे।
- तानसेन के गुरु का नाम हरिदास तथा उनकी गायन शैली 'ध्रुपद' थी।
- तानसेन की प्रमुख रचनाएँ- मियाँ की सारंग, मियाँ की मल्हार, दरबारी कान्हड़ा तथा मिया की टोड़ी आदि।

256. निम्नलिखित में से किसे गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने 'क्वीन ऑफ कथक' (Queen of Kathak) की उपाधि दी थी?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(b) शांता राव
(c) संजुक्ता पाणिग्रही
(d) सितारा देवी

Ans. (d) सितारा देवी

- गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कथक नर्तकी सितारा देवी को 'क्वीन ऑफ कथक' की उपाधि दी थी।

257. एलोरा की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) फतेहपुर सीकरी (b) इंदौर
(c) दिल्ली (d) औरंगाबाद

Ans. (d) औरंगाबाद

- एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं।
- इन गुफाओं को राष्ट्रकूट वंश के शासकों द्वारा बनवाया गया था।
- एलोरा की गुफाओं को वर्ष 1983 में UNESCO द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया।

258. भारत सरकार की किस पहल का एक नया चरण 2022 में कचरा मुक्त शहर बनाने की समग्र दृष्टि और मल कीचड़ प्रबंधन सहित अपशिष्ट जल उपचार के नए घटक के साथ शुरू किया गया था?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0
(b) भारत में अपशिष्ट जल प्रबंधन ढांचा
(c) ग्रामीण खुले में शौच मुक्त पहल
(d) स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 3.0

Ans. (a) स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0

- स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्टूबर, 2014 को की गई थी।
- स्वच्छ भारत मिशन को 1 अक्टूबर, 2021 से 1 अक्टूबर, 2026 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 (एसबीएम-यू 2.0 के रूप में बढ़ाया गया है।
- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 का लक्ष्य "शहरों को पूरी तरह से कचरा मुक्त बनाना है।"

259. विष्णुपुर मंदिरों का समूह किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)
(a) पश्चिम बंगाल (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) असम

Ans. (a) पश्चिम बंगाल

- टेराकोटा मंदिरों के लिए प्रसिद्ध विष्णुपुर पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में स्थित है।
- रासमंचा, मृण्मयी, जोरबांग्ला, मदन मोहन तथा श्याम राय आदि मंदिर विष्णुपुर में प्रसिद्ध है।
- राजा जगत मल्ल और उनके वंशजों ने विष्णुपुर में टेराकोटा और पत्थर की कला से बने कई मंदिरों का निर्माण करवाया था।
- 1997 में, विष्णुपुर के मंदिरों को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची में शामिल किया गया था।

260. निम्नलिखित में से किस राज्य में हजार स्तंभ मंदिर स्थित है, जिसमें हजार स्तंभ निर्मित हैं?
(D.P. Const. 17 Nov. 2023)

(a) महाराष्ट्र (b) तेलंगाना
(c) तमिलनाडु (d) केरल

Ans. (b) तेलंगाना

- हजार स्तंभ मंदिर, जिसे रुद्रेश्वर स्वामी मंदिर के नाम से जाना जाता है, तेलंगाना के हनुमकोंडा में स्थित है।
- हजार स्तंभ मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में काकतीय सम्राट रुद्रदेव ने करवाया था।
- इस मंदिर में तीन देवों- शिव, ब्रह्मा एवं विष्णु की पूजा की जाती हैं।

261. अजंता की गुफाएँ निम्नलिखित में से किस नदी के बाएँ किनारे पर स्थित है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) तुंगभद्रा (b) कृष्णा
(c) महानदी (d) वाघोरा

Ans. (d) वाघोरा

- अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में वाघोरा नदी के बाएँ किनारे पर स्थित है।
- अजंता की गुफाओं की संख्या 29 है।
- वर्ष 1983 में इन गुफाओं को यूनेस्को ने विश्व विरासत सूची में शामिल किया।

262. महाराष्ट्र के निम्नलिखित में से किस जिले में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की गई थी?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अहमदनगर (b) नागपुर
(c) पुणे (d) अमरावती

Ans. (b) नागपुर

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की स्थापना वर्ष 1925 को केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर, महाराष्ट्र में की थी।
- वर्तमान में इसके संचालक मोहन भागवत जी है।

263. सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना कब शुरू की गई थी?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) 2003 (b) 2001
(c) 2000 (d) 2002

Ans. (b) 2001

- सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना की शुरुआत 25 सितंबर, 2001 को हुई थी।
- इस योजना की शुरुआत रोजगार आश्वासन योजना एवं जवाहर ग्राम समृद्धि योजना को मिलाकर की गई थी।

264. भारत में 1991 के आर्थिक सुधारों के समय वित्त मंत्री कौन थे?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) श्री प्रणब मुखर्जी
(b) डॉ. मनमोहन सिंह
(c) श्री पी. चिदंबरम
(d) श्री बिमल जालान

Ans. (b) डॉ. मनमोहन सिंह

- वर्ष 1991 में केंद्र में बनी कांग्रेस की सरकार में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तथा भारत के प्रधानमंत्री पी० वी० नरसिम्हा राव थे।
- वर्ष 1991 में भारत ने भुगतान संतुलन संकट से निपटने के लिए नई आर्थिक नीति का निर्माण किया।
- नीति का प्रमुख उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्वीकरण करना था।

265. गणतंत्र दिवस परेड में उत्सव के संदर्भ में 25-पॉन्डर्स क्या है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) विभिन्न राज्यों की झांकियों की प्रस्तुति
(b) घुड़सवार सेना द्वारा मार्च पास्ट
(c) भारतीय सेना की सात तोपों की सलामी
(d) राष्ट्रपति के अंगरक्षकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

Ans. (c) भारतीय सेना की सात तोपों की सलामी

- गणतंत्र दिवस पर परेड नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित की जाती है।
- गणतंत्र दिवस पर परेडों की सलामी राष्ट्रपति द्वारा ली जाती है।
- रक्षा मंत्रालय का रक्षा अनुभाग गणतंत्र दिवस पर सभी कार्यक्रमों के संचालन हेतु जिम्मेदार होता है।

266. किस फसल को 'गोल्डन फाइबर' भी कहा जाता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) जूट (b) चावल
(c) गेहूँ (d) कपास

Ans. (a) जूट

- जूट पौधे से उत्पादित एक प्राकृतिक रेशा है।
- जूट उत्पादन में भारत का सबसे अग्रणी राज्य पश्चिम बंगाल है।
- विश्व में जूट के सबसे बड़े उत्पादक देश भारत, बांग्लादेश तथा चीन हैं।

267. महरौली में लौह स्तंभ का निर्माण निम्नलिखित में से किस राजवंश के शासकों द्वारा करवाया गया था?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) मौर्य (b) कुषाण
(c) मौखरी (d) गुप्त

Ans. (d) गुप्त

- महरौली लौह स्तंभ का निर्माण गुप्त वंश के राजा चंद्रगुप्त द्वितीय ने करवाया था।
- यह लौह स्तंभ 7.2 मीटर ऊँचा है और इसे 'कीर्ति स्तंभ' के नाम से जाना जाता है।
- गुप्त वंश की स्थापना श्री गुप्त ने की थी।
- गुप्त वंश का प्रतापी शासक चंद्रगुप्त द्वितीय था।

268. यात्रियों की कुल संख्या की दृष्टि से, वर्ष 2022 में भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा कौन-सा था?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (दिल्ली)
(b) केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (बेंगलुरु)
(c) छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (मुंबई)
(d) राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (हैदराबाद)

Ans. (a) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (दिल्ली)

- भारत में 34 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे है।
- भारत का सबसे व्यस्त यात्री हवाई अड्डा इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली है।
- सऊदी अरब का किंग फहद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा विश्व का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है।

269. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को नियंत्रित करता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(b) यूनिसेफ
(c) यूनेस्को
(d) विश्व व्यापार संगठन

Ans. (d) विश्व व्यापार संगठन

- विश्व व्यापार संगठन की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को अपनी पूर्ववती संस्था गेट (GATT) के स्थान पर की गई थी।
- मुख्यालय - जेनेवा, स्विट्जरलैंड

270. मंदिर वास्तुकला की निम्नलिखित में से किस शैली में शिखर को देउल कहा जाता है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)
(a) द्रविड (b) नागर
(c) वेसर (d) ओडिशा

Ans. (d) ओडिशा

- ओडिशा की मंदिर वास्तुकला शैली में तीन प्रमुख शैली का निर्माण होता है- रेखा देउल, पीढा देउल, खाखरा देउल।
- ओडिशा में मंडप को जगमोहन कहते हैं।
- ओडिशा के मंदिरों की भूमि योजना वर्गाकार होती है।
- भारत में मंदिर निर्माण की तीन प्रमुख शैलियाँ हैं- नागर शैली, द्रविड़ शैली, वेसर शैली।

271. अमरावती स्तूप निम्न में से किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 20 Nov. 2023)

(a) पश्चिम बंगाल (b) मध्य प्रदेश
(c) आंध्र प्रदेश (d) गुजरात

Ans. (c) आंध्र प्रदेश

- आंध्र प्रदेश में स्थित अमरावती स्तूप का निर्माण अशोक के शासनकाल में हुआ था।
- मध्य प्रदेश – साँची का स्तूप
- गुजरात – गिरनार शिलालेख
- भारत का सबसे ऊँचा बौद्ध स्तूप केसरिया बौद्ध स्तूप, बिहार में स्थित है।

272. राष्ट्रीय युवा दिवस निम्न में से किस व्यक्तित्व की जन्मतिथि पर मनाया जाता हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) नेताजी सुभाष चंद्र बोस
(b) विक्रम साराभाई
(c) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(d) स्वामी विवेकानंद

Ans. (d) स्वामी विवेकानंद

- स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था।
- स्वामी विवेकानंद ने वर्ष 1897 को रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी।
- स्वामी विवेकानंद ने सितंबर 1893 ई. को शिकागो में आयोजित धर्म संसद में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- इनका प्रसिद्ध नारा 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्ति ना हो जाए' था।

273. मधु मंसूरी हसमुख ..... राज्य के एक गायक, गीतकार और कार्यकर्ता हैं।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) छत्तीसगढ (b) झारखंड
(c) मध्य प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

Ans. (b) झारखंड

- मधु मंसूरी हसमुख को वर्ष 2011 में झारखंड सरकार ने झारखंड रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।
- वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

274. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना का प्रारूप किसने तैयार और लॉन्च किया था?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) डी.पी. धर (b) जयप्रकाश नारायण
(c) मनमोहन सिंह (d) विवेक देबरॉय

Ans. (a) डी.पी. धर

- भारत में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत (वर्ष 1951-56 में) प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय की गयी थी।
- पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (वर्ष 1974-78) का मसौदा डी.पी. धर द्वारा तैयार किया गया था।
- पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में इंदिरा गांधी द्वारा 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया था।

275. निम्नलिखित में से किसने 1875 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) मोहम्मद इकबाल
(b) नवाब सलीमुल्लाह
(c) सैय्यद अहमद खाँ
(d) आगा खान

Ans. (c) सैय्यद अहमद खाँ

- अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय का पूर्व नाम मुहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज था।
- इसकी स्थापना सैय्यद अहमद खाँ द्वारा की गयी थी।
- मोहम्मद इकबाल को पाकिस्तान शब्द के विचार का जनक माना जाता है।
- वर्ष 1906 में नवाब सलीमुल्लाह ने आगा खां के साथ मिलकर मुस्लिम लीग का गठन किया गया था।

276. वर्ष 1904 में, भारत में पहला सीमेंट प्लांट कहाँ स्थापित किया गया था?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) कोलकाता (b) चेन्नई
(c) दिल्ली (d) मुंबई

Ans. (b) चेन्नई

- भारत में प्रथम सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना वर्ष 1904 में चेन्नई में की गई, लेकिन वह असफल रही।
- वर्ष 1904 में चेन्नई से पहले सीमेंट की फैक्ट्री की स्थापना पोरबंदर, गुजरात में हो चुकी थी लेकिन उत्पादन वर्ष 1912-13 में शुरु हुआ।
- विश्व में सर्वप्रथम सीमेंट का आविष्कार वर्ष 1824 को इंग्लैंड के पोर्टलैंड में हुआ था।

277. असम में सुकरेश्वर मंदिर एक है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) शिव मंदिर (b) कृष्ण मंदिर
(c) विष्णु मंदिर (d) राम मंदिर

Ans. (a) शिव मंदिर

- इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1744 में अहोम राजा प्रमत्तसिंह द्वारा करवाया गया। यह छठे ज्योतिर्लिंग के लिए प्रसिद्ध है।
- राम मंदिर – अयोध्या (उत्तर प्रदेश)
- कृष्ण जन्मभूमि मंदिर – मथुरा (उत्तर प्रदेश)
- रंगनाथ स्वामी मंदिर– तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)

278. यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल महाबोधि मंदिर कहाँ स्थित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) बोधगया (b) कुशीनगर
(c) पटना (d) देवरिया

Ans. (a) बोधगया

- महाबोधि मंदिर को वर्ष 2002 में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल किया गया था।
- बोधगया को बुद्ध के ज्ञान का प्राप्ति स्थल माना जाता है।
- कुशीनगर में गौतम बुद्ध की मृत्यु हुई थी।

279. भारत के प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2022 में मेट्रो चरण I को राष्ट्र को समर्पित किया।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अमृतसर (b) नागपुर
(c) शिमला (d) जयपुर

Ans. (b) नागपुर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2022 को 8650 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने नागपुर मेट्रो चरण-1 को राष्ट्र को समर्पित किया तथा साथ ही नागपुर मेट्रो चरण-2 का शिलान्यास भी किया।
- भारत में मेट्रो रेल की शुरुआत सर्वप्रथम 24 अक्टूबर, 1984 को कोलकाता में हुई।

280. 'प्रधानमंत्री रोजगार योजना' ('PMRY') किस वर्ष आरंभ की गई थी?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 2001 में (b) 1993 में
(c) 1999 में (d) 1990 में

Ans. (b) 1993 में

- प्रधानमंत्री रोजगार योजना (PMRY) की शुरुआत 2 अक्टूबर, 1993 को शुरु की गई। इसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए गए।

281. संयुक्त राज्य अमेरिका में रामकृष्ण मिशन की सबसे पुरानी शाखा कहाँ स्थित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) शिकागो (b) न्यूयॉर्क
(c) अटलांटा (d) टेक्सास

Ans. (b) न्यूयॉर्क

- रामकृष्ण मिशन की स्थापना वर्ष 1897 में कोलकाता के पास बेलूर में स्वामी विवेकानंद के द्वारा की गई थी।
- वर्ष 1898 को रामकृष्ण मिशन की सबसे पुरानी शाखा वेदांत सोसाइटी की स्थापना अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में की गई थी।

282. श्री हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल कहाँ स्थित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अमरावती (b) नागपुर
(c) नई दिल्ली (d) मुंबई

Ans. (a) अमरावती

- श्री हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल की स्थापना वर्ष 1914 को अमरावती (महाराष्ट्र) में अनंत कृष्ण वैद्य व अंबादास कृष्ण वैद्य ने की।
- इस संस्थान को बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 और सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किया गया है।

283. 'नेशन फर्स्ट, ऑलवेज फर्स्ट' स्वतंत्रता दिवस 2022 की थीम है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) 75वें (b) 72वें
(c) 70वें (d) 77वें

Ans. (a) 75वें

- वर्ष 2022 के स्वतंत्रता दिवस की थीम 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' की थी।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री लाल किले पर झंडा फहराते है।
- स्वतंत्रता दिवस 2024 की थीम "विकसित भारत 2047" थी।

284. IISCO और TISCO औद्योगिक संयंत्र किस उद्योग से संबंधित हैं?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) कपड़ा (b) लौह एवं इस्पात
(c) सीमेंट (d) चीनी

Ans. (b) लौह एवं इस्पात

- IISCO: (इंडियन आयरन एंड स्टील कंपनी) की स्थापना वर्ष 1918 में बर्नपुर, बर्धमान जिला (पं. बंगाल) में की गई।
- TISCO (टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी) की स्थापना जमशेदजी टाटा ने वर्ष 1907 को जमशेदपुर, झारखंड में की थी।
- TISCO भारत का पहला इस्पात निर्माण संयंत्र है।

285. महाराष्ट्र का चैत्य हॉल ..... का एक उदाहरण है।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) इस्लामी वास्तुकला
(b) गुफा वास्तुकला
(c) द्रविड़ वास्तुकला
(d) नागर वास्तुकला

Ans. (b) गुफा वास्तुकला

- अजंता की गुफाएँ, यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल हैं।
- चैत्य हॉल का उपयोग पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान के लिए किया जाता हैं।
- अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित है।

286. निम्नलिखित में से कौन-सा किला गोवा में स्थित है?
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) अगुआड़ा किला (b) बेकल किला
(c) चंद्रगिरि किला (d) जयगढ़ किला

Ans. (a) अगुआड़ा किला

- 16वीं शताब्दी में गोवा, पुर्तगाली भारत की राजधानी भी रहा है।
- अगुआड़ा किले का निर्माण 1609 ई. से 1612 ई. तक पुर्तगालियों ने किया था।
- अगुआड़ा किला-गोवा
- जयगढ़ किला-जयपुर (राजस्थान)
- चंद्रगिरि किला-आंध्र प्रदेश
- बेकल किला- केरल

287. पंडित भीमसेन जोशी ..... से जुड़े हैं।
(D.P. Const. 21 Nov. 2023)
(a) आगरा घराने (b) बनारस घराने
(c) पटियाला घराने (d) किराना घराना

Ans. (d) किराना घराना

- पंडित भीमसेन जोशी भारतीय शास्त्रीय संगीत के किराना घराने से संबंधित है।
- पं. भीमसेन जोशी को वर्ष 2009 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

288. संगीतकार भजन सोपोरी ..... घराने के एक संतूर वादक थे।
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) सूफियाना (b) पंजाब
(c) मेहर (d) बनारस

Ans. (a) सूफियाना

- संतूर वादक और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित भजन सोपोरी का 2022 में निधन हो गया।
- वह भारतीय शास्त्रीय संगीत के सूफियाना घराने से ताल्लुक रखते थे।

289. सफल शिकार क्रियाकलाप का जश्न मनाने के लिए सिद्दी धमाल निम्नलिखित में से किस राज्य में नृत्य के रूप में किया जाता है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) पंजाब (b) राजस्थान
(c) गुजरात (d) हरियाणा

Ans. (c) गुजरात

- सिद्दी धमाल एक ऐसा नृत्य रूप है जो गुजरात राज्य में शिकार के प्रति सिद्दियों के जुनून को दर्शाता है।
- प्राचीनकाल में इसे मशिरा नृत्य के नाम से भी जाना जाता था। यह नृत्य एक सफल शिकार अभियान से लौटने के बाद सिद्दियों द्वारा किया जाता था।
- यह नृत्य विशेष रूप से गुजरात के सिद्धियों की आध्यात्मिक प्रथाओं को संदर्भित करता है।

290. दिए गए स्मारकों में से कौन-सा स्मारक कर्नाटक में स्थित नहीं है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) गोल गुम्बज (b) पलक्कड़ किला
(c) कित्तूर किला (d) होयसलेश्वर मंदिर

Ans. (b) पलक्कड़ किला

प्रमुख स्मारक	अवस्थिति
होयसलेश्वर मंदिर	हलेबिडु (कर्नाटक)
पलक्कड़ किला	पलक्कड़ (केरल)
कित्तूर किला	बेलगाम (कर्नाटक)
गोल गुम्बज	बीजापुर (कर्नाटक)

291. राष्ट्रीय जलमार्ग 10 (NW-10) किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) केरल (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) पश्चिम बंगाल

Ans. (b) महाराष्ट्र

राष्ट्रीय जलमार्ग	जलमार्गों का विवरण	राज्य
राष्ट्रीय जलमार्ग-1	गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया-प्रयागराज)	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड तथा पश्चिम बंगाल
राष्ट्रीय जलमार्ग-2	ब्रह्मपुत्र नदी (धुबरी-सदिया)	असम
राष्ट्रीय जलमार्ग-3	पश्चिमी तट नहर (कोट्टापुरम - कोल्लम), चंपकारा और उद्योगमंडल नहरें	केरल
राष्ट्रीय जलमार्ग-10	अम्बानदी	महाराष्ट्र

292. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKY) किस वर्ष में शुरू की गई थी?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 2014 में (b) 2017 में
(c) 2016 में (d) 2015 में

Ans. (c) 2016 में

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKY) 17 दिसंबर, 2016 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य नि:शुल्क 5 किलो खाद्यान्न प्रदान करना था।

293. प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) भारत सरकार द्वारा किस वर्ष शुरू की गई थी?
(D.P. Const. 14 Nov. 2023)
(a) 2015 में (b) 2019 में
(c) 2021 में (d) 2017 में

Ans. (a) 2015 में

- प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी की शुरुआत 25 जून, 2015 को की गई थी।

✪ इस योजना का उद्देश्य पात्र शहरी गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है।

294. प्रधान मंत्री जन धन योजना का नारा क्या है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) मेरा खाता, मेरा अधिकार
(b) मेरा अधिकार, मेरा खाता
(c) मेरा खाता, भाग्य विधाता
(d) मेरा पैसा, मेरे बैंक में

Ans. (c) मेरा खाता, भाग्य विधाता

✪ प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुभात 28 अगस्त, 2014 को की गई थी, जिसका नारा 'मेरा खाता, भाग्य विधाता' है।
✪ इस योजना का उद्देश्य वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
✪ इसके अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 3 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

295. एलोरा गुफाओं में कितने मंदिर और मठ हैं? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) 23 (b) 34
(c) 18 (d) 29

Ans. (b) 34

✪ एलोरा गुफाएँ महाराष्ट्र की सह्याद्रि पर्वतमाला में स्थित है।
✪ यह 34 गुफाओं का एक समूह है, जिनमें 17 ब्राम्हण, 12 बौद्ध और 5 जैन धर्म से संबंधित है।
✪ इन गुफाओं को वर्ष 1983 में यूनेस्को द्वारा विरासत स्थल घोषित किया गया।

296. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की स्थापना कब की गई थी? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) 1 अप्रैल, 1945 (b) 1 अप्रैल, 1955
(c) 1 अप्रैल, 1935 (d) 1 अप्रैल, 1925

Ans. (c) 1 अप्रैल, 1935

✪ भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी।
✪ प्रारम्भ में इसका केंद्रीय कार्यालय कोलकाता में स्थापित किया गया था, जिसे वर्ष 1937 में स्थायी रूप से मुंबई में स्थानांतरित कर दिया गया।
✪ वर्ष 1949 में इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।

297. 'नागे वाज़ा' जूडो में इस्तेमाल की जाने वाली एक ..... की तकनीक है। **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) पकड़े रखने (होल्डिंग)
(b) दम घुटाने (चोकिंग)
(c) जकड़ने (ग्रिपिंग)
(d) दूर हटाने (थ्रोइंग)

Ans. (d) दूर हटाने (थ्रोइंग)

✪ जूड़ों में नागे-वाजा (फेंकने की तकनीक) एक जापानी राब्द है, जिसका अर्थ है एक ऐसी तकनीक जिसमें प्रतिद्वंद्वी को असंतुलित करना या उठाना और उसे जमीन पर फेंकना शामिल है।
✪ जाची-वाजा (खड़े होकर की जाने वाली तकनीक) खड़े होकर की जाती है, जिसे ते-वाजा (हाथ की तकनीक, आशी-वाजा (पैर/टांग की तकनीक) और कोसी-वाजा (कूल्हे की तकनीक) में विभाजित किया गया है।

298. घूम मठ भारत के किस राज्य में स्थित है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) पश्चिम बंगाल (d) कर्नाटक

Ans. (c) पश्चिम बंगाल

प्रमुख बौद्ध मठ	राज्य
घूम मठ	पश्चिम बंगाल
की गोम्पा मठ	हिमाचल प्रदेश
बैलकुप्पे मठ	कर्नाटक
तवांग मठ	अरुणाचल प्रदेश

299. कोणार्क का सूर्य मंदिर ..... के तट पर स्थित है। **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) अरब सागर (b) बंगाल की खाड़ी
(c) लाल सागर (d) हिंद महासागर

Ans. (b) बंगाल की खाड़ी

✪ कोणार्क का सूर्य मंदिर पूर्वी ओडिशा के पवित्र शहर पुरी के पास बंगाल के तट पर स्थित है।
✪ इसका निर्माण राजा नरसिंहदेव प्रथम द्वारा 13वीं शताब्दी (1238-1264 ई) में किया गया था।
✪ इसे वर्ष 1984 में यूनेस्कों द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

300. वैश्वीकरण के संदर्भ में पीपीपी (PPP) का पूर्ण रूप क्या है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) पर्चेजिंग पार पैरिटी (Purchasing Par Parity)
(b) पर्चेजिंग पार पैर्टीज (Purchasing Par Parities)
(c) पर्चेज पावर पैरिटी (Purchase Power Parity)
(d) पर्चेजिंग पावर पैरिटी (Purchasing Power Parity)

Ans. (d) पर्चेजिंग पावर पैरिटी (Purchasing Power Parity)

✪ वैश्वीकरण के संदर्भ में पीपीपी (PPP) का पूर्ण रूप पर्चेचिंग पावर पैरिटी (Purchasing Power Parity) है।
✪ यह अंतर्राष्ट्रीय विनिमय का एक सिद्धांत है, जिसका अर्थ किन्हीं दो देशों के बीच वस्तु या सेवा की कीमत में मौजूद अंतर से लिया जाता है।
✪ इसके आधार पर किसी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का पता लगाया जा सकता है तथा मुद्रा विनिमय दर को तय किया जाता है।

301. द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) सर्वश्रेष्ठ शिक्षक (b) सर्वश्रेष्ठ कोच
(c) सर्वश्रेष्ठ सैनिक (d) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

Ans. (b) सर्वश्रेष्ठ कोच

✪ वर्ष 1985 में स्थापित द्रोणाचार्य पुरस्कार उन प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने खिलाड़ियों या टीमों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया हो, और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाया हो।

302. संगम ग्रंथों के अनुसार, शब्द उझावर का क्या अर्थ है? **(D.P. Const. 14 Nov. 2023)**

(a) साधारण हल चलाने वाले
(b) बड़े जमींदार
(c) दास
(d) शिक्षक

Ans. (a) साधारण हल चलाने वाले

✪ संगम ग्रंथों के अनुसार, साधारण हल चलाने वाले को उझावर कहा जाता था।
✪ इसके अनुसार गाँवों में रहने वाले बड़े जमींदारों को वेल्लालर कहा जाता था।

303. हिंदू मंदिर का अंतरतम पवित्रतम स्थल जहाँ प्रमुख देवी/देवता की मूर्ति रखी जाती है, ... कहलाता है। **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) शिखर (b) प्रदक्षिणा पथ
(c) गर्भगृह (d) मंडप

Ans. (c) गर्भगृह

✪ हिन्दू मंदिर में गर्भगृह, मंदिर का सबसे पवित्र स्थान होता है, जहाँ मंदिर के मुख्य देवता की मूर्ति स्थापित की जाती है।
✪ गर्भगृह को मंदिर का हृदय या ब्रह्म स्थान भी कहा जाता है।

304. विश्व में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले नॉर्मन बोरलॉग किस देश से संबंधित हैं? **(D.P. Const. 15 Nov. 2023)**

(a) यूएसए (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) न्यूजीलैंड (d) जर्मनी

Ans. (a) यूएसए

- विश्व में हरित क्रांति 1960 के दशक में नॉर्मन बोरलॉग द्वारा शुरू किया गया एक प्रयास था, यह संयुक्त राज्य अमेरिका देश से संबंधित है।
- इन्हें विश्व में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है।

305. भारत ने 1991 में NEP की घोषणा की। NEP का अर्थ ..... है।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) New Economic Provision
(b) New Economic Policy
(c) National Economic Policy
(d) National Eñport Plan

Ans. (b) New Economic Policy

- वर्ष 1990 के आर्थिक संकट का सामना करने के लिये भारत सरकार ने वर्ष 1991 में New Economic Policy (NEP) यानी नई आर्थिक नीति की घोषणा की।
- 24 जुलाई, 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव द्वारा यह नीति घोषित की गई।
- इस नीति के तीन प्रमुख घटक हैं- उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण।

306. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, आज भी कृषि में प्राचीन बांस ड्रिप सिंचाई तकनीक का उपयोग किया जाता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) तेलंगाना (b) मेघालय
(c) महाराष्ट्र (d) छत्तीसगढ़

Ans. (b) मेघालय

- भारत के मेघालय में प्राचीन बांस ड्रिप सिचाई तकनीक आदिवासी किसानों द्वारा प्रयोग की जाने वाली 200 वर्ष पुरानी स्वदेशी तकनीक है।
- यह एक गुरुत्वाकर्षण आधारित सिंचाई प्रणाली है, जो झरनों और धाराओं से पानी निकालने के लिए बांस के पाइप का उपयोग करती है।

307. निम्नलिखित में से कौन-सा भाग/संरचना के सबसे ऊपरी भाग में स्थित होता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) तोरण (b) मेधि
(c) हर्मिका (d) वेदिका

Ans. (c) हर्मिका

- स्तूप बौद्ध पूजा स्थल होता है। इसमें हर्मिका टीले के ऊपर चतुर्भुज रेलिंग है, जिसे भगवान का निवास स्थान माना जाता है।
- इसके आलावा, स्तूप में अण्ड (धरती पर बना एक अर्द्धगोलाकार टीला), छत्र (गुम्बद के शीर्ष पर बनी छत्तरी), यष्टि (केंद्रीय स्तंभ, जो छत्र नामक तिहरे छत्रनुमा संरचना की सहारा देता है), रेलिंग (स्तूप के चारों ओर लगी होती है, जो पवित्र क्षेत्र को सीमांकित करती है)।

308. संस्कृत कवि हरिषेण ने किस राजा के सम्मान और प्रशंसा में प्रयाग प्रशस्ति लिखी थी?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) चंद्रगुप्त (b) विक्रमादित्य
(c) अशोक (d) समुद्रगुप्त

Ans. (d) समुद्रगुप्त

- हरिषेण ने समुद्रगुप्त के सम्मान में प्रयाग प्रशस्ति संस्कृत भाषा में लिखा था।
- प्रयाग प्रशस्ति गुप्तकाल के प्रमुख स्तंभों में से एक है।

309. निम्नलिखित में से कौन-सा मंदिर उत्तराखंड में स्थित है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) गोमतेश्वर (b) रणकपुर
(c) कामाख्या (d) नीलकंठ महादेव

Ans. (d) नीलकंठ महादेव

प्रमुख मंदिर	राज्य
गोमतेश्वर	कर्नाटक
रणकपुर	राजस्थान
कामाख्या	असम

310. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने 'वेंचर पूंजी सहायता योजना' शुरू की है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
(b) वित्त मत्रांलय
(c) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(d) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

Ans. (a) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

- वेंचर पूंजी सहायता योजना की शुरुआत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी।
- इस योजना के तहत कृषि उद्यमियों को कृषि व्यवसाय के लिये ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है।

311. किस राज्य में भारतीय रेलवे जोन के दो मुख्यालय हैं?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) राजस्थान (d) असम

Ans. (a) उत्तर प्रदेश

- उत्तर प्रदेश में रेलवे जोन के दो मुख्यालय है।
  1. उत्तर मध्य रेलवे - प्रयागराज
  2. पूर्वोत्तर रेलवे - गोरखपुर

312. मोरमुगाओ बंदरगाह किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) महाराष्ट्र (b) गोवा
(c) पश्चिम बंगाल (d) तमिलनाडु

Ans. (b) गोवा

प्रमुख बंदरगाह	राज्य
मोरमुगाओ	गोवा
न्यू मंगलौर	कर्नाटक
तूतीकोरिन	तमिलनाडु
कांडला	गुजरात

313. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, नागर मंदिर वास्तुकला में 'जगती' शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) ऊँचा चबूतरा, जिस पर मंदिर बना होता है
(b) ऊँचा चबूतरा, जो मुख्य देवी देवताओं का स्थान होता है
(c) ऊँचा चबूतरा, जिस पर ध्वज (झंडा) तगाया जाता है
(d) ऊँचा चबूतरा, जिस पर कलश होता है

Ans. (a) ऊँचा चबूतरा, जिस पर मंदिर बना होता है

- भारत के उत्तरी भाग में मंदिर वास्तुकला की एक विशिष्ट शैली को नागर शैली के रूप में जाना जाता है।
- इस शैली के तहत मंदिरों में आमतौर पर निर्माण की पंचायतन शैली का पालन किया जाता है।

314. भारत सरकार ने 'SMILE' (सपोर्ट फॉर मार्जिनलाइज्ड इंडीविजुअल्स फॉर लाइवलीहुड एंड इंटरप्राइज) योजना का शुभारंभ किस वर्ष किया था?
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) 2021 में (b) 2022 में
(c) 2018 में (d) 2019 में

Ans. (b) 2022 में

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 2022 को एक व्यापक योजना 'स्माइल आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों के लिए सहायता' शुरू की है।
- स्माइल योजना में दो उप-योजनाएँ शामिल हैं 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण के लिए व्यापक पुनर्वास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना' और 'भीख मांगने के कार्य में लगे व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना'।

315. भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य रेलवे जोन में स्थित है।
(D.P. Const. 15 Nov. 2023)
(a) भोपाल (b) जयपुर
(c) जबलपुर (d) आगरा

Ans. (c) जबलपुर

रेलवे जोन	मुख्यालय
पश्चिम मध्य रेलवे	जबलपुर
उत्तर मध्य रेलवे	प्रयागराज

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	बिलासपुर
उत्तर पश्चिम रेलवे	जयपुर
पूर्व रेलवे	कोलकाता

316. नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस द्वारा सूक्ष्म वित्त कार्यक्रम सबसे पहले किस दशक में बनाए गए थे?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) 1950 (b) 1960
(c) 1970 (d) 1990

Ans. (c) 1970

- नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस द्वारा सूक्ष्म वित्त कार्यक्रम वर्ष 1970 के दशक में बनाये गए थे।
- इन्हें ग्रामीण बैंक की स्थापना तथा माइक्रोक्रेडिट और माइक्रोफाइनेंस के कॉन्सेप्ट को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

317. यमुना नदी का उद्गम निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से होता है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) उत्तर प्रदेश (b) उत्तराखंड
(c) हिमाचल प्रदेश (d) जम्मू और कश्मीर

Ans. (b) उत्तराखंड

नदी	उद्गम राज्य
यमुना	उत्तराखण्ड
नर्मदा	मध्यप्रदेश
सोन	मध्य प्रदेश
गंगा	उत्तराखण्ड
गोदावरी	महाराष्ट्र

318. निम्नलिखित में से कौन-सा मंदिर होयसल स्थापत्य शैली में बनाया गया है?
(D.P. Const. 16 Nov. 2023)
(a) खजुराहो मंदिर
(b) केशव मंदिर
(c) लाड खान मंदिर
(d) कोणार्क मंदिर

Ans. (b) केशव मंदिर

- सोमनाथपुर के केशव मंदिर को चेन्नाकेशव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह होयसल शैली की वास्तुकला का एक विशिष्ट उदाहरण है।
- यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है, जिसका निर्माण 13वीं शताब्दी में होयसल सेना के कमांडर सोमनाथ ने करवाया था।

319. साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता और लेखक देवेश रॉय, जिनका मई 2020 में निधन हो गया, वे .....भाषा में अपनी कृतियों के लिए जाने जाते हैं।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) गुजराती (b) हिंदी
(c) असमिया (d) बंगाली

Ans. (d) बंगाली

- साहित्य अकादमी पुरस्कार पहली बार वर्ष 1955 में दिया गया था।
- साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति माखनलाल चतुर्वेदी थे जिन्हें वर्ष 1955 मे हिमतरंगिनी (कवितासंग्रह) के लिए यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

320. पी.एम. स्वनिधि नामक योजना के लिए लक्षित समूह निम्नलिखित में से कौन- सा है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) भूमिहीन खेतिहर मजदूर
(b) रेहड़ी वाले
(c) सीमांत किसान
(d) दुग्ध उत्पादक

Ans. (b) रेहड़ी वाले

- पी.एम. स्वनिधि योजना - आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा एक ऐसी योजना है जो उन सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए उपलब्ध है जो 24 मार्च 2020 तक या उससे पहले शहरी क्षेत्रों में वेंडर में लगे हुए हैं।

321. निम्नलिखित में से कौन भारत के द्वितीय उपराष्ट्रपति थे?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) वी.वी. गिरि
(b) जाकिर हुसैन
(c) बी.डी. जत्ती
(d) गोपाल स्वरूप पाठक

Ans. (b) जाकिर हुसैन

- जाकिर हुसैन भारत के दूसरे उपराष्ट्रपति थे. उनका कार्यकाल 13 मई, 1962 से 12 मई, 1967 तक रहा. इसके बाद वे भारत के तीसरे राष्ट्रपति बने।
- गोपाल स्वरूप पाठक अगस्त, 1969 से अगस्त, 1974 तक भारत के चौथे उपराष्ट्रपति थे।
- बी.डी. जत्ती भारत के पांचवें उपराष्ट्रपति रहे जिनका कार्यकाल वर्ष 1974 से 1979 तक रहा।

322. अलेग्जेंडर डेलरिंपल पुरस्कार निम्नलिखित में से किस देश के जलमाप कार्यालय (Hydrographic Office) द्वारा प्रदान किया जाता है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) फ्रांस (b) नॉर्वे
(c) यू.के. (UK) (d) यू.एस. (US)

Ans. (c) यू.के. (UK)

- अलेक्जेंडर डेलरिम्पल पुरस्कार यूके रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
- वाइस एडमिरल विनय बधवार को अलेक्जेंडर डेलरिंपल अवार्ड (2019)से सम्मानित किया गया है। वह भारत के मुख्य हाइड्रोग्राफर हैं।

323. प्राचीनकालीन लाड खान नामक मंदिर निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) सांची (b) एलोरा
(c) एलीफेंटा (d) ऐहोल

Ans. (d) ऐहोल

- लाड खान मंदिर को चालुक्य राजवंश ने बनवाया था. यह मंदिर कर्नाटक के ऐहोल में है और शिव को समर्पित है।
- मध्य प्रदेश के सांची में स्तूप, स्तंभ, मंदिर और मूर्तियाँ प्रसिद्ध हैं।
- एलोरा, राष्ट्रकूट द्वारा निर्मित औरंगाबाद, (महाराष्ट्र) में स्थित है तथा यह विश्व धरोहर स्थलों में से एक है।

324. भारतीय कृषि के संदर्भ में, 'बेवर', 'दहिया' और 'पोडु' शब्द निम्नलिखित में से किसके स्थानीय नाम हैं?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) भैंस की प्रजातियाँ
(b) मृदा की किस्में
(c) खेती का आदिम स्वरूप
(d) गाय की प्रजातियाँ

Ans. (c) खेती का आदिम स्वरूप

- भारत में, खेती के इस आदिम रूप को मध्य प्रदेश में 'बेवर' या 'दहिया', आंध्र प्रदेश में 'पोडु' या 'पेंदा', ओडिशा में 'पमा दबी' या 'कोमन' या 'सीदा' कहा जाता है।

325. धमेख स्तूप निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) ओड़िशा (b) गुजरात
(c) कर्नाटक (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (d) उत्तर प्रदेश

- धमेक स्तूप, उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के सारनाथ में स्थित है।
- सूर्य मंदिर (कोणार्क) - ओडिशा
- रानी की वाव (पाटन), धौलावीरा-गुजरात
- हम्पी के स्मारक समूह-कर्नाटक

326. ..... त्रिपुरा का एक प्रमुख पर्व है, जिसमें पालतू पशुओं और धन-संपत्ति के देवी/देवताओं की पूजा की जाती है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) गरिया पूजा (b) केर पूजा
(c) दुर्गा पूजा (d) लम्पारा पूजा

Ans. (a) गरिया पूजा

- गरिया त्रिपुरा का एक प्रमुख त्योहार है, जो चैत्र महीने के अंतिम दिन आयोजित किया जाता है।
- केर पूजा – पारंपरिक आदिवासी त्योहार है, यह बाँस के एक बड़े टुकड़े को एक खास तरीके से मोड़कर केर का रूप दिया जाता है।

327. निम्नलिखित में से से कौन-सा मठ (Monastery), सिक्किम में स्थित नहीं है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) इंचे (b) ताबो
(c) रालोंग (d) पेमायांगत्से

Ans. (b) ताबो

- ताबो मठ, सिक्किम में नहीं है. यह हिमाचल प्रदेश के स्पीति घाटी में स्थित है।
- रुमटेक मठ, सिक्किम का सबसे बड़ा मठ है। इसे धर्मचक्र केंद्र के नाम से भी जाना जाता है।
- भारत का सबसे बड़ा मठ, अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में स्थित तवांग मठ है।

328. 'द डिसाइपल' चैतन्य तम्हाणे की..... में एक पुरस्कार विजेता फिल्म है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) मराठी (c) हिंदी
(c) गुजराती (d) अंग्रेजी

Ans. (a) मराठी

- निर्देशक चैतन्य तम्हाणे ने 15वें एशियाई फिल्म पुरस्कारों में अपनी मराठी भाषा की फीचर फिल्म 'द डिसाइपल' के लिए सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार जीता है।

329. विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष.....को मनाया जाता है।
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) 6 मई (b) 18 जनवरी
(c) 20 मार्च (d) 30 जुलाई

Ans. (c) 20 मार्च

- 20 मार्च – अंतर्राष्ट्रीय गौरैया दिवस
- 6 मई – अंतर्राष्ट्रीय नो डाइट डे
- 18 जनवरी – राष्ट्रीय मिशिगन दिवस
- 30 जुलाई– विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस, अंतराष्ट्रीय मित्रता दिवस

330. 'वेसर' शब्द निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? **(D.P. Const. 27 Nov. 2020)**
(a) लोकनृत्य (b) जनजातीय उत्सव
(c) शास्त्रीय संगीत (d) मंदिर वास्तुकला

Ans. (d) मंदिर वास्तुकला

- मूल रूप से भारत में मंदिर वास्तुकला की तीन शैलियाँ हैं –
- नागर शैली (उत्तर भारत) – उदाहरण: खजुराहो में कंदरिया महादेव मंदिर, लक्ष्मण मंदिर
- द्रविड़ शैली (दक्षिण भारत)– उदाहरण: ब्रह्देश्वर मंदिर, राजराजेश्वर मंदिर
- वेसर शैली (नागर और द्रविड़ शैली का मिश्रण) उदाहरण: डोड्डा बसप्पा मंदिर, होयसल मंदिर।

331. निम्नलिखित में से किसे पृथ्वी, वायुमंडल, महासागर और ग्रह विज्ञान वर्ग में 2020 का शांतिस्वरूप भटनागर विज्ञान और प्रौद्योगिकी पुरस्कार दिया गया?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) अभिजीत मुखर्जी (b) वत्सला धिरुमलाई
(c) सुभदीप चटर्जी (d) सुबी जैकब जॉर्ज

Ans. (a) अभिजीत मुखर्जी

- यह पुरस्कार वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के संस्थापक निदेशक शांति स्वरूप भटनागर के नाम पर रखा गया है।
- इसे वर्ष 1958 में पहली बार दिया गया था। यह पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को दिया जाता है।

332. वास्तुकला की शर्की शैली किस आधुनिक राज्य से संबंधित थी?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) पंजाब (b) हिमाचल प्रदेश
(c) तेलंगाना (d) उत्तर प्रदेश

Ans. (d) उत्तर प्रदेश

- वास्तुकला की शर्की शैली उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित है. जौनपुर के सुल्तानों के शर्की वंश ने इस शैली का संरक्षण किया था।
- तेलंगाना–कुतुब शाही शैली, विजयनगर शैली, आसफ जाही शैली , निजाम शैली आदि।
- हिमाचल प्रदेश में काठ कुनी वास्तुकला।
- पैगोड़ा शैली, और कांगड़ा चित्रकला जैसी कई तरह की वास्तुकला और चित्रकला की शैलियाँ हैं।

333. भारत सरकार ने किस वर्ष में केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम शुरू किया था?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) 1986 (b) 1992
(c) 2014 (d) 1989

Ans. (a) 1986

- केंद्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम वर्ष 1986 में शुरू किया गया था।
- यह ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता प्रदान करने के भारत के पहले प्रयासों में से एक था।

334. ऐतिहासिक सीढ़ीदार कुआँ (बावली) अग्रसेन की बावली कहाँ पर स्थित है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) चेन्नई (b) दिल्ली
(c) कोलकाता (d) चंडीगढ़

Ans. (b) दिल्ली

- अग्रसेन की बावली, प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थलों और अवशेष अधिनियम वर्ष 1958 के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा एक संरक्षित स्मारक नामित किया गया है।
- कोलकाता में कई ऐतिहासिक इमारतें हैं, जिनमें विक्टोरिया मेमोरियल, मार्बल पैलेस, टाउन हॉल, बेलूर मठ, और फोर्ट विलियम प्रमुख हैं।

335. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
(D.P. Const. 27 Nov. 2020)
(a) भीमबेटका – छत्तीसगढ़
(b) हम्पी – कर्नाटक
(c) फतेहपुर सिकरी– उत्तर प्रदेश
(d) कोणार्क – ओडिशा

Ans. (a) भीमबेटका – छत्तीसगढ़

- भीमबेटका – मध्य प्रदेश
- सांची का बौद्ध स्तूप–मध्य प्रदेश
- एलोरा – महाराष्ट्र
- मीनाक्षी मंदिर – तमिलनाडु

336. निम्नलिखित में से किस तारीख को नीले आसमान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाया जाता है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) 10 मार्च (b) 13 अक्टूबर
(c) 7 मई (d) 7 सितंबर

Ans. (d) 7 सितंबर

- 10 मार्च – केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) स्थापना दिवस
- 13 अक्टूबर –अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस
- 7 मई – विश्व एथलेटिक्स दिवस और विश्व अस्थमा दिवस

337. निम्नलिखित में से किस शहर/केंद्र शासित प्रदेश में हजरत निजामुद्दीन औलिया महबूब-ए-इलाही दरगाह स्थित है?
(D.P. Const. 28 Nov. 2020)
(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) नई दिल्ली (d) पुडुचेरी

Ans. (c) नई दिल्ली

राज्य	मकबरा
बिहार	शेरशाह सूरी का मकबरा
महाराष्ट्र	औरंगजेब का मकबरा
	बीबी का मकबरा
दिल्ली	सुल्तानगढ़ी का मकबरा
	इल्तुतमिश का मकबरा
	हुमायूँ का मकबरा
आगरा	अकबर का मकबरा
	मरियम-उज-जमानी का मकबरा

338. निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा, पश्चिम बंगाल राज्य से नहीं लगती है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) झारखंड (b) मेघालय
(c) असम (d) सिक्किम

Ans. (b) मेघालय

- पश्चिम बंगाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ पूर्व में बांग्लादेश, उत्तर में भूटान और उत्तर पश्चिम में नेपाल के साथ लगती हैं।
- सिक्किम पश्चिम बंगाल के साथ सबसे कम सीमा साझा करता है।
- झारखंड पश्चिम बंगाल के साथ सबसे लंबी सीमा साझा करता है।

339. सवाई जय सिंह के सरपरस्ती में निम्नलिखित में से किस शहर में खगोलीय वेधशाला का निर्माण कराया गया था? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) भरतपुर (c) आगरा
(c) प्रयागराज (d) वाराणसी

Ans. (d) वाराणसी

- सवाई जय सिंह ने दिल्ली, मथुरा (आगरा प्रांत), बनारस, उज्जैन (मालवा प्रांत) और जयपुर में पाँच वेधशालाएँ बनवाई।
- महाराजा जय सिंह ने दिल्ली में प्रसिद्ध जंतर मंतर का निर्माण कराया।

340. बराबर की गुफाएँ निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित हैं? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) बिहार (d) गुजरात

Ans. (c) बिहार

- बराबर की गुफाएँ जहानाबाद जिले (बिहार) में स्थित हैं।
- महाराष्ट्र में एलीफेंटा गुफाएँ, अजंता गुफाएँ तथा एलोरा गुफाएँ प्रसिद्ध है।
- उपरकोट बौद्ध गुफाएँ गुजरात के जूनागढ़ के पूर्वी भाग में स्थित है।
- मध्य प्रदेश की प्रमुख गुफाएँ उदयगिरि की गुफाएँ, आदमगढ़ गुफाएँ, भीमबेटका गुफाएँ, बाघ गुफाएँ हैं।

341. वर्ष 2020 के विश्व खाद्य पुरस्कार के लिए निम्नलिखित में से किसका चयन किया गया है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) लॉरेंस हद्दाद (b) एम.एस. स्वामीनाथन
(c) साइमन एन. ग्रूट (d) रतन लाल

Ans. (d) रतन लाल

- पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (पीएयू) के पूर्व छात्र और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी (ओएसयू) के प्रसिद्ध कृषि मृदा वैज्ञानिक डॉ. रतन लाल को वर्ल्ड फूड प्राइज 2020 का विजेता घोषित किया गया है।
- विश्व खाद्य पुरस्कार एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने दुनिया में भोजन की गुणवत्ता, मात्रा या उपलब्धता में सुधार करके मानव विकास किया है।

342. कुल क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा केंद्रशासित प्रदेश कौन सा है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) लद्दाख (b) जम्मू और कश्मीर
(c) चंडीगढ़ (d) लक्षद्वीप

Ans. (d) लक्षद्वीप

- क्षेत्रफल की दृष्टि से लद्दाख भारत का सबसे बड़ा केंद्र शासित प्रदेश है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य गोवा है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

343. समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) की स्थापना वर्ष_____ में हुई थी। **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) 1972 (b) 1953
(c) 1986 (d) 1991

Ans. (a) 1972

- समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) की स्थापना वर्ष 1972 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एक वैधानिक निकाय है।
- इसका मुख्यालय कोच्चि, केरल में है।

344. ट्राईफूड (TRIFOOD) परियोजना निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने लॉन्च की है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय
(b) केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय
(c) केंद्रीय गृह मंत्रालय
(d) केंद्रीय वित्त मंत्रालय

Ans. (a) केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय

- TRIFED का गठन वर्ष 1987 में जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्त्वावधान में राष्ट्रीय नोडल एजेंसी के रूप में किया गया।
- इसे बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 1984 (Multi&State Cooperative Societies Act) के तहत पंजीकृत किया गया था।
- सूक्ष्म वन उत्पादों के संवर्द्धित मूल्य को बढ़ावा देने के लिये ट्राईफूड योजना (TRIFOOD Scheme) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, जनजातीय मामलों के मंत्रालय और TRIFED की एक संयुक्त पहल है।

345. सालार जंग संग्रहालय निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) तिरुवनंतपुरम (b) चेन्नई
(c) बेंगलुरु (d) हैदराबाद

Ans. (d) हैदराबाद

- सालार जंग संग्रहालय हैदराबाद (तेलंगाना) में स्थित एक कला संग्रहालय है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1951 में हुई थी।
- सालारजंग संग्रहालय को भारत में तीसरा सबसे बड़ा संग्रहालय होने का अनूठा गौरव प्राप्त है और यह प्राचीन वस्तुओं के अपने सबसे बड़े एक-व्यक्ति संग्रह के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है।

346. मैरी कॉम, 2014 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला थी। वह निम्नलिखित में से किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) तैराकी (b) कुश्ती
(c) बैडमिंटन (d) मुक्केबाजी

Ans. (d) मुक्केबाजी

- ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक हैं. उन्होंने वर्ष 2016 के रियो डी जनेरियो ओलंपिक में 56 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता था।
- भारत ने पेरिस 2024 ओलंपिक में छह पदक जीते, जिसमें एक रजत और पांच कांस्य शामिल रहे।

347. मैरीके लुकास रिजनेवेल्ड वर्ष 2020 में अपनी किस पुस्तक के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली सबसे कम उम्र की लेखिका बन गई है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) सेलेस्टियल बॉडीज
(b) गर्ल, वुमन, अदर
(c) द टेस्टामेंट्स
(d) द डिसकम्फर्ट ऑफ़ इवनिंग

Ans. (d) द डिसकम्फर्ट ऑफ़ इवनिंग

- यह किताब एक मक्त इसाई किसान परिवार की लड़की जस की कहानी है।
- मैरीके लुकास रिजनेवेल्ड, नीदरलैण्ड की लेखिका है।

348. थिरुमलाई नायक्कर महल निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) मदुरै (b) मैसूर
(c) चेन्नई (d) कन्याकुमारी

Ans. (a) मदुरै

महल	स्थान
कनकक्कुन्नू महल	तिरुवनंतपुरम, केरल
उज्जयंता महल	अगरतला, त्रिपुरा
चौमहल्ला महल	हैदराबाद, तेलंगाना
आमेर महल	जयपुर, राजस्थान

349. मांडवी सागर तट ..... में स्थित है। **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) गुजरात (b) ओड़िशा
(c) केरल (d) महाराष्ट्र

Ans. (a) गुजरात

✪ मांडवी सागर तट गुजरात के कच्छ जिले में स्थित है।

राज्य	समुद्र तट
ओड़िशा	पुरी, रामचंडी, तालसरी, पारादीप, चंद्रभागा, चिल्का लेक आदि।
केरल	कोवलम, बेकल, वर्कला, चोवरा।
महाराष्ट्र	जुहू, काशिद, अलीबाग, वर्सोली, तारकरली, वसई।

350. विश्व जल दिवस प्रति वर्ष ..... को मनाया जाता है। **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) 22 मार्च (b) 20 अगस्त
(c) 24 जनवरी (d) 4 अप्रैल

Ans. (a) 22 मार्च

दिनांक	दिवस
24 जनवरी	राष्ट्रीय बालिका दिवस, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
4 अप्रैल	अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस
20 अगस्त	सद्भावना दिवस

351. इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थापित है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) लखनऊ (b) नोएडा
(c) गोरखपुर (d) आगरा

Ans. (a) लखनऊ

✪ इलाहाबाद (प्रयागराज) उच्च न्यायालय की पीठ लखनऊ (वर्ष 1948) में स्थापित है।
✪ न्यायमूर्ति अरुण भंसाली इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं।

352. देशों और उनकी राजधानियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) कंबोडिया-त्बिलिसी
(b) म्यांमार-नाएप्यीडॉ
(c) ब्रुनेई-बेरुत
(d) अजरबैजान-येरेवन

Ans. (b) म्यांमार-नाएप्यीडॉ

देश	राजधानी
कंबोडिया	नामपेन्ह
ब्रुनेई	बंदर सेरी बेगवान
अजरबैजान	बाकु
मोरक्को	रबात
किर्गिस्तान	बिश्केक

353. निम्नलिखित में से कौन प्रथम भारत रत्न पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं? **(D.P. Const. 01 Dec. 2020)**

(a) राजेंद्र प्रसाद (b) सी.वी. रमन
(c) मदर टेरेसा (d) जवाहरलाल नेहरू

Ans. (b) सी.वी. रमन

✪ भारत रत्न के पहले तीन प्राप्तकर्ता- सी. राजगोपालाचारी, एस. राधाकृष्णन और सी.वी.रमन।
✪ डॉ. राजेंद्र प्रसाद को वर्ष 1962 में भारत रत्न मिला।
✪ मदर टेरेसा ने वर्ष 1979 में नोबेल शांति पुरस्कार तथा वर्ष 1980 में भारत रत्न प्राप्त किया।
✪ जवाहर लाल नेहरू को वर्ष 1955 मे भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

354. किस राजा ने भुवनेश्वर में प्रसिद्ध लिंगराज मंदिर का निर्माण करवाया था? **(D.P. Const. 02 Dec. 2020)**

(a) भीमरथ (b) जन्जमेय प्रथम
(c) ययाति केशरी (d) धर्मरथ

Ans. (c) ययाति केशरी

✪ लिंगराज मंदिर का निर्माण राजा ययाति केशरी ने करवाया था।
✪ यह लाल पत्थर से बनाया गया है और यह कलिंग शैली की वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है।
✪ इसका निर्माण 11 वीं शताब्दी में हुआ था, यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

355. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है? **(D.P. Const. 02 Dec. 2020)**

(a) कर्नाटक (b) मणिपुर
(c) हरियाणा (d) मध्य प्रदेश

Ans. (d) मध्य प्रदेश

✪ नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान भारत के राज्य कर्नाटक में कोडागु और मैसूर जिले में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है।
✪ सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान हरियाणा राज्य में स्थित है।
✪ सिरोही राष्ट्रीय उद्यान मणिपुर में स्थित है।
✪ नामेरी राष्ट्रीय उद्यान असम में है।

356. कोलेरू झील निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है? **(D.P. Const. 02 Dec. 2020)**

(a) केरल (b) तमिलनाडु
(c) आंध्र प्रदेश (d) कर्नाटक

Ans. (c) आंध्र प्रदेश

राज्य	झील
केरल	पेरियार झील
तमिलनाडु	चेम्बरमबक्कम झील
कर्नाटक	उल्सूर झील
आंध्र प्रदेश	हुसैन सागर झील
महाराष्ट्र	लोनार झील

357. आई.सी.ए.आर. (ICAR) के अधीन केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान सी.पी.आर.आई. (CPRI) कहाँ पर स्थित है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) तिरुवनंतपुरम (b) शिमला
(c) लखनऊ (d) जालंधर

Ans. (b) शिमला

✪ केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई), कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई), कृषि मंत्रालय और किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत आता है।
✪ आईसीएआर का मुख्यालय नई दिल्ली में है।
✪ गोल क्रांति आलू से संबंधित है।

358. आदिल शाह का मकबरा गोल गुम्बज, किस राज्य में स्थित है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना
(c) कर्नाटक (d) केरल

Ans. (c) कर्नाटक

✪ आदिल शाह का मकबरा गोल गुंबज, कर्नाटक के बीजापुर जिले में है।
✪ हुमायूं का मकबरा दिल्ली में है।
✪ औरंगजेब का मकबरा खुल्दाबाद, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित हैं।
✪ मुगल सम्राट बाबर का मकबरा अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में स्थित है।

359. साँची का महान स्तूप निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) गुजरात (d) बिहार

Ans. (b) मध्य प्रदेश

✪ साँची का महान स्तूप मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है।
✪ उत्तर प्रदेश - फतेहपुर सीकरी, आगरा का किला, ताजमहल
✪ गुजरात - चंपानेर-पावागढ़ पुरातत्व पार्क
✪ बिहार - नालंदा महाविहार, महाबोधि मंदिर, शेर शाह सूरी का मकबरा (सासाराम)
✪ गोवा - गोवा के चर्च एवं कॉन्वेंट

360. देवगढ़ का दशावतार मंदिर निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है? **(D.P. Const. 03 Dec. 2020)**

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) राजस्थान

Ans. (b) उत्तर प्रदेश

- देवगढ़ का दशावतार मंदिर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में है।
- महाराष्ट्र-सिद्धिविनायक गणपति मंदिर, शनि शिंगणापुर मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर, त्र्यंबकेश्वर मंदिर।
- राजस्थान- खाटू श्याम मंदिर, चारभुजा मंदिर, गंगा महारानी मंदिर, ब्रह्मा मंदिर (पुष्कर)
- मध्य प्रदेश- चौसठ योगिनी मंदिर

361. 'वन अरेंजर्ड मर्डर' नामक पुस्तक के लेखक/लेखिका कौन हैं?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) झुम्पा लाहिड़ी (b) सलमान रुश्दी
(c) चेतन भगत (d) विक्रम सेठ

Ans. (c) चेतन भगत

चेतन भगत की प्रमुख पुस्तक-
- फाइव पॉइंट समवन
- वन नाईट @ द कॉल सेंटर
- द थ्री मिस्टेक्स ऑफ माई लाइफ
- 2 स्टेट्स
- रिवोल्यूशन 2020
- हाफ गर्लफ्रेंड
- मेकिंग इंडिया ऑसम
- वन इंडियन गर्ल
- इंडिया पॉजिटिव

362. असम की पारंपरिक संस्कृति के संदर्भ में, 'भाओना' एक ..... है।
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) रंगमंच का रूप
(b) कठपुतली शैली
(c) पूर्वजों की पूजा का त्योहार
(d) संगीत वाद्य

Ans. (a) रंगमंच का रूप

- कठपुतली नृत्य को लोकनाट्य की ही एक शैली माना गया है। कठपुतली अत्यंत प्राचीन नाटकीय खेल है जिसमें लकड़ी, धागे, प्लास्टिक या प्लास्टर ऑफ पेरिस की गुड़ियों द्वारा जीवन के प्रसंगों की अभिव्यक्ति तथा मंचन किया जाता है।
- 'मी-डैम-मी-फी' पूर्वजों की पूजा का त्योहार है, जिसे असम राज्य में मनाया जाता है।

363. निम्नलिखित में से कौन-सी झील एक गड्ढे से बनी है, जिसका निर्माण उल्कापिंड गिरने से हुआ था?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) लोकटक झील (b) हुसैन सागर झील
(c) लोनार झील (d) सांभर झील

Ans. (c) लोनार झील

- लोनार झील महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थित एक खारे पानी की झील है।
- लोनार झील को वर्ष 2020 में वेटलैंड इंटरनेशनल द्वारा रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया था।
- सांभर झील, राजस्थान के जयपुर जिले में है।
- हुसैन सागर झील, तेलंगाना के हैदराबाद शहर में है।
- लोकटक झील, मणिपुर के विष्णुपुर जिले में स्थित है।

364. हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की किसी रचना में, ... रचना के द्वितीय भाग को निर्दिष्ट करता है।
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) मुरकी (b) आरोह
(c) मुखड़ा (d) अंतरा

Ans. (d) अंतरा

- शास्त्रीय संगीत में मुरकी एक छोटा तान या अलंकरण होता है। यह एक तेज और नाजुक अलंकरण होता है।
- भारतीय संगीत में, चढ़ते क्रम में स्वरों का समुच्चय आरोह कहलाता है।
- भारतीय संगीत में मुखड़ा, किसी गाने की शुरुआती कुछ पंक्तियों को कहते हैं। यह गाने का मुख्य भाग होता है और इसमें एक आकर्षक धुन होती है।

365. भारत के प्रसिद्ध स्मारकों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) लिंगराज मंदिर - गुजरात
(b) उनाकोटी गुफा मंदिर मेघालय
(c) श्री हरमंदिर साहिब - पंजाब
(d) गोल गुंबज - आंध्र प्रदेश

Ans. (c) श्री हरमंदिर साहिब - पंजाब

- लिंगराज मंदिर- ओडिशा
- उनाकोटी गुफा मंदिर-त्रिपुरा
- गोल गुंबज - कर्नाटक
- मीनाक्षी मंदिर -तमिलनाडु
- गुरुद्वारा बंगला साहिब - दिल्ली
- पद्मनाभस्वामी मंदिर -केरल

366. निम्नलिखित में से कौन सा यूनेस्को (UNESCO) की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत नहीं है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) नवरोज (b) रानी की वाव
(c) रम्माण (d) योग

Ans. (b) रानी की वाव

यूनेस्को द्वारा चिह्नित कुछ महत्वपूर्ण भारतीय अमूर्त सांस्कृतिक विरासत -

वर्ष	अमूर्त सांस्कृतिक
2012	लद्दाख का बौद्ध जप
2013	मणिपुर का संकीर्तन नृत्य
2016	योग
2016	नवरोज/नोवरूज
2017	कुंभ मेला
2021	दुर्गा पूजा
2023	गरबा

367. नोबेल पुरस्कारों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) मदर टेरेसा - शांति
(b) सुब्रमण्यम चंद्रशेखर - भौतिकी
(c) चंद्रशेखर वेंकटरमन - चिकित्सा
(d) वेंकी रामकृष्णन - रसायन विज्ञान

Ans. (c) चंद्रशेखर वेंकटरमन - चिकित्सा

- चंद्रशेखर वेंकटरमन(सीवी रमन)भौतिकशास्त्री थे। उन्होंने प्रकाश के प्रकीर्णन पर शोध किया था। उनके इस शोध के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- रवींद्रनाथ टैगोर को वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल (गीतांजलि) पुरस्कार मिला था।
- कैलाश सत्यार्थी को वर्ष 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था।

368. शब्द 'UNCITRAL' का पूर्ण रूप _____है।
(D.P. Const. 03 Dec. 2020)

(a) United National Committee on International Trade Law (यूनाइटेड नेशनल कमिटी ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ)
(b) United Nations Committee on International Trade Law (यूनाइटेड नेशंस कमिटी ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ)
(c) United National Commission on International Trade Law (यूनाइटेड नेशनल कमीशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ)
(d) United Nations Commission on International Trade Law (यूनाइटेड नेशंस कमीशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ)

Ans. (d) United Nations Commission on International Trade Law (यूनाइटेड नेशंस कमीशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ)

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर संयुक्त राष्ट्र आयोग (UNCITRAL) की स्थापना वर्ष 1966 में महासभा द्वारा की गई थी।
- संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग (UNCITRAL) का सचिवालय ऑस्ट्रिया के वियना में है।